प्रौढ-रचनानुवादकौमुदी

(नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति से लिखी गई संस्कृत-व्याकरण, अनुवाद और निबन्ध की पुस्तक)

डॉ० कपिलदेव द्विवेदी आचार्य,

एम. ए (सस्कृत, हिन्दी), एम. ओ. एल , डी फिल् (प्रयाग), पी. ई एस

विद्याभास्कर, साहित्यरत्न, व्याकरणाचार्य,

अध्यक्ष, सस्कृत-विभाग,

गवर्नमेंट कालेज, नैनीताल ।

प्रणेता—'अर्थविज्ञान और व्याकरणदर्शन'

उ० प्र० सरकार द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत पुस्तक), रचनानुवादकौमुदी आदि।

गोरखपुर

समर्पण

संस्कृत-भाषा के परम भक्त, विद्वन्मूर्धन्य,

भारतराष्ट्र-प्राण, परम संमाननीय,

राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जी

की सेवा मे

सादर सविनय समर्पित ।

कपिलदेव द्विवेदी आचार्य

विषय-सूची

विवरण

परिशिष्ट

व्याकरण

भूमिका

डॉ० कपिलदेव द्विवेदी ने प्रौढ-रचनानुवादकौमुदी का निर्माण करके उस काम की पूर्ति की है जो रचनानुवादकौमुदी से आरम्भ हुआ था। मैं स्वय सस्कृत व्याकरण और साहित्य का इतना ज्ञान नही रखता कि पुस्तक के गुण-दोषो की यथार्थ समीक्षा कर सकूँ। परन्तु उसका स्वरूप ऐसा है जिससे मुझको यह प्रतीत होता है कि वह उन लोगों को निश्चय ही उपयोगी प्रतीत होगी जिनके लिए उसकी रचना हुई है। मैं सस्कृत ग्रथो को पढता रहता हूँ। कभी-कभी सस्कृत मे कुछ लिखने का भी प्रयास करता हूँ। मुझे ऐसा लगता है कि इस पुस्तक से मेरे जैसे व्यक्ति को सहायता मिलेगी और कई भद्दी भूलो से त्राण हो जायेगा। यो तो सस्कृत के प्रामाणिक व्याकरणो का स्थान दूसरी पुस्तकें नहीं ले सकतीं, फिर भी जिन लोगो को किन्हीं कारणों से उनके अध्ययन का अवसर नहीं मिला है उनके लिए प्रौढ-रचनानुवादकौमुदी जैसी पुस्तके वस्तुतः बहुमूल्य है।

नैनीताल,
जुलाई ७, १९६०।

सम्पूर्णानन्द

आत्म-निवेदन

(१) पुस्तक-लेखन का उद्देश्य—यह पुस्तक कतिपय विशेष उद्देश्यो को लक्ष्य मे रखकर लिखी गई है। उनमे से विशेष उल्लेखनीय ये हैः—(क) सस्कृत के प्रौढ विद्यार्थियो को प्रौढ सस्कृत सिखाना। (ख) अति सरल और सुबोध ढग से अनुवाद और निबन्ध सिखाना। (ग) ६ मास मे प्रौढ सस्कृत लिखने और बोलने का अभ्यास कराना। (घ) अनुवाद के द्वारा सम्पूर्ण व्याकरण सिखाना। (ङ) सस्कृत के मुहावरो का वाक्य-रचना के द्वारा प्रयोग-सिखाना। (च) प्रौढ सस्कृत रचना के लिए उपयोगी समस्त व्याकरण का अभ्यास कराना। (छ) इस पुस्तक के प्रथम दो भाग प्रारम्भिक छात्रो के लिए हैं, यह प्रौढ विद्यार्थियों के लिए है। अतः यह उपयुक्त है कि इस पुस्तक का अभ्यास करने से पूर्व छात्र 'रचनानुवादकौमुदी' का अवश्य अभ्यास कर ले।

(२) पुस्तक की शैली—यह पुस्तक कतिपय नवीनतम विशेषताओं के साथ प्रस्तुत की गई है। (क) इग्लिश्, जर्मन, फ्रेंच और रूसी आदि भाषाओ मे अपनाई गई वैज्ञानिक पद्धति इस पुस्तक में अपनाई गई है। (ख) प्रत्येक अभ्यास मे २५ नए शब्द तथा कुछ व्याकरण के नियम दिए गए हैं। (ग) शब्दकोश और व्याकरण से सम्बद्ध सभी मुहावरे प्रत्येक अभ्यास मे सिखाए गए हैं।

(३) अभ्यास—इस पुस्तक मे ६० अभ्यास है। प्रत्येक अभ्यास दो पृष्ठो मे है। बाई ओर शब्दकोष और व्याकरण है, दाई ओर सस्कृत मे अनुवादार्थ गद्य तथा सकेत हैं।

(४) शब्दकोष—(क) प्रत्येक अभ्यास मे २५ नये शब्द हैं। शब्दकोष मे ४८ वर्ग भी दिए गए है। प्रयत्न किया गया है कि सभी उपयोगी शब्दों का सग्रह हो। अमरकोश के प्रायः सभी उपयोगी शब्द विभिन्न वर्गों मे दिए गए है। यह भी ध्यान रखा गया है कि प्रौढ रचना को ध्यान मे रखते हुए उच्च सस्कृत-साहित्य मे प्रयुक्त शब्दों को विशेष रूप से अपनाया जाए। प्रत्येक वर्ग मे उस वर्ग से सम्बद्ध सभी उपयोगी शब्द दिए गए हैं। (ख) यह भी प्रयत्न किया गया है कि आधुनिक प्रचलित शब्दो और भावो के लिए भी उपयोगी सस्कृत शब्द दिए जाएँ। इसके लिए दो बाते मुख्यतया ध्यान मे रखी गई हैं—१. जिन भावो के लिए प्राचीन सस्कृत-ग्रन्थों मे कोई शब्द मिल सकता है, वहाँ उन सस्कृत-शब्दों को अपनाया गया है। जो प्राचीन सस्कृत-शब्द नवीन अर्थों का बोध करा सकते हैं, उनका नवीन अर्थों मे प्रयोग किया गया है। २. जिन शब्दो के लिए सस्कृत में प्राचीन शब्द नहीं है, उनके लिए नए शब्द बनाए गए हैं। कहीं पर ध्वन्यनुकरण के आधार पर और कहीं पर भावानुकरण के आधार पर। जैसे—मिष्टान्नवर्ग और पानादिवर्ग मे सभी मिठाइयों, नमकीन, चाय, टोस्ट और पेस्ट्री आदि के लिए शब्द हैं। नवशब्द-निर्माण वाले स्थलोपर अपने विवेक के अनुसार कार्य किया गया है। ऐसे स्थलों पर मतभेद सम्भव है। जो विद्वान् नवीन भावों के लिए अधिक

उपयुक्त शब्दो का सुझाव देगे, उनके सुझावो पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। **(ग)** शब्दकोष को चार भागो मे विभक्त किया गया है। इसके लिए इन सकेतो को स्मरण कर ले। शब्दकोष मे (क) का अर्थ है सज्ञा या सर्वनाम शब्द। (ख) का अर्थ है धातु या क्रिया शब्द। (ग) = अव्यय। (घ) = विशेषण। (क) भाग मे दिए अधिकाश शब्द राम, रमा या गृह के तुल्य चलते है। शब्दो के स्वरूप से इस बात का बोध हो जाता है। जहॉ पर सन्देह हो, वहॉ पर पुस्तक के अन्त मे दिए हिन्दी-सस्कृत-शब्दकोष से सहायता ले। वहॉं पर लिग-निर्देश विशेष रूप से किया गया है। (ख) भाग मे दी गई धातुओ के गण और पद के विषय मे जहॉ पर सन्देह हो, वहॉ पर धातुरूप-कोष मे दिए हुए धातु के विवरण से सन्देह का निराकरण करे। (ग) भाग में दिए हुए शब्द अव्यय हैं, इनके रूप नही चलते है। (घ) भाग मे दिए शब्द विशेषण हैं, इनके लिंग आदि विशेष्य के तुल्य होगे। विशेषण-शब्द तीनो लिंगो मे आते हैं। **(घ)** शब्दकोष मे यह भी ध्यान रखा गया है कि जिस शब्द या धातु का प्रयोग उस अभ्यास मे सिखाया गया है, उस प्रकार के अन्य शब्दो या धातुओ का भी अभ्यास उसी पाठ मे कराया जाए। इसके लिए दो प्रकार अपनाए गए हैं। १. उस प्रकार के शब्द या धातुएँ शब्दकोष मे दी गई है। २. उस प्रकार के शब्दो या धातुओं का प्रयोग उसी पाठ के 'सस्कृत बनाओ' वाले अश मे सिखाया गया है। कोष्ठ मे ऐसे शब्दो का सकेत कर दिया गया है। **(ङ)** शब्दकोष के विषय मे इन सकेतों का उपयोग किया गया है। १. 'वत्' अर्थात् इसके तुल्य रूप चलेगे। जैसे—रामवत्, राम के तुल्य रूप चलेगे। भवतिवत्, भू धातु के तुल्य रूप चलेगे। २.—डैश, यहॉं से लेकर यहॉ तक के शब्द या धातु। ३. > अर्थात् 'का रूप बनता है'। भू > भवति, अर्थात् भू का भवति रूप बनता है। **(च)** शब्दकोष मे शब्द विविध वर्गों के अनुसार रक्खे गए हैं। प्रयत्न किया गया है कि उस वर्ग से सम्बद्ध शब्द उसी अभ्यास मे दिए जाएँ। अतः प्रत्येक वर्गो से सम्बद्ध शब्दो को उसी अभ्यास मे देखे। प्रत्येक अभ्यास के शब्दकोष मे (क) (ख) आदि के बाद निर्देश कर दिया गया है कि (क) या (ख) आदि मे कितने शब्द दिए गए हैं। **(छ)** प्रत्येक अभ्यास मे २५ नए शब्द है। प्रत्येक अभ्यास के प्रारम्भ मे निर्देश किया गया है कि अबतक कितने शब्द पढ चुके है। ६० अभ्यासो मे १५०० शब्दों का अभ्यास कराया गया है। लगभग इतने ही नए शब्दो और मुहावरो का प्रयोग 'सकेत' मे सिखाया गया है। इस प्रकार लगभग ३ हजार शब्दो का ज्ञान विद्यार्थी को हो जाता है। शब्दकोष के शब्दो का वर्गीकरण इस प्रकार से हैं :—

(क) अर्थात् संज्ञा या सर्वनाम शब्द	११३५
(ख) अर्थात् धातु या क्रिया शब्द	२१५
(ग) अर्थात् अव्यय शब्द	६९
(घ) अर्थात् विशेषण शब्द	८१
पठित एवं अभ्यस्त शब्दो का योग	१५०० **(शब्दकोश)**

(५) **व्याकरण—(क)** प्रत्येक अभ्यास मे कुछ शब्दो और धातुओ का प्रयोग सिखाया गया है। अतः आवश्यक है कि उन शब्दो और धातुओ को प्रत्येक अभ्यास मे अवश्य स्मरण कर ले। **(ख)** सम्पूर्ण सस्कृत व्याकरण को केवल ३००नियमो मे समाप्त किया गया है। इन ३०० नियमों को विषयो के अनुसार ६० अभ्यासो मे बॉटा गया है। प्रत्येक अभ्यासमे कुछ नियमो का अभ्यास कराया गया है। इन नियमो को ठीक स्मरण कर ले। इनको ठीक स्मरण कर लेने पर ही सस्कृत मे अनुवाद शुद्ध एव सरलता से हो सकेगा। **(ग)** नियमो के साथ पाणिनि के प्रामाणिक सूत्र भी कोष्ठ मे दिए गए है। **(घ)** यह भी प्रयत्न किया गया है कि ह्विटने, काले, आप्टे आदि विद्वानों के द्वारा निर्दिष्ट नियम या विवरण भी न छूटने पावे। ऐसे नियमो या विवरणो के साथ पाणिनि के नियमो का भी सकेत कर दिया गया है। **(ङ)** इस पुस्तक मे यह भी प्रयत्न किया गया है कि सस्कृत व्याकरण के सभी उपयोगी एव प्रचलित नियमों का सग्रह हो। जो नियम अप्रचलित एव विशेष उपयोगी नहीं है, वे छोड दिए गए हैं।

(६) **अनुवाद—(क)** शब्दकोश मे दिए शब्दो और व्याकरण के नियमो से सम्बद्ध वाक्य अनुवादार्थ दिए गए है। **(ख)** प्रत्येक पाठ मे जिन शब्दो और धातुओ का अभ्यास कराया गया है, उनसे सम्बद्ध वाक्य तथा उनसे सम्बद्ध मुहावरे भी उसी अभ्यास मे दिए गए हैं। **(ग)** कठिन वाक्य और मुहावरेवाले वाक्य काले टाइप मे छपे है। उनकी सस्कृत नीचे 'सकेत' वाले अश मे दी गई है। वहॉ देखे। कुछ विशेष मुहावरे सिखाने के लिए कतिपय सरल वाक्य भी काले टाइप मे दिए गए है। उन सभी मुहावरो को सावधानी से स्मरण कर ले। **(घ)** व्याकरण के नियमों के जो उदाहरण सस्कृत मे दिए है, उनका हिन्दी-रूप अनुवादार्थ दिया गया है। ऐसे वाक्यो की सस्कृत नियमों के उदाहरणो मे देखे। इनकी सस्कृत 'सकेत' मे नहीं दी है। **(ङ)** प्रत्येक अभ्यास में प्रयुक्त शब्दो और धातुओ के तुल्य जिन शब्दो और धातुओ के रूप चलते है, उनका भी उसी पाठ मे अभ्यास कराया गया है। कोष्ठ मे ऐसे शब्द या धातुएँ दी गई हैं।

(७) **संकेत—(क)** 'सस्कृत बनाओ' वाले अश में जितना अश काले टाइप में छपा है, उसकी सस्कृत 'सकेत' मे उसी क्रम और उन्हीं वाक्य-सख्याओ के साथ दी गई है। **(ख)** सस्कृत मे प्रचलित मुहावरे इस अश मे विशेष रूप से दिए गए हैं। **(ग)** कठिन शब्दों की सस्कृत, सूक्तियॉ, व्याकरण के विशिष्ट प्रयोग तथा अन्य उपयोगी सकेत इस अश में दिए गए हैं।

(८) **परिशिष्ट**—पुस्तक के अन्त में अत्यन्त उपयोगी १३ परिशिष्ट दिए गए है। इनका विशेष विवरण विषय-सूची तथा विषयानुक्रमणिका मे देखें। यहॉ पर कुछ विशेष उल्लेखनीय बातों का ही निर्देश किया गया है।

(९) शब्दरूप-संग्रह—संस्कृत मे विशेष प्रचलित सभी शब्दो के रूप इस परिशिष्ट मे दिए गए है। पुलिग, स्त्रीलिग, नपुसकलिंग के शब्द प्रत्येक लिग मे अन्त्याक्षर के क्रम से दिए गए है। अन्य शब्दो के रूप लिंग तथा अन्त्याक्षर को देखकर इन शब्दो के तुल्य चलावे।

(१०) संख्याएँ—१ से १०० तक की संस्कृत मे गिनती तथा महाशख तक के शब्द इस परिशिष्ट मे दिए गए है।

(११) धातुरूप-सग्रह—सस्कृत मे अधिक प्रयुक्त १०० धातुओ के दसो लकारो के रूप इस परिशिष्ट मे दिए गए है। अन्य धातुओ के रूप गण तथा पद को देखकर इनके तुल्य चलावे।

(१२) धातुरूप-कोष—इस परिशिष्ट मे सस्कृत मे विशेष रूप से प्रयुक्त ४६५ धातुओ के दसो लकारो के प्रारम्भिक रूप दिए गए है। साथ मे उनके अर्थ, गण और पद का भी निर्देश है। सभी धातुएँ अकारादि-क्रम से दी गई हैं।

(१३) प्रत्यय-विचार—१५ विशेष कृत्-प्रत्ययो से बनने वाले सभी विशेष रूप इस परिशिष्ट मे अकारादि-क्रम से दिए गए हैं।

(१४) सन्धि-विचार—इस परिशिष्ट मे प्रयोग मे आने वाले सभी सन्धि-नियम ७५ नियमो मे दिए गए है।

(१५) पत्रादि-लेखन-प्रकार—इस परिशिष्ट मे सस्कृत में पत्र लिखना, प्रार्थना-पत्र देना, निमन्त्रण देना, परिषत्-सूचना और पुरस्कार-वितरण आदि का प्रकार बताया गया है।

(१६) निबन्ध-माला—इसमें उदाहरण के रूप मे २० अत्युपयोगी विषयो पर सस्कृत मे निबन्ध दिए गए है। इसमे प्रयत्न किया गया है कि भाषा न अतिकठिन हो और न अति सरल। भाषा मे प्रौढता के साथ ही प्रवाह और मुहावरे आदि भी हो। शास्त्रीय और साहित्यिक विषयो पर उद्धरणो की सख्या अधिक दी गई है। इसका कारण यह है कि छात्र स्वयोग्यतानुसार उन उद्धरणो की व्याख्या आदि करे। छात्र इन निबन्धों के आधार पर सस्कृत मे अन्य निबन्ध स्वय लिखने का अभ्यास करे।

(१७) अनुवादार्थ गद्य-संग्रह—इस परिशिष्ट मे ४० सन्दर्भ अनुवादार्थ दिए गए हैं। इनमे से अधिकाश प्रौढ सस्कृत-ग्रन्थो से लिए गए हैं और उनका हिन्दी रूपान्तर अनुवादार्थ दिया गया है। 'सकेत' मे मुहावरे आदि भी मूल रूप मे दिए गए हैं। ऐसे सन्दर्भ भी अनुवादार्थ दिए गए हैं, जिनके अभ्यास से सस्कृत साहित्य और नाट्यशास्त्र आदि का ज्ञान हो।

(१८) सुभाषित-मुक्तावली—इसमें १४६७ सुभाषित १७ प्रमुख शीर्षको तथा ८८ उपशीर्षकों में दिए गए हैं। सुभाषित अकारादि-क्रमसे दिए गए है। यथा-सम्भव उनके मूल आकर-ग्रन्थों का भी सकेत किया गया है। ये सुभाषित निबन्ध, व्याख्यान आदि के लिए अत्युपयोगी हैं।

(१९) **पारिभाषिक शब्दकोश**—इसमे १६५ व्याकरण के पारिभाषिक शब्द अकारादि-क्रम से पूर्ण विवरण के साथ दिए गए हैं। साथ मे पाणिनि के सूत्रादि भी दिए गए है। व्याकरण ठीक समझने के लिए इनका ज्ञान अनिवार्य है।

(२०) **हिन्दी-संस्कृत-शब्दकोष**—इस पुस्तक मे प्रयुक्त सभी शब्दो का इसमे सग्रह किया गया है। अकारादि-क्रम से हिन्दी शब्द दिए गए है। इनके आगे उनकी सस्कृत दी गई है। शब्दो के आगे लिग-निर्देश आदि भी किया है।

(२१) **विषयानुक्रमणिका**—पुस्तक के वर्णित सभी विषयो का इस परिशिष्ट में अकारादि-क्रम से उल्लेख है। प्रत्येक विषय के आगे पृष्ठ-सख्या के द्वारा निर्देश किया गया है कि वह विषय अमुक पृष्ठ पर मिलेगा।

(२२) **मुद्रण**—मुद्रण मे ह्रस्व और दीर्घ ऋ मे यह अन्तर रक्खा गया है। इसे स्मरण रक्खे। ऋ = ह्रस्व ऋ। ॠ = दीर्घ ॠ।

पुस्तक की विशेषताएँ

(१) इग्लिश्, जर्मन, फ्रेन्च और रूसी भाषाओ मे अपनाई गई नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति इस पुस्तक मे अपनाई गई है।

(२) प्रौढ सस्कृत-ज्ञान के लिए उपयुक्त समस्त व्याकरण अनुवाद और प्रौढ वाक्य-रचना के द्वारा अति सरल और सुबोध रूप में समझाया गया है।

(३) केवल ६० अभ्यासों मे ३०० नियमों के द्वारा समस्त आवश्यक व्याकरण समाप्त किया गया है। नियमो के साथ पाणिनि के सूत्र भी दिए गए हैं।

(४) ४८ वर्गों और १२ विशिष्ट शब्द-सग्रहो के द्वारा सभी उपयोगी और आवश्यक शब्दो का सग्रह किया गया है। प्रत्येक अभ्यास मे २५ नए शब्द है। १५०० उपयोगी शब्दों और धातुओं का प्रयोग सिखाया गया है।

(५) लगभग एक सहस्र सस्कृत की लोकोक्तियो और मुहावरो का प्रयोग अनुवाद के द्वारा सिखाया गया है।

(६) परिशिष्ट मे लगभग १५०० सुभाषितो की 'सुभाषित-मुक्तावली' विभिन्न ८८ विषयो पर अकारादि-क्रम से दी गई है।

(७) सस्कृत साहित्य के उच्च कोटि के ग्रन्थों से अनुवादार्थ सन्दर्भों का सचयन किया गया है। इनके लिए उपयुक्त सकेत भी दिए गए है।

(८) सभी प्रचलित शब्दों के रूपो का सग्रह किया गया है।

(९) १०० विशेष प्रचलित धातुओ के दसों लकारो के रूपो का सकलन 'धातुरूप-सग्रह' मे किया गया है। 'धातुरूप कोष' मे अत्युपयोगी ४६५ धातुओ के दसो लकारों के प्रारम्भिक रूप दिए गए हैं। साथ मे उनके अर्थ, गण और पद का भी निर्देश है। धातुएँ अकारादि-क्रम से दी गई है।

(१०) सभी उपयोगी व्याकरण का सग्रह किया गया है। जैसे—सन्धि-विचार, कारक-विचार, समास-विचार, क्रिया-विचार, कृत्प्रत्यय-विचार, तद्धित-प्रत्यय-विचार, स्त्री-प्रत्यय-विचार आदि।

(११) व्याकरण-ज्ञान के लिए अनिवार्य १६५ शब्दो का एक 'पारिभाषिक-शब्दकोश' अकारादि-क्रम से परिशिष्ट मे दिया गया है।

(१२) अत्युपयोगी २० विषयो पर प्रौढ सस्कृत मे निबन्ध दिए गए है।

(१३) प्रत्येक अभ्यास मे व्याकरण के कुछ विशेष नियमो का अभ्यास कराया गया है और अनुवादार्थ अत्युपयोगी सकेत दिए गए है।

(१४) परिशिष्ट के अन्त मे बृहत् हिन्दी-सस्कृत-शब्दकोष भी दिया गया है।

(१५) पुस्तक के अन्त मे विस्तृत विषयानुक्रमणिका भी दी गई है।

कृतज्ञता-प्रकाशन

सर्वप्रथम परम सम्माननीय राष्ट्रपति डा० राजेन्द्रप्रसादजी का अत्यन्त कृतज्ञ हूँ, जिन्होने पुस्तक की मूलप्रति को देखने तथा पुस्तक को समर्पण करने की स्वीकृति प्रदान करके असीम अनुकम्पा की है। माननीय श्री डा० सम्पूर्णानन्दजी, मुख्य-मन्त्री, उत्तर प्रदेश ने पुस्तक की भूमिका लिखकर जो मुझे गौरवान्वित किया है, तदर्थ उनका हार्दिक कृतज्ञ हूँ। निम्नलिखित सज्जनो ने पुस्तक-लेखन मे कतिपय अत्यन्त उपयोगी परामर्श और सुझाव दिए हैं। तदर्थ इनका कृतज्ञ हूँ। सर्वश्री डा० ज० कि० बलवीर (नैनीताल), प० छेदीप्रसाद व्याकरणाचार्य (गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर), स्वा० अमृतानन्द सरस्वती (रामगढ, नैनीताल), डा० हरिदत्त शास्त्री सप्ततीर्थ (कानपुर)। श्रीमती ओम्शान्ति द्विवेदी और मेरे विद्यार्थी हरगोविन्द जोशी ने सामग्री-सकलन और प्रूफ-संशोधन मे विशेष सहयोग दिया है। तदर्थ उन्हे धन्यवाद है। चि० भारती, भारतेन्दु और धर्मेन्दु ने कार्य को निर्विघ्न समाप्त होने में पर्याप्त कष्ट उठाया है, तदर्थ उन्हें आशीर्वाद है। प्रकाशक श्री पुरुषोत्तमदास मोदी और मुद्रक श्री ओम्प्रकाश कपूर ने पुस्तक को सुन्दर, रोचक और शीघ्र छापने मे जो तत्परता दिखाई है, तदर्थ उन्हे विशेष धन्यवाद है।

अन्त मे विद्वज्जन से निवेदन है कि वे पुस्तक के विषय में जो भी सशोधन, परिवर्तन, परिवर्धन आदि का विचार भेजेगे, वह बहुत कृतज्ञता-पूर्वक स्वीकार किया जायगा।

गवर्नमेण्ट कालेज, नैनीताल
ता० १-६-६० ई०

कपिलदेव द्विवेदी

आवश्यक-निर्देश

१. 'सस्कृत' शब्द का अर्थ है—शुद्ध, परिमार्जित, परिष्कृत । अतः सस्कृत भाषा का अर्थ है—शुद्ध एव परिमार्जित भाषा ।

२. निम्नलिखित १४ माहेश्वर सूत्र है । इनमे पूरी वर्णमाला इस प्रकार दी हुई है—क्रमशः स्वर, अन्त.स्थ, वर्ग के पचम, चतुर्थ, तृतीय, द्वितीय, प्रथम वर्ण, ऊष्म ।

१ अइउण् । २ ऋऌक् । ३ एओङ् । ४. ऐऔच् । ५ हयवरट् । ६. लण् । ७ ञमङणनम् । ८ झभञ् । ९. घढधष् । १० जबगडदश् । ११. खफछठथचटतव् । १२. कपय् । १३. शषसर् । १४ हल् ।

३. पाणिनि के सूत्रो मे प्रत्याहारो का प्रयोग है । प्रत्याहार का अर्थ है सक्षेप मे कहना । उपर्युक्त सूत्रो से प्रत्याहार बनाने के लिए ये नियम है—(क) प्रत्याहार बनाने के लिए पहला अक्षर सूत्र मे जहॉ हो, वहॉ से ले और दूसरा अक्षर सूत्रोके अन्तिम अक्षरो मे ढूँढे । (ख) सूत्रो के अन्तिम अक्षर (ण् , क् आदि) प्रत्याहार मे नही गिने जाते है । वे प्रत्याहार बनाने के साधन है । जैसे—अल् प्रत्याहार—प्रथम अ से लेकर हल् के ल् तक । इक्—इ उ ऋ ऌ । अच्—अ से औ तक पूरे स्वर । हल्—सारे व्यजन ।

४. सस्कृत मे ३ वचन होते है—एकवचन (एक०), द्विवचन (द्वि०), बहुवचन (बहु०) । तीन पुरुष होते है—प्रथम या अन्य पुरुष (प्र० पु०), मध्यम पुरुष (म० पु०), उत्तम पुरुष (उ० पु०) । सबोधन को लेकर आठ कारक (विभक्तियॉ) होते है । इनके नाम और चिह्न ये है :—

विभक्ति	कारक	चिह्न	विभक्ति	कारक	चिह्न
(१) प्रथमा (प्र०)	कर्ता	–, ने	(५) पचमी (प०)	अपादान	से
(२) द्वितीया (द्वि०)	कर्म	को	(६) षष्ठी (ष०)	सबन्ध	का, के की
(३) तृतीया (तृ०)	करण	ने, से, द्वारा	(७) सप्तमी (स०)	अधिकरण	मे, पर
(४) चतुर्थी (च०)	सप्रदान	के लिए	(८) सबोधन (स०)	सबोधन	हे, अये, भोः

५. सस्कृत मे क्रिया के १० लकार (वृत्तियॉ) होते है । इनके नाम तथा अर्थ ये हैं—(१) लट् (वर्तमान काल), (२) लोट् (आज्ञा अर्थ), (३) लङ् (भूतकाल), (४) विधिलिङ् (आज्ञा या चाहिए अर्थ), (५) लृट् (भविष्यत् काल), (६) लिट् (परोक्ष भूत), (७) लुट् (अनद्यतन भविष्यत्), (८) आशीर्लिङ् (आशीर्वाद), (९) लुङ् (सामान्य भूत), (१०) लृङ् (हेतु हेतुमद् भविष्यत्) ।

६. धातुओ के रूप तीन प्रकार के चलते है, अतः धातुएँ तीन प्रकार की है:—परस्मैपदी (प०, ति तः अन्ति) । आत्मनेपदी (आ०, ते एते अन्ते) । उभयपदी (उ०, दोनों प्रकार के रूप) ।

७. सस्कृत मे १० गण (धातुओ के विभाग) होते हैं । प्रत्येक धातु किसी एक गण मे आती है । इनके लिए कोष्ठगत सकेत है । भ्वादिगण (१), अदादि० (२), जुहोत्यादि० (३), दिवादि० (४), स्वादि० (५), तुदादि० (६), रुधादि० (७), तनादि० (८), क्र्यादि० (९), चुरादि० (१०) ।

८. शब्दकोष में इन सकेतो का प्रयोग किया गया है । इन्हे स्मरण रक्खे ।

(क) = सज्ञा या सर्वनाम शब्द । **(ख)** = धातु या क्रिया-शब्द ।

(ग) = अव्यय या क्रिया विशेषण । **(घ)** = विशेषण शब्द ।

शब्दकोष-२५] **अभ्यास १** (व्याकरण)

(क) रामः (राम), पातोत्पात. (उत्थान-पतन), सद्वृत्तः (सदाचारी), दुराचारः (दुराचारी), वैधेयः (मूर्ख), बुभुक्षितः (भूखा), मल्लः (पहलवान)। (७)। **(ख)** भू (होना), अनुभू (अनुभव करना), प्रभू (१. निकलना, २ समर्थ होना, ३. अधिकार होना, ४. बराबर होना, ५. समाना), पराभू (हराना), परिभू (तिरस्कृत करना), अभिभू (हराना, दबाना), सम्भू (उत्पन्न होना), उद्भू (पैदा होना), आविर्भू (प्रकट होना), तिरोभू (छिप जाना), प्रादुर्भू (जन्म लेना), अर्ह् (योग्य होना), परिहस् (हँसी करना), प्रलप् (बकवाद करना)। (१४)। **(ग)** परमार्थतः (सत्य, ठीक), नाम (निश्चयसे)। (२)। **(घ)** मधुरम् (मीठा), तीव्रम् (तेज)। (२)

व्याकरण (राम, लट्, प्रथमा, द्वितीया)

१. राम शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्दरूप संख्या १)

२. भू तथा हस् धातु के रूप स्मरण करो। (देखो धातुरूप स० १, २)

३. भू धातु के उपसर्ग लगाने से हुए विशेष अर्थों को स्मरण करो और उनका प्रयोग करो।

नियम १—कर्तृवाच्य में कर्ता (व्यक्तिनाम, वस्तुनाम आदि) मे प्रथमा होती है और कर्मवाच्य मे कर्म मे प्रथमा होती है। जैसे—रामः पठति। अश्वो धावति। रामेण पाठः पठ्यते।

नियम २—किसी को सम्बोधन करने मे सम्बोधन विभक्ति होती है। जैसे—हे राम, हे कृष्ण।

नियम ३—(कर्तुरीप्सिततमं कर्म) कर्ता जिसको (व्यक्ति, वस्तु या क्रिया को) विशेष रूप से चाहता है, उसे कर्म कहते हैं।

नियम ४—(कर्मणि द्वितीया) कर्म मे द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—स पुस्तकं पठति। स रामं पश्यति। ते प्रश्नं पृच्छन्ति।

नियम ५—(अभितःपरितःसमयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि) अभितः, परितः, समया, निकषा, हा और प्रति के साथ द्वितीया होती है। जैसे—नृपम् अभितः परितः वा। ग्रामं समया निकषा वा (गाँव के समीप)। बुभुक्षितं न प्रतिभाति किंचित्।

नियम ६—(उभयसर्वतसोः कार्या०) उभयतः, सर्वतः, धिक्, उपर्युपरि, अधोऽधः, अध्यधि के साथ द्वितीया होती है। जैसे—कृष्णमुभयतो गोपाः। नृपं सर्वतो जनाः। धिक् नास्तिकम्।

नियम ७—गति (चलना, हिलना, जाना) अर्थ की धातुओं के साथ द्वितीया होती है। गत्यर्थ का आलंकारिक प्रयोग होगा तो भी द्वितीया होगी। जैसे—गृहं गच्छति। वनं विचरति। तृप्तिं ययौ। मम स्मृतिं यातः। उमाख्यां जगाम। निद्रां ययौ।

नियम ८—अकर्मक धातुएँ उपसर्ग पहले लगने से प्राय. अर्थानुसार सकर्मक हो जाती हैं, उनके साथ द्वितीया होगी। जैसे—हर्षमनुभवति। स खलम् अभिभवति। स शत्रुं परिभवति पराभवति वा। वृक्षमारोहति। दिवमुत्पतति। स्वामिचित्तमनुवर्तते।

नियम ९—स्मृ धातु के साथ साधारण स्मरण में द्वितीया होती है। खेदपूर्वक स्मरण में षष्ठी होती है। जैसे—स पाठं स्मरति (पाठ याद करता है)। बालः मातुः स्मरति।

अभ्यास १

१. **संस्कृत बनाओ**—(क) (राम, लट्) १. राम मीठे स्वर से पढता है। २ देवता तेरा चरित लिख रहे है। ३. होनहार होकर ही रहती है। ४. जीवन मे उत्थान और पतन सबके ही होते है। ५. वह तिल का ताड बनाता है। ६. उसे पुरस्कार मिलना चाहिए। ७. वह सदाचारी है, अत. उसका सर्वत्र सम्मान होना चाहिए। ८. वह दुराचारी है, अतः आदर के योग्य नही है। ९. दुष्ट व्यक्ति दूसरों के सरसों के बराबर भी छोटे दोषो को देखता है और अपने बडे दोषो को देखता हुआ भी नही देखता है। १० मै तुमसे हँसी नही कर रहा हूँ, ठीक कह रहा हूँ। ११. मनुष्य का भाग्य रथ-चक्र के सदृश कभी नीचे जाता है और कभी ऊपर। १२. यह मूर्ख बकवाद करता है। (ख) (भू धातु) १. क्रोध से मोह होता है (भू)। २. भाग्य से ही धन मिलता है और नष्ट होता है। ३. ऐसा कैसे हो सकता है? ४. चाहे जो हो, मै यह काम अवश्य करूँगा। ५. उस बालक का क्या हाल हुआ? ६. यदि तुम्हें सन्देह हो तो पितासे पूछना। ७. दुष्ट, यदि प्रहार करेगा तो जीवित नही बचेगा। ८. यह जल आपके पैर धोने का काम देगा। ९. जो विद्या पढता है, वह हर्ष का अनुभव करता है। १०. सज्जन सुख का अनुभव करता है। ११. वृक्ष अपने ऊपर तीक्ष्ण गर्मी को सहन करता है। १२. तुम अपने किए हुए पुण्य कर्मों का फल भोग रहे हो (अनुभू)। १३. लोभ से क्रोध होता है (प्रभू)। १४. गगा हिमालय से निकलती है (प्रभू)। १५. भाग्य बलवान् है। १६. आग के अतिरिक्त और कौन जला सकता है। (ग) (द्वितीया) १. उसने प्रश्न पूछा। २. नदी के दोनो ओर खेत (क्षेत्राणि) है। ३. नगर के चारो ओर वन है। ४. नगर के पास ही एक सुन्दर उपवन है। ५. भूखे को कुछ अच्छा नही लगता है। ६. संसार के ऊपर, अन्दर और नीचे ईश्वर है। ७. सिंह वन मे घूमता है (विचर्)। ८. यह बात मेरी समझ मे आई। ९. वह पेड पर चढता है। १०. छात्र पाठ याद कर रहा है। ११. उसका नाम राम रक्खा गया। १२. उसे नीद आ गई।

संकेत—(क) १. मधुरम्। २ त्वच्चरितम्। ३. भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र। ४. पातोत्पाता। ५ तिले तालं पश्यति। ६. पुरस्कारमर्हति। ७. सम्मानमर्हति। ८. समादरं नार्हति। ९. खल. सर्षपमात्राणि परछिद्राणि पश्यति। आत्मनो बिल्वमात्राणि पश्यन्नपि न पश्यति। १०. नाहं परिहसामि, परमार्थत। ११ नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण। १२. प्रलपत्येष वैधेय। (ख) २. भाग्यक्रमेण हि धनानि भवन्ति यान्ति। ३. कथमेव भवेन्नाम। ४ यद्भावि तद्भवतु। ५ किमभवत्। ६ यदि ते संशयो भवेत्। ७ प्रहरिष्यसि—न भविष्यसि। ८ इदं ते पादोदकं भविष्यति। ९ हर्षमनुभवति। ११ अनुभवति हि मूर्ध्ना पादपस्तीव्रमुष्णम्। १५ प्रभवति विधि। १६ कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धुं प्रभवति।

शब्दकोष-२५ + २५=५०] **अभ्यास २** (व्याकरण)

(क) गृहम् (घर), नियोगः (निर्धारित कार्य), शिलापट्टः (शिला), अर्थप्रतिपत्तिः (अर्थज्ञान) (४)। **(ख)** अनुष्ठा (करना), अधिवस् (रहना), उपवस् (उपवास करना, रहना), दण्ड् (दण्ड देना), अवचि (चुनना), मुष् (चुराना) (६)। **(ग)** तावत् (तो, जरा), मुहूर्तम् (थोडी देर), जोषम् (चुप), अन्तरा (बीच मे), अन्तरेण (बिना, बारे मे), किं नु (क्या), अनु (बाद मे, घटिया, किनारे), उप (समीप, घटिया), अति (बढकर), अभि (समीप), दिवा (दिन मे), नक्तम् (रात मे) (१२)। **(घ)** वाचयम. (मौन), अब्रह्मण्यम् (अनर्थ), सकुसुमास्तरणम् (फूल के बिस्तर से युक्त) (३)।

व्याकरण (गृह, लोट्, द्वितीया)

१. गृह शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्दरूप सख्या ६१)

२. पठ् तथा रक्ष् धातु के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ३, ४)

नियम १०—(अन्तरान्तरेणयुक्ते) अन्तरा और अन्तरेण के साथ द्वितीया होती है। विना के साथ भी द्वितीया होती है। गगा यमुना चान्तरा प्रयागः। ज्ञानमन्तरेण न सुखम्। भवन्तमन्तरेण (आपके बारे मे) कीदृशोऽस्या अनुरागः। श्रम विना न सिद्धिः।

नियम ११—(अधिशीङ्स्थासा कर्म) अधिशी, अधिस्था और अध्यास् धातु के साथ आधार मे द्वितीया होती है। जैसे—आसनमधिशेते, अधितिष्ठति, अध्यास्ते वा।

नियम १२—(अभिनिविशश्च) अभिनिविश् धातु के साथ आधार मे द्वितीया होती है। जैसे—अभिनिविशते सन्मार्गम् (सन्मार्ग पर चलता है)। परन्तु पापेऽभिनिवेशः भी होता है।

नियम १३—(उपान्वध्याड्वसः) उप अनु अधि और आ उपसर्ग के साथ वस् धातु होगी तो उसके आधार मे द्वितीया होगी, किन्तु उपवास करना अर्थ मे सप्तमी होगी। जैसे—हरिः वैकुण्ठम् उपवसति अनुवसति अधिवसति (रहता है)। वने उपवसति (उपवास करता है)

नियम १४—(कालाध्वनोरत्यन्तसयोगे) समय और मार्ग की दूरीवाची शब्दो मे द्वितीया होती है, जब कार्य निरन्तर हुआ हो। मास पठति। क्रोश गच्छति। क्रोश कुटिला नदी।

नियम १५—इन उपसर्गो के साथ इन अर्थो मे द्वितीया होती है—अनु (बाद मे, घटिया, किनारे), उप (समीप, घटिया), अति (बढकर), अभि (समीप)। जैसे—जपमनु प्रावर्षत्। अनु हरिं सुरा। नदीमनु सेना। उप हरिं सुराः। अति देवान् कृष्णः। भक्तो हरिमभि वर्तते।

नियम १६—(दुह्याच्पच्दण्ड्०) ये धातुएँ द्विकर्मक हैं। इन अर्थोंवाली अन्य धातुएँ भी द्विकर्मक है। इनके साथ दो कर्म होते है—दुह्, याच्, पच्, दण्ड्, रुध्, प्रच्छ्, चि, ब्रू, शास्, जि, मथ्, मुष्, नी, हृ, कृष्, वह्। जैसे—गा दोग्धि पय। बलिं याचते वसुधाम्। तण्डुलान् ओदन पचति। गर्गान् शत दण्डयति। व्रजमवरुणद्धि गाम्। माणवक पन्थान पृच्छति। वृक्षमवचिनोति फलानि। माणवक धर्मं ब्रूते शास्ति वा। शत जयति देवदत्तम्। सुधा क्षीरनिधिं मथ्नाति। देवदत्त शत मुष्णाति। अजा ग्राम नयति, हरति कर्षति वहति वा।

अभ्यास २

संस्कृत बनाओ—(क) (गृह, लोट्) १. जरा रुकिये। २. जरा यह बात बन्द कीजिये। ३. चुप रहो। ४. उस मूर्ख को बकवाद करने दो, तुम सज्जन हो अतः मौन रहो। ५. अपना काम करो। ६ अपने काम पर जाओ। ७. आगे कहिये, वहाँ क्या अनर्थ हो गया। ८. भला या बुरा चाहे जो हो, मैं अपने वचन का पालन करूँगा। (ख) (भू) १. मै कठिन परिश्रम के बिना (विना, अन्तरेण) सफलता नहीं प्राप्त कर सकता हूँ। २. आपका छात्रो पर अधिकार है। ३ यदि अपने आपको सँभाल सकी तो यहाँ से जाऊँगी। ४ यह पहलवान उस पहलवान से लड सकता है। ५. वह अति प्रसन्नता से फूला नहीं समाया। ६ बाँधे या छोडे, यह आपका अधिकार है। ७ राजा शत्रु को हराता है (पराभू)। ८. भरत सिंह-शावक को तिरस्कृत कर रहा है (परिभू)। ९. कौन तुझे दबा सकता है (अभिभू)। १०. आप जैसे विरले ही ससार मे जन्म लेते है (सम्भू)। ११ दरिद्रता से दु'ख उत्पन्न होते हैं (उद्भू)। १२. रात्रि मे चन्द्रमा निकलता है (आविर्भू)। १३. सुख मे सुख उत्पन्न होते हैं (प्रादुर्भू) और दु'ख मे दुःखैं। १४. दिन मे तारे छिप जाते है (तिरोभू) और रात मे निकलते है (प्रादुर्भू)। १५ यह विचार मेरे मन मे आया (प्रादुर्भू)। (ग) (द्वितीया) १. दूधयुक्त भोजन अमृत है, प्रिय का मिलन अमृत है, राजसम्मान अमृत है, जाडे में आग अमृत है। २. द्युलोक और पृथ्वी के बीच मे अन्तरिक्ष है। ३ परिश्रम के बिना सुख नही है। ४ अर्थ जाने बिना प्रवृत्ति की योग्यता नहीं होती। ५. मै आज विद्यालय नही गया, आचार्य मेरे बारे मे क्या सोचेगे, यह चिन्ता मुझे व्याकुल कर रही है। ६ शकुन्तला फूलो के बिस्तरवाली शिला पर लेटी है। ७. राम दुर्गम वन मे रहे। ८. बालक पलँग पर बैठा है (अध्यास्)। ९. राम सन्मार्ग पर चलता है (अभिनिविश्)। १० उसकी पाप मे प्रवृत्ति है। ११. राम पचवटी मे बहुत दिन रहे (अधिवस्)। १२. गाधीजी ने अपने आश्रम मे २१ दिन का उपवास किया। १३. वह बारह वर्ष गुरुकुल मे पढा। १४. वह प्रातः कोसभर घूमने जाता है। १५. यज्ञ के बाद वर्षा हुई। १६. सब कवि कालिदास से घटिया है। १७. गगा के किनारे हरिद्वार है। १८. सब राजा राम से घटिया है। १९. कपिल सब मुनियो से बढकर है। २०. राम के पास भक्त है। २१. वह गाय का दूध दुहता है। २२. वह राजा से धन माँगता है। २३. वह चावलो से भात पकावे। २४. राजा ने अपराधी पर सौ रुपया जुर्माना किया। २५. वह बकरी को बाडे मे बन्द करता है।

सकेत :—(क) १ तिष्ठतु तावत्। २. मुहूर्तं तदास्ताम्। ३ आस्स्व। ५ अनुतिष्ठात्मनो नियोगम्। ६. स्वनियोगमशून्य कुरु। ७ तत पर कथय। ८. शुभ वाऽशुभ वा। **(ख)** १ साफल्य लब्धु न प्रभवामि। २ प्रभवति भवान् छात्राणाम्। ३ यद्यात्मनः प्रभविष्यामि। ४ प्रभवति मल्लो मल्लाय। ५ गुरु प्रहर्ष प्रबभूव नात्मनि। ६. प्रभवति भवान् बन्धे मोक्षे च। १० भवादृशा विरला एव। ११ दारिद्र्यात्। **(ग)** १ अमृत क्षीरभोजनम्, शिशिरे। ५. मामन्तरेण, मा बाधते। ७ अध्यास्त। ८ पल्यके। ११ अध्युवास। १२ उपावसत्। १४. भ्रमति। १५ अनु। १६. अनु। १७ गगामनु। १८ उप। १९ अति मुनीन्। २० अभि।

शब्दकोष–५० + २५ = ७५] **अभ्यास ३** (व्याकरण)

(क) शिखा (चोटी), सचिका (कापी), लेखनी (होल्डर), कौमुदी (चॉदनी), प्राघुणिकः (अतिथि), आतिथेयः (अतिथि सत्कारकर्ता), कूर्चम् (दाढी)। (७) **(ख)** गम् (जाना, बीतना, प्राप्त होना), आगम् (आना), अनुगम् (पीछे जाना), अवगम् (जानना), अधिगम् (प्राप्त करना, जानना), अभ्युपगम् (स्वीकार करना), अभ्यागम् (आना), प्रत्यागम् (लौटकर आना), निर्गम् (निकलना), सगम् (मिलना), उद्गम् (निकलना, उडना), अपगम् (नष्ट होना), उपगम् (पास जाना), परागम् (लौटना), प्रत्युद्गम् (स्वागतार्थ जाना), समधिगम् (पाना, जानना), ताडि (मारना)। (१७)। **(घ)** असस्तुतम् (अपरिचित)। (१)

व्याकरण (रमा, मति, नदी, लङ्, तृतीया)

१. रमा, मति, नदी के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ४१, ४२, ४३)

२. भू तथा अन्य तत्सम धातुओं के लङ् के रूप स्मरण करो।

३. गम् और वद् धातु के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ५, ६)

नियम १७—(साधकतम करणम्) क्रिया की सिद्धि मे सहायक को करण कहते हैं।

नियम १८—(कर्तृकरणयोस्तृतीया) करण मे तृतीया होती है और कर्मवाच्य या भाववाच्य मे कर्ता में। तृतीया मुख्यतः दो अर्थों को बताती है—(१) कर्ता, (२) साधन। जैसे—कन्दुकेन क्रीडति, दण्डेन चलति, बाणेन हन्ति। रामेण गृह गम्यते, रामेण पाठः पठितः।

नियम १९—(प्रकृत्यादिभ्य उपसख्यानम्) प्रकृति आदि शब्दो मे तृतीया होती है। ये शब्द साधारणतया क्रिया-विशेषण या क्रिया-विशेषण-वाक्याश होते है। जैसे—प्रकृत्या साधु'। सुखेन जीवति। दुःखेन जीवति। नाम्ना रामोऽयम्। गोत्रेण काश्यपः। समेनैति।

नियम २०—(अपवर्गे तृतीया) समय और मार्ग की दूरीवाची शब्दो मे तृतीया होती है, यदि कार्य की सफलता बताई जाए तो। मासेन ग्रन्थोऽधीतः। क्रोशेन पाठोऽधीतः। दशभिर्दिनैरारोग्य लब्धवान्।

नियम २१—(सहयुक्तेऽप्रधाने) सह, साकम्, सार्धम्, समम् के साथ तृतीया होती है, साथ अर्थ हो तो। पित्रा सह साक सार्धं सम वा गृह गच्छति। मृगा मृगैः सगमनुव्रजन्ति।

नियम २२—(येनाङ्गविकार.) शरीर के जिस अग मे विकार से विकृत दिखाई पडे, उसमे तृतीया होती है। नेत्रेण काणः। पादेन खजः। कर्णेन बधिरः। शिरसा खल्वाटः।

नियम २३—(इत्थभूतलक्षणे) जिस चिह्न से किसी व्यक्ति या वस्तु का बोध होता है, उसमे तृतीया होती है। जटाभिस्तापसः। कूर्चेन यवनः। शिखया हिन्दु'।

नियम २४—(हेतौ) कारण बोधक शब्दो मे तृतीया होती है। अध्ययनेन वसति। पुण्येन दृष्टो हरिः। श्रमेण धन विद्या वा भवति। विद्यया यशो लभते।

नियम २५—लङ्, लुङ्, लृङ् मे अ या आ शुद्ध धातु से पहले ही लगेगा, उपसर्ग से पूर्व नही। अतः उपसर्गयुक्त धातुओं मे लङ् आदि मे धातु से पहले अ या आ लगाकर उपसर्ग मिलावे। (सन्धिकार्य भी करे)। जैसे—अनुगम् > अन्वगच्छत्, उद्गम् > उदगच्छत्।

अभ्यास ३

संस्कृत बनाओ—(क)(रमा, लङ्) १. सुशीला सबेरे उठी, उसने माता और पिता को प्रणाम किया, पाठ पढा, लेख लिखा, व्याकरण याद किया, खाना खाया और विद्यालय को गई। २. पार्वती उपवन मे गई, उसने फल देखे, फूल सूँघे, पेड पर चढ़ी, लतासे फूल चुने और फूलो को घर लाई। ३. न इधर का रहा, न उधर का रहा। ४. लडकी पराई सम्पत्ति है। **(ख)** (गम् धातु) १. मेरा शरीर आगे जा रहा है और मन अपरिचित सा होकर पीछेकी ओर दौडता है। २. बुद्धिमानो का समय काव्य-शास्त्र के विनोद मे बीतता है। ३. निरर्थक बकवाद से विद्वानों में मेरी हँसी हो जाएगी। ४ न चले तो गरुड भी एक पैर नही सरक सकता। ५ उस बालिका का नाम भारती रक्खा गया। ६ जलाशय तक प्रिय व्यक्ति को पहुँचाने जाना चाहिए। ७. राजा दिलीप छाया की तरह उस गाय के पीछे चला। ८ सुदक्षिणा इस प्रकार गाय के मार्ग पर चली, जैसे श्रुति के अर्थ के पीछे स्मृति चलती है। ९ मै आपकी बात नही समझा। १०. आगेकी बात तो समझ मे आ गई। ११. मैं अपने आपको अपराधी सा समझ रहा हूँ। १२ मेरी बुद्धि कुछ निश्चय नही कर पा रही है। १३ अगस्त्य आदि ऋषियो से वेदान्त पढ़ने के लिए मै वाल्मीकि के पास से यहाँ आई हूँ। १४. हम आपकी यह बात स्वीकार करते हैं। १५. मेरे घर पाहुन (अतिथि) आए है। १६. सज्जन सज्जनों के घर आते है। १७. कमला विद्यालय से घर लौटकर आई (प्रत्यागम्)। १८ ऋषि दयानन्द घर से निकलकर वन मे गए। १९. प्रयाग मे गगा और यमुना मिलती है। २०. मिलकर चलो, मिलकर बोलो। २१. चन्द्रमा निकलता है, अन्धकार दूर होता है। २२. पक्षी आकाश मे उडकर जाते हैं। २३ शिष्य गुरु के पास गया। २४ मेघरहित चन्द्रमा को चाँदनी प्राप्त हुई। **(ग)** (तृतीया) १. कमला ने होल्डर से कापी पर लेख लिखा। २ उमा ने डडे से बन्दर को मारा। ३. बालक गेद से खेला। ४. धनहीन दुःख से जीते है। ५. शान्ति ने सरलता से पुस्तक पढ ली। ६. उसका नाम कृष्ण है। ७. उसका गोत्र भारद्वाज है। ८ वह सममार्ग से आता है। ९ उसने एक वर्ष में गीता पढी। १०. वह सात दिन में नीरोग हुआ। ११. वह धर्म से बढता है।

संकेत—(क) १ उदतिष्ठत्, पितरौ। २. आरोहत्, अचिनोत्, आनयत्। ३ इतो भ्रष्टस्ततो भ्रष्ट। ४ अर्थो हि कन्या परकीय एव। **(ख)** १ धावति पश्चादसस्तुत चेत। २ कालो गच्छति धीमताम्। ३ अनर्गलप्रलापेन विदुषा मध्ये गमिष्याम्युपहास्यताम्। ४ अगच्छन् वैनतेयोऽपि। ५ भारत्याख्या जगाम। ६ ओदकान्त स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य.। ७ छायेव तां भूपतिरन्वगच्छत्। ८ श्रुतेरिवार्थं स्मृतिरन्वगच्छत्। ९. न खल्ववगच्छामि। १० परस्तादवगम्यत एव। ११ कृतापराधमिवात्मानमवगच्छामि। १२ न मे बुद्धिर्निश्चयमधिगच्छति। १३. तेभ्योऽधिगन्तु निगमान्तविद्याम्। १४ अभ्युपगत तावदस्माभिरेवम्। १५ अभ्यागत। १८. गृहान्निर्गत्य। १९ सगच्छेते (सम्+गम् आत्मनेपदी है)। २० सगच्छध्व सवदध्वम्। २१. उद्गच्छति, तिमिरमपगच्छति। २२ खगा खमुद्गच्छन्ति। २३. उपागच्छत्। २४. शशिनमुपगतेय कौमुदी मेघमुक्तम्। **(ग)** ५ सरलतया। ६ नाम्ना कृष्ण। ९ वर्षेणैकेन। १० सप्तभिर्दिनै।

शब्दकोष-७५ + २५ = १००] **अभ्यास ४** (व्याकरण)

(क) गिरिः (पर्वत), पदातिः (पैदल चलनेवाला), भूपतिः (राजा), पविः (वज्र), निर्बन्धः (आग्रह, जिद), परिदेवनम् (रोना), बाष्पम् (भाप), कल्याणाभिनिवेशिन् (कल्याणका इच्छुक)। (८)। **(ख)** चर् (घूमना, करना, चरना), आचर् (व्यवहार करना), अनुचर् (पीछे चलना), सचर् (घूमना), विचर् (विचरण करना), उच्चर् (उठना, उल्लघन करना), उपचर् (सेवा करना), प्रचर् (प्रचार होना), अनुहृ (सदृश होना), सवद् (सवाद करना, सदृश होना), शप् (शपथ लेना), योजि (मिलाना)। (१२)। **(ग)** अलम् (बस), कृतम् (बस), किम् (क्या, क्या लाभ)। (३)। **(घ)** नष्टाशकः (निर्भय), मुग्धा (भोली-भाली)। (२)

व्याकरण (हरि, विधिलिङ्, तृतीया)

१ हरि और भूपति शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ४,७)

२. भू तथा अन्य तत्सम धातुओ के विधिलिङ् के रूप स्मरण करो।

३. दृग् धातु के रूप स्मरण करो (देखो धातु० ७)। चर्, पठ् के तुल्य।

नियम २६—(गम्यमानापि क्रिया कारकविभक्तौ प्रयोजिका) अलम् और कृतम् के साथ तृतीया होती है, यदि बस या मत अर्थ हो तो। जैसे—अल श्रमेण। कृतम् अत्यादरेण। अलम् के साथ इस अर्थ मे क्त्वा (ल्यप्) प्रत्यय भी होता है। अलमन्यथा सम्भाव्य (उलटा न समझे)।

नियम २७—किम्, कार्यम्, अर्थः, प्रयोजनम्, गुणः के साथ तथा कि + कृ धातु के साथ तृतीया होती है, यदि प्रयोजन या लाभ अर्थ हो तो। जैसे—मूर्ख पुत्रसे क्या लाभ—मूर्खेण पुत्रेण किम्, कि कार्यम्, कोऽर्थः, कि प्रयोजनम्, को गुणः, किं क्रियते वा।

नियम २८—(पृथग्विना०, तुल्यार्थैरतुलो०) पृथक्, विना और तुल्यार्थक शब्दो के साथ तृतीया भी होती है। रामेण पृथक्। प्रियया वियोगः। ज्ञानेन विना। कृष्णेन तुल्यः।

नियम २९—(कर्तृकरणयोस्तृतीया) करणत्व या क्रिया-विशेषणत्व के कारण इन स्थानो पर तृतीया होती है। **(क)** कार्य करने के ढग मे। जैसे—विधिना यजते। **(ख)** जिस मूल्य से कोई वस्तु खरीदी जाए। जैसे—कियता मूल्येन क्रीत पुस्तकम्? शतेन०। **(ग)** यात्रा के साधन मे। जैसे—रथेन चरति। विमानेन विगाहमानः। **(घ)** वहनार्थक धातु के साथ ढोने के साधन मे। जैसे—स्कन्धेन शत्रु वहति। भर्तुराज्ञा मूर्ध्ना आदाय। **(ङ)** शपथ अर्थ मे शपथ की वस्तु मे। जैसे—जीवितेन शपामि। आत्मना शपे। **(च)** युक्त और हीन अर्थ मे। जैसे—समायुक्तोऽप्यर्थैः। अर्थेन हीनः।

नियम ३०—(हेतौ) हेत्वर्थ के कारण इन अर्थों की धातुओ के साथ तृतीया होती है। **(१)** सन्तुष्ट या प्रसन्न होना, **(२)** आश्चर्ययुक्त होना, **(३)** लज्जित होना। (१) कापुरुषः स्वल्पेनापि तुष्यति। (२) तव प्रावीण्येन विस्मितोऽस्मि। (३) अनेन प्रागल्भ्येन लज्जे।

नियम ३१—(हेतौ) उत्कर्ष और सादृश्य अर्थ की धातुओ के साथ गुणबोधक शब्द मे तृतीया होती है। त्व श्रद्धया पूर्वान् अतिशेषे (पूर्वजो से बढकर हो)। स्वरेण रामभद्रमनुहरति (आवाज मे राम से मिलता है)। अस्य मुख मातुः मुखेन सवदति।

अभ्यास ४

संस्कृत बनाओ—(क) (विधिलिङ्) १ हरि भोजन खावे, विद्यालय जावे, आसन पर बैठे, पाठ पढे। २ वह उपवन मे जावे, फूल सूँघे, फलो को देखे, वृक्ष पर चढे। ३. भूपति तलवार से और इन्द्र वज्र से शत्रुओ को **नष्ट करे। ४. मै समझता हूँ कि यह बात उसको स्वीकार होगी।** ५ इष्ट को धर्म से **मिला दे।** ६. अति का सर्वत्र **त्याग करे। ७ कौन क्षत्रिय होकर** अधर्मयुद्ध से जय चाहेगा। (ख) १. **धर्म करो।** २. मृगशिशु निःशक हो धीरे-धीरे **घूम रहे हैं।** ३ वह पहाड पर **तप कर रहा है।** ४. बैल खेत मे **घास चरता है। ५ जो दुष्ट का सत्कार करता है, वह जल में लकीर खींचता है। ६ तुमने उसके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। ७. सोलह वर्ष के पुत्र के साथ** मित्रवत् **व्यवहार करे।** ८ यह कौन **भोलीभाली** तपस्वि-कन्याओ के साथ **अशिष्टता कर रहा है।** ९ विद्वान् व्यक्ति जानते हुए **भी जड के तुल्य लोक में व्यवहार करे।** १० गुरु **शिष्य से** पुत्रवत् **व्यवहार करे।** ११ **चन्द्रमा के राहु से ग्रस्त होने पर भी रोहिणी उसके पीछे चलती है।** १२ कल्याण का इच्छुक **सन्मार्ग पर चले।** १३ वह **रथ में घूमता है।** १४ इस रास्ते से पैदल चलनेवाले जाते हैं। १५ गिरि पर यति घूमते है। १६ राम **वनमें घूमे।** १७ भाप **उठी।** १८. कोलाहल की ध्वनि उठी। १९ वह **धर्म का उल्लंघन करता है।** २० तुम सबकी **समानरूप से सेवा करो।** २१ उसने भोजनादि से **मेरी सेवा की।** २२. **रोगी की सावधानी से सेवा करो।** २३ रामायण की कथा का ससार मे **प्रचार होगा। (ग)** (तृतीया) १ **जिद मत करो।** २. **श्रम से यह काम सिद्ध नही होगा।** ३ विवाद मत करो, मत हँसो, **मत रोओ।** ४. **मजाक मत करो।** ५ बात **बहुत मत बढ़ाओ।** ६. **इस बात से क्या लाभ, बस करो।** ७. पुरुषार्थ के बिना भाग्य नही बनता। ८. इसकी आवाज कृष्ण से मिलती है। ९. इसका मुँह पिता के मुँह से मिलता है। १० वह विधिपूर्वक पढता है। ११. तुमने यह **साडी** कितने मूल्य मे **खरीदी? दस रुपए मे।** १२ विमान से **आकाश मे घूमता है।** १३ धन से **युक्त आदृत होता है,** धन से हीन **तिरस्कृत होता है।** १४. **दुर्जन** थोडे से **प्रसन्न होता है।** १५. उसकी विद्वत्ता से विस्मित हूँ। १६ मै **असत्य-भाषण से लज्जित हूँ।**

संकेत—(क) ३ नाशयेताम्। ४ यथाह पश्यामि, तथा तस्यानुमत भवेत्। ५ योजयेत्। ६ वर्जयेत्। ७ को हि क्षत्रियो भवन् इच्छेत्। **(ख)** १. धर्म चर। २. चरन्ति। ३ तपश्चरति। ४ शस्य चरति। ५ रचयति रेखा सलिले यस्तु खले चरति सत्कारम्। ६. तस्मिन् त्व साधु नाचर। ७ प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रम् आचरेत्। ८ मुग्धासु आचरत्यविनयम्। ९ जानन्नपि हि मेधावी जडवल्लोक आचरेत्। १० शिष्य आचरेत्। ११. अनुचरति शशाक राहुदोषेऽपि तारा। १२ सन्मार्गमनुचरेत्। १३ रथेन सचरते (तृ० के साथ आत्मने० है)। १६ विचचार दावम्। १७ उदचरत्। १९ धर्ममुच्चरते (सकर्मक आत्मने० है)। २०. समसुपचर। २१ मामुपाचरत्। २२. यत्नादुपचर्यताम् रुग्ण। २३ लोकेषु प्रचरिष्यति। **(ग)** अलं निर्बन्धेन। २ अल श्रमेण। ३. अल परिदेवनेन। ४ अलमुपहासेन। ५ अलमतिविस्तरेण। ६ किमनेन, आस्ता तावत्। ७ सिध्यति। ११ शाटिका क्रीता ' दशकेन। १२ दिव विगाहते। १३ आद्रियते, तिरस्क्रियते।

शब्दकोष-१०० + २५ = १२५] **अभ्यास ५** (व्याकरण)

(क) साधुः (सज्जन), मृत्युः (मृत्यु), पांसुः (धूल), असुः (प्राण), सानुः (चोटी), गोमायुः (गीदड)। (६)। **(ख)** सद् (बैठना, खिन्न होना), प्रसद् (प्रसन्न होना, स्वच्छ होना, सफल होना), विषद् (दुःखित होना), आसद् (पहुँचना), प्रत्यासद् (समीप आना), निषद् (बैठना), अवसद् (नष्ट होना), उत्सद् (नष्ट होना), उपसद् (पास जाना), स्वद् (अच्छा लगना), प्रतिश्रु (प्रतिज्ञा करना), अवहननम् (कूटना)। (१२)। **(ग)** कृते (लिए)। (१)। **(घ)** प्रांशुः (ऊँचा), आगन्तुः (आगन्तुक), प्रभविष्णुः (समर्थ, स्वामी), स्पृहयालुः (इच्छुक), द्वित्राः (दो तीन), पञ्चषाः (पाँच छः)। (६)

व्याकरण (गुरु, लट्, चतुर्थी)

१ गुरु शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ९)

२. सद् और पा धातुओं के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ८, ११)

नियम ३२—(कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्, क्रियया यमभिप्रैति०) दान आदि कार्य या कोई क्रिया जिसके लिए की जाती है, उसे सप्रदान कहते है।

नियम ३३—(चतुर्थी सम्प्रदाने) सम्प्रदान मे चतुर्थी होती है। जैसे—विप्राय गा ददाति। युद्धाय सनह्यते (तैयारी करता है)। विद्यायै यतते। पुत्राय धन प्रार्थयते।

नियम ३४—(रुच्यर्थाना प्रीयमाण.) रुच् (अच्छा लगना) अर्थ की धातुओ के साथ चतुर्थी होती है। हरये रोचते भक्ति.। यद् भवते रोचते। बालकाय मोदक रोचते।

नियम ३५—(धारेरुत्तमर्णः) धारि धातु (ऋण लेना) के साथ ऋणदाता मे चतुर्थी होती है। देवदत्तो रामाय शत धारयति (राम का सौ रुपए ऋणी है)।

नियम ३६—(स्पृहेरीप्सितः) स्पृह् धातु तथा उससे बने शब्दो के साथ इष्ट वस्तु मे चतुर्थी होती है। पुष्पेभ्यः स्पृहयति (फूलो को चाहता है)। भोगेभ्यः स्पृहयालवः।

नियम ३७—(क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थाना य प्रति कोपः) क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य्, असूय अर्थ की धातुओ के साथ जिस पर क्रोध किया जाए, उसमे चतुर्थी होती है। रामः मूर्खाय (मूर्ख पर) क्रुध्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति। सीतायै नाक्रुध्यन्नाप्यसूयत। यदि क्रुध् और द्रुह् से पूर्व उपसर्ग होगा तो द्वितीया होगी। क्रूरम् अभिक्रुध्यति अभिद्रुह्यति।

नियम ३८—(प्रत्याङ्भ्या श्रुवः०) प्रतिश्रु और आश्रु धातु के साथ प्रतिज्ञा करने अर्थ मे चतुर्थी होती है। विप्राय गा प्रतिशृणोति(गाय देने की प्रतिज्ञा करता है)।

नियम ३९—(तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या) जिस प्रयोजन के लिए जो वस्तु या क्रिया होती है, उसमे चतुर्थी होती है। मोक्षाय हरि भजति। यूपाय दारु। काव्य यशसे।

नियम ४०—चतुर्थी के अर्थ मे 'अर्थम्' और 'कृते' अव्ययो का प्रयोग होता है। अर्थम् के साथ समास होगा और कृते के साथ षष्ठी। भोजनार्थम्, भोजनस्य कृते।

अभ्यास ५

संस्कृत बनाओ—(क) (गुरु, लृट्) १. जो जन्म लेगा, उसकी मृत्यु अवश्य होगी और जो मरेगा, उसका जन्म अवश्य होगा। २ राम लम्बा है, पर उसका छोटा भाई भरत नाटा है। ३ छोटे बच्चे धूल मे खेल्ते है। ४. शिशु के प्राण बचाने हैं। ५. ऋषि पर्वतो की चोटियो पर रहते हैं। ६. भानु उदय होता है और विधु अस्त होता है। ७ अनुचरों को चाहिए कि स्वामी को धोखा न दें। ८. हाथी और गीदड की मित्रता नही होती। ९ दो-तीन आगन्तुक कल मेरे घर आएँगे और मेरे यहाँ रहेगे। १० हम पाँच छ. दिन में बनारस जाएँगे। ११. जाडे मे पहाड की चोटियो पर बर्फ गिरेगी और वे सफेद हो जाएँगी। १२. बड़े आदमी इसकी मजाक उडाएँगे। १३ गुरुओ की आज्ञा पर तर्क-वितर्क नही करना चाहिए। १४. तरु फल आने पर झुक जाते है। १५. ऐसा करूँगा तो मेरी हँसी होगी। १६. मरना अच्छा है, अपमान सहना अच्छा नही। १७ ढीठ स्त्री शत्रुतुल्य है। **(ख)** (सद् धातु) १. मै यही बैठा हूँ, आप शीघ्र आवे। २ मेरा हृदय खिन्न हो रहा है। ३. मेरे अंग व्याकुल हो रहे हैं। ४. नीति की व्यवस्था ठीक न होने पर सारा संसार विवश हो दु खित होता है। ५ जगदाधार भगवन्! मुझसे प्रसन्न हो। ६. माता-पिता पुत्र की नम्रता से प्रसन्न होते है (प्र+सद्)। ७ जो किसी कारण से क्रुद्ध होता है, वह उस कारण के समाप्त होने पर प्रसन्न हो जाता है (प्र+सद्)। ८ दिशाएँ स्वच्छ हो गईं (प्र+सद्)। ९. उचित पात्र में रक्खी हुई क्रिया शोभित होती है। १०. धीर पुरुष सुख मे प्रसन्न नही होते और दुःख मे दु'खी नही होते (न, विषद्)। ११. दु'खित न होइये। १२. वह ज्योंहीं घर पहुँचे, त्योही मेरे पास भेजना। १३. कुत्ता नदी पर पहुँचा। १४. घर जाने का समय हो रहा है, जल्दी करो। १५ तुम इधर बैठो। १६. आप बैठिये, मै भी सुख से बैठता हूँ। १७. हल्की चीज तैरती है, भारी चीज नीचे बैठ जाती है। १८ उद्यम के तुल्य कोई बन्धु नही है, जिसे करके कोई दु.खित नही होता। १९ मेरे प्राण नष्ट हो रहे है (अवसद्)। २०. यदि मैं काम नहीं करूँगा तो ये लोग नष्ट हो जाएँगे।

सकेत—(क) १ जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुव जन्म मृतस्य च। २ वामन, खर्व, पृश्नि। ३ पासुषु। ४ असवो रक्षणीया। ६ उदेति अस्तमेति। ७ न वञ्चनीया प्रभवोऽनुजीविभि'। ८ भवन्ति गोमायुसखा न दन्तिन। ९ निवत्स्यन्ति। १० पञ्चषैर्दिवसै। १२. महाजन स्मेरमुखो भविष्यति। १३ आज्ञा गुरूणा ह्यविचारणीया। १४. भवन्ति नम्रास्तरव फलागमै। १५ गमिष्याम्युपहास्यताम्। १६ वर मृत्युर्न पुनरपमान। १७. अविनीता रिपुर्भार्या। **(ख)** १. सीदामि। २ सीदति। ३ सीदन्ति गात्राणि। ४ विपन्नायां नीतौ सकलमवश सीदति जगत्। ५ प्रसीद मे। ७ निमित्तमुद्दिश्य तस्यापगमे। ८ दिश प्रसेदु.। ९ क्रिया हि वस्तूपहिता प्रसीदति। ११ मा विषीदत। १२ यदैव आसीदति—तदैव मा प्रति। १३. आससाद। १४ प्रत्यासीदति गृहगमनकाल., त्वर्यताम्। १५ इत। १६ सुखासीनो भवामि। १७. यल्लघु तदुत्प्लवते, यद् गुरु तन्निषीदति। १८. य कृत्वा नावसीदति। २० उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्या कर्म चेदहम्।

शब्दकोष–१२५ + २५ = १५०] **अभ्यास ६** (व्याकरण)

(क) क्रमेलकः (ऊँट), निसर्ग. (स्वभाव), प्रवृत्ति. (समाचार), विसृष्टिः (छुट्टी), कुलक्रमम् (कुल-परम्परा), शासनम् (आज्ञा), धामन् (स्थान) । (७) । **(ख)** वृत् (होना, बर्ताव करना), प्रवृत् (लगना, चलना), अनुवृत् (पीछे चलना), निवृत् (लौटना), अभिवृत् (पास आना), अतिवृत् (१. उल्लघन करना, २ बीतना), आवृत् (लौटकर आना), आवर्ति (फेरना, दुहराना), परिवृत् (चक्कर खाना), आशक् (आशका करना) विप्रलभ् (ठगना), आशस् (आशा करना), स्पन्द् (फड़कना), घट् (घटना, होना), परिणम् (बदलना) । (१५) । **(ग)** उभयथा (दोनो प्रकार से), वृथा (व्यर्थ ही), अद्यत्वे (आजकल) । (३)

व्याकरण (९ सर्वनाम पुलिंग, लट आत्मनेपदी, चतुर्थी)

१ सर्व शब्द के पुलिंग के रूप स्मरण करो । (देखो शब्द० ७७)

२ सेव् और वृत् धातु के रूप स्मरण करो । (देखो धातु० २०, २५)

नियम ४१—(क) (क्लृपि सपद्यमाने च) क्लृप् , सपद्, जन् , भू , अस् आदि धातुओ के साथ समर्थ होना या होना अर्थ मे चतुर्थी होती है । विद्या ज्ञानाय कल्पते सपद्यते जायते वा । कल्पसे रक्षणाय । भू या अस् के प्रयोग के बिना भी चतुर्थी होती है । काव्य यशसे । **(ख)** (उत्पातेन०) कोई उत्पात किसी अशुभ घटना का सकेत करे तो चतुर्थी होगी । वाताय कपिला विद्युत् । **(ग)** हित और सुख के साथ चतुर्थी होती है । ब्राह्मणाय हित सुख वा ।

नियम ४२—(क्रियार्थोपपदस्य च०) यदि तुमुन् प्रत्ययान्त धातु का अर्थ गुप्त हो तो कर्म मे चतुर्थी होती है । फलेभ्यो याति (फल लाने के लिए) । वनाय गा मुमोच (वन जाने के लिए०) । (तुमर्थाच्च०) यदि तुमुन् के अर्थ मे घञ् प्रत्यय होगा तो भी चतुर्थी होगी । यागाय याति (यष्टु यातीत्यर्थः) ।

नियम ४३—(नम.स्वस्तिस्वाहास्वधालवषड्योगाच्च) नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम् (तथा पर्याप्त अर्थ वाले अन्य शब्द), वषट् के साथ चतुर्थी होती है । गुरवे नमः । पुत्राय स्वस्ति । अग्नये स्वाहा । पितृभ्य. स्वधा । इन्द्राय वषट् । हरिः दैत्येभ्यः अलम् , प्रभुः, समर्थः, शक्त । **(क)** नमस्कृ के साथ साधारणतया द्वितीया होती है । नमस्करोति देवान्, मुनित्रय नमस्कृत्य । **(ख)** प्रणाम करना अर्थवाली प्रणम्, प्रणिपत् आदि धातुओं तथा इनके सज्ञाशब्दो के साथ द्वितीया और चतुर्थी दोनो होती है । जैसे—न प्रणमन्ति देवताभ्यः, ता प्रणनाम । प्रणिपत्य सुरास्तस्मै, धातार प्रणिपत्य । अस्मै प्रणाममकरवम् । **(ग)** आशीर्वादार्थक स्वागतम्, कुशलम् आदि के साथ चतुर्थी और षष्ठी दोनो होती है । **(घ)** अलम्, प्रभुः आदि तथा प्र + भू धातु के साथ चतुर्थी होती है । प्रभुर्मल्लो मल्लाय ।

नियम ४४—(क्रियया यमभिप्रैति०) 'कहना' अर्थ की धातुओ कथ् , ख्या, शस्, चक्ष् और निवेदि आदि के साथ तथा 'भेजना' अर्थ की धातुओ प्र + हि, वि + सृज् आदि के साथ चतुर्थी होती है । मैथिलाय कथयाबभूव स. । आख्याहि को मे भवानुग्ररूपः । होमवेला गुरवे निवेदयामि । भोजेन दूतो रघवे विसृष्टः ।

नियम ४५—(मन्यकर्मण्यनादरे०) अनादर अर्थ मे मन् धातु के साथ द्वितीया और चतुर्थी होती है । न त्वा तृण मन्ये तृणाय वा ।

नियम ४६—(गत्यर्थकर्मणि द्वितीया०) गत्यर्थक धातु के साथ कर्म मे द्वितीया और चतुर्थी होती है, यदि चेष्टा हो तो । अन्यत्र द्वितीया ही होगी । ग्राम ग्रामाय वा गच्छति । मनसा हरिं व्रजति । पन्थान गच्छति ।

अभ्यास ६

संस्कृत बनाओ—(क) (सर्वनाम, लट् आ०) १ तू जिसको अग्नि समझता है, वह स्पर्श के योग्य रत्न है। २ क्यो मुझे धोखा देते हो। ३. मै मनोरथ की आशा नही करता, हे भुजा, तू क्यो व्यर्थ फडक रही है। ४. दूध दही के रूप मे परिणत होता है। ५. क्या सोचकर आप यह कह रहे है। ६ यह बात दोनो तरह से हो सकती है। ७. ऊँट क्रीडोद्यान मे जाकर भी काँटे ही ढूँढ़ता है। ८ अर्जुन, भाग्य से ही ऐसा युद्ध क्षत्रियों को मिलता है। (ख)(वृत्, सेव् धातु) १. ऐसा मेरे मन मे है। २. इस विषय मे हमारी बडी उत्सुकता है। ३ आप ही बताओ, इस दुष्ट के साथ कैसा बर्ताव करें। ४. वह आजकल परेशानी मे है। ५. अब प्रात.काल है, तुम सब पढाई मे लगो। ६. सीता देवी का क्या हुआ, क्या कुछ समाचार है। ७. यज्ञ ठीक चल रहा है। ८ मेरी जीवन-यात्रा सुख से चल रही है (वृत्)। ९. परीक्षा सिर पर है, वह अध्ययन मे लगा हुआ है (वृत्)। १०. माता स्वाभाविक स्नेह से सन्तान से व्यवहार करती है (वृत्)। ११. ऐसे पुत्र से क्या लाभ, जो पिता को दु.ख दे। १२. क्या शक्तिभर पढाई मे लगे हो (प्रवृत्)। १३. राजा प्रजा के हित मे लगे। १४. सहसा उसकी आँसूकी धार बह चली। १५. बडा आदमी जैसा करता है, लोग उसका ही अनुसरण करते है (अनुवृत्)। १६. लोग मालिक की इच्छा के अनुसार चलते है। १७. लौकिक सज्जनो की वाणी अर्थ के पीछे चलती है। १८. सत्पुत्र कुल-परम्परा का अनुसरण करता है (अनुवृत्)। १९. जहाँ जाकर नहीं लौटते, वह मेरा परम धाम है। २०. सज्जन पाप से निवृत्त होता है (निवृत्)। २१. मासभक्षण से रुके (निवृत्)। २२. कन्याएँ पौधों को जल देने के लिए इधर ही आ रही है। २३. भौरा मेरे मुँह की ओर आ रहा है। २४. जो पिता की आज्ञा का उल्लंघन करता है, वह दुःख पाता है। २५ माता-पिता की सेवा करो। **(ग)** (चतुर्थी) १ धन दान के लिए होता है (क्लृप्)। २. तुम रक्षा मे समर्थ हो। ३. काव्य यश के लिए, धन के लिए, व्यवहारज्ञान के लिए और अशिव-क्षति के लिए होता है। ४. शिष्यो का हित और सुख हो। ५ फूलो के लिए उद्यान मे जाता है। ६. हवन करने के लिए जाता है। ७ पिता जी को नमस्कार, शिष्यो को आशीर्वाद। ८. इन्द्र के लिए स्वाहा। ९ यह योद्धा उस योद्धा से लडने मे समर्थ है। १०. राजा शत्रुओ के लिए समर्थ है, पर्याप्त है।

सकेत'—(क) १ आशकसे यदग्निं तदिद स्पर्शक्षम रत्नम्। २. किं मा विप्रलभसे। ३ मनोरथाय नाशसे, स्पन्दसे। ४ दधिभावेन परिणमते। ५ किमुद्दिश्य भवान् भाषते। ६. इदमुभयथाऽपि घटते। ७ निरीक्षते केलिवन प्रविष्ट. क्रमेलक कण्टकजालमेव। ८ सुखिन. क्षत्रिया पार्थ लभन्ते युद्धमीदृशम्। **(ख)** १ इद मे मनसि वर्तते। २ महत् कुतूहल वर्तते। ३. दुर्जने कथ वर्तताम्। ४ दु खे। ५ प्रवर्तध्वम्। ६ वृत्तम्, अस्ति काचित् प्रवृत्ति। ७ सर्वथा वर्तते। ९ प्रत्यासीदति। १० निसर्गस्नेहेनापत्येषु। ११ पुत्रेण किम्, य पितृदु खाय वर्तते। १२ अपि स्वशक्त्या। १३ प्रवर्तता प्रकृतिहिताय पार्थिव। १४ प्रावर्तताश्रुधारा। १५ यद्यदाचरति श्रेष्ठो लोकस्तदनुवर्तते। १६ प्रभुचित्तमेव हि जनोऽनुवर्तते। १७ लौकिकाना हि साधूनामर्थं वागनुवर्तते। १८. कुलक्रमम्। १९ यद् गत्वा न निवर्तन्ते तद् धाम परम मम। २२ बालपाद-पेभ्य., इत एवाभिवर्तन्ते। २३ वदनमभिवर्तते। २४ पितु शासनमतिवर्तते। **(ग)** २ कल्पसे रक्षणाय। ३. काव्य यशसेऽर्थकृते व्यवह.रविदे शिवेतरक्षतये। ४ भूयात्। ९ प्रभवति मल्लो मल्लाय।

शब्दकोष–१५० + २५ = १७५] **अभ्यास ७** (व्याकरण)

(क) लोकापवादः (अफवाह), अभिजनः (कुलीन), अगुलीयकम् (अगूठी), वचनीयम् (निन्दा), सगतम् (मित्रता), गोमयम् (गोबर), वयस् (आयु), कामवृत्तिः (स्वेच्छाचारी) । (८) । **(ख)** ईक्ष् (१ देखना, २. परवाह करना), अपेक्ष् (१. प्रतीक्षा करना, २. ध्यान रखना), अवेक्ष् (१. देखना, २. सोचना, ३. रक्षा करना), उपेक्ष् (उपेक्षा करना), निरीक्ष् (१. ध्यान से देखना, २ ढूँढना), परीक्ष् (परीक्षा करना), प्रतीक्ष् (प्रतीक्षा करना), प्रेक्ष् (देखना), समीक्ष् (१. देखना, २. समीक्षा करना), भ्रश् (गिरना), पराजि (हारना), त्रै (रक्षा करना) । (१२) । **(ग)** रहः (एकान्त मे), सदसत् (उचित-अनुचित) । (२) । **(घ)** सज्जः (तैयार), तीक्ष्णम् (तीव्र, उग्र), योत्स्यमानः (लडने का इच्छुक) । (३)

व्याकरण (९ सर्वनाम नपु, लोट् आत्मने०, पचमी)

१ सर्व शब्द के नपुसक० के पूरे रूप स्मरण करो । (देखो शब्द० ७७)

२. वृध् और ईक्ष् धातु के रूप स्मरण करो । (देखो धातु० २२, २६)

नियम ४७—(ध्रुवमपायेऽपादानम्) जिससे कोई वस्तु आदि अलग हो, उसे अपादान कहते हैं ।

नियम ४८—(अपादाने पचमी) अपादान मे पचमी होती है । ग्रामादायाति । वृक्षात् पत्र पतति ।

नियम ४९—(जुगुप्साविरामप्रमादार्थानाम्०) जुगुप्सा (घृणा), विराम (रुकना) और प्रमाद अर्थ की धातुओ और शब्दो के साथ पचमी होती है । पापात् जुगुप्सते, विरमति । धर्मात् प्रमाद्यति ।

नियम ५०—(भीत्रार्थाना भयहेतुः) भय और रक्षा अर्थ की धातुओ के साथ भय के कारण मे पचमी होती है । चोराद् बिभेति । चोरात् त्रायते । न भीतो मरणादस्मि ।

नियम ५१—(पराजेरसोढः) परा + जि के साथ असह्य अर्थ मे पचमी होती है । अध्ययनात् पराजयते (हार मानता है) । परन्तु शत्रून् पराजयते (हराता है) मे द्वितीया होगी ।

नियम ५२—(वारणार्थानामीप्सितः) जिस वस्तु से किसी को हटाया जाए, उसमे पचमी होती है । यवेभ्यो गा वारयति । पापात् निवारयति ।

नियम ५३—(अन्तर्धौ येनादर्शनमिच्छति) जिससे छिपना चाहता है, उसमे पचमी होती है । मातुर्निलीयते कृष्णः (छिपता है) ।

नियम ५४—(आख्यातोपयोगे) जिससे नियमपूर्वक विद्या आदि पढी जाए, उसमे पचमी होती है । उपाध्यायादधीते । मया तीर्थात् (गुरु से) अभिनयविद्या शिक्षिता । तेभ्योऽधिगन्तुम्० ।

नियम ५५—(जनिकर्तुः प्रकृतिः, भुवः प्रभवः) उत्पन्न या प्रकट होना अर्थवाली जन् और भू आदि धातुओ के साथ पचमी होती है । ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते । हिमवतो गंगा प्रभवति, उद्‌भवति, उद्‌गच्छति । परन्तु पुत्रादि के जन्म मे स्त्री मे सप्तमी होगी—मेनकायामुत्पन्नां गौरीम् ।

नियम ५६—(ल्यब्लोपे कर्मण्यधिकरणे च) क्त्वा या ल्यप् का अर्थ गुप्त होगा तो कर्म और अधिकरण मे पचमी होगी । प्रासादात् प्रेक्षते । आसनात् प्रेक्षते । श्वशुरात् जिह्रेति ।

नियम ५७—(गम्यमानापि क्रिया०) प्रश्न और उत्तर आदि मे गुप्त क्रिया के आधार पर पचमी होती है । कस्मात् त्वम्, नद्याः (कहाँ से आए, नदी से) । कुतो भवान्, पाटलिपुत्रात् ।

अभ्यास ७

संस्कृत बनाओ—(क) (ईक्ष्, वृध् धातु, लोट् आ०) १. माता पुत्र को देखे। २. स्वेच्छाचारी व्यक्ति निन्दा की चिन्ता नही करता (ईक्ष्)। ३. स्नेह समय की अपेक्षा नही करता। ४. रथ तैयार है, महाराज के विजय-प्रस्थान की प्रतीक्षा कर रहा है। ५. भाग्य भी पुरुषार्थ की अपेक्षा करता है। ६. विद्वान् भाग्य और पुरुषार्थ दोनो की अवश्यकता मानता है। ७ मै लडने के इच्छुको को देखता हूँ (अवेक्ष्)। ८. कुछ बात सोचकर वह मौन हो गया। ९. अपने कर्तव्य की क्षणभर भी उपेक्षा न करे (उपेक्ष्)। १०. अच्छी तरह परीक्षा करके ही गुप्त-प्रेम करना चाहिए। ११ भले और बुरे की परीक्षा करके विद्वान् एक को अपनाते है। १२. तेजस्वियो की आयु नही देखी जाती। १३. धर्मवृद्धो की आयु नही देखी जाती। १४. धन कम होने पर भूख अधिक लगती है। १५. पुत्र-मुख-दर्शन के लिए आपको बधाई। (ख) (पचमी) १. वृक्ष से पुराने पत्ते गिरे। २. वह दौडते हुए घोड़े से गिरा। ३. वह सदाचार से हीन हो रहा है। ४. वह असत्य-भाषण से घृणा करता है। ५. धीर लोग अपने निश्चय से नहीं हटते है। ६. मेरी उँगलियो से अँगूठी गिर गई। ७. मेनका पार्वती को कठोर मुनिव्रत से रोकती हुई बोली। ८. बालक महल से गिर पडा (पत्)। ९. पुत्र, इस काम से रुको। १०. अपने कर्तव्य को भूल गया था। ११. सब प्राणि-हिंसा से बचे (निवृत्)। १२. सभी प्रकार के मांस-भक्षण से बचें। १३ मै मृत्यु से नही डरता। १४. धर्म का थोडा अंश भी उसे बडे भय से बचाता है। १५. लोग उग्र पुरुष से डरते हैं। १६. मुझे लोक-निन्दा से भय है। १७. वह पढाई से हार मानता है। १८. वह दुर्जनो को हराता है। १९. वह बकरी को खेत से हटाता है। २०. चोर सिपाही से छिपता है। २१. मैंने गुरु से अभिनय की विद्या को सीखा है। २२. अगस्त्य मुनि से वेदान्त पढ़ने के लिए यहाँ आया हूँ। २३. हिमालय से गगा निकलती है। २४ काम से क्रोध होता है। २५. गोबर से बिच्छू होता है। २६. लोभ से क्रोध होता है। २७. शुकनास के मनोरमा से एक पुत्र हुआ। २८. ब्रह्म के मुख से अग्नि उत्पन्न हुई और मन से चन्द्रमा।

सकेत—(क) २. न कामवृत्तिर्वचनीयमीक्षते। ३. न कालमपेक्षते स्नेह। ४ प्रस्थानमपेक्षते। ५. दैवमपि पुरुषार्थमपेक्षते। ६ द्वय विद्वानपेक्षते। ७ योत्स्यमानानवेक्षेऽहम्। ८ किमपि निमित्तमवेक्ष्य। ९ नोपेक्षेत क्षणमपि। १० अन. परीक्ष्य कर्तव्य विशेषात् सगत रह। ११. सदसत्, सन्त परीक्ष्यान्यतरद् भजन्ते। १२. तेजसां हि न वय. समीक्ष्यते। १३. न धर्मवृद्धेषु वय समीक्ष्यते। १४ धनक्षये वर्धते जाठराग्निः। १५ दिष्ट्या पुत्रमुखदर्शनेन वर्धते भवान्। **(ख)** १ जीर्णानि। २ धावतः। ३ भ्रशते। ५ न निश्चितार्थाद् विरमन्ति धारा.। ६ अग्रहस्तात्, प्रभ्रष्टम्। ७. निवारयन्ती महतो मुनिव्रतात्। ९. एतस्माद् विरम। १०. स्वाधिकारात् प्रमत्त। ११ निवर्तेरन् ।१२ निवर्तेत सर्वमांसस्य भक्षणात्। १४. स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्। १५. तीक्ष्णादुद्विजते लोक। १६. लोकापवादाद् भय मे। १९ क्षेत्रात्। २०. रक्षिण। २२ निगमान्तविद्यामधिगन्तुम्। २४. अभिजायते। २५ गोमयाद् वृश्चिको जायते। २६. प्रभवति। २७ मनोरमाया तनयो जात। २८. मुखादग्निरजायत, चन्द्रमा मनसो जात.।

शब्दकोष–१७५ + २५ = २००] **अभ्यास ८** (व्याकरण)

(क) हुतवहः (आग), मरालः (हंस), अवकरः (कूडा), मानसम् (१. मन, २. मानसरोवर), जाड्यम् (मूर्खता), अकिंचित्करत्वम् (तुच्छता), सनिधानम् (समीपता), अवज्ञा (तिरस्कार), अनुपलब्धि. (अप्राप्ति)। (९)। **(ख)** मन्त्र् (१. मन्त्रणा करना, २. कहना), आमन्त्र् (१. विदाई लेना, २ बुलाना), निमन्त्र् (न्यौता देना), रम् (१. मन लगाना, २. क्रीडा करना), विरम् (१. हटना, २ रुकना, ३. समाप्त होना), उपरम् (१. रुकना, २. मरना)। स्यन्द् (बहना), दह् (जलाना), आरभ् (प्रारम्भ करना)। (९)। **(ग)** आरात् (१ दूर, २ समीप), ऋते (बिना), नाना (बिना), प्राक् (पूर्व की ओर), प्रत्यक् (पश्चिम की ओर), उदक् (उत्तर की ओर), दक्षिणा (दक्षिण की ओर)। (७)।

व्याकरण (९ सर्वनाम स्त्री०, लङ् आत्मने०, पचमी)

१. सर्व शब्द के स्त्रीलिंग के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ७७)

२. मन्त्र् और रम् धातु के रूप स्मरण करो। (सेव् के तुल्य रूप चलेंगे)

नियम ५८—(अन्यारादितरर्ते०) अन्य, आरात्, इतर (तथा अन्य अर्थवाले और भी शब्द), ऋते, पूर्व आदि दिशावाची शब्द (इनका देश, काल अर्थ हो तो भी), प्राक् आदि शब्दो के साथ पचमी होती है। कृष्णात् अन्यो भिन्न इतरो वा। आराद् वनात्। ऋते ज्ञानान्न मुक्ति.। ग्रामात् पूर्व., उत्तरो वा। चैत्रात् पूर्वः फाल्गुनः। ग्रामात् प्राक् प्रत्यक् वा।

नियम ५९—(प्रभृत्यर्थयोगे बहिर्योगे च पचमी) बहिः तथा 'बाद मे' 'तब से लेकर' अर्थ के बोधक प्रभृति, आरभ्य, अनन्तरम्, परम्, ऊर्ध्वम् आदि शब्दो के साथ पचमी होती है। शैशवात् प्रभृति। तद्दिनादारभ्य। विवाहविधेरनन्तरम्। अस्मात्परम्। वर्षाद् ऊर्ध्वम्। ग्रामाद् बहि.।

नियम ६०—(अपपरी वर्जने, आङ् मर्यादा०, प्रतिः प्रतिनिधि०) ये उपसर्ग इन अर्थों मे हो तो इनके साथ पचमी होती है :—अप (छोडकर), परि (छोडकर), आ (तक), प्रति (१ प्रतिनिधि, २. बदलना)। अप हरेः, परि हरेः ससारः। आ मुक्तेः ससारः। आ सकलाद् ब्रह्म। प्रद्युम्नः कृष्णात् प्रति। तिलेभ्यः प्रतियच्छति माषान्।

नियम ६१—(अकर्तर्यृणे०, विभाषा गुणे०) हेतुबोधक ऋण या गुणवाची शब्दो मे पचमी होती है। ऋणाद् बद्धः, शताद् बद्धः। जाड्याद् बद्धः। मौनान्मूर्खः। वाद-विवाद मे युक्ति देने मे या उत्तर देने मे भी पचमी होती है। पर्वतो वह्निमान् धूमात्। नास्ति घटोऽनुपलब्धेः।

नियम ६२—(पृथग्विनानानाभिः०) पृथक्, विना और नाना के साथ पचमी, द्वितीया और तृतीया तीनो होती है। रामात् राम रामेण विना पृथक् वा।

नियम ६३—(दूरान्तिकार्थेभ्यो०) दूर और समीपवाची शब्दो मे पचमी, द्वितीया और तृतीया तीनो होती है। ग्रामस्य दूरात् दूरेण दूर वा।

नियम ६४—(पचमी विभक्ते) तुलना में जिससे तुलना की जाती है, उसमे पचमी होती है। रामात् कृष्ण पटुतरः। अणोरणीयान् महतो महीयान्। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।

नियम ६५—(यतश्चाध्वकालनिर्माण०) स्थान और समय की दूरी नापने मे पंचमी होती है। दूरीवाचक शब्द में प्रथमा और सप्तमी होती है, समयवाचक मे सप्तमी। वनाद् ग्रामो योजन योजने वा। कार्तिक्या आग्रहायणी मासे।

अभ्यास ८

संस्कृत बनाओ—(क) (मन्त्र् , रम् धातु, लङ् आ०) १. राजा सचिवो के साथ मन्त्रणा करे। २ तुम कुछ मन मे रखकर कह रहे हो (मन्त्र्)। ३ तुम अकेले क्या गुनगुना रहे हो। ४ चकवी, अपने साथी से विदाई ले।• ५ यज्ञो मे ब्राह्मणो को आमन्त्रित करो (आमन्त्र्)। ६ राजा ने विद्वानो को निमन्त्रण दिया। ७ उसका एकान्त मे मन लगता है। ८. हंस का मन मानसरोवर के बिना नहीं लगता। ९ पत्नी पति के साथ क्रीडा करती है (रम्)। १० मेरा चित्त विषयो से हटता है। ११ रात्रि इस प्रकार बीत गई। १२. यह कहकर शेर चुप हो गया। १३. राम के वियोग से उत्पन्न शोक से दशरथ का स्वर्गवास हो गया। **(ख)** (पचमी) १ आपका शुभागमन कहॉ से हुआ ? प्रयाग से। २. मकान पर चढ़कर उसने बरात देखी। ३ आसन पर बैठकर चित्र को देखता है। ४ बहू श्वसुर से शर्माती है। ५ आग के अतिरिक्त और कौन जला सकता है। ६. गॉव से दूर (आरात्) नदी है। ७ घर के पास (आरात्) उद्यान है। ८ श्रम के बिना (ऋते) धन नही। ९ गॉव के पूर्व पश्चिम उत्तर और दक्षिण की ओर अनाज से हरे भरे खेत हैं। १० वह बचपन से ही व्यायाम का प्रेमी है। ११. उसी दिन से दोनो की मित्रता हो गई। १२. इसके बाद क्या करना चाहिए। १३. गॉव के बाहर उसकी कुटी है। १४ जन्म से लेकर आजतक इसने शठता नहीं सीखी है। १५ उडद से जौ को बदलता है। १६. ऋण के कारण पकडा गया। १७ मूर्खता के कारण अनादृत हुआ। १८ अति परिचय से अपमान होता है और किसी के यहाँ अधिक जाने से अनादर होता है। १९. दो हृदयो की एकता से प्रेम होता है, समीप रहने मात्र से कुछ नहीं होता। २०. मै निन्दा से मुक्त हो गया हूँ। २१ पहाड में आग है, चूँकि धूँआ दीखता है। २२. यहॉ पुस्तक नही है, चूँकि दिखाई नहीं देती है। २३. चॉदनी चन्द्रमा के बिना नहीं रह सकती। २४ कूडा घर से दूर फेकना चाहिए (प्रक्षिप्)। २५ ईश्वर छोटे से छोटा और बडे से बडा है। २६. कृष्ण राम से अधिक चतुर है। २७ प्रयाग नगर से गगा-यमुना का सगम कोस भर पर है। २८. माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढकर है। २९. भक्तिमार्ग से ज्ञानमार्ग अच्छा है। ३०. कार्तिक से अहगन एक महीने बाद होता है।

संकेत—(क) १ मन्त्रयेत। २ किमपि हृदये कृत्वा। ३ किमेकाकी मन्त्रयसे। ४ चक्रवाकवधुके, आमन्त्रयस्व सहचरम्। ६ न्यमन्त्रयत। ७ स रहसि रमते। ८. रमते न मरालस्य मानस मानस विना। १० विरमति। ११. रात्रिरेव व्यरसीत्। १२ उपरराम। १३ दाशरथिवियोगजन्मना शोकेन, उपरत। **(ख)** १ कुतो भवान् , प्रयागात्। २ प्रासादात् वरयात्रा प्रैक्षत। ३ आसनात्। ४ श्वशुरात् जिहेति। ५ कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धु प्रभवति। ७ निष्कुट। ९ शस्यश्यामानि क्षेत्राणि। १० व्यायामप्रिय.। ११. तद्दिनादारभ्य। १२ अस्मात् परम्। १४. आ जन्मनः शाठ्यमशिक्षितोऽयम्। १६ बद्ध। १७ जाड्यात्। १८ अतिपरिचयादवज्ञा, सन्ततगमनादनादरो भवति। १९ हृदोरैक्यात् स्नेह सजायते, सनिधानस्याकिंचित्करत्वात्। २० वचनीयात्। २१ पर्वतो वह्निमान् , धूमात्। २२ अनुपलब्धे। २३ न स्थातु शक्नोति। २४ अवकरनिकर। २७ क्रोश क्रोशे वा। २९ श्रेयान्। ३० मासे।

शब्दकोष–२००+२५ = २२५] **अभ्यास ९** (व्याकरण)

(क) उद्गीथ. (ओम्, ब्रह्म), विश्रम. (विश्राम), नियोगः (आज्ञा), विनियोगः (उपयोग, खर्च), विदग्ध. (विद्वान्, चतुर), कालहरणम् (देर करना), कैतवम् (धोखा), कार्यकालम् (मौका), साक्षिन् (साक्षी)। (९)। **(ख)** स्था (१ रुकना, २. रहना), उत्था (१ उठना, २ यत्न करना), उपस्था (१. पूजा करना, २. मिलना आदि), प्रस्था (प्रस्थान करना), अवस्था (१. रुकना, २. रहना), अनुष्ठा (१. करना, २. मानना), आस्था (मानना), सशी (सशय करना), अधि + इ (स्मरण करना), दय (दया करना), । (१०)। **(ग)** कृते (लिए), अन्तरे (अन्दर, बीच मे), शतम् (सौ रुपए)। (३)। **(घ)** अक्षमः (असमर्थ), अभिज्ञ. (जानने वाला), अव्याजमनोहरम् (स्वभाव-सुन्दर)। (३)।

व्याकरण (इदम्, विधिलिङ् आत्मने०, षष्ठी)

१. इदम् शब्द के तीनो लिगो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ८७)

२. लभ् और स्था धातु के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ९, २१)

नियम ६६—(षष्ठी शेषे) सम्बन्ध का बोध कराने के लिए षष्ठी विभक्ति होती है। राज्ञ. पुरुष.। रामस्य पुस्तकम्। गगाया जलम्। देवदत्तस्य धनम्।

नियम ६७—(षष्ठी हेतुप्रयोगे) हेतु शब्द के साथ षष्ठी होती है। अन्नस्य हेतोर्वसति।

नियम ६८—(निमित्तपर्यायप्रयोगे सर्वासा प्रायदर्शनम्) निमित्त अर्थवाले शब्दों (निमित्त, हेतु, कारण, प्रयोजन) के साथ प्राय. सभी विभक्तियाँ होती है। किं निमित्त वसति, केन निमित्तेन, कस्मै निमित्ताय। कस्य हेतो.। कस्मात् कारणात्। केन प्रयोजनेन।

नियम ६९—(षष्ठ्यतसर्थप्रत्ययेन) उपरि, उपरिष्टात्, पुरः, पुरस्तात्, अधः, अधस्तात्, पश्चात्, अग्रे, दक्षिणत., उत्तरतः आदि दिशावाची शब्दो के साथ षष्ठी होती है। गृहस्योपरि पुरः पश्चात् अग्रे वा। ग्रामस्य दक्षिणतः उत्तरतो वा। तरोरधः।

नियम ७०—(षष्ठी शेषे) कृते, समक्षम्, मध्ये, अन्त., अन्तरे, पारे, आदौ आदि के साथ षष्ठी होती है। धनस्य कृते। गुरोः समक्षम्। छात्राणा मध्ये। गृहस्य अन्त. अन्तरे वा। गगायाः पारे। रामायणस्यादौ।

नियम ७१—(एनपा द्वितीया) 'एन' प्रत्ययान्त दिशावाची दक्षिणेन उत्तरेण आदि के साथ षष्ठी और द्वितीया होती है। दक्षिणेन ग्राम ग्रामस्य वा। दक्षिणेन वृक्षवाटिकाम्।

नियम ७२—(दूरान्तिकार्थैः षष्ठी०) दूर और समीपवाची शब्दो के साथ षष्ठी और पचमी दोनों होती है। ग्रामस्य ग्रामाद् वा दूर समीप निकट पार्श्व सकाश वा।

नियम ७३—(अधीगर्थदयेशा कर्मणि) स्मरण करना, दया करना और स्वामी होना, इन अर्थवाली धातुओं के साथ कर्म मे षष्ठी होती है। मातुः स्मरति। रामस्य दयमान.। अय गात्राणामीष्टे।

नियम ७४—(यतश्च निर्धारणम्) बहुतो में से एक को छाँटने मे, जिसमे से छाँटा जाए, उसमे षष्ठी और सप्तमी दोनों होती है। कवीना कविषु वा कालिदास. श्रेष्ठः।

अभ्यास ९

संस्कृत बनाओ—(क) (इदम्, विधिलिङ् आ०) १. इसमे जरा भी देरी न करो। २. बिना कृत्रिमता के भी यह शरीर सुन्दर है। ३. यह कथा मुझको ही लक्ष्य करती है। ४. इस वन मे अगस्त्य आदि ब्रह्मवेत्ता रहते है। ५ न यह मिला, न वह मिला। ६. इसने धूर्तता नहीं सीखी है। ७. भला इस तरह भी चैन मिले। ८. युद्ध मे जाकर पीठ न दिखावे। ९ सदा गुरु की सेवा करे, कष्टो को सहन करे, उन्नति के लिए यत्न करे, ज्ञान से बढे, प्रसन्न हो और सुख पावे। **(ख)** (स्था धातु) १. वह घर मे रहता है (स्था)। २. बुद्धिमान् आदमी एक पैर से चलता है और एक पैर से रुका रहता है। ३. पति के कहने मे रहना। ४ दुर्योधन सन्देह होने पर कर्ण आदि के पास निर्णयार्थ जाता था। ५. मुनि लोग मुक्ति के लिए यत्न करते है (उत्था, आ०)। ६. वह आसन से उठता है (उत्था, पर०)। ७. इस गॉव से सौ रुपए लगान मिलता है (उत्था, पर०)। ८. वह सूर्य की पूजा करता है (उपस्था, आ०)। ९. प्रयाग मे यमुना गंगा से मिलती है। १०. वह रथिकों से मित्रता करता है। ११. यह मार्ग बनारस को जाता है और यह प्रयाग को। १२. भिक्षुक धनी के पास जाता है (उपस्था, आ०)। १३. वह खाने के समय आ जाता है (उपस्था, आ०), पर काम पड़ने पर दिखाई भी नहीं देता। १४. मैं बनारस चार दिन रुकूँगा (अवस्था, आ०), फिर प्रयाग चला जाऊँगा (प्रस्था, आ०)। १५. कृष्ण दिल्ली के लिए चल पड़े (प्रस्था, आ०)। १६. गुरु का वचन मानो (अनुष्ठा, पर०)। १७. भगवान् मारीच क्या कर रहे हैं (अनुष्ठा, पर०)। १८ आप आज्ञा दें, क्या काम करें। १९. वैयाकरण शब्द को नित्य मानते हैं (आस्था, आ०)। **(ग)** (षष्ठी) १. यह किस छात्र की पुस्तक है। २. राजा का आदमी किसलिए यहॉ आया है। ३. हरिद्वार मे गगा का जल शीतल स्वच्छ और मधुर होता है। ४. वह अध्ययन के लिए छात्रावास मे रहता है। ५ पेड के ऊपर और नीचे बन्दर कूद रहे हैं। ६. बच्चे मकान के आगे पीछे दक्षिण और उत्तर की ओर गेद खेल रहे है। ७. याचक धन के लिए (कृते) धनी के सामने हाथ फैलाता है (प्रसारि)। ८. ईश्वर प्राणियो के बाहर और अन्दर है। ९ हे अग्नि, तुम सब प्राणियो के अन्दर साक्षिरूप मे हो। १०. पता नहीं, मरूँगा कि जीऊँगा। ११. गगा के पार मुनि लोग रहते है। १२. महाभारत के आदि मे यह श्लोक है। १३. गॉव के दक्षिण की ओर वन है। १४. वाटिका के उत्तर की ओर कुछ बातचीत सी सुनाई देती है। १५. पिता के पास से यहॉ आया हूँ। १६. शिशु माता को स्मरण करता है।

सकेत—(क) १ अक्षमोऽय कालहरणस्य। २ इद किलाव्याजमनोहर वपु। ३ लक्ष्यीकरोति। ४ प्रभृनय, उद्गीथविद्। ५. इद च नास्ति, न पर च लभ्यते। ६ अनभिज्ञोऽयं जनः कैतवस्य। ७ यथेत्रमपि नाम विश्रम लभेय। ८ न निवर्तेत। **(ख)** २. चलत्येकेन पादेन, तिष्ठति। ३ शासने तिष्ठ भर्तु। ४. सशय्य कर्णादिषु तिष्ठते य। (आत्मनेपद के नियमों के लिए देखो अभ्यास २९,३०)। ५. मुक्तावुत्तिष्ठन्ते। ६ उत्तिष्ठति। ७. ग्रामाच्छतमुत्तिष्ठति। ८ आदित्यमुपतिष्ठते। ९ गगामुपतिष्ठते। १० रथिकानुपतिष्ठते। ११ वाराणसीमुपतिष्ठते। १३. भोजनकाले उपतिष्ठते, कार्यकाले तु न लभ्यते। १४ अवस्थास्ये, प्रयाग प्रस्थास्ये। १५ हरिर्हरिप्रस्थमथ प्रतस्थे। १७ किमनुतिष्ठति। १८ आज्ञापयतु, को नियोगोऽनुष्ठीयताम्। १९ शब्द नित्यमातिष्ठन्ते। **(ग)** ८ बहिरन्तश्च भूतानाम्। ९ त्वमग्ने सर्वभूतानामन्तश्चरसि साक्षिवत्। १० मरणजीवितयोरन्तरे वर्ते। १४ आलाप इव श्रूयते।

शब्दकोष-२२५ + २५ = २५०] **अभ्यास १०** (व्याकरण)

(क) रथ्यः (घोडा), वेला (१ समय, २. किनारा), रसना (जीभ)। (३)।
(ख) मुद् (प्रसन्न होना), सह् (सहना), यत् (यत्न करना), वन्द् (प्रणाम करना), भाष् (कहना), कूर्द् (कूदना), शिक्ष् (सीखना), कम्प् (कॉपना), ईह् (चाहना), शुभ् (शोभित होना), स्पर्ध् (स्पर्धा करना), चेष्ट् (चेष्टा करना), पलाय् (भागना), द्युत् (चमकना), वेप् (कॉपना), त्रप् (लज्जित होना), भास् (चमकना), दीक्ष् (दीक्षा देना), स्रस् (गिरना), ध्वस् (नष्ट होना), अव + लम्ब् (१. सहारा देना, २. सहारा लेना), व्यथ् (दुःखित होना)। (२२)

व्याकरण (अदस्, लट् आत्मने०, षष्ठी)

१. अदस् शब्द के तीनो लिगो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ८८)

२. मुद् और सह् धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० २३, २४)

नियम ७५—(कर्तृकर्मणोः कृति) कृदन्त शब्दो के कर्ता और कर्म मे षष्ठी होती है। जिनके अन्त मे कृत् प्रत्यय अर्थात् तृच् (तृ), क्तिन् (ति), अच् (अ), घञ् (अ), ल्युट् (अन), ण्वुल् (अक) आदि हो, उन्हे कृदन्त कहते है। जैसे—शिशोः शयनम्। पुस्तकस्य पाठः। शास्त्राणा परिचयः। दुःखस्य नाशः। ग्रन्थस्य प्रणेता। कवेः कृतिः। जनाना पालकः।

नियम ७६—(उभयप्राप्तौ कर्मणि) कृदन्त के साथ जहॉ कर्ता और कर्म दोनो हो, वहॉ कर्म मे षष्ठी होती है। आश्चर्यो गवा दोहोऽगोपेन। शब्दानामनुशासनमाचार्येण आचार्यस्य वा।

नियम ७७—(क्तस्य च वर्तमाने, अधिकरणवाचिनश्च) वर्तमानार्थक और भावार्थक क्तप्रत्ययान्त के साथ षष्ठी होती है। राज्ञा मतः, सता मतः। मयूरस्य नृत्तम्, छात्रस्य हसितम्।

नियम ७८—(न लोकाव्यय०) इन प्रत्ययो से बने हुए शब्दो के साथ षष्ठी नही होती :—शतृ, शानच्, उ, उक, क्त्वा, तुमुन्, क्त, क्तवतु, खल्, तृन्। जैसे—कर्म कुर्वन् कुर्वाणो वा। हरि दिदृक्षुः। दैत्यान् घातुको हरिः। जगत् सृष्ट्वा। सुख कर्तुम्। विष्णुना हता दैत्याः। हरिणा ईषत्करः प्रपञ्चः। कामुकः और द्विषत् के साथ षष्ठी होगी। लक्ष्याः कामुक.। मुरस्य मुर वा द्विषन्।

नियम ७९—(कृत्याना कर्तरि वा) कृत्य प्रत्ययो (तव्य, अनीय, यत्, ण्यत् आदि) के साथ कर्ता मे तृतीया और षष्ठी होती है। मया मम वा सेव्यो हरि.। न वय-मनुग्राह्याः प्रायो देवतानाम्। न वचनीयाः प्रभवोऽनुजीविभिः।

नियम ८०—(तुल्यार्थैरतुलोपमाभ्या०) तुल्य अर्थवाले शब्दो के साथ तृतीया और षष्ठी होती है। तुला और उपमा के साथ षष्ठी ही होगी। कृष्णस्य कृष्णेन वा तुल्य सदृशः समो वा।

नियम ८१—(चतुर्थी चाशिष्यायुष्य०) आशीर्वाद देने में आयुष्यम्, भद्रम्, कुशलम्, सुखम, हितम् आदि के साथ चतुर्थी और षष्ठी होती हैं। कृष्णस्य कृष्णाय वा कुशल भद्र वा भूयात्।

नियम ८२—(व्यवहृपणोः०, दिवस्तदर्थस्य, कृत्वोऽर्थ०) इन स्थानों पर षष्ठी होती है:—व्यवहृ, पण् और दिव् धातु जब जूआ खेलने या क्रय-विक्रय अर्थ में हो और कृत्व त्यय के साथ। शतस्य व्यवहरण पणन वा। शतस्य दीव्यति। पञ्चकृत्वोऽह्नो भोजनम्।

अभ्यास १०

संस्कृत बनाओ—(क) (अदस् , लृट्) १ सामने इस देवदार के पेड को देख रहे हो, इसे शिव ने पुत्रवत् माना है। २. ये घोड़े मृग के वेग को सहन न करते हुए दौड़ रहे हैं। ३ इसकी विद्या जिह्वाग्र पर रहती है। ४. इनकी पढने मे प्रवृत्ति है। ५. मै स्वामी की चित्तवृत्ति का अनुसरण करूँगा। ६ तुम थोडी देर मे अपने घर पहुँच लोगे। ७ पिता इस समाचार को सुनकर न जाने क्या विचारेंगे। ८. जो दुःख सहेगा, यत्न करेगा, गुरु की सेवा करेगा, सत्य बोलेगा, वह सदा सुख पायेगा। ९ जो माता-पिता की वन्दना करेगा, समयानुसार खेलेगा, कूदेगा, वेद को सीखेगा, सबका हित चाहेगा, ज्ञानोपार्जन मे स्पर्धा करेगा, सत्कर्म मे चेष्टा करेगा, अध्ययन से नही घबड़ाएगा, दुष्कर्म से लज्जित होगा, धर्म मे दीक्षा लेगा, वह कभी भी न च्युत होगा, न नष्ट होगा और न दु खी होगा। (ख) (षष्ठी) १. यह कालिदास की कृति है। २. शास्त्रो का परिचय बुद्धि को बढाता है। ३. मित्रो का दर्शन अब राम के लिए दु.खद हो गया है। ४ पाणिनि की अष्टाध्यायी की रचना सुन्दर है। ५. त्रुटि करना मनुष्यो का स्वभाव है। ६. इन दोनो पुस्तको में से एक ले लो। ७ इन बालकों मे से एक यहॉ आवे। ८. उसका स्वर्गवास हुए आज दसवॉ महीना है। ९. उसको तप करते हुए कई वर्ष हो गए। १०. स्वभाव से ही सीता राम को प्रिय थी, इसी प्रकार राम सीता को प्राणों से भी प्रिय थे। ११. वह सत्कार मेरे मनोरथ से भी परे की चीज थी। १२. थोड़े के लिए बहुत छोड़ने के इच्छुक तुम मुझे मूर्ख प्रतीत होते हो। १३. ग्वाले के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति का गाय को दुहना आश्चर्य की बात है। १४. अनुचरो को चाहिए कि वे स्वामी को धोखा न दे। १५. हम लोग देवताओ के अनुग्रह के योग्य नही है। १६. मोर का नाचना मन को हरता है। १७. कोयल की आवाज कानो को सुखद होती है। १८ परिश्रम करता हुआ व्यक्ति सुखी रहता है। १९. राम को देखने का इच्छुक यहॉ आया। २०. रावण को द्वेष करनेवाले राम की विजय हो। २१. शिष्य का शुभ हो। २२. राजा मुझे ही मानता है। २३ मनोरथों के लिए कुछ भी अगम्य नहीं है। २४. यह आपके योग्य नही है। २५ यह स्नेह के योग्य ही है। २६. वह सौ रुपए की लेन-देन करता है। २७. वह हिमालय की शोभा का अनुकरण करता था। २८ आपको न दीखे हुए बहुत दिन हो गए।

सकेत·—(क) १ अमु पुरः पश्यसि देवदारु, पुत्रीकृतोऽसौ वृषभध्वजेन। २ धावन्त्यमी मृगजवाक्षमयेव रथ्या। ३ अमुष्य विद्या रसनाग्रनर्तका। ५ ० वृत्तिमनुवर्तिष्ये। ६ क्षणात् स्वगृहे वर्तिष्यमे। ७ न जाने किं प्रतिपत्स्यते। ८ लप्स्यते। ९. वन्दिष्यते, कूर्दिष्यते, शिक्षिष्यते, ईहिष्यते, स्पर्धिष्यते, सत्कर्मणि चेष्टिष्यते, पलायिष्यते, त्रपिष्यते, दीक्षिष्यते, स्रंसिष्यते, ध्वंसिष्यते, व्यथिष्यते। (ख) २ वर्धयति। ३ रामस्य दु-खाय। ४ शोभना कृति। ५ स्खलन, धर्म। ६ गृह्यतामनयोरन्यतरत्। ७ अन्यतम। ८. अद्य दशमो मासस्तस्योपरतस्य। ९ कतिपये सवत्सरास्तस्य तपस्तप्यमानस्य। १० प्रिया तु सीता रामस्य, तथैव राम सीताया प्राणेभ्योऽपि प्रियोऽभवत्। ११ मनोरथानामप्यभूमि। १२. अल्पस्य हेतोर्बहु हातुमिच्छन् , विचारमूढ प्रतिभासि मे त्वम्। १७ कोकिलस्य व्याहृत कर्णौ सुखयति। २२ अहमेव मतो महीपते·। २३. मनोरथानामगतिर्न विद्यते। २४ नैतदनुरूप भवत। २५ सदृशमेवैतत् स्नेहस्य। २६. शतस्य व्यवहरति। २७ लक्ष्मीमनुचकार। २८ कापि महती वेला तवादृष्टस्य।

शब्दकोष–२५० + २५ = २७५] **अभ्यास ११** (व्याकरण)

(क) कन्दुकः (गेंद), मयूखः (किरण), व्यसनम् (विपत्ति), स्यन्दनम् (रथ), क्षतम् (चोट)। (५)। **(ख)** पत् (१. गिरना, २. पडना), आपत् (१ आ पडना, २ प्रतीत होना), अनुपत् (पीछा करना), उत्पत् (१ उडना, २ उठना), निपत् (१. गिरना, २. पडना), प्रणिपत् (प्रणाम करना)। नम् (१. प्रणाम करना, २. झुकना), उन्नम् (उठना), अवनम् (झुकना), अवनमय (झुकाना), प्रणम् (प्रणाम करना)। पच् (पकाना), परिपच् (परिपक्व होना), विपच् (फलित होना)। आस् (बैठना)। (१५)। **(ग)** सद्यः (शीघ्र), मुहुः (बार-बार), अभीक्ष्णम् (१. बार-बार, २. निरन्तर)। (३)। **(घ)** अधीतिन् (विद्वान्), गृहीतिन् (सीखनेवाला)। (२)

व्याकरण (युष्मद्, सप्तमी)

१ युष्मद् के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ८५)

२. पत्, नम्, पच् सोपसर्ग के अर्थों तथा रूपो को स्मरण करो। (देखो धातु० १२, १३)

नियम ८३—(आधारोऽधिकरणम्) किसी क्रिया के आधार को अधिकरण कहते है, जहाँ पर या जिसमे वह कार्य किया जाता है। आधार तीन प्रकार का है—१. औपश्लेषिक (सयोग-सम्बन्धवाला), २. वैषयिक (विषय मे), ३. अभिव्यापक (व्यापक होकर रहना)।

नियम ८४—(सप्तम्यधिकरणे च) तीनो प्रकार के आधार या अधिकरण मे सप्तमी होती है। १. आसने उपविशति, स्थाल्या पचति। २. मोक्षे इच्छाऽस्ति। ३. सर्वस्मिन्नात्माऽस्ति।

नियम ८५—(वैषयिकाधारे सप्तमी) 'विषय मे, बारे मे' तथा समय-बोधक शब्दों मे सप्तमी होती है। मोक्षे इच्छास्ति। प्रातःकाले मध्याह्ने सायकाले दिवसे रात्रौ वा कार्यं करोति। शैशवे, यौवने, वार्धके (बाल्य, यौवन, वृद्धत्व काल मे)। आषाढस्य प्रथमदिवसे।

नियम ८६—**(क)** (क्तस्येन्विषयस्य०) क्त प्रत्ययान्त के अन्त मे इन् प्रत्यय होगा तो उसके कर्म मे सप्तमी होगी। अधीती व्याकरणे, गृहीती षट्स्वङ्गेषु। **(ख)** (साध्वसाधुप्रयोगे च) साधु और असाधु के साथ सप्तमी। साधुः कृष्णो मातरि, असाधुर्मातुले। **(ग)** (निमित्तात् कर्मयोगे) जिस फल के लिए कोई काम किया जाता है, उसमे सप्तमी होगी। चर्मणि द्वीपिन हन्ति, दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम्। केशेषु चमरी हन्ति।

नियम ८७—(आयुक्तकुशलाभ्याम्०, साधुनिपुणाभ्याम्०) सलग्न अर्थवाले शब्दों (व्यापृतः, आयुक्तः, लग्नः, आसक्तः, युक्तः, व्यग्रः, तत्परः आदि) तथा चतुर अर्थवाले शब्दो (कुशलः, निपुणः, साधुः, पटुः, प्रवीणः, दक्षः, चतुरः आदि) के साथ सप्तमी होती है। गृहकर्मणि लग्नः, व्यापृतः, व्यग्रो वा। शास्त्रेषु निपुणः प्रवीणः दक्षो वा।

नियम ८८—(यतश्च निर्धारणम्) बहुतो मे से एक के छॉटने मे, जिसमे से छॉटा जाय, उसमे षष्ठी और सप्तमी होती है। छात्राणा छात्रेषु वा रामः श्रेष्ठः पटुतमो वा।

नियम ८९—(सप्तमीपञ्चम्यौ कारकमध्ये) समय और मार्ग का अन्तर बतानेवाले शब्दों मे पचमी और सप्तमी होती हैं। अद्य भुक्त्वाऽय द्व्यहे द्व्यहाद् वा भोक्ता। क्रोशे क्रोशाद् वा लक्ष्य विध्येत्।

नियम ९०—(वैषयिकाधारे सप्तमी) प्रेम, आसक्ति और आदर-सूचक धातुओं और शब्दो (स्निह्, अभिलष्, अनुरज्, आदृ, रम्, रतिः, स्नेहः, आसक्तः, अनुरक्तः आदि) के साथ सप्तमी होती है। पिता पुत्रे स्निह्यति। रहसि रमते। श्रेयसि रतः। दण्डनीत्या नात्यादृतोऽभूत्।

अभ्यास ११

संस्कृत बनाओ—(क) (पत् नम् , पच्) १ आश्रम के वृक्षो पर धूल गिर रही है (पत्) । २ चन्द्रमा थोडे से किरणों के साथ आकाश से गिर रहा है । ३. परधर्म को अपनाकर जीवित रहनेवाला शीघ्र ही जाति से पतित हो जाता है । ४. श्रेष्ठ आदमी पतित होता हुआ भी गेंद की तरह उठ जाता है । ५ यह बात आपके कानो में पडी ही होगी । ६ ओह, बडी विपत्ति आ पडी है । ७. ओह, यह अच्छा नही हुआ । ८ संसार मे जन्म लेनेवालो पर ऐसी घटनाएँ आती ही हैं । ९. नवयौवन से कषैले मनवालो को वे ही विषय मधुरतर प्रतीत होते हैं, जिनका वे आस्वादन कर चुके हैं (आपत्) । १० मृग पीछा करते हुए रथ को बार-बार देखता था । ११. पक्षी आकाश मे उडते है (उत्पत्) । १२. हाथ से पटकी हुई भी गेंद उछलती है । १३. शेर छोटा होने पर भी हाथियो पर टूटता है (निपत्) । १४. वृक्ष से फल भूमि पर गिर रहे है (निपत्) । १५. पुत्र पिता को प्रणाम करता है (प्रणिपत्) । १६ ईश्वर को प्रणाम करके कार्य को प्रारम्भ करता हूँ (प्रारभ्) । १७ चोट पर ही चोट बार-बार लगती है । १८. आप सबको नमस्कार करता हूँ (नम्) । १९. बादल कभी झुकता है, कभी उठता है । २०. कमजोर सन्धि का इच्छुक होने पर झुके । २१ बादल जल लेने के लिए झुकता है । २२ शत्रुओं का शिर झुका देना । २३. वे देवताओ को प्रणाम करते हैं । २४ चावलों से भात पकाता है । २५. वह विद्वान् परिपक्व-बुद्धि है । २६. उसकी सारी योजनाएँ फलित हुईं । **(ख)** (सप्तमी) १. वे चटाई पर बैठते है । २. वे पतीली मे भोजन पकाते हैं । ३. सबमे ब्रह्म है । ४. बचपन मे विद्याभ्यास करनेवाले, यौवन मे विषयो के इच्छुक, वृद्धावस्था मे मुनिवृत्ति-वाले और अन्त मे योग से शरीर छोडनेवाले रघुवंशियों का वर्णन करूँगा । ५. फाल्गुन शुक्ला पंचमी को वसन्त-पचमी का पर्व होता है । ६. उसने दर्शन पढ रक्खे हैं । ७. उसने वेद के छओ अंग सीख लिए हैं । ८ इन्द्र देवो पर सजन है और असुरो पर क्रूर । ९. चर्म के लिए मृग को मारता है, दॉतो के लिए हाथी को मारता है । १० वह अध्ययन मे लगा हुआ है । ११. कृष्ण व्याकरण और साहित्य मे निपुण है । १२. मनुष्यो मे बुद्धिमान् श्रेष्ठ है । १३ आज खाना खाकर यह दो दिन बाद खायेगा । १४ यहाँ बैठकर वह कोसभर दूर निशाना मार सकता है । १५. उसका एकान्त मे मन लगता है । १६. उसका दण्डनीति मे विश्वास है ।

संकेत—(क) १ रेणु । २. अल्पशेषैर्मयूखै । ३ परधर्मेण जीवन् हि सद्य पतति जातित । ४ प्राय कन्दुकपातेनोत्पतत्यार्य पतन्नपि । ५ एतद् भवत श्रुतिविषयमापतितमेव । ६ अहो, महद् व्यसनमापतितम् । ७ अहो, न शोभनमापतितम् । ८ आपतन्ति हि संसारपथमवतीर्णाना-मेते विषया । ९ नवयौवनकषायितात्मनश्च तान्येव विषयस्वरूपाण्यास्वाद्यमानानि मधुरतराण्या-पतन्ति मनस । १० मुहुरनुपतति स्यन्दने दत्तदृष्टि । १२ पातितोऽपि कराघातैरुत्पतत्येव कन्दुक । १३ सिंह शिशुरपि निपतति गजेषु । १५. पितर प्रणिपतति । १६ प्रणिपत्य । १७ क्षते प्रहारा निपतन्त्यभीक्ष्णम् । १९ उन्नमति नमति । २० अशक्त सन्धिमान् नमेत् । २१ जलमादातु-मवनमति । २२. अवनमय द्विषता शिरांसि । २३ प्रणमन्ति देवताभ्य । २४. तण्डुलान् । २६ विपेचिरे । **(ख)** १ कटे आसते । ४. अभ्यस्तविद्यानाम् , विषयैषिणाम् , मुनिवृत्तीनाम् , तनुत्यजाम् , रघूणामन्वय वक्ष्ये । ५ पचम्याम् । ६ अधीती दर्शने । ७ गृहीती षड्स्वगेषु । ९ चर्मणि । १४ इहस्थ ।

शब्दकोष–२७५+२५ = ३००] **अभ्यास १२** (व्याकरण)

(क) सायात्रिक. (समुद्री व्यापारी), पोतः (जहाज, पानी का), उडुपः (नौका छोटी), रक्षिन् (सिपाही), सचेतस् (विद्वान्), अनागस् (निरपराध)। (६)। **(ख)** तॄ (१ तैरना, २. पार करना), अवतॄ (उतरना), उत्तॄ (१ पार करना, २ उत्तीर्ण होना), वितॄ (देना), निस्तॄ (पार करना), सतॄ (तैरना)। स्मृ (याद करना), सस्मृ (याद करना), विस्मृ (भूलना)। जि (जीतना), विजि (जीतना), पराजि (१. हराना, २ हारना)। स्निह् (प्रेम करना), विश्वस् (विश्वास करना), आक्षिप् (उल्लघन करना), गण् (गिनना), मुच् (छोडना), श्रद्धा (श्रद्धा करना), उपपद् (ठीक घटना)। (१९)

व्याकरण (अस्मद्, सप्तमी विभक्ति)

१. अस्मद् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ८६)

२. तॄ, स्मृ, जि के विशेष अर्थों को स्मरण करो। (देखो धातु० १४-१५)

नियम ९१—(आधारे सप्तमी) इन स्थानो पर सप्तमी होती है—**(क)** फेंकना अर्थ की धातुओ क्षिप्, मुच्, अस् आदि के साथ। मृगे बाण क्षिपति, मुञ्चति, अस्यति वा। **(ख)** विश्वास और श्रद्धा अर्थवाली धातुओ और शब्दो (विश्वसिति, विश्वासः, श्रद्धा, निष्ठा, आस्था आदि) के साथ व्यक्ति मे। न विश्वसेदविश्वस्ते। ब्रह्मणि श्रद्धधाति, श्रद्धा निष्ठा वा वर्तते। **(ग)** 'व्यवहार करना' अर्थ मे वृत् और व्यवहृ आदि के साथ। गुरुषु विनयेन वर्तते। कुरु सखीवृत्ति सपत्नीजने।

नियम ९२—(आधारे सप्तमी) इन स्थानो पर सप्तमी होती है.—**(क)** युज् धातु तथा उससे बने शब्दो के साथ। इमामाश्रमधर्मे नियुङ्क्ते। **(ख)** 'योग्य' और 'उपयुक्त' आदि अर्थो मे व्यक्ति मे। युक्तरूपमिद त्वयि। त्रैलोक्यस्यापि प्रभुत्व तस्मिन् युज्यते। एते गुणा ब्रह्मण्युपपद्यन्ते। **(ग)** ग्रहण और प्रहार अर्थवाली धातुओ के साथ। केशेषु गृहीत्वा। न प्रहर्तुमनागसि। **(घ)** रखना अर्थ मे। मन्त्रिणि राज्यभारमारोप्य। सचिवे भारो न्यस्त.। **(ङ)** अपराध् के साथ षष्ठी और सप्तमी होती है। कस्मिन्नपि पूजार्हेऽपराद्धा शकुन्तला। सुभगमपराद्ध युवतिषु। अपराद्धोऽस्मि तत्रभवत. कण्वस्य।

नियम ९३—(षष्ठी चानादरे) अनादर अर्थ मे षष्ठी और सप्तमी दोनो होती हैं। रुदति रुदतो वा प्राव्राजीत् (रोते हुए पुत्रादि को छोडकर सन्यास ले लिया)।

नियम ९४—(यस्य च भावेन भावलक्षणम्) एक क्रिया के बाद दूसरी क्रिया होने पर पहली क्रिया मे सप्तमी होती है। कर्तृवाच्य मे कर्ता और कृदन्त मे सप्तमी होगी। कर्मवाच्य मे कर्म और कृदन्त मे सप्तमी होगी, कर्ता मे तृतीया। प्रथम क्रिया मे कृदन्त का प्रयोग होना चाहिए। गोषु दुह्यमानासु गत.। रामे वन गते दशरथो दिवगतः।

नियम ९५—(यस्य च भावेन०) **(क)** 'ज्योही, इतने ही मे, उसी क्षण' इन अर्थों मे सप्तमी होती है। ऐसे स्थलो पर मात्र या एव का प्रयोग होता है। अनवसित-वचने एव मयि (मेरी बात पूरी न हो पाई थी, उसी समय)। प्रविष्टमात्रे एव तत्रभवति। (ज्योही आप आए, त्योही)। **(ख)** 'जब' अर्थ मे षष्ठी और सप्तमी होती है। एव तयोः परस्पर वदतोः (जब वे दोनो बात कर रहे थे)। **(ग)** 'रहते हुए' अर्थ मे सप्तमी। कुतो धर्मक्रियाविघ्न. सता रक्षितरि त्वयि (तेरे रक्षक रहते हुए)। **(घ)** 'होने पर' या 'करने पर' अथ में सप्तमी। एव गते, तथाऽनुष्ठिते। **(ङ)** प्रधान और उपप्रधान वाक्यो मे कर्ता या कर्म एक ही हो तो उसे एक वाक्य के तुल्य मानना चाहिए, बीच मे भावे सप्तमी नहीं करनी चाहिए। जैसे—'आगतेषु विप्रेषु तेभ्यो दक्षिणा देहि' न कहकर 'आगतेभ्यो विप्रेभ्यो दक्षिणा देहि' कहना चाहिए।

अभ्यास १२

संस्कृत बनाओ—(क) (अस्मद् शब्द) १ वह मुझ पर स्नेह करता है और विश्वास करता है। २ मेरी बात झूठी नही हो सकती है। ३ मेरी बात काटकर उसने कहना शुरू किया। ४. वह मुझे कुछ नही समझता। **(ख)** (तृ, स्मृ, जि धातु) १. वह छोटी नौका से नदी पार करता है (तृ)। २ छात्र नदी मे तैर रहे है। ३ जल मे पत्ता तैर सकता है, न कि पत्थर। ४. धीर आपत्ति को पार करते हैं (तृ)। ५ समुद्र मे जहाज के टूटने पर भी समुद्री व्यापारी तैरकर पार करना चाहता है। ६. वह रथ से उतरा (अवतृ)। ७ कृष्ण ने आकाश से उतरते हुए नारद को देखा। ८. समुद्र को छोडकर महानदी और कहाँ उतरती है। ९ राम परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ (उत्तृ)। १० वह गगा को पार करके प्रयाग को गया। ११ गुरु जिस प्रकार चतुर को विद्या पढाता है, उसी प्रकार मूर्ख को। १२ भगवान् मारीच तुम्हे दर्शन देते है। १३. धन से मनुष्य आपत्ति को पार करते है (निस्तृ)। १४. मैने प्रतिज्ञारूपी नदी पार कर ली। १५ ग्रीष्म ऋतु में लोग नदी मे तैरते है। १६. क्या तुम्हे मधुर जलवाली गोदावरी याद है? १७. क्या तुम्हे पति की याद आती है? १८. उसकी याद करके मुझे शान्ति नहीं है। १९ हे भौरे, तुम उसको कैसे भूल गए? २०. महाराज की जय हो। २१. आपकी विजय हो। २२. उसने षड्वर्ग को जीत लिया। २३. उसकी ऑख कमल को भी जीतती है। २४ वह शत्रुओ को हराता है (पराजि)। २५. वह पढाई से हार मानता है (पराजि)। **(ग)** (सप्तमी) १. इस मृग पर बाण न छोडना। २ वह मृगो पर बाण छोडता है। ३ अविश्वासी पर विश्वास न करे और विश्वासी पर भी अधिक विश्वास न करे। ४. गुरुओ के साथ विनयपूर्वक व्यवहार करे (वृत्)। ५ तू सपत्नियो के साथ प्रियसखी का व्यवहार करना। ६ राजा ने इसको रक्षा के काम में लगाया है। ७ विचित्रता के रहस्य के लोभी सहृदय इस काव्य मे श्रद्धा करेंगे। ८ सज्जन विद्वानों मे गुणो की श्रद्धा करते हैं। ९. यह तुम्हारे योग्य नही है। १० ये गुण ईश्वर मे ठीक घटते है। ११. सिपाही ने चोर को बाल पकड कर पटक मारा। १२. निरपराधी पर क्यो प्रहार कर रहे हो। १३ पुत्र पर कुटुम्ब का भार रखकर वह विदेश को गया। १४. मैंने गुरु के प्रति अपराध किया है। १५ मेरे घर आने पर नौकर घर गया। १६. रोते हुए पुत्रो को छोडकर वह सन्यासी हो गया। १७. जब वह पढ रहा था, उसी समय उसके पिता यहाँ आए।

संकेत—(क) १ स्निह्यति, विश्वसिति। २ न मे वचनमन्यथाभवितुमर्हति। ३ वचनमाक्षिप्य। ४ न मामयं गणयति। **(ख)** १ नदीं नरति। २ नद्याम्। ३ पर्णं तरिष्यति। ५. याते समुद्रेऽपि च पोतभगे, सायात्रिको वाञ्छति तर्तुमेव। ६ अवततार। ७ अवतरन्तमम्बरात्। ८ सागर वर्जयित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति। ९ परीक्षामुदतरत्। १० उत्तीर्य। ११ वितरति गुरु प्राज्ञे विद्या यथैव तथा जडे। १२ ते दर्शन वितरति। १३ निस्तरन्ति। १४ निस्तीर्णा प्रतिज्ञासरित्। १५ निदाघे। १६ स्मरसि सुरसनीरा तत्र गोदावरीं वा। १७ कच्चिद् भर्तुं स्मरसि। १८. त सस्मृत्य न मे शान्तिरस्ति। १९ विस्मृतोऽस्येना कथम्। २१ विजयते भवान्। २२. व्यजेष्ट। २३ विजयते। **(ग)** १ न सनिपात्य। २ मुञ्चति। ३ विश्वस्ते नाति विश्वसेत्। ४. गुरुषु। ६ रक्षणे। ७ वैचित्र्यरहस्यलुब्धा श्रद्धा विधास्यन्ति सचेतसोऽत्र। ८. विद्वत्सु गुणान् श्रद्दधति। ११ केशेषु गृहीत्वाऽपातयत्। १२. अनागसि। १३ न्यस्य। १४. अपराद्धोऽस्मि गुरो। १७ पठति तस्मिन्।

शब्दकोष—३०० + २५ = ३२५] **अभ्यास १३** (व्याकरण)

(क) नाकः (स्वर्ग), सुरः (देवता), असुरः (राक्षस), अच्युतः (विष्णु), त्र्यम्बकः (शिव), कृतान्तः (यम), शतक्रतुः (इन्द्र), कृशानुः (अग्नि), पुष्पधन्वन् (कामदेव), मातरिश्वन् (वायु), मनुष्यधर्मन् (कुबेर), वेधस् (ब्रह्मा), प्रचेतस् (वरुण), सेनानीः (कार्तिकेय), लक्ष्मीः (लक्ष्मी), शर्वाणी (पार्वती), पौलोमी (इन्द्राणी), पविः (वज्र), पीयूषम् (अमृत), एकवाक्यम् (एक बात)। (२०)। **(ग)** एकतः (एक ओर से), एकधा (एक प्रकार से), एकैकशः (एक एक करके), एकान्ततः (सर्वथा)। (४)। **(घ)** एकमति. (एक रायवाले)। (१)

व्याकरण (एक शब्द, एकवचनान्त शब्द, घ्रा, लिट्, स्वरसन्धि)

१. एक शब्द के तीनो लिंगो मे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ८९)

२. घ्रा धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० स० १०)

नियम ९६—पात्र, आस्पद, स्थान, पद, भाजन, प्रमाण शब्द जब विधेय के रूप मे प्रयुक्त होगे तो इनमे नपुसक लिंग एक० ही रहेगा। उद्देश्यरूप मे होगे तो अन्य वचन भी होगे। जैसे—गुणाः पूजास्थान सन्ति। यूय मम कृपापात्र स्थ।

नियम ९७—(सख्याया विधार्थे धा) सभी सख्यावाचक शब्दो से 'प्रकार से' अर्थ मे 'धा' लगता है। 'प्रकार का' अर्थ मे 'विध', 'गुना' अर्थ मे 'गुण' तथा 'बार' अर्थ मे 'वारम्' लगता है। जैसे—एकधा, एकविधः, एकगुण., एकवारम्। द्विधा, द्विविध, द्विगुणः।

नियम ९८—(इको यणचि) इ ई को य्, उ ऊ को व्, ऋ ॠ को र्, ऌ को ल् हो जाता है, यदि बाद मे कोई स्वर हो तो। सवर्ण (वैसा ही) स्वर हो तो नही। जैसे—इति + अत्र = इत्यत्र। मधु + अरिः = मध्वरिः। धातृ + अशः = धात्रश·। ऌ + आकृतिः = लाकृति.।

नियम ९९—(एचोऽयवायाव.) ए को अय्, ओ को अव्, ऐ को आय्, औ को आव् हो जाता है, बाद मे कोई स्वर हो तो। (पदान्त ए या ओ के बाद अ होगा तो नही)। जैसे—हरे + ए = हरये। विष्णो + ए = विष्णवे। नै + अकः = नायक·। पौ + अकः = पावक।

नियम १००—(वान्तो यि प्रत्यये) ओ को अव्, औ को आव् हो जाता है, बाद मे यकारादि प्रत्यय हो तो। जैसे—गो + यम् = गव्यम्। नौ + यम् = नाव्यम्। गो + यूति. = गव्यूतिः।

नियम १०१—(आद्गुणः) अ या आ के बाद (१) इ या ई को ए, (२) उ या ऊ को ओ, (३) ऋ या ॠ को अर्, (४) ऌ को अल् होता है। जैसे—रमा + ईश·= रमेश, पर + उपकार. = परोपकार., महा + ऋषि.=महर्षिः, तव + ऌकारः=तवल्कारः।

नियम १०२—(वृद्धिरेचि) अ या आ के बाद (१) ए या ऐ को ऐ, (२) ओ या औ को औ होता है। तदा + एकः = तदैक·। राज + ऐश्वर्यम् = राजैश्वर्यम्। जल + ओघः = जलौघः। देव + औदार्यम् = देवौदार्यम्।

नियम १०३—(एङः पदान्तादति) पद के अन्तिम ए या ओ के बाद अ हो तो उसे पूर्वरूप (ए या ओ) हो जाता है। हरे + अव = हरेऽव। विष्णो + अव=विष्णोऽव।

अभ्यास १३

संस्कृत बनाओ—(क) (एक शब्द) १ राजा या संन्यासी एक को मित्र बनावे। २ एक निवासस्थान बनावे, नगर या वन में। ३ बाह्यविषयों से निवृत्त और एकाग्र-चित्त मनुष्य तत्त्व को देख पाता है। ४ दो चित्तो के एक होने पर क्या असम्भव हो सकता है ? ५. गुण-समूह मे एक दोष इसी प्रकार छिप जाता है, जैसे चन्द्रमा की किरणो में उसका कलंक। (ख) (एक, एकवचनान्त शब्द) १. एक वन मे एक शेर रहता था। २. इस स्त्री के दो बच्चे है, एक लडका और एक लडकी। ३. एक पढने मे चतुर है, दूसरी गाने मे दक्ष है। ४. एक बालक को पुस्तक दो और एक लडकी को फूल दो। ५. एक बालक एक बालिका से बात कर रहा है। ६. युद्धभूमि मे एक ओर से एक सेना आई और दूसरी ओर से दूसरी सेना आई। ७. कक्षा से एक-एक करके सब छात्र चले गये। ८. मै इस प्रश्न को एक प्रकार से हल कर सकता हूँ, परन्तु अध्यापक इसे दो प्रकार से हलकर सकता है। ९ जनता की एक राय थी, उन्होने राजा के सम्मुख एक बात कही। १०. किसको सदा सुख मिला है और किसको सदा दु ख। ११. कुछ लोग ऐसा मानते हैं। १२. गुण पूजा के स्थान है। १३. तुम कृपा के पात्र हो। १४. आप इस विषय मे प्रमाण है। (ग) (देववर्ग) १. देवता स्वर्ग मे रहते है। २ देवो और असुरो का युद्ध हुआ। ३. इन्द्र ने वज्र से असुरो को नष्ट किया। ४. देवता अमृत पीकर अमर हो गये। ५. इन्द्र ने इन्द्राणी को, शिव ने पार्वती को और विष्णु ने लक्ष्मी को पत्नी के रूप मे स्वीकार किया। ६. कुबेर धनाधिपति है, उसकी नगरी अलका है और उसका विमान पुष्पक है। ७ विष्णु का शख पाचजन्य, चक्र सुदर्शन, गदा कौमोदकी, खड्ग नन्दक और मणि कौस्तुभ है। ८. इन्द्र की नगरी अमरावती, घोडा उच्चैःश्रवा , हाथी ऐरावत, सारथि मातलि, उपवन नन्दन और पुत्र जयन्त है। ९. ब्रह्मा सृष्टि-कर्ता है। १० वरुण जलपति है। ११ यम जीवो के प्राणो को हरता है। १२. अग्नि वन को जलाती है। १३ वायु अग्नि का मित्र होकर उसे बढाती है। १४. कामदेव दम्पति मे स्नेह का सचार करता है। १५. बालको ने फूल सूँघा। १६. मै फल सूँघूँगा। (घ) (लिट् का प्रयोग करो) १. सभासद् अपने स्थानो को गये। २. वह कहानी समाप्त हुई। ३. राम के सारे प्रयत्न सफल हुए और देवदत्त के विफल। ४. उस लडकी का नाम उमा पड़ा। ५. वसुदेव का पुत्र कृष्ण नाम से संसार मे प्रसिद्ध हुआ। ६. पार्वती हिमालय की चोटी पर गई। ७. स्वायम्भुव मरीचि से कश्यप हुए। ८. पार्वती ने हृदय से अपने रूप की निन्दा की, क्योकि मदन के दाह के कारण वह रूप से शिव को न जीत सकती थी।

संकेत—(क) १ एक मित्र भूपतिर्वा यतिर्वा। २ एको वास पत्तने वा वने वा। ३ एकाग्रो हि बहिर्वृत्तिनिवृत्तस्तत्त्वमीक्षते। ४ एकचित्ते द्वयोरेव किमसाध्य भवेदिह। ५ एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दो किरणेष्विवाङ्क । **(ख)** २ अपत्यद्वयम्। ३ गाने। ६. अपरत। ८ साधयितु शक्नोमि। ९ एकवाक्य विवव्रु। १०. कस्यैकान्त सुखमुपनत दु खमेकान्ततो वा। ११ एके एव मन्यन्ते। **(ग)** २. युयुधिरे। ३ जघान। ४ बभूवु। ५ स्वीचक्रु। **(घ)** १ प्रतिजग्मु। २. विच्छेदमाप स कथाप्रबन्ध। ३ सफलता ययु। ४ उमाख्या जगाम। ५ भुवि पप्रथे। ६ शिखर जगाम। ७. प्रबभूव। ८. रूप निनिन्द, न जेतु शशाक।

शब्दकोष–३२५ + २५ = ३५०] **अभ्यास १४** (व्याकरण)

(क) पाठशाला (पाठशाला), विद्यालयः (स्कूल), महाविद्यालयः (कालेज), विश्वविद्यालय. (यूनिवर्सिटी), अध्यापकः (अध्यापक), प्राध्यापकः (प्रोफेसर), आचार्यः (प्रिन्सिपल), उपकुलपतिः (वाइस-चान्सलर), कुलपतिः (चान्सलर), प्रस्तोतृ (रजिस्ट्रार), अन्तेवासिन् (शिष्य), अध्येतृ (छात्र), अध्येत्री (छात्रा), सतीर्थ्यः (सहाध्यायी, कक्षा का साथी), विद्यालय-निरीक्षक. (स्कूल-इन्स्पेक्टर), उप-शिक्षासचालकः (डिप्टी डाइरेक्टर), अतिरिक्त-शिक्षासचालकः (एडिशनल डाइरेक्टर), शिक्षा सचालकः (डाइरेक्टर), करणिक. (क्लर्क), प्रधान-करणिकः (हेड क्लर्क)। द्विजाति (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य), द्विजिह्वः (१ सॉप, २ चुगलखोर), द्विपाद् (मनुष्य)। (२३)। **(ग)** द्विधा (दो प्रकार से)। (१)। **(घ)** द्वित्रा. (दो तीन)। (१)।

व्याकरण (द्वि शब्द, द्विवचनान्त शब्द, कृष्, वस्, लिट्, स्वरसन्धि)

१. द्वि शब्द के तीनों लिगो मे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ९०)

२ कृष् और वस् धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० १७, १८)

नियम १०४—द्वि और उभ शब्द सदा द्विवचन मे ही आते है। उभय (दोनो) शब्द तीनो वचनो मे आता है। (उभ और उभय के रूप तीनो लिंगो मे सर्ववत् होगे)।

नियम १०५—(क) दम्पती, पितरौ, अश्विनौ, इनके रूप द्विवचन मे ही चलते है। इनके साथ क्रिया द्विवचन मे आती है। दम्पती, पितरौ, अश्विनौ वा गच्छतः। **(ख)** द्वय, युगल, युग, द्वन्द्व, ये चारो 'दो' अर्थ के बोधक है। ये शब्द के अन्त मे जुडते है और नपुसक लिंग एकवचन होते है। इनके साथ क्रिया एक० मे रहती है। जैसे—छात्रद्वय, छात्रयुगल, छात्रयुग (छात्रद्वयी वा) पुस्तकानि पठति। **(ग)** हस्तौ, नेत्रे, पादौ, कर्णौ आदि द्वि० मे ही प्रयुक्त होते है।

नियम १०६—(एत्येधत्यूठ्सु) अ के बाद एकारादि इ और एध् धातु या ऊठ् (ऊ) हो तो दोनो को वृद्धि होती है। अ + ए = ऐ, अ + ऊ = औ। उप + एति= उपैति। उप + एधते = उपैधते। विश्व + ऊहः = विश्वौहः।

नियम १०७—(एडि पररूपम्) उपसर्ग के अ के बाद धातु का ए या ओ हो तो वहॉ ए या ओ ही रहता है। प्र + एजते = प्रेजते। उप + ओषति = उपोषति।

नियम १०८—(शकन्ध्वादिषु पररूप वाच्यम्) शकन्धु आदि मे टि (अन्तिम स्वरसहित अश) को पररूप होता है। शक+अन्धु. = शकन्धु.। मनस्+ ईषा=मनीषा।

नियम १०९—(ओमाडोश्च) अ के बाद ओम् या आङ् (आ) हो तो पररूप अर्थात् ओम् या आ रहता है। शिवाय + ओ नमः=शिवायो नम., शिव+एहि=शिवेहि।

नियम ११०—(अकः सवर्णे दीर्घः) (१) अ या आ + अ या आ = आ, (२) इ या ई + इ या ई = ई, (३) उ या ऊ + उ या ऊ = ऊ, (४) ऋ + ऋ = ॠ। विद्या + आलयः = विद्यालयः। गिरि + ईशः = गिरीशः। गुरु + उपदेशः = गुरूपदेश.। होतृ + ऋकारः = होतॄकारः।

नियम १११—(ईदूदेद्द्विवचन प्रगृह्यम्) द्विवचन के ई, ऊ और ए के साथ कोई सन्धि नही होती। हरी + एतौ = हरी एतौ। विष्णू इमौ। गङ्गे अमू। पचेते इमौ।

नियम ११२—(अदसो मात्) अदस् के म के बाद ई या ऊ होगे तो उनके साथ कोई सन्धि नहीं होगी। अमी + ईशाः = अमी ईशाः। अमू आसाते।

अभ्यास १४

संस्कृत बनाओ—(क) (द्वि शब्द) १. फूल के गुच्छे की तरह मनस्वियों की दो गति होती है, या तो सबके सिर पर रहेंगे या वन मे ही झड़ जाएँगे। २. व्यास का कथन है कि इन दो को गले मे भारी शिला बाँधकर जल मे फेंक देना चाहिए, धनी जो दान न दे और निर्धन जो तपस्वी न हो। ३ ये दोनो पुरुष शिर-दर्द करनेवाले होते है, गृहस्थी निकम्मा हो और सन्यासी सपत्नीक हो। ४ ये दोनो कभी सुखी नही होते, निर्धन महत्त्वाकांक्षी और दरिद्र होकर क्रोधी। ५ शत्रु मिलने पर जलाता है, मित्र वियोग के समय। दोनो ही दु खदायी है, शत्रु-मित्र मे क्या अन्तर है? ६. शिव से मिलने की इच्छा से दो चीजे शोक-योग्य हो गई है, चन्द्रमा की कान्तिमती कला और ससार के नेत्र की कौमुदी पार्वती। ७. राम एक बार ही कहता है, दुबारा नही। ८. मैं जगत् के माता-पिता शिव-पार्वती को नमस्कार करता हूँ। ९. दम्पती सुख से बढ़ रहे है। १०. आश्विनीकुमार ज्ञान दें। ११. अपने हाथ, पैर, मुँह, ऑख, कान धोओ। १२. दो ब्राह्मण दो प्रकार से दो मन्त्रो को पढ रहे है। १३. दो-तीन चुगलखोर इस कक्षा मे है। (ख)(कृष्, वस्) १. कृषक हल से खेत को जोतता है। २ शेर ने बलात् गाय को खीच लिया। ३. सीधे जुते खेत को उलटा जोतता है। ४ बलवान् इन्द्रिय-समूह विद्वान् को भी अपनी ओर खींच लेता है। ५. वह दो वर्ष वन में रहा। ६ सम्पत्ति और कीर्ति चतुर मे रहती है, आलसी में नहीं। ७. गुण प्रेम में रहते है, वस्तु मे नही। (ग) (लिट् का प्रयोग करो) १ पार्वती मन की बात न कह सकी। २ पार्वती न चल सकी, न रुक सकी। ३ शिव ने उसको सहारा दिया। ४. रानी ने ऑखे बन्द कर ली। ५. वह इस नाम से प्रसिद्ध हुआ। ६ पार्वती ने वल्कल बाँधा। ७. मृग उस पर विश्वास करते थे। ८. वह वन पवित्र हो गया। ९. उसने कठोर तप करना प्रारम्भ किया। १०. वह गेद खेलने से थक जाती थी। ११. उसके मुख ने कमल की शोभा धारण की। १२. एक तपस्वी तपोवन में आया। १३. उसने कहना शुरू किया। १४. जल की बूँदे भूमि पर पहुँची। (घ) (विद्यालय वर्ग) १. अध्यापक, प्रोफेसर और आचार्य अपने शिष्यो और शिष्याओ को प्रेम से पढ़ाते है। २. कुछ छात्र और छात्राएँ पाठशाला मे पढते है, कुछ स्कूल मे, कुछ कालेज मे और कुछ यूनिवर्सिटी मे। ३. रजिस्ट्रार परीक्षाओ का टाइम-टेबुल बनाता है और परीक्षाओ का फल घोषित करता है। ४. इन्स्पेक्टर स्कूलो और कालेजो का निरीक्षण करते है। ५. हेडक्लर्क टाइप राइटर से टाइप कर रहा है।

संकेत—(क) १ कुसुमस्तबकस्येव द्वे गती विशीर्यन्ते। २ दृढा बद्ध्वा क्षेप्यौ, धनिनं चाप्रदातारम्। ३. शिर शूलकरौ, निरारम्भ, सपरिग्रह। ४ अधनचाधन कामयते, यश्च कुप्यत्यनीश्वर। ५ सयोगे। ६ समागमप्रार्थनया द्वय शोचनीयता गतम्। नेत्रकौमुदी। ७ द्विर्नाभिभाषते। ८ पितरौ, वन्दे। ९ सुखमेधेते। १० दत्ताम्। ११. हस्तौ, प्रक्षालय। १२ द्विजातिद्वयम्। (ख) १ क्षेत्र कर्षति। २ प्रसह्य गा चकर्ष। ३. अनुलोमकृष्ट प्रतिलोम०। ४. कर्षति। ५. वनमध्युवास। ६ नालसे। ७ प्रेम्णि। (ग) १ मनोगत सा न शशाक शसितुम्। २ न ययौ न तस्थौ। ३ समालम्बे। ४ निमिमीलं। ५ पप्रथे। ६ बबन्ध। ७ विशश्वसु। ८ बभूव। ९. तपश्चरितु प्रचक्रमे। १० क्लम ययौ। ११. कमलश्रिय दधौ। १२. तपोवनं विवेश। १३. वक्तु प्रचक्रमे। १४ भुव प्रपेदिरे। (घ) १. अध्यापयन्ति। २ कतिपये। ३ समय-सारणीम्। ५. टकनयन्त्रेण टकयति।

शब्दकोष-३५० + २५ = ३७५]　**अभ्यास १५**　(व्याकरण)

(क) कलमः (कलम), लेखनी (होल्डर), धारालेखनी (फाउण्टेन पेन), तूलिका (पेन्सिल), मसीतूलिका (इक-पेन्सिल), कठिनी (चाक), लेखनीमुखम् (निब), पट्टिका (पट्टी), अश्मपट्टिका (स्लेट), कागद. (कागज), कागद-दस्तक. (दस्ता), कागद-रीमक. (कागज की रीम), सचिका (कापी), पजिका (रजिस्टर), पत्रसचयनी (फाइल), प्रावरणम् (जिल्द), वेष्टनम् (बस्ता), श्यामफलक. (ब्लैकबोर्ड), मार्जक. (डस्टर), मसीशोष. (ब्लाटिंग-पेपर), घर्षक. (रबड), पाठ्यपुस्तकम् (पाठ्यपुस्तक)। (२२)।
(ख) साध् (हल करना)। (१)। **(घ)** कति (कितने), रुचिरम् (सुन्दर)। (२)

व्याकरण (त्रिशब्द, नित्य बहु० शब्द, त्यज्, लुङ्, व्यजन सन्धि)

१ त्रि शब्द के तीनो लिंगो मे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ९१)

२ त्यज् धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० १९)

नियम ११३—(क) दार, अक्षत, लाज (लाजा), असु, प्राण, इनके रूप पुलिंग में और बहुवचन मे ही चलते है। **(ख)** अप्, अप्सरस्, वर्षा, सिकता, समा, सुमनस्, इनके रूप स्त्रीलिंग मे और बहुवचन मे ही चलते है। (अप्सरस्, वर्षा, समा, सुमनस् इनका कही-कही एकवचन मे भी प्रयोग मिलता है)। दारा. (स्त्री), अक्षता. (अक्षत चावल), लाजाः (खील), असव. (प्राण), प्राणा. (प्राण), आप. (जल), अप्सरस. (अप्सरा), वर्षा. (वर्षा), सिकताः (रेत), समा. (वर्ष), सुमनसः (फूल)।

नियम ११४—त्रि से अष्टादशन् (३ से १८) तक के सारे शब्द तथा कति शब्द सदा बहुवचन मे ही आते हैं। एक०=एकवचन, द्वि०=द्विवचन, बहु०=बहुवचन।

नियम ११५—(क) (आदरार्थे बहुवचनम्) आदर प्रकट करने मे एक के लिए भी बहु० हो जाता है। गुरव. पूज्याः। **(ख)** (अस्मदो द्वयोश्च) अस्मद् शब्द के एक० और द्वि० (अहम्, आवाम्) के स्थान पर बहुवचन (वयम्) का प्रयोग होता है, यदि वक्ता विशिष्ट व्यक्ति हो तो। वय ब्रूम.। **(ग)** (जात्याख्यायाम्०) जातिवाचक शब्दो मे एक० और बहु० दोनो होते है। ब्राह्मणः पूज्यः, ब्राह्मणाः पूज्याः। **(घ)** देशवाचक शब्दो मे बहु० का प्रयोग होता है। नगर या 'देश' अन्त मे होने पर एक० होगा। अहम् अङ्गान् बङ्गान् कलिंगान् विदर्भान् गौडान् अगच्छम्। पाटलिपुत्रम् अङ्गदेश वा अगच्छम्। **(ङ)** वश का बोध कराने मे बहु०। कुरूणाम्, रघूणाम्।

नियम ११६—(स्तोः श्चुना श्चुः) स् या तवर्ग से पहले या बाद मे श् या चवर्ग कोई भी हो तो स् और तवर्ग को क्रमश. श् और चवर्ग हो जाता है। रामश्च। सच्चित्। सज्जन.।

नियम ११७—(ष्टुना ष्टु.) स् या तवर्ग से पहले या बाद मे ष् या टवर्ग कोई भी हो तो स् और तवर्ग को क्रमशः ष् और टवर्ग होता है। इष् + त. = इष्टः। उड्डीनः। विष्णुः।

नियम ११८—(झला जशोऽन्ते) झल् (वर्ग के १, २, ३, ४, ऊष्म) को जश् (३ अर्थात् अपने वर्ग का तृतीय अक्षर) होता है, झल् पद के अन्तिम अक्षर हों तो। जगत् + ईशः = जगदीशः। उद्देश्यम्।

नियम ११९—(झला जश् झशि) झल् को जश् होता है, बाद मे झश् (वर्ग के ३, ४) हो तो। बुध् + धिः = बुद्धिः। क्षुभ् + धः = क्षुब्ध। दघ् + धः दग्धः। वृद्धिः। शुद्धि। सिद्धिः।

अभ्यास १५

संस्कृत बनाओ:—(क) (त्रिशब्द, बहुवचान्त शब्द) १. दान भोग और नाश ये धन की तीन गतियाँ होती है, जो न देता है और न भोगता है, उसकी तीसरी गति होती है। २. तीन अग्नियाँ है, तीन वेद है, तीन देव है, तीन गुण है। तीन दण्डी के ग्रन्थ हैं और वे तीनो लोको मे प्रसिद्ध है। ३. त्रैलोक्य मे धर्म दीपक के तुल्य है। ४. तीन प्रकार के पुरुष है, उत्तम, मध्यम और अधम। उनको उसी प्रकार तीन प्रकार के कामो मे लगावे। ५. वृक्ष और पर्वत मे क्या अन्तर रहेगा, यदि वायु चलने पर दोनो ही चंचल हो जाएँ। ६. तीन ही लोक हैं, तीन ही आश्रम है। ७. तीन प्रियाओ से वह राजा शोभित हुआ। ८. तीन दिन मेरे आने की प्रतीक्षा करना। ९. सीता राम की स्त्री थी। १०. परस्त्री को न देखे। ११. अक्षत और खील यहाँ लाओ। १२ वर्षा मे रेत पर जल शोभित होता है। १३. इन फूलो को देखो। १४. दशरथ ने प्राणो को छोडा। १५. गुरुजी मेरे घर पधारे। १६ हम कहते हैं कि सत्य-भाषण से ही तुम्हारा उद्धार होगा। १७. मै कुरुवंशियो और रघुवशियो के वंश का वर्णन करूँगा। १८. वह भारत-दर्शन के लिए अग, बग, कलिग, विदर्भ और पाचाल को गया। १९. इस कक्षा मे कितने विद्यार्थी है? २० इस कक्षा मे सोलह छात्र है। २१. (त्यज् धातु) यति गृह को छोडता है। २२. घोडे के मार्ग को छोड दो। २३. राम ने सीता को छोड दिया। २४. ऋषि लोग योग से शरीर को छोडेगे। २५. राम ने रावण पर बाण छोडा। २६. धर्म की मर्यादा को क्लेश की दशा में होकर भी न छोडे। २७ मानी लोग हर्ष से अपने प्राण और सुख छोड देते है, पर न माँगने के व्रत को नहीं छोडते। **(ख)** (लुङ् लकार) १. दु ख मत करो। २. कुत्ते से मत डरो। ३ शोक न करो। ४. कुकर्म मत करो। ५. स्वार्थपरायण मत हो। ६. अपना उत्साह मत छोड़ो। ७. माँ ने बच्चे को एक स्लेट, एक पेन्सिल, एक कापी और एक चाक दी। ८. बच्चे ने स्लेट पर चाक से लेख लिखा, पाठ पढ़ा और होल्डर से कापी पर सुलेख लिखा। ९. राम ने अपना फाउण्टेनपेन पाँच रुपये में मुझे बेचा और मैंने उससे खरीदा। **(ग)** (लेखनसामग्री) १. इक-पेन्सिल मे स्याही भरने की आवश्यकता नही होती। २. मै दूकान से एक रीम और चार दस्ते कागज लाया। उसके साथ ही एक रजिस्टर, एक फाइल, एक निब और एक रबड लाया। ३. यदि कापी पर स्याही गिर जाए तो ब्लाटिक पेपर या चाक से सुखा लो। ४. वह अपनी पाठ्यपुस्तक पढ़ता है और गणित के प्रश्नो को हल करता है। ५. डस्टर से ब्लैकबोर्ड को पोछो।

सकेत:—(क) १ तिस्रो गतय, भु्ङ्क्ते, तृतीया। २ दण्डिप्रबन्धा, त्रिश्रुता। ३ दीपको धर्म। ४ त्रिविधा, त्रिविधेषु, नियोजयेत्। ५ द्रुमसानुमतो ' यदि वायौ द्वितयेऽपि ते चला। ७. तिसृभि·, बभौ। ८ प्रतीक्षेथा·। ९ दारा। १० परदारान्। ११ अक्षतान्, लाजान्। १२ सिकतासु, आप। १३ इमा सुमनस। १४. असून्, प्राणान् तत्याज। १७ कुरूणा, रघूणां चान्वयं वक्ष्ये। २५. अत्याक्षीत्। २६ अपि क्लेशदशा श्रितः। २७ त्यजन्त्यसून् शर्म च मानिनो वरं, त्यजन्ति न त्वेकमयाचितव्रतम्। **(ख)** १ विषाद मा गा। २ शुनो मा भैषी। ३ शुचो वश मा गम। ४ मा कार्षीं। ५ मा भू। ६ उत्साहभग मा कृथा। ७ अदात्। ८ अलेखीत्, अपठीत्। ९ मह्यं रूप्यकपचकेन व्यक्रेष्ट, अक्रैषम्। **(ग)** १ मसीपूरणस्य। २ आपणात् तत्सार्धमेव। ३ पतति चेत्, शोषय। ४ साधयति। ५. मार्जय।

शब्दकोष-३७५ + २५ = ४००] **अभ्यास १६** (व्याकरण)

(क) काष्ठा (दिशा), प्राची (पूर्व), प्रतीची (पश्चिम), उदीची (उत्तर), दक्षिणा (दक्षिण), घटिका (घड़ी), वेला (समय), होरा (घण्टा), कला (मिनट), विकला (सेकेण्ड), वादनम् (बजे), पूर्वाह्ण (दोपहर से पहले का समय, A M), पराह्ण (दोपहर से बाद का समय, P M.), प्रत्यूष (प्रात), मध्याह्न (दोपहर), अपराह्णः (तीसरा पहर), प्रदोषः (सूर्यास्त-समय), दिवस (दिन), विभावरी (रात), निशीथ (आधीरात), निदाघः (ग्रीष्म ऋतु), प्रावृष् (वर्षाकाल)। (२२) **(ग)** दिवा (दिन मे), नक्तम् (रात मे), रात्रिन्दिवम् (दिन-रात)। (३)

व्याकरण (चतुर् शब्द, याच्, लुङ्, व्यजन सन्धि)

१ चतुर् शब्द के तीनो लिंगो मे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ९२)

२ याच् धातु के पूरे रूप स्मरण करो (देखो धातु० २९)

नियम १२०—(यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा) पदान्त यर् (ह् के अतिरिक्त सभी व्यजन) के बाद अनुनासिक (वर्ग का पचम अक्षर) हो तो यर् को अपने वर्ग का पचम अक्षर हो जाएगा। यह नियम ऐच्छिक है। तत् + न = तन्न। तन्मयम्। वाङ्मयम्। सन्मतिः।

नियम १२१—(तोर्लि) तवर्ग के बाद ल हो तो तवर्ग को भी ल् हो जाता है। अर्थात् (१) त् या द् + ल = ल्ल, (२) न् + ल = ँल्ल। तत् + लीनः = तल्लीनः। विद्वाँल्लिखति।

नियम १२२—(उदः स्थास्तम्भोः पूर्वस्य) उद् के बाद स्था या स्तम्भ् धातु हो तो उसे पूर्वसवर्ण होता है। उद् + स्थानम् = उत्थानम्। उद् + स्तम्भनम् = उत्तम्भनम्।

नियम १२३—(झयो होऽन्यतरस्याम्) झय् (वर्ग के १,२,३,४) के बाद ह हो तो उसे विकल्प से पूर्वसवर्ण होता है। वाग् + हरिः = वाग्घरिः। तद् + हितः = तद्धितः।

नियम १२४—(शश्छोऽटि) पदान्त झय् (वर्ग के १,२,३,४) के बाद श् हो तो उसे छ् हो जाता है, यदि उस श् के बाद अट् (स्वर, ह,य,व,र) हो तो। नियम ११६ से छ के पूर्ववर्ती त् को च्। तत् + शिवः = तच्छिवः। सत् + शीलः = सच्छीलः।

नियम १२५—(खरि च) झलो (१,२,३,४) को चर् (१, उसी वर्ग का प्रथम अक्षर) होते है, बाद मे खर् (१,२, श ष स) हो तो। सद् + कारः = सत्कारः। तत्परः। सत्पुत्रः।

नियम १२६—(मोऽनुस्वारः) पदान्त म् के बाद हल् (व्यजन) हो तो म् को अनुस्वार ( ) हो जाता है। बाद मे स्वर हो तो नही। कार्यम् + कुरु = कार्यं कुरु। सत्य वद।

नियम १२७—(नश्चापदान्तस्य झलि) अपदान्त न् म् को अनुस्वार हो जाता है, बाद मे झल् (१,२,३,४ ऊष्म) हो तो। यशान् + सि = यशासि। पुम् + सु = पुसु।

नियम १२८—(अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः) अनुस्वार के बाद यय् (ऊष्म छोडकर सभी व्यजन) हो तो उसे परसवर्ण (अगले वर्ण का पचम अक्षर) होता है। शा + तः = शान्तः।

नियम १२९—(ङमो ह्रस्वादचि ङमुण्नित्यम्) ह्रस्व स्वर के बाद ङ् ण् न् हो और बाद मे कोई स्वर हो तो बीच मे एक ङ् ण् न् और लग जाता है। प्रत्यङ्ङात्मा। सुगण्णीशः। सन्नच्युतः।

अभ्यास १६

संस्कृत बनाओ :—(क) (चतुर् शब्द) १ हम चार भाई ऋत्विज् है, युधिष्ठिर यजमान है और भगवान् कृष्ण कर्मोपदेष्टा है। २ चार अवस्थाएँ है, बाल्य कौमार यौवन और वार्धक। ३ ब्रह्मरूपी वृषभ के चार सींग और तीन पैर है। ४ शेष चार महीने जैसे भी हो आँख बन्द करके बिताओ। ५. आय के चौथे अंश से खर्च चलावे। अधिक तेलवाला दीपक चिरकाल तक सुख देखता है। ६. गुरुसेवा से विद्या मिलती है अथवा प्रचुर धन से या विद्या से विद्या प्राप्त होती है- और चौथे किसी उपाय से नही। ७ हे युधिष्ठिर, मेरे चार प्रश्नों को बता। ८ (याच् धातु) राजा से धन माँगता है। ९. बलि से भूमि माँगता है। १० पार्वती ने पिता से तपःसमाधि के लिए अरण्य-निवास की माँग की। ११. उसने पिता से माँग की कि उसे न छोडें। १२ तिनके से भी हलकी रूई होती है और रूई से भी हलका माँगनेवाला होता है। **(ख)** (लुङ् का प्रयोग करो) १. मै सुख से सोया। २ उसने कहा कि बहुत दिन मेरी यहाँ रहने की इच्छा है। ३ वह बोली—मै तुम्हारे कहने मे हूँ। ४ वह तपस्या के लिए वन मे गया। ५ वह घर से निकल पडा। ६. उसने चपरासी को अन्दर आता हुआ देखा। ७ उसने सामने से आते हुए एक शिष्य को देखा और पूछा तुम्हारे गुरु कहाँ है। ८. वह सबेरे ही महल से निकल पडा और ढाई घंटे घूमने के लिए गया। ९. उसने जागते हुए ही सारी रात बिताई। १० हर्ष ने आँसू भरी दृष्टि से माँ से कहा—तुम मुझे क्यो छोड रही हो। ११. यशोवती आँचल से मुँह ढककर साधारण स्त्री के तुल्य बहुत देर तक रोई। १२ वह उसके पास ही चुप बैठा रहा। **(ग)** (दिक्कालवर्ग) १. चार दिशाएँ है, पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण। २. इस समय तुम्हारी घडी मे क्या बजा है? ३. एक घंटे में साठ मिनट होती है और एक मिनट मे साठ सेकेण्ड। ४. इस स्टेशन पर एक डाक-गाडी सबेरे सवा दस बजे आती है और दूसरी शाम को पौने सात बजे। ५. राम सबेरे उठता है, दोपहर को खाना खाता है, तीसरे पहर फलाहार करता है, शाम को खेलता है, रात मे सोता है और आधी रात मे नही जागता। ६. आजकल परीक्षा के दिन है, वह दिन-रात पढाई मे लगा रहता है।

सकेतः—(क) १ ऋत्विज। २ चतस्र, बाल्यम् (चारों नपु० है)। ३ चत्वारि शृंगा-(णि) त्रयोऽस्य पादा। ४. मासान्, गमय लोचने मीलयित्वा। ५ आयाच्चतुर्थभागेन व्ययकर्म प्रवर्तयेत्। प्रभूततैलदीपो हि। ६ गुरुशुश्रूषया, पुष्कलेन, विद्यया, चतुर्थान्नोपलभ्यते। ७ ब्रूहि मे चतुर प्रश्नान्। ८ राजानम्। ९ बलिम्। १० पितरम्, निवासम्। ११ पितरम्, अपरित्याग-मयाचतात्मन। १२ तृणादपि लघुस्तूलस्तूलादपि च याचक। **(ख)** १ सुखमस्वाप्सम्। २. अवादीत्, भूयसो दिवसान् स्थातुमभिलषति मे हृदयम्। ३ अवोचत्, एषास्मि ते वचसि स्थिता। ४ वनमगात्। ५ निरगात्। ६. लेखहारक प्रविशन्तमद्राक्षीत्। ७ अभिमुखम् आपतन्तम्, अद्राक्षीत्, अप्राक्षीत्, क्वास्ते। ८ निरयासीत्, सार्धहोराद्वयम्, अयासीत्। ९ जाग्रदेव, अनैषीत्। १० बाष्पायमाणदृष्टिर्मातरम् अभ्यधात्। ११ पटान्तेन, आच्छाद्य, प्राकृतप्रमदेवातिचिरम् अरोदीत्। १२ तूष्णीं समवास्थित। **(ग)** २. का वेला। ३ एकस्या होरायां षष्टि। ४ यानावतारे, द्राक्यानम्, पूर्वाह्णे, सपादद्शवादने, पराह्णे, पादोन०। ५ जागर्ति। ६. अद्यत्वे।

शब्दकोष-४०० + २५ = ४२५] **अभ्यास १७** (व्याकरण)

(क) सप्तसप्तिः (सूर्य), सुधांशुः (चन्द्रमा), गभस्तिः (किरण), आतपः (धूप), ज्योत्स्ना (चाँदनी), नक्षत्रम् (नक्षत्र), नव ग्रहाः (नवग्रह), द्वादश राशयः (१२ राशियाँ), सप्ताहः (सप्ताह), राका (पूर्णिमा), दर्शः (अमावस्या), जीमूतः (मेघ), सौदामिनी (विद्युत्), करकाः (ओले), वृष्टिः (वर्षा), आसारः (मूसलाधार वर्षा), अवग्रहः (अवृष्टि), इन्द्रायुधम् (इन्द्रधनुष), उत्तरायणम् (उत्तरायण), दक्षिणायनम् (दक्षिणायन), शीकरः (जल-कण), अवश्यायः (हिम, बर्फ), लक्ष्मन् (चिह्न), वियत् (नपु०, आकाश), स्तनितम् (गर्जन)। (२५)

व्याकरण (पचन् से दशन्, वह्, लुट्, हल् और विसर्ग-सन्धि)

१ पचन् से दशन् तक के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ९३ से ९८)। त्रि से अष्टादशन् (३ से १८) तक के रूप केवल बहुवचन मे ही चलते है। तीनो लिंगो मे वही रूप होंगे। एक से दश तक की संख्याओ के संख्येय (व्यक्ति या वस्तुबोधक क्रमवाचक विशेषण) शब्द क्रमशः ये है। प्रथम, द्वितीयः, तृतीयः, चतुर्थः, पचमः, षष्ठ, सप्तमः, अष्टमः, नवम, दशमः। इनके रूप पु० मे रामवत्, स्त्री० मे रमा या नदीवत्, नपु० मे गृहवत् चलेगे।

२ वह् धातु के पूरे रूप स्मरण करो (देखो धातु० ३०)।

नियम १३०—(नश्छव्यप्रशान्) पदान्त न् को रु (ः, स्) होता है, यदि छव् (च्, छ्, ट्, ठ्, त्, थ्) बाद मे हो और छव् के बाद अम् (स्वर, ह, अन्तःस्थ, वर्ग के पचम अक्षर) हो तो। प्रशान् शब्द मे नियम नही लगेगा। इसके साथ कुछ अन्य नियम भी लगते है, अतः इस नियम का रूप होगा—न् + छव् = ँस् + छव् या ं स् + छव्। श्चुत्व नियम यदि प्राप्त होगा तो लगेगा। कस्मिन् + चित् = कस्मिंश्चित्। अस्मिंस्तरौ। तस्मिंस्तथा।

नियम १३१—(छे च, पदान्ताद्वा) ह्रस्व के बाद छ होगा तो छ से पूर्व त् (च्) लगेगा, दीर्घ पदान्त के बाद छ को त् विकल्प से लगेगा। शिव + छाया = शिवच्छाया। वृक्षच्छाया। लताच्छविः। लक्ष्मीच्छाया, लक्ष्मीछाया।

नियम १३२—(विसर्जनीयस्य सः) विसर्ग को स् होता है, खर् (वर्ग के १, २, श, ष, स) बाद मे हो तो। (श्चुत्वसधि भी होगी)। हरिः + त्रायते = हरिस्त्रायते। कश्चित्। रामस्तिष्ठति।

नियम १३३—(वा शरि) विसर्ग के बाद शर् (श, ष, स) हो तो विसर्ग को ः और स् दोनो होते हैं। नियम ११६, ११७ भी लगेंगे। हरिश्शेते, हरिःशेते। रामष्षष्ठः।

नियम १३४—(ससजुषो रुः) पद के अन्तिम स् को रु (र् या ः) होता है, सजुष् के ष् को भी। जहाँ रु को उ या य् नही होगा, वहाँ र् शेष रहेगा। अ या आ के अतिरिक्त अन्य स्वरों के बाद र् शेष रहेगा, बाद मे कोई स्वर या व्यजन (३, ४, ५) हो तो। हरिः + अवदत् = हरिरवदत्। पितुः + इच्छा = पितुरिच्छा। लक्ष्मीरियम्।

नियम १३५—(अतो रोरप्लुतादप्लुते) ह्रस्व अ के बाद रु (ः या र्) को उ होता है, बाद मे ह्रस्व अ हो तो। नियम १०१ से गुण और १०३ से पूर्वरूप। अतः अः + अ = ओऽ। कः + अपि = कोऽपि। कोऽयम्। रामोऽवदत्।

अभ्यास १७

संस्कृत बनाओ—(क) (संख्याएँ) १ देवो, माता-पिता, मनुष्यो, भिक्षुको और अतिथिओ, इन पाँच की ही पूजा करता हुआ मनुष्य यश को पाता है। २. मित्र, अमित्र, मध्यस्थ, आश्रित और आश्रयदाता, ये पाँचो जहाँ कही भी जाओगे, वहाँ तुम्हारे साथ जाएँगे। ३. ऐश्वर्य के चाहनेवाले मनुष्य को ये ६ दोष छोड़ देने चाहिएँ, निद्रा तन्द्रा भय क्रोध आलस्य और दीर्घसूत्रता। ४. ये ६ गुण मनुष्य को कभी नही छोडने चाहिएँ, सत्य दान अनालस्य अनसूया क्षमा और धृति। ५. श्लोक मे पचम अक्षर सदा लघु होता है, द्वितीय और चतुर्थ चरण मे सप्तम लघु, षष्ठ सदा गुरु होता है। ६. जो पाँचवें या छठे दिन अपने घर साग पकाकर खा लेता है, परन्तु ऋणी और प्रवासी नहीं है तो वह सुखी रहता है। ७. ये आठ गुण मनुष्य को चमकाते है, बुद्धि, कुलीनता, जितेन्द्रियता, अध्ययन, पराक्रम, कम बोलना, यथाशक्ति दान और कृतज्ञता। ८. नित्य स्नान करनेवाले को दस गुण प्राप्त होते है, बल, रूप, स्वरशुद्धि, वर्णशुद्धि, सुस्पर्श, सुगन्ध, विशुद्धता, शोभा, सुकुमारता और सुन्दर प्रमदाएँ। (ख) (वह् धातु) १. नदियाँ परोपकार के लिए बहती है। २. हवा मन्द-मन्द बह रही है (वह्)। ३. ग्वाला बकरी को गाँव मे ले जा रहा है। ४ गधे घोडे की धुरा को नही ढो सकते। ५. राम ने सीता से विवाह किया (उद्वह्)। ६. इतनी आय से मेरा काम नही चल सकता है (निर्वह्)। ७ धैर्य धारण करो (आवह्)। ८. इतना वैभव मुझे सुख नही देता (आवह्)। ९. वह जैसे-तैसे दिन बिता रहा है। १०. यमुना प्रयाग के समीप बहती है (प्रवह्)। (ग) (लुट्) १. मै कल सबेरे जैसी स्थिति होगी वैसा बताऊँगा। २. जब तुम्हारी बुद्धि मोह के दलदल को पार कर लेगी, तब तुम्हे वैराग्य प्राप्त होगा। ३. मै परसो घर जाऊँगा। ४ मै कल प्रयाग से प्रस्थान करूँगा और परसो वाराणसी पहुँचूँगा और वहाँ से एक मास बाद पटना चला जाऊँगा। (घ) (व्योमवर्ग) १. सूर्य उदय हो रहा है और चन्द्रमा अस्त हो रहा है। २ विविध अर्थो को लेकर सूर्य के नाम है—दिवाकर, विवस्वान्, हरिदश्व, उष्णरश्मि, तिग्मदीधिति, द्युमणि, तरणि, विभावसु, भानुमान्, सहस्रांशु। ३. चन्द्रमा के भी अर्थानुसार अनेक नाम है—इन्दु, सुधांशु, ओषधीश, निशाकर, कलानिधि, शीतगु, शशांक। ४. अब आकाश मे बादल आ गए, बिजली चमकने लगी, बादलो का गरजना आरम्भ हुआ, ओले पडने लगे और फिर मूसलाधार वर्षा होने लगी। ५. इधर इन्द्रधनुष दिखाई पड रहा है। ६. उत्तरायण मे दिन बडा हो जाता है और दक्षिणायन मे छोटा। ७. बारह राशियाँ है—मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु (धन्वी), मकर, कुम्भ, मीन। ८. नवग्रह है—रवि, सोम, मगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु। ९. एक सप्ताह में सात दिन होते है। १०. गर्मी मे धूप कडी होती है और शरद् मे चाँदनी शीतल।

संकेतः—(क) १ देवान् पितॄन्, पूजयन्। २ मित्राणि, उपजीव्योपजीविन, पच त्वाऽनुगमिष्यन्ति। ३. भूतिमिच्छता, हातव्या.। ४ पुसा। ५. पचम लघु, द्विचतुर्थयोः। ६. पंचमेऽहनि षष्ठे वा शाक पचति, अनृणी चाप्रवासी च, मोदते। ७ दीपयन्ति, कौल्य दम, श्रुतम्, अबहुभाषिता। (ख) ३. अजां ग्राम वहति। ४ वाजिधुर वहन्ति। ५. जानकीमुदवहत्। ६ एतावता, न मे कार्यं निर्वहति। ७ धृतिमावह। ८. एतावान् विभवो, न मे सुखमावहति। ९. कथमपि दिनान्यतिवाहयति। (ग) १. यथावस्थितम् आवेदयितास्मि। २ मोहकलिलम्, व्यतितरिष्यति, निर्वेद गन्तासि। ३ गन्तास्मि। ४ प्रस्थाताहे, आसादयितास्मि, मासात्परेण, पाटलिपुत्र, यातास्मि।

शब्दकोष–४२५+२५=४५०] **अभ्यास १८** (व्याकरण)

(क) स्वसृ (बहिन), आत्मज. (पुत्र), अग्रज. (बडा भाई), अनुजः (छोटा भाई), पितृव्यः (चाचा), मातुलः (मामा), पितृष्वसृ (फूआ), मातृष्वसृ (मौसी), भ्रात्रीयः (भतीजा), स्वस्रीयः (भानजा), आवुत्त. (जीजा), भ्रातृजाया (भाई की स्त्री), स्नुषा (पुत्रवधू), पितृव्यपुत्रः (चचेरा भाई), पैतृष्वस्रीयः (फुफेरा भाई), मातृष्वस्रीयः (मौसेरा भाई), जामातृ (जॅवाई), पौत्र. (पोता), नप्तृ (नाती), देवरः (देवर), ज्ञातिः (सम्बन्धी), सम्बन्धिन् (समधी), सम्बन्धिनी (समधिन), योषित् (स्त्री), पुरन्ध्रिः (सधवा स्त्री)। (२५)

व्याकरण (सख्या ११ से १००, नी, आशीर्लिङ्, लृङ्, विसर्गसन्धि)

१. नी धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० २७)

नियम १३६—(क) विंशतिः (२०) के बाद के सभी सख्यावाची शब्द केवल एकवचन मे आते है :—'विंशत्याद्याः सदैकत्वे सर्वा. सख्येयसख्ययोः'। **(ख)** एकादशन् से अष्टादशन् (११ से १८) तक के रूप दशन् के तुल्य बहु० मे ही चलेंगे। **(ग)** एकोनविंशति' (१९) से नवनवतिः (९९) तक सारे शब्दो के रूप स्त्रीलिंग एक० मे ही चलते है। इकारान्त विंशति, षष्टि आदि के रूप मति (शब्द० स० ४१) के तुल्य और तकारान्त त्रिंशत् आदि के रूप सरित् (शब्द० स० ५४) के तुल्य चलेंगे। **(घ)** सख्येय (क्रमवाचक विशेषण) बनाने के नियम ये है—(१) एक से दश तक के सख्येय प्रथम द्वितीय आदि है। (२) ११ से १८ तक के सख्येय शब्दो के अन्त मे 'अ' लग जाता है। एकादशः (११ वॉ), द्वादशः (१२ वॉ)। (३) १९ के आगे सख्येय शब्दो के अन्त मे 'तम' लगता है। विंशतितमः (२० वॉ)। (४) सख्येय शब्दो के रूप तीनो लिंगो मे चलेंगे। पु० मे रामवत्, स्त्री मे रमा या नदीवत्, नपु० मे गृहवत्।

नियम १३७—(हशि च) ह्रस्व अ के बाद रु (र् या :) को उ हो जाता है, बाद मे हश् (३, ४, ५, ह, य, व, र, ल) हो तो। अ. + हश् = ओ + हश्। शिवः + वन्द्यः = शिवो वन्द्यः।

नियम १३८—(भोभगोअघोअपूर्वस्य योऽशि) भोः, भगोः, अघोः और अ या आ के बाद रु (र् या :) को य् होता है, बाद मे अश् (स्वर, ह, अन्त.स्थ, ३, ४, ५) हो तो।

नियम १३९—(हलि सर्वेषाम्, लोपः शाकल्यस्य) (१) नियम १३८ से हुए य् के बाद कोई व्यजन होगा तो उसका लोप अवश्य होगा। (२) यदि बाद मे स्वर होगा तो य् का लोप ऐच्छिक है। लोप होने पर सधि नही होगी। देवा गच्छन्ति। नरा हसन्ति। देवा इह, देवायिह।

नियम १४०—(रोऽसुपि) अहन् के न् को र् होता है, विभक्ति बाद मे हो तो नही। अहन् + अहः = अहरहः। अहन् + गणः = अहर्गणः।

नियम १४१—(रो रि) र् के बाद र हो तो पहले र् का लोप हो जाता है।

नियम १४२—(ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः) ढ् या र् का लोप होने पर उससे पूर्ववर्ती अ, इ, उ को दीर्घ होता है। पुनर् + रमते = पुना रमते। हरी रम्यः।

नियम १४३—(एतत्तदोः सुलोपोऽकोरनञ्समासे हलि) सः और एषः के विसर्ग का लोप होता है, बाद मे व्यजन हो तो। सः + पठति = स पठति। एष वदति।

अभ्यास १८

संस्कृत बनाओः—(क) (सख्याएँ) १ इस कालेज मे बी ए प्रथम वर्ष मे ९०, द्वितीय वर्ष मे ८०, एम. ए. प्रथम वर्ष मे ७० और द्वितीय वर्ष मे ५० विद्यार्थी है। २. इस सभा मे १०० आदमी है। ३. उस जलूस मे एक हजार-आदमी है। ४. वहाँ भीड में ५० आदमी घायल हुए और १५ मर गए। घायल और मृतो की सख्या ६५ है। **(ख)** (नी धातु) १. वह गाय को गाँव में ले जाता है। २. राम, तुम मुझे नि.संकोच अपने साथ वन मे ले चलो। ३. उसने जागते हुए ही रात बिताई। ४. उसने उसके साथ ही दिन बिताया। ५. उसने अपने सच्चरित्र से लोगो को अपने वश मे कर लिया। ६. तुम अपने बच्चो, स्त्री, बहिनो और भाइयो को मेरे घर लाना (आ + नी)। ७ उसने गुरु को मनाया (अनु + नी)। ८ ईश्वर तुम्हारी तामसी वृत्ति को दूर करे। ९. मै तुम्हारे घमण्ड को दूर कर दूँगा। १०. उसने दोनो हाथ जोड़कर गुरु को प्रणाम किया। ११ पुत्रवधू श्वसुर के सामने अपना मुँह फेर लेती है (वि + नी)। १२ गुरु शिष्य का उपनयन-सस्कार करता है। १३. राम ने सीता से विवाह किया (परि + नी)। १४. सुनने का अभिनय करके। १५. आप लोग ऋषियों के लिए फूल और फल लाकर दे। १६ न्यायाधीश विवाद का निर्णय करेगा (निर्णी)। १७. विद्वान् पुस्तक लिखेगा (प्रणी)। १८ दिलीप ने अपना शरीर शेर को समर्पण किया। १९ इसकी हँसी का अभिप्राय समझा जा सकता है। २० तुम अपने चरित्र से देश की कीर्ति को ऊँचा उठावो। **(ग)** (आशीर्लिङ्, लृङ) १ वीर सन्तानवाली हो। २. देव परिणाम को शुभ बनावें। ३ तुम इन्द्राणी और सावित्री के तुल्य हो। ४. तुम्हारा मार्ग शुभ हो। ५ यदि अच्छी वर्षा होती तो सुभिक्ष हुआ होता। ६ क्या अरुण अन्धकार को दूर सकता था, यदि उसे सूर्य अपनी धुरा मे न बैठाता। ७. यदि परमात्मा इस जोडे को परस्पर न मिलाता तो उसका रूप-निर्माण का यत्न विफल होता। **(घ)** (सबन्धिवर्ग) १. मेरे घर मे मेरे माता-पिता, चाचा, चाची, दादा, दादी, पुत्र, पुत्रियाँ और चचेरे फुफेरे और मौसेरे भाई है। २. भानजे, भतीजे, पोते, पोतियाँ, नाती और नातिनो से प्रेम का व्यवहार करो। ३. मेरी बहिन के विवाह मे मामा, मामी, नाना, नानी, जीजा और अन्य सम्बन्धी आए थे। ४. सधवा स्त्रियो का चित्त फूल के तुल्य सुकुमार होता है। ५. समधी से समधी और समधिन से समधिन प्रेम से मिले।

संकेत:—(क) १. नवति, अशीति, सप्तति, पञ्चाशत्। २ शत जना सन्ति। ३. जनयात्राया सहस्र जना सन्ति। ४ जनौघे, आहता, हता। हताहतानाम्, पचषष्टि.। **(ख)** १ गा ग्रामम्। २ विस्रब्धम्। ३ निशामनैषीत्। ४ वासर निनाय। ५ आत्मवशम् अनयत्। ६ जायाम्, स्वसृ, भ्रातॄन्। ७ अन्वनैषीत्। ८ व्यपनयतु। ९. व्यपनेष्यामि ते गर्वम्। १० हस्तौ समानीय। ११ विनयति, अपनयति। १२ उपनयते। १३ सीता परिणिनाय। १४. श्रुतिमभिनीय। १५. ऋषिभ्य, उपनयन्तु। १६ विवाद निर्णेष्यति। १७. प्रणेष्यति। १८ हरये उपानयत्। १९. परिहासस्य, उन्नेतु शक्यते। २० उन्नय। **(ग)** १. वीरप्रसविनी भूया.। २ देवा' परिणर्ति परमरमणीया विधेयासु। ३ सावित्रीसमा भूया.। ४. शिवो भूयात्। ५. सुवृष्टिश्चेदभविष्यत् सुभिक्षमभविष्यत्। ६. किं वाऽभविष्यदरुणस्तमसा विभेत्ता, त चेत् सहस्रकिरणो धुरि नाकरिष्यत्। ७. द्वन्द्व, न, अयोजयिष्यत्, विफलोऽभविष्यत्। **(घ)** १. पितृव्या, पितामही। २. पौत्रीषु, नप्तृषु, नप्त्रीषु स्नेहेन वर्तेत। ३ मातुल, मातुलानी, मातामह, मातामही, ज्ञातयश्च। ४. पुरन्ध्रीणा चित्तम्।

शब्दकोष-४५० + २५ = ४७५] **अभ्यास १९** (व्याकरण)

(**क**) कन्दुकः (गेंद), पादकन्दुकः (फुटबॉल), यष्टिक्रीडा (हॉकी का खेल), क्षेप-कन्दुकः (वॉली बॉल), पत्रिक्रीडा (बैडमिण्टन), पत्रिन् (चिड़िया), प्रक्षिप्त-कन्दुक-क्रीडा (टेनिस-का खेल), जालम् (नेट), काष्ठपरिष्करः (रैकैट), क्रीडाप्रतियोगिता (मैच), निर्णायकः (रेफरी), उपस्करः (फर्नीचर), आसन्दिका (कुर्सी), फलकम् (मेज), लेखन-पीठम् (डेस्क), काष्ठासनम् (बेंच), काष्ठमजूषा (अलमारी), मजूषा (सन्दूक), सवेशः (स्टूल), खट्वा (खाट), पल्यङ्कः (पलग), पर्यङ्क· (सोफा), निवारः (निवाड), पुस्तका-धानम् (बुक रैक), पर्पः (चारो ओर मुडनेवाली कुर्सी)। (२५)

व्याकरण (सखि, हृ धातु, अव्ययीभाव समास)

१. सखि शब्द के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ५)

२. हृ धातु के दोनों पदो के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० २८)

नियम १४४—(समास) (१) एक या अधिक शब्दो के मिलाने या जोडने को समास कहते है। समास का अर्थ है सक्षेप। समास करने पर समास हुए शब्दो के बीच की विभक्ति (कारक) नही रहती। समस्त (समासयुक्त) शब्द एक शब्द हो जाता है, अतः अन्त मे विभक्ति लगती है। समास के तोडने को 'विग्रह' कहते है। जैसे—राज्ञः पुरुषः (राजा का पुरुष) विग्रह है, राजपुरुषः (राजपुरुष) समस्त पद है। बीच की षष्ठी का लोप है। (२) समास के ६ भेद है—१. अव्ययीभाव, २. तत्पुरुष, ३. कर्मधारय, ४. द्विगु, ५. बहुव्रीहि, ६. द्वन्द्व।

नियम १४५—(अव्ययीभाव) (अव्यय विभक्ति०) अव्ययीभाव समास की पहचान यह है कि इसमे पहला शब्द अव्यय (उपसर्ग या निपात) होगा और दूसरा सज्ञा शब्द। अव्ययीभाव समासवाले शब्द नपु० एक० मे ही रहते है, उनके रूप नहीं चलते। इन अर्थों मे अव्ययीभाव समास होता है और ये अव्यय इन अर्थों मे आते है—१. विभक्ति। सप्तमी के अर्थ मे 'अधि'—हरौ>अधिहरि। २. समीप अर्थ मे 'उप'—कृष्णस्य समीपे>उपकृष्णम्। इसी प्रकार उपगगम्, उपयमुनम्। ३. समृद्धि अर्थ में 'सु'—मद्राणा समृद्धिः>सुमद्रम्। ४. व्यृद्धि (क्षय) अर्थ मे 'दुर्'—यवनाना व्यृद्धिः>दुर्यवनम्। ५. अभाव अर्थ मे 'निर्'—मक्षिकाणाम् अभावः> निर्मक्षिकम्। इसी प्रकार निर्जनम्, निर्विघ्नम्, निर्द्वन्द्वम्। ६ अत्यय (नाश) अर्थ मे 'अति'—हिमस्यात्ययः>अतिहिमम्। ७. असप्रति (अनुचित) अर्थ मे अति—अतिनिद्रम्। ८. शब्द-प्रादुर्भाव (शब्द का प्रकाश) अर्थ मे 'इति'—हरिशब्दस्य प्रकाशः>इतिहरि। ९. पश्चात् (पीछे) अर्थ मे 'अनु'—रथस्य पश्चात्>अनुरथम्। अनुहरि, अनुविष्णु। १०. यथा (योग्यता,प्रत्येक,अनुसार) के अर्थ मे। अनु —रूपस्य योग्यम्> अनुरूपम्। प्रति—गृह गृह प्रति>प्रतिगृहम्। यथा—शक्तिमनतिक्रम्य>यथाशक्ति। ११. आनुपूर्व्य अर्थ मे अनु—अनुज्येष्ठम्। १२. यौगपद्य अर्थ मे सह—चक्रेण सह>सचक्रम्। १३. सादृश्य अर्थ मे सह—सदृशः सख्या>ससखि। १४. सपत्ति अर्थ मे सह—सक्षत्रम्। १५. साकल्य (सहित) अर्थ मे सह—सतृणम्। १६. अन्त अर्थ मे सह—साग्नि (अग्नि ग्रन्थतक)। १७. तक अर्थ में आ—आसमुद्रम्, आबालवृद्धम्। १८. बाहर अर्थ मे बहिः—बहिर्वनम्। १९. समीप अर्थ मे अनु—अनुगङ्ग वाराणसी।

अभ्यास १९

संस्कृत बनाओ—(क) (सखि शब्द) १ तुम मेरे मित्र हो, जो चीज मेरी है, वह तुम्हारी हो गई। २ वह निकृष्ट मित्र है, जो राजा को ठीक शिक्षा नहीं देता। ३ वह नौकरों को प्रिय मित्रों के तुल्य मानता है। ४ मित्र वह है जो विपत्ति मे साथ नहीं छोडता। (ख) (हृ धातु) १. वह गाँव मे बकरी को ले जाता है। २ तुम मेरे सन्देश को ले जाओ (हृ)। ३ बादल लोगों के ताप को हरता है (हृ)। ४. मै तुम्हारे मनोहर गीत के राग से बहुत आकृष्ट हो गया हूँ। ५. हथिनी की गति किसके मन को नहीं हरती। ६ विधि कृश पर ही प्रहार करता है (प्र+हृ)। ७. वन से समिधाएँ लाओ (आ+हृ)। ८ अर्जुन ने कौरवो की बडी सेना का संहार किया (स+हृ)। ९. चन्द्रमा चाण्डाल के घर से अपनी चाँदनी को नही हटाता (स+हृ)। १०. ये बालक आवाज मे माता से मिलते-जुलते हैं (अनु+हृ)। ११ घोड़े पिता की चाल से चलते हैं और गाय माँ की चाल से (अनु+हृ, आ०)। १२. वह प्रातः उद्यान मे घूमता है (वि+हृ)। १३ चोर धन चुराता है (अप+हृ)। १४. अपने आप अपना उद्धार करे (उद्+हृ)। १५ उसने बात कही (उदाहृ)। १६ वह भात खाता है (अभ्यवहृ)। १७ लडकी को पुस्तक भेंट मे देता है (उपहृ)। १८. राम ने रावण के शिर पर प्रहार किया (प्रहृ)। (ग) (अव्ययीभाव) १ तुम प्रतिदिन कृश-शरीर हो रहे हो। २. प्रत्येक पात्र की देखभाल करो। ३. इसकी उत्कण्ठा बहुत बढ़ गई है। ४. सुविधानुसार यह काम करना। ५. पीछे-पीछे आ रहा हूँ। ६ अपनी इच्छानुसार करना। ७ आपने यहाँ से सबको भगा दिया। ८. महात्माओ के लिए क्या परोक्ष है। (घ) (क्रीडासनवर्ग) १ अंग्रेजी खेलो मे हाकी, फुटबाल, वालीबाल, बैडमिन्टन और टेनिस के खेल अधिक प्रचलित और प्रसिद्ध है। २. हाकी गेंद से, बैडमिन्टन चिडिया से और टेनिस गेंद से खेले जाते हैं। ३. बैडमिन्टन का रैकेट हल्का और टेनिस का रैकेट भारी होता है। ४. खेल के मैदान मे फुटबाल का मैच हो रहा है। ५. कालेज की कक्षाओ मे प्रायः यह फर्नीचर होता है, मेज, कुर्सियाँ, डेस्क और बेन्च। ६. घरेलू फर्नीचर में खाट, पलग, सोफा, तिपाई, अलमारी, बुक रैक, डाइनिंग टेबुल, पढाई की मेज, कुर्सी, आराम कुर्सी आदि होते है। ७. कुछ कार्यालयो मे मुडनेवाली कुर्सी, सेफ भी होते है। ८. पलग निवाड से बुनी जाती है।

संकेत—(क) १. यन्मम, तत्तवैव। २. किंसखा, साधु न शास्ति। ३. सखी निव प्रीतियुजोऽनुजीविनो दर्शयते। (ख) १ ग्रामम्, हरति। ३ लोकानाम्। ४ हारिणा प्रसभ हृत। ८ कुरूणा महतीं चमू समहार्षीत्। ९ नहि संहरते। १० स्वरेण मातरमनुहरन्ति। ११. पैतृकमश्वा अनुहरन्ते, मातृक गाव। १४ उद्धरेदात्मनात्मानम्। १५ वचनमुदाजहार। १६ भक्तमभ्यवहरति। (ग) १ अनुदिवस परिहीयसेऽङ्गैः। २. प्रतिपात्रमाधीयता यत्न। ३ अतिभूमिं गतोऽस्या रणरणक। ४ यथावकाशम्। ५ अनुपदमागत एव। ६ यथाभिलाषम्। ७. कृत भवता निर्मक्षिकम्। ८ किमीश्वराणा परोक्षम्। (घ) १ आंग्लक्रीडासु। ३ लघु, गुरु। ४ क्रीडाक्षेत्रे। ६ गृहोपस्करेषु, त्रिपादिका, भोजनफलकम्, लेखनफलकम्, सुखासन्दिका। ७. लौहमजूषा। ८ ऊयते।

शब्दकोष–४७५+२५ = ५००] **अभ्यास २०** (व्याकरण)

(क) अग्रजन्मन् (ब्राह्मण), अन्ववाय: (वंश), चातुर्वर्ण्यम् (चारो वर्ण), विपश्चित् (विद्वान्), श्रोत्रिय: (वेदपाठी), अनूचानः (सांगवेदज्ञ), समावृत्त: (स्नातक), यज्वन् (यज्ञकर्ता), अन्तेवासिन् (शिष्य), सतीर्थ्यः (सहपाठी), अध्वरः (यज्ञ), समितिः (सभा), संसद् (लोकसभा), आस्थानम् (सभागृह, असेम्बली हाल), सभासद् (सदस्य), स्थण्डिलम् (चबूतरा), विश्राणनम् (देना), प्राघुणः (पाहुन, अतिथि), सपर्या (पूजा), वाचयम (मुनि), इष्टापूर्तम् (धर्मार्थ यज्ञादि), मस्करिन् (संन्यासी), यमः (यम), नियमः (नियम), पौर्णमास: (पूर्णिमा का यज्ञ)। (२५)

व्याकरण (पति, श्रु धातु, तत्पुरुष समास)

१ पति शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० सं० ६)

२. श्रु धातु के दसो लकारो के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० सं० १६)

नियम १४६—(तत्पुरुष) तत्पुरुष समास उसे कहते है, जहाँ पर दो या अधिक शब्दो के बीच मे से द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी या सप्तमी विभक्ति का लोप होता है। समास होने पर बीच की विभक्ति का लोप हो जाएगा। जिस विभक्ति का लोप होगा, उसी विभक्ति के नाम से वह तत्पुरुष कहा जाएगा। जैसे—द्वितीया तत्पुरुष, षष्ठी तत्पुरुष आदि। (उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषः) इसमे बादवाले पद का अर्थ मुख्य होता है। (१) **द्वितीया**—(द्वितीया श्रितातीतपतित०)—कृष्णं श्रितः > कृष्णश्रितः। दुःखमतीत > दुःखातीत.। दु:ख पतितः > दुःखपतितः। शोकं गतः > शोकगतः। मेघम् अत्यस्तः > मेघात्यस्त.। भयं प्राप्त: > भयप्राप्त.। जीविकाम् आपन्न > जीविकापन्नः। (२) **तृतीया**—(तृतीया तत्कृतार्थेन०) शकुल्या खण्डः > शकुलाखण्डः। (कर्तृकरणे कृता०) बाणेन आहतः > बाणाहत.। खड्गेन हतः > खड्गहतः। नखैर्भिन्नः > नखभिन्नः। हरिणा त्रातः > हरित्रातः। विद्यया हीनः > विद्याहीनः। (पूर्वसदृश०) मासेन पूर्वः > मासपूर्वः। मात्रा सदृश > मातृसदृशः। पितृसमः। माषोनम्। वाक्कलहः। आचारनिपुणः। गुडमिश्र.। ज्ञानशून्यः। पितृतुल्यः। एकोनम्। (३) **चतुर्थी**—(चतुर्थी तदर्थार्थ०) यूपाय दारु > यूपदारु। द्विजाय इदम् > द्विजार्थम्। स्नानाय इदम् > स्नानार्थम्। भोजनार्थम्। भूताय बलि. > भूतबलिः। गवे हितम् > गोहितम्। गवे सुखम् > गोसुखम्। गोरक्षितम्। (४) **पंचमी**—(पंचमी भयेन) चोराद् भयम् > चोरभयम्। शत्रुभयम्। राजभयम्। वृकभीतिः। (अपेतापोढ०) सुखाद् अपेतः > सुखापेत.। कल्पनापोढः। रोगाद् मुक्तः > रोगमुक्तः। पापात् मुक्तः > पापमुक्तः। प्रासादात् पतितः > प्रासादपतितः। वृक्षपतितः, अश्वपतितः। (५) **षष्ठी**—(षष्ठी) राज्ञः पुरुषः–राजपुरुषः। ईश्वरस्य भक्तः > ईश्वरभक्तः। शिवभक्त, विष्णुभक्तः, देवपूजकः। मूर्त्याः पूजा > मूर्तिपूजा। देवपूजा। विद्यालय., देवालय., देवमन्दिरम्, सुवर्णकुण्डलम्। (६) **सप्तमी**—(सप्तमी शौण्डैः) शास्त्रे निपुणः > शास्त्रनिपुणः। विद्यानिपुणः, युद्धनिपुणः, कार्यदक्षः, कार्यचतुरः। जले लीन. > जललीनः। जलमग्नः। (सिद्धशुष्क०) आतपे शुष्कः > आतपशुष्कः। स्थालीपक्वः। चक्रबन्धः।

अभ्यास २०

संस्कृत बनाओः—(क) (पति शब्द) १. स्त्री के लिए पति ही एक गति है। २. स्त्री का पति ही देवता है। ३. पति के साथ बैठकर यज्ञ करने के कारण स्त्री को पत्नी कहा जाता है। ४ चन्द्रमा के साथ चाँदनी चली जाती है, मेघ के साथ विद्युत् अदृष्ट हो जाती है। स्त्रियाँ पति के मार्ग पर चलती है, यह अचेतनो ने भी स्वीकार किया है। (ख) (श्रुधातु) १ जो बडो की निन्दा करता है, वही पापी नही होता, अपितु जो उससे सुनता है, वह भी पापी होता है। २. मेरी अधूरी बात को सुनो। ३. मित्र सुनो, मेरी बात ठीक है या नही। ४ हे बादल, तुम बाद मे मेरा सन्देश सुनोगे। ५ बारह वर्ष मे व्याकरण पढ़ा जाता है। ६. मैने भ्रमरो के गुजन को सुना। ७ अपने से बड़ो की सेवा करो। ८. निर्धन की पत्नी भी सेवा नही करती। ९. जो हित की बात नही सुनता वह नीच स्वामी है। १० वह कहना नही सुनता। ११. विप्र को गाय देने की प्रतिज्ञा करता है। (ग) (तत्पुरुष०) १. समय पता चलाने के लिए मुझसे कहा गया है। २ यह माला देर तक रुकनेवाली है। ३. इस पात्र को हाथ मे लो। ४ यह चबूतरा अभी धुलने से शोभित है। ५. मेरे कुछ कहने की गुंजाइश नही है। ६ मेनका के कारण शकुन्तला मेरे देह के तुल्य है। ७ भरत मेरे वश की प्रतिष्ठा है। ८ सासारिक विषय ऊपर से सुन्दर लगते है, पर अन्त मे दुःखद होते हैं। ९. इस मृग को मैने बहुत प्रयत्न से पाला पोसा है। १० वह मेरा विश्वासपात्र है। ११. इस प्रकार काम करे कि अपना स्वार्थ भी नष्ट न हो। १२ सब कुछ भाग्य के अधीन है। (घ) (ब्राह्मणवर्ग) १. ब्राह्मण, मुनि और सन्यासी ये पापो से मुक्त, रोगो से मुक्त, शास्त्र मे निपुण, कार्य मे चतुर और ब्रह्म मे लीन होते है। २ विद्वान् ईश्वर के भक्त, देवो के पूजक, विद्या से युक्त और आचार मे निपुण होते है। ३ अध्यापन, अध्ययन, यजन, याजन, दान देना और लेना, ये ब्राह्मणो के स्वाभाविक कर्म हैं। ४. लोकसभा के हॉल मे विद्वान् सस्कृत के प्रचार और प्रसार के लिए भाषण देते है। ५. अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह ये यम है। ६. शौच सन्तोष तप स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान ये नियम है। ७. मनु का कथन है कि यमो का अवश्य पालन करे, केवल नियमो का नही। ८ वेदज्ञ, वेद पाठी, स्नातक, होता अध्वर्यु और उद्गाता ये यज्ञ मे ऋग् यजुः और साम के मन्त्रो का सस्वर उच्चारण कर रहे है।

संकेत —(क) १ स्त्रिया। २ दैवतम्। ३. अभिधीयते, निगद्यते। ४ शशिना सह याति कौमुदी, प्रलीयते। प्रमदा पतिमार्गगा इति प्रतिपन्न हि विचेतनैरपि। (ख) १ न केवल यो महतोऽपभाषते, शृणोति तस्मादपि य स पापभाक्। २ शृणु मे सावशेष वच। ३ मद्वचन सगतार्थं न वेति। ४ तदनु। ५ द्वादशभिर्वर्षैः, श्रूयते। ६ अश्रौषम्। ७ शुश्रूषस्व गुरून्। ८ न शुश्रूषते। ९ हितान्न य. सश्रृणुते स किंप्रभु। १० सशृणोति न चोक्तानि। ११ विप्राय गा प्रतिशृणोति, आशृणोति। (ग) १ वेलोपलक्षणार्थमादिष्टोऽस्मि। २ कालान्तरक्षमा। ३ हस्तसनिहित कुरु। ४ अभिनवमाजनसश्रीकोऽलिन्द। ५ न मे वचनावसरोऽस्ति। ६ मेनकासबन्धेन शरीरभूता मे शकुन्तला। ७ वशप्रतिष्ठा। ८ आपातरम्या विषया पर्यन्तपरितापिन। ९ प्रयत्नसवर्धित एष। १० विश्वासभूमि, विश्रम्भभूमि। ११ स्वार्थाविरोधेन वर्तेत। १२ सर्वं दैवायत्तम्। (घ) ३. दान प्रतिग्रहश्चैव ब्रह्मकर्म स्वभावजम्। ७ यमान् सेवेत सतत न नियमान् केवलान् बुध।

शब्दकोष–५०० + २५ = ५२५] **अभ्यास २१** (व्याकरण)

(क) अवनिपतिः (राजा), अमात्यः (मन्त्री), प्रधानमन्त्रिन् (प्राइम मिनिस्टर), मुख्यमन्त्रिन् (चीफ मिनिस्टर), मन्त्रिपरिषद् (केबिनेट), सचिवः (सेक्रेटरी), शिक्षा-सचिवः (एजुकेशन सेक्रेटरी), प्राड्विवाकः (वकील), मुद्रा (सिक्का), टकनम् (सिक्का ढालना), टकशाला (टकसाल), नैष्किकः (टकसालाध्यक्ष), रक्षिन् (सिपाही), योधः (योद्धा), सेनापतिः (सेनापति), चमूः (सेना), प्रतीहारः (द्वारपाल, अर्दली), अरातिः (शत्रु), करः (टैक्स), शुल्कः (फीस, चुँगी), शुल्कशाला (चुँगी), शौल्किकः (चुँगी का अध्यक्ष), चारः (दूत), राजदूतः (राजदूत), आतपत्रम् (छत्र)। (२५)

व्याकरण (सुधी, स्वभू, कृ पर०, कर्मधारय, द्विगु समास)

१. सुधी और स्वभू शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० ८,१०)

२. कृ धातु परस्मैपदी के दसों लकारों के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ९१)

नियम १४७—(तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः) तत्पुरुष के दोनो पदो मे जब एक ही विभक्ति रहती है, तब उसे कर्मधारय समास कहते है। इसमे साधारणतया प्रथम पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य होता है। इसके मुख्य नियम ये है—(१) विशेषण-पूर्वपद कर्मधारय—**(क)** (विशेषण विशेष्येण बहुलम्) विशेषण-विशेष्य समास—नीलम् उत्पलम्> नीलोत्पलम्। कृष्णः सर्पः > कृष्णसर्पः। इसी प्रकार नील-कमलम्, रक्तोत्पलम्। **(ख)** (कि क्षेपे) निन्दा अर्थ मे किम्—कुत्सित राजा किंराजा। कुत्सितः सखा किसखा। **(ग)** (कुगतिप्रादयः) सुन्दर अर्थ मे 'सु' और कुत्सित अर्थ मे 'कु'—सुन्दरः पुरुषः> सुपुरुषः। सुपुत्रः, सुदेशः, सुदिनम्। कुत्सितः पुरुषः कुपुरुषः। कुपुत्रः, कुदेशः, कुदिनम्, कुनारी। **(घ)** (सन्महत्परमो०) सत् महत् परम आदि—सत् चासौ जनः>सज्जनः। महान् चासौ आत्मा> महात्मा। महादेवः। **(ङ)** (दिक्सख्ये सज्ञायाम्) सज्ञावाची हो तो—सप्त च ते ऋषयः> सप्तर्षयः। (२) उपमानपूर्वपदकर्मधारय—(उपमानानि सामान्यवचनैः) उपमान शब्द का गुणबोधक सामान्यधर्म के साथ—घन इव श्यामः> घनश्यामः। (३) उपमानोत्तरपद कर्मधारय—(उपमित व्याघ्रादिभिः०) उपमेय का उपमान के साथ समास—पुरुषः व्याघ्र इव>पुरुषव्याघ्रः। मुख कमलमिव> मुखकमलम्। यह 'एव' लगाकर भी हो सकता है—मुखमेव कमलम्>मुखकमलम्। नरसिंहः, नृसिंहः, करकमलम्, पादपद्मम्, पुरुषर्षभः। (४) विशेषणोभयपद कर्मधारय—**(क)** (वर्णो वर्णेन) दोनो रगवाची हो—कृष्णश्चासौ श्वेतः>कृष्णश्वेतः। श्वेतरक्तम्, कृष्णसारगः। **(ख)** (क्तेन नञ्०) कृत च तत् अकृत च>कृताकृतम्। (पूर्वकालैक०) स्नातश्च अनुलिप्तश्च> स्नातानुलिप्तः। (५) उत्तरपदलोपी समास—(शाकपार्थिवादीना सिद्धये०) शाकप्रियः पार्थिवः>शाकपार्थिवः। चन्द्रसदृश मुखम्> चन्द्रमुखम्।

नियम १४८—(सख्यापूर्वो द्विगुः) जब कर्मधारय समास मे प्रथम शब्द सख्या-वाचक होता है तो वह द्विगु समास होता है। अधिकतर यह समाहार (समूह) अर्थ मे होता है और नपु० या स्त्री० एक० होता है। (१) समाहार अर्थ मे—पचाना गवा समाहारः>पचगवम्। इसी प्रकार त्रिलोकम्, त्रिलोकी, त्रिभुवनम्, चतुर्युगम्, दशाब्दी, शताब्दी। (२) तद्धितार्थ मे—षण्णा मातृणाम् अपत्यम्>षाण्मातुरः। पचकपालः। (३) उत्तरपद मे—पच गावो धन यस्य सः> पचगवधनः।

अभ्यास २१

संस्कृत बनाओः—(क) (सुधी, स्वभू) १. विद्वान् विद्वानो के साथ चलते है, मूर्ख मूर्खों के साथ। समान शील और व्यसनवालो मे मित्रता होती है। २. विद्वान् सर्वत्र आदर पाते है। ३. विद्वानो के सग से मूर्ख भी चतुर हो जाता है। ४. ब्रह्मा (स्वभू) से जगत् उत्पन्न होता है। ५. प्रलय के समय ससार ब्रह्म में ही लीन हो जाता है। (ख) (कृ धातु) १. क्या करूँ, कहाँ जाऊँ, बडी विपत्ति मे पड़ा हूँ। २. हसपदिका सगीत का अक्षराभ्यास कर रही है। ३. तुम अपनी ड्यूटी पर जाओ। ४. पिता, मै क्या करूँ। ५. राजा ने पुत्र को युवराज बनाया। ६. कुम्हार घडा बनाता है, शूद्र चटाई बनाता है। ७. घर बनाओ, सभा करो। ८. भिक्षा के लिए अजलि करता है। ९ मैं तुम्हारा कहना मानूँगा। १०. वह रात्रि मे स्त्री का रूप बनाकर घूमा। ११. उसने गले मे हार डाल लिया। १२ राजा उन उन कार्यों मे अध्यक्षो को लगावे। १३. धनुष को हाथ में लो। १४. उसने नगर मे जाने की इच्छा की। १५. इसने मेरे साथ अच्छा व्यवहार नही किया। (ग) (तत्पुरुष, कर्म०, द्विगु) १. यह मुझसे अपृथक् है। २ मै तुम्हारे अधीन हूँ। ३. यह मामला आपके हाथ मे है। ४ दिन लगभग ढल गया है। ५. बार-बार आग्रहपूर्वक पूछे जाने पर और जिद करने पर उसने सारी बात बताई। ६. इसके कथन से ही ऊँच-नीच का पता लग जायगा। ७. यदि आप को कोई विघ्न न हो तो मेरे साथ घूमने चलिए। ८. मित्र, मजाक की बात को सच न समझ लेना। ९. उसको अपने पद से हटा दिया गया है। १० सज्जन महात्मा करकमल से रक्त कमल को लेकर सप्तर्षियों की अर्चना करता है। ११. कुपुत्र कुपुरुष और कुनारी सुपुत्र सुपुरुष और सुनारी की निन्दा करते हैं। १२. दुष्टो के सहारक घनश्याम का यश त्रिभुवन और चतुर्युगी मे व्याप्त है। (घ) (क्षत्रियवर्ग) १. प्रधानमन्त्री श्री नेहरूजी मन्त्रिपरिषद् से मन्त्रणा करके ससद् मे नवीन योजनाओ को प्रस्तुत करते है। २. प्रान्तो मे मुख्यमन्त्री मन्त्रियो की सम्मति से कार्य करते है। ३. शिक्षामन्त्री शिक्षा सचिव के पास अपने आदेशो को भेजता है। ४. टकसाल का अध्यक्ष टकसाल मे सोने और चाँदी के सिक्के ढलवाता है। ५. चुगी का अध्यक्ष चुगी के अधिकारी को चुगी की आय का हिसाब प्रस्तुत करने का आदेश देता है।

संकेतः—(क) १ सुधिय सुधीभि, समानशीलव्यसनेषु सख्यम्। ३. प्रवीणता याति। ५ प्रलये—प्रलीयते। (ख) १ किं करोमि क्व गच्छामि, पतितो दु खमागरे। २ वर्णपरिचय करोति। ३. स्वनियोगमशून्य कुरु। ४ किं करवाणि। ५ युवराज कृत। ६ कुम्भकारो घट करोति, कटम्। ७ कुरु। ८ करोति। ९ करिष्यामि वचस्तव। १० स्त्रीरूप कृत्वा। ११ कण्ठे हारमकरोत्। १२ तेषु तेषु, कुर्यात्। १३ हस्ते कुरु। १४ गमनाय मतिमकरोत्। १५ अनेन मयि नोचित कृतम्। (ग) १ अव्यतिरिक्तोऽयमस्मच्छरीरात्। २ त्वदधीन। ३ अयमर्थस्त्वदायत्त। ४ परिणतप्रायमह। ५ निर्बन्धपृष्ट पुन पुनश्चानुबध्यमान। ६ अधरोत्तरव्यक्तिर्भविष्यति। ७. न चेदन्यकार्यातिपात। ८ परिहासविजल्पित सखे परमार्थेन न गृह्यता वच। ९. च्युताधिकार कृतोऽसौ। (घ) १ प्रस्तौति। ३ प्रेषयति। ४ रजतस्य, टकयति। ५ शुल्कग्राहिणम्, आय विवरण प्रस्तोतुमादिशति।

शब्दकोष-५२५ + २५ = ५५०] **अभ्यास २२** (व्याकरण)

(क) आहवः (युद्ध), प्रहरणम् (शस्त्र), आयुधम् (शस्त्रास्त्र), आयुधागारम् (शस्त्रागार), वर्मन् (कवच), कार्मुकम् (धनुष), निस्त्रिंशः (खड्ग), कौक्षेयक. (कृपाण), विशिखः (बाण), तूणीरः (तूणीर), करवालिका (गुप्ती), शल्यम् (बर्छी), प्रास. (भाला), तोमरः (गड़ासा), गदा (गदा), छुरिका (चाकू), धन्विन् (धनुर्धर), शरव्यम् (लक्ष्य), सायुगीन. (रणकुशल), जिष्णु (विजयी), कबन्धः (धड़), कारा (जेल), हस्तिपकः (हाथीवान), सादिन् (घुड़सवार), वैजयन्ती (पताका) । (२५)

व्याकरण (कर्तृ, कृ आत्मने०, बहुव्रीहि समास)

१. कर्तृ शब्द के पूरे रूप स्मरण करो । (देखो शब्द० स० ११)

२. कृ धातु आत्मनेपदी के दसो लकारो के रूप स्मरण करो । (देखो धातु० ९१)

नियम १४९—(अनेकमन्यपदार्थे) (अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहिः) जिस समास मे अन्य पद के अर्थ की प्रधानता होती है, उसे बहुव्रीहि समास कहते है । बहुव्रीहि समास होने पर समस्त पद स्वतन्त्र रूप से अपना अर्थ नही बताते, अपितु वे विशेषण के रूप मे काम करते है और अन्य वस्तु का बोध विशेष्य रूप मे कराते है । बहुव्रीहि की पहचान है कि अर्थ करने पर जहाँ जिसको, जिसने, जिसका, जिसमे आदि अर्थ निकले । बहुव्रीहि के पाँच भेद है—(१) समानाधिकरण, (२) व्यधिकरण, (३) सहार्थक, (४) कर्मव्यतिहार, (५) नञ् और उपसर्ग के साथ। **(१) समानाधिकरण बहुव्रीहि**—दोनो पदो मे प्रथमा विभक्ति रहती है । अन्य पदार्थ कर्ता को छोडकर कर्म करण आदि कोई भी हो सकता है । जैसे—(क) **कर्म**—प्राप्तमुदक य सः>प्राप्तोदक. । (ख) **करण**—ऊढ. रथ. येन स.>ऊढरथः (बैल) । हतशत्रुः (राजा), उत्तीर्णपरीक्षः (छात्र), कृतकृत्यः (मनुष्य), जितेन्द्रियः (पुरुष), दत्तचित्तः (पुरुष) । (ग) **सम्प्रदान**—दत्त भोजन यस्मै स.>दत्तभोजनः (भिक्षुक) । उपहृतपशुः (रुद्र), दत्तधनः (पुरुष) । (घ) **अपादान**—उद्धृतम् ओदन यस्मात् सा>उद्धृतौदना (स्थाली) । पतित पर्ण यस्मात् स > पतितपर्ण. (वृक्ष) । निर्गत भय यस्मात् सः> निर्भयः (पुरुष) । निर्बलः । (ङ) **सम्बन्ध**—पीतम् अम्बर यस्य सः> पीताम्बरः (कृष्ण) । इसी प्रकार दशाननः (रावण), चतुराननः (ब्रह्मा), चतुर्मुख', पद्मयोनिः, महाशय., महाबाहुः, लम्बकर्णः, चित्रगुः । (च) **अधिकरण**—वीराः पुरुषा यस्मिन् स > वीरपुरुषः (ग्राम) । **(२) व्यधिकरण बहुव्रीहि**—इसमे दोनो पदो मे विभक्तियाँ भिन्न होती है । धनुः पाणौ यस्य सः>धनुष्पाणिः । चक्रपाणि', कण्ठेकाल , चन्द्रशेखरः । **(३) सहार्थक**—(तेन सहेति तुल्ययोगे) साथ अर्थ मे बहुव्रीहि । सह को स । पुत्रेण सहित >सपुत्रः । इसी प्रकार साग्रज., सानुजः, सबान्धवः, सविनयम् , सादरम् । **(४) कर्मव्यतिहार**—(तत्र तेनेदमिति सरूपे) तृतीयान्त या सप्तम्यन्त का युद्ध होना अर्थ मे समास । पूर्वपद को दीर्घ, अन्त मे इ लगेगा और अव्यय होगा । केशेषु केशेषु गृहीत्वा इद युद्ध प्रवृत्तम्>केशाकेशि । दण्डैश्च दण्डैश्च प्रहृत्य०> दण्डादण्डि । मुष्टीमुष्टि । **(५) नञादि**—अविद्यमानः पुत्र. यस्य सः>अपुत्र. । प्रपतितपर्ण >प्रपर्ण. । अस्तिक्षीरा गौः ।

अभ्यास २२

संस्कृत बनाओ :—(क) (कर्तृ शब्द) १. दिलीप ने वसिष्ठ से वंश के चलानेवाले पुत्र को सुदक्षिणा मे माँगा। २ पाणिनि अष्टाध्यायी का, पतजलि महाभाष्य का और कालिदास रघुवंश का कर्ता है। ३. ऋण का करनेवाला पिता शत्रु है। ४. वक्ता श्रोता को धर्म सिखा रहा है। ५ जगत् का कर्ता धर्ता भर्ता और हर्ता ईश्वर है। ६. विश्व-नियन्ता पर श्रद्धा करो। (ख) (कृ धातु) १. उसने मन मे यह सोचा। २. आप अपनी थकान दूर कीजिए। ३. मै तुम्हारा और अधिक क्या उपकार करूँ। ४ ग्रीष्म समय के बारे मे गाइए। ५. विदेशियो के वेष का अनुकरण मत करो (अनु + कृ)। ६ सत्संगति पाप को दूर करती है (अपाकृ)। ७. देशभक्त नेता लोग लोगो का उपकार करते है (उपकृ)। ८. सौ रुपये धर्मार्थ लगाता है। ९ वह गीता की कथा करता है (प्रकृ)। १० वह शत्रु को हराता है (अधिकृ)। ११. मै मुनित्रय को नमस्कार करता हूँ (नमस्कृ)। १२. कामभाव चित्त को विकृत करता है (विकृ)। १३. बुद्धिमान का अपकार न करे (अपकृ)। १४. सज्जन मेरे घर को अलंकृत करे (अलंकृ)। १५. रूस देश चन्द्रमा तक जानेवाले विमानो का आविष्कार कर रहा है (आविष्कृ)। १६. यदि वह चोरी नही छोडता है तो बिरादरी से निकाल दिया जायगा (निराकृ)। १७. वेदाध्ययन मन को पवित्र करता है (संस्कृ)। १८. योद्धा धनुष खड्ग और कृपाण को स्वीकार करता है (स्वीकृ)। १९. स्त्रियाँ अपने घरो को सजाती है (परिष्कृ)। २०. निर्धन का तिरस्कार न करे (तिरस्कृ)। (ग) (बहुव्रीहि) १. राजाओ को उत्सव प्रिय होता है, वीरो को युद्ध और बालको को मनोरञ्जन। २. सूर्य ने एक बार ही अपने घोडे को जोता है, शेषनाग सदा भूमि का भार ढोता है, षष्ठांशवृत्ति राजा का भी यही धर्म है। ३ शकुन्तला बाएँ हाथ पर मुँह रक्खे बैठी है। ४. अच्छे प्रकार से धनुष पर चढाए हुए बाण को उतार लीजिए। (घ) (आयुधवर्ग) १. उर्वशी इन्द्र का कोमल हथियार है। २. तुम्हारे अतिरिक्त और किसीने मेरे शस्त्र को नही सहा है। ३. रणकुशल विजयी वीर कवच पहनकर हाथो मे धनुष, तलवार, बर्छी, भाले लेकर शत्रुओ को परास्त करते है और अपनी विजय वैजयन्ती को फहराते हैं। ४. प्राचीन समय मे कुछ घोडो पर, कुछ हाथियो पर और कुछ रथों पर बैठकर युद्ध करते थे।

संकेत —(क) १ वसिष्ठ वंशस्य कर्तारं तनयं सुदक्षिणाया ययाचे। ४ श्रोतारं, शास्ति। (ख) १ एवमकरोत्। २ परिश्रमविनोदं करोत्वार्यः। ३ किं ते भूयः प्रियमुपकरोमि। ४ समयमधिकृत्य गीयताम्। ५ वेषं वेषस्य वा अनुकुर्या। ६ अपाकरोति। ७ लोकानामुपकुर्वते। ८ शतं प्रकुरुते। ९ गीतां प्रकुरुते। १० अधिकुरुते। ११ मुनित्रयम्। १२ विकरोति (पर०)। १३ बुद्धिमतः। १५ विधुगामीनि विमानानि। १६ स्तेयम्, जात्या निराकरिष्यते। १७ संस्करोति। १८ स्वीकरोति। १९ परिष्कुर्वन्ति। २० निर्धनम्। (ग) १. उत्सवप्रिया राजानः, युद्धप्रिया वीराः, आमोदप्रिया बालाः। २ भानुः सकृद्युक्ततुरग एव, शेषः सदैवाहितभूमिभारः, षष्ठांशवृत्तेरपि धर्म एषः। ३. वामहस्तोपहितवदना तिष्ठति। ४ ततः सुकृतसन्धानं प्रतिसंहर। (घ) १ सुकुमारं प्रहरणम्। २. न मे त्वदन्येन विसोढमायुधम्। ३ परिधाय, अभिभवन्ति, उत्तोलयन्ति। ४. रथान् आरुह्य, अधिष्ठाय वा।

शब्दकोष-५५० + २५ = ५७५] **अभ्यास २३** (व्याकरण)

(क) भुशुडि. (बन्दूक), लघुभुशुण्डि. (पिस्तौल), शतघ्नी (तोप), गुलिका (गोली), अग्निचूर्णम् (बारूद), आग्नेयास्त्रम् (बम), आग्नेयास्त्रक्षेप. (बम फेकना), परमाण्वस्त्रम् (एटम बम), जलपरमाण्वस्त्रम् (हाइड्रोजन बम), धूमास्त्रम् (टीयर गैस), विमानम् (विमान), युद्धविमानम् (लडाई का विमान), पोतः (पानी का जहाज), युद्ध-पोतः (लडाई का जहाज), जलान्तरितपोतः (पनडुब्बी), एकपरिधानम् (एकवेषः, यूनिफार्म), सैन्यवेष (वर्दी), रक्षिन् (सिपाही), सैनिकः (फौजी आदमी), भूसेनाध्यक्ष. (भू-सेनापति), वायुसेनाध्यक्षः (वायु-सेनापति), नौसेनाध्यक्ष. (जलसेनापति), शिरस्त्रम् (लोहे का टोप), पदातिः (पैदल सेना)। (२४) **(ख)** परिखया परिवेष्ट्य (मोरचा बाँधना)।(१)

व्याकरण (पितृ, नृ, अद् और शास् धातु, बहुव्रीहि समास)

१. पितृ और नृ शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० १२, १३)

२. अद्, शास् के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ३१, ४२)

नियम १५०—(स्त्रिया' पुवद्भाषित०) बहुव्रीहि समास मे यदि पुलिग शब्द से बना हुआ स्त्रीलिग शब्द प्रथम पद हो तो उसे पुलिंग हो जाता है, ऊ को नही। (गोस्त्रियोः०) अन्तिम पद मे गो को गु, आ को अ, ई को इ हो जाता है। रूपवती भार्या यस्य सः>रूपवद्-भार्यः। चित्रा गावो यस्य सः>चित्रगुः। वामोरूभार्यः ही होगा।

नियम १५१—बहुव्रीहि समास करने पर इन स्थानो पर अन्तिम पद मे कुछ समासान्त प्रत्यय या परिवर्तन होते है—(१) (जायाया निङ्) जाया को जानि हो जाता है। युवतिः जाया यस्य सः>युवजानिः। भूजानिः, महीजानिः। (२) (धनुषश्च) धनुष् को धन्वन् हो जाता है। पुष्पाणि धनुः यस्य सः>पुष्पधन्वा (कामदेव)। शार्ङ्ग-धन्वा, शतधन्वा। (३) (गन्धस्येदुत्०) उत्, पूति, सु, सुरभि के बाद गन्ध को गन्धि होता है। शोभनः गन्धो यस्य सः>सुगन्धिः। सुरभिगन्धिः। (४) (पादस्य लोपो०) पाद को पाद् हो जाता है, कोई उपमान शब्द पहले हो तो, हस्ति आदि को छोडकर। (सख्यासुपूर्वस्य) कोई सख्या या सु पहले हो तो पाद को पाद्। व्याघ्रपात्। द्विपात्। सुपात्। द्विपदी। सप्तपदी। (५) (प्रसम्भ्या जानुनो ज्ञुः) प्र, सम् और ऊर्ध्व के बाद जानु को ज्ञु होता है। प्रज्ञु., सज्ञु, ऊर्ध्वज्ञुः। (६) (इच्कर्मव्यतिहारे) कर्मव्यतिहार मे अन्त मे इ लग जाएगा। केशाकेशि, दण्डादण्डि, बाहुबाहवि। (७) (धर्मादनिच्०) धर्म शब्द को धर्मन् हो जाता है। कल्याणधर्मा, समानधर्मा। (८) (नित्यमसिच् प्रजा-मेधयोः) नञ्, दु', सु के बाद प्रजा और मेधा मे अस् लग जाता है। अप्रजाः, सुप्रजाः। अमेधाः, दुर्मेधाः। (९) (उपसर्गाच्च) उपसर्ग के बाद नासिका को नस। प्रणसः, उन्नसः। (१०) (द्वित्रिभ्या ष मूर्ध्नः) द्वि त्रि के बाद मूर्धन् को मूर्ध। द्विमूर्धः। त्रिमूर्धः। (११) (अगुलेर्दारुणि) लकडी अर्थ मे अगुलि को अगुल। पचागुल दारु। (१२) (बहुव्रीहौ०) अक्षि को अक्ष। जलजाक्षः, कमलाक्षी। (१३) (बहुव्रीहौ सख्येये०) त्रि को त्र, विशति को विंश, दशन् को दश। द्वित्राः, द्विदशाः, आसन्नविंशाः।

नियम १५२—इन स्थानो पर अन्त मे क लगता है—(१) (उरः प्रभृतिभ्यः०) उरस् आदि के बाद। व्यूढोरस्कः, प्रियसर्पिष्कः। (२) (इनः स्त्रियाम्) इन् प्रत्ययान्त के बाद। बहुदण्डिका नगरी। (३) (नद्यृतश्च) ई, ऊ, ऋ के बाद। सुश्रीकः, सुवधूकः, सुमातृकः। (४) (शेषाद् विभाषा) अन्यत्र विकल्प से। महायशस्कः।

अभ्यास २३

संस्कृत बनाओ—(क)(पितृ, नृ) १. इससे बढकर और कोई धर्माचरण नही है, जितना पिता की सेवा और उनका कहना मानना । २ जगत् के माता-पिता पार्वती-परमेश्वर की वन्दना करता हूँ । ३ पार्वती ने पिता से अरण्य मे निवास की माँग की । ४. पिता सौ आचार्यों से बढकर है और माता सौ पिताओ से । ५. मनुष्यो मे तुम ही एक धन्य हो । ६. भगवन्, दीन मनुष्यो की रक्षा करो । (ख) (अद्, शास्) १. मै जिस जीव का मांस यहाँ खाता हूँ, वह परलोक मे मुझे खाएगा, यह मास का मांसत्व है (मा+स=मास) । २. फल खाओ, साग खाओ और दूध-घी खाओ । ३. वह बालक को धर्म सिखाता है । ४ मै तुम्हारा शिष्य हूँ, तुम्हारी शरण मे आया हूँ, तुम मुझे शिक्षा दो । ५. अद्वितीय शासनवाली पृथ्वी का उसने शासन किया । ६. शिष्य को वेद-ज्ञान दिया । ७. धार्मिक राजा चोरो को दण्ड दे । (ग) (बहुव्रीहि) १. कृष्ण की भार्या रूपवती है और उसकी गायें चितकबरी हैं । २. नल अद्भुत गुणो से युक्त पृथ्वी का पति था । ३. दुष्टो मे परस्पर बाल खींच कर, डण्डे मारकर, हाथा-पाई करके झगड़ा हुआ । ४ कामदेव का धनुष फूलो का है । (घ) (सैन्यवर्ग) १. डाक्टर राजेन्द्रप्रसाद भारत के राष्ट्रपति है और डा० राधाकृष्णन् उपराष्ट्रपति है । २. भू, वायु और जल सेना के कमाण्डर-इन-चीफो की एक बैठक सुरक्षा-मन्त्री के नेतृत्व मे दिल्ली मे हुई, जिसमे भारत की सुरक्षा के विषय मे विचार-विनिमय हुआ । ३. सिपाही वर्दी पहने पहरा दे रहे है । ४. फौजी लोगो ने विद्रोहियो को दबाने के लिए पहले टीयर-गैस छोडी और बाद मे बन्दूक, पिस्तौल और तोपो का प्रयोग करके उनको भस्मसात् कर दिया । ५. गत महायुद्ध मे अंग्रेजो का जगी बेडा बहुत प्रसिद्ध था । ६. आजकल रूस और अमेरिका के पास एटम बम, हाइड्रोजन बम और युद्ध के विमान सबसे अधिक है । ७. आजकल के युद्धो मे परमाणु-बमो और युद्ध-विमानो का महत्त्व बढ गया है । ८. बम फेककर हजारो लोगो का सहार किया जा सकता है । ९. बारूद से मकानों को उडाया जा सकता है । १०. नगर की सुरक्षा का भार एस० पी० और डी० एस० पी० पर मुख्यतः होता है । ११. प्रत्येक प्रान्त मे पुलिस के उच्च अधिकारी आई० जी० और डी० आई० जी० होते है । १२. लडाई मे मोर्चा बन्दी की जाती है, लडाई के विमान, पोत, पनडुब्बियो आदि का उपयोग होता है ।

सकेत—(क) १ अतो महत्तरम्, पितरि शुश्रूषा, वचनक्रिया । २ पितरौ, वन्दे । ३ पितरम् अरण्यनिवासम् अयाचत । ४ आचार्याणा शत पिता, पितॄणा शत माता, गौरवेणातिरिच्यते । ५ नृणाम् । ६. नॄन् पाहि । (ख) १. मा स भक्षयिताऽमुत्र यस्य मासमिहाद्म्यहम् । एतन्मांसस्य मासत्वम् । ३. शास्ति । ४. शिष्यस्तेऽहं, शाधि मां, त्वा प्रपन्नम् । ५. अनन्यशासनामुर्वी श.ास । ६ शिष्यायाशिषद् वेदम् । ७. चौरान् दण्डेन शिष्यात् । (ग) १. रूपवद्भार्यः, चित्रगुश्च कृष्ण । २ नल स भूजानिरभूद्गुणाद्भुत । ३. केशाकेशि, दण्डादण्डि, बाहूबाहवि युद्ध प्रवृत्तम् । ४ पुष्पधन्वा काम । (घ) २ समितिरेका । ३ परिधाय पर्यटन्ति । ४ विद्रोहिणा प्रशमनार्थम्, प्रहृतम्, प्रयुज्य । ५. नौसेना, विश्रुता । ६. रूसदेशस्य । ७. आधुनिकेषु । ९ विध्वसयितु शक्यन्ते । १०. कोटपाल, उपकोटपाल । ११. रक्षिणाम्, प्रधान-रक्षि-निरीक्षका, उपप्रधान-रक्षि-निरीक्षका । १२ परिखया

ब्दकोष–५७५ + २५=६००] **अभ्यास २४** (व्याकरण)

(क) वणिज् (वैश्य), वृत्तिः (जीविका), वाणिज्यम् (व्यापार), ऋणम् (कर्जा), तमर्णः (कर्जा देनेवाला), अधमर्णः (कर्जा लेनेवाला), कुसीदम् (सूद), कुसीदिकः ाहूकार), कुसीदवृत्ति (बैकिंग, साहूकारा), पण्यम् (सामान, सौदा), विपणिः ाजार), आपणः (दूकान), आपणिकः (दूकानदार), विक्रेता (बेचनेवाला), ग्राहकः ाहक, लेनेवाला), विक्रयः (बिक्री), वणिक्पञ्जिका (बही), दैनिकपञ्जिका (रोज- ामचा), नामक्रमपञ्जिका (लेखा बही), आये (सप्तमी, आयमध्ये), नाम्नि (सप्तमी, धारखाते), सख्यानम् (हिसाब), लेखकः (मुनीम), राशिः (धन, रकम)। (२४)। ख) पण् (खरीदना)। (१)।

व्याकरण (गो, अस् धातु, द्वन्द्व समास)

१. गो शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० स० १४)

२. अस् धातु के दसो लकारो के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ३२)

नियम १५३—(चार्थे द्वन्द्व) (उभयपदार्थप्रधानो द्वन्द्वः) जहाँ पर दो या धिक शब्दो का इस प्रकार समास हो कि उसमे च (और) अर्थ छिपा हुआ हो तो ह द्वन्द्व समास होता है। द्वन्द्व समास मे दोनो पदो का अर्थ मुख्य होता है। द्वन्द्व मास की पहचान है कि जहाँ अर्थ करने पर बीच मे 'और' अर्थ निकले। द्वन्द्व समास ीन प्रकार का होता है :—१ इतरेतर, २. समाहार, ३ एकशेष। **(१) इतरेतर**— हाँ पर बीच मे 'और' का अर्थ होता है तथा शब्दो की सख्या के अनुसार अन्त मे चन होता है अर्थात् दो वस्तुएँ हो तो द्विवचन, बहुत हो तो बहुवचन। प्रत्येक शब्द बाद विग्रह मे च लगेगा। रामश्च कृष्णश्च>रामकृष्णौ। इसी प्रकार सीतारामौ, माशकरौ, रामलक्ष्मणौ, भीमार्जुनौ। पत्र च पुष्प च फल च> पत्रपुष्पफलानि। राम- क्ष्मणभरताः। (परवल्लिंग द्वन्द्व०) द्वन्द्व मे अन्तिम शब्द के लिंग के अनुसार पूरे मास का लिग होगा। मयूरी च कुक्कुटश्च>मयूरीकुक्कुटौ। कुक्कुटश्च मयूरी च> क्कुटमयूर्यौ। पहले मे पु० है, दूसरे मे स्त्री०। **(२) समाहार**—जहाँ पर कई शब्द पना अर्थ बताते हुए समाहार (समूह) का अर्थ बताते है। इस समास मे अन्त मे पु० एक० ही रहता है। यह समास मुख्यतः इन स्थानो पर होता है :—**(क)** (द्वन्द्वश्च णितूर्य०) मनुष्य के अग, वाद्य के अग, सेना के अग मे—पाणी च पादौ च> णिपादम् (हाथ-पैर)। मार्दङ्गिकपाणविकम्, रथिकाश्वारोहम्। **(ख)** (जातिरप्राणि- म्) निर्जीव जातिवाचक शब्द। यवाश्च चणकाश्च> यवचणकम्। व्रीहियवम्। ग) (येषा च विरोधः०) जिनका जन्मसिद्ध वैर हो। अहिनकुलम्, गोव्याघ्रम्, काको- कम्। **(घ)** (विभाषा वृक्षमृग०) वृक्ष, मृग, पशु आदि मे विकल्प से। कुशकाशम्, कबकम्, गोमहिषम्, दधिघृतम्, पूर्वापरम्, अधरोत्तरम्। **(ङ)** (विप्रतिषिद्ध०) रोधी चीजो मे। शीतोष्णम्, सुखदुःखम्, पापपुण्यम्। **(च)** (द्वन्द्वाच्चुदषहान्तात्०) न्त मे चवर्ग, द, ष, ह होगे तो अ अन्त मे जुडेगा। वाक्त्वचम्। त्वक्स्रजम्। मीदृषदम्। वाक्त्विषम्। छत्रोपानहम्। **(३) एकशेष**—अभ्यास २५ मे देखो।

अभ्यास २४

संस्कृत बनाओ:—(क) (गो शब्द) १ गौएँ दूधवाली हो। २ चरागाह से गाय को लाओ। ३ बाडे मे गाय को बन्द करो। ४. गायो को पालो। ५ गाय की महिमा अपार है। ६ गायो मे काली गाय अधिक दूध देती है। ७ राम की बात सुनकर सीता बोली। (ख) (अस् धातु) १ जिसके पास स्वय बुद्धि नही है, शास्त्र उसका क्या भला कर सकता है। २ मेरे पास खाने को है। ३ जो मेरी चीज हैं, वह तुम ले लो। ४. उसके पास कुछ भी पैसा नही है। ५ वह चुप था। ६. अच्छा ऐसा ही सही। ७ सृष्टि के आदि मे न असत् था और न सत्। ८ मै पहले नहीं था, ऐसी बात नही है। ९ मै जो चाहता हूँ, वह तुम्हे मिले। १०. शिव तुम्हे मुक्ति दे। ११. सज्जनो के कल्याण के लिए श्री और सरस्वती का मेल हो। १२ और राजाओ का दिया हुआ मेरे साग और नमक भर को होगा। १३. जैसा मै उसके प्रति सोचता हूँ, क्या वह भी मेरे प्रति वैसा सोचती है। १४. सूर्य निकला। (ग) (द्वन्द्व) १ दुर्योधन और भीम का गदा-युद्ध प्रारम्भ हुआ। २ अतिथि के लिए पत्र, पुष्प और फल लाओ। ३ राम लक्ष्मण और भरत भ्रातृ-प्रेम की मूर्ति हैं। ४. मोरनी और मुर्गे वन मे घूम रहे है। ५. मुनि सुख दुःख, पाप-पुण्य और सर्दी गर्मी को समान मानता है। ६. घी-दूध, जौ-चने खाओ। ७ पूर्वापर और ऊँच-नीच को सोचकर बोलो। ८ छाता-जूता लाओ। (घ) (वैश्यवर्ग) १ बनिया साहूकारे का काम करता है, वह लोगो को रुपया उधार देता है और सूद वसूल करता है। २. आज बाजार मे बहुत रौनक थी, दूकाने सजी हुई थी, बनिए गाहको को सामान बेच रहे थे और वे नगद खरीद रहे थे। ३. कर्जा लेनेवाला सदा दुःखी रहता है और कर्जा देनेवाला पनपता है। ४ वाणिज्य सुख का मूल और वैभव का कर्ता है। ५. बनियों की दूकानो पर मुनीम रहते है, वे दूकान की आय और व्यय का पूरा हिसाब बहियों में लिखते है। जो आमदनी होती है, उसे आयमध्ये और जो उधार जाता है, उसे उधार खाते लिखते है। दैनिक आय-व्यय रोजनामचा मे लिखा जाता है और बाद मे वही लेखा बही मे वर्णानुक्रम से प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब मे लिखा जाता है। ६. बनिए रोज के रोज अपना हिसाब बहुत बारीकी से मिलाते हैं।

संकेत—(क) १ क्षीरिण्य। २ शाद्वलात्। ३ व्रजमवरुणद्धि गाम्। ४ पालय। ५. गोस्तु मात्रा न विद्यते। ६ कृष्णा बहुक्षीरा। ७ गा निशम्य। (ख) १ यस्य नास्ति स्वय प्रज्ञा, शास्त्र०। २. अस्ति मे भोक्तुम्। ३. यन्ममास्ति। ४ नहि तस्यास्ति किंचित् स्वम्। ५. तूष्णीम्। ६ एवमेव स्यात्। ७. नासदासीन्नो सदासीत्तदानीम्। ८. न त्वेवाह जातु नासम्। ९. ते ०दस्तु। १०. निःश्रेयसायास्तु व। ११ भूतये सगतम्। १२ अन्यैर्नृपालै परिदीयमानं शाकाय वा स्यात् लवणाय वा स्यात्। १३. किं नु खलु यथा वयमस्याम्, एवमियमप्यस्मान् प्रति स्यात्। १४. प्रादुरासीत्। (ग) ४ मयूरीकुक्कुटा। ५. शीतोष्णम्, मनुते। ७ अधरोत्तरम्। ८. छत्रोपानहम्। (घ) १ धनम् ऋणरूपेण यच्छति, गृह्णाति। २ अपूर्वा छटा, सुसज्जिता, वस्तूनि व्यक्रीणन, मूल्येन। ३ एधते। ४ मूलम्, कर्तृ। ५ आय, ऋणरूपेण दीयते, लिख्यते, आयव्ययविवरणे। ६ प्रत्यहम्, अतिसूक्ष्मतया गणयन्ति।

शब्दकोष-६०० + २५ = ६२५] अभ्यास २५ (व्याकरण)

(क) अभिकर्तृ (एजेण्ट, आढती), अभिकरणम् (एजेन्सी, आढत), शुल्कम् (कमीशन, दलाली), शुल्काजीव. (दलाल, कमीशन एजेण्ट), तुला (तराजू), तोलनम् (तोलना), तोलः (तोल), तुलामानम् (बाट, बटखरा), अर्घः (भाव, रेट), मूल्यम् (मूल्य), मूल्येन (तृ०, नगद), ऋणरूपेण (तृ०, उधार), अर्घापचितिः (भाव गिरना), अर्घोपचितिः (भाव चढना), मन्दायनम् (मन्दी), मूलधनम् (पूँजी), विनिमय. (अदल-बदल), आयातिः (बाहर से आना, इम्पोर्ट), निर्यातः (बाहर जाना, एक्सपोर्ट), करः (टैक्स), विक्रयकर. (सैल्स टैक्स), आयकरः (इन्कम टैक्स), क्रयः (खरीद), आयात-शुल्कम् (आयात पर चुगी), निर्यातशुल्कम् (निर्यात पर चुँगी)। (२५)।

व्याकरण (प्राञ्च्, उदञ्च्, ब्रू धातु, एकशेष, अलुक् समास)

१. प्राञ्च्, उदञ्च् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द०स०१६, १७)

२. ब्रू के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ४७)

नियम १५४—(एकशेष) मुख्यतः एकशेष इन स्थानो पर होता है—**(क)** (सरूपाणाम्०)। द्विवचन बहुवचन मे एक शब्द शेष रहेगा, उसीसे विभक्ति होगी। वृक्षश्च वृक्षश्च>वृक्षौ। वृक्षाः। **(ख)** (पिता मात्रा) पिता-माता मे पितृ शेष रहेगा, उससे द्विवचन। माता च पिता च>पितरौ। **(ग)** (पुमान् स्त्रिया) स्त्रीलिंग पुलिंग मे पु० शेष रहेगा, उससे द्वि०। हसी च हसश्च>हसौ।

नियम १५५—(एकशेष) (नपुसकमनपुसकेन०) यदि एक वाक्य मे पुलिंग और स्त्रीलिंग शब्द है तो सर्वनाम और क्रिया पु० होगी। यदि पु० स्त्री० नपु० तीनो है तो सर्वनाम और क्रिया नपुसक होगी। शुक्लः पटः, शुक्ला शाटी, ताविमौ क्रीतौ।

नियम १५६—(एकशेष) (त्यदादीनि०) कोई शब्द और सर्वनाम होगा, तो सर्वनाम शेष रहेगा। कई सर्वनाम होगे तो अन्तिम शेष रहेगा। स रामश्च>तौ।

नियम १५७—(एकशेष) प्रथम, मध्यम, उत्तमपुरुष एकत्र हो तो क्रिया इस प्रकार रहेगी। **(क)** प्रथम० + प्रथम० = क्रिया प्रथमपुरुष। वचन समूह के अनुसार। रामः रमा च पठतः। **(ख)** प्रथम० + मध्यम० = क्रिया मध्यम पु०। वचन सख्या-नुसार। स त्व च पठथः। ते यूय च गच्छथ। **(ग)** यदि उत्तमपुरुष होगा तो वही शेष रहेगा। स त्वम् अह च पठामः।

नियम १५८—(नञ्समास) (नञ्, तस्मान्नुडचि) तत्पुरुष और बहुव्रीहि मे नञ् समास होता है। नञ् का 'अ' शेष रहता है। बाद में कोई स्वर होगा तो अ को अन हो जायगा। न ब्राह्मण >अब्राह्मणः। न पुत्रः यस्य स.>अपुत्रः। न उपस्थितः> अनुपस्थितः। अतिथिः, अज्ञः, अनुचितः, अनादरः, अनुदारः, अनीश्वरवादी।

नियम १५९—(अलुक् समास) जिन स्थानो पर बीच की विभक्ति का लोप नहीं होता है, उसे अलुक् समास कहते है। विभक्ति-लोप इन स्थानों पर नहीं होता है। परस्मैपदम्, आत्मनेपदम्, युधिष्ठिरः, कण्ठेकाल. (शिव), अन्तेवासिन् (शिष्य), पश्यतोहरः (सुनार, डाकू), देवानाप्रियः (मूर्ख), शुनःशेपः (नाम), दिवोदासः (नाम), खेचरः (देव आदि), सरसिजम् (कमल), मनसिजः (काम), पात्रेसमिताः (खाने के साथी), गेहेशूरः (घर मे शूर), गेहेनर्दी (घर मे ही चिल्लानेवाला)।

अभ्यास २५

संस्कृत बनाओ—(क) (प्राञ्च् , उदञ्च्) १. इस विषय मे पूर्व, पश्चिम और उत्तर के वैयाकरणो मे एकमत नहीं है। २ पूर्व पश्चिम और उत्तर के लोग अपने-अपने प्रदेश को अधिक मानते हैं। ३. पूर्व दिग्भाग मे सूर्य उदय होता है, पश्चिम मे अस्त होता है। उत्तर मे हिमालय शोभित होता है। ४. पूर्व दिशा मे अब चन्द्रमा निकल रहा है और सूर्य पश्चिम मे छिप रहा है। उत्तर मे हिमालय है। (ख) (ब्रू धातु) १ मै शकुन्तला के विषय मे कह रहा हूँ। २. वह बच्चे को धर्म बता रहा है। ३. तुमसे क्या कहे। ४. सज्जन कार्य से अपनी उपयोगिता बताते हैं, न कि मुँह से। ५. मेरे चार प्रश्नो का उत्तर दो। ६. दिलीप ने शेर को उत्तर दिया। ७. सत्य बोले, प्रिय बोले, अप्रिय सत्य न बोले। ८. मैने कहा कि चरित्र की उन्नति से देशोन्नति होती है। (ग) (एकशेष, अलुक्) १. माता-पिता की वन्दना करता हूँ। २. एक कापी, एक होल्डर और एक पुस्तक, ये तीन चीजे खरीदी। ३. एक डडा और एक साडी, ये दो खरीदे। ४. देवदत्त और तुम कब खेलने जाओगे। ५. देवदत्त, तुम और हम सब आज घूमने चलेंगे। ६ कक्षा मे अनुपस्थित न हो, अनीश्वरवादी न हो, अतिथि का अनादर न करो, अनुदार मत हो। ७. अज्ञ अनुचित कार्य करते हैं। ८. सुनार देखते-देखते सोना चुरा लेता है। ९. आजकल अधिकाश मित्र खाने के साथी होते हैं, मौका पड़ने पर काम नही आते। १०. कुत्ता भी घर पर शेर होता है। (घ) (व्यापारवर्ग) १ आढती आढत करता है, दूसरे के लिए सामान मँगाता है और बेचता है। २. दलाल कमीशन लेकर एक का सामान दूसरे के हाथ बिकवाता है। ३. गाहक दूकानदार से वस्तुओ का भाव पूछता है। ४. दूकानदार तराजू पर बाट रखकर सामान तोलता है, डंडी नही मारता है। ५. कुछ दूकानदार डडी भी मारते है और कम तोल देते है। ६. सदा नगद लेना चाहिए। ७. उधार लेना और उधार देना दोनों ही अनुचित और हानिकारक है। ८. भाव कभी गिरता है, कभी चढता है, कभी मन्दी भी आती है। ९. सरकार ने विक्री पर सैल्स टैक्स, आयात पर आयात-कर, निर्यात पर निर्यात-कर और आमदनी पर इन्कम टैक्स लगाए हुए हैं।

संकेतः—(क) १ प्राचां प्रतीचामुदीचां नैकमत्यम्। २ प्राञ्च॰ प्रत्यञ्च उदञ्च॰। ३, प्राचि दिग्भागे, प्रतीचि, उदीचि। ४ प्राच्या दिशि, प्रतीच्याम् , उदीच्याम्। (ख) १. शकुन्तला-मधिकृत्य ब्रवीमि। २ माणवक धर्म ब्रूते। ३ किं त्वां प्रति ब्रूमहे। ४ ब्रुवते हि फलेन साधवो, न कण्ठेन निजोपयोगिनाम्। ५ ब्रूहि मे चतुर प्रश्नान्। ६. प्रत्यब्रवीत्। ७ सत्य ब्रूयात्, प्रियम्। ८. अवोचम्। (ग) १ पितरौ। २. एतानि त्रीणि वस्तूनि। ३. एतौ द्वौ। ४ गमिष्यथः। ५ गमिष्याम। ८. पश्यतोहर पश्यत एव, मुष्णाति। ९ पात्रेसमिता भवन्ति, न तु कार्ये। १०. गेहेशूर॰, गेहेनर्दी वा। (घ) १. आनाययति, विक्रीणीते। २. अपरस्य हस्ते, विक्रापयते। ४. तोलयति, कूटमानं न कुरुते। ६ ग्रहीतव्यम्। ७ दानादानम् , द्वयमेव। ८. जातु अर्घापचिति-र्भवति। ९. सर्वकारेण, निर्धारितानि सन्ति।

शब्दकोष–६२५ + २५ = ६५०] **अभ्यास २६** (व्याकरण)

(क) अन्नम् (अन्न), शस्यम् (अन्न, खेत मे विद्यमान), धान्यम् (धान, भूसी सहित), तण्डुलः (चावल, भूसी-रहित), व्रीहिः (चावल), गोधूम. (गेहूँ), चणकः (चना), यवः (जौ), माष. (उडद), मुद्गः (मूग), मसूर. (मसूर), सर्षपः (सरसो), आढकी (अरहर), द्विदलम् (दाल), तिलः (तिल), कलायः (मटर), यवनालः (ज्वार), प्रियगुः (बाजरा), चूर्णम् (आटा), चणकचूर्णम् (बेसन), मिश्रचूर्णम् (मिस्सा आटा), अणुः (बासमती चावल), श्यामाकः (सावा, जगली चावल), वनमुद्ग. (लोभिया), रसवती (रसोई)। (२५)

व्याकरण (पयोमुच्, वणिज्, या, पा धातु, समासान्तप्रत्यय)

१. पयोमुच्, वणिज् के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० १५,१८)

२. या और पा धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ४०,४१)

नियम १६०—(समासान्तप्रत्यय) निम्नलिखित स्थानो पर समास होने के बाद अन्त मे कोई प्रत्यय होता है। बहुव्रीहि के समासान्त प्रत्ययो के लिए देखो नियम १५१ और १५२। द्वन्द्व के समासान्त प्रत्यय के लिए देखो नियम १५३ (च)। (१) (राजाहःसखिभ्यष्टच्) टच् होकर समास के अन्त मे राजन् को राज, अहन् को अह या अह्न, सखि को सख हो जाता है। महान् चासौ राजा>महाराज.। देवराज.। उत्तमम् अह'>उत्तमाहः। कृष्णस्य सखा>कृष्णसख.। (२) (अह्नोऽह्न एतेभ्य') इन स्थानों पर अहन् को अह्न होता है। सर्वाह्णः, पूर्वाह्णः, मध्याह्न, सायाह्न, द्व्यह्न., अपराह्णः। (न सख्यादेः०) सख्या पहले होगी तो समाहार मे अहन् का अह ही होगा। एकाहः, द्व्यहः, त्र्यहः। (३)(आन्महतः०)प्रथम पद के महत् को महा हो जाता है, कर्मधारय और बहुव्रीहि मे। महात्मा, महादेवः, महाशयः। (४) (अहःसर्वैकदेश०) अच् होकर रात्रि को रात्र हो जाता है, अहः सर्व आदि के बाद। अहोरात्र', सर्वरात्रः, पूर्वरात्रः, द्विरात्रम्, नवरात्रम्, अतिरात्र.। (५) (अनोऽश्मायः०) अनस्, अश्मन्, अयस् और सरस् के अन्त मे टच् (अ) जुड जाता है, जाति या सज्ञा अर्थ मे। उपानसम्, अमृताश्मः, कालायसम्, मण्डूकसरसम्। महानसम् (रसोई), पिण्डाश्मः, लोहितायसम्, जल्सरसम्। (६) (ऋक्पूरब्धूः०) समासान्त अ होकर ऋच् को ऋच, पुर् को पुर, अप् को अप, धुर् को धुरा, पथिन् को पथ हो जाता है। ऋचः अर्धम्>अर्धर्च.। विष्णोः पूः>विष्णुपुरम्। विमलाप सरः। राजधुरा। सुपथो देश.। (७) (द्व्यन्तरुपसर्गेभ्यो०) इन स्थानों पर अन्तिम अप् को ईप हो जाता है। द्वीपम्, अन्तरीपम्, प्रतीपम्, समीपम्। (८) (अच्प्रत्यन्वव०) अच् होकर इन स्थानो पर लोमन् को लोम होता है। प्रतिलोमम्, अनुलोमम्, अवलोमम्। (९) (अचतुर०) ये निपातन से रूप बनते है। नक्तन्दिवम्, रात्रिंदिवम्, अहर्दिवम्, नि'श्रेयसम्, पुरुषायुषम्, ऋग्यजुषम्। (१०) (न पूजनात्, किमः क्षेपे, नञस्तत्पुरुषात्) पूजा, निन्दा अर्थ मे और नञ् समास होने पर कोई समासान्त नही होगा। सुराजा, किराजा, अराजा, असखा (११) (अव्ययीभावे शरत्०) अव्ययीभाव मे (क) शरद् आदि से टच् (अ) होगा। उपशरदम्, प्रतिविपाशम्। (ख)(प्रतिपर०) प्रति, पर, सम्, अनु के बाद अक्षि को अक्ष होगा। प्रत्यक्षम्, परोक्षम्, समक्षम्। (ग) (अनश्च) अन्नन्त को टच् (अ) और अन् का लोप होगा। उपराजम्, अध्यात्मम्।

अभ्यास २६

संस्कृत बनाओ—(क) (पयोमुच्, वणिज्) १. बादल गरजता है। २. बादल की बूँदो से सींची हुई वन-राजि शोभित हुई। ३. बादल की पंक्तियो में बिजली की तरह वह राजा चमक रहा था। ४ बादलो मे बिजली चमकती है। ५. सत्यवक्ता सदा निर्भय होते है। ६ बनियों का टका ही धर्म और टका ही कर्म है। ७. बनिया व्यापार मे सर्वस्व लगा देता है, देश और विदेश मे सर्वत्र ही व्यापारार्थ जाता है। ८. राजा का (भूभुज्) दाहिना हाथ मन्त्री होता है। ९ वैद्यो की (भिषज्) परीक्षा सन्निपात रोग में होती है। १० अग्नि (हुतभुज्) की लपटें उठ रही हैं। (ख) (या, पा धातु) १ भाग्य से ही धन आते हैं और जाते हैं। २ जवानी ढल जाती है। ३. विश्वासघातक सर्वत्र निन्दित होता है। ४ बच्चा दाई की अगुली पकडकर चला। ५. दिलीप गाय के पीछे चला। ६ अच्छा यह छोडो, ठीक बात पर आवो। ७. तुम्हारी बुद्धि मारी गई है। ८ झूठ बोलने से मनुष्य गिर जाता है। ९. बच्चा सोता है। १०. खिलाने से कौन वश मे नहीं आ जाता। ११. सूर्य उदय होता है और अस्त होता है। १२ नदी के पार जाता है। १३ गाय उस राजा से शोभित हुई (भा)। १४ तुम पिता की तरह प्रजा की रक्षा करते हो। १५. शिव तुम्हारी रक्षा करे। (ग) (समासान्त) १ वह महाराजा कृष्ण का सखा है। २ दिन-रात परिश्रम से काम करो। ३. तालाब का जल स्वच्छ है। ४. इस नगर की सडकें अच्छी हैं। ५. अध्यात्म में मन लगाओ। (घ) १ बाजार मे सभी दूकानो पर गेहूँ, जौ, चना, चावल, दाल, मटर, ज्वार, बाजरा बिकते हैं। २ आजकल कई दाले चल रही हैं, अरहर की दाल, उडद की दाल, मूँग की दाल और मसूर की दाल। ३. गेहूँ के आटे का भाव १८ रु० मन है। ४ गेहूँ का आटा और बेसन की रोटी जाडे मे अधिक स्वादिष्ट लगती है। ५. बासमती चावल का भात मीठा होता है। ६. भात और दाले अच्छी पकी होती हैं तो भोजन रुचिकर और पौष्टिक होता है। ७ आज रसोई मे मीठे चावल, नमकीन चावल, अरहर उडद मूँग और मसूर की दाले बनी है।

संकेतः—(क) १ गर्जति। २ पृषतै सिक्ता। ३. पङ्क्तिषु विद्युदिव व्यरुचत्। ४ जलमुक्षु, द्योतते। ५ सत्यवाच। ६ वणिजो वित्तधर्माणो वित्तकर्माणश्च भवन्ति। ७. नियुङ्क्ते। ८ भूभुजाम्। ९. भिषजा सान्निपातिके०। १० हुतभुजोऽर्चींषि उद्यान्ति। (ख) १ भवन्ति यान्ति। २ यौवनमवनतिं याति। ३ वाच्यता याति। ४ धात्र्या, अवलम्ब्य, ययौ। ५. ग मन्वग् ययौ। ६ यातु, प्रकृतमनुसधीयताम्। ७ यातस्तवापि च विवेक। ८. लघुता याति। ९ निद्रा याति। १० को न याति वश लोके मुखे पिण्डेन पूरित। ११ उदय याति, अस्त याति। १२ पार याति। १३ बभौ। १४ प्रजा· पासि। १५ पातु व। (ग) १ कृष्णसख·। २. नक्तन्दिवम्। ३ विमलाप सर। ४. सुपथ नगरम्। ५ अध्यात्मे, कुरु। (घ) १. विक्रीयन्ते। २. व्यवह्रियन्ते, आढकीद्विदलम्, माषद्विदलम्। ३. प्रतिमनम् अष्टादशरूप्यकाणि। ४. शरदि, रोचते। ५ भक्तम्। ६ सुपक्वानि चेत्। ७ मिष्टौदनम्, लवणौदनम्, पक्वानि।

शब्दकोष-६५० + २५ = ६७५] **अभ्यास २७** (व्याकरण)

(क) रोटिका (रोटी), पूपला (फुलका), पूलिका (पूरी), शष्कुली (खस्ता पूरी), पिष्टिका (कचौडी), पूपिका (परॉठा), लप्सिका (हलुआ), पायसम् (खीर), सूत्रिका (सेवई), पक्वान्नम् (पकवान), सूपः (दाल), शाकः (साग), राज्यक्तम् (रायता), क्षीरम् (दूध), आज्यम् (घी), नवनीतम् (मक्खन), तक्रम् (मट्ठा), यवागूः (लपसी, आटे का हलुआ), दाधिकम् (लस्सी), कृशरः (खिचडी), शर्करा (शक्कर, बूरा), सिता (चीनी), सन्धितम् (अचार), अवलेहः (चटनी), किलाटः (खोवा) । (२५)

व्याकरण (भूभृत् शब्द, दुह्, लिह् धातु, स्त्रीप्रत्यय)

१. भूभृत् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो । (देखो शब्द० स० १९)

२. दुह् और लिह् धातु के पूरे रूप स्मरण करो । (देखो धातु० ३६, ३७)

नियम १६१—पुलिग शब्दो को स्त्रीलिग बनाने के लिए जो प्रत्यय लगते है, उन्हे स्त्रीप्रत्यय कहते है । ये साधारणतया ३ है—१. टाप् (आ), २. ङीप् (ई), ३. ङीष् (ई) । इनके रूप रमावत् या नदीवत् चलेगे । **(क) टाप्**—(१) (अजाद्यतष्टाप्) अज आदि और अकारान्त शब्दों के अन्त मे टाप् (आ) लगता है । जैसे-अज>अजा, बाल>बाला । इसी प्रकार अश्वा, कोकिला, प्रथमा, द्वितीया, ज्येष्ठा, कनिष्ठा । (२) (प्रत्ययस्थात्कात्०) यदि शब्द के अन्त मे 'अक' होगा तो टाप् होने पर 'इका' हो जाएगा । कारक>कारिका । इसी प्रकार गायिका, अध्यापिका, मूषिका, बालिका ।

नियम १६२—(ख) **ङीप्**—(१) (उगितश्च) जिन प्रत्ययो मे से उ या ऋ का लोप होता है, उनमे अन्त मे ङीप् (ई) लगेगा । जैसे—मतुप् , शतृ, क्तवतु, ईयसुन् प्रत्ययवाले शब्द । मतुप्—श्रीमत्>श्रीमती । बुद्धिमती, विद्यावती, भगवती । शतृ—पठत्>पठन्ती । लिखन्ती, हसन्ती, गच्छन्ती, कुर्वन्ती । क्तवतु—गतवती, पठितवती । ईयस्—श्रेयसी, गरीयसी, भूयसी, ज्यायसी । (२) (ऋन्नेभ्यो ङीप्) अन्त मे ऋ या न् होगा तो ङीप् (ई) लगेगा । कर्तृ>कर्त्री । हर्त्री, धर्त्री, भर्त्री, कवयित्री, अध्येत्री, विधात्री । दण्डिन्>दण्डिनी । मानिनी, मनोहारिणी, तपस्विनी, राज्ञी । (३) (टिड्ढाणञ्०) टित्, ढ (एय), अण् (अ), अञ् (अ), ठक् (इक), ठञ् (इक) आदि प्रत्यय होने पर ङीप् (ई) होगा । जैसे—टित्—नदी, पुरातनी, सनातनी । दैविकी, भौतिकी, आध्यात्मिकी । (४) (वयसि प्रथमे) बाल्य और युवा आयु मे ङीप् (ई) । कुमारी, किशोरी, तरुणी । (५) (द्विगोः) द्विगु समास मे । त्रिलोकी, शताब्दी, चतुर्युगी ।

नियम १६३—**(ग) ङीष्**—(१) (षिद्गौरादिभ्यश्च) षित् और गौर आदि से ङीष् (ई) । नर्तकी, गौरी, रजकी । (२) (पुयोगादा०) गोप की स्त्री> गोपी । शूद्री । (३) (जातेरस्त्री०) जातिवाची शब्दो से । ब्राह्मण>ब्राह्मणी । हरिणी, मृगी, सिंही । परन्तु क्षत्रिया, वैश्या ही होगा । (४) (वोतो गुणवचनात्) गुणवाची से विकल्प से । मृद्वी, मृदुः । (५)(इन्द्रवरुणभव०) इन्द्र आदि मे आनी लगेगा । इन्द्राणी, भव>भवानी, शर्व>शर्वाणी, मातुल>मातुलानी, उपाध्याय> उपाध्यायानी, आचार्य>आचार्याणी, आचार्या । यवन> यवनानी (लिपि) ।

नियम १६४—इन शब्दो के स्त्रीलिंग में ये रूप होते है—पति>पत्नी, युवन्> युवतिः, श्वशुर> श्वश्रूः, विद्वस्>विदुषी, राजन्>राज्ञी, नर>नारी, युवत्>युवती ।

अभ्यास २७

संस्कृत बनाओ—(क) (भूभृत्) १. राजा की (भूभृत्) नीति का सर्वत्र आदर है, क्योकि वह जनता को अपनी प्रजा के तुल्य मानता है। २ राजा मे (भूभृत्) गुण है और पर्वत पर (भूभृत्) ओषधियॉ है। ३. राजाओ का (महीभृत्) हित प्रजा के हित के साथ जुडा हुआ है। ४. राजा के (महीक्षित्) धार्मिक होने पर प्रजा धार्मिक होती है। ५. चन्द्रमा (शशभृत्) की चॉदनी जगत् को आह्लादित करती है। ६. कोयल (परभृत्) की कू-कू आवाज कानो को अच्छी लगती है। ७. हवाएँ (मरुत्) सुखद बह रही थी। ८ रघु ने विश्वजित् यज्ञ मे समस्त खजाना दान मे दे दिया था। **(ख)** (दुह् , लिह्) १. गाय से दूध दुहता है। २. दिलीप यज्ञ के लिए पृथ्वी से कर लेता था। ३ ग्वाले ने गाय को दुहा। ४. सत्य और प्रिय वाणी कामनाओ को पूर्ण करती है, अशोभा को दूर करती है और कीर्ति को देती है। ५. भौरे पद्मो से मधु पी रहे है। ६. गाय ने बछडे को चाटा। ७ किसी मूर्ख ने बन्दर की छाती पर हार डाला। बन्दर ने उसे चाटा, सूँघा और लपेटकर उस पर बैठ गया। **(ग)** (स्त्रीप्रत्यय) १. गायिका गाती है, अध्यापिका पढाती है, बालिका पढती है, तपस्विनी तप करती है, रानी शृगार कर रही है, पत्नी खाना पकाती है, कवयित्री कविता करती है, नर्तकी नाचती है, युवति वस्त्रो को सीती है, धोबिन कपडे धोती है। २. जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढकर हैं। ३. सास-ससुर, नर-नारी, युवा-युवतियॉ, राजा रानी, पति-पत्नी, विद्वान्-विदुषी, उपाध्याय-उपाध्यायानी, आचार्य-आचार्याणी प्रात.काल उद्यान मे घूमते हैं। ४ आचार्य की स्त्री आचार्याणी होती है, जो स्वय पढाती है वह आचार्या होती है। ५ यूनानी लिपि देवनागरी लिपि से भिन्न है। **(घ)** (भक्ष्यवर्ग) १. आज दिवाली का शुभ पर्व है। सभी घरो में स्त्रियॉ रसोई और चूल्हे को पोतकर पूरी, खस्तापूरी, कचौडी, हलुवा, खीर, सेवई आदि पकवान बना रही हैं। वे कुटुम्ब के लोगो को खाना परोसती हैं और पकवान के साथ साग, रायता, अचार, चटनी, पापड, दही, चीनी और बूरा भी परोसती है। २. साधारणतया प्रतिदिन रोटी, फुलका, भात, दाल, साग, चटनी, अचार ही खाया जाता है। दाल-साग मे घी डाला जाता है। ३ कभी-कभी खिचडी, कढी और लपसी भी बनती है। ४ नाश्ते में प्रायः चाय, मट्ठा, लस्सी, घुघनी, परॉठा या दूध चलता है।

सकेत—**(क)** १ आद्रियते, प्रजा प्रजा स्वा इव। ३ समन्वित वर्तते। ४ महीक्षिति धर्मिणि प्रजा धर्मिष्ठा। ५ आह्लादयति। ६ परभृत कुहूरव श्रुतिसुखद। ७ मरुतो ववु सुखा। ८. विश्वजिति अध्वरे नि शेषविश्राणितकोषजात। **(ख)** १ गा पय॰। २ गा दुदोह। ३ अधुक्षत्। ४ सूनृता वाक्, काम दुग्धे, विप्रकर्षत्यलक्ष्मीं कीर्तिं सूते। ५ लिहन्ति। ६ वत्सम-लिक्षत्। ७ हार वक्षसि केनापि दत्तमज्ञेन मर्कट। लेढि जिघ्रति सक्षिप्य करोत्युन्नतमासनम्। **(ग)** १ पाठयति, तपश्चरति, रचयति, नृत्यति, सीव्यति, रजकी, प्रक्षालयति। २ गरीयसी। ५ यवनानी, भिद्यते। **(घ)** १ पर्व, महानस चुल्लिं च विलिप्य, पचन्ति, कौटुम्बिकेभ्यो जनेभ्य, परिवेषयन्ति, पर्पटान्, दधि। २ भुज्यते अभ्यवह्रियते वा, निक्षिप्यते। ३ तेमनम्। ४. कल्यवर्ते, चायम्, कुल्माषः, भक्ष्यते।

शब्दकोष–६७५ + २५ = ७००] **अभ्यास २८** (व्याकरण)

(क) मिष्टान्नम् (मिठाई), कान्दविकः (हलवाई), मोदकः (लड्डू), पूपः (पूआ), अपूपः (मालपूआ), कुण्डली (जलेबी), अमृती (इमरती), हैमी (बर्फी), पिण्डः (पेडा), कौष्माण्डम् (पेठे की मिठाई), दुग्धपूपिका (गुलाबजामुन), रसगोलः (रसगुल्ला), शर्करापालः (शक्करपारा), मधुमण्ठः (बालूशाही), सयावः (गुझिया), सन्तानिका (मलाई), कूर्चिका (खबडी), कलाकन्दः (कलाकन्द), पर्पटी (पपडी), घृतपूरः (घेवर), मधुशीर्ष (खाजा), मिष्टपाकः (मुरब्बा), वाताशः (बताशा), मोहनभोगः (मोहनभोग), गजकः (गजक)। (२५)

व्याकरण (भगवत्, धीमत् शब्द, रुद्, स्वप् धातु, कर्तृवाच्य, पदक्रम)

१ भगवत् और धीमत् के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २०, २१)

२ रुद् और स्वप् धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ३४, ३५)

नियम १६५—(कर्तृवाच्य) कर्तृवाच्य मे कर्ता मुख्य होता है, कर्ता के अनुसार ही क्रिया का लिंग, वचन, विभक्ति या पुरुष होगा। कर्ता एक० होगा तो क्रिया एक०, द्वि० होगा तो द्वि०, बहु० होगा तो बहु०। बालकाः पुस्तकानि पठितवन्तः, बालिकाः पठितवत्यः। कर्तृवाच्य मे इन बातो का ध्यान रक्खे :—(१) यदि 'च' लगाकर कर्ता अनेक हो तो तदनुसार क्रिया द्वि० या बहु० होगी। रामः कृष्णश्च गच्छतः। नियम १५७ भी देखे। (२) यदि 'वा' लगा हो और प्रत्येक एक० हो तो क्रिया एक०, यदि अन्तिम बहु० हो तो क्रिया बहु०। रामः कृष्णो वा पठतु। (३) कर्ता और कर्म के विशेषणो मे कर्ता और कर्म के लिंग, वचनादि लगेगे। रूपवती स्त्री। (४) कभी 'च' लगने पर क्रिया अन्तिम कर्ता के अनुसार होती है। उद्वेगः कलहः च वर्धते। (५) विंशतिः, शतम्, सहस्रम् आदि निश्चित लिंग और वचन है, इनमे अन्तर नही होगा। शतं जनाः, सहस्रं स्त्रियः, विंशतिः छात्राः।

नियम १६६—(सापेक्ष सर्वनाम) यत् और तत् सापेक्ष सर्वनाम है (जो वह)। जो यत् का लिंग, विभक्ति, वचन होगा, वही तत् का होगा। बुद्धिर्यस्य बलं तस्य।

नियम १६७—यदि प्रथम और द्वितीय वाक्य मे लिंग भेद होगा तो तत् शब्द का लिंग प्रायः द्वितीय वाक्यवत् होगा। शैत्यं हि यत्, सा प्रकृतिर्जलस्य।

नियम १६८—'यत्' शब्द 'कि' अर्थ मे भी आता है, तब वह नपु० एक० ही रहेगा। यह सत्य है कि०—सत्यमेतद् यत् सम्पत् सम्पदमनुबध्नातीति।

नियम १६९—(पदक्रम) संस्कृत-वाक्यो मे शब्दो के क्रम का कोई विशेष महत्त्व नही है। कर्ता कर्म क्रिया आगे पीछे भी रक्खे जा सकते है। स पुस्तकं पठति, पुस्तकं पठति स आदि। परन्तु साधारणतया नियम यह है कि :—(१) पहले कर्ता, फिर कर्म, बाद मे क्रिया। कर्ता और कर्म के विशेषण कर्ता और कर्म से पहले रक्खे जाएँगे। (२) सम्बोधन सबसे पहले रक्खा जाता है। (३) कर्मप्रवचनीय अनु प्रति आदि कर्म के बाद आते है। (४) सह, ऋते, विना आदि सम्बद्ध शब्द के बाद मे आते है। (५) च, वा, तु, हि, चेत्, ये प्रारम्भ मे नही आते। (६) प्रश्नवाचक अपि, किम्, कथम्, कियत् आदि तथा विस्मयादिबोधक अव्यय हा, हन्त आदि प्रारम्भ मे आते हैं।

अभ्यास २८

संस्कृत बनाओ—(क) (भगवत्, श्रीमत्) १. भगवान् काश्यप सकुशल तो हैं? २. भगवन्! मैं पराधीन हूँ। ३. सिद्धि-सम्पन्न महात्माओं की कुशलता अपने हाथ में होती है। ४. विद्वानों के लिए कोई भी चीज अज्ञात नहीं होती। ५. गुणवान् को कन्या देनी चाहिए, यह माता-पिता का मुख्य विचार होता है। ६. सूर्य (भानुमत्) जिस दिशा में उदय होता है, वही पूर्व दिशा होती है। सूर्य दिशा के अधीन होकर उदय नहीं होता। ७. पहाड़ (सानुमत्) की चोटी पर बर्फ दिखाई दे रही है। **(ख)** (रुद्, स्वप्) १. मैं निराश्रय हूँ, कहो किसके सामने रोऊँ। २. सीता के वियोग में राम की दयनीय स्थिति को देखकर पत्थर भी रो पड़ते हैं और वज्र का भी हृदय फट जाता है। ३. यशोवती आँचल से मुँह ढककर खूब जोर से बहुत देर रोई। ४. हर्ष पिता के पैर पकड़कर चीख-चीखकर बहुत देर रोया। ५. सभी अपने साथियों पर विश्वास करते हैं (विश्वस्)। ६. मुझे अँगूठी का विश्वास नहीं है। ७. हृदय धैर्य रख, धैर्य रख। **(ग)** (कर्तृवाच्य) १. जिसके पास पैसा होता है, उसके मित्र हो जाते हैं, उसके ही बन्धु हो जाते हैं। २. जिसके पास बुद्धि है, उसके पास बल है। ३. जो शीतलता है, वह जल का स्वभाव है। ४. जो दूसरे के गुणों की असहिष्णुता है, वह दुर्जनों का स्वभाव है। ५. जो जिसके योग्य हो, विद्वान् उसे उससे मिला दें। ६. यह कहावत सत्य है कि सम्पत्ति के पीछे सम्पत्ति चलती है और विपत्ति के पीछे विपत्ति। ७. सौ बालक, सौ स्त्रियाँ और एक हजार लोग इस उत्सव में हैं। **(घ)** (मिष्टान्नवर्ग) होली का पवित्र पर्व है। सभी ओर आनन्द और उत्साह का संचार है। घरों में स्त्रियाँ लड्डू, पूए, मालपूए, रसगुल्ले, गुझिया, शकरपारे आदि मिठाइयाँ बना रही हैं। हलवाई अपनी दूकानों पर लड्डू, पेड़ा, जलेबी, इमरती, बर्फी, पेठे की मिठाई, गुलाबजामुन, रसगुल्ला, चमचम, बालूशाही, रबड़ी, कलाकन्द, घेवर, मोहनभोग, सोहनभोग, गुझिया, बताशे और पपड़ी बेच रहे हैं। लोग अपने लिए और अपने मित्रों के लिए खरीद रहे हैं। वे मित्रों के घर मिठाइयाँ बैना के रूप में भेजते हैं।

संकेत—(क) १. अपि कुशली। २. परवानयं जनः। ३. स्वाधीनकुशलाः सिद्धिमन्तः। ४. न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम। ५. गुणवते कन्या प्रतिपादनीयेत्ययं तावत् पित्रोः प्रथमः संकल्पः। ६. उदयति दिशि यस्यां भानुमान् सैव पूर्वा। न हि तरणिरुदेति दिक्पराधीनवृत्तिः। ७. शिखरे हिमं दृश्यते। **(ख)** १. कस्य पुरतो रोदानि। २. अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्। ३. पटान्तेन मुखं प्रच्छाद्य मुक्तकण्ठम् अतिचिरं प्रारोदीत्। ४. पादौ आश्लिष्य विमुक्तारावः चिरं रुरोद। ५. सर्वः सगन्धेषु विश्वसिति। ६. नास्याङ्गुलीयकस्य विश्वसिमि। ७. समाश्वसिहि। **(ग)** १. यस्यार्थास्तस्य मित्राणि, यस्यार्थास्तस्य बान्धवाः। ४. परगुणासहिष्णुत्वं यत्, स दुर्जनानां स्वभावः। ५. यद्येन युज्यते लोके बुधस्तत्तेन योजयेत्। ६. सत्योऽयं जनप्रवादो यत् संपत् सम्पदमनुबध्नाति, विपद् विपदम्। ७. शतं बालकाः, शतं स्त्रियः, सहस्रं लोकाः। **(घ)** रचयन्ति, चमनम्, विक्रीणते, क्रीणन्ति, वायनरूपेण प्रहिण्वन्ति।

शब्दकोष-७०० + २५ = ७२५] **अभ्यास २९** (व्याकरण)

(**क**) चायम् (चाय, टी), जलपानम् (जलपान), चायपानम् (चायपानी), चायपात्रम् (टी पॉट), कफघ्नी (कॉफी), कन्दुः (केतली), अभ्यूषः (डबलरोटी), भृष्टापूपः (टोस्ट), पिष्टान्नम् (पेस्ट्री), पिष्टकः (बिस्कुट), गुल्यः (टॉफी, मीठी गोली), सपीतिः (टी पार्टी), सग्धिः (सहभोज), सहभोजः (लच या डिनर पार्टी)। लवणान्नम् (नमकीन), अवदंशः (चाट), समोषः (समोसा), दालमुद्गः (दालमोठ), सूत्रकः (नमकीन सेव), पक्ववटिका (पकौडी), दधिवटकः (दही बडा), पक्वालुः (कचालू, आलू की टिकिया), कूल्पी (कुलफी), पुलाकः (पुलाव, ताहरी), व्यजनम् (१. मसाला, २. मसालेदार पदार्थ)। (२५)

व्याकरण (महत्, भवत् शब्द, हन्, स्तु धातु, आत्मनेपद)

१. महत् और भवत् के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २२,२३)

२. हन् और स्तु धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ३८, ३९)

नियम १७०—(नेर्विशः) नि + विश् आत्मनेपदी होती है। निविशते।

नियम १७१—(परिव्यवेभ्यः क्रियः) परि + क्री, वि + क्री, अव + क्री आत्मनेपदी होती हैं। परिक्रीणीते, विक्रीणीते, अवक्रीणीते।

नियम १७२—(विपराभ्यां जेः) वि + जि, परा + जि आत्मनेपदी होती हैं। विजयते, पराजयते।

नियम १७३—(आङो दोऽनास्यविहरणे) आ + दा आत्मनेपदी होती है, मुँह खोलना अर्थ न हो तो। विद्यामादत्ते। परन्तु मुख व्याददाति (खोलता है)।

नियम १७४—(**क**) (शिक्षेर्जिज्ञासायाम्) जिज्ञासा अर्थ मे शिक्ष् धातु आत्मनेपदी है। धनुषि शिक्षते। (**ख**) (हरतेर्गतताच्छील्ये) गति के अनुकरण मे हृ धातु आत्मनेपदी है। पैतृकम् अश्वा अनुहरन्ते, मातृक गावः। (**ग**) (किरतेर्हर्षजीविकाकुलायकरणेषु०) हर्ष, जीविका और आश्रयस्थान बनाने मे कृ धातु आत्मनेपदी है। अप + कृ = अपस्कृ हो जाता है। अपस्किरते वृषो हृष्टः (भूमि खोदता है), कुक्कुटो भक्षार्थी, श्वा आश्रयार्थी। (**घ**) (आङि नुप्रच्छ्योः) आ + नु, आ + प्रच्छ् आत्मनेपदी होती है। आनुते। आपृच्छते (बिदाई लेता है)।

नियम १७५—(**क**) (समवप्रविभ्यः स्थः) सम् + स्था, अव + स्था, प्र + स्था, वि + स्था आत्मनेपदी होती हैं। सन्तिष्ठते, अवतिष्ठते, प्रतिष्ठते, वितिष्ठते। (**ख**) (आङः प्रतिज्ञायाम्०) आ + स्था प्रतिज्ञा अर्थ मे। शब्द नित्यमातिष्ठते। (**ग**) (उदोऽनूर्ध्वकर्मणि) उत् + स्था आत्मने० उठना अर्थ न हो तो। मुक्तावुत्तिष्ठते (यत्न करता है)। परन्तु आसनादुत्तिष्ठति, ग्रामाच्छतमुत्तिष्ठति (गाँव से सौ रु० लगान मिलता है)। (**घ**) (उपाद् देवपूजा०) उप + स्था आत्मनेपदी होती है, देवपूजा, सगति करना, मित्र बनाना, मार्ग अर्थ मे। आदित्यमुपतिष्ठते (पूजता है)। गगा यमुनामुपतिष्ठते (मिलती है)। कृष्णमुपतिष्ठते (मित्र बनाता है)। पन्थाः प्रयागमुपतिष्ठते (रास्ता प्रयाग को जाता है)।

नियम १७६—(समो गम्यृच्छिभ्याम्) अकर्मक सम् + गम् आत्मनेपदी है। सगच्छते। (अर्तिश्रुदृशिभ्यश्च०) अकर्मक सम् + श्रु, सम् + दृश् आत्मनेपदी हैं। सशृणुते। सपश्यते

अभ्यास २९

संस्कृत बनाओ—(क) (महत् , भवत्) १. वह बडा वीर है। २. यहाँ बडा अँधेरा है। ३. मैने एक बडे शेर और बघेरे को देखा। ४. वहाँ सम्पत्ति का बड़ा ढेर है। ५. बडे सबेरे बहेलियो के हल्ले से जगा दिया गया हूँ। ६. बड़ा आदमी बड़े पर ही अपना पराक्रम दिखाता है। ७. बडो की बात बडी है। ८. इस विषय मे आपका क्या विचार है। ९ आप ही रघुवंशियो की कुल-स्थिति को जानते है। १०. आपके मित्र के बारे मे कुछ पूछता हूँ। ११. आप आगे चलिए, मै पीछे-पीछे आ रहा हूँ। १२. आप से ही इस विषय का औचित्य-अनौचित्य पूछता हूँ। १३. आपके बारे मे उसका प्रेम कैसा है। १४. आपकी यह प्रार्थना शिरोधार्य है। (ख) (हन्, स्तु) १. राजा शत्रु को मारता है। २. शत्रुओ को मारो। ३. राम ने रावण को मारा। ४. हे निषाद, तेरा कभी भला नही होगा, तूने क्रौंच के जोडे मे से एक को मारा है। ५ देवदत्त राम की स्तुति करता है। ६. राम ने ईश्वर की स्तुति की। ७. रजिस्ट्रार प्रस्तावो को प्रस्तुत करता है (प्र + स्तु)। ८ मै यह प्रस्ताव रखता हूँ कि छात्र सघ का प्रधान राम हो। (ग) (आत्मनेपद) १. हल्वाई मिठाई और नमकीन बेचता है (विक्री)। २. वह शत्रुओ को पराजित करता है (पराजि)। ३ आपकी विजय हो (विजि)। ४. यदि कील की नोक पैर मे चुभ जाती है (निविश्), तो कितना दर्द हो जाता है। ५. वह विद्या ग्रहण करता है (आदा)। ६. वह मुँह खोलता है (व्यादा)। ७. वह धनुष की शिक्षा पाता है (शिक्ष्)। ८. घोडे पिता की चाल का अनुकरण करते है, गौएँ माँ की (अनुहृ)। ९. बैल प्रसन्न होकर जमीन खोदता है (अपकृ)। १०. तुम अपने मित्र से बिदाई लो (आप्रच्छ्)। ११ कृष्ण ने दिल्ली के लिए प्रस्थान किया (प्रस्था)। (घ) (पानादिवर्ग) १ आजकल चाय का बहुत रिवाज है। अंग्रेजी ढग से चाय पीने वाले केतली मे पानी उबालकर, टी पॉट मे चाय डालकर, उस पर उबला हुआ पानी डाल देते है और पॉच मिनट बाद उसे छान लेते हैं। कुछ लोग कॉफी भी पीते है। उसके साथ वे डबल रोटी, मक्खन, टोस्ट, पेस्ट्री और बिस्कुट भी लेते हैं। सहभोज और टी पार्टी मे मिठाइयो के साथ समोसा, पकौडी, सेव, दालमोठ भी चलते है। २. आजकल विद्यार्थियो को चाट, दही-बडा, पकौडी, कुलफी और मसालेवाली चीजे अधिक अच्छी लगती हैं।

संकेत—(क) १ महान्। २ महानन्धकारः। ३ महान्तम्, व्याघ्रम्। ४ महान् द्रव्य-राशि। ५ महति प्रत्यूषे शाकुनिककोलाहलेन प्रतिबोधितोऽस्मि। ६ महान् महत्स्वेव करोति विक्रमम्। ७ अपूर्वं महतां वृत्तम्। ८ अथवा कथ भवान् मन्यते। ९. रघूणा, जानन्ति। १०. मित्रगत किमपि। ११ गच्छतु पुरो भवान्, अहमनुपदमागत एव। १२ भवन्तमेव गुरुलाघव पृच्छामि। १३ भवन्तमन्तरेण कीदृशस्तस्या दृष्टिराग। (ख) २ जहि। ३ अवधीत्। ४ मा निषाद प्रतिष्ठा त्वमगम शाश्वती समा। एकमवधीः। ५ रामं स्तौति। ६. अस्तावीत्। ७. प्रस्तोता प्रस्तावान् प्रस्तौति। ८. एतत् प्रस्तवीमि, भवेत्। (ग) १ विक्रीणीते। २ पराजयते। ३ विजयता भवान्। ४ निविशते यदि शूकशिखा पदे सृजति तावदिय कियतीं व्यथाम्। १०. आपृच्छस्व सहचरम्। ११. हरिर्हरिप्रस्थमथ प्रतस्थे। (घ) १ प्रचलनम्, आङ्ग्लपद्धत्या, क्वथित्वा, क्वथितम्, पातयन्ति, स्रावयन्ति, भुज्यते। २ मधुरमापतन्ति तेषा मनासि।

शब्दकोष-७२५ + २५ = ७५०] **अभ्यास ३०** (व्याकरण)

(क) करकः (लोटा), स्थालिका (थाली), कंसः (गिलास), काचकंसः (काँच का गिलास), काचघटी (जार), कटोरम् (कटोरा), कटोरा (कटोरी), घटः (घडा), उदचनम् (बाल्टी), वारिधिः (कण्डाल), द्रोणि. (टब), स्थाली (पतीली), स्वेदनी (कडाही), ऋजीषम् (तवा), पिष्टपचनम् (तई, जलेबी आदि पकाने की), हसन्ती (ॲंगीठी), उद्ध्मानम् (स्टोव), धिषणा (तसला), चमसः (चम्मच), दर्वी (चमचा, कलछुल), चषक. (प्याला, कप), शरावः (प्लेट, तश्तरी), उखा (सास पेन), हस्तधावनी (चिल्मची), सन्दशः (चीमटा)। (२५)

व्याकरण (पठत्, यावत् शब्द, इ, विद् धातु, आत्मने० परस्मैपद)

१ पठत् और यावत् के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २४, २५)

२ इ और विद् धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ३३,४३)

नियम १७७—(स्पर्धायामाङ.) आ + ह्वे आत्मने० है, शत्रु को आह्वान करना अर्थ मे। शत्रुमाह्वयते।

नियम १७८—(उपपराभ्याम्) उप+क्रम्, परा + क्रम् आत्मने० हैं। उपक्रमते, पराक्रमते। (प्रोपाभ्या समर्थाभ्याम्) प्र + क्रम्, उप + क्रम् प्रारम्भ अर्थ मे। प्रक्रमते।

नियम १७९—(अपह्नवे ज्ञ) मुकरना अर्थ मे ज्ञा आत्मने० है। शतम् अपजानीते (सौ रु० को मुकरता है)। (सम्प्रतिभ्याम्०) सम् + ज्ञा, प्रति + ज्ञा स्मरण अर्थ न हो तो आत्मने०। सजानीते, प्रतिजानीते।

नियम १८०—(उदश्चरः०) उत् + चर् आत्मने० है, सकर्मक हो तो। धर्ममुच्चरते। (समस्तृतीया०) सम् + चर् तृतीया के साथ हो तो आत्मने०। रथेन सचरते।

नियम १८१—(ज्ञाश्रुस्मृदृशा सन.) जिज्ञास, शुश्रूष, सुस्मूर्ष और दिदृक्ष ये आत्मनेपदी होती है। जिज्ञासते, शुश्रूषते, सुस्मूर्षते, दिदृक्षते।

नियम १८२—(प्रोपाभ्या युजे०) प्र + युज्, उप + युज् आत्मने० है। प्रयुङ्क्ते, उपयुङ्क्ते।

नियम १८३—(भुजोऽनवने) भुज् धातु खाने तथा उपभोग अर्थ मे आत्मनेपदी है और रक्षा अर्थ मे परस्मैपदी है। ओदन भुङ्क्ते। परन्तु महीं भुनक्ति।

(परस्मैपद)

नियम १८४—(अनुपराभ्या कृञः) अनु + कृ, परा + कृ परस्मैपदी है। अनुकरोति, पराकरोति।

नियम १८५—(अभिप्रत्यतिभ्यः क्षिपः) अभिक्षिप् परस्मैपदी है। अभिक्षिपति।

नियम १८६—(प्राद्वह.) प्र + वह् परस्मैपदी होती है। प्रवहति।

नियम १८७—(व्याङ्परिभ्यो रम.) वि + रम् परस्मैपदी है। विरमति।

नियम १८८—(बुधयुधनशजनेङ्०) बुध्, युध्, नश्, जन्, इ, प्रु, द्रु, स्रु धातुएँ णिच् प्रत्यय करने पर परस्मैपदी होती है। बोधयति पद्मम्। योधयति जनान्। नाशयति दुःखम्। जनयति सुखम्। अध्यापयति वेदम्। द्रावयति। स्रावयति।

नियम १८९—(निगरणचलनार्थेभ्यश्च) खिलाना और चलाना अर्थ की धातुएँ परस्मैपदी है। आशयति, भोजयति। चलयति, कम्पयति।

अभ्यास ३०

संस्कृत बनाओ—(क) (पठत्, यावत्) १. पढ़ते हुए को पाप नहीं लगता। २. मै जब पढ रहा था तब वह आया। ३ गॉव को जाता हुआ तिनके को छूता है। ४. कर्मशील मनुष्य उत्तम फल पाता है। ५. सूर्य की शोभा को देखो, जो चलता हुआ कभी नही रुकता। ६. जितने छात्र परीक्षा मे बैठे, सभी उत्तीर्ण हो गए। ७. वे युद्ध मे जितने थे, उनको वह राजा उतने ही रूपों मे दिखाई पडा। ८. जितना मिला उतना सब खा लिया। (ख) (इ, विद्) १. मूर्ख क्षय को पाता है। २. दरिद्रता से मनुष्य लज्जा को प्राप्त होता है। ३ चन्द्रमा को चॉदनी फिर मिल जाती है। ४. वे भरद्वाज मुनि के आश्रम पर पहुँचे। ५. पहले फूल आता है, फिर फल आता है। ६. सूर्य लाल ही उदय होता है और लाल ही अस्त होता है। ७ मुझे शिव का नौकर समझो (अव + इ)। ८ नीच, यहॉ से हट (अप + इ)। ९ तेरे हृदय से प्रत्याख्यान का दु ख दूर हो (अप + इ)। १० उद्योगी पुरुष को लक्ष्मी प्राप्त होती है (उप + इ)। ११. जो स्पर्धा करता हुआ सामने आवे (अभि + इ), उसे नष्ट कर दो। १२ वह सत्य नही, जो छल से युक्त हो। १३ वह गुरु के पीछे जाता है (अनु + इ)। १४. वह मुझ पर विश्वास करता है (प्रति + इ)। १५ जो जिसके गुण को नही जानता (विद्), वह उसकी सदा निन्दा करता है। १६. जो आत्मा को हन्ता समझता है, वह उसे नही जानता। १७. मुझे ऋषियो के तुल्य समझो। १८. इस जीवन मे आत्मा को जान लिया तो भला है, नही तो बड़ा नाश होगा। (ग) (परस्मैपद) १. राजा पृथ्वी का पालन करता है। २. वह भात खाता है। ३. पाप से रुको। ४. गगा और यमुना बहती हैं (प्रवह्)। ५ विद्या दु ख को नष्ट करती है और सुख उत्पन्न करती है। (घ) (पात्रवर्ग) खाना-पीना जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। भूख और प्यास के निवारणार्थ बर्तनो की आवश्यकता होती है। पानी पीने और रखने के लिए घडा, कलश, गागर, गगरी, सुराही, जार, कमण्डलु, लोटा, कॉच का गिलास, गिलास, इन पात्रो की आवश्यकता होती है। पानी बाल्टी, कडाल और टब मे रक्खा जाता है। खाना बनाने और खाने के लिए थाली, कटोरा, कटोरी, पतीली, कडाही, कड़ाह, तवा, तई, तसला, चम्मच, चमचा, चीमटा इनकी आवश्यकता होती है। खाना अगीठी और स्टोव दोनो पर बनाया जा सकता है। सास-पेन शाकादि बनाने के लिए, प्लेट खाना रखने के लिए, कप चाय पीने के लिए होते है।

सकेत—(क) १ पठतो नास्ति पातकम्। २ मयि पठति सति। ३ तृण स्पृशति। ४ चरन् वै मधु विन्दति। ५. पश्य सूर्यस्य श्रेमाण यो न तन्द्रयते चरन्। ६ यावन्त, अद्रु, तावन्त। ७. ते तु यावन्त एवाजौ, तावाश्च ददृशे स तै। ८. यावल्लब्ध तावद् भुक्तम्। (ख) १ निर्बुद्धि क्षयमेति। २ दारिद्र्याद् ह्रियमेति। ३. शशिन पुनरेति शर्वरी। ४ ईयुर्भरद्वाजमुनेर्निकेतम्। ५ उदेति पूर्वं कुसुम तत फलम्। ६ उदेति सविता ताम्रस्ताम्र एवास्तमेति च। ७ अवेहि मा किंकरमष्टमूर्ते। ८ अपेहि पापे। ९ हृदयात् प्रत्यादेशव्यलीकमपैतु ते। १०. उद्योगिन पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी। ११ स्पर्धमानोऽभ्येति, त जहि। १२ सत्य न तद्यच्छलमभ्युपैति। १३. गुरुमन्वेति। १४ स मयि प्रत्येति। १५ न वेत्ति यो यस्य गुणप्रकर्षम्। १६. य एनं वेत्ति हन्तारम्। १७ विद्धि मामृषिभिस्तुल्यम्। १८ इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति, न चेदिहावेदीन्महती विनष्टि। (ग) १ भुनक्ति। २ भुङ्क्ते। ३ विरम। ४. प्रवहत। ५ नाशयति, जनयति। (घ) पानाशने, अशनायोदन्ययो (अशनाया+उदन्या), पात्राणाम्, कलश', गर्गर, गर्गरी, भृङ्गार, कमण्डलु, पचनार्थम्, कटाह।

शब्दकोष–७५० + २५ = ७७५] **अभ्यास ३१** (व्याकरण)

(क) अन्त्यजः (शूद्र), चर्मकारः (चमार), समार्जकः (भगी), शाकुनिकः (बहेलिया), अजाजीवः (गडरिया), मायाकारः (जादूगर), शौण्डिकः (सुरा-विक्रेता), कर्मकर. (नौकर), भारवाहः (कुली), मालाकारः (माली), कुलालः (कुम्हार), लेपकः (पुताईवाला), प्रैष्यः (चपरासी), वैतनिकः (वेतन पर नियुक्त नौकर), तस्करः (चोर), पाटच्चरः (डाकू), ग्रन्थिभेदकः (गिरहकट), मृगयुः (शिकारी), मृगया (शिकार), वागुरा (जाल), मार्जनी (झाड़ू), चर्मप्रभेदिका (जूता सीने की सूई), उपानत् (जूता, बूट), पादुका (चप्पल), अनुपदीना (गम बूट)। (२५)

व्याकरण (बुध्, आस, कर्म-भाव-वाच्य)

१ बुध् शब्द के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २६)

२. आस् धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ४४)

नियम १९०—सस्कृत मे ३ वाच्य होते है :—१. कर्तृवाच्य, २. कर्मवाच्य, ३. भाववाच्य। सकर्मक धातुओ के रूप कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य मे चलते है। अकर्मक धातुओ के रूप कर्तृवाच्य और भाववाच्य मे चलते हैं। अकर्मक की साधारण पहचान है कि जहॉ किम् (क्या, किसको) का प्रश्न न उठे। १. कर्तृवाच्य मे कर्ता मुख्य होता है, क्रिया कर्ता के अनुसार चलती है। कर्ता मे प्रथमा, कर्म मे द्वितीया, क्रिया कर्ता के अनुसार होगी। २ कर्मवाच्य मे कर्म मुख्य होता है। कर्म के अनुसार ही क्रिया का पुरुष, वचन, लिग होगा। कर्मवाच्य मे कर्ता मे तृ०, कर्म मे प्र०, क्रिया कर्म के अनुसार। ३. भाववाच्य मे कर्ता मे तृ०, कर्म नहीं, क्रिया मे प्रथम पु० एक०।

नियम १९१—(सार्वधातुके यक्) कर्मवाच्य और भाववाच्य मे सार्वधातुक लकारो (अर्थात् लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ्) मे धातु के अन्त मे य लगेगा। धातु का रूप आत्मनेपद मे ही चलेगा, धातु चाहे किसी पद की हो। अन्य लकारो में य नही लगेगा। धातु के रूप य लगाकर युध् (धातु० स० ६६) के तुल्य चलेंगे। लट् मे इष्यते या स्यते लगेगा। जैसे—गम्>गम्यते, गम्यताम्, अगम्यत, गम्येत, गमिष्यते।

नियम १९२—(क) लिट् मे द्वित्व करके आत्मनेपदी के तुल्य रूप होगे। जैसे—गम्>जग्मे, भू>बभूवे, नी>निन्ये, लिख्>लिलिखे। सेव् लिट् के तुल्य रूप चलाओ। जिन धातुओ के अन्त मे 'आम्' लगता है, उनमे आम् लगाकर कृ, भू, अस् के रूप आत्मनेपद मे चलेगे। जैसे—कथयाचक्रे, कथयाबभूवे, कथयामासे। **(ख)** लुट्, लृट्, आशीर्लिङ् और लृङ् मे भी सेव् (धातु० २०) के तुल्य रूप चलेगे। सेट् मे इ लगेगा, अनिट् मे नही। जैसे—भविता, भविष्यते, भविषीष्ट, अभविष्यत।

नियम १९३—लुङ् प्र० पु० एक० मे धातु के अन्त मे इ लगेगा। बाद के त का लोप होगा। 'इ' से पूर्व धातु के अन्तिम इ, उ, ऋ को वृद्धि होगी, उपधा मे अ होगा तो उसे आ और उपधा के इ उ ऋ को गुण होगा। जैसे—अकारि, अभावि, अपाचि, अयोजि। लुङ् मे धातु के बाद प्रत्यय इस प्रकार होगे। सेट् मे इ लगेगा, अनिट् मे इ नहीं लगेगा। प्र० पु०—इ, इषाताम्, इषत। म० पु०—इष्ठाः, इषाथाम्, इध्वम्। उ० पु०—इषि, इष्वहि, इष्महि।

अभ्यास ३१

संस्कृत बनाओ—(क) (बुध् शब्द) १. विद्वानो की सगति से मूर्ख भी प्रवीण हो जाते हैं। २. विद्वानो के साथ श्रद्धापूर्वक व्यवहार करे (वृत्)। ३. विद्वानो के साथ ही उठे, बैठे, वाद और विवाद करे। (ख) (आस् धातु) १ आपको जहाँ अच्छा लगे, वहाँ बैठिए। २ आप इस आसन पर बैठिए। ३. जहाँ देवता रहते हैं। ४. उसने स्वागतवचन से अतिथि का अभिनन्दन करके अपने आसन पर बैठने के लिए उसे निमन्त्रित किया। ५. बैठे हुए का ऐश्वर्य भी बैठा रहता है और खडे हुए का ऐश्वर्य खडा हो जाता है। ६ राजा सिंहासन पर बैठा (अध्यास्त)। ७. उस ईश्वर की शैव शिव नाम से उपासना करते है (उपासते)। ८. दोनो सखियो के द्वारा शकुन्तला की सेवा की जा रही है (अन्वास्यते)। (ग) (कर्मवाच्य) १ कल्याण के विषय में किसकी तृप्ति होती है। २. क्या तुम्हारी आज्ञा टाली जा सकती है? ३ मेरी ओर से सारथि से कहना। ४. यह शकुन्तला पतिगृह को जा रही है, सब स्वीकृति दें। ५. जाने के समय में देर हो रही है। ६ स्त्रियो मे बिना शिक्षा के भी पटुत्व देखा जाता है। ७. तुम्हारी प्रार्थना के योग्य ही कोई नहीं दीखता है। ८ तेजस्वियों की आयु नही देखी जाती है। ९ धर्मवृद्धो मे आयु नही देखी जाती। १०. रत्न किसी को नही ढूँढ़ता, वह स्वयं ढूंढ़ा जाता है। ११. गेरुए वस्त्र पहनने की स्वीकृति से मुझे अनुगृहीत कीजिए। १२ पुराने कर्मफलों को कौन उलट सकता है। १३. किसको ताना दिया जा सकता है। १४ दुर्भाग्य ने ऐसा सर्वनाश किया कि विजय की आशा तो दूर रही, जीवन की आशा भी सन्दिग्ध दिखाई देती थी। १५. मेरे द्वारा तुम्हारा मुखकमल देखा गया। (घ) (शूद्रवर्ग) शूद्र समाज के योग्य सेवक होते हुए भी अपनी कुछ न्यूनताओ के कारण समाज की दृष्टि में नीच गिने जाते हैं। उनमे से बहुतेरे बहुत अच्छा काम करते है। जैसे—चमार जूता सीने की सूई से बूटों चप्पलो आदि को सीता है और उनकी मरम्मत करता है, भगी झाडू से मकानो और आँगनों को साफ करता है, गडरिया बकरियो को पालता है, कुली भार ढोते हैं, माली फूलो से मालाएँ बनाता है, कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाता है, पुताईवाला कलई से मकानो को पोतता है, चपरासी सवादो को यथास्थान पहुँचाता है। कुछ बुरा काम करते है, अतः वे निन्दनीय हैं। जैसे—बहेलिया जाल डालकर पक्षियो को मारता है, सुराविक्रेता शराब पीता है, चोर चोरी करता है, डाकू दीवार मे सेंध मारता है, गिरहकट जेब काटता है, शिकारी शिकार खेलता हुआ निरपराध जीवों की हत्या करता है।

संकेत—(क) १. प्रावीण्यमुपयान्ति। २ भुरघ्नु। (ख) १. रोचते। २ एतदासनमास्यताम्। ३ आसते। ४ अभ्यागतमभिनन्द्य स्वेनासनेन आध्वमिति निमन्त्रयांचकार। ५ आस्ते भग आसीनस्य, उर्ध्वं तिष्ठति तिष्ठत। (ग) १ श्रेयसि केन तृप्यते। २ विकल्प्यते। ३. मद्वचनादुच्यता सारथि। ४ सर्वैरनुज्ञायताम्। ५ परिहीयते गमनवेला। ६ स्त्रीणामशिक्षितपटुत्व सदृश्यते। ७ न दृश्यते प्रार्थयितव्य एव ते। ८ तेजसा हि न वय समीक्ष्यते। ९ धर्मवृद्धेषु। १०. न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत्। ११ काषायग्रहणानुज्ञया अनुगृह्यतामय जन। १२. पुरातन्य स्थितय केन शक्यन्तेऽन्यथाकर्तुम्। १३ कतम उपालभ्यते। १४ दैवहतकेन, अकारि, दूरे तावदास्ताम्। १५ अदर्शि। (घ) गण्यन्ते, उपानह, सीव्यति, सदधाति ता, अजिराणि, मार्जयति, भार वहन्ति, स्रज, पात्राणि, सुधाभि लिम्पति, प्रापयति, दुष्कर्माणि, सुराम्, भित्तौ सन्धि करोति, ग्रन्थि भिनत्ति, निरागस, हन्ति।

शब्दकोष–७७५ + २५ = ८००] **अभ्यास ३२** (व्याकरण)

(क) कारुः (शिल्पी), नापितः (नाई), रजकः (धोबी), निर्णेजकः (ड्राई-क्लीनर), रजक. (रगरेज), श्रेणिः (शिल्पि-सघ), कुलिकः (शिल्पि सघ का अध्यक्ष), तन्तुवायः (जुलाहा), सौचिकः (दर्जी), चित्रकारः (चित्रकार, पेन्टर), लोहकारः (लुहार), स्वर्णकारः (सुनार), शौल्विकः (ताबे के बर्तन बनानेवाला), त्वष्टृ (बढई), स्थपति' (राज), अश्मचूर्णम् (सीमेंट), इष्टका (ईंट), स्यूति' (सिलाई), यन्त्रम् (मशीन), उपहासचित्रम् (कार्टून), वर्तिका (ब्रुश), कर्तरी (कैंची), तक्षणी (बसूला), अयोघन. (हथौडी), करपत्रम् (आरी) । (२५)

व्याकरण (आत्मन्, राजन्, शी, अधि + इ, कर्म-भाव-वाच्य)

१ आत्मन् और राजन् शब्दो के रूप स्मरण करो । (देखो शब्द० २७, २८)

२. शी और अधि + इ धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ४५, ४६)

नियम १९४—धातु से कर्मवाच्य या भाववाच्य बनाने के लिए ये नियम ठीक स्मरण कर ले । सार्वधातुक लकारो (लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ्) मे ही ये नियम लगते हैं। **(क)** धातु के अन्त मे 'य' लगेगा । आत्मनेपद ही होगा । धातु को गुण नही होगा । धातु मूलरूप मे रहेगी । गच्छ्, पिब्, जिघ्र् आदि नहीं होगे । साधारणतया धातु मे अन्तर नही होता । जैसे—भूयते, पठ्यते, लिख्यते, गम्यते । **(ख)** (घुमास्था-गापा०) आकारान्त धातुओ मे इनके ही आ को ई होगा । दा, धा, मा, स्था, गा, पा (पीना), हा (छोड़ना), सा । अन्यत्र आ ही रहेगा । जैसे—दीयते, धीयते, मीयते, स्थीयते, गीयते, पीयते, हीयते, सीयते । **(ग)** (अकृत्सार्वधातुकयो.०) धातुओ के अन्त मे इ को ई, उ को ऊ हो जाएगा । जि> जीयते, चि> चीयते, हु>हूयते । किन्तु श्वि को सप्रसारण होने से शूयते होगा और शी का शय्यते रूप होगा । **(घ)** (रिङ्शयग्लिङ्क्षु) ह्रस्व ऋ अन्तवाली धातुओ के ऋ के स्थान पर 'रि' हो जाएगा । जैसे—कृ, हृ, धृ, भृ, मृ के क्रमशः क्रियते, ह्रियते, ध्रियते, भ्रियते, म्रियते । किन्तु ऋ धातु को और सयुक्ताक्षर आदिवाली ऋकारान्त धातु को गुण होता है । (गुणोऽर्ति०)। जैसे—ऋ>अर्यते । स्मृ> स्मर्यते । **(ङ)** (ॠत इद्धातोः, उदोष्ठ्यपूर्वस्य) दीर्घ ॠ अन्तवाली धातुओ के ॠ को ईर् होगा । यदि पवर्ग पहले होगा तो उर् होगा । जैसे—कॄ> कीर्यते, गॄ> गीर्यते, तॄ> तीर्यते, शॄ> शीर्यते । पॄ> पूर्यते । **(च)** (वचिस्वपि०, ग्रहिज्या०) वच्, स्वप्, ग्रह्, यज्, वप्, वह्, वद्, वस्, प्रच्छ् आदि धातुओ को सप्रसारण होता है, अर्थात् य् को इ, व् को उ, र् को ऋ । (ब्रू) वच्> उच्यते, स्वप्>सुप्यते, ग्रह्>गृह्यते, यज्> इज्यते, वप्> उप्यते, वह्> उह्यते, वद्>उद्यते, वस्>उष्यते, प्रच्छ्>पृच्छ्यते । **(छ)** (अनिदिता०) धातु के बीच के न् का प्रायः लोप हो जाता है । मन्थ्> मथ्यते, बन्ध्> बध्यते, भ्रश्> भ्रश्यते, स्रस्> स्रस्यते । इनमे न् रहेगा—वन्द्यते, चिन्त्यते, निन्द्यते । **(ज)** इन धातुओ के स्थान पर ये हो जाते हैं—ब्रू>वच्, अस्> भू, अज्> वी । उच्यते, भूयते, वीयते । **(झ)** जन्, सन्, खन्, तन् के दो रूप होते है, न् को आ विकल्प से होगा । जैसे—जायते, जन्यते । **(ञ)** चुरादि० और णिच प्रत्ययवाली धातुओ के इ (अय) का लोप हो जायगा । चोर्यते, कथ्यते, भक्ष्यते ।

अभ्यास ३२

संस्कृत बनाओ—(क) (आत्मन्, राजन्) १ अपने आपको प्रकट करने का यह मौका है। २. तुम अपनी तरह ही सबको समझते हो। ३ यदि अपने आपको सभाल सका तो, यहाँ से जाऊँगा। ४ यहाँ बाह्य और अन्त करण के साथ मेरी अन्तरात्मा प्रसन्न हो रही है। ५ यह तो तुम्हारी अपनी इच्छा है। ६ यह तो अपने स्वभाव पर आ गया है। ७ आपने यहाँ आने का कष्ट क्यो उठाया ? ८ अति हर्ष उसके मन मे नही समाया। ९ अपने मे झूठे महत्त्व का आरोप करके राजा लोग देवताओ को प्रणाम नही करते है। १० शिक्षितो को भी अपने ऊपर पूरा भरोसा नही होता। ११ जैसा राजा, वैसी प्रजा। १२ मै राजा को कुछ नही समझता। १३. राज-रहित देश मे शान्ति नही होती। १४ राजा को जनहित की भी चिन्ता करनी चाहिए। १५ राजा को चाहिए कि आपत्ति-ग्रस्तो का दु ख दूर करे। **(ख)** (शी, अधि+इ) १ वह हाथ का तकिया लगाकर सोई। २ इधर मोर सो रहे है। ३. क्यो नि.शक सो रहे हो। ४ उसने वेदो को पढा। **(ग)** (कर्मवाच्य) १ चित्र मे जो कुछ ठीक नही है, उसे ठीक कर रहा हूँ। २ पुरुष तभी तक है, तब तक वह मान से हीन नही होता। ३ सोने की आग मे ही स्वच्छता और कालिमा दीखती है। ४. विकार के कारण के विद्यमान होने पर भी जिनके चित्त विकृत नही होते, वे धीर हैं। ५ पर उपदेश कुशल बहुतेरे। ६. क्यो गोलमाल बात करते हो। ७ गुणो से ही सर्वत्र स्थान बनाया जाता है। ८. इससे हमारा कुछ नही बिगडता। ९ यह बात समाप्त करो। १०. आगे की बात समझ ली। ११. विपत्ति मे भी उसका धैर्य नष्ट नही होता। १२ वह देवदत्त नाम से पुकारा जाता है। १३ बेकार कहाँ जा रहे हो ? १४. और कोई रास्ता नही दीखता है। **(घ)** (शिल्पिवर्ग) शिल्पि-सघ शिल्पियो का सगठन करता है। उनको उचित कार्यो मे नियुक्त करता है। धोबी वस्त्रो को धोता है। ड्राईक्लीनर वस्त्रो को मशीन से धोता है और उन पर लोहा करता है। जुलाहा सूत से वस्त्रो को बुनता है। दर्जी टेलरचाक से कपडो पर निशान लगाता है और कैची से काटकर उन्हे सिलाई की मशीन से सीता है। चित्रकार ब्रुश से चित्र को रगता है और कार्टून बनाता है। बढई आरी से लकडी चीरता है, बसूले से उसे छीलता है और हथौडी से कीलो को ठोकता है। राज सीमेट से ईटो को जोडकर मकान बनाता है।

संकेत—(क) १ अवसरोऽयमात्मान प्रकाशयितुम्। २ आत्मनो हृदयानुमानेन पश्यसि। ३ यद्यात्मन प्रभविष्यामि। ४ सबाह्यान्त करणो ममान्तरात्मा प्रसीदति। ५. एष तवात्मगतो मनोरथ। ६ गत एवात्मन प्रकृतिम्। ७ किमिति भवताऽऽत्मा अत्रागमनक्लेशस्य पदनुपनीत। ८ गुरु प्रहर्ष प्रबभूव नात्मनि। ९ आत्मन्यारोपितालीकाभिमाना.। १० आत्मन्यप्रत्यय चेत। ११ यथा राजा। १२ राजेति का गणना मम। १३ अराजके जनपदे। १४. जनहितमपि चिन्तनीयम्। १५ आपन्नस्य जनस्यार्तिहरेण राज्ञा भवितव्यम्। **(ख)** १ अशेत सा बाहुलतोपधायिनी। ४ अध्यैष्ट। **(ग)** १ क्रियते तत्तदन्यथा। २. यावन्मानान्न हीयते। ३ हेम्न सलक्ष्यते ह्यग्नौ विशुद्धि श्यामिकाऽपि वा। ४ विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषा न चेतासि त एव धीरा। ५ सुखमुपदिश्यते परस्य। ६ किमिति अप्रस्तुतम् अनुसन्धीयते। ७ पद हि सर्वत्र गुणैर्निधीयते। ८ न न. किंचिद् भिद्यते। ९ सह्रियतामिय कथा। १० परस्तादवगम्यते। ११ न हीयते। १२ आहूयते। १३ क्वानिर्दिष्टकारण गम्यते। १४. नान्यच्छरणमालोक्यते। **(घ)** धावति, यन्त्रेण, नेनेक्ति, अयस्करोति, सूत्रै, वयति, सौचिकवर्तिकया, चिह्नयति, कर्तित्वा, स्यूतियन्त्रेण, रजयति, छिनत्ति, श्यति, कीलान् कीलति, मयोज्य।

शब्दकोष-८००+२५=८२५] **अभ्यास ३३** (व्याकरण)

(क) क्षुरम् (उस्तरा), क्षुरकम् (ब्लेड), उपक्षुरम् (सेफ्टी रेजर), कर्तनी (बाल काटने की मशीन), शस्त्रमार्ज. (धार धरनेवाला), तैलकारः (तेली), रसयन्त्रम् (कोल्हू), मिलः (मिल), अयस् (लोहा, आयरन), वृश्चनः (छेनी), आविधः (बर्मा), यान्त्रिक. (मिस्तरी, मैकेनिक), सूत्रम् (धागा), सूचिका (सूई), पादुरजकः (पालिश), वेतनम् (वेतन), भ्राष्ट्रम् (भाड), भृष्टकारः (भडभूजा), भस्त्रा (धौकनी), नीली (नील), शिल्पशाला (फैक्टरी)। (२१)। **(ख)** कृत् (काटना), अयस्+कृ (लोहा करना), मण्डा+कृ (कलफ करना), नीली+कृ (नील लगाना)। (४)।

व्याकरण (श्वन्, युवन्, हु, भी, णिच् प्रत्यय)

१ श्वन् और युवन् शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० २९, ३०)

२. हु और भी धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ४८, ४९)

नियम १९५—(हेतुमति च) प्रेरणार्थक धातु उसे कहते है, जहाँ कर्ता स्वय काम न करके दूसरे से काम कराता है। जैसे—पढना>पढवाना, लिखना>लिखवाना, जाना>भेजना, करना>कराना। प्रेरणार्थक धातु मे शुद्ध धातु के अन्त मे णिच् (अर्थात् अय) लग जाता है। धातु के रूप दोनो पदो मे चुर् धातु के तुल्य (देखो धातु० ९७) चलेगे। धातु के अन्तिम ह्रस्व और दीर्घ इ, उ, ऋ को वृद्धि (अर्थात् क्रमशः ऐ, औ, आर्) हो जाता है, बाद मे अयादि सन्धि भी। उपधा (अर्थात् अन्तिम अक्षर से पूर्व अक्षर) मे अ को आ तथा इ, उ, ऋ को क्रमशः ए, ओ, अर् गुण हो जाता है। जैसे—कृ>कारयति, नी>नाययति, भू>भावयति, पठ्>पाठयति, लिख्>लेखयति। गम् का गमयति।

नियम १९६—प्रेरणार्थक धातुओ के साथ मूल धातु के कर्ता मे तृतीया होती है और कर्म मे पूर्ववत् द्वितीया ही रहती है। क्रिया कर्ता के अनुसार होती है। जैसे—शिष्य. लेख लिखति>गुरुः शिष्येण लेख लेखयति। नृपः भृत्येन कार्यं कारयति।

नियम १९७—(गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थ०) इन अर्थोवाली धातुओ के प्रेरणार्थक रूप के साथ मूल धातु के कर्ता मे तृतीया न होकर द्वितीया होती है:—जाना, जानना, समझना, खाना (अद्, खाद्, भक्ष् को छोडकर), पढना, अकर्मक धातुएँ, बोलना, देखना (दृश्), सुनना (श्रु), प्रवेश् (प्रविश्), चढना(आरुह्), तैरना (उत्तृ), ग्रहण (ग्रह्), प्राप्ति (प्राप्), पीना, ले जाना (हृ), (नी और वह् को छोडकर)। जैसे—बालः गृह गच्छति>बाल गृहं गमयति। शिष्यः वेदम् अवगच्छति>शिष्य वेदम् अवगमयति। पुत्रः अन्न भुङ्क्ते>माता पुत्रमन्न भोजयति। शिष्यः शास्त्र पठति>गुरुः शिष्य शास्त्र पाठयति। पृथ्वी सलिले आस्त>पृथ्वी सलिले आसयत्। **(क)** (नीवह्योर्न) नाययति वाहयति वा भार भृत्येन। **(ख)** (नियन्तृकर्तृकस्य वहेरनिषेधः) वाहयति रथ वाहान् सूतः। **(ग)** (आदिखाद्योर्न) आदयति खादयति वाऽन्न वटुना। **(घ)** (भक्षेरहिंसार्थस्य न) भक्षयत्यन्न वटुना। **(ङ)**(जल्पतिप्रभृतीनाम्०) जल्पयति भाषयति वा धर्मं पुत्र देवदत्तः। **(च)**(दृशेश्च) दर्शयति हरि भक्तान्। **(छ)** (शब्दायतेर्न) शब्दाययति देवदत्तेन।

अभ्यास ३३

संस्कृत बनाओ :—(क) (श्वन्, युवन्) १. कुत्ते को यदि राजा बना दिया जाता है तो क्या वह जूता नही चाटता है। २. पण्डित कुत्ते और चाण्डाल को समान मानते है। ३. काच मणि और कांचन को एक धागे मे पिरो रही हो, हे बाले, यह उचित नही है। उसने कहा—सर्ववित् पाणिनि ने तो एक सूत्र मे कुत्ता, युवक और इन्द्र तीनो को डाला है। ४ विद्वानो ने सेवा को श्ववृत्ति माना है। ५ युवक भुलक्कड होते है। ६ अति सुन्दर रमणी जिस प्रकार युवको के मन को हरण करती है, उस प्रकार कुमारो के नही। ७ यौवन के प्रारम्भ मे प्रायः युवको की दृष्टि कलुषित हो जाती है। (ख) (हु, भी धातु) १ यहॉ पर अग्नि मे हवन करो। २. उसने मन्त्रपूत शरीर को भी अग्नि मे हवन कर दिया। ३ हे बालक, तू मृत्यु से क्यों डरता है, वह भयभीत को भी नही छोडता। ४. मत डरो। ५. क्या करूँ, कहॉ जाऊँ, कौन वेदो का उद्धार करेगा। हे स्त्री, मत डरो, अभी पृथ्वी पर कुमारिल भट्ट जीवित है। (ग) (णिच् प्रत्यय) १. उसने विषय सुखो से विरक्त हो जीवन को बिताया। २. उन्होने अपने काम को ठीक निभाया। ३. उसने अपनी प्रतिज्ञा का पालन किया। ४. दो 'नही' स्वीकृति-सूचक अर्थ बताते हैं। ५. पिता पुत्र से लेख लिखवाता है। ६. धनिक नौकर से काम कराता है। ७. पुत्र को घर भेजता है। ८ पुत्र को वेद पढ़ाता है। ९. माता पुत्र को फल खिलाती है। १०. गुरु शिष्य को वेद पढाता है। ११. पुस्तक मेज पर रखवाई। १२. वह नौकर से भार ढुलवाता है। १३. छात्रो को चित्र दिखाता है। १४. मै यह पत्र उसके पास पहुँचा दूँगा। १५. बच्चा सिर हिला रहा है। (घ) (शिल्पिवर्ग) १. नाई बाल काटने की मशीन से बाल काटता है और उस्तरे से दाढी बनाता है। आजकल अधिक लोग सेफ्टीरेजर से स्वय ही दाढी बना लेते हैं। २. धोबी कपडो को धोकर, नील लगाता है, कलफ करता है और उनपर लोहा करता है। ३. फैक्टरी मे मिस्तरी मशीनो को ठीक करता है। ४. मिलो मे मजदूर काम करते है। ५. तेली कोल्हू के द्वारा तिलो से तेल निकालता है, धार रखनेवाला उस्तरे पर धार रखता है, बढई छेनी से लोहे को काटता है, बर्मा से लकडी मे छेद करता है, बुढिया सूई-धागे से वस्त्र सीती है।

संकेतः—(क) १. क्रियते, स किं नाश्नात्युपानहम्। २ शुनि चैव श्वपाके च पण्डिता समदर्शिन। ३ काच मणि काचनमेकसूत्रे करोषि बाले नहि युक्तमेतत्। अशेषवित् पाणिनि-रेकसूत्रे श्वान युवान मघवानमाह। ४ श्ववृत्तिं विदु। ५ युवानो विस्मरणशीला। ६. यथा यूनस्तद्वत् परमरमणीयापि रमणी, कुमाराणामन्त करणहरण नैव कुरुते। ७ कालुष्यमुपयाति। (ख) १. जुहुधीह पावकम्। २. यो मन्त्रपूता तनुमप्यहौषीत्। ३. मृत्योर्बिभेषि किं बाल, न स भीत विमुञ्चति। ४ मा भैषा। ५ किं करोमि, उद्धरिष्यति। मा बिभेहि वरारोहे भट्टाचार्योऽस्ति भूतले। (ग) १. जीवितमत्यवाहयत। २. साधु निरवाहयन्। ३ अभिमन्याम् अपालयत्। ४. द्वौ नञौ प्रकृतार्थं गमयत। ७. गमयति। ८ अवगमयति। ९ भोजयति। ११ आसयत्। १२. वाहयति। १३ दर्शयति। १४ तस्य हस्त प्रापयिष्यामि। १५ मूर्धानं चालयति। (घ) १. वयति, कूर्चं मुण्डयति। २ धावित्वा। ३. सशोधयति। ४. श्रमिका। ५ नि सारयति, क्षुर तीक्ष्णयति, कृन्तति, छिद्रयति, सीव्यति।

शब्दकोष–८२५ + २५ = ८५०] **अभ्यास ३४** (व्याकरण)

(क) शाकम् (साग), आलुः (आलू), रक्ताङ्ग. (टमाटर), गोजिह्वा (गोभी), कलायः (मटर), भण्टाकी (भॉटा, बैगन), वगनः (बैगन), भिंडकः (भिंडी), टिण्डिशः (टिंडा), अलाबु· (लौकी), कूष्माण्डः (कद्दू), गृजनम् (गाजर), मूलकम् (मूली), श्वेतकन्दः (शल्गम), पालकी (पालक), वास्तुकम् (बथुआ), सिम्बा (सेम), सुसिम्बः (फरासबीन, फ्रेंच बीन), जालिनी (तोरई), कुन्दरुः (कुन्दरु), पटोलः (परवल), कारवेल्लः (करेला), कर्कटी (ककडी), पनसम् (कटहल), शद· (सलाद)। (२५)

व्याकरण (वृत्रहन्, मघवन्, हा, ह्री, णिच् प्रत्यय)

१ वृत्रहन् और मघवन् शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ३१, ३२)

२. हा और ह्री धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ५०, ५१)

नियम १९८—मूलधातु से प्रेरणार्थक धातु बनाने के लिए ये नियम ठीक स्मरण कर ले। **(क)** धातु से णिच् (अय) प्रत्यय लगता है। नियम १९५ के अनुसार वृद्धि या गुण। **(ख)** (मिता ह्रस्वः) इन धातुओ के उपधा (उपान्त्य स्वर) के अ को आ नही होता। गम्, रम्, क्रम्, नम्, शम्, दम्, जन्, त्वर्, घट्, व्यथ्, जॄ। गमयति, रमयति, क्रमयति, नमयति, शमयति, दमयते, जनयति, त्वरयति, घटयति, व्यथयति, जरयति। अन्यत्र अ को आ होगा। पाठयति, कामयते, चामयति। **(ग)** (० आता पुड् णौ) आकारान्त धातुओ के अन्त मे णिच् से पहले 'प्' और लग जाता है। जैसे—दा > दापयति, धा > धापयति, स्था > स्थापयति, या > यापयति, स्ना > स्नापयति। **(घ)** (शाच्छासाह्वा०) इन आकारान्त धातुओ मे बीच मे 'य्' लगेगा। शो (शा), छो (छा), सो (सा), ह्वे (ह्वा), व्ये (व्या), वे (वा), और पा। जैसे—शाययति, ह्वाययति, पाययति (पिल्वाता है)। (पातेर्णौ लुग्०) पा (रक्षा करना) का रूप पालयति होगा। **(ङ)** (क्रीड्जीना णौ) इनके ये रूप होते है—क्री > क्रापयति (खरीदवाना), अधि + इ > अध्यापयति (पढाना), जि > जापयति (जिताना)। **(च)** इन धातुओ के ये रूप हो जाते हैः—ब्रू > वाचयति (बॉचना), हन् > घातयति (वध करना), दुष् > दूषयति (दोष देना), रुह् > रोपयति, रोहयति (उगाना), ऋ > अर्पयति (देना), ह्रेपयति (लज्जित करना), वि + ली > विलीनयति, विलाययति (पिघलाना), भी > भापयते, भीषयते (डर की वस्तु से डराना), भाययति (केवल डराना), वि + स्मि > विस्मापयते (किसी कारण से विस्मित करना), विस्माययति (केवल विस्मित करना), सिध् > साधयति (बनाना), सेधयति (निश्चय कराना), रञ्ज् > रञ्जयति (प्रसन्न करना), रजयति (शिकार खेलना), इ (जाना) > गमयति (भेजना), अधि + इ (जानना) > अधिगमयति (समझाना, याद दिलाना), प्रति + इ > प्रत्याययति (विश्वास दिलाना), गूह् > गूहयति (छिपाना), धू > धूनयति (हिलाना), प्री > प्रीणयति (प्रसन्न करना), मृज् > मार्जयति (साफ कराना), शद् > शातयति (गिराना), शादयति (भेजना)। **(छ)** चुरादिगण की धातुओ के रूप णिच् मे वैसे ही रहते है। **(ज)** कर्मवाच्य और भाववाच्य मे णिजन्त धातु के अन्तिम इ (अय) का लोप हो जाता है। जैसे—पाठ्यते, कार्यते, हार्यते, धार्यते, चोर्यते, भक्ष्यते।

अभ्यास ३४

संस्कृत बनाओ—(क) (वृत्रहन्, मघवन्) १. इन्द्र ने वृत्र का वध किया। २. मै इन्द्र के संमान से अनुगृहीत हूँ। ३. इन्द्र का यश प्रत्येक घर मे गाया जाता है। ४. इन्द्र का वज्र दैत्य-सेना का सहार करता है (सह्)। **(ख)** (हा, ह्री) १ हे अर्जुन, जब मनुष्य सभी मनोगत कामनाओ को छोड देता है और अपने आप मे सन्तुष्ट रहता है, तब वह स्थितप्रज्ञ कहा जाता है। २. तृष्णा को छोड दो। ३. तुमने जो सीता को छोड दिया है, यह क्या तुम्हारे कुल के अनुकूल है। ४. विपत्ति मे भी उसका धैर्य क्षीण नही होता। ५ पुत्रवधू श्वसुर से शर्माती है। ६. आपके साथ गुरुजनो के समीप जाने मे मुझे लज्जा अनुभव होती है। ७ हमे आपस मे ही शर्म लगती है औरो के सामने तो कहना ही क्या? **(ग)** (णिच् प्रत्यय) १. शरीर को शान्ति देनेवाली शरत्कालीन चॉदनी को कौन ऑचल से रोकता है? २. मै महल पर रहूँगा, वहाँ आवाज दे लेना। ३ यह विवाद ही विश्वास दिलाता है कि तुम झूठ बोल रहे हो। ४ पार्वती ने अपनी करुण-कथा सुनाकर अनेको बार सखियो को रुलाया। ५ वह मुझे पिता मानता है। ६. मै किसके सिर दोष मढ़ूँ। ७. वह फिर अपने काम मे लग गया। ८. विद्या धन से बढ़कर है। ९. अपना समाचार पत्र मे लिख दो। १० वह अभी तक अपने आपको नही सॅभाल पाया। ११. होनहार बिरवान के होत चीकने पात। १२. उसने किसी तरह आठ वर्ष बिताए। १३ उसने दासी को रानी बना लिया। १४. मौका हाथ से न जाने दे। १५. सज्जनो का मेल शीघ्र ही विश्वास दिलाता है। १६. प्रतिष्ठा केवल उत्सुकता को शान्त करती है। १७. बडे दुःख को भी आशा का बन्धन सहन करा देता है। १८ दिन चन्द्रमा को जितना दुःखित करता है, उतना कुमुदिनी को नही। **(घ)** (शाकादि-वर्ग) हरा साग और सलाद स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभप्रद है। अनेको साग है, किसी को कोई अच्छा लगता है, किसी को कोई। कुछ लोग बदल-बदलकर आलू, टमाटर, गोभी, मटर, बैगन, भिण्डी, टिण्डा, लौकी, कद्दू, गाजर, मूली, शलगम, परवल, पालक, बथुआ, सेम, फरासबीन, करेला और कटहल का साग खाते है। कुछ लोग दो-तीन साग को मिलाकर बनाते हैं या एक ही समय दो तीन साग बनाते हैं।

संकेतः—(क) २ संभावनया। **(ख)** १ प्रजहाति यदा कामान्, आत्मन्येवात्मना तुष्ट। २ जहीहि। ३ अहासी, सदृश कुलस्य। ४ तस्य धैर्यं न हीयते। ५. जिहेति। ६. जिहेमि आर्यपुत्रेण सह गुरुसमीप गन्तुम्। ७. अन्योन्यस्यापि जिह्रीम, किं पुनरन्येषाम्। **(ग)** १ शरीरनिर्वापयित्रीम्, पटान्तेन वारयति। २ मा प्रासादे शब्दायय। ३ प्रत्याययति। ४. निशाम्य, अरोदयत्। ५ मा पितेति मानयति। ६ क दोषपक्षे स्थापयामि। ७. मनो न्यवेशयत्। ८ अतिरिच्यते। ९ वृत्त पत्रमारोपय। १० स नाद्यापि पर्यवस्थापयति आत्मानम्। ११ आवेदयन्ति हि प्रत्यासन्नमानन्दमग्रपातीनि शुभानि निमित्तानि। १२. तेनाष्टौ परिगमिता समा कथचित्। १३. महिषीपद प्रापिता। १४. न कार्यकालमतिपातयेत्। १५ विश्वासयत्याशु सता हि योग। १६ औत्सुक्यमात्रमवसाययति। १७ आशाबन्ध साहयति। १८ ग्लपयति यथा। **(घ)** पर्यायश, समिश्र्य, शाकत्रय वा पचन्ति।

शब्दकोष-८५० + २५=८७५] **अभ्यास ३५** (व्याकरण)

(क) करमर्दकः (करौदा), पलाण्डुः (प्याज), लशुनम् (लहसुन), तिन्तिडीकम् (इमली), आर्द्रकम् (अदरक), व्यजनम् (मसाला), मरीचम् (मिर्च), जीरकः (जीरा), धान्यकम् (धनिया), शुण्ठी (सोठ), हिंगु (हीग), हरिद्रा (हल्दी), लवणम् (नमक), सैन्धवम् (सेधा नमक), रौमकम् (साभर नमक), पिप्पली (पीपर), एला (इलायची), मधुरा (सौफ), लवगम् (लौग), दारुत्वचम् (दालचीनी), त्रिपुटा (छोटी इलायची), खादिरः (कत्था), चूर्णः (चूना), पूगम् (सुपारी), ताम्बूलम् (पान)। (२५)

व्याकरण (करिन्, पथिन्, भृ, मा, सन् प्रत्यय)

१ करिन् और पथिन् शब्दो के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ३३, ३४)

२ भृ और मा धातुओ के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ५२, ५३)

नियम १९९—(धातोः कर्मण॰ समानकर्तृकादिच्छाया वा) इच्छा करना या चाहना अर्थ मे धातु से सन् (स) प्रत्यय लगता है। सन् के विषय मे ये बाते स्मरण रक्खेः—**(क)** इच्छा करने वाला वही व्यक्ति हो, तभी सन् होगा। **(ख)** सन् प्रत्यय ऐच्छिक है, अतः सन् न लगाना चाहे तो तुमुन् (तुम्) प्रत्यय करके इष् या अभिलष् आदि धातु का प्रयोग करे। जैसे—पठितुमिच्छति। **(ग)** इच्छा करनेवाली क्रिया कर्म के रूप मे होनी चाहिए, अन्य कारक के रूप मे नही। करण मे होने से यहाँ नही होगा—अहमिच्छामि पठनेन मे ज्ञान वर्धेत। **(घ)** सन् का स शेष रहता है। सन् प्रत्यय करने पर धातुओ को द्वित्व होता है, जैसे लिट् लकार मे। सेट् धातुओ मे स से पहले इ लगाकर 'इष' हो जाएगा। अनिट् मे केवल 'स' लगेगा, यह स कही-कही पर सन्धि-नियमों के कारण ष या क्ष हो जाता है। **(ङ)** धातुओ को द्वित्व करने पर अभ्यास अर्थात् प्रथम अश मे धातु मे अ होगा तो उसे इ हो जाएगा। **(च)** धातुओ के रूप इस प्रकार चलेगेः—(१) परस्मैपदी के रूप परस्मै० मे और आत्मने० के आत्मने० में, उभयपदी के उभयपद मे। (२) लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् मे परस्मै० मे भवतिवत्, आत्मने० मे सेव् के तुल्य। (३) लिट् लकार मे धातु + आम् + कृ, भू या अस्। (४) लुङ् मे परस्मै० मे ईत्, इष्टाम्, इषुः आदि और आत्मने० मे इष्ट, इषाताम्, इषत आदि। (५) आशीर्लिङ् मे पर० मे यात्, यास्ताम् आदि, आत्मने० मे इषीष्ट आदि। (६) अन्य लकारो मे भू या सेव् के तुल्य। जैसे—गम्>जिगमिषति, जिगमिषतु, अजिगमिषत्, जिगमिषेत्, जिगमिषिष्यति, जिगमिषाञ्चकार, जिगमिषिता, अजिगमिषीत्, जिगमिष्यात्, अजिगमिष्यत्। **(छ)** सन्नन्त प्रयोगवाली प्रचलित धातुएँ ये हैंः—ज्ञा> जिज्ञासते, दा>दित्सति, धा>धित्सति, पा>पिपासति, जि>जिगीषति, चि> चिचीषति, श्रु> शुश्रूषते, ब्रू> विवक्षति, भू>बुभूषति, कृ> चिकीर्षति, हृ> जिहीर्षति, मृ>मुमूर्षति, तृ>तितीर्षति, मुच्>मुमुक्षते, प्रच्छ्>पिप्रच्छिषति, भुज्> बुभुक्षते, पठ्> पिपठिषति, कित्> चिकित्सति, पत्>पित्सति, पिपतिषति, अद्>जिघत्सति, पद्>पित्सते, विद्>विविदिषति, बुध्>बुबोधिषति, मान्>मीमासते, हन्> जिघासति, आप्>ईप्सति, स्वप्> सुषुप्सति, रभ्>रिप्सते, लभ्> लिप्सते, गम्>जिगमिषति, दृश>दिदृक्षते, ग्रह्> जिघृक्षति।

अभ्यास ३५

संस्कृत बनाओ—(क) (करिन्, पथिन्) १. हाथी ने इस पेड की छाल छील दी। २. साक्षी उपस्थित नही हुआ (साक्षिन्)। ३. अतिस्नेह मे अनिष्ट की शंका बनी रहती है (पापशकिन्)। ४. अगले रविवार को आप हमसे मिलिएगा (आगामिन्)। ५. सहाध्यायियो से प्रेमपूर्वक व्यवहार करो (सहाध्यायिन्)। ६. शेर बादल की ध्वनि पर हुंकार करता है, गीदडो की आवाज पर नही (केसरिन्)। ७. कम से कम तीन गवाह होने चाहिएं (साक्षिन्)। ८. गुणवानो के गुण पूजा के योग्य हैं, चिह्न या आयु नही (गुणिन्)। ९. रथी पैदल से युद्ध नही करते (रथिन्)। १० ऐसा परोपकारियों का स्वभाव ही होता है। ११. हाथी के मित्र गीदड़ नहीं होते (दन्तिन्)। १२. मानहीन मनुष्य की और तृण की समान गति होती है (जन्मिन्)। १३ वे मूर्ख तिरस्कार को प्राप्त होते हैं, जो धूर्तों से धूर्तता नही करते (मायाविन्)। १४ स्वाभिमानियो का स्वाभिमान ही धन होता है (मानिन्)। १५. तुम्हारा मार्ग शुभ हो। १६. धीर लोग न्याय के मार्ग से जरा भी विचलित नही होते। **(ख)** (भृ, मा) १ अपना पेट कौन नही पालता। २ उसने पृथ्वी की धुरा को धारण किया। ३. राजाओ के पास चुगलखोर रहते है। ४ सदा स्वच्छ वस्त्रो को धारण करे। ५ व्यापारी हाथ से कपडे को नापता है (मा)। ६ पटवारी ने जजीर से खेत नापा। **(ग)** (सन् प्रत्यय) १. विद्यार्थी पाठ पढना चाहता है, लेख लिखना चाहता है, धर्म जानना चाहता है, दान देना चाहता है, धर्म करना चाहता है, जल पीना चाहता है, शत्रु को जीतना चाहता है, फूल इकट्ठा करना चाहता है (सचि), गुरुवचन सुनना चाहता है, कार्य करना चाहता है (कृ), पाप को छोडना चाहता है (हृ), प्रश्न पूछना चाहता है (प्रच्छ्), फल खाना चाहता है (भुज्), धन पाना चाहता है (लभ्) और मित्र को देखना चाहता है। २. गुरुओ की सेवा करो। ३ वह छोटी नौका से समुद्र को पार करना चाहता है। **(घ)** (शाकादि०) १ कुछ लोग साग और दाल मे अधिक मसाला पसन्द करते है। वे दाल मे हल्दी, धनिया, नमक के साथ ही प्याज लहसुन इमली और लाल मिर्च भी डालते हैं। साग में भी मसाला डाला जाता है। २. कुछ लोग चाय मे भी काली मिर्च, दालचीनी और सोठ या अदरक डालते है। ३. पनवारी पान मे चूना और कत्था लगाता है, बाद मे छोटी इलायची और सुपारी डालकर देता है। पान खानेवाले पानदान में पान रखते है।

संकेत—(क) १ त्वगुन्मथिता। २ नोपतस्थौ। ३ अतिस्नेह पापशकी। ४ आगामिनि, भवता द्रष्टव्या वयम्। ६ अनुहुकुरुते घनध्वनिं नहि गोमायुरुतानि केसरी। ७ त्र्यवरा साक्षिणो ज्ञेया। ८ गुणा पूजास्थान गुणिषु न च लिङ्ग न च वय। ९ न रथिन पादचारमभियुजन्ति। १० परोपकारिणाम्। ११ भवन्ति गोमायुसखा न दन्तिन। १२ जन्मिनो मानहीनस्य तृणस्य च समा गति। १३ व्रजन्ति ते मूढधिय पराभव भवन्ति मायाविषु ये न मायिन। १४ सदाऽभिमानैकधना हि मानिन। १५. शिवास्ते सन्तु पन्थान। १६ न्याय्यात् पथ। **(ख)** १ बिभर्ति। २. बिभराबभूव। ३ पिशुनजनं खलु बिभ्रति क्षितीन्द्रा। ४ बिभृयात्। ६ लेखपाल श्रृखलाभि, अमास्त। **(ग)** १ लिलिखिषति, विधित्सति। २ शुश्रूषस्व। ३ उडुपेन, तितीर्षति। **(घ)** १ सहैव, रक्तमरीचम्, निक्षिपन्ति। शाकमपि उपस्क्रियते (उपस्कृ)। ३ ताम्बूलिक, लिम्पति, निक्षिप्य, ताम्बूलकरके।

शब्दकोष-८७५ + २५ = ९००] **अभ्यास ३६** (व्याकरण)

(क) कृषि (स्त्री०, खेती), कृषीवल (किसान), वसुधा (पृथ्वी), मृत्तिका (मिट्टी), उर्वरा (उपजाऊ), ऊषर (ऊसर), शाद्वलः (शस्य-श्यामल), क्षेत्रम् (खेत), सीता (जुती भूमि), लांगलम् (हल), फाल (हल की फाल), खनित्रम् (फावडा, कुदाल), दात्रम् (दराती), लोष्टम् (ढेला), लोष्टभेदनः (१ मुँगरी, २ पटरा, ३. मैडा), कोटिशः (धुर्मुस), तोत्त्रम् (चाबुक), कणिश (बाल), पलालः (पराल), बुसम् (भुस), तुषः (भूसी), खाद्यम् (खाद), खलम् (खलिहान), खनियन्त्रम् (ट्रैक्टर), कृषियन्त्रम् (खेती के औजार)। (२५)

व्याकरण (तादृश्, चन्द्रमस्, दा, यङ्, यङ्लुक्, नामधातु)

१ तादृश् और चन्द्रमस् के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ३५, ३८)

२ दा धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ५४)

नियम २००—(धातोरेकाचो हलादेः क्रियासमभिहारे यङ्) व्यजन से प्रारम्भ होनेवाली एकाच् धातु से यङ् प्रत्यय होता है, बार-बार या अधिक करने अर्थ मे। यङ् प्रत्यय के लिए ये नियम स्मरण रक्खे.—**(क)** यङ् का य शेष रहता है। सभी धातुओं के रूप केवल आत्मनेपद मे चलते हैं। **(ख)** (सन्यङो) धातु को द्वित्व होता है। **(ग)** (गुणो यङ्लुकोः, दीर्घोऽकितः) द्वित्व होने पर अभ्यास (पूर्वपद) मे अ को आ, इ ई को ए, उ ऊ को ओ होगा। नी>नेनीयते, भू>बोभूयते, पठ्>पापठ्यते। **(घ)** (नित्यं कौटिल्ये गतौ) गत्यर्थक धातुओ से कुटिलता अर्थ मे ही यङ् होगा। व्रज्>वाव्रज्यते (कुटिल चलता है)। **(ङ)** (रीगृदुपधस्य च) धातु की उपधा मे ह्रस्व ऋ होगा तो उसके अभ्यास मे 'री' और लगेगा। नृत्>नरीनृत्यते। **(च)** (घुमास्था०) दा, धा, स्था, गा, पा, हा, सा के आ को ई होगा। देदीयते, देधीयते, तेष्ठीयते, जेगीयते, पेपीयते, जेहीयते, सेषीयते। **(छ)** कुछ अन्य प्रसिद्ध यङन्त रूप ये है—कृ>चेक्रीयते, दिव्>देदीव्यते, भ्रम्>बम्भ्रम्यते, चर्>चञ्चूर्यते, वृत्>वरीवृत्यते, ग्रह्>जरीगृह्यते।

नियम २०१—(यङ्लुक्) (यङोऽचि च) धातु के बाद य का लोप होगा। यङ्लुक् के लिए ये नियम स्मरण रक्खे—**(क)** धातु को द्वित्व होगा। धातु के रूप परस्मैपद में ही चलेंगे। **(ख)** अभ्यास मे अ को आ, इ ई को ए, उ ऊ को ओ होगा। **(ग)** धातु के अन्त मे ऋ होगा तो उसके अभ्यास मे री या रि लगेगा। **(घ)** यङ्लुक् के प्रयोग साहित्य मे बहुत कम मिलते है। **(ङ)** ति, सि, मि से पूर्व विकल्प से ई लगेगा। जैसे—भू>बोभवीति, बोभोति। वृत्>वरीवर्ति, कृ>चरीकर्ति, गम्>जगमीति।

नियम २०२—(नामधातु) नामधातु मे ये प्रत्यय मुख्यतया होते हैः—**(क)** (सुप आत्मनः क्यच्) अपने लिए चाहने अर्थ मे क्यच् (य) प्रत्यय। परस्मैपद होगा। आत्मनः पुत्रमिच्छति>पुत्रीयति। कवीयति, अशनायति, उदन्यति। **(ख)** (उपमानादाचारे) उसके तुल्य आचरण करने मे क्यच् (य)। शिष्य को पुत्रवत् मानता है—पुत्रीयति छात्रम्। **(ग)** (काम्यच्च) अपने लिए चाहने मे 'काम्य' होता है। पुत्रकाम्यति। **(घ)** (कर्तुः क्यङ्०) उसके तुल्य आचरण करने मे क्यङ् (य) प्रत्यय। आत्मनेपद होगा। कृष्णवत् आचरण करता है>कृष्णायते। ओजायते, अप्सरायते। **(ङ)** (तत्करोति तदाचष्टे) करना और कहना अर्थ मे णिच्। सूत्र बनाता है—सूत्रयति।

अभ्यास २६

संस्कृत बनाओ—(क) (तादृश् , चन्द्रमस्) १ वैसे सुन्दर आकृतिवाले लोग सहृदय ही होते है (सचेतस्)। २ ऐसे वैसे लोग सभाओ मे आ जाते है और रग मे भग करते है। ३ पुत्र-स्नेह कितना प्रबल होगा, जब कि भ्रातृ-स्नेह इतना प्रबल होता है। ४ नक्षत्र तारा और ग्रहो से युक्त भी रात्रि चन्द्रमा से ही प्रकाशित होती है। ५. मुनिव्रतो से अतिकृश तुमको देखकर किस सहृदय का मन दु:खित नहीं होगा (सचेतस्)। ६. उसने उसके पास खडे हुए एक वृद्ध पुरुष को देखा (प्रवयस्)। ७. यह दुर्वासा (दुर्वासस्) के शाप का ही प्रभाव है। ८. अच्छे चित्तवालों का (सुमनस्) भले और बुरो पर समान प्रेम होता है। **(ख)** (दा धातु) १ पढाई पर ध्यान दो। २. भगवती पृथ्वी, मुझे अपने अन्दर समा लो। ३ क्या राजा ने तुम्हे यह अँगूठी इनाम मे दी है। ४ थोडा स्थान देना। ५. ये कन्याएँ पौधो को जल दे रही है (दा)। ६ उसने स्वामी के लिए प्राण दे दिए। ७ आँसू चित्र में भी शकुन्तला को नहीं देखने देता। ८ वस्त्रो को धूप मे सुखाता है। ९ गुरु शिष्य को आज्ञा देता है। १० वह खेल मे मन लगाता है। ११ उसने प्रत्युत्तर दिया। १२. उसने घर मे आग लगा दी। १३ उसने यह वचन कहा। १४ हंस दूध को ले लेता है और उसमे मिले हुए जल को छोड देता है। १५ उसने सब लोगो का मन अपनी ओर खींच लिया (आदा)। १६ उसने निर्धनो को वस्त्र दिए (प्रदा)। **(ग)** (यङ् , नामधातु) १. बालक बार-बार हँसता है, रोता है, टेढा चलता है, नाचता है, गाता है, खाना खाता है, पानी पीता है, काम करता है, घूमता है, प्रश्न पूछता है। २ (यङ्लुक्) वह बार-बार काम करता है, घर जाता है, विद्यालय मे रहता है, साँप को मारता है और पुस्तक को लेता है। ३ वह पत्नी-सहित तपस्या करता है। ४. वह अपने कुल को बदनाम करता है। ५ वह शिष्य को पुत्रवत् मानता है। ६. वह कृष्णवत् आचरण करता है। **(घ)** (कृषिवर्ग) भारत कृषि प्रधान देश है। किसान उपजाऊ भूमि को हल से जोतता है, जुती हुई भूमि के ढेलो को मैडा चलाकर सम कर देता है, बाद मे उसमे बीज बोता है, अकुर आने के बाद नलाई करता है और अनावश्यक घास आदि को निकाल देता है। खेती तैयार होने पर दराती से बालो को काट लेते हैं या जड से ही काटते है। भुस और भूसी गायो बैलो को दी जाती है। आजकल ट्रैक्टरो से भी खेती की जाती है।

संकेत —(क) १ आकृतिविशेषा सचेतस। २ यादृशास्तादृशो जना', रगभग विदधति। ३ कीदृक तनयस्नेह, ईदृक्। ४ ० सकुलापि ज्योतिष्मती चन्द्रमसैव रात्रि। ५ सचेतस कस्य मनो न दूयते। ६ स्थित प्रवयसम्। ७ दुर्वासस शाप एव प्रभवति। ८ सुमनसा प्रीतिर्वामदक्षिणयो समा। **(ख)** १ अवधानम्। २ देहि मे विवरम्। ३ प्रतिग्रह। ४ अवकाशम्। ५ बालपादपेभ्य। ६ प्राणान् अदात्। ७ बाष्पस्तु न ददात्येना द्रष्टु चित्रगतामपि। ८ आतपे ददाति। १० मनो ददाति। १२ पावकम् अदात्। १३ इति वाचमाददे। १४ हसो हि क्षीरमादत्ते तन्मिश्रा वर्जयत्यप। १५ मन आददे। **(ग)** १ बालक जाहस्यते, रोरुद्यते, वाव्रज्यते, नरीनृत्यते, जेगीयते, बोभुज्यते, पेपीयते, चेक्रीयते, बभ्रम्यते, प्रश्न परीपृच्छ्यते। २ स कार्यं चरीकर्ति, जगमीति, वरीवर्ति, जघनीति, जाग्रहीति। ३ सपत्नीक तपस्यति। ४ मलिनयति। **(घ)** कर्षति, सवाह्य समीकरोति, बीजानि वपति, क्षेत्रपरिष्कारम्, सपन्नायां सत्याम्, लुनन्ति, मूलत एव।

शब्दकोष–९०० + २५ = ९२५] **अभ्यास ३७** (व्याकरण)

(घ) सुकृतिन् (भाग्यवान्), सहृदयः (सहृदय), निष्णातः (विद्वान्), प्रतीक्ष्यः (पूज्य), वदान्य. (दानी), हृष्टमानस. (प्रसन्नचित्त), विमनस् (दुःखित हृदय), उत्कः (उत्कण्ठित), विश्रुत. (प्रसिद्ध), स्निग्धः (प्रेमी), आयत्त. (अधीन), आद्यूनः (पेटू), लुब्ध. (लोभी), विनीतः (नम्र), धृष्टः (ढीठ), प्रत्याख्यातः (छोडा हुआ), विप्रकृतः (तिरस्कृत), विप्रलब्ध. (वञ्चित), आपन्न. (आपत्तिग्रस्त), दुर्गतः (दीन), कान्तम् (सुन्दर), अभीष्टम् (मनोहर), निकृष्ट. (नीच) पूतम् (पवित्र), सख्यातम् (गिना हुआ)। (२५)

व्याकरण (विद्वस्, पुस्, धा धातु, क्त प्रत्यय)

१ विद्वस् और पुस् शब्द के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ३६, ३७)

२ धा धातु के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ५५)

नियम २०३—(क्तक्तवतू निष्ठा, निष्ठा) भूतकाल अर्थ मे धातु से क्त और क्तवतु कृत् प्रत्यय होते है। दोनो का क्रमश. त और तवत् शेष रहता है। 'त' प्रत्यय कर्मवाच्य और भाववाच्य मे होता है। तवत् प्रत्यय कर्तृवाच्य मे। 'त' प्रत्यय करने पर सेट् (इ–वाली) धातुओ मे इ लगेगा, अनिट् (इ–नही वाली) धातुओ मे इ नही लगेगा। धातु को गुण या वृद्धि नही होती। सप्रसारण होता है।

नियम २०४—**(क)** क्त (त) प्रत्यय जब सकर्मक धातु से कर्मवाच्य मे होगा तो कर्म मे प्रथमा, कर्ता मे तृतीया और क्रिया का लिग, वचन और विभक्ति कर्म के अनुसार होगी, कर्ता के अनुसार नही। **(ख)** अकर्मक धातु से क्त (त) प्रत्यय होगा तो कर्ता मे तृतीया होगी। क्रिया मे नपुसक० एक० ही रहेगा। **(ग)** 'त' प्रत्ययान्त क्रिया-शब्द कर्म के अनुसार पुलिग होगा तो उसके रूप रामवत्, स्त्रीलिग होगा तो रमावत्, नपुसक० होगा तो गृहवत् चलेगे। जैसे—मया पुस्तक पठितम्, पुस्तके पठिते, पुस्तकानि पठितानि। मया ग्रन्थ' पठितः, ग्रन्थौ पठितौ, ग्रन्थाः पठिताः। मया बाला दृष्टा, बालाः दृष्टाः। तेन हसितम्।

नियम २०५—(गत्यर्थाकर्मकश्लिषशीङ्०) इन धातुओ से क्त प्रत्यय कर्तृवाच्य मे भी होता है:—जाना चलना अर्थ की धातुओ, अकर्मक धातुओ तथा श्लिष्, शी, स्था, आस्, वस्, जन्, रुह्, जॄ धातुओ से। अत. कर्ता मे प्रथमा और कर्म मे द्वितीया। जैसे—गृह गत। स ग्राम प्राप्तः। स भूत.। हरिः रमामाश्लिष्टः। स शेषमधिशयितः। वैकुण्ठमधिष्ठित.। शिवमुपासित'। अत्र उषित.। राममनुजातः। वृक्षमारूढः। स जीर्णः।

नियम २०६—(मतिबुद्धिपूजार्थेभ्यश्च) मन्, बुध्, पूज् तथा इन अर्थोवाली अन्य धातुओ से क्त प्रत्यय वर्तमान काल अर्थ मे होता है। साथ मे षष्ठी होगी। राज्ञा मत., बुद्धः, पूजित.।

नियम २०७—(नपुसके भावे क्तः) कभी-कभी क्त प्रत्यय नपुसक लिग भाववाचक शब्द बनाने के लिए होता है। जैसे—जल्पितम् (कहना), शयितम् (सोना), हसितम् (हँसना), गतम् (चलना), स्थितम् (रहना)। कस्येदमालिखितम् (किसका चित्र है।)

अभ्यास ३७

संस्कृत बनाओ—(क) (विद्वस्, पुस्) १. विद्वान् ही विद्वानो के परिश्रम को समझता है। २. विद्वान् को भी दुष्ट लक्ष्मी दुर्जन बना देती है। ३. विद्वानो के मुँह से बात सहसा बाहर नही निकलती और जो निकल जाती है, वह फिर लौटती नहीं है। ४. जिसके पास पैसा है, वही ससार मे पुरुष है। ५. शत्रु भी जिसके नाम का अभिनन्दन करते है, वही पुरुष पुरुष है। ६. वह पुरुषो के द्वारा वन्दनीय है। ७ दुष्ट स्त्री पुरुष पर विश्वास नही करती (विश्वस्)। (ख) (धा धातु) १ सहसा काम न करो। २. मुझे श्रेष्ठ लक्ष्मी दो। ३ हे माता, तू दुर्जनो को भी पालती है। ४ कॉच सुवर्ण के सग से मरकत की कान्ति को धारण करता है। ५ इधर ध्यान दो। ६. कान पर हाथ रखता है। ७. कानो को बन्द करता है (अपिधा)। ८. खिडकी बन्द कर दो। ९ हे अर्जुन, इस शरीर को क्षेत्र कहा जाता है (अभिधा)। १० आप इधर ध्यान दीजिए (अवधा)। ११. अपने से बलवान् शत्रु से सन्धि कर ले (सधा)। १२ उसने धनुष पर बाण रक्खा (सधा)। १३. नए कपडे पहनो (परिधा)। १४ वह गुरु पर श्रद्धा करता है (श्रद्धा)। १५. वह बॉह का तकिया लगाकर सोता है (उपधा)। १६ शकुन्तला को ठगकर मुझे क्या मिलेगा (अभिसधा)। १७ वैदिक वाङ्मय का अनुसन्धान करो (अनुसधा)। १८ प्रायः भाग्य ही सबका शुभ और अशुभ करता है (विधा)। १९. मैं धनुष पर विजय की आशा को रखता हूँ (निधा)। २० मेज पर पुस्तके रख दो (निधा)। २१. जल ने भूमि पर धूल को दबा दिया (निधा)। २२. मुझमे मन लगाओ (आधा)। २३. राक्षसो की छाया भय उत्पन्न करती हैं (आधा)। (ग) (विशेषण) १ भाग्यवान् सहृदय दानी और विद्वान् लोग तिरस्कृत, वचित, आपत्तिग्रस्त और दीन को दुःख नही देते है। २ निकृष्ट व्यक्ति भी सुन्दर अभीष्ट वस्तुओ को पाकर प्रसन्नचित्त होता है और उन्हे न पाकर खिन्न होता है। ३. पेटू पराधीन होता है, नम्र प्रसिद्ध होता है, ढीठ तिरस्कृत होता है, प्रेमी विनीत होता है और उत्कण्ठित खिन्न होता है। (घ) (क्त प्रत्यय) १. मैंने रघुवश के चार सर्ग पढे। २. उसने बनी ठनी स्त्री देखी। ३ वह आसन पर बैठा (अधिष्ठा)। ४. वह वृक्ष पर चढा (आरुह्)। ५ यह किसका चित्र है। ६. मुझे राजा मानते हैं। ७. यह अफवाह फैल गई। ८ उसका मन कही और है। ९. उसने यह शर्त लगाई। १० उसने उस समय बहुत वीरता दिखाई।

संकेत—(क) १. विद्वानेव विजानाति विद्वज्जनपरिश्रमम्। २ अनार्या, खलीकरोति। ३ वदनाद् वाच, याताश्चेन्न पराञ्चन्ति। ४ यस्यार्थाः स पुमान् लोके। ५ यस्य नामाभिनन्दन्ति द्विषोऽपि स पुमान् पुमान्। ६ पुसाम्। (ख) १ सहसा विदधीत न क्रियाम्। २ मयि धेहि। ३. दधासि। ४ धत्ते मारकतीं द्युतिम्। ५ धिय धेहि। ६ कर दधाति। ७ कर्णौ पिधत्ते। ८. गवाक्ष पिधेहि। ९ क्षेत्रमित्यभिधीयते। १० अवधत्ताम्। ११ बलीयसा रिपुणा सदध्यात्। १२. समधत्त। १३ परिधत्त। १४ श्रद्दधाति। १५ बाहुमुपधाय। १६ अभिसधाय किं लभ्यते मया। १७ अनुसधत्त। १८ भवितव्यतैव, विदधाति। १९ निदधे विजयाशसाम्। २१ सलिलैर्निहित रज क्षितौ। २२ आधत्स्व। २३ भयमादधति। (घ) १ सर्गा। २ स्वलकृता। ६ अहं राजा मत। ७ वार्ता प्रसृता। ८. म हृदयेनासनिहितः। ९ इति तेन समय कृत। १०. धीर विक्रान्तम्।

शब्दकोष–९२५ + २५ = ९५०] **अभ्यास ३८** (व्याकरण)

(घ) प्रौढम् (प्रौढ), ततम् (विस्तृत), ईरितम् (प्रेरित), उपचितः (मोटा), अपचितः (पतला), भुग्नम् (टूटा हुआ), शातम् (तेज), पक्वम् (पका हुआ), ह्रीणः (लज्जित), स्रुतम् (पिघला हुआ), अवगीतः (निन्दित), उद्वान्तम् (उगला हुआ), शान्तः (शान्त), दान्तः (जितेन्द्रिय), प्रच्छन्नः (ढका हुआ), अवसित. (समाप्त), प्लुष्टम् (दग्ध), त्वष्टम् (छीला हुआ), निष्पन्नम् (तैयार), स्यूतम् (सिला हुआ), लूनम् (कटा हुआ), आसादितम् (प्राप्त), उज्झितम् (व्यक्त), अवगतम् (ज्ञात), जग्धम् (खाया हुआ)। (२५)

व्याकरण (श्रेयस् , अनडुह् , दिव् , नृत् , क्त प्रत्यय)

१. श्रेयस् और अनडुह् शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ३९, ४०)

२. दिव् और नृत् धातुओ के पूरे रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ५६-५७)

नियम २०८—धातु से त, तवत् (तथा क्त्वा, क्तिन्) प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम ठीक स्मरण कर ले। (देखो परिशिष्ट मे क्त प्रत्यय से बने रूप)। **(क)** धातु को गुण या वृद्धि नही होगी। सेट् मे इ लगेगा, अनिट् मे नही। सधि-कार्य होगा। जैसे—कृ > कृतः। हृतः, धृतः, भृतः। पठितम्, लिखितम्। **(ख)** (रदाभ्या निष्ठातो न° ०) र् और द् के बाद के त को न होगा, धातु के द् को भी न्। अर्थात् र् + त = र्ण। द्+त=न्न। दीर्घ ॠ को ईर् होता है, पृ को पूर्। शॄ > शीर्ण, तॄ > तीर्ण, गॄ > गीर्ण, कॄ > कीर्ण, सकीर्ण, प्रकीर्ण, विकीर्ण। पॄ > पूर्ण। भिद् > भिन्न, छिद् > छिन्न, सद् > सन्न, प्रसन्न, विषण्ण, आसन्न आदि। **(ग)** (घुमास्थागापा०) गा, पा, और हा के आ को ई होगा। गीतम्, पीतम् (पिया), हीनम् (छोडा)। **(घ)** (द्यतिस्यतिमास्था-मित्ति किति) दो (दा), सो (सा), मा, स्था इनके आ को इ होता है। दित, अवसित, परिमित, स्थित। **(ङ)** (अनुदात्तोपदेश०) यम्, रम्, नम्, गम्, हन्, मन्, वन् और तनादिगणी धातुओ के म् और न् का लोप होता है। यम् > यत, उयत, रम् > रत, विरत, नम् > नत, प्रणत, गम् > गत, आगत, हन् > हत, मन् > मत, समत, तन् > तत, वितत। **(च)** (अनिदिता हल०) उपधा के न् का लोप होगा, यदि धातु का इ हटा होगा तो नही। बन्ध् > बद्ध, ध्वस् > ध्वस्त, स्रस् > स्रस्त, दश् > दष्ट। **(छ)** (जन-सनखना०) जन्, सन्, खन् के न् को आ होगा। जात, सात, खात। **(ज)** (वचिस्व-पियजादीना० ग्रहिज्या०) वच् आदि को सप्रसारण होता है, अर्थात् य् > इ, व् > उ, र् > ऋ। ब्रू या वच् > उक्त, स्वप् > सुप्त, यज् > इष्ट, वप् > उप्त, वह् > ऊढ, वस् > उषित, ग्रह् > गृहीत, व्यध् > विद्ध, प्रच्छ् > पृष्ट, आह्वे > आहूत, वद् > उदित। **(झ)** (सयोगादेरातो०) ग्ला, म्ला आदि के बाद त को न। ग्लान, म्लान। **(ञ)** (ल्वादिभ्यः) लू आदि २१ धातुओ के बाद त को न। लू > लून, स्तॄ > स्तीर्ण, विस्तीर्ण, ज्या > जीन, दु > दून। **(ट)** (ओदितश्च) जिन धातुओ मे से ओ हटा हो, उनके बाद त को न। उड्डी > उड्डीनः, भज् > भग्न, भुज् > भुग्न, मस्ज् > मग्न, रुज् > रुग्ण, ली > लीन, उद्विज् > उद्विग्न, श्वि > शून, हा > हीन। **(ठ)** इन धातुओ के ये रूप होते हैं—दा > दत्त, धा > हित, विहित, निहित, अस् > भूत, शुष् > शुष्क, पच् > पक्व, क्षै > क्षाम। सह् > सोढ, वह् > ऊढ, अद् > जग्ध, क्षि > क्षीण, निर्वा > निर्वाण, निर्वात, गुह् > गूढ, लिह् > लीढ, प्यै > पीन, प्यान।

अभ्यास ३८

संस्कृत बनाओ—(क) (श्रेयस्, अनडुह्) १. अपना धर्म घटिया भी अच्छा है। २. कल्याण के विषय मे किसकी तृप्ति होती है। ३. सूर्य अनड्वान् (बैल) है, वह पृथ्वी को धारण करता है (धृ)। ४ बैलो से खेती की जाती है। (ख) (दिव्, नृत् धातु) १. पाशो से जूआ खेलता है। २. नाचनेवाला युवतियो के साथ नाचता है। ३ बाण चचल लक्ष्य पर भी लगते है (सिध्)। ४ एक के परिश्रम से ही घर-खर्च चल जाता है। (ग) (क्त प्रत्यय) १. अच्छी याद दिलाई। २. अच्छा, हमने ऐसा मान लिया। ३. व्यापारी नाव टूट जाने से मर गया। ४. आपकी घोषणा का लोगो ने स्वागत किया है। ५ यह क्या बात शुरू की। ६ ऐसा अशुभ न हो। ७. राजा ने अनुचित किया। ८. शकुन्तला पेडों से ओझल हो गई। ९. उसको भाग्य पर छोड दिया। १० उसकी प्रतिज्ञा सबको विदित हो गई। ११. वह दु ख के कारण अन्य-मनस्क है। १२ मै व्यर्थ ही रोया। १३. वे दोनो एक दूसरे को मारने पर तुले हुए है। १४. सारी चीजे उलट-पलट हो गई है। १५ सीता का क्या हाल हुआ। १६. लोकापवाद मेरे लिए बलवान् है। १७ घर मे आग लग गई। १८. घर मे आग लगने पर कुँआ खोदना कहाँ तक उचित है। १९. राजा होश मे आया। २०. तुम्हारा तर्क उचित है। २१. तूने स्वय अपना सत्यानाश किया है। २२. अब मेरी हालत ठीक है। २३. बडी कठिनाई से जान छूटी। २४. वह सदा के लिए चला गया। २५. उन्होने उसे अपराधी ठहराया। २६ वह बहुत प्रसन्न हुआ। २७. उसकी आँखों मे आँसू भर आए। २८. मै पीछे-पीछे आ रहा हूँ। २९ तुमने देर कर दी। ३०. मैने तुम्हारा कभी कुछ भी बुरा नही किया है। ३१. यह बात आपके कान तक पहुँची ही होगी। ३२. मैने उसे कुछ मना लिया। (घ) (विशेषण) १. पके और कटे फल को खाओ। २. जले हुए, खाए हुए और छोडे हुए भोजन को न खाओ। ३. आदमी पतला हो या मोटा, उसे शान्त और दान्त होना चाहिए। ४. प्रौढ व्यक्ति का ज्ञान विस्तृत, सन्तुलित, परिपक्व, तीक्ष्ण और अनिन्दित होता है। ५ सिले हुए वस्त्र को, तैयार भोजन को, पिघले हुए घी को, ढके हुए बर्तन को, छीले हुए फल को यहाँ रक्खो।

संकेत—(क) १ श्रेयान् स्वधर्मो विगुण । २ श्रेयसि। ३. अनड्वान् दाधार पृथ्वीम्। (ख) १ अक्षै दीव्यति। २ नर्तक । ३ सिध्यन्ति। ४ व्यय शुध्यति। (ग) १ सम्यगनुबोधितोऽस्मि। २ अभ्युपगत तावदस्माभिरेवम्। ३ सार्थवाहो नौव्यसने विपन्न । ४ अभिनन्दित देवस्य शासन जनै । ५ किमिदमुपन्यस्तम्। ६ प्रतिहतममगलम्। ७. अनुचितमाचरितम्। ८ अन्तर्हिता वनराज्या। ९ स दैवाधीन कृत । १०. प्रकाशता गता। ११. सन्तापेन भ्रष्टहृदय । १२ अरण्ये मया रुदितम्। १३. परस्परवधायोद्यतौ तौ। १४ सर्वं विपर्यासं यातम्। १५ किं वृत्तम्! १६ बलवान् मतो मे। १७ ज्वलनमुपगतं गेहम्। १८ सन्दीप्ते भवने तु कूपखनन प्रत्युद्यम कीदृश । १९. प्रकृतिमापन्न । २० उपपन्न । २१ त्वया स्वहस्तेनागारा कर्षिता। २२ लब्ध मया स्वास्थ्यम्। २३. कथ कथमपि मुक्त । २४ असनिवृत्त्यै गत । २५. स्थापित । २६ आनन्दस्य परा कोटिमधिगत । २७ तस्या नयने उद्बाष्पे जाते। २८ अनुपदमागत एव। २९. वेलातिक्रम कृत। ३०. विप्रिय कृतम्। ३१ इद भवत श्रुतिविषयमापतितमेव। ३२. किमपि सानुक्रोश कृत ।

शब्दकोष—९५० + २५ = ९७५] **अभ्यास ३९** (व्याकरण)

(क) अद्रिः (पर्वत), ग्रावन् (पत्थर), शिला (चट्टान), शृङ्गम् (चोटी), प्रपातः (झरना), उत्सः (सोता), निर्झरः (नाला), दरी (दर्रा), अद्रिद्रोणी (घाटी), गह्वरम् (गुफा), खनिः (खान), उपत्यका (तराई, भावर), अधित्यका (पठार), निकुञ्जः (झाडी), हिमसरित् (ग्लेशियर) । (१५) । **(ख)** क्रुध् (गुस्सा करना), द्रुह् (द्रोह करना), क्षम् (क्षमा करना), दम् (दबाना), तुप् (सन्तुष्ट होना), दुष् (दूषित होना), व्यध् (बींधना), शुष् (सूखना), सिध् (सिद्ध होना), हृष् (प्रसन्न होना) । (१०) ।

व्याकरण (मति, नश्, भ्रम्, क्तवतु प्रत्यय)

१. मति शब्द के पूरे रूप स्मरण करो । (देखो शब्द० ४२)

२. नश्, भ्रम् धातुओं के पूरे रूप स्मरण करो । (देखो धातु० ५८, ५९)

नियम २०९—क्तवतु प्रत्यय भूतकाल में होता है । इसका तवत् शेष रहता है । यह कर्तृवाच्य में होता है, अतः कर्ता के तुल्य क्रिया-शब्द के लिंग, विभक्ति और वचन होंगे । कर्ता में प्रथमा, कर्म में द्वितीया, क्रिया कर्ता के तुल्य । धातुओं के रूप क्त प्रत्यय के तुल्य ही बनेंगे । नियम २०८ पूरा इसमें भी लगेगा । क्त प्रत्यय लगाकर जो रूप बनता है, उसीमें 'वत्' और जोड दें । जैसे—कृ > कृतः, तवत् में कृतवत् होगा । तवत् प्रत्ययान्त के रूप पुंलिंग में भगवत् (शब्द० २०) के तुल्य चलेंगे, स्त्रीलिंग में ई लगाकर नदी के तुल्य और नपुंसक० में जगत् (शब्द० ६८) के तुल्य । क्त प्रत्यय लगाने पर कर्म के लिंग, वचन, विभक्ति पर ध्यान दिया जाता है, कर्ता के लिंग आदि पर नहीं । परन्तु क्तवतु प्रत्यय लगाने पर कर्ता के लिंग आदि पर ध्यान दिया जाएगा, कर्म पर नहीं । जैसे—स पुस्तकम् अपठत् का क्तवतु में स पुस्तकं पठितवान् । ते पुस्तकानि पठितवन्तः । सा पुस्तकं पठितवती ।

नियम २१०—दीर्घ, गुण, वृद्धि, सम्प्रसारण आदि के लिए यह सारणी ठीक स्मरण कर लें । ऊपर मूल स्वर दिए गए हैं, उनके स्थान पर गुण, वृद्धि आदि कहने पर ऊपर के मूल स्वर के नीचे गुण आदि के सामने जो स्वर आदि दिए गए हैं, वे होंगे । आगे भी जहाँ गुण, वृद्धि, सम्प्रसारण आदि कहा जाए, वहाँ इस सारणी (टेबुल) के अनुसार कार्य करें । (रिक्त स्थानों पर वह कार्य नहीं होता) ।

१. स्वर	**अ, आ**	**इ, ई**	**उ, ऊ**	**ऋ, ॠ**	**ऌ**	**ए**	**ऐ**	**ओ**	**औ**
२. दीर्घ	आ	ई	ऊ	ॠ	–	–	–	–	–
३. गुण	अ	ए	ओ	अर्	अल्	ए	–	ओ	–
४. वृद्धि	आ	ऐ	औ	आर्	आल्	ऐ	ऐ	औ	औ

५. सम्प्रसारण—य् को इ, व् को उ, र् को ऋ, ल को ऌ ।

अभ्यास ३९

संस्कृत बनाओ—(क) (मति शब्द) १. विनाश के समय बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। २ सबकी रुचि पृथक् होती है (रुचि)। ३ कुपथ पर वर्तमान मूर्ख को दोनो लोको मे दु.ख देनेवाली आपत्ति आती है (दुर्मति)। ४. एकता से कार्य सिद्ध होते है (सहति)। ५. गुणो से गौरव प्राप्त होता है, न कि मोटापे से (सहति)। ६ ओह, इष्ट वस्तु की सिद्धि मे विघ्न आते है (सिद्धि)। ७ चेष्टा के अनुकूल ही कामिजनो की मनोवृत्ति होती है (वृत्ति)। ८ अधिक पैसा पास हो तो बहुत-से सम्बन्धी हो जाते है (ज्ञाति)। ९ अत्युन्नति के बाद बडो का भी पतन होता है (अत्यारूढि)। १०. वह सदा चौकन्ना रहता है (प्रत्युत्पन्नमति.)। ११. आप क्या काम करते है ? (वृत्ति)। १२ यह बात उस समय मुझे नही सूझी (बुद्धि)। १३ और कोई चारा नही है। १४. इस प्रकार की स्त्रियॉ गृहिणी होती हैं और इससे विपरीत कुल के लिए दु खद होती है (युवति, आधि)। १५. राम की बुद्धि तीक्ष्ण है और देवदत्त की मोटी। १६. वह देखने मे सुन्दर है। १७ उसने शत्रुता का रुख अपनाया हुआ है। १८. वह देखने मे राम की बडाई कर रहा है, पर वस्तुत बुराई कर रहा है। **(ख)** (नश्, भ्रम् धातु) १ देर करनेवाला नष्ट हो जाता है (विनश्)। २ सशयात्मा नष्ट हो जाता है (विनश्)। ३. मेरा मन अस्थिर घूम रहा है (भ्रम्)। ४ पेड के थावले मे जल चक्कर खा रहा है (भ्रम्)। ५ अधीनस्थ व्यक्ति बडे कामो मे जो सफल हो जाते हैं, वह बडो की कृपा ही समझनी चाहिए (सिध्)। ६. सज्जन पापी पर क्रोध करता है (क्रुध्), दुर्जन से द्रोह करता है (द्रुह्), निरपराध को क्षमा करता है (क्षम्)। ७ राम बाण से मृगो को बीधता है (व्यध्), शत्रुओ को दबाता है (दम्), और रावण के विजय से प्रसन्न होता है (हृष्)। ८. दुर्जन थोडे-से सन्तुष्ट होता है (तुष्)। ९. कुलमर्यादा के नाश से कुलीन स्त्रियॉ बिगड जाती है (दुष्)। १०. ग्रीष्म ऋतु मे तालाब सूख जाता है (शुष्)। **(ग)** (क्तवतु) १. तुमने मेरा अभिप्राय ठीक समझा। २. उसके खाना खा लेने पर मै उसके पास गया। ३. पहाड़ दिखाई दिया। ४. पत्थर गिरे। **(घ)** (शैलवर्ग) १ पहाड की चोटी से झरना बहा। २. घाटी मे सोते निकलते है और नाले बहते हैं। ३. पर्वत की गुफाओ मे ऋषि तपस्या करते है। ४. पिण्डारी ग्लेशियर का दृश्य मनोरम है। ५. पठार की भूमि सम होती है, वहॉ वृक्षादि भी होते है। ६. दर्रे के मार्ग से यातायात होता है।

सकेतः—(क) १ भवत्यपाये परिमोहिनी मति । २ भिन्नरुचिर्हि लोक । ३. आपदेत्युभयलोकदूषणी वर्तमानमपथे हि दुर्मतिम्। ४ सहति कार्यसाधिका। ५. गुरुता नयन्ति हि गुणा न सहति । ६ अहो, विघ्नवत्यः प्रार्थितार्थसिद्धय॰। ७. चेष्टाप्रतिरूपिका कामिजनमनोवृत्ति । ७ अतनुषु विभवेषु ज्ञातय संभवन्ति। ९. अत्यारूढिर्भवति महतामप्यपभ्रशनिष्ठा। ११. कां वृत्तिमुपजीवत्यार्य । १२. इति मम बुद्धौ नापतितम्। १३. नान्या गति॰। १४. यान्त्येव गृहिणीपदं युवतयो वामा कुलस्याधयः। १५ तीक्ष्णमति राम॰, स्थूलबुद्धि । १६ शोभनाकृति॰। १७ विपक्षवृत्तितामाश्रयते। १८ स रामस्य व्याजस्तुतिमाचरति। **(ख)** १ दीर्घसूत्री। ३ निष्ठाशून्यम्। ४. वृक्षावर्ते। ५ सिध्यन्ति कर्मसु महत्स्वपि यन्नियोज्या , सभावनागुणमवेहि तमीश्वराणाम्। ६ पापिने, दुर्जनाय द्रुह्यति, क्षाम्यति। ७ विध्यति, दाम्यति, हृष्यति। ८ तुष्यति। ९ प्रदुष्यन्ति कुलस्त्रिय॰। १० शुष्यति कासार । **(ग)** १ सम्यग् निगृहीतवानसि। २. भुक्तवति तस्मिन्। ४ ग्रावाण ।

शब्दकोष–९७५+२५=१०००]　**अभ्यास ४०**　　(व्याकरण)

(क) काननम् (वन), विटपिन् (वृक्ष), व्रततिः (लता), मूलम् (जड), दारु (लकडी), इन्धनम् (ईंधन), वल्लरि (बौर), पर्णम् (पत्ता), किसलयम् (कोपल), वृन्तम् (डठल), देवदारुः (देवदार), भद्रदारु. (चीड), सिन्दूरः (बाझ का पेड), सर्जः (सर्ज), सालः (साल का पेड), तमालः (आबनूस), करीर. (करील, बबूल), गुग्गुलः (गूगल), श्लेष्मातकः (लिसौडा), प्रियाल. (प्याल)। (२०)। **(ख)** ष्ठिव् (थूकना), अस् (फेकना), पुष् (पुष्ट करना), शुध् (शुद्ध होना), तृप् (तृप्त होना)। (५)।

व्याकरण (नदी, लक्ष्मी, श्रम्, सिव्, शतृ प्रत्यय)

१ नदी और लक्ष्मी शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ४३, ४४)

२ श्रम् और सिव् धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ६०, ६१)

नियम २११—(लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे) **(क)** लट् के स्थान पर परस्मैपद मे शतृ और आत्मनेपद मे शानच् होता है। शतृ का अत् और शानच् का आन शेष रहता है। ये दोनो प्रत्यय क्रिया की वर्तमानता को सूचित करते है। हिन्दी मे इनका अर्थ 'रहा है, रहे है, रहा था, हुआ, हुए' आदि के द्वारा प्रकट किया जाता है। **(ख)** पाणिनि के नियमानुसार प्रथमा कारक मे शतृ, शानच् का प्रयोग नही करना चाहिए। जैसे—स पठन् अस्ति, न कहकर—स पठति ही कहना चाहिए। परन्तु प्रथमा मे भी कुछ प्रयोग मिलते है, अतः प्रथमा मे भी इनका प्रयोग प्रचलित है। **(ग)** शतृ और शानच् प्रत्ययान्त शब्द विधेय या विशेषण के रूप मे आते है। शतृ प्रत्ययान्त के लिंग, वचन, कारक, कर्ता के तुल्य होते है। इसके रूप पुलिंग मे पठत् (शब्द० २४) के तुल्य चलेगे। जुहोत्यादि की धातुओ मे न् नही लगेगा। जैसे—ददत् ददतौ ददतः। स्त्रीलिंग मे ई लगाकर नदी के तुल्य। नपुसक० मे जगत् (शब्द० ६८) के तुल्य। जैसे—पठन्त राम पश्य। पठते रामाय फलानि यच्छ। **(घ)** शतृ प्रत्यय मे भी धातु से विकरण आदि होते है, अतः शतृ प्रत्यय लगाकर रूप बनाने का अति सरल प्रकार यह है कि उस धातु के लट् के प्रथम पु० बहुवचन के रूप मे से अन्तिम इ और बीच के न् को (यदि हो तो) हटा दे। इस प्रकार शतृ प्रत्यय वाला रूप बच जाता है। जैसे भू > भवन्ति, शतृ-भवत्। अस् > सन्ति, सत्। गम् > गच्छन्ति, गच्छत्। कृ > कुर्वन्ति, कुर्वत्। दा > ददति, ददत्। **(ङ)** शतृप्रत्ययान्त के बाद अर्थ के अनुसार अस्, आस् या स्था धातु का प्रयोग होता है। वर्तमान आदि मे अर्थानुसार लट्, लङ् आदि। गृह गच्छन् आसीत्, भविष्यति वा। पशूना वध कुर्वन् आस्ते। त प्रतिपालयन् तस्थौ, अतिष्ठत् वा। **(च)** शतृ-प्रत्ययान्त को स्त्रीलिंग बनाने के लिए ये नियम स्मरण रक्खेः—(१) (उगितश्च) सभी जगह अन्त मे ङीप् (ई) लगेगा। (२) (शप्श्यनोर्नित्यम्) भ्वादि०, दिवादि० और चुरादि० की धातुओ मे त् से पहले न् और लगेगा। जैसे—गच्छत् > गच्छन्ती, नृत्यत् > नृत्यन्ती, कथयत् > कथयन्ती। (३) (आच्छीनद्योः०) अदादि० की आकारान्त धातुओ तथा तुदादि० की धातुओ मे बीच मे न् विकल्प से लगेगा। भात् > भान्ती, भाती, तुदत् > तुदन्ती, तुदती। (४) इसके अतिरिक्त सभी स्थानो पर न् नही लगेगा, केवल ई अन्त मे लगेगी। रुदती, दधती, शृण्वती, कुर्वती, क्रीणती। (देखो परिशिष्ट मे शतृ प्रत्यय)।

अभ्यास ४०

संस्कृत बनाओ—(क) (नदी, लक्ष्मी) १ नदियाँ स्वय अपना जल नही पीती। २ नदियो मे लोग तैरते हैं और उनमे मगर आदि भी रहते है। ३ लक्ष्मी वह है, जिससे दूसरो का उपकार करता है। ४ लक्ष्मी के प्रसाद से दोष भी गुण हो जाते हैं। ५ यह घर मे लक्ष्मी है। ६ सधवा स्त्रियो का चित्त फूल के तुल्य कोमल होता है (पुरन्ध्री)। ७ जिन्होने पुण्य कर्म नही किए है, उनकी वाणी स्वच्छ और गम्भीर पदोवाली नही होती (सरस्वती)। **(ख)** (श्रम् , सिव्) १ वह कठिन परिश्रम करता है (श्रम्)। २ वह तीव्रगति से शत्रु की ओर चला (क्रम्)। ३ बिना कारण ही जो पक्षपात होता है उसका प्रतीकार नही है। वह प्रेमरूपी तन्तु है, जो प्राणियो को अन्दर से सी रहा है। ४ अच्छी सिलाई के लिए सिलाई की मशीन से वस्त्रो को सीओ। ५ इधर उधर मत थूको और न कूडा-करकट ही मनमाने फेंको (अस्)। ६ यज्ञ से वायु शुद्ध होती है (शुध्)। ७ आग लकडी से तृप्त नही होती (तृप्)। **(ग)** (शतृ प्रत्यय) १ वह बाण चढाता हुआ दिखाई दिया। २ थोडी योग्यता वाला होने पर भी मै रघुवशियो का वर्णन करूँगा। ३ वह सिर-दर्द का बहाना बना घर चला गया। ४ सूर्य के तपते होने पर अन्धकार कैसे प्रकट होगा (आविर्भू)। ५ नीचो से मित्रता की अपेक्षा महात्माओ से विरोध अच्छा है, क्योकि वह ऐश्वर्य को उन्नत करता है। ६ सज्जनों के सन्देहास्पद विषयो मे उनके अन्त करण की वृत्तियाँ ही प्रमाण हैं। **(घ)** (द्वितीया) १ तुम्हे लोग प्रकृति कहते हैं। २ यमुना के किनारे गया। ३ उसे बडा दु ख हुआ। ४ राजा का हितकर्ता लोगो मे बुरा समझा जाता है। ५. वह तृप्त नही हुआ। ६ पहाड की चोटी पर चढा। ७ पक्षी आकाश मे उडा। ८ चन्द्रापीड शिलापट्ट पर सोया। ९ दुष्यन्त इन्द्र के आधे आसन पर बैठा। १०. वह सन्मार्ग पर चलता है (अभिनिविश्)। ११. बदमाशो को धिक्कार। १२. नौकर राजा के चारो ओर खडे हो गए। **(ङ)** (वन-वर्ग) वन भूमि के रक्षक है, वे भूमि को रेगिस्तान होने से बचाते है। वृक्षों की उपयोगिता बहुत है। उनके पत्ते, जड, लकडी, कोपल, बौर, डण्ठल, कलियाँ, फूल और फल सभी अनेको कामो में आते हैं। कुछ पेड फल देते हैं और उनके फल खाए जाते है। कुछ पेडो की लकडी ईंधन के रूप मे काम आती है। पहाडो पर देवदार, चीड, बॉझ, सर्ज ओर साल के पेड अधिक होते है। गूगल, लिसौडा और प्याल पर फल भी होते है। आबनूस की लकडी काली होती है और बबूल की दातूने अच्छी बनती है।

संकेत — (क) ३ उपकुरुते यया परेषाम्। ६ पुरन्ध्रीणां चित्त कुसुमसुकुमार हि भवति। ७ प्रवर्तते नाकृतपुण्यकर्मणा प्रसन्नगम्भीरपदा सरस्वती। **(ख)** ३ अहेतु, स हि स्नेहात्मकस्तन्तुरन्तर्भूतानि सीव्यति। ४ स्यूत्यर्थम्। ५ ष्ठीव्यत, अवकरनिकरम्, यथेच्छम्, अस्यत। ७ काष्ठानाम्। **(ग)** १. शरसन्धान कुर्वन्। २ रघूणामन्वय वक्ष्ये तनुवाग्विभवोऽपि सन्। ३. शिर शूलस्पर्शनमपदिशन्। ४. घर्माशौ तपति। ५ समुन्नयन् भूतिमनार्यसगमाद् वर विरोधोऽपि सम महात्मभि। ६ सता हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्त करणप्रवृत्तय। **(घ)** १ प्रकृतिमामनन्ति। २ कच्छमवतीर्ण। ३ पर विषादमगच्छत्। ४ द्वेष्यता याति लोके। ५ न तृप्तिमाययौ। ६ शिखरमारुरोह। ७ दिवमुदपतत्। ८. ०पट्टमधिशिश्ये। ९ अर्धासनम् अधितष्ठौ। १० अभिनिविशते सन्मार्गम्। ११. धिक् जाल्मान्। १२ परिजन.। **(ङ)** मरुत्वात्, कलिका, उपयुज्यन्ते, दन्तधावनानि।

शब्दकोष-१०००+२५=१०२५] **अभ्यास ४१** (व्याकरण)

(क) रसालः (आम), जम्बूः (जामुन), पलाशः (ढाक), प्लक्षः (पाकड), अश्वत्थः (पीपल), न्यग्रोधः (बड), नीप. (कदम्ब), शाल्मलिः (सेमर), खदिरः (खैर), एरण्डः (एरड), शिशपा (शीशम), तालः (ताड), नारिकेल. (नारियल), निम्बः (नीम), मधूकः (महुआ), बिल्वः (बेल), फेनिलः (रीठा), आमलकी (ऑवला), विभीतकः (बहेडा), हरीतकी (हर्र), पनसः (कटहल), अपामार्गः (चिरचिटा), वेतस. (बेत), अर्कः (आक), धत्तूर (धतूरा)। (२५)

व्याकरण (स्त्री, श्री, सो, शो, शतृ, शानच् प्रत्यय)

१ स्त्री और श्री शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ४५, ४६)

२ सो और शो धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ६२, ६३)

नियम २१२—(लट. शतृशानचौ०) **(क)** आत्मनेपदी धातुओ के लट् के स्थान पर शानच् हो जाता है। शानच् का आन शेष रहेगा। शानच् होने पर शब्द के रूप पुलिंग मे रामवत्, स्त्रीलिंग मे आ लगाकर रमावत्, नपुसक० मे गृहवत् चलेगे। शानच् प्रत्ययान्त का लिंग, वचन और कारक कर्ता के तुल्य होगा। (देखो परिशिष्ट मे शानच् प्रत्यय)। **(ख)** शानच् प्रत्ययान्त के बाद अर्थ के अनुसार अस्, आस् या स्था का लट्, लङ् आदि का प्रयोग होगा। **(ग)** (आने मुक्) जिन धातुओ के अन्त मे अ विकरण लगता है, वहॉ पर अ और आन के बीच मे म् लग जाएगा। अर्थात् अ + आन = मान। जैसे—यजते>यजमानः। वर्तते>वर्तमानः। **(घ)** (ईदास.) आस् धातु का शानच् होने पर आसीन रूप होता है। **(ङ)** अन्यत्र आन ही जुडेगा। शी> शयानः, कृ> कुर्वाणः, धा> दधानः।

नियम २१३—**(क)** (विदेः शतुर्वसुः) विद् के बाद शतृ को वसु विकल्प से होता है। विदन्, विद्वान्। विदुषी। **(ख)** द्विष् धातु से शत्रु अर्थ मे और सु से यज्ञ मे रस-निचोडना अर्थ मे शतृ होता है। द्विषन्, सुन्वन्। **(ग)** अर्ह् से योग्य होना अर्थ मे शतृ। अर्हन्। **(घ)** पूङ्यजोः०) पू और यज् के वर्तमान अर्थ मे पवमानः, यजमानः रूप होते हैं। **(ङ)** (ताच्छील्य०) स्वभाव आदि अर्थों मे चानश् (आन) प्रत्यय होता है। भोग भुञ्जानः। कवच बिभ्राणः। शत्रु निघ्नानः।

नियम २१४—**(क)** शतृ और शानच् क्रिया की वर्तमानता को बताते है। इनसे 'जब कि' अर्थ भी निकलता है। अरण्यं चरन्—जब वह वन मे घूम रहा था। विवाहकौतुक बिभ्रत एव०—जब कि वह विवाह का सूत्र पहने हुए था। **(ख)** (लक्षण-हेत्वोः क्रियायाः) स्वभाव और कारण अर्थ बताने मे शतृ शानच् होते हैं। शयाना भुजते यवनाः (यवन लेटे-लेटे खाते हैं)। अर्जयन् वसति (धन कमाता हुआ रहता है)। **(ग)**(ताच्छील्य०) चानश् स्वभाव, आयु और शक्ति अर्थ का बोध कराता है। उदाहरण नियम २१३ (ङ) में हैं। **(घ)** शतृ और शानच् प्रत्ययान्त का सप्तमी मे समय-सूचक अर्थ हो जाता है। जब वह रो रहा था—तस्मिन् रुदति सति। तस्मिन् पठति सति।

नियम २१५—(लृटः सद्वा) करने जा रहा है या करनेवाला है, इस अर्थ मे लृट् को परस्मै० मे शतृ और आत्मने० मे शानच् होता है। लृट् का रूप बनाकर शतृ, शानच् लगावें। वन्यान् विनेष्यन्निव दुष्टसत्त्वान्। करिष्यमाणः सशर शरासनम्।

अभ्यास ४१

संस्कृत बनाओ :—(क) (स्त्री, श्री शब्द) १. स्त्रियाँ जन्म से ही चतुर होती है। २. लज्जा ही वस्तुतः स्त्रियो को सुशोभित करती है। ३ स्त्रियों मे बिना शिक्षा के ही चतुरता देखी जाती है। ४ स्त्रियो का पति ही गति है। ५. स्त्रियो का भर्ता ही देवता है। ६. अथक परिश्रम ही श्री का मूल है। ७. साहस मे श्री निवास करती है। ८. स्वाभिमान भी रहे और धन भी मिले, ऐसा नहीं होता। ९. सीता दशरथ के गृह मे लक्ष्मी के सदृश थी। (ख) (सो, शो धातु) १ शत्रु को मारता है (सो)। २. भीम ने दुर्योधन को मारा। ३. आधा काम समाप्त हो गया (अवसो)। ४. वह ऋषि नीलकमल के पत्ते की धार से शमील्ता को काटने का प्रयत्न करता है (व्यवसो)। ५. पेड़ो को जल दिए बिना शकुन्तला जल नहीं पीना चाहती थी। ६. चाकू से आलू छीलता है (शो)। ७ उसने छुरी से पेन्सिल छीली। ८ कुशा को काटता है (दो)। ९ लकडी को काटता है (छो)। (ग) (शतृ, शानच्) १. पुत्र और शिष्य को बढ़ता हुआ, प्रसन्न होता हुआ और यत्न करता हुआ देखना चाहे। २. सूर्योदय होने पर सोने वाले को श्री छोड देती है। ३. मैं आराम से बैठा हूँ, आप भी आराम से वैठे। ४. बिस्तर के पास मे बैठे हुए पुत्र को राजा ने देखा। ५. वह कवच पहनता है, शत्रुओ को मारता है और भोगो को भोगता है। ६. मुसलमान लेटे-लेटे खाते है। ७. जब वह रो रहा था, तभी कौआ रोटी लेकर उड गया। ८. वन्य जन्तुओ को विनीत करने की इच्छा से मानो वह वन मे घूमा। (घ)(द्वितीया) १. तुम्हारी दुष्टता की शिकायत मैंने आचार्य से कर दी है। २. आपके बारे में उसका प्रेम कैसा है। ३. चार महीने वर्षा नहीं हुई। ४. बालक से रास्ता पूछता है। ५. बालक को धर्म बताता है। ६ देवदत्त से सौ रुपया जीतता है (जि)। ७. देवदत्त का सौ रुपया चुराता है। ८. समुद्र से अमृत को मथता है। ९ बकरी को गाँव में ले जाता है (नी, हृ, कृष्)। १०. राजा से कुशल पूछा। ११. शोक के वश में न होओ। १२. अपने साथी से बिदाई लो। १३. समय ही बलाबल को करता है। १४. सब अपना स्वार्थ देखते हैं। (ङ) (वृक्षवर्ग) उपवन मे वृक्षो की सुन्दरता दर्शनीय है। वृक्षो की पङ्क्तियाँ लगी हुई है। आम, कलमी आम, जामुन, ढाक, पाकड, पीपल, बड, कदम्ब, सेम, खैर, एरड, शीशम, ताड, नारियल, नीम, महुआ, बेल और कटहल के वृक्ष फूलो और फलो से सुशोभित हो रहे है। हर्रा, बहेडा, ऑवला त्रिफला कहा जाता है।

सकेत—(क) १ निसर्गादेव। २ स्फुटमभिभूषयति स्त्रियस्त्रपैव। ३ स्त्रीणामशिक्षित-पटुत्वम्। ६ अनिर्वेद। ८ न मानिता चास्ति, भवन्ति च श्रिय। ९ यथा श्रीं। (ख) १. स्यति। ३ अर्धमवसित कार्यस्य। ४ धारया, छेत्तु व्यवस्यति। ५ वृक्षेष्वपीतेषु, पातु न व्यवस्यति। ६. श्यति। ७ अशात्। ८ कुशान् द्यति। ९ छ्यति। (ग) १ वर्धमानम्, मोदमानम्, यतमानम्। २ शयानम्। ३ सुखासीनोऽहम्। ४ शयनान्तिके आसानम्। ५ बिभ्राण, निघ्नान, भुञ्जान। ८. विनेष्यन्निव। (घ) १ तवाविनयमन्तरेण परिगृहीतार्थं कृत आचार्यः। २. भवन्तमन्तरेण। ३. चतुरो मासान् न ववर्ष। ४. बालक पन्थानम्। ५. ब्रूते। ६. देवदत्त शतम्। ७ मुष्णाति। ८. सुधां क्षीरनिधिं मथ्नाति। ९. अजा ग्रामम्। ११ वश मा गम। १२. आपृच्छस्व सहचरम्। १४. सर्व. स्वार्थं समीहते। (ङ) राज.म्र।

शब्दकोष–१०२५+२५=१०५०] **अभ्यास ४२** (व्याकरण)

(क) बकुलः (मौलसरी), कुवलयम् (नीलकमल), इन्दीवरम् (नीलकमल), कुमुदम् (श्वेत कमल), पुण्डरीकम् (सफेद कमल), कोकनदम् (लाल कमल), कह्लारम् (सफेद कमल), कुमुदिनी (कुमुद की लता), नलिनी (पद्म समूह), शेफालिका (हारसिंगार), यूथिका (जूही), चम्पकः (चम्पा), मालती (चमेली), मल्लिका (बेला), गन्धपुष्पम् (गेंदा), केतकी (केवडा), कर्णिकारः (कनेर), बन्धूकः (दुपहरिया), कुन्दम् (कुन्द), स्थलपद्मम् (गुलाब), स्तबकः (गुल्दस्ता), प्रसूनम् (फूल), मकरन्दः (पराग), जपापुष्पम् (जवाकुसुम), नवमालिका (नेवारी)। (२५)

व्याकरण (धेनु, वधू, कुप्, पद्, तुमुन् प्रत्यय)

१ धेनु और वधू शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ४७, ४८)

२ कुप् और पद् धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ६४, ६५)

नियम २१६—(क) (तुमुन्ण्वुलौ क्रियाया क्रियार्थायाम्) को, के लिए अर्थ को प्रकट करने के लिए धातु से तुमुन् प्रत्यय होता है। ऐसे स्थानो पर दूसरी क्रिया के लिए कोई क्रिया की जाती है। तुमुन् का तुम् शेष रहता है। यह अव्यय होता है, अत. इसका रूप नही चलेगा। पठितु लेखितु क्रीडितु च विद्यालय याति। **(ख)** (समानकर्तृकेषु तुमुन्) इच्छार्थक धातुओ के साथ तुमुन् होता है। पठितु भोक्तु वा इच्छति। श्रोतुमिच्छामि। **(ग)** (शकधृषज्ञा०) शक्, ज्ञा, रभ्, लभ्, क्रम्, अर्ह्, अस् आदि के साथ तुमुन् होता है। भोक्तु शक्नोति, पठितु जानाति, भोक्तुमारभते। **(घ)** (पर्याप्तिवचनेषु०) पर्याप्त अर्थ मे तुमुन्। भोक्तु पर्याप्त. प्रवीण. कुशलो वा। **(ङ)** (कालसमयवेलासु०) समयवाचक शब्दो के साथ तुमुन् होता है। काल. समयो वेला वा भोक्तुम्।

नियम २१७—तुमुन् (तुम्) प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर ले। ये नियम तृच् (तृ), तव्यत् (तव्य) मे भी लगेगे। **(क)** धातु को गुण होता है, अर्थात् अन्तिम इ ई> ए, उ ऊ> ओ, ऋ ॠ> अर् तथा उपधा (उपान्त्य) के इ, उ, ऋ को क्रमशः ए, ओ, अर् होता है। जैसे—जि> जेतुम्, भू> भवितुम्, कृ> कर्तुम्। हर्तुम्, धर्तुम्। **(ख)** सेट् धातुओ मे बीच मे इ लगेगा, अनिट् मे नही। उदाहरण उपर्युक्त हैं। **(ग)** सन्धि-नियमो के अनुसार धातु के अन्तिम च् और ज् को क्, द् को त्, ध् को द् और भ् को ब् होता है। पच्-पक्तुम्, भुज्-भोक्तुम्, छिद्-छेत्तुम्, रुध्-रोद्धुम्, लभ्-लब्धुम्। **(घ)** (व्रश्चभ्रस्जसृजमृज०) धातु के अन्तिम च्छ् और श् को ष् होता है और इन धातुओ के च् या ज् को भी ष् होता है:—व्रश्च्, भ्रस्ज्, सृज्, मृज्, यज्, राज, भ्राज्। ष् होकर इनके ष्टुम् वाले रूप बनेगे। प्रच्छ्–प्रष्टुम्; प्रविश्–प्रवेष्टुम्। स्रष्टुम्, यष्टुम्। **(ङ)** (आदेच०)धातुओ के अन्तिम ए और ऐ को आ हो जाता है। आह्वे-आह्वातुम्, गै-गातुम्, त्रै-त्रातुम्। **(च)** धातु के अन्तिम म् को न् हो जाता है। गम् गन्तुम्, रम्-रन्तुम्। **(छ)** धातु के अन्तिम ह् को घ् या ढ् होकर ग्धुम् या ढुम् वाला रूप बनता है। दह् दग्धुम्, द्रुह्-द्रोग्धुम्, दुह्-दोग्धुम्, लिह्-लेढुम्, वह्-वोढुम्। **(ज)** इन धातुओ के ये रूप होते है:—सह्-सोढुम्, वह् वोढुम्, सृज्-स्रष्टुम्, दृश्-द्रष्टुम्, आरुह् आरोढुम्, ग्रह्-ग्रहीतुम्।

नियम २१८—(तु काममनसोरपि) तुम् के म् का लोप होता है, बाद मे काम या मनस् (इच्छार्थक) शब्द हो तो। वक्तुकामः, वक्तुमनाः (बोलने का इच्छुक)।

अभ्यास ४२

संस्कृत बनाओ—(क) (धेनु, वधू) १ गाय को माता माना जाता है, यह उचित है, परन्तु इतना ही पर्याप्त नही है। इसकी सुरक्षा और पालन-पोषण का भी पूरा प्रबन्ध होना चाहिए। २. यह दुबला शरीर (तनु) कठिन परिश्रम के योग्य नही है। ३. कौआ चोच से (चञ्चु) दाने चुगता है और बच्चो को खिलाता है। ४. तन्दूर मे (कन्दु) पकी रोटियाँ जल्दी हजम होती है। ५. वधू श्वसुर से शर्माती है। ६. जामुन (जम्बू) मीठी होती है। ७ कुप्पी (कुतू) मे तेल भर दो। ८. यह चप्पल (पादू) मेरे पैर मे ठीक आता है। (ख) (कुप्, पद् धातु) १ राजा लोग हितवादी पर क्रोध करते है (कुप्)। २ गुरु शिष्य पर बहुत अधिक क्रुद्ध हुआ। ३ रक्त के दूषित होने पर शरीर मे दोष कुपित हो जाते हैं। ४ उसने विदर्भ का आधिपत्य पाया (पद्)। ५ वे अपने धर्म का पालन करते हैं (पद्)। ६. लोकाचार का पालन करो (प्रतिपद्)। ७ मनुष्य क्षुब्ध होने पर प्राय. अपने महत्त्व को प्राप्त करता है (प्रतिपद्)। ८ समय मिलने पर आपका काम पूरा करूँगा (सपादि)। ९ इधर चलो। १० कौन तुम्हारा अनुकरण कर सकता है (प्रतिपद्)। ११. वह यौवन को प्राप्त हुआ (प्रपद्)। १२ धूल कीचड हो गई (प्रपद्)। १३ कोई मुझ जैसा पैदा होगा (उत्पद्)। १४ जो पाप करेगा, वह दु.खी होगा (विपद्)। १५. यह तुम्हारे योग्य नहीं है (उपपद्)। १६. पाँच को तीन से गुणा करने पर पन्द्रह हो जाते है (सपद्)। १७. इस शब्द का यह रूप बनता है (निष्पद्)। (ग) (तृतीया) १. चन्द्रमा के साथ चाँदनी चली जाती है और बादल के साथ बिजली। २ सज्जनो का सज्जनों से मिलन बडे भाग्य से होता है। ३. मृग मृगो के साथ घूमते हैं, गाएँ गायो के साथ, घोडे घोडो के साथ, मूर्ख मूर्खों के साथ, विद्वान् विद्वानो के साथ। समान स्वभाव और आदतवालो की मित्रता होती है। ४. वह आँख से काणा, कान से बहरा, सिर से गजा, पैर से लगडा और पीठ से कुबड़ा है। ५ चोटी से हिन्दू और दाढी से मुसलमान जाने जाते है। (घ) (तुमुन्) १. आग के अतिरिक्त और कौन जला सकता है। २. यह इस काम को कर सकता है। ३. वह घर जाने को उतावला हो रहा था। ४ दो तीन दिन प्रतीक्षा करो। ५. मेरे प्रेम को मत ठुकरावो। ६. तुम कुछ कहना चाहते हो। ७ मै कुछ पूछना चाहता हूँ। (ङ) (पुष्पवर्ग) उपवन फूलो से सुरभित है। तालाब मे नीले लाल और सफेद कमल खिले हुए है। रंग-बिरगे फूल खिले है। हारसिंगार, जूही, चम्पा, चमेली, बेला, जवाकुसुम, नेवारी, गुलाब, गेदा, दुपहरिया, केवडा, कनेर और कुन्द के फूल शोभित हो रहे है।

संकेत—(क) १ मन्यते। २ इयम्, अक्षमा कठिनश्रमस्य। ३ कणान् चिनुते। ४ कन्दौ, सुपचा भवन्ति। ७ पूरय। ८ पादप्रमिता वर्तते। (ख) १. हितवादिने। २ भृशम्। ३ प्रकुप्यन्ति। ४ अपद्यत। ५ पद्यन्ते। ६ आचार प्रतिपद्यस्व। ७ क्षोभात्। ८ लब्धावकाश, सपादयिष्यामि। ९ पन्थान प्रतिपद्यस्व, १० अनुकृतिं प्रतिपत्स्यते। ११ प्रपेदे। १२ पकभाव प्रपेदे। १३ उत्पत्स्यते च मम कोपि समानधर्मा। १४ विपत्स्यते। १५ नैतत्त्वय्युपपद्यते। १६. त्र्याहता पच पचदश सपद्यन्ते। १७ निष्पद्यते। (ग) १ सह मेघेन तडित् प्रलीयते। २ सतां सद्भि सग कथमपि हि पुण्येन भवति। ३ मृगा मृगै सगमनुव्रजन्ति। समानशीलव्यसनेषु सख्यम्। ४ खल्वाट, पृष्ठेन कुब्ज। (घ) १ कोऽन्यो हुतवहाद् दग्धु प्रभवति। २ साधयितुमलम्। ३. उदताम्यत्। ४. द्वित्राण्यहानि सोढुमर्हसि। ५ नार्हसि मे प्रणय विहन्तुम्। ६. वक्तुकामोऽसि। ७ प्रष्टुमना। (ङ) नानावर्णानि।

शब्दकोष-१०५०+२५=१०७५] **अभ्यास ४३** (व्याकरण)

(क) मृद्वीका (अगूर), द्राक्षा (अगूर), सेवम् (सेब), आम्रम् (आम), जम्बु (जामुन), कदलीफलम्(कैला), नारगम् (नारगी, सतरा), आम्रलम् (अमरूद), दाडिमम् (अनार),जम्बीरम्(नीबू),जम्बीरकम्(कागजी नीबू), बीजपूरः(बिजौरा नीबू), उदुम्बरम् (गूलर), कर्कन्धुः(बेर), श्रीपर्णिका(काफल), अमृतफलम्(नाशपाती), क्षुमानी (खुमानी), आलुकम् (आलूबुखारा), तूतम् (शहतूत), मातुलुगः (मुसम्मी), क्षीरिका (खिरनी), स्वर्णक्षीरी(मकोय), नारिकेलम् (नारियल), लीचिका(लीची), अजीरम्(अजीर)। (२५)।

व्याकरण (स्वसृ, मातृ, युध्, जन्, क्त्वा प्रत्यय)

१ स्वसृ और मातृ शब्दों के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ४९, ५०)

२ युध् और जन् धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ६६, ६७)

नियम २१९—(क) (समानकर्तृकयो· पूर्वकाले) पढकर, लिखकर आदि 'कर' या 'करके' के अर्थ मे क्त्वा प्रत्यय होता है। क्त्वा का त्वा शेष रहता है। क्रिया का कर्ता एक ही होना चाहिए। त्वा प्रत्यय अव्यय होता है, अत. इसका रूप नही चलता। जैसे—भोजन खादित्वा विद्यालय गच्छति। **(ख)** (अलखल्वो· प्रतिषेधयोः०) निषेधार्थक अलम् और खलु के साथ धातु से क्त्वा प्रत्यय होता है। जैसे—अल दत्त्वा (मत दो)। पीत्वा खलु (मत पीओ)। अल हसित्वा (मत हँसो)। (देखो अभ्यास ४४ भी)। **(ग)** कुछ क्त्वा और ल्यप् प्रत्ययान्त कर्मप्रवचनीय के तुल्य व्यवहार मे आते है। जैसे—उद्दिश्य, अधिकृत्य, मुक्त्वा। किमुद्दिश्य (किस लिए), धर्ममधिकृत्य (धर्म के बारे मे)।

नियम २२०—क्त्वा (त्वा) प्रत्यय लगाकर रूप बनाने का सरल उपाय यह है कि क्त प्रत्यय से बने रूप मे से त या न हटाकर त्वा लगा दो। क्त प्रत्यय वाले सभी नियम यहाँ भी लगते हैं। जैसे—पठ्>पठितम्, त्वा मे पठित्वा। इसी प्रकार लिखित> लिखित्वा, गत>गत्वा, उक्त-उक्त्वा, कृत-कृत्वा। सक्षेप मे नियम ये हैं:— **(क)** नियम २०८ (क) देखो। धातु को गुण या वृद्धि नही होगी। सेट् मे इ लगेगा, अनिट् मे नही। पठित्वा, लिखित्वा। कृत्वा, हृत्वा, धृत्वा। **(ख)** नियम २०८ (ग) देखो। गीत्वा, पीत्वा। **(ग)** नियम २०८ (घ)। दित्वा, सित्वा, मित्वा, स्थित्वा। **(घ)** २०८ (ङ)। यत्वा, रत्वा, नत्वा, गत्वा, हत्वा, मत्वा। **(ङ)** नियम २०८ (च) बद्ध्वा, सृत्वा, दष्ट्वा। **(च)** नियम २०८ (ज)। उक्त्वा, सुप्त्वा, इष्ट्वा, ऊढ्वा, उषित्वा, गृहीत्वा, पृष्ट्वा। **(छ)** नियम २१७ (ग) यहाँ भी लगेगा। पक्त्वा, भुक्त्वा, छित्त्वा, रुद्ध्वा, लब्ध्वा। **(ज)** नियम २१७ (घ) यहाँ भी लगेगा। च्छ्, श्, ज् को ष्। प्रच्छ् पृष्ट्वा, दृश् दृष्ट्वा, यज्-इष्ट्वा, सृज् सृष्ट्वा। **(झ)** नियम २१७ (छ)। ह् का ग्ध्वा या ढ्वा वाला रूप। दह् दग्ध्वा, दुह् दुग्ध्वा, लिह्-लीढ्वा। **(ञ)** दीर्घ ॠ को ईर् होगा, पॄ को पूर् होगा। तॄ-तीर्त्वा, कॄ-कीर्त्वा, पॄ-पूर्त्वा। **(ट)** (उदितो वा) जिन धातुओ मे से मूलरूप मे उ हटा है, वहाँ बीच मे इ विकल्प से होगा। अत. दो रूप बनेगे। नियम २०८ (छ) लगेगा, जनित्वा-जात्वा, सनित्वा-सात्वा, खनित्वा-खात्वा। **(ठ)** (अनुनासिकस्य क्विझलोः०) कम्, क्रम्, चम्, दम्, भ्रम्, श्रम् के दो रूप होते हैं। एक इ लगाकर, दूसरा अम् को आन् बनाकर। जैसे—कमित्वा-कान्त्वा, क्रमित्वा-क्रान्त्वा। **(ड)** इन धातुओ के ये रूप होते हैं—दा> दत्त्वा, धा>हित्वा, हा (छोड़कर)> हित्वा, अद्> जग्ध्वा, दिव्> द्यूत्वा, देवित्वा, सिव्>स्यूत्वा, सेवित्वा।

अभ्यास 43

संस्कृत बनाओ—(क) (स्वसृ, मातृ शब्द) १ वह अपनी बहन (स्वसृ) को लेकर घर आया। २. माता गौरव में सौ पिताओ से भी बढ़कर है। ३. पुत्र कुपुत्र भले ही हो जाए, पर माता कुमाता नही होती। ४. बहू की ननँद (ननान्दृ) से नही पटती है, पर देवरानी (यातृ) से अच्छी पटती है। ५. मै मौसी (मातृष्वसृ) और फूआ (पितृष्वसृ) के घर गया था। ६. लडकी विवाह के बाद दूर भेजी जाती है, अत. उसे दुहिता कहते है। **(ख)** (युध् , जन् धातु) १. पदाति पदातियो से लडते हैं और घुडसवार घुड़सवारो से (सादिन्)। २. ब्रह्मा से प्रजा उत्पन्न होती है। ३. विषयो का ध्यान करनेवालो को उनमे आसक्ति उत्पन्न होती है, आसक्ति से काम और काम से क्रोध होता है। ४. उसमे कोई गुण नहीं है (विद्)। ५. दुर्जन मित्रो से वियुक्त हो जाता है (वियुज्)। ६. हम अपने काम मे लगते है (अभियुज्)। ७. ऐसा मेरा विश्वास है (मन्)। ८. वह तुमको बहुत मानता है (मन्)। ९. मै जबतक जीवित हूँ, लडूँगा। **(ग)** (क्त्वा प्रत्यय) १ जो जन्म लेकर, पढकर, लिखकर, सुनकर और मनन करके (मन्) भी ईश्वरभक्ति नहीं करता, उसका जीवन असार है। २. बालक प्रातः उठकर, मुँह धोकर, खाना खाकर, पानी पीकर, पाठ याद करके (स्मृ), लेख लिखकर, बस्ते में (प्रसेव.) पुस्तके रखकर विद्यालय को जाता है। ३. घर आकर खेलकर, कूदकर, हँसकर, उठकर, बैठकर, कुछ दे कर, कुछ ले कर, गाकर और नाचकर मनोरजन करता है। ४ कुल मिलाकर हम सात आदमी हैं। ५ आप इसको उलटा न समझे। ६. समुद्र को छोडकर महानदी कहाँ उतरती है। ७. वह भौ चढ़ाकर, बनावटी झगडा करके बोला। ८. इसका अर्थ ठीक समझकर अपना कर्तव्य निश्चित करूँगा। **(घ)** (तृतीया) १. इधर-उधर की मत हाँकिए, सीधी बात कहिए। २. चापलूसी न करिए। ३ बस इतने ही फूल रहने दो। ४. बहुत कष्ट न कीजिए। ५. ऐसे प्राण और पुरुषार्थ से क्या लाभ, जो आपत्तिग्रस्तो को न बचा सकें। ६. क्रुद्ध सर्प क्या खून की इच्छा से कुचलनेवाले को काटता है। ७ उद्यम से ही कार्य सिद्ध होते है, मनोरथो से नही। ८ उद्यम के बिना मनोरथ सिद्ध नही होते। ९. उपाय से जो चीज सम्भव है, वह पराक्रम से सम्भव नही। **(ङ)** (फलवर्ग) फल स्वास्थ्य और बुद्धि को बढाते है। शारीरिक और बौद्धिक उन्नति के लिए फलो का सेवन अनिवार्य है। यह आवश्यक नही है कि महँगे फल ही खाए जायँ, सस्ते फल भी उतना ही लाभ देते है। अपनी स्थिति के अनुसार फल खावे। ऋतु के अनुसार अगूर, अनार, सेव, नासपाती, खुमानी, आम, केला, सतरा, अमरूद, जामुन, बेर, काफल, आलूबुखारा, शहतूत, मुसम्मी, नारियल, लीची, अजीर, खिरनी और मकोय खावे।

संकेत—(क) २ पितॄणां शत माता गौरवेणातिरिच्यते। ३ कुपुत्रो जायेत। ४ वधूर्ननान्द्रा न सगच्छते, सजानीते। ६ दुहिता दूरे हिता भवति। **(ख)** १ सादिनश्च सादिभि। ३ ध्यायतो विषयान् , उपजायते, सगात् , सजायते। ४ गुणास्तावत्तस्य नैव विद्यन्ते। ५ वियुज्यते। ६ अभियुज्यामहे। ७ इति दृढ मन्ये। ९ यावदह ध्रिये। **(ग)** २ प्रसेवे। ४ सर्वे मिलित्वा। ५ अलमन्यथा सभाव्य। ६ उज्झित्वा, अवतरति। ७ भ्रूभग कृत्वा, कृतककलहम्। ८ परिगृहीतार्थो भूत्वा, निश्चेष्यामि। **(घ)** १. अलमप्रासगिकेन, प्रकृतमेवानुसधीयताम्। २. अल स्नेहभणितेन। ३ अलमेतावद्भि कुसुमै। ४. कृतमत्यायासेन। ५ आपन्नत्राणविकलै किं प्राणैः पौरुषेण वा। ६ अमर्षण शोणितकाङ्क्षया किं, पदा स्पृशन्तं दशति द्विजिह्व। ९. यच्छक्यम्। **(ङ)** महार्घाणि, अल्पार्घाणि।

शब्दकोष–१०७५+२५=११००] **अभ्यास ४४** (व्याकरण)

(क) आद्रालु (आड़ू), सीताफलम् (शरीफा), पुनागम् (फाल्सा), आम्रातकम् (१. ऑवडा, २ अमावट), आम्रचूर्णम् (अमचूर), कर्कटिका (ककडी), मधुकर्कटी (चकोतरा), खर्बुजम् (खरबूजा), कालिन्दम् (तरबूज), कर्मरक्षम् (कमरख), खर्जूरम् (खजूर), लकुचम् (बडहल), शृगाटकम् (सिघाडा), निर्बीजम् (१ बिदाना अगूर, २ बिदाना अनार). शुष्कफलम् (मेवा), वातादम् (बादाम), अक्षोटम् (अखरोट), अकोलम् (पिस्ता), काजवम् (काजू), शुष्कद्राक्षा (किशमिश), मधुरिका (मुनक्का), क्षुधाहरम् (छुहारा), मखान्नम् (मखाना), प्रियालम् (चिरौजी), पौष्टिकम् (पोस्ता)। (२५)

व्याकरण (नौ, वाच्, आप्, शक्, ल्यप्, णमुल् प्रत्यय)

१ नौ और वाच् शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ५१, ५२)

२ आप् और शक् धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ६८, ६९)

नियम २२१—(समासेऽनञ्पूर्वे क्त्वो ल्यप्) धातु से पूर्व कोई अव्यय, उपसर्ग या च्वि प्रत्यय हो तो क्त्वा के स्थान पर ल्यप् हो जाता है। ल्यप् का य शेष रहता है। धातु से पहले नञ् (अ) होगा तो ल्यप् नही होगा। ल्यप् अव्यय होता है, अतः इसके रूप नही चलते। जैसे—आलिख्य, सपठ्य, स्वीकृत्य। परन्तु अकृत्वा, अगत्वा।

नियम २२२—ल्यप् प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर ले :—**(क)** साधारणतया धातु अपने मूलरूप मे रहती है। गुण या वृद्धि नही होती है। इ भी बीच मे नही लगता। जैसे—विलिख्य, आनीय, विहस्य। **(ख)** (अन्तरगानपि विधीन्०) ल्यप् होने पर धातु को कोई भी आदेश आदि नही होगा। जैसे—प्रदाय, विधाय, प्रखन्य, प्रस्थाय, प्रक्रम्य, आपृच्छ्य, प्रदीव्य, प्रपठ्य। इन स्थानो पर दत्, हि, दीर्घ, इ आदि नही हुए। **(ग)** (न ल्यपि) दा, धा, मा, स्था, गा, पा, हा, सा के आ को ई नही होगा। प्रदाय, प्रधाय, प्रगाय, प्रपाय, विहाय आदि। **(घ)** (वा ल्यपि) गम् आदि के म् का लोप विकल्प से होता है, हन् आदि के न् का लोप नित्य। (लोप होने पर बीच मे अगले नियम से त्) आगम्य>आगत्य, प्रणम्य>प्रणत्य। आहत्य, वितत्य, अनुमत्य। **(ङ)** (ह्रस्वस्य पिति कृति तुक्) ह्रस्व अ, इ, उ, ऋ के बाद ल्यप् से पहले त् लग जाता है। अर्थात् त्य होता है। आगत्य, अधीत्य, विजित्य, सश्रुत्य, प्रहृत्य, प्रकृत्य। **(च)** दीर्घ ॠ को ईर्, पॄ को पूर् होगा। उत्तीर्य, विकीर्य, प्रपूर्य। **(छ)** (वचिस्वपि०, ग्रहिज्या०) वच् आदि को सप्रसारण होगा। वच्>प्रोच्य, वद्>अनूद्य, वस्>अध्युष्य, स्वप्>प्रसुप्य, ह्वे>आहूय, ग्रह्>सगृह्य, प्रच्छ्>आपृच्छ्य। **(ज)** (णेरनिटि) णिजन्त धातुओ के 'इ' का लोप हो जाता है। विचारि>विचार्य। **(झ)** (ल्यपि लघुपूर्वात्) धातु की उपधा मे ह्रस्व अक्षर हो तो इ को अय् होगा। विगणय्य, प्रणमय्य, विरचय्य। **(ञ)** इनके ये रूप होते हैं—क्षि>प्रक्षीय, प्रापि>प्राप्य, प्रापय्य, वे>प्रवाय, ज्या>प्रज्याय, व्ये>उपव्याय। मी या मि>प्रमाय। ली>विलीय, विलाय।

नियम २२३—**(क)** (आभीक्ष्ण्ये णमुल् च, नित्यवीप्सयोः) 'बार-बार करना' अर्थ मे क्त्वा और णमुल् दोनो होते है। ये प्रत्यय होने पर शब्द दो बार पढा जाएगा। स्मृ>स्मार स्मारम्, स्मृत्वा स्मृत्वा (याद करके)। पाय पाय-पीत्वा पीत्वा। भोज भोज-भुक्त्वा भुक्त्वा। श्राव श्राव-श्रुत्वा श्रुत्वा। **(ख)** (अन्यथैव०) अन्यथा, एव आदि के साथ णमुल् होगा। अन्यथाकारम्, एवकारम्, कथकार ब्रूते।

अभ्यास ४८

संस्कृत बनाओ—(क) (नौ, वाच् शब्द) १ बडे पुण्यरूपी मूल्य से तुमने यह शरीररूपी नौका खरीदी है। २ नौका से तीव्र वेगवाली नदी को पार करता है (उत्तृ)। ३ चित्त, वाणी और क्रिया मे सज्जनो की एकरूपता होती है। ४ वाणी उसके पीछे अधीनस्थ के तुल्य चलती है। ५ लौकिक सज्जनो की वाणी अर्थ के पीछे चलती है, किन्तु आदिकालीन ऋषियो की वाणी के पीछे अर्थ चलता है। ६ यह बात सिद्ध है कि ब्राह्मणो की वाणी मे बल होता है और क्षत्रियो के बाहुओ मे बल होता है। ७. वे लोग विद्वानो मे सभ्यतम गिने जाते हैं, जो मनोगत बात को वाणी से प्रकट कर सकते हैं। (ख) (आप्, शक् धातु) १. इससे क्या लाभ होगा? २ इससे यह निष्कर्ष निकलता है। ३ चक्रवर्ती पुत्र को प्राप्त करो (आप्)। ४. ईश्वर जगत् मे व्याप्त है (व्याप्)। ५. परीक्षा समाप्त हुई (समाप्)। ६. कौन इस दुष्कर काम को कर सकता है। ७. राम ही रावण को मार सका। (ग) (ल्यप्, णमुल्) १. तुम किसलिए हम पर दोषारोपण कर रहे हो। २. सत्य विषय पर गाधी जी ने लेख लिखे है। ३ यदि युद्ध को त्यागकर मृत्यु का भय न हो तो युद्ध को छोडकर जाना उचित है। ४ कन्या को पति-गृह भेजकर मेरी अन्तरात्मा प्रसन्न हो गई है। ५ इस पर अधिक विचार मत करो। ६ सब लोग इष्ट वस्तु को पाकर सुखी हो जाते है। ७ कान बन्द करके, ऐसा न हो। ८. सारी बात पत्र मे लिखकर दो। ९. वह हाथ जोडकर बोला। १० उसने लम्बी साँस लेकर पृथ्वी पर घुटने टेककर अपनी करुण कथा कही। ११ मेरी बात काटकर क्यो बोलते हो? १२. सज्जन औरो का सत्कार करके, उनकी प्रार्थना को स्वीकार करके, पुरस्कृत करके सुखी होते हैं। १३ दुर्जन दुर्भाव को मन मे रखकर, छिपकर, एकत्र होकर, तिरस्कार करके, दुःख देकर सुख का अनुभव करते है। (घ) (चतुर्थी) १ इससे मेरा काम चल जाएगा। २. उसने चावलो को धूप मे डाला। ३ उन्होने लडाई के लिए कमर कस ली है। ४. मै उनको कुछ नहीं समझता। ५. जो आपको रुचे (रुच्), वह कीजिए। ६ पापियो का नाम भी न लो, उससे अमगल होगा। (ङ) (फलवर्ग) डाक्टर और वैद्य फलो का बहुत महत्त्व बताते हैं। फल रक्त को शुद्ध करके लाल बनाता है। भोजन के बाद या तीसरे पहर फल खावे। आडू, शरीफा, फालसा, ककडी, खरबूजा, तरबूज, कमरख, सिंघाडा, बिदाना सभी लाभप्रद हैं। मेवा भी पौष्टिक और रक्तवर्धक है। बादाम, अखरोट, पिस्ता, काजू, किशमिश, मुनक्का, छुहारा, मखाना, चिरौजी और पोस्ता का भी सेवन करे।

संकेतः—(क) १ पुण्यपण्येन, कायनौ। ३ वाचि। ४ त वाग् वश्येवानुवर्तते। ५ अर्थं वागनुवर्तते। ऋषीणा पुनराद्याना वाचमर्थोऽनुधावति। ६ वाचि वीर्यं द्विजानाम्, बाह्वोर्वीर्यं यत्तु तत् क्षत्रियाणाम्। ७ भवन्ति ते सभ्यतमा विपश्चिता मनोगत वाचि निवेशयन्ति ये। (ख) १ अत किं प्राप्यते। २ प्राप्नोति। ३ आप्नुहि। ५ समापत्। ७ हन्तुमशकत्। (ग) १ किमुद्दिश्य। २ सत्यमधिकृत्य। ३ यदि समरमपास्य। ४ सप्रेष्य। ५ अल विचार्य। ६ सर्वं प्रार्थितमर्थमधिगम्य। ७ पिधाय, शान्तं पापम्। ८. वृत्त पत्रमारोप्य। ९ समानीय। १०. दीर्घं निःश्वस्य, जानुभ्यामवनौ पतित्वा। ११ मद्वचनमाक्षिप्य। १२ सत्कृत्य, उररीकृत्य,पुरस्कृत्य। १३ मनसिकृत्य, तिरोभूय, सहत्य, तिरस्कृत्य, प्रपीड्य। (घ) १ इद मे इष्टसिद्धये कल्पेत। २. आतपायोज्झितवती। ३ युद्धाय बद्धपरिकरास्ते। ४ तृणाय मन्ये। ६ कथाऽपि खलु पापानामलमश्रेयसे यत। (ङ) भिषग्वरा, अपराह्णे।

शब्दकोष-११००+२५=११२५] **अभ्यास ४५** · (व्याकरण)

(क) केसरिन् (शेर), द्वीपिन् (व्याघ्र, बघेरा), तरक्षुः (तेंदुआ), भल्लूकः (भालू), शाखामृगः (बन्दर), गोमायुः (गीदड), वराहः (सूअर), शल्यः (सेह), वृकः (भेडिया), कुरंगः (मृग), उक्षन् (बैल), लोमशा (लोमडी), महिषः (भैसा), महिषी (भैस), अजः (बकरा), मेषः (भेड), कौलेयकः (कुत्ता), सरमा (कुतिया), खरः (गधा), मार्जारी (बिल्ली), वृश्चिकः (बिच्छू), गोधा (गोह), गृहगोधिका (छिपकली), लूता (मकडी), कर्णजलौका (१. कानखजूरा, २. गोजर)। (२५)

व्याकरण (स्रज्, सरित्, चि, अश्, तव्य, अनीय, केलिमर्)

१ स्रज् और सरित् शब्दों के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ५३, ५४)

२. चि और अश् धातुओं के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ७०, ७१)

नियम २२४—(कृत्य प्रत्यय) (क) (तव्यत्तव्यानीयरः) 'चाहिए' अर्थ में धातु से तव्य, तव्यत् और अनीयर् प्रत्यय होते हैं। तव्यत् का तव्य और अनीयर् का अनीय शेष रहता है। तव्य और तव्यत् में कोई अन्तर नहीं है। वेद में तव्यत्वाला शब्द स्वरित होगा, तव्यवाला नहीं। **(ख)** (तयोरेव कृत्यक्त०) कृत्य प्रत्यय अर्थात् तव्य, अनीय आदि भाववाच्य और कर्मवाच्य में होते हैं। (१) जब ये कर्मवाच्य में होंगे तो कर्म के अनुसार इनका लिंग, वचन और विभक्ति होगी। कर्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा, क्रिया कर्म के अनुसार। जैसे—तेन त्वया मया अस्माभिः वा पुस्तकानि पठितव्यानि, पठनीयानि वा। (२) जब तव्य और अनीय भाववाच्य में होंगे तो इनमें नपुंसक० एकवचन ही रहेगा, कर्ता में तृतीया होगी। जैसे—तेन हसितव्यम्, हसनीय वा। (३) तव्य और अनीय प्रत्ययान्त के रूप पु० में रामवत्, स्त्रीलिंग में रमावत्, नपु० में गृहवत् चलेंगे।

नियम २२५—'तव्य' प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए देखो नियम २१७। वह नियम पूरा लगेगा। 'तव्य' प्रत्यय लगाकर रूप बनाने का सरल उपाय यह है कि तुमुन् प्रत्ययान्त धातु रूप में तुम् के स्थान पर तव्य लगा दो। जैसे—कर्तुम्—कर्तव्य, पठितुम्-पठितव्य। लेखितव्य, हर्तव्य।

नियम २२६—'अनीय' प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर लें। ल्युट् (अन), अच् (अ), अप् (अ) में भी ये नियम लगेंगे। **(क)** साधारणतया धातु में कोई अन्तर नहीं होता। धातु मूलरूप में रहती है। बीच में इ नहीं लगेगा। गम् >गमनीय, हसनीय, पठनीय। पा> पानीय, दानीय, स्नानीय। **(ख)** धातु के अन्तिम इ ई को ए, उ ऊ को ओ, ऋ ॠ को अर् गुण होगा। उपधा के इ, उ, ऋ को भी क्रमशः ए, ओ, अर् गुण होगा। जैसे—जि>जयनीय, नी>नयनीय, श्रु> श्रवणीय, भू > भवनीय, कृ>करणीय। लेखनीय, शोचनीय, कर्षणीय। **(ग)** धातु के अन्तिम ए और ऐ को आ होगा। आह्वे> आह्वानीय, गै>गानीय।

नियम २२७—(केलिमर उपसंख्यानम्) चाहिए अर्थ में केलिमर् प्रत्यय भी होता है। इसका एलिम शेष रहता है। पचेलिमा माषाः (पकाने योग्य०)। भिदेलिमाः (तोडने योग्य)।

अभ्यास ४५

संस्कृत बनाओ—(क) (स्रज्, सरित् शब्द) १. यदि यह माला प्राणघातक है तो मेरे हृदय पर रक्खी हुई मुझे क्यो नही मारती। २ अन्धा शिर पर डाली हुई माला को साँप समझकर फेक देता है। ३. रोग (रुज्) से पीडित को शान्ति नही मिलती। ४ ग्रीष्म मे नदियो का जल कम हो जाता है और वर्षा मे बढ जाता है। ५. लक्ष्मी बिजली (विद्युत्) की तरह चपला है। ६ स्त्रियाँ (योषित्) अपने बच्चो के लिए क्या कष्ट नही उठाती। (ख) (चि, अश् धातु) १ बालिका लता से फूलो को चुनती है (चि)। २. जो धन को इकट्ठा करता है (सचि), पर उसका उपभोग नही करता (उपभुज्), उसका वह धन व्यर्थ है। ३ व्यायामप्रिय का शरीर पुष्ट होता है (प्रचि)। ४ राजहस, तेरी वही श्वेतता है, न बढ़ती है, न घटती है। ५. मै परिचित हूँ (परिचि) कि वह जो कहता है, वही करता है। ६ व्यापार से धन बढ़ता है (उपचि) और अपव्यय से घटता है (अपचि)। ७. वह अपने कर्तव्य का निश्चय करता है (निश्चि) और उसका पालन करता है। ८ माली माला बनाने के लिए फूलो को इकट्ठा करता है (समुच्चि)। ९. अर्थ को जाननेवाला ही पूर्ण कुशलता को प्राप्त करता है। १०. अत्युत्कट पाप-पुण्यो का यही फल मिलता है (अश्)। (ग) (कृत्यप्रत्यय) १ रात्रि मे भी पूरा सोना नही मिलता। २. गुरुओ की आज्ञा अनुल्लंघनीय होती है। ३ इच्छानुसार काम करना चाहिए, निन्दा कहाँ नही मिलती। ४ जलाशय तक प्रेमी के साथ जाए। ५ कभी भी सज्जन शोक के अधीन नही होते। ६. भवितव्यता बलवती होती है। ७. होनहार के सर्वत्र द्वार हो जाते है। ८ मित्र के वाक्य का उल्लघन नही करना चाहिए। ९. परस्त्री को नही देखना चाहिए। १० जो सुनना था सुन लिया, जो जानना था जान लिया, जो करना था कर लिया। ११. ऐसी स्थिति मे हमे क्या करना चाहिए। १२ पूज्य का अपमान नही करना चाहिए। (घ) (चतुर्थी) १ युद्ध के लिए तैयारी करता है। २ देवदत्त को पूआ पसन्द है। ३ यज्ञदत्त राम का सौ रुपए ऋणी है (धारि)। ४. वह विद्या की इच्छा करता है (स्पृह्)। ५ मै इस दुलारे शिशु को चाहता हूँ (स्पृह्)। ६ यह लकडी खंभे के लिए है, यह सोना कुण्डल के लिए है और यह ऊखल कूटने के लिए है। (ङ) (पशु-वर्ग) मनुष्य के तुल्य पशु भी दया के पात्र है। पशु हत्या घृणित कार्य है। पशु भी मनुष्य के उपकार को मानते है। अकारण ही शेर, बघेरा, तेंदुआ, भालू, बन्दर, गीदड, सूअर, भेडिया, मृग, गाय, बैल, बछडा, भैस, भैसा, कुत्ता, बिल्ली, बकरा, साँप या बिच्छू को नही मारना चाहिए।

सकेत—(क) १ स्रगिय यदि जीवितापहा, निहिता। २ स्रजमपि शिरस्यन्ध क्षिप्ता धुनोत्यहिशकया। ४ क्षीयते। ६ सहन्ते। (ख) २ नोपभुङ्क्ते। ३ गात्राणि प्रचीयन्ते। ४ चीयते, न चापचीयते। ५ परिचिनोमि। ६ उपचीयते, अपचीयते। ७. निश्चिनोति। ९. अर्थज्ञ इत्सकल भद्रमश्नुते। १० पापपुण्यैरिहैव फलमश्नुते। (ग) १ निकाम शयितव्यं नास्ति। २ अविचारणीया। ३ सर्वथा व्यवहर्तव्य कुतो ह्यवचनीयता। ४. ओदकान्त स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य। ५ शोकवास्तव्या। ७. भवितव्यानाम्। ८ अनतिक्रमणीयम्। ९ अनिर्वर्णनीय परकलत्रम्। १० श्रुत श्रोतव्य, ज्ञात ज्ञातव्यम्, कृत कर्तव्यम्। ११ इत्थगते। १२ अनतिक्रमणीयानि श्रेयामि। (घ) १ सनह्यते। २ स्वदतेऽपूप। ५ दुर्ललितायास्मै। ६. यूपाय, अवहननाय उलूखलम्।

शब्दकोष–११२५+२५=११५०] **अभ्यास ४६** . (व्याकरण)

(क) पारावतः (कबूतर), चटका (चिड़िया), परभृतः (कोयल), मरालः (हंस), बकः (बगुला), सारसः (सारस), वर्तकः (बतख), कीरः (तोता), सारिका (मैना), ध्वांक्षः (कौआ), चिल्लः (चील), गृध्र (गिद्ध), श्येनः (बाज), कौशिकः (उल्लू), खजनः (खजन), चाषः (नीलकंठ), दार्वाघाटः (कठफोड़ा), चातकः (चातक), चक्रवाकः (चकवा), बर्हिन् (मोर), षट्पदः (भौंरा), शलभः (१.पतंगा, २ टिड्डी), सरघा (मधुमक्खी), वरटा (१ हंसी, २. भिरड, ततैया, बर्रे), कुलायः (घोंसला) । (२५)

व्याकरण (समिध्, अप्, सु धातु, यत्, ण्यत्, क्यप्)

१. समिध् और अप् शब्दों के पूरे रूप स्मरण करो । (देखो शब्द०५५, ५६)

२ सु धातु के पूरे रूप स्मरण करो । (देखो धातु० ७२)

नियम २२८—(यत् प्रत्यय) (अचो यत्) चाहिए या योग्य अर्थ में आ, इ, ई, उ, ऊ अन्तवाली धातुओं से यत् प्रत्यय होता है । यत् का य शेष रहता है । यत् प्रत्यय कर्मवाच्य और भाववाच्य में होता है । कर्मवाच्य में कर्म के तुल्य लिंग, विभक्ति, वचन । कर्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा, क्रिया कर्मवत् । भाववाच्य में कर्ता में तृतीया, क्रिया में नपु० एकवचन । मया अस्माभिः वा जलं पेयम्, दानं देयम्, फलानि चेयानि । मया स्थेयम् ।

नियम २२९—यत् प्रत्यय लगाने पर धातु में ये अन्तर होते हैं :—(१) (ईद्यति) आ को ई होकर ए हो जायगा । आ> ए । दा> देयम्, गा>गेयम्, पा> पेयम्, स्था>स्थेयम्, हा>हेयम् । (२) इ ई को गुण होकर ए हो जाएगा । चि> चेयम्, जि> जेयम्, नी> नेयम् । (३) उ ऊ को गुण ओ होकर अव् हो जाएगा । श्रु> श्रव्यम्, हु> हव्यम्, सु> सव्यम्, भू> भव्यम् ।

नियम २३०—इन स्थानों पर भी यत् (य) होता है :—(१) (पोरदुपधात्) पवर्गान्त और उपधा में अ वाली धातुओं से । शप्यम्, लभ्यम् । (२) (हनो वा यद्०) हन् से यत् और हन् को वध । हन्> वध्यः । (३) (शकिसहोश्च) शक् और सह् धातु से । शक्यम्, सह्यम् । (४) (गदमदचर०) गद् मद् चर् और यम् धातु से । गद्यम्, मद्यम्, चर्यम्, यम्यम् । (५) (अवद्यपण्यवर्या०) अवद्यम् (नीच), पण्यम् (विक्रेय), वर्या (वरणयोग्य) ये रूप बनते हैं ।

नियम २३१—(ण्यत् प्रत्यय) (१)(ऋहलोर्ण्यत्) ऋकारान्त और हलन्त धातुओं से ण्यत् (य) होगा । अन्तिम ऋ को आर् वृद्धि और उपधा के इ उ ऋ को गुण । कृ> कार्यम् । हार्यम्, धार्यम् । मृज्+ण्यत्=मार्ग्यः होगा । भुज्+ण्यत्=भोज्यम् (भक्ष्य), अन्यत्र भोग्यम् होगा । (२) (त्यजेश्च) त्यज्+ण्यत्=त्याज्यम् होगा । (३) (ओरावश्यके) उकारान्त से अवश्य अर्थ में । लू> लाव्यम्, पू> पाव्यम् ।

नियम २३२—(क्यप् प्रत्यय) (१) (एतिस्तुशास्०) इन धातुओं से क्यप् (य) होगा और ये रूप बनेंगे—इ> इत्यः, स्तु>स्तुत्यः, शास्>शिष्यः, वृ>वृत्यः, आदृ> आदृत्यः, जुष्>जुष्यः । (२) (मृजेर्विभाषा) मृज्>मृज्यः । (३) (भृञोऽसंज्ञायाम्) भृ>भृत्यः (नौकर) । (४) (विभाषा कृवृषोः) कृ>कृत्यम्, वृष्>वृष्यम् । कृ से ण्यत् होकर कार्यम् भी बनेगा ।

अभ्यास ४६

संस्कृत बनाओः—(क) (समिध्, अप् शब्द) १ समिधाओ से अग्नि प्रदीप्त होती है (समिन्ध्)। २ हम समिधा लाने के लिए जा रहे है। ३ जल हमारे सुख और इष्ट-प्राप्ति के लिए हो। ४. जल मे ओषधि के गुण है। ५. जल सुख-प्रद है। **(ख)** (सु धातु) १. उसने गिलोय का रस निचोडा (सु)। २ प्राचीन काल मे यज्ञो मे सोमलता का रस निचोडा जाता था। ३. मूर्खता दोषो को छिपा लेती है (सवृ)। ४ रक्षारूपी योग से यह भी प्रतिदिन तप का सचय करता है (सचि)। ५ वह मन के लड्डू खाता है (चि)। **(ग)** (कृत्य प्रत्यय) १. अत परीक्षा करके गुप्त प्रेम करना चाहिए। २ सुशिष्य को दी हुई विद्या के तुल्य तुम अशोचनीय हो गई हो। ३. सारी अवस्थाओ मे सुन्दर व्यक्ति रमणीय होते है। ४. इसको अगूठी कैसे मिली, इस पर विचार करना चाहिए। ५. भूख मुझे खा जाएगी। ६ ब्राह्मण को नि स्वार्थभाव से षडङ्ग वेदो को पढ़ना चाहिए और जानना चाहिए। ७ उसके एक अंश का अभिनय किया गया। ८. मूर्ख की बुद्धि दूसरे के विश्वास पर चलती है। ९. वह नीद के अधीन हो गया। १०. स्वहितपरायण नही होना चाहिए। ११ ऐसे लोग सभी की हँसी के पात्र होते है। १२. अतिथि-विशेष का समान करना चाहिए। १३ पापी निन्दा को प्राप्त होता है। १४. वह कायर है, इसलिए निन्दा को प्राप्त हुआ। १५. तुम मेरी ओर से राजा से कहना। **(घ)** (पचमी) १. वह आय से अधिक व्यय करता है। २ मैने तुम्हारे विश्वास पर और हित समझकर ऐसा किया है। ३. लाचार होकर मैने चोरी की। ४. यह मेरे शरीर से अपृथक् है। ५. झगडालू झगडे से बाज नही आता। ६. अतिपरिचय से तिरस्कार होता है, निरन्तर किसी के घर जाने से अनादर होता है। ७. वह रास्ता भूल गया। ८. कहने से करना अच्छा है। ९. कठिन समय मे भी धैर्य नही छोडना चाहिए। **(ङ)** (पक्षिवर्ग) पक्षियो की मधुर ध्वनि किसके मन को बलात् नहीं हर लेती। वनो उपवनो मे पक्षी मधुर सगीत करते हैं। कबूतर, कोयल, हस, बगुले, बतख, तोता, मैना, कौवे, चील, गिद्ध, बाज, खजन, नीलकठ, कठफोडा, चातक, चकवा, चकवी ये सभी आकाश मे उडते हैं और मनोरजन करते है। पक्षी वृक्षो मे घोसले बनाकर रहते है। भौरे और मधुमक्खी पुष्पो का पराग ले लेते है। मधुमक्खियाँ शहद तैयार करती है।

संकेत —(क) १ समिध्यते। ३ शन्नो देवीरभीष्टये आप। ४ अप्सु भेषजम्। ५ आपो हि ष्ठा मयोभुव। **(ख)** १ अमृतवल्लरीम्। २ सूयते स्म। ३ सवृणोति खलु दोषमज्ञता। ४ रक्षायोगात्। ५ गगनकुसुमानि चिनोति। **(ग)** १ अत परीक्ष्य कर्तव्य विशेषात् सगत रह। ३ रमणीयत्वमाकृतिविशेषाणाम्। ४ अगुलीयकदर्शनमस्य विमर्शयितव्यम्। ५ बुभुक्षया खादितव्योऽस्मि। ६. ब्राह्मणेन निष्कारण षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च। ७ एकदेशोऽभिनेयार्थं कृत। ८ मूढ परप्रत्ययनेयबुद्धि। ९ निद्राविधेयता गत। १० भाव्यम्। ११ उपहास्यतामुपयान्ति। १२ समान्य। १३. वाच्यता याति। १४ कातर। १५ मद्वचनात्। **(घ)** २ त्वत्प्रत्ययात्, अवेक्ष्य। ३. गत्यन्तराभावात्। ४ अव्यतिरिक्त। ५ कलहकाम कलहान्न निवर्तते। ६ अवज्ञा, सन्ततगमनात्। ७. मार्गात् भ्रष्ट। ८ वाच कर्मातिरिच्यते। ९ त्याज्यम्।

शब्दकोष-११५०+२५=११७५] **अभ्यास ४७** (व्याकरण)

(क) अर्णवः (समुद्र), आपगा (नदी), सरस् (तालाब), सरसी (झील), ह्रदः (बडी झील), आहावः (१. हौज, २ टैक), तोयम् (जल), वीचिः (तरग), आवर्तः (भॅवर), कूलम् (तट), सैकतम् (रेतीला किनारा), कर्दमः (कीचड), नौः (नाव), पोतः (पानी का जहाज), कर्णधारः (नाविक, खेवैया), मीनः (मछली), कुलीरः (केकडा), कच्छपः (कछुआ), नक्र. (मगर), भेकः (मेढक)। (२०)। **(ख)** विद् (पाना), लिप् (लीपना), सिच् (सींचना), कृत् (काटना), सृज् (बनाना)। (५)।

व्याकरण (गिर्, पुर्, इष्, प्रच्छ्, घञ्, प्रत्यय)

१. गिर् और पुर् शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ५७, ५८)

२. इष् और प्रच्छ् धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ७३, ७४)

नियम २३३—(१. भावे, २. अकर्तरि च कारके०) धातु का अर्थ बताने मे तथा कर्ता को छोडकर अन्य कारक का अर्थ बताने के लिए घञ् प्रत्यय होता है। घञ् का अ शेष रहता है। घञन्त शब्द पुलिंग होता है। जैसे—हस्>हास. (हँसी), पाकः (पकना)। घञन्त के साथ कर्म मे षष्ठी होती है। भोजनस्य पाक., रामस्य हासः।

नियम २३४—घञ् (अ) प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर ले:—(१) धातु के अन्तिम इ ई, उ ऊ और ऋ ॠ को वृद्धि होकर क्रमश. ऐ, औ, आर् होगा। धातु की उपधा के अ को आ, इ को ए, उ को ओ और ऋ को अर् होगा। चि>काय', नी>नाय., प्रस्तु>प्रस्ताव., भू> भावः, कृ>कारः, विकारः, प्रकार., उपकारः आदि, सस्कृ>सस्कार., अवतॄ> अवतारः। पठ्>पाठः, लिख्> लेख., रुध्>रोध., विरोधः आदि। (२) (चजो. कु. घिण्यतो.) च् को क् और ज् को ग् होगा। पच्>पाकः, शुच्>शोकः, सिच्>सेकः, त्यज्>त्यागः, भज्>भागः, भुज्> भोगः, मृज्>मार्गः, यज्> यागः, युज्>योगः, रुज्>रोगः। (३) इन धातुओ के ये रूप होते है—(क) (घञि च भाव०) भाव और करण मे रञ्ज् के न् का लोप। रञ्ज्>रागः। अन्यत्र रङ्गः। (ख) (निवासचिति०) चि के च को क होगा निवास, समूह, शरीर और ढेर अर्थ मे। चि>कायः। निकायः, गोमयनिकायः। (ग) (मृजे· र्वृद्धि·) मृज्>मार्गः। अपामार्गः। (घ) (उपसर्गस्य घञि०) उपसर्गों को विकल्प से दीर्घ होता है। प्रतीहार', परीहारः, अपामार्गः। (ङ) (नोदात्तोपदेशस्य०) म् अन्त-वाली धातुओ को प्रायः वृद्धि नहीं होगी। शमः, दमः, विश्रमः। (अनाचमि०) आचम्, कम्, वम् को वृद्धि होगी। आचामः, कामः, वामः। रम् का रामः होगा। विश्राम शब्द अपाणिनीय है।

नियम २३५—इन स्थानो पर घञ् होता है—(१) (इडश्च) इ धातु से। उप+अधि+इ>उपाध्यायः। (२) (उपसर्गे रुवः) उपसर्ग पहले हो तो रु धातु से। सरावः। अन्यत्र रवः। (३) (श्रिणीभुवो०) उपसर्गरहित श्रि नी और भू धातु से। श्रायः, नायः, भावः। अन्यत्र प्रश्रयः, प्रणयः, प्रभवः। (४) (प्रे द्रुस्तुस्रुवः) प्रपूर्वक द्रु स्तु स्रु धातु से। प्रद्रावः, प्रस्तावः, प्रस्रावः। (५) (उन्योर्ग्रः) उत् और नि पूर्वक गॄ धातु से। उद्गारः, निगारः। (६) (परिन्योर्नीणोः०) परिणी और नि+इ धातु से द्यूत और उचित अर्थ मे। परिणायः, न्यायः।

अभ्यास ४७

संस्कृत बनाओ—(क) (गिर्, पुर् शब्द) १. भगवन्, अपने क्रोध को रोको, इस प्रकार जब तक देवों की वाणी आकाश में फैली, तब तक शिव के नेत्रों से उत्पन्न अग्नि ने मदन को भस्मसात् कर दिया। २. आप लोगों की प्रिय वाणी से ही मेरा आतिथ्य हो गया। ३. उस बात के समाप्त होने पर वे वचन बोले। ४. यह नगरी (पुर्) देवभूमि के तुल्य है। ५. राजा भोज की नगरी में सभी संस्कृतज्ञ विद्वान् रहते थे। वहाँ न चोर थे, न जुआरी, न शराबी, न कबाबी। **(ख)** (इष्, प्रच्छ्) १. मैं चाहता हूँ कि आपकी कुछ सेवा कर सकूँ और आप मुझे स्मरण करें। २. ब्राह्मण से कुशल पूछे और क्षत्रिय से अनामय। ३. अपने साथी से बिदाई लो (आप्रच्छ्)। ४. बछड़ा सहस्त्रों गायों में भी अपनी माँ को ढूँढ़ लेता है (विद्)। ५. अन्धकार शरीर पर लिप्त-सा हो रहा है (लिप्)। ६. कन्याएँ पौधों को सींच रही हैं (सिच्)। ७. चाकू से पेन्सिल को काटता है। ८. मकड़ी अपने शरीर से ही धागे को उत्पन्न करती है (सृज्)। ९. कौन भला उष्ण जल से नवमालिका को सींचता है (सिच्)? १०. रोगी से पूछो, सुख से सोया या नहीं? ११. तुमने घोर अन्धकार दूर किया (नुद्)। १२. घोर अन्धकार में मेरी अन्तरात्मा डूब-सी रही है (मस्ज्)। १३. भड़भूजा भाड़ में चने भूनता है (भ्रस्ज्)। **(ग)** (घञ् प्रत्यय) १. प्रसंग के अनुकूल ही कहना चाहिए। २. उर्वशी लक्ष्मी को भी मात करती है। ३. वह कहानी समाप्त हुई। ४. इसका प्रेम बहुत गहरा हो गया है। ५. तूने पिता के द्वारा दिए हुए पैसे को कैसे खर्च किया? ६. वह सदा के लिए सो गई। ७. सन्तान न होने से वह बहुत दुःखित हुआ। ८. हिम्मत न हारना वैभव का मूल है। ९. तुम्हारे दुःख का क्या कारण है? १०. जब आँखें चार होती हैं, मुहब्बत हो ही जाती है। ११. तालाब में पानी बढ़ जाए तो उसको निकाल देना ही उसका प्रतिकार है। १२. हृदय शोक से क्षुब्ध होने पर विलाप से ही सँभलता है। **(घ)** (पंचमी) १. कीचड़ को धोने से न छूना ही अच्छा है। २. चोर अपमानसहित नगर से निकाला गया। ३. उपदेश देने की अपेक्षा स्वयं करना अच्छा है। ४. तेजोमय ज्योति पृथ्वी से नहीं निकलती। **(ङ)** (वारिवर्ग) जल जीवन है। तालाब हो या झील, नदी हो या समुद्र, सर्वत्र जल का महत्त्व है। समुद्र का जल ही भाप बनकर बादल और मानसून का रूप ग्रहण करता है और बरसता है। मगर, कछुए, मछली, मेढक, केकड़े आदि जल में सुख से विचरण करते हैं। जल में तरंग, भँवर और कीचड़ भी होते हैं। नाविक नौका और जहाजों को जल में चलाते हैं।

संकेत—(क) १. संहर, यावद् गिरः खे मरुतां चरन्ति। २. सूनृतया। ३. अवसिते, गिरमुज्जगार। ५. द्यूतकाराः, मांसाशिनः। **(ख)** १. कार्यलवोपपादनोपयोगेन स्मारयितुमात्मानम्। २. ब्राह्मणम्। ३. आपृच्छस्व सहचरम्। ४. धेनुसहस्रेषु, विन्दति। ५. लिम्पतीव तमोऽङ्गानि। ६. सिञ्चन्ति। ७. कृन्तति। ८. तन्तुनाभः, तन्तून् सृजति। १०. रुग्णं सुखशयितं पृच्छ। ११. अदस्त्वया नुन्नमनुत्तमं तमः। १२. मज्जतीव। १३. भ्राष्ट्रमिन्धो भ्राष्ट्रे, भृज्जति। **(ग)** १. प्रस्तावसदृशम्। २. प्रत्यादेशः श्रियः। ३. विच्छेदमाप। ४. अतिभूमिं गतः। ५. द्रव्यस्य कथं विनियोगः कृतः। ६. अप्रबोधाय। ७. सन्ततिविच्छेदात्। ८. अनिर्वेदः। ९. किंनिमित्तं ते सन्तापः। १०. तारामैत्रकं चक्षूरागः। ११. पूरोत्पीडे तडागस्य परीवाहः प्रतिक्रिया। १२. शोकक्षोभे च हृदयं प्रलापैरेव धार्यते। **(घ)** १. प्रक्षालनाद् हि पङ्कस्य दूरादस्पर्शनं वरम्। २. सनिकारं निर्वासितः। ३. शासनात् करणं श्रेयः। ४. न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात्। **(ङ)** बाष्परूपेण परिणम्य, जलदागमस्य, संचालयन्ति।

शब्दकोष–११७५+२५=१२००] **अभ्यास ४८** (व्याकरण)

(क) गात्रम् (शरीर), शिरस् (नपु०, सिर), शिरोरुहः (बाल), शिखा (चोटी), पलितम् (सफेद बाल), ललाटम् (माथा), लोचनम् (नेत्र), घ्राणम् (नाक), आस्यम् (मुँह), रसना (जीभ), रदन. (दाँत), श्रोत्रम् (कान), कण्ठ. (गला), ग्रीवा (गर्दन), स्कन्धः (कधा), जत्रु (नपु०, कधे की हड्डी), कूर्चम् (दाढी), श्मश्रु (नपु०, मूँछ), कपोलः (गाल), ओष्ठ. (ओठ), अधरः (नीचे का होठ), भ्रू. (स्त्री०, भौं), पक्ष्मन् (नपु०, पलक), वक्षस् (नपु०, छाती), कुक्षि. (पेट)। (२५)

व्याकरण (दिश्, उपानह्, लिख्, स्पृश्, तृच्, अच्, अप्)

१ दिश् और उपानह् शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ५९, ६०)

२ लिख् और स्पृश् धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ७५, ७६)

नियम २३६—(ण्वुल्तृचौ) धातु से 'वाला' (कर्ता) अर्थ मे तृच् प्रत्यय होता है। तृच् का 'तृ' शेष रहता है। जैसे—कृ>कर्तृ (करनेवाला), हृ>हर्तृ (हरनेवाला)। कर्ता के अनुसार इसके लिग, विभक्ति और वचन होते है। पुलिग मे इसके रूप कर्तृ शब्द (शब्द० स० ११) के तुल्य चलेगे। स्त्रीलिग मे अन्त मे 'ई' लगाकर नदी (शब्द० ४३) के तुल्य और नपु० मे कर्तृ (शब्द० ६७) के तुल्य रूप चलेगे। प्राय. सभी धातुओ से तृच् प्रत्यय लगता है। तृच् प्रत्ययान्त के साथ कर्म मे षष्ठी होती है। पुस्तकस्य कर्ता, धर्ता, हर्ता वा। धातु को गुण होता है।

नियम २३७—तृच् प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए ये नियम स्मरण कर ले। रूप बनाने का सरल उपाय यह है कि धातु के तुमुन् प्रत्ययान्त रूप मे से तुम् के स्थान पर तृ लगाने से तृच प्रत्ययान्त रूप बन जाता है। नियम २१७ (क) से (ज) पूरा लगेगा। **(क)** धातु को गुण होगा। कृ>कर्तुम्>कर्तृ। हर्तृ, धर्तृ, भर्तृ। जेता, चेता, भविता। **(ख)** सेट् मे इ लगेगा, अनिट् मे नही। पठितृ, लेखितृ, रोदितृ। **(ग)** पक्तृ, भोक्तृ, छेत्तृ। **(घ)** प्रष्टृ, प्रवेष्टृ, स्रष्टृ। **(ङ)** आह्वातृ, गातृ। **(च)** गन्तृ, रन्तृ। **(छ)** दग्धृ, द्रोग्धृ, दोग्धृ, लेढृ, वोढृ। **(ज)** सोढा, वोढा, स्रष्टा, द्रष्टा, आरोढा, ग्रहीता प्र० एक० मे।

नियम २३८—**(१)** (पचाद्यच्) पच् आदि धातुओ से अच् प्रत्यय होता है। अच् का अ शेष रहता है। अच् लगाने से सज्ञाशब्द बन जाते है। धातु को गुण होता है। पुलिग रहता है। रामवत् रूप होगे। पच्>पचः। इसी प्रकार नदः चोरः, देवः, चरः, चलः, पत', वदः, मरः, क्षम, क्रोपः, व्रणः, सर्पः, दर्पः आदि। **(२)** (एरच्) इ या ई अन्तवाली धातुओ से अच् (अ) प्रत्यय होता है। गुण ए होकर अय् आदेश। चि>चयः, जि>जयः, नी>नयः। आश्रि>आश्रयः। इसी प्रकार प्रश्रयः, विनय., प्रणय.।

नियम २३९—(ॠदोरप्) दीर्घ ॠ, उ या ऊ अन्तवाली धातुओ से अप् (अ) प्रत्यय होता है। गुण होता है, पुलिंग होगा। कॄ>करः, गॄ>गरः। यु>यवः, स्तु>स्तवः। पू>पव., भू>भवः।

अभ्यास ४८

संस्कृत बनाओ—(क) (दिश्, उपानह् शब्द) १. दिशाएँ स्वच्छ हो गईं और हवा सुखद बहने लगी। २ वायु प्रत्येक दिशा मे मकरन्द को फैला रही है (कृ)। ३. दक्षिण दिशा मे सूर्य का भी तेज मन्द हो जाता है। ४. कुत्ते को यदि राजा बना दिया जाता है तो क्या वह जूता नहीं चाटता। ५. जूता पैर मे हो तो सारी पृथ्वी चमड़े से ढकी-सी दीखती है। **(ख)** (लिख्, स्पृश् धातु) १. अरसिको को कविता सुनाना मेरे भाग्य मे मत लिखना। २ रात्रि ने तारे रूपी अक्षरों से आकाश मे अन्धकार की प्रशस्ति लिखी है। ३ उसने शिर, बाल, आँख, नाक, कान और पेट को छुआ। ४. हाथी छूता हुआ भी मार डालता है। ५. वह सोलह वर्ष का हो गया। ६. बिना धन के भी वीर बहुत संमानवाले उन्नति के पद को पाता है। ७. किसपर दोष डालूँ (निक्षिप्)। **(ग)** (तृच् आदि प्रत्यय) १ कौन शरीर को शान्ति देनेवाली शरत्कालीन चाँदनी को वस्त्र से रोकता है। २. विषय ऊपर से मनोहर लगते हैं, पर उनका अन्त दु खद होता है। ३ विद्वानों के लिए कुछ भी अज्ञात नही है। ४. विनय सज्जनों को प्रिय क्यो न हो, क्योंकि वह योगियों को मुक्ति देता है। ५. लता ही नही रही तो फूल कहाँ? ६. जिसको तुम आग समझते थे, वह स्पर्श के योग्य रत्न है। **(घ)** (षष्ठी) १ ऋषियों के लिए क्या परोक्ष है? २. वीरो का निश्चय कठोर कर्मों वाला होता है, वह प्रेम मार्ग को छोड देता है। ३ उसमें ईर्ष्या नाममात्र को नहीं है। ४. उसे खाना खाए आज तीसरा दिन है। ५ तुम्हारी बात सत्य-सी प्रतीत होती है। ६. वर्षा हुए दो सप्ताह हो गए। ७ भूकम्प आए एक महीना हो गया। ८. उसका मुँह हर्ष से खिल गया। ९ उसका मुख कमल की शोभा को धारण करता है। १० उसका सौन्दर्य अवर्णनीय है। **(ङ)** (शरीरवर्ग) शरीर ही मुख्यत धर्म का साधन है। शरीर को स्वस्थ रखना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है। स्वच्छ वायु मे भ्रमण और व्यायाम से शरीर स्वस्थ और हृष्ट-पुष्ट रहता है। नियमित रूप से स्नान करे और शिर, हाथ, नाक, आँख, कान, गर्दन, कन्धा, छाती, पेट, जाँघ, पैर और मुँह को जल से या साबुन से धोवे। शिर मे तेल डाले, माथे पर तिलक लगावे, आँख मे अजन लगावे। दाढी को उस्तरे से साफ करे, मूँछ को साफ रक्खे, नाखूनो को नेल-कटर (नहरनी) से काटे। अगुष्ठ तर्जनी मध्यमा अनामिका और कनिष्ठा, इन पाचो अगुलियो को पुष्ट रक्खे।

संकेत—(क) १ प्रसेदु, मरुतो ववु सुखा। २ दिशि दिशि, किरति। ३. दक्षिणस्या, मन्दायते। ४ क्रियते, नाश्नात्युपानहम्। ५ उपानद्गूढपादस्य सर्वा चर्मावृतेव भू। **(ख)** १. अरसिकेषु कवित्वनिवेदन शिरसि मा लिख। २. ताराक्षरै, तम प्रशस्तिम्। ४. स्पृशन्नपि गजो हन्ति। ५. षोडशवर्षवयोऽवस्थामस्पृशत्। ६ स्पृशति बहुमानोन्नतिपदम्। **(ग)** १. शरीरनिर्वापयित्री, वारयति। २ आपातरम्या विषया पर्यन्तपरितापिन। ३ धीमताम्, अविषय। ४ योगिना परिणमन् विमुक्तये, केन नास्तु विनय सता प्रिय। ५ लताया पूर्वलूनायां प्रसवस्योद्भव कुत। ६. आशकसे यदग्निम्। **(घ)** १. किमृषीणाम्। २. वीराणां समयो हि दारुणरसः स्नेहक्रमं बाधते। ३. अदत्तावकाशो मत्सरस्य। ४ कृताहारस्य तस्य। ५. सत्यमिव प्रतिभाति। ६. सप्ताहद्वय वृष्टस्य देवस्य। ७. मासैक भुवः कम्पितायाः। ८. हर्षोत्फुल्ल बभौ। ९ उद्वहति। १०. श्रीर्वचनानामविषया। **(ङ)** शरीरमाद्यम्, फेनिलेन प्रमार्जयेत्, निक्षिपेत्, दद्यात्, कृन्तेत्, नखनिकृन्तनेन, कृन्तेत्।

शब्दकोष-१२००+२५=१२२५] **अभ्यास ४९** (व्याकरण)

(क) पृष्ठम् (पीठ), श्रोणिः (स्त्री०, कमर), ऊरु. (जघा), जानु' (घुटना), गुल्फः (टखना, पैरके जोडकी हड्डी), बाहुः (बॉह), कफोणि' (कोहनी), मणिबन्धः (कलाई), चपेटः (चपत), मुष्टिः (मुट्ठी), करभः (कलाई से कनी ॲगुलि तक), नाडिः (स्त्री०, नाडी), शिरा (स्त्री०, नस), फुप्फुसम् (फेफडा), हृदयम् (हृदय), यकृत् (नपु०, जिगर), प्लीहा(तिल्ली), अन्त्रम्(ऑत), पृष्ठास्थि(नपु०, रीढ), शुक्रम् (वीर्य), रजस्(रज), रुधिरम्(खून), आमिषम् (मास), वसा(चर्बी), मज्जा (हड्डी के अन्दर की चर्बी)। (२५)

व्याकरण (वारि, दधि, कृ, गृ, ल्युट्, ण्वुल्, ट प्रत्यय।)

१ वारि और दधि शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ६२, ६३)।

२. कृ और गृ धातुओ के रूप स्मरण करो। (दे० धातु० ७७, ७८)।

नियम २४०—(ल्युट् प्रत्यय) (१) (ल्युट् च) भाववाचक शब्द बनाने के लिए धातु से ल्युट् प्रत्यय होता है। ल्युट् के यु को 'अन' हो जाता है। अन प्रत्ययान्त शब्द नपु० होते है। धातु को गुण होता है। ल्युट् (अन) प्रत्यय मे भी वही नियम लगते है, जो अनीय प्रत्यय मे लगते है। देखो नियम २२६। गम्>गमनम् (जाना)। इसी प्रकार पठनम्, लेखनम्, यजनम्, पूजनम्। कृ>करणम्। हरणम्, भरणम्, मरणम्, रोदनम्। (२) (करणाधिकरणयोश्च) करण और अधिकरण अर्थों मे भी ल्युट् (अन) होता है। यानम् (जिससे जाते है, सवारी), स्थानम् (जहॉ बैठते है), उपकरणम् (जिससे काम करते है, साधन), आवरणम् (जिससे ढकते है)। (३) (कर्मणि च येन०) कर्ताको सुख मिले तो कर्म पहले होने पर धातु से ल्युट् (अन)। नित्य-समास होगा। पयःपानं सुखम्। (४)(नन्दिग्रहि०)नन्द् आदि से ल्यु(अन)होता है। नन्दनः,जनार्दनः,मधुसूदनः।

नियम २४१—(ण्वुल् तृचौ) करनेवाला (कर्ता) अर्थ मे धातु से ण्वुल् प्रत्यय होता है। ण्वुल् के वु को 'अक' हो जाता है। नियम २३४ के तुल्य वृद्धि होगी। कर्ता के तुल्य इसके लिंग होगे। पु० मे रामवत्, स्त्रीलिंग मे 'इका' अन्त मे होगा और रमावत्, नपु० मे ज्ञानवत्। कृ> कारकः (करनेवाला), कारिका, कारकम्। पाठकः, लेखकः, हारकः, उपकारकः, सेवकः। (१) (आतो युक्०) आकारान्त धातु मे बीच मे य् लगेगा। दा> दायकः, धा>धायकः, पा> पायकः। (२) (नोदात्तोपदेशस्य०) इनको वृद्धि नहीं होगी। शमकः, दमकः, गमकः, यमकः। जन् को भी वृद्धि नही होती। जनकः। (३) इन धातुओं के ये रूप होते है—हन्>घातकः, वध् >वधकः, रन्ध् > रन्धकः रम् > रम्भकः, लभ् > लम्भकः।

नियम २४२—(ट प्रत्यय) इन स्थानों पर ट (अ) होता है—(१) (चरेष्टः) अधिकरण पहले होने पर चर् धातु से। कुरुचरः। (२) (भिक्षासेना०) भिक्षा आदि पहले हों तो चर् धातु से। भिक्षाचरः, सेनाचरः, आदायचरः। (३) (पुरोऽग्रतो०) पुरः आदि पहले हो तो सृ धातु से। पुरस्सरः, अग्रतस्सरः, अग्रेसरः, अग्रसरः। (४) (कृञो हेतु०) कृ धातु से हेतु, स्वभाव और अनुकूल अर्थ मे। यशस्करी विद्या, श्राद्धकरः, वचनकरः। (५) (दिवाविभानिशाप्रभा०) दिवा आदि पहले हो तो कृ धातु से। दिवाकरः, विभाकरः, निशाकरः, प्रभाकर, भास्करः, किंकरः, लिपिकरः, चित्रकर'। (६) (कर्मणि भृतौ) कर्म पहले हो तो कृ धातु से। कर्मकरः (नौकर)।

अभ्यास ४९

संस्कृत बनाओ—(क) (वारि, दधि शब्द) १. जिस प्रकार फावड़े से खोदकर मनुष्य जल पा लेता है, उसी प्रकार सेवा से गुरुगत विद्या को प्राप्त कर लेता है। २. एक बार चन्द्रमा ने समुद्र के विमल (शुचि) जल मे पडे हुए अपने प्रतिबिम्ब को देखा और उसने खेदपूर्वक तारा के मुख का स्मरण किया। ३. दूध दही के रूप में परिणत होता है। ४ दही मीठी है, मधु मधुर है, अगूर मीठे है, चीनी भी मीठी है। जिसका मन जिसमे लग गया, उसके लिए वही मीठा है। **(ख)** (कॄ गॄ धातु) १. यह कोई वीर बालक सेनाओ के ऊपर बाणरूपी हिम को डाल रहा है (कॄ)। २. हवा प्रत्येक दिशा मे पराग को फैला रही है (कॄ)। ३ हरिचरणो मे यह फूलो की अजलि डाल दी है (प्रकॄ)। ४. घोडे खुरो से धूलि को उठा रहे हैं (उत्कॄ)। ५ तेरी तलवार शत्रुओ के अगो को टुकडे-टुकडे कर दे (विकॄ)। ६. बैल प्रसन्नचित्त हो मिट्टी खोदता है, अन्नार्थी मुर्गा कूडे को खोदता है, कुत्ता सोने के लिए मिट्टी खोदता है (अपस्कॄ, आ०)। ७. रोगी दवा की गोली को निगलता है (गॄ)। ८. राजा ने वचन कहा (उद्गॄ)। ९. साँप विष को उगलता है (उद्गॄ)। १० बालक अन्न के ग्रास को निगलता है (निगॄ)। ११. वह शब्द को नित्य मानता है (सगॄ, आ०)। **(ग)** (ल्युट् आदि) १. उसने राष्ट्रपतिजी से भेट की। २. मैं राष्ट्रपतिजी से मिलना चाहता हूँ। ३. मधुर आकृतिवालो के लिए क्या मण्डन नहीं है। ४. जीवन मे हँसना, रोना, मरना, जीना, उत्थान, पतन लगा ही रहता है। ५. विद्या यशस्करी है। ६. अधिक खेलने के कारण मुझे बहुत ताना सहना पडा है। **(घ)** (षष्ठी) १. वह मेरा नि.स्वार्थ बन्धु है। २. वह मेरा विश्वासपात्र है। ३ राजा के पास जाता हूँ। ४. वह सत्कार मेरे मनोरथो से भी परे था। ५. लक्ष्मण तुम्हारी याद करता है। ६. वह शिशु पर दया करता है। ७. यदि अपने आपको संभाल सका तो विदेश जाऊँगा। ८. आपका शिष्यों पर पूरा अधिकार है। ९. पाणिनि वैयाकरणो मे श्रेष्ठ है। १०. वह साहसियों में धुरीण और विद्वानों में अग्रणी है। ११. क्या तुम पति को याद करती हो? **(ङ)** (शरीरवर्ग) शरीर की सुरक्षा के लिए प्राणायाम अनिवार्य है। प्राणायाम से फेफडो की सफाई होती है। प्राणायाम से शरीर के प्रत्येक अग मे शुद्ध वायु पहुँचती है। पीठ, कमर, घुटना, टखना, कोहनी, कलाई, मुट्ठी, हृदय, आँत, नसे, नाडियाँ, सभी को प्राणायाम से लाभ होता है। वैद्यक के अनुसार वात पित्त और कफ के विकार से ही शरीर मे सभी रोगो की उत्पत्ति होती है। ठीक आहार और विहार से शरीर नीरोग रहता है।

संकेत—(क) १. खनन् खनित्रेण, अधिगच्छति। २ शुचिनि, सक्रान्तम्, सस्मार। ३. दधिभावेन। ४ सता, तस्य तदेव हि मधुरम्। **(ख)** १. शरतुषार किरति। ३ प्रकीर्ण। ४. उत्किरन्ति। ५. लवशो विकिरतु। ६ अपस्किरते। ७. गालिकाम्। ८. उज्जगार। ९. उद्गिरति। १० निगिरति। ११. शब्द नित्य सगिरते। **(ग)** १. राष्ट्रपतिदर्शन लेभे। २ राष्ट्रप तदर्शनानुग्रहमिच्छामि। ३ किमिव हि मधुराणा मण्डन ।कृतीनाम्। ४. वरीवर्ति। ६ क्रीडातिशयमन्तरेण महदुपालम्भन गतोऽस्मि। **(घ)** १ निष्कारण। २ विश्रम्भभूमि। ३ उपैमि। ४. मनोरथानामप्यभूमि.। ५ अध्येति तव। ६. शिशोः दयते। ७ आत्मन. प्रभविष्यामि। ८. प्रभवत्यार्यः शिष्यजनस्य। १०. धौरेय साहसिकानामग्रणीर्विदग्धानाम्। ११ कच्चिद्भर्तुः स्मरसि।

शब्दकोष-१२२५+२५=१२५०] **अभ्यास ५०** (व्याकरण)

(क) कञ्चुकः (कुर्ता), कञ्चुलिका (ब्लाउज), अधोवस्त्रम् (धोती), शाटिका (साडी), पादयामः (पायजामा), प्रावारः (कोट), प्रावारकम् (शेरवानी), बृहतिका (ओवरकोट), आप्रपदीनम् (पैंट), अन्तरीयम् (पेटी कोट), अधोरुकम् (अण्डरवीयर, जॉघिया), नक्तकम् (नाइट ड्रेस), प्रच्छदपटः (ओढनी, चुन्नी), स्यूतवरः (सलवार), रल्लकः (लोई), नीशारः (रजाई), तूलसस्तरः (गद्दा), आस्तरणम् (दरी), प्रच्छदः (चादर), उपधानम् (तकिया), ऊर्णावरकम् (स्वेटर)। (२१)। (ख) कार्पासम् (सूती), कौशेयम् (रेशमी), राकवम् (ऊनी), नवलीनकम् (नाइलोन का)। (४)

व्याकरण (अक्षि, अस्थि, क्षिप्, मृ, क, खल्, णिनि प्रत्यय)

१. अक्षि और अस्थि शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ६४, ६५)

२. क्षिप् और मृ धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ७९,८०)

नियम २४३—(क प्रत्यय) इन स्थानो पर क (अ) प्रत्यय होता है। क का 'अ' शेष रहता है। धातु को गुण नही होगा। धातु के अन्तिम आ का लोप होता है। 'वाला' (कर्ता) अर्थ मे क प्रत्यय होता है। (१) (इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः) जिन धातुओ की उपधा मे इ, उ, ऋ हो उनसे तथा ज्ञा, प्री, कॄ धातु से क प्रत्यय। लिख्> लिखः (लेखक), बुध्> बुधः (विद्वान्), कृश्> कृशः (निर्बल), ज्ञा> ज्ञ; प्री> प्रियः (प्रिय), कॄ> किरः (बखेरनेवाला)। (२) (आतश्चोपसर्गे) उपसर्ग पहले हो तो आकारान्त धातु से क। प्र+ज्ञा> प्रज्ञः, विज्ञः, सुज्ञः, अभिज्ञः, आ+ह्वा> आह्वः, प्रह्वः। (३) (आतोऽनुपसर्गे कः) उपसर्ग-भिन्न कोई कर्म पहले हो तो आकारान्त धातु से क। दा> सुखदः, दुःखदः, गोदः। त्रा> आतपत्रम्, गोत्रम्, पुत्रः, क्षत्रः। पा> द्विपः, गोपः, महीपः, पादपः। (४) (सुपि स्थः) कोई शब्द पहले हो तो आकारान्त और स्था धातु से क। पा> द्विपः। स्था> समस्थः, विषमस्थः। (५) (मूलविभुजादिभ्यः कः) मूलविभुज आदि मे क होता है। मूलविभुजः, महीध्रः, कुध्रः। (६) (गेहे कः) ग्रह् धातु से गृह अर्थ मे क। ग्रह्> गृहम्।

नियम २४४—(खल् प्रत्यय) (ईषद्दुःसुषु०) ईषत्, दुर् या सु पहले हो तो धातु से खल् (अ) प्रत्यय ही होता है, कठिन या सरल अर्थ मे। धातु को गुण होगा। ईषत्करः,दुष्करः,सुकरः। दुर्लभः, सुलभः, दुर्गमः, सुगमः, दुर्जयः, सुजयः,दुःसहः,सुसहः।

नियम २४५—(णिनि प्रत्यय) इन स्थानों पर णिनि (इन्) प्रत्यय होता है। नियम २३४ (१) के तुल्य वृद्धि या गुण। पु० मे करिन् के तुल्य, स्त्री० में ई लगाकर नदीवत्, नपु० मे वारिवत्। (१) (नन्दिग्रहि०) ग्रह् आदि धातुओं से णिनि (इन्)। ग्रह्> ग्राही। स्थायी, मन्त्री। (२) (सुप्यजातौ णिनिः०) जाति-भिन्न कोई शब्द पहले हो तो धातु से णिनि होगा, स्वभाव अर्थ में। भुज्> उष्णभोजी,आमिषभोजी, निरामिषभोजी। शाकाहारी, मांसाहारी, मिथ्यावादी, मित्रद्रोही, मनोहारी। वस्> निवासी, प्रवासी। कृ> उपकारी, अपकारी, अधिकारी। (३) (साधुकारिणि) अच्छा करने अर्थ मे। साधुदायी। (४)(कर्तर्युपमाने)उपमान अर्थ मे। उष्ट्रक्रोशी, ध्वाङ्क्षरावी। (५) (व्रते) व्रत में। स्थण्डिलशायी। (६) (मन, आत्ममाने खश्च) अपने को समझने अर्थ मे मन् धातु से णिनि और खश् (अ)। शब्द के अन्त में म् लगेगा। पण्डितमानी, पण्डितमन्यः।

अभ्यास ५०

संस्कृत बनाओ—(क) (अक्षि, अस्थि शब्द) १. वह ऑख से काणा है। २. उसकी ऑख मे तिनका गिर गया (पत्)। ३. उसे जागते ही रात बीती। ४. कुत्ता हड्डी को चाटता है। ५ हड्डियो मे फासफोरस भी होता है। **(ख)** (क्षिप्, मृ धातु) १. नौकर पर दोष लगाता है (क्षिप्)। २ हे मूर्ख सुनार, तू मुझे बार-बार आग मे क्यो डालता है (क्षिप्), जलने पर मेरे अन्दर गुण और बढ जाते हैं ,और मै खरा सोना हो जाता हूँ। ३. जल मे पत्थर फेकता है (क्षिप्)। ४ उसने सूक्ष्म वस्त्र फेंककर (अवक्षिप्) मुनिवस्त्र पहने। ५. उसने कृष्ण की निन्दा की (अवक्षिप्)। ६. अरे मूर्ख, क्यो इस प्रकार अपमान कर रहा है (आक्षिप्)। ७ बालक ने ढेला ऊपर फेका (उत्क्षिप्)। ८. वह स्त्री अपना आभूषण सुनार के पास धरोहर रखती है (निक्षिप)। ९ राजा ने उस पर क्रूर दृष्टि डाली (निक्षिप्)। १०. जले पर नमक डालता है (प्रक्षिप्)। ११ गन्दी चीजे आग मे न डाले (प्रक्षिप्)। १२ उसने अपना निबन्ध सक्षिप्त करके लिखा (सक्षिप्)। १३ आत्मा न उत्पन्न होता है (जन्) और न मरता है (मृ)। १४. परमात्मा न कभी मरा, न वृद्ध हुआ। **(ग)** (क, खल् आदि) १. विज्ञ सुखद वचन ही कहता है, दु:खद नही। २. यह काम शीघ्र करना तो सुकर है, पर गुप्त रूप से करना कठिन है। ३. आधी मे भी पहाड निष्कम्प रहते है। ४. सबके मन को रुचिकर बात कहना अति कठिन है। ५ प्रियके प्रवास से उत्पन्न दु ख स्त्रियो के लिए अति दु सह होते है। ६. ससार में सुन्दरता सुलभ है, गुणार्जन कठिन है। ७. तुम्हारे लिए मृग पकडना कठिन नही होगा। ८ बडों की इच्छा ऊँची होती है। ९ बन्धुजनो के वियोग सन्तापकारी होते हैं। १०. छिद्रान्वेषी लोग दोषो को ही देखते है। ११. उसने पृथ्वी उसके हाथो में दे दी। **(घ)** (सप्तमी) १. चौदहवें दिन खूब जोर से वर्षा हुई थी। २. पति के कहने मे रहना (स्था)। ३. सपत्नीजन पर प्रिय-सखी का व्यवहार करना। ४ ऐसा होने पर क्या करना चाहिए। ५. सर्वनाश प्राप्त होने पर विद्वान् व्यक्ति आधा छोड देता है। ६. रण मे जयश्री उत्कर्ष पर निर्भर है। **(ङ)** (वस्त्रवर्ग) वस्त्र शरीर को ढकने के लिए हैं। स्वच्छ और धुले हुए वस्त्र पहनने चाहिएँ (धारि)। प्राचीन पद्धति को अपनानेवाले लोग कुर्ता, धोती पहनते है। पाश्चात्त्य पद्धति को अपनानेवाले लोग कोट, पैंट या पायजामा, शेरवानी पहनते हैं। स्त्रियॉ साडी, ब्लाउज, पेटीकोट पहनती है। कुर्ता, सलवार और ओढनी का पजाब मे अधिक प्रचलन है। आजकल सूती, रेशमी, ऊनी और नाइलोन के कपड़े अधिक चलते हैं। बिस्तर मे दरी, गद्दा, चादर, तकिया, रजाई, लोई, कम्बल, दुतई ये काम आते हैं।

संकेत—(क) ३. तस्याक्ष्णो प्रभातमासीत्। ४ लेढि। ५. भास्वरम्। **(ख)** १. दोषान् क्षिपति। २. दग्धे पुनर्मयि भवन्ति गुणातिरेका, विशुद्धम्। ४. अवक्षिप्य, अवस्त। ५. कृष्णमवाक्षिपत्। ६ आक्षिपसि। ७ उदक्षिपत्। ८ हस्ते निक्षिपति। ९. निचिक्षेप। १०. क्षार क्षते प्रक्षिपति। ११ अमेध्यम्। १२ सक्षिप्य। १४ न ममार न जीर्यति। **(ग)** २. शीघ्रमिति सुकरम्, निभृतमिति दुष्करम्। ३ प्रवातेऽपि। ४. सुदुर्लभा सर्वमनोरमा गिरः। ६. सुलभा रम्यता लोके दुर्लभ हि गुणार्जनम्। ७ मृगो दुरासद। ८ उत्सर्पिणी। १० छिद्रान्वेषिण.। ११. हस्तगामिनीमकरोत्। **(घ)** १ चतुर्दशे दिवसे धारासारैरवर्षद् देव। २ शासने। ३. वृत्तिम्। ४ एव गते सति। ५. समुत्पन्ने। ६ प्रकर्षतन्त्रा। **(ङ)** स्वीकुर्वाणा, प्रचलन्ति, शय्यायाम्, कम्बल, द्वितयी, उपयुज्यन्ते।

शब्दकोष-१२५०+२५=१२७५] **अभ्यास ५१** (व्याकरण)

(क) आभरणम् (आभूषण), मूर्धाभरणम् (बेणी), ललाटाभरणम् (टिकुली), नासाभरणम् (१. नथ, २. बुलाक), नासापुष्पम् (नाक का फूल), कर्णपूरः (कनफूल), कुण्डलम् (कान की बाली), कण्ठाभरणम् (कण्ठा), ग्रैवेयकम् (हसुली), हारः (मोती का हार), एकावली (एक लड का हार), मुक्तावली (मोती की माला), स्रज् (पुष्प-माला), केयूरम्(बाजूबन्द, ब्रेसलेट), कङ्कणम्(कगन), काचवलयम् (चूडी), अगुलीयकम्(अगूठी), कटकः (सोने का कडा), त्रौटकम् (हाथ का तोडा), मेखला (करधन), नूपुरम् (पाजेब), पादाभरणम्(लच्छे), मुकुटम्(मुकुट), मुद्रिका(नामाकित ॲगूठी),किंकिणी(घुंघरू) । (२५)

व्याकरण (मधु, कर्तृ, तुद्, मुच्, क्तिन्, अण्, क्विप्)

१. मधु और कर्तृ शब्दो के रूप स्मरण करो । (देखो शब्द० ६६, ६७)

२. तुद् और मुच् धातुओ के रूप स्मरण करो । (देखो धातु० ८१, ८२)

नियम २४६—(क्तिन् प्रत्यय) (१) (स्त्रिया क्तिन्) धातुओ से स्त्रीलिंग मे क्तिन् प्रत्यय होता है । क्तिन् का 'ति' शेष रहता है । 'ति' प्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिंग ही होते है । गुण या वृद्धि नही होगी । सम्प्रसारण होगा । ति प्रत्यय से भाववाचक सज्ञा शब्द बनते है । जैसे—कृ> कृतिः, धृतिः, स्तुतिः, भूतिः । 'ति' प्रत्यय लगाकर रूप बनाने के लिए देखो नियम २०८ (क), (ग) से (झ) । साधारणतया क्त प्रत्ययान्त रूप मे त के स्थान पर ति लगाने से ति प्रत्ययान्त रूप बन जाते है । जैसे—गा> गीत> गीति, गम् > गत> गति, वच् > उक्त> उक्ति । (क) कृति, हृति, धृति । (ग) गीति, पीति । (घ) उपमिति, स्थिति । (ङ) गति,मति, नति । (छ) जाति, खाति । (ज) उक्ति, इष्टि, सुप्ति । (झ) ग्लानि, म्लानि । (२) (स्थागापापचो भावे) इनसे भावार्थ मे क्तिन् । उपस्थितिः, गीतिः, सपीतिः, पक्तिः । (३) (ऊतियूति०) ये रूप बनते है—ऊतिः, हेतिः, कीर्तिः । (४) (सपदादिभ्यः०) सपद् आदि से । सपत्तिः, विपत्ति. ।

नियम २४७—(अण् प्रत्यय) (कर्मण्यण्) कोई कर्मवाचक शब्द पहले हो तो धातु से अण् (अ)प्रत्यय होता है । धातु को वृद्धि होती है । कुम्भ करोतीति> कुम्भकार ।

नियम २४८—(क्विप् प्रत्यय) इन स्थानो पर क्विप् प्रत्यय होता है । क्विप् का पूरा लोप हो जाएगा, कुछ शेष नही रहेगा । (१) (सत्सूद्विष०) उपसर्ग या अन्य कोई शब्द पहले हो तो सद् सू द्विष् दुह् विद् आदि से क्विप् । उपनिषत् । प्रसूः । मित्रद्विट् । गोधुक् । वेदवित् । (२) (क्विप् च) धातुओ से क्विप् होता है । उखास्रत्, पर्णध्वत्, वाहभ्रट् । (३) (ब्रह्मभ्रूणवृत्रेषु क्विप्) ब्रह्म आदि पहले हों तो भूत अर्थ मे हन् धातु से । ब्रह्महा, भ्रूणहा, वृत्रहा । (४) (सुकर्मपापमन्त्रपुण्येषु कृञः) सुकर्म आदि पहले हो तो कृ धातु से क्विप् । त् अन्त में जुड जाएगा । सुकृत्, कर्मकृत्, पापकृत्, मन्त्रकृत्, पुण्यकृत् । भूभृत् के तुल्य रूप चलेगे । (५)(भ्राजभास०) भ्राज्, भास्, धुर्व्, द्युत्, ऊर्ज्, पुर् आदि से क्विप् होता है । विभ्राट्, भाः, धूः, विद्युत्, ऊर्क्, पूः ।

नियम २४९—(क्वनिप् प्रत्यय) इन स्थानो पर क्वनिप् होता है । इसका 'वन्' शेष रहता है । गुण नहीं होगा । रूप आत्मन्वत् । (१) (दृशेः क्वनिप्) दृश् धातु से क्वनिप् । पारदृश्वा । (२) (राजनि युधिकृञः) राजन् पहले हो तो युध् और कृ धातु से क्वनिप् । राजयुध्वा, राजकृत्वा । (३) (सहे च) सह पहले हो तो युध् और कृ धातु से । सहयुध्वा, सहकृत्वा । (४) (अन्येभ्योऽपि०) अन्य धातुओ से भी क्वनिप् । इ> इत्वा, प्रातरित्वा । बीच मे त् लगा ।

अभ्यास ५१

संस्कृत बनाओ—(क) (मधु, कर्तृ शब्द) १ भौंरे कमलो से मधु को पीते है। २. दुर्जनो के जिह्वाग्र पर मधु रहता है और हृदय मे घोर विष। ३. भोजन पकाने के लिए लकडियाँ (दारु) लाओ और कूएँ से जल (अम्बु) लाओ। ४. पहाड की चोटी पर (सानु) ऋषि मुनि रहते है। ५. आग पर राँगा (त्रपु) और लाख (जतु) पिघलावो। ६ आँसू (अश्रु) मत गिरावो, धैर्य रक्खो। ७. प्रात. सेफ्टी रेजर से दाढी (श्मश्रु) बनाओ। ८ ब्रह्म जगत् का कर्ता धर्ता और संहर्ता है। **(ख)** (तुद्, मुच्) १. दुर्जन वाणी रूपी बाण से सज्जनो को दुःख देते हैं (तुद्)। २ भीम ने गदा से शत्रु को चोट मारी (तुद्)। ३ रात्रि बीत गई, बिस्तर छोडो (मुच्)। ४. मृगो पर बाण छोडता है (मुच्)। ५ सत्यवादी सब पापो से मुक्त हो जाता है। ६. मारो या छोडो, यह आपकी इच्छा पर है। **(ग)** (क्तिन् आदि प्रत्यय) १ मनोरथ के लिए कुछ भी अगम्य नही है। २ मरना मनुष्यों का स्वभाव है, इसका उल्टा जीवन है। ३. अविवेक बडी आपत्तियो का घर है। ४ विपत्ति मे(विपद्) धैर्य और वैभव मे क्षमा, यह महात्माओं मे होता है। ५ विपत्ति मे धैर्य धारण करके रहना चाहिए। ६. जन्म लेने-वालों को विपत्ति आती ही है। ७ विपत्ति के पीछे विपत्ति और संपत्ति के पीछे संपत्ति चलती है। ८ सपत्तियाँ अच्छे आचरणवालों को भी विचलित कर देती हैं। ९ यह वचन मर्मवेधी है। १०. प्राणियों की इस असारता को धिक्कार है। **(घ)** (सप्तमी) १ भव्यो पर पक्षपात होता ही है। २. सब अपने साथियों पर विश्वास करते हैं। ३ प्राय. ऐश्वर्य से उन्मत्तो मे ये विकार बढते हैं। ४ प्रजा राजा पर बहुत अनुरक्त है। ५ साहस मे श्री रहती है। ६ उसने चावलो को धूप मे डाला। ७ पढाई शुरू करने के समय क्यो खेल रहे हो। ८ प्रसन्नता के स्थानपर दुःख न करो। ९ वर्षा रुकने पर वह घर गया। १० यह मेरी समझ के बाहर है। ११ आप मेरे पिता की जगह पर हैं। १२. मेरी आवाज की पहुँच के अन्दर रहना। १३. सिपाही के आते ही चोर भाग गए। १४. तुम्हारे रहते हुए कौन दीनो को दुःख दे सकता है। १५ यज्ञ करने पर वर्षा हुई। १६ आए हुए बच्चो को मिठाई दो। **(ङ)** (आभूषणवर्ग) अलकार शरीर को अलकृत करते है। सधवा स्त्रियाँ सिर पर वेणी, माथे पर मुकुट और टिकुली, नाक मे नथ और नाक का फूल, कान मे कनफूल और बाली, गले मे हँसुली, कण्ठा, मोती का हार और फूल-माला, बाँह मे बाजूबन्द, कलाई मे कगन और चूड़ी, अँगुलियो मे अँगूठी, कमर मे करधन, पैरो मे पाजेब, लच्छे और घुँघरू पहनती हैं।

संकेत—(क) २ हलाहलम्। ५. द्रावय। ६. पातय। ८ कर्तृ, भर्तृ, सहर्तृ। **(ख)** १. वाग्बाणेन। २ तुतोद। ३. शय्यां मुञ्च। **(ग)** १ अगति। २ मरण प्रकृति शरीरिणां विकृतिर्जीवितमुच्यते बुधै। ३ अविवेक परमापदा पदम्। ५. अवलम्ब्य। ६ विपदुत्पत्तिमता-मुपस्थिता। ७ विपद् विपदमनुबध्नाति सपत् सपदम्। ८ साधुवृत्तानपि विक्षिपन्ति। ९ मर्मच्छिद्। १० धिगिमा देहभृतामसारताम्। **(घ)** २. सर्व सगन्धेषु विश्वसिति। ३ मूर्च्छन्ति। ६ सूर्यातपे दत्तवती। ७ अध्ययने प्रारब्धव्ये। ८ हर्षस्थाने अल विषादेन। ९. शान्ते पानीयवर्षे। १० मम धिय' पथि न वर्तते। ११ पितृस्थाने वर्तते। १२. श्रवणगोचरे तिष्ठ। १३ प्रविष्टमात्र एव रक्षिणि। १४. त्वयि वर्तमाने। १६ आगतेभ्य'।

शब्दकोष-१२७५+२५=१३००] **अभ्यास ५२** (व्याकरण)

(क) सिन्दूरम् (सिन्दूर), चूर्णकम् (पाउडर), बिन्दुः (बिन्दी), ललाटिका (टीका), तिलकम् (तिलक), पत्रलेखा (पत्रलेखा), कज्जलम् (काजल), गन्धतैलम् (इत्र), हैमम् (स्नो), शर: (क्रीम), दर्पणः (शीशा), प्रसाधनी (कघी), ओष्ठरजनम् (लिपस्टिक), कपोलरजनम् (रूज), नखरजनम् (नेल पालिश), फेनिलम् (साबुन), शृंगारफलकम् (ड्रेसिंग टेबुल), रोममार्जनी (ब्रुश), दन्तधावनम् (१. दाँत का ब्रुश, २ दातून), दन्त-पिष्टकम् (टूथ पेस्ट), दन्तचूर्णम् (१. टूथ पाउडर, २ मजन), मेन्धिका (मेहदी), अलक्तकः (लाक्षारस, महावर), उद्वर्तनम् (उबटन), शृङ्गारधानम् (सिगारदान) (२५)

व्याकरण (जगत् , छिद् , भिद् , इष्णु, खश् आदि प्रत्यय)

१. जगत् शब्द के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ६८)

२ छिद् और भिद् धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ८३, ८४)

नियम २५०—(इष्णुच् प्रत्यय) (अलकृञ् निराकृञ्०) अलकृ, निराकृ आदि धातुओ से इष्णुच् प्रत्यय होता है। इष्णु शेष रहता है। धातु को गुण,गुरुवत् रूप। अलक-रिष्णु:। निराकरिष्णुः। उत्पतिष्णु:। उन्मदिष्णुः। रोचिष्णु। वर्धिष्णु.। सहिष्णु। चरिष्णुः।

नियम २५१—(खश् प्रत्यय) इन स्थानो पर खश् होता है। इसका अ शेष रहता है। (अरुर्द्विषद०) खश् होने पर पहले अजन्त शब्द के अन्त मे 'म्' जुड जाएगा। गुण होगा। (१) (एजेः खश्) एजि धातु से खश् (अ)। जनमेजयतीति जनमेजयः। (२) इन स्थानों पर खश् होता है—स्तनन्धयः अभ्रलिहो वायु:, मितम्पच, विधुन्तुदः, अरुन्तुदः, असूर्यम्पश्या, ललाटन्तपः। (३) (आत्ममाने खश्च) अपने आपको समझने अर्थ मे खश्। पण्डितमन्यः। कालिमन्या। स्त्रियमन्यः। नरमन्यः।

नियम २५२—(खच् प्रत्यय) खच् का अ शेष रहता है। पूर्वपद मे म् जुडेगा। गुण होगा। (१) (प्रियवशे वदः खच्) प्रिय, वश पहले हो तो वद् से खच्। प्रियवदः, वशवदः। (२) (गमे. सुपि, विहायसो विहः) गम् धातु से खच्। भुजगम, भुजगः। विहगमः, विहगः। (३) (द्विषत्परयोस्तापे.) द्विषत्, पर पहले हो तो तापि से खच्। द्विषन्तपः, परन्तप:। (४) इन स्थानो पर खच् होता है—वाचयम., पुरन्दर., सर्वसहः, कूलकषा नदी, भयकरः, अभयकरः, भद्रकरः, विश्वभरः, पतिंवरा कन्या, अरिन्दमः।

नियम २५३—(अथुच्)अथुच् का अथु शेष रहता है। गुण होगा। (ट्वितो-ऽथुच्) जिन धातुओ मे से टु हटा है, वहाँ अथुच् होगा। वेप्>वेपथु, श्वि>श्वयथुः।

नियम २५४—(ष्ट्रन्) (दाम्नीशस्०)दा, नी, शस्, स्तु आदि से ष्ट्रन् होता है। इसका त्र शेष रहता है। गुण होगा। दात्रम्, नेत्रम्, शस्त्रम्। पत्>पत्रम्। दश्>दंष्ट्रा।

नियम २५५—(इत्र) (अर्तिलूधूसूखन०) ऋ, लू, धू, सू, खन्, सह्, चर् धातुओं से इत्र प्रत्यय होता है। गुण होगा। अरित्रम्, लवित्रम्, खनित्रम्, चरित्रम्।

नियम २५६—(उ) (सनाशसभिक्ष उः) सन् प्रत्यय जिनके अन्त में हो उनसे, आशस् और भिक्ष् धातु से उ प्रत्यय होता है। चिकीर्षुः, आशसुः, भिक्षु.।

नियम २५७—(ड) ड का अ शेष रहता है। टि का लोप होगा। (१) (सप्तम्या जनेर्ड) सप्तम्यन्त शब्द पहले हो तो जन् धातु से ड। सरसिजम्, सरोजम्। (२) इन स्थानों पर भी ड होता है—प्रजा, अजः, द्विजः।

नियम २५८—(अ) (अ प्रत्ययात्) प्रत्ययान्त धातु से स्त्रीलिंग मे अ। बाद मे टाप्। चिकीर्षा। **नियम २५९**—(युच्) (ण्यासश्रन्थो०) ण्यन्त से युच् (अन) होता है। कारि>कारणा। हारणा, धारणा।

अभ्यास ५२

संस्कृत बनाओ—(क) (जगत् शब्द) १ सूर्य जगम और स्थावर का आत्मा है। २ जगत् के माता पिता पार्वती और शिव की वन्दना करता हूँ। ३ यह सारा संसार ही नश्वर है, इसमे भी यह शरीर और अधिक नश्वर है। ४ यदि एक ही काम से ससार को वश मे करना चाहते हो तो पर-निन्दा से वाणी को रोको। ५. पत्नी के वियोग में यह सारा संसार वनवत् हो जाता है। ६ पत्नी के स्वर्गवास होने पर संसार जीर्ण अरण्यवत् हो जाता है। ७ मृग ऊँची छलांग के कारण आकाश मे अधिक और भूमि पर कम चल रहा है (वियत्)। ८ वृक्ष से पत्ते गिर रहे हैं (पतत्)। ९ लता से फूल गिरे (पतितवत्)। (ख) (छिद्, भिद् धातु) १ इस आत्मा को शस्त्र नहीं काटते है (छिद्)। २. हमारे बन्धनो को काटो (छिद्)। ३. तृष्णा को नष्ट करो (छिद्)। ४ मेरे इस सशय को दूर करो (छिद्)। ५. इससे हमारा कुछ नहीं बिगडता (छिद्)। ६ घडा फोडकर, कपडा फाडकर, गधे की सवारी करके, जिस किसी प्रकार हो मनुष्य प्रसिद्धि प्राप्त करे। ७. ठण्डा जल भी क्या पहाड को नही तोड देता (भिद्)। ८. शत्रु ने सन्धि को तोडा (भिद्)। ९. गुप्त बात छ कानो मे पडते ही समाप्त हो जाती है। १० उडद को पीसता है (पिष्)। ११ वह व्यर्थ ही पिष्टपेषण करता है। (ग) (इष्णु आदि) १ बन ठनकर रहनेवाले लोग बालो मे तेल और इत्र डालते है, कघी से बालो को बाहते हैं, मुँह पर स्नो और क्रीम लगाते है। दॉत के ब्रुश पर टूथ पेम्ट लेकर दॉत साफ करते है। जूतो पर पालिश कराते है और वस्त्रो पर लोहा कराते हैं। २ बडे आदमी मर्मवेधी वचन कभी नही कहते। ३ कमल शैवाल से घिरा हुआ भी मनोहर होता है। ४. सज्जन प्रियवादी, शिष्य आज्ञाकारी, दुर्जन भयकर, सत्पुरुष अभयकर, मुनि वाक्संयमी, राजा शत्रुनाशी, महल गगनचुम्बी, राहु चन्द्र-पीडक, सूर्य ललाटतापी और कृपण मितभक्षी है। (घ) (प्रसाधनवर्ग) स्त्रियॉ प्राय: श्रृगार-प्रिय होती है। वे सज-धज से रहना चाहती हैं। वे सिर मे सिन्दूर लगाती है, माथे पर टीका और बेंदी लगाती है, ऑखो मे काजल, देह मे उबटन, नाखूनो पर नेल पालिश, गालो पर रूज, ओठो पर लिपस्टिक, मुँह पर स्नो और क्रीम, पैरो मे महावर और हाथो पर मेहदी लगाती है। ड्रेसिंग टेबुल पर सिगारदान और श्रृगार का सामान रखती है। कुछ स्त्रियॉ जूडा बॉधती हैं, कुछ जूडे की जाली लगाती हैं और कुछ बालो मे कांटा लगाती है।

सकेत·—(क) १ जगतस्तस्थुषश्च। २ पितरौ। ३ निखिल जगदेव नश्वरम्, नितराम्। ४ यदीच्छसि वशीकर्तुम्, परापवादात्, निवारय। ५ प्रियानाशे कृत्स्न किल जगदरण्य हि भवति। ६ जगज्जीर्णारण्य भवति च कलत्रे ह्युपरते। ७ उदग्रप्लुतत्वाद् वियति। ८ पतन्ति सन्ति। ९ पतितवन्ति। (ख) २ पाशान्। ४. छिन्धि। ५ न न किंचिद् छिद्यते। ६. भित्त्वा, छित्त्वा, कृत्वा गर्दभरोहणम्। येन केन प्रकारेण प्रसिद्ध पुरुषो भवेत्। ८ अभिनत्। ९ षट्कर्णो भिद्यते मन्त्र। १० माषपेष पिनष्टि। (ग) १ अलकरिष्णव, प्रसाधयन्ति, पादूरजन योजयन्ति, अयस्कारयन्ति। २. अरुन्तुदत्व महता ह्यगोचर। ३. सरसिजमनुविद्ध शैवलेनापि रम्यम्। ४ प्रियवद, वशंवद, वाचयम, अरिन्दम, अभ्रलिह, विधुन्तुद, ललाटन्तप·, मितपच। (घ) अलकरिष्णवो भवन्ति। वेणीबन्ध बध्नन्ति, वेणीजाल युञ्जन्ति, केशशूकान्।

शब्दकोष-१३००+२५=१३२५] **अभ्यास ५३** (व्याकरण)

(क) ग्राम· (गाँव), नगरी (कस्बा), नगरम् (शहर), कुटी (कुटिया), भवनम् (मकान), प्रासादः (महल), मार्ग· (सडक), राजमार्गः (मुख्य सडक), मृन्मार्गः (कच्ची सडक), दृढमार्ग· (पक्की सडक), रथ्या (चौडी सडक), वीथिका (१. गली, २. गैलरी), नगरपालिका (म्युनिसिपलिटी), निगम (कार्पोरेशन), नगराध्यक्षः (म्युनिसिपल चेयरमैन), निगमाध्यक्षः (मेयर), चतुष्पथः (१ चौक, २. चौराहा), पुरोद्यानम् (पार्क), रक्षिस्थानम (थाना), कोटपालिका (कोतवाली), जनमार्ग (आम रास्ता), उपवेशगृहम् (डाइङ्ग रूम), भोजनगृहम् (डाइनिग रूम), स्नानागारम् (बाथ रूम), भाण्डागारम् (स्टोर रूम) ।(२५)

व्याकरण (नामन् , शर्मन् , हिस् , भज् , अपत्यार्थक प्रत्यय)

१. नामन् और शर्मन् शब्दों के रूप स्मरण करो । (दे० शब्द० ६९, ७०)

२. हिस् और भज् धातुओं के रूप स्मरण करो । (दे० धातु० ८५, ८६)

नियम २६०—सारे तद्धित के लिए यह नियम मुख्यतया स्मरण कर ले। (तद्धितेष्वचामादे·, किति च) जिस तद्धित प्रत्यय में से ण् , ञ् या क् हटा होगा, वहाँ पर शब्द के प्रथम स्वर को वृद्धि हो जायगी। (१) ञ् हटेवाले प्रत्यय, जैसे—अञ् , इञ् , ढञ् , ठञ् । (२) ण् हटे वाले प्रत्यय—अण् , छण् , ण्य । (३) क् हटे वाले—ठक् , ढक् ।

नियम २६१—(अण् प्रत्यय) अपत्य अर्थात् पुत्र या पुत्री के अर्थ मे इन स्थानो पर अण् प्रत्यय होगा । अण् का अ शेष रहेगा । शब्द के प्रथम अक्षर को वृद्धि । (यस्येति च) शब्द के अन्तिम अ, आ, इ और ई का लोप हो जायगा । (१) (तस्यापत्यम्) अपत्य अर्थ मे अण् (अ) होगा । वसुदेवस्यापत्यम्> वासुदेवः । उपगु> औपगवः । (२) (अश्वपत्यादिभ्यश्च) अश्वपति आदि से अपत्य अर्थ मे अण । अश्वपति> आश्वपतम् । गणपति> गाणपतम् । (३)(शिवादिभ्योऽण्) शिव आदि से अण् । शिवस्यापत्य> शैवः । गगा> गाग· । (४) (ऋष्यन्धकवृष्णि०) ऋषि, अन्धकवशी, वृष्णिवशी और कुरुवशी से अपत्यार्थ मे अण् । वसिष्ठ> वासिष्ठः । विश्वामित्र> वैश्वामित्रः । अनिरुद्ध> आनिरुद्ध· । नकुल> नाकुल । सहदेव> साहदेव· । (५) (मातुरुत्सख्या०) कोई सख्या, सम् या भद्र पहले होगा तो मातृ शब्द से अपत्यार्थ मे अण् । मातृ को मातुर् हो जायगा । द्विमातृ> द्वैमातुरः । षण्मातृ> षाण्मातुर । समातृ> सामातुरः ।

नियम २६२—(इञ् प्रत्यय) अपत्य अर्थ मे इन स्थानो पर इञ् प्रत्यय होगा । इञ् का इ शेष रहेगा । शब्द के प्रथम अक्षर को वृद्धि । हरिवत् रूप चलेगे । (१) (अत इञ्) अकारान्त शब्दो से इञ् । दशरथ> दाशरथि· (राम) । दक्ष> दाक्षिः । सुमित्रा> सौमित्रिः (लक्ष्मण) । द्रोण> द्रौणि· (अश्वत्थामा) । (२) (बाह्वादिभ्यश्च) बाहु आदि से इञ् । उ को गुण ओ हो जाएगा । बाहुः> बाहविः ।

नियम २६३—(ढक् प्रत्यय) अपत्य अर्थ मे इन स्थानो पर ढक् होगा । ढ को एय हो जाएगा । प्रथम स्वर को वृद्धि । (१) (स्त्रीभ्यो ढक्) स्त्रीलिंग शब्दों में ढक् (एय) । विनता> वैनतेय· । भगिनी> भागिनेय· । (२) (द्व्यच·) दो स्वरवाले स्त्रीलिंग शब्दों से ढक् । कुन्ती> कौन्तेय·, माद्री> माद्रेय·, राधा> राधेयः, गगा> गागेयः ।

नियम २६४—(ण्य प्रत्यय) अपत्यार्थ मे ण्य । य शेष रहेगा । प्रथम स्वर को वृद्धि । (१) (दित्यदित्या०) दिति, अदिति, आदित्य, पति अन्तवाले शब्दो से ण्य । दैत्य·, आदित्यः, आदित्य·, प्रजापति> प्राजापत्य । (२) (कुरुनादिभ्यो ण्यः) कुरुवशी और नकारादि से ण्य । कुरु> कौरव्यः । निषध> नैषध्यः ।

अभ्यास 52

संस्कृत बनाओ—(क) (नामन्, शर्मन् शब्द) १. उसने अपने पुत्र का नाम रघु रक्खा। २. मानी लोग प्राणों और सुख को सरलता से छोड देते है। ३. अपने किये कर्म को कौन नही भोगता (कर्मन्)। ४ वह स्थलमार्ग से चल पडा (वर्त्मन्)। ५. वे सन्मार्ग से जरा भी नहीं हटे (सद्वर्त्मन्)। ६. उसने मन, वचन, शरीर और कर्म से देशसेवा की। ७ उस वचन ने उस पर पूरा असर किया(मर्मन्)। (ख) (हिंस्, भज् धातु) १. जो निरपराध जीवो की हिंसा करता है, वह पापी होता है (हिंस्)। २. शुभ कर्म पापो को नष्ट करता है (हिंस्)। ३ किसी भी जीव को न मारो। ४. बन्दर बगीचे को तोड-फोड रहा है (भज्)। ५. राम ने धनुष को तोड दिया (भज्)। ६ कुलमर्यादाओ को न तोडे। ७. यह सुन्दर भाषण उसकी वाग्मिता को व्यक्त करता है (वि + अज्)। (ग) (अपत्यार्थक) १ दाशरथि राम ने जामदग्न्य राम को निर्भीकता से उत्तर दिया। २ वासुदेव ने कुन्ती के पुत्र अर्जुन का सारथि होना स्वीकार किया। ३. पृथा के पुत्र भीम ने धृतराष्ट्र के पुत्र दुःशासन को मार दिया। ४. राधा के पुत्र कर्ण ने द्रोण-पुत्र अश्वत्थामा से कहा—मै सारथि होऊँ या सारथि-पुत्र, अथवा जो कुछ भी होऊँ, इससे क्या। सत्कुल में जन्म होना भाग्याधीन है, पर पुरुषार्थ करना मेरे हाथ मे है। ५. माद्री के पुत्र नकुल और सहदेव युधिष्ठिर के साथ ही वन मे गए। ६. सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण ने कभी भी राम का साथ नही छोडा। (घ) (पुरवर्ग) नगर मे सज्जन, दुर्जन, विद्वान्, अविद्वान्, धनिक, निर्धन, बडे-छोटे, हिन्दू, मुसलमान, ईसाई सभी रहते है। नगर की उन्नति सभी नागरिको का कर्तव्य है। सत्य, अहिंसा, प्रेम, सद्भाव और सहानुभूति से जन-जीवन सुखमय होता है। अतः इन गुणो को अपनाना और इनका उपयोग करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। प्रत्येक देश मे गॉव कस्बे और नगर होते है। गॉवो मे झोपडियाँ और कुटिया होती है, परन्तु नगरो मे मकान और महल अधिक होते हैं। शहरो मे पक्की सडके, चौडी सडके, मेन रोड और गलियॉ भी होती है। वहॉ पार्क, बच्चो के पार्क, बिजलीघर, वाटर-वर्क्स, थाना, कोतवाली भी होते है। छोटे शहरो मे म्युनिसिपलिटी होती है और उसका अध्यक्ष म्युनिसिपल-चेयरमैन होता है। बडे शहरो मे कार्पोरेशन होता है और उसका अध्यक्ष मेयर होता है। इनका काम होता है कि नगर की सुरक्षा करे और नगर की उन्नति के लिए सभी साधनों को अपनावे। नगरो मे प्रत्येक घर मे साधारणतया ड्राइगरूम, डाइनिग रूम, बाथरूम, स्टोर रूम, रसोई, सोने का कमरा, रहने का कमरा, शौचालय, मूत्रालय और अतिथिगृह होते है। कुछ मकानो मे यज्ञशाला और बगीचे भी होते है।

संकेतः—(क) १ नाम्ना रघु चकार। २. असून् शर्म च। ३ कर्म क स्वकृतमत्र न भुंक्ते। ४. प्रतस्थे स्थलवर्त्मना। ५ सद्वर्त्मनो रेखामात्रमपि न व्यतीयु। ६. मनोवाक्काय-कर्मभि। ७. तस्य हृदयमर्मास्पृशत्। (ख) २ दुष्कृतानि हिनस्ति। ४ भनक्ति। ७. व्यनक्ति। (ग) ३. पार्थ, धार्तराष्ट्रम्। ४ सूतो वा सूतपुत्रो वा। दैवायत्त कुले जन्म मदायत्त तु पौरुषम्। ६ सानिध्यम् (घ) ज्येष्ठा कनिष्ठा, यवना, ईसुमतानुयायिन, धारणम्, उटजा, बालोद्यानानि, विद्युद्गृहाणि, उदयन्त्राणि, पाकशाला, शयनगृहम्, वासगृहम्, निष्कुटा।

शब्दकोष-१३२५+२५=१३५०] **अभ्यास ५४** (व्याकरण)

(क) आपणः (दूकान), विपणिः (स्त्री०, बाजार), महाहट्टः (मडी), प्राकारः (परकोटा), वृतिः (बाड, घेरा), भित्ति (स्त्री०, दीवार), द्विभूमिकः (दुमजिला), त्रिभूमिकः (तिमजिला), चतु.शालम् (चारो ओर मकान, बीच मे ऑगन), उटजः (झोपडी), मण्डपः (१ मडप, २ टेन्ट), अन्त:पुरम् (रनवास), देहली (देहली), प्रपा (प्याऊ), पथिकालयः (मुसाफिरखाना), अट्टः (अटारी, बुर्जी), वलभी (छज्जा), गोपुरम् (मुख्य द्वार), वेदिका(वेदी), द्वारम्(द्वार), चत्वरम्(चबूतरा), अलिन्दः (घर के बाहर का चबूतरा), अजिरम्(आगन), निश्रेणिः(सीढी, काठ आदि की), सोपानम् (सीढी) (२५)।

व्याकरण (ब्रह्मन्, अहन्, रुध्, भुज्, चातुरर्थिक प्रत्यय)

१ ब्रह्मन् और अहन् शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ७१,७२)

२. रुध् और भुज् धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ८७, ८८)

नियम २६५—(रक्तार्थक) रग आदि से रगने अर्थ मे ये प्रत्यय होते है:—(१) (तेन रक्त रागात्) जिससे रगा जाए, उससे अण् (अ) प्रत्यय। प्रथम स्वर को वृद्धि। कषाय> काषायम् (गेरु से रगा हुआ वस्त्र)। माञ्जिष्ठम् (मॅजीठ से रगा हुआ)। (२) (नील्या अन्) नीली शब्द से अन् (अ)। नीली> नीलम् (नील से रगा हुआ)। (३) (पीतात्कन्) पीत से कन् (क)। पीतकम् (पीले रग से रगा हुआ)। (४)(हरिद्रा०) हरिद्रा से अञ् (अ)। हारिद्रम् (हल्दी से रगा हुआ)।

नियम २६६—(कालार्थक) किसी नक्षत्र से युक्त समय या पूर्णिमा होगी तो ये प्रत्यय होगे। (१) (नक्षत्रेण युक्तः कालः) नक्षत्र से अण् (अ)। पुष्य> पौषम् अहः, पौषी रात्रिः (पुष्य से युक्त दिन या रात)। (२) (सास्मिन्०) नक्षत्र से युक्त पूर्णिमा होने पर मास का वह नाम पडता है। अण् (अ) प्रत्यय। पुष्य से युक्त मास—पौष.। चित्रा> चैत्रः। विशाखा>वैशाखः। अषाढा> आषाढः।

नियम २६७—(देवतार्थक) देवता अर्थ मे ये प्रत्यय होते है। (१) (सास्य देवता) देवता अर्थ मे अण् (अ)। इन्द्र>ऐन्द्र हविः (इन्द्र है देवता जिसका)। पशुपति >पाशुपतम्। (२) (सोमाट् ट्यण्) सोम से ट्यण् (य)। सोम>सौम्यम्।(३) (वाय्वृतु०) वायु आदि से यत् (य)। वायु> वायव्यम्। पितृ> पित्र्यम्। (४) (अग्नेर्ढक्) अग्नि से ढक्। ढ को एय। अग्नि> आग्नेयम्।

नियम २६८—(समूहार्थक) समूह अर्थ मे ये प्रत्यय होते हैं:—(१) (तस्य समूहः) समूह अर्थ में अण् (अ)। काक> काकम् (काक-समूह)। बक>बाकम्। (२) (भिक्षादिभ्योऽण्) भिक्षा आदि से अण् (अ)। भिक्षा> भैक्षम्। युवति>यौवनम् (स्त्री-समूह)। (३) (ग्रामजनबन्धुभ्यस्तल्) ग्राम आदि से तल् (ता)। ग्रामता, जन> जनता (जनसमूह)। बन्धु>बन्धुता। (४) (अनुदात्तादेरञ्) इनसे अञ् (अ) होगा। कपोत>कापोतम्। मयूर>मायूरम् (मयूर-समूह)।

नियम २६९—(अध्ययनार्थक) पढने या जानने अर्थ मे ये प्रत्यय होते है.— (१) (तदधीते तद्वेद) पढने या जानने अर्थ मे अण् (अ)। (न य्वाभ्या०) सयुक्ताक्षरो मे य से पहले ऐ, व् से पहले औ लगेगा। व्याकरण>वैयाकरणः (व्याकरण पढने या जाननेवाला)। न्याय>नैयायिक.। (२) (क्रमादिभ्यो वुन्) क्रम आदि से वुन् (अक) होता है। मीमासा> मीमासकः।

अभ्यास ५४

संस्कृत बनाओ—(क) (ब्रह्मन्, अहन् शब्द) १ ब्रह्म नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त-स्वभाव सर्वज्ञ और सर्वशक्तियुक्त है। २ सभी दानो मे विद्या-दान श्रेष्ठ है। ३ जो ब्रह्म को जानता है, वह ब्राह्मण होता है। ४ वह वेद मे (ब्रह्मन्) निष्णात है। ५. चन्द्रमा चाण्डाल के घर से (वेश्मन्) चॉदनी को नहीं हटाता। ६. कवच (वर्मन्) धारण करो, त्यौहार (पर्वन्) मनाओ, वेद (ब्रह्मन्) पढो, घर मे (सद्मन्) सुख से रहो, शुभ लक्षण (लक्ष्मन्) धारण करो। ७. दिन ज्योति का प्रतीक है और रात्रि अन्धकार की। ८ दिन मे ऐसा काम न करे, जिससे रात्रि दुःखद प्रतीत हो। ९. दिन प्राय बीत गया है। **(ख)** (रुध्, भुज् धातु) १ वह बाडे में गायो को रोकता है। २ प्राण और अपान की गति को रोककर प्राणायाम करे (रुध्)। ३. आशा का बन्धन ही स्त्रियो के अतिकोमल हृदय को वियोग के समय रोकता है (रुध्)। ४ बिस्तरे पर बैठकर न खावे (भुज्)। ५. पापी आदमी सैकडो दुःखो को भोगता है। ६. उसने राज्य का धरोहर की तरह पालन किया (भुज्, पर०)। ७ यह अकेला ही सम्पूर्ण पृथ्वी का पालन करता है (भुज्)। **(ग)** (चातुरर्थिक प्रत्यय) १ सन्यासी गेरुआ वस्त्र पहनते है। कुछ लोग नील से रॅगे हुए वस्त्रो को पहनते हैं, कुछ पीले रग से रॅगे हुए और कुछ हल्दी से रॅगे हुए वस्त्रो को। २ सस्कृत मे महीनो के नाम नक्षत्रो के नामो से पडे है। पूर्णिमा के दिन जो नक्षत्र होता है, उसके नाम से ही वह मास बोला जाता है। जैसे—चित्रा नक्षत्र से युक्त पूर्णिमा होने पर चैत्र मास, विशाखा से वैशाख, ज्येष्ठा से ज्येष्ठ, अषाढा से आषाढ, श्रवणा से श्रावण, भद्रपदा से भाद्रपद, अश्विनी से आश्विन, कृत्तिका से कार्तिक, मृगशिरा से मार्गशीर्ष, पुष्य से पौष, मघा से माघ और फल्गुनी से फाल्गुन नाम पडे है। ३ प्राचीन समय मे बहुत से अद्भुत गुणोवाले अस्त्र थे। जैसे—आग्नेय, वारुण, वायव्य, पाशुपत आदि। ४. जनता मे प्रेम और बन्धुता होनी चाहिए। ५ काक-समूह, बक-समूह, कपोत-समूह और मयूर-समूह, ये अपने समूह के साथ ही रहते, उडते और बैठते है। ६. वैयाकरण व्याकरण पढता है, नैयायिक न्याय को, मीमासक मीमासा को और वेदान्ती वेदान्त को। **(घ)** (पुरवर्ग) बडे शहरो मे बाजार, मडी और दूकाने होती है। जहॉ से नगरनिवासी सामान लाकर अपना आवश्यक कार्य करते है। शहरो मे दुमजिले, तिमजिले, चौमंजिले और आठ मंजिले मकान भी होते है। सीढी के द्वारा ऊपर की मजिलो पर पहुँचते हैं। आजकल बम्बई, कलकत्ता आदि बडे शहरो मे लिफ्ट के द्वारा ऊपर की मंजिल पर सरलता से पहुँच जाते हैं और उससे ही उतर आते हैं। प्राचीन नगरो के चारो ओर परकोटा या बाड होती थी। मकानो मे अटारी, छज्जा, द्वार, मुख्यद्वार, ऑगन, सीढी, दीवार, चबूतरा, देहली, रनवास, मडप भी होते थे। नगरो मे प्याऊ, मुसाफिरखाने आदि भी होते थे।

संकेत—(क) २ ब्रह्मदान विशिष्यते। ५. वेश्मन। ६ विधिवत् सपादय। ९ परिणत-प्रायमहः। **(ख)** १ व्रजम्। ३ आशाबन्ध। ४ शयनस्थो न भुञ्जीत। ५. भुक्ते। ६ न्यासमिवाभुनक्। ७ भुनक्ति। **(घ)** चतुर्भूमिका, अष्टभूमिका प्रसादा, उत्थापनयन्त्रेण, ऊर्ध्वभूमिम्, अवतरन्ति।

शब्दकोष-१३५०+२५=१३७५] **अभ्यास ५५** (व्याकरण)

(**क**) गवाक्षः (खिडकी), छदिः (स्त्री०, छत), पटलगवाक्षः (स्काई लाइट), वरण्डः (बरामदा), प्रकोष्ठः (पोर्टिको), कुट्टिमम् (फर्श), कपाटम् (किवाड), अर्गलम् (अर्गला, किवाड के पीछे का डडा), कीलः (चटकनी), नागदन्तकः (खूँटी), कक्षः (कमरा), महाकक्षः (हॉल), लघुकक्षः (कोठरी), स्तम्भ (खबा), दारु (नपु०, लकडी), काचः (कॉच), अश्मचूर्णम् (सीमेंट), प्रलेपः (प्लास्टर), तृणम् (फूँस), त्रपु (नपु०,टीन), त्रपुफलकम् (टीन की चद्दर), लौहफलकम् (लोहे की चद्दर), प्रणालिका (नाली), खर्परः (खपडा)। (२४) (**ख**) खर्परावृतम् (खपडैल का)। (१)

व्याकरण (हविष्, धनुष्, युज्, तन्, शैषिक प्रत्यय)

१. हविष् धनुष् शब्दो के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ७३, ७४)

२. युज् और तन् धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ८९, ९०)

नियम २७०—(तत्र जातः, तत्र भवः) सप्तम्यन्त शब्दो से उत्पन्न होना आदि अर्थो मे शैषिक प्रत्यय अण् आदि होते है। मुख्य प्रत्यय ये है—(१) (शेषे) अपत्य आदि से शेष अर्थों मे अण् आदि होते है। चक्षुष्>चाक्षुष रूपम् (ऑख से देखने योग्य), श्रवण>श्रावणः शब्दः। (२) (राष्ट्रावारपाराद्०) राष्ट्र शब्द से घ (इय) और अवारपार से ख (ईन) होते हैं। राष्ट्रे जात > राष्ट्रिय। अवारपार>अवारपारीणः। (३) (ग्रामाद्यखञौ) ग्राम से य और खञ् (ईन) होते है। ग्राम्यः, ग्रामीणः। (४) (दक्षिणापश्चात्०) दक्षिणा आदि से त्यक् (त्य) होता है। दक्षिणा>दाक्षिणात्यः। पश्चात् > पाश्चात्य। पुरस् > पौरस्त्यः। (५) (द्युप्रागपागुदक्०) दिव् प्राच् अपाच् उदच् और प्रतीच् से यत् (य) होता है। दिव्यम्, प्राच्यम्, अपाच्यम्, उदीच्यम्, प्रतीच्यम्। (६) (अमेहक्वतसित्रेभ्य०) अमा, इह, क्व, तः और त्र प्रत्ययान्त से त्यप् (त्य) होता है। अमात्यः, इहत्यः, क्वत्यः, ततस्त्यः, तत्रत्यः। (७) (त्यदादीनि च) त्यद् आदि सर्वनामो की वृद्ध सज्ञा होने से छ (ईय) प्रत्यय। तदीयः। यदीयः। (८) (वृद्धाच्छः) शब्द का प्रथम अक्षर दीर्घ हो तो छ (ईय) प्रत्यय। शाला>शालीयः। मालीयः। (९) (भवतष्ठक्छसौ) भवत् शब्द से ठक् (क) और छस् (ईय) होते हैं। भावत्कः, भवदीयः। (१०) (युष्मदस्मदो०) युष्मद् अस्मद् शब्द के ये रूप बनते है—युष्मदीयः (तुम्हारा), यौष्माकीणः, यौष्माकः, तावकीनः (तेरा), तावकः, त्वदीयः। अस्मदीयः, आस्माकीनः, आस्माकः, मामकीनः, मामकः,मदीयः। (११) (कालाट्ठञ्) कालवाचकों से ठञ् (इक)। मास>मासिकम्। वार्षिकम्।(१२)(सायचिर०) साय चिरं आदि के अन्त में तन लग जाता है। सायन्तनम्, चिरन्तनम्, पुरातनम्, सनातनम्।

नियम २७१—(प्रभवति) उत्पन्न होना अर्थ मे अण् (अ)। हिमवत् > हैमवती गगा।

नियम २७२—(अधिकृत्य कृते०) जिस विषय को लेकर ग्रन्थ बनाया जाए, वहाँ अण आदि। शकुन्तला>शाकुन्तलम्। कहानी आदिमे प्रत्ययका लोप। वासवदत्ता।

नियम २७३—(तेन प्रोक्तम्)कृति अर्थ मे अण् आदि। पाणिनि> पाणिनीयम्।

नियम २७४—इन अर्थों में भी अण् (अ) या इक लगता है। (१) (तद्-गच्छति०) रास्ता या दूत का जाना। स्रुघ्न>स्रौघ्नः। (२) (सोऽस्य निवासः) निवास अर्थ मे अण्। स्रौघ्नः। (३) (तस्येदम्) इसका यह है अर्थ मे अण्। शरद्> शारदम्। (४) (कृते ग्रन्थे) ग्रन्थ अर्थ में। वररुचि>वाररुचम्।

अभ्यास ५५

संस्कृत बनाओ—(क) (हविष्, धनुष् शब्द) १. अग्नि विधिपूर्वक हुत हवि को देवो को पहुँचाता है। २ वह सामग्री और घी से हवन करता है। ३. अग्नि पर घी को (सर्पिष्) पिघलाओ। ४ आकाश मे तारो (ज्योतिष्) की ज्योति (रोचिष्) चमक रही है। ५ उसने धनुष पर अमोघ बाण रक्खा। ६ आँख से (चक्षुष्) देखकर आगे पैर रक्खो। ७. यह शरीर बिना कृत्रिमता के ही सुन्दर है (वपुष्)। ८. इसका शरीर हर्ष से रोमाचित है। ९ आयु मर्मस्थलो की रक्षा करती है (आयुष्)। १०. प्राण ही जीवो की आयु है। (ख) (युज्, तन् धातु) १ सुख के अर्थ में विषय शब्द का प्रयोग नही करते है। २ आत्मा को परमात्मा मे लगावो। ३. उसने आशीर्वाद दिया। ४ कल नाटक खेला जाएगा (प्रयुज्)। ५. ऋषि असाधुदर्शी है, जो इस शकुन्तला को आश्रम के कार्यों मे लगाते है (नियुज्)। ६. उन्मत्त मनुष्य को मूर्खता भी नही छोडती है (वियुज्)। ७ सौभाग्य से उसकी जान नहीं गई (वियुज्)। ८ विद्या का सत्कार्य मे उपयोग करे (उपयुज्)। ९ मलिन भी चन्द्रमा का चिह्न शोभा को करता है (तन्)। १० सज्जनो की सगति क्या मगल नहीं करती है (आतन्)। ११. सत्सगति दिशाओ मे कीर्ति को फैलाती है (तन्)। १२. नौकरो ने शामियाने को फैलाया (वितन्) (ग) (शैषिक प्रत्यय) १. पौरस्त्य और पाश्चात्य सस्कृतियो मे भेद होते हुए भी पर्याप्त समानता है। दोनो ही मौलिक सिद्धान्तो को मानते और अपनाते है। पुरातन हो या नूतन, सभी सस्कृतियो ने विश्व को लाभ पहुँचाया है। २. हे गोविन्द, तुम्हारी वस्तु तुम्हे भेट करते है। ३. पाणिनीय अष्टाध्यायी सारे व्याकरणों का सार है और विद्वत्ता की पराकाष्ठा है। ४. विद्यालयो और महाविद्यालयो मे पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक, षाण्मासिक और वार्षिक परीक्षाएँ भी होती है। ५. कन्या पराई संपत्ति है। (घ) (गृहवर्ग) निवास के लिए घरो की आवश्यकता सदा रही है और सदा रहेगी। समयानुसार इनकी निर्माण-विधि मे अन्तर होता रहा है। प्राचीन समय मे ग्रामो मे मकान फूँस के या खपडैल के होते थे। आज कल भी ग्रामो मे अधिक मकान फूँस और खपडैल के हैं। नगरों मे अधिकाश मकान पक्की ईंटो के होते है। उनमे पक्की ईंटो की छते होती हैं, खिडकियाँ, स्काईलाइट, बरामदा, फर्श, किवाड, चटकनी, खूँटी आदि भी होती हैं। मकानो मे सीमेंट का प्लास्टर होता है। कुछ मकानो पर टीन या लोहे की चद्दरे भी लगाई जाती है। पहाड मे मकानो मे लकडी और काँच अधिक लगाया जाता है, जिससे खिड़की आदि बन्द होने पर भी प्रकाश अन्दर जा सके और कमरो मे अँधेरा न हो।

संकेत—(क) १. वहति। २. हविषा, जुहोति। ३. सर्पिः द्रावय। ४. रोचींषि द्योतन्ते। ५ समधत्त। ७ इद किलाव्याजमनोहरं वपु। ९ आयुर्मर्माणि रक्षति। १० प्राणो हि भूताना-मायु। (ख) १. सुखार्थे विषयशब्द न प्रयुजते। ३. आशिष युयुजे। ४ प्रयोक्ष्यते। ५ आश्रमधर्मे नियुक्ते। ६ वियुक्ते। ७ प्राणैर्न व्ययुज्यत। ८. उपयुञ्जीत। ९ लक्ष्म लक्ष्मी तनोति। १०. सग सता किमु न मगलमातनोति। १२ चन्द्रातप व्यतानिषु। (ग) २ तुभ्यमेव समर्पये। ४ पाक्षिक्य, वार्षिक्य। ५ अर्थो हि कन्या परकीय एव। (घ) पक्वेष्टकानिर्मितानि, अवरुद्धेष्वपि।

शब्दकोष–१३७५ + २५ = १४००] **अभ्यास ५६** (व्याकरण)

(ग) अग (१ संबोधन, २. आदरार्थ मे), अथ (१ मगलार्थक, २. प्रारम्भ मे, ३ बादमे, ४ प्रश्नार्थक), अथ किम् (१ और क्या, २. हॉ), अधिकृत्य(बारे मे), अपि (१. भी, २. प्रश्नार्थक, ३. सशय), आम् (हॉ), इति (१. कथनोद्धरण मे, २ अतएव), इव (१. सदृश, २. मानो),कच्चित् (आशा करता हूॅ कि), क्व-क्व (बहुत अन्तर-सूचक), कामम् (भले ही), किमुत (क्या भला), किल (१ वस्तुत., २ ऐसा कहते है, ३. आशा अर्थ में), खलु (१ वस्तुतः, २ प्रार्थना सूचक, ३. निषेधार्थक, ४ क्योकि), ततः (१ इसलिए, २. तो, ३. वहॉ से, ४. आगे), तथा (१ वैसा, २ और भी, ३ हॉ), तावत् (१. तो, २ तब तक, ३ अभी, ४. वस्तुत), दिष्ट्या (१ भाग्य से, २ बधाई देना), न-न (अवश्य), न नु (१. अवश्य, २. कृपया, ३ क्या, ४ चूॅकि), बत (खेद, हर्ष), यथा-तथा (१. जैसा-वैसा, २. इस प्रकार कि, ३ चूॅकि ''इसलिए, ४ यदि ' तो, ५. जितना ''उतना), यावत्-तावत् (१ उतना ही जितना, २ सब, ३ जबतक ' तबतक, ४. ज्योंही ' त्योंही), वर-न (अच्छा है न कि), स्थाने (उचित है) । (२५)

व्याकरण (पयस्, मनस्, ज्ञा धातु, मत्वर्थक प्रत्यय ।

१. पयस् और मनस् शब्दो के रूप स्मरण करो । (देखो शब्द० ७५,७६)

२. ज्ञा धातु के रूप स्मरण करो । (देखो धातु० ९६)

नियम २७५—(१) (तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्) इसके पास है या इसमे है, इन अर्थों मे मतुप् प्रत्यय होता है । इसका मत् शेष रहता है, पु० मे भगवत् के तुल्य रूप चलेंगे, स्त्री० ई लगाकर नदीवत्, नपु० मे जगत् के तुल्य । (२) (मादुपधायाश्च०) शब्द के अन्त मे या उपधा मे अ, आ या म् हो तो मत् के म को व, अर्थात् मत्> वत् । धन>धनवान् (धनयुक्त) । गुणवान्, विद्यावान्, धीमान्, श्रीमान्, बुद्धिमान् । यव आदि के बाद म को व नही होगा । यवमान्, भूमिमान् । (३) (झयः) वर्ग के १ से ४ के बाद मत् को वत् होगा । विद्युत्> विद्युत्वान् । (४) (रसादिभ्यश्च) रस आदि से मतुप् प्रत्यय । रसवान्, रूपवान् ।

नियम २७६—(अत इनिठनौ) अकारान्त शब्दो से युक्त या वाला अर्थ मे इनि (इन्) और ठन् (इक) प्रत्यय होते है । दण्ड>दण्डी, दण्डिकः (दण्डवाला) । धन>धनी, धनिकः । इन् प्रत्ययान्त के रूप पु० मे करिन् के तुल्य, स्त्री० मे ई लगाकर नदीवत्, नपु० मे मनोहारिन् के तुल्य ।

नियम २७७—(लोमादिपामादि०) (१) लोमन् आदि से श प्रत्यय । लोमन्>लोमशः (लोमयुक्त) । रोमन्>रोमशः । (२) पामन् आदि से न प्रत्यय । पामन्>पामनः (खाजवाला), अग>अगना (स्त्री), लक्ष्मी>लक्ष्मणः (लक्ष्मीयुक्त) । (३) पिच्छ आदि से इलच् (इल) । पिच्छ>पिच्छिलः । उरस्>उरसिलः ।

नियम २७८—(तदस्य सजात०)युक्त अर्थ मे तारका आदि शब्दो से इतच्(इत) प्रत्यय होगा । तारका> तारकित नभः । पुष्पितः कुसुमितः, दुःखितः,अकुरितः,क्षुधित. ।

नियम २७९—कुछ मत्वर्थक प्रत्यय ये हैं:—(१) (अस्मायामेधा०) अस् अन्त वाले शब्दो, माया, मेधा, स्रज् से विनि (विन्) प्रत्यय । यशस्वी, मायावी, मेधावी, स्रग्वी । (२) (वाचो ग्मिनिः) वाच् से ग्मिन् प्रत्यय । वाग्मी (सुन्दर वक्ता) । (३)(अर्श आदिभ्योऽच्) अर्शस् आदि से अच् (अ) । अर्शसः(बवासीर-युक्त) ।(४)(दन्त उन्नत०) दन्त से उरच् (उर) । दन्तुरः । (५) (केशाद् वो०) केश से व प्रत्यय । केश>केशवः ।

अभ्यास ५६

संस्कृत बनाओ—(क) (पयस्, मनस् शब्द) १. माता शिशु को दूध पिला रही है। २ साँप को दूध पिलाना केवल उसका विष बढाना है। ३. महात्माओ के मन वचन (वचस्) और कर्म मे एक ही बात होती है पर दुरात्माओ के मन वचन और कर्म मे अन्तर होता है। ४ मैने मन से भी कभी आज तक तुम्हारा बुरा नहीं किया है। ५ मेरा मन सन्देह मे ही पडा है। ६ दृढ निश्चयवाले मन को और नीचे की ओर बहते हुए पानी को कौन रोक सकता है। ७ हितकारी और मनोहर वचन दुर्लभ है। ८ यशस्वी को शत्रुओ से अपने यश की रक्षा करनी चाहिए। ९ विमल और कलुषित होता हुआ चित्त बता देता है कि कौन उसका हितैषी है और कौन शत्रु है (चेतस्)। १० उसकी बात पर दुर्भाव का आरोप न लगावो। (ख) (ज्ञा धातु) १. मै तपस्या के बल को जानता हूँ। २ जानता हुआ भी मेधावी ससार मे जड के तुल्य आचरण करे। ३ हमे घर जाने के लिए आज्ञा दीजिए (अनुज्ञा)। ४ मै करूँगा, यह प्रतिज्ञा करता हूँ, राम दुबारा नही कहता (प्रतिज्ञा)। ५ निर्धनो का अपमान न करो (अवज्ञा)। ६ सौ रुपया लिया है, इस बात से मुकरता है (अपज्ञा)। ७. बहू की सास से पटती है (सज्ञा)। (ग) (मत्वर्थक प्रत्यय) १. बलवान्, धनवान्, गुणवान्, बुद्धिमान्, रूपवान् और श्रीमान् सभी को अपनी विशेषता का अभिमान होता है। २. दण्डी, धनी, दानी, मानी, ज्ञानी और गुणी, ये अपने गुणो से दूसरो को उपकृत करते है। ३ यशस्वी, तेजस्वी, वर्चस्वी, मेधावी और वाग्मी अपने ज्ञान और तेज से दूसरो का पथप्रदर्शन करते है। (घ) (अव्ययवर्ग) १. श्रीमन् (अग), बच्चे को पटा दीजिए। २. अब (अथ) शब्दानुशासन प्रारम्भ होता है। ३. क्या यह काम कर सकते है? ४. अब मै ग्रीष्म ऋतु के बारे मे गाऊँगा। ५. क्या यह चोर तो नहीं है? ६. मै विदेशी हूँ, अत. पूछता हूँ। ७. वह कृष्ण की हँसी-सा कर रहा था। ८. आशा करता हूँ कि आप सकुशल हैं। ९ कहाँ तपस्या और कहाँ तुम्हारा कोमल शरीर। १०. भले ही वह मेरे सामने न बैठे। ११ मुझ पर यम भी प्रहार नहीं कर सकता है, अन्य हिंसकों का तो कहना ही क्या। १२ भाग्य से विपत्ति टल गई। १३ महाराज आपको विजय के लिए बधाई है। १४. वैसा करना, जिससे राजा की कृपा पात्र हो जाऊँ। १५. मुझे भार उतना दु ख नही दे रहा है, जितना बाधति-प्रयोग। १६. जितना पाया, सब खा लिया। १७. जबतक एक दुःख समाप्त नहीं होता, तबतक दूसरा उपस्थित हो जाता है। १८. प्राणत्याग अच्छा है, पर मूर्खों का साथ नही।

संकेत —(क) १ पाययति। २ पय पानम्। ३ महात्मनाम्, मनस्येक, मनस्यन्यद्। ४. न ते विप्रिय कृतपूर्वम्। ५ सशयमेव गाहते। ६ क ईप्सितार्थस्थिरनिश्चयं मन पयश्च निम्नाभिमुख प्रतीपयेत्। ८. यशस्तु रक्ष्य परतो यशोधनै.। ९ विमल कलुषीभवच्च चेतः कथयत्येव हितैषिण रिपु वा। १० तस्य वचसि दुराशय मा आरोपय। (ख) ३ अनुजानीहि। ४. प्रतिजाने, रामो द्विर्नाभिभाषते। ५ नावजानीत। ६. शतमपजानीते। ७. श्वश्र्वा सजानीते। (घ) ३. अथ। ४. ऋतुमधिकृत्य। ५ अपि चौरो भवेत्। ६. इति। ७. जहासेव। ८ कच्चित् कुशली। ९. क्व-क्व। १० कामम्। ११. किमुतान्यहिंस्रा.। १२. दिष्ट्या प्रतिहत दुर्जातम्। १३ दिष्ट्या महाराजो विजयेन वर्धते। १४. तथा ' यथा। १५ तथा यथा बाधति बाधते। १६ यावत् ' तावत्। १७ यावत् तावत्। १८ वर न।

शब्दकोष-१४०० + २५ = १४२५] अभ्यास ५७ (व्याकरण)

(ख) पीड् (उ०, दुःख देना), पॄ (उ०, पूरा करना), तड् (उ०, चोट मारना), खण्ड (उ०, तोडना), क्षल् (उ०, धोना), तुल् (उ०, तोलना), पाल् (उ०, रक्षा करना), तिज् (उ०, तेज करना), कॄत् (उ०, गुणगान करना), तन्त्र् (आ०, शासन करना, पालन करना), मन्त्र् (आ०, मन्त्रणा करना), त्रुट् (आ०, तोडना), तर्ज् (आ०, धमकाना), अर्थ् (आ०, प्रार्थना करना), कुत्स् (आ०, दोष लगाना), भर्त्स् (आ०, डॉटना), टक् (उ०, खोदना, लगाना), पश् (उ०, बॉधना), धृ (उ०, धारण करना), मृष् (उ०, क्षमा करना), लङ्घ् (उ०, उल्लघन करना), घुष् (उ०, घोषणा करना), ईर् (उ०, प्रेरणा देना), प्री (उ०, प्रसन्न करना), गवेष् (उ०, गवेषणा करना) । (२५) । **सूचना**—सबके रूप चुर् के तुल्य चलेंगे ।

व्याकरण (पाद, दन्त, बन्ध्, मन्थ्, विभक्त्यर्थ प्रत्यय)

१ पाद और दन्त के रूप स्मरण करो । (देखो शब्द० २) ।

२. बन्ध् और मन्थ् धातुओं के रूप स्मरण करो । (देखो धातु० ९२, ९३)

नियम २८०—(तः प्रत्यय) (१) (पञ्चम्यास्तसिल्) पचमी विभक्ति के स्थान पर तसिल (त.) प्रत्यय होता है । यस्मात्>यतः, ततः, इतः, अतः, अग्रतः, सर्वतः, उभयतः । त्वत्तः, मत्तः, अस्मत्तः, युष्मत्तः । (२) (कु तिहो.) किम् को कु हो जाएगा । कस्मात्> कुत. । (३) (पर्यभिभ्या च) परि और अभि से तः प्रत्यय । परितः, अभितः ।

नियम २८१—(त्र प्रत्यय) (१) (सप्तम्यास्त्रल्) सप्तमी के स्थान पर त्रल् (त्र) प्रत्यय होता है । कुत्र, यत्र, तत्र, सर्वत्र, उभयत्र, अत्र, अन्यत्र, बहुत्र । (२) (किमोऽत्, क्वाति) किम् के क्व और कुत्र दोनो रूप होते है । (३) (इदमो हः) इदम् का इह (यहाँ) भी रूप बनता है । (४) (इतराभ्योऽपि०) पचमी और सप्तमी के अतिरिक्त भी त' और त्र होते है । स भवान्> तत्र भवान्, ततो भवान् (पूज्य आप) । अय भवान्> अत्र भवान् (पूज्य आप) ।

नियम २८२—(१) (सर्वैकान्यकियत्तदः काले दा) सर्व आदि से समय अर्थ मे 'दा' प्रत्यय होता है । सर्वदा, एकदा, अन्यदा, किम्> कदा, यदा, तदा । (२) (सर्वस्य सो०) सर्व को स भी हो जाता है । सदा । (३) (अधुना) इदम् को अधुना हो जाता है । अधुना (अब) । (४) (दानीं च) इदम् से दानीम् प्रत्यय भी होता है । इदानीम् (अब) । (५) (तदो दा च) तद् से दानीम् भी होता है । तदानीम् ।

नियम २८३—(१) (प्रकारवचने थाल्) 'प्रकार' अर्थ मे किम् आदि से थाल (था) प्रत्यय होगा । तेन प्रकारेण>तथा । इसी प्रकार—यथा, सर्वथा, उभयथा (दोनों प्रकार से), अन्यथा । (२) (इदमस्थमुः) इदम् से था की जगह थम् होगा । इदम्> इत्थम् । (३) (किमश्च) किम् से भी था को थम् । किम्>कथम् (कैसे) ।

नियम २८४—(सख्याया विधार्थे धा) सख्यावाची शब्दो से प्रकार अर्थ मे 'धा' प्रत्यय होता है । एकधा, द्विधा, त्रिधा, चतुर्धा, पचधा । बहुधा, शतधा, सहस्रधा ।

नियम २८५—(प्रमाण आदि अर्थ में) (१) (प्रमाणे द्वयसच्०) प्रमाण अर्थात् नाप-तोल आदि अर्थ में द्वयस, दघ्न और मात्र प्रत्यय होते हैं । जॉघ तक—ऊरुद्वयसम्, ऊरुदघ्नम्, ऊरुमात्रम् । हस्तमात्रम्, मुष्टिमात्रम्, कटिमात्रम् । (२) (यत्तदेतेभ्यः०) यत् आदि से परिमाण अर्थ मे वत् प्रत्यय । यावान्, तावान्, एतावान् । किम् का कियान्, इदम् का इयान् होता है ।

अभ्यास ५७

संस्कृत बनाओ—(क) (पाद, दन्त, मनस् शब्द) १. उसने गुरु के पैर छूए। २. अपराधी ने राजा के पैर छूकर क्षमा मागी। ३. मनुष्य द्विपाद् और पशु चतुष्पाद् होते है। ४ इस पुस्तक का मूल्य सवा रुपया है। ५. दॉतो को ब्रुश से साफ करो और दॉतो मे कोई तिनका फँसा हो तो दॉत साफ करने की सूई से उसे निकाल दो। ६. उसके वचन (वचस्) से मेरा हृदय द्रवित हो गया। ७. उसकी बात (वचस्) मेरे हृदय पर असर कर गई। ८. उसके हृदय (चेतस्) पर उपदेश का प्रभाव नही पड़ा। ९. मेरा मन सन्देह मे पडा है। १०. ये विचार मेरे मन मे उत्पन्न हुए (प्रादुर्भू)। ११. आज हवा बन्द है। १२ यहॉ घोर अँधेरा है। १३ वृद्धावस्था में इसे तृष्णा लगी हुई है। १४ यह उसकी बात (वचस्) का निष्कर्ष है। १५ मै तुम्हारी बात का समर्थन नही करता। १६. मेरी पूरी बात सुनो। १७. उसके हृदय (चेतस्) मे कुतूहलता उत्पन्न हुई। १८. उसका मन नरम हो गया। १९ तेज तेज मे (तेजस्) शान्त होता है। (ख) (बन्ध्, मन्थ् धातु) १. उसने उससे प्रीति लगाई (बन्ध्)। २. अपने बालो को ठीक बॉधो (बन्ध्)। ३ पुण्यात्मा कर्मों से बद्ध नहीं होता। ४. चूडामणि पैर मे नही पहना जाता। ५. चित्रकूट मेरी दृष्टि को आकृष्ट कर रहा है। ६. क्या यह श्लोक तुमने बनाया है (बन्ध्)? ७. उसने बाहुयुद्ध के लिए कमर कस ली। ८. मै हाथ जोडकर तुम्हारी प्रार्थना करता हूँ (प्रार्थ्)। ९. इसको बीच मे मत टोको। १० उसने फिर अपने काम मे मन लगाया। ११. देवो ने समुद्र से अमृत को मथकर निकाला (मन्थ्)। १२. मैं युद्ध मे सौ कौरवो को नष्ट करूँगा (मन्थ्)। (ग) (विभक्त्यर्थ प्रत्यय) १. कण्व को आश्रम के वृक्ष तुझसे भी अधिक प्रिय है, ऐसा मै सोचता हूँ। २. तीर्थ का जल और अग्नि ये और चीज से शुद्धि के योग्य नही हैं। ३ इस विषय मे पूज्य आपको प्रमाण बनाता हूँ। ४. वह वश आठ भागो मे विभक्त होकर फैला (प्रसृ)। ५. यहॉ वहॉ जहॉ कहीं से भी छात्र आवे, उन्हे विद्यादान दो। ६. जब तब मुझे पत्र लिखते रहना। ७. कहॉ कैसे व्यवहार करे? यहॉ इस प्रकार से और वहॉ उस प्रकार से बर्ते। ८. वहॉ कितना जल है? कहीं कमर भर, कही घुटने भर, कही जाँघ भर। (घ) (क्रियावर्ग) १. जो दु ख दे, चोट मारे, डराये, धमकावे, डाटे, व्रत को तोडे, मर्यादा का उल्लघन करे, दोष लगावे, उसके साथ न रहे और न उससे मित्रता करे। २. छात्र अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करता है, नौकर बर्तनो को धोता है, बनिया चीनी तोलता है, राजा प्रजा की रक्षा करता है (पाल्), धार धरने वाला शस्त्रो और अस्त्रो को तेज करता है, कवि राजा का गुणगान करता है, राजा प्रजा पर शासन करता है, राजा मन्त्रियो से मंत्रणा करता है, सज्जनो को प्रेरित करता है।

सकेत—(क) १ जग्राह। २. पादयोर्निपत्य क्षमां ययाचे। ४. सपादरूप्यकम्। ५. निविष्ट चेत्, दन्तशोधन्या। ६ द्रवीभूतम्। ७. हृदयमर्मास्पृशत्। ८. लेभेऽन्तर चेतसि नोपदेश'। ९ सशयमेव गाहते। ११. निर्वातं नभः। १२. सूचीभेद्य तम। १३ परिणतवयसि, पीडयति। १५. वचो नाभिनन्दामि। १६. सावशेषम्। १७. कुतूहलेन कृत पदम्। १८ मार्दवमभजत। १९ शाम्यति। (ख) १. तस्यां, बबन्ध। ३ न बध्यते। ४ बध्यते। ५. बध्नाति। ६. बद्ध.। ७ परिकर बबन्ध। ८ अजलिं बद्ध्वा, प्रार्थये। ९ मैनमन्तरा प्रतिबधान। १०. बबन्ध। (ग) १ त्वत्त, तर्कयामि। २ नान्यत शुद्धिमर्हत। ३ अत्रभवन्त प्रमाणीकरोमि। ४. भिन्नोऽष्टधा विप्रससार। ६ यदा कदा। ८ कटिदघ्नम्, जानुदघ्नम्, ऊरुमात्रम्। (घ) १. पीडयेत्, भाययेत्। २ पारयति, प्रक्षालयति, तोलयति, तेजयति, कीर्तयति, तन्त्रयते, मन्त्रयते, प्रेरयति।

शब्दकोष–१४२५+२५=१४५०] **अभ्यास ५८** (व्याकरण)

(क) कार्तस्वरम् (सुवर्ण, सोना), रजतम् (चाँदी), चन्द्रलौहम् (जर्मन सिल्वर), आयसम् (लोहा), निष्कलकायसम् (स्टेनलेस स्टील), ताम्रकम् (ताँबा), पीतलम् (पीतल), कांस्यम् (कांसा, फूल), कांस्यकूटः (कसकूट), मौक्तिकम् (मोती), इन्द्रनीलः (नीलम), वैदूर्यम् (लहसुनिया), हीरकः (हीरा), प्रवालम् (मूँगा), पुष्पराग (पुखराग), मरकतम् (पन्ना), माणिक्यम् (चुन्नी), अभ्रकम् (अभ्रक), पीतकम् (हरताल), गन्धकः (गन्धक), तुत्थाञ्जनम्(तूतिया), पारदः(पारा), यशदम्(जस्त), सीसम्(सीसा), स्फटिका(फिटकिरी)।(२५)

व्याकरण (गोपा, विश्वपा, क्री, ग्रह्, भावार्थक प्रत्यय)

१. गोपा शब्द के रूप स्मरण करो। (देखो शब्द० ३)। विश्वपा गोपा के तुल्य।

२ क्री और ग्रह् धातुओं के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ९४, ९५)

नियम २८६—(तस्य भावस्त्वतलौ) भाव (हिन्दी 'पन') अर्थ में शब्द के अन्त में त्व और ता लगते हैं। त्व–प्रत्ययान्त के रूप नपुं० में ही चलेंगे, गृहवत्। ता–प्रत्ययान्त के रूप रमावत्। लघु > लघुत्वम्, लघुता (हल्कापन), गुरु > गुरुत्वम्, गुरुता। ब्राह्मणत्व, क्षत्रियत्व, विद्वस् > विद्वत्त्वम्, विद्वत्ता। महत् > महत्त्वम्, महत्ता।

नियम २८७—(ष्यञ् प्रत्यय) **(१)** (वर्णदृढादिभ्यः ष्यञ् च) वर्णवाचकों और दृढ आदि शब्दों से ष्यञ् (य) प्रत्यय होगा। प्रथम स्वर को वृद्धि। शुक्ल > शौक्ल्यम् (सफेदी)। कृष्ण > कार्ष्ण्यम् (कालापन)। दृढ > दार्ढ्यम् (दृढता)। **(२)** (गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः०) गुणवाचक और ब्राह्मण आदि शब्दों से ष्यञ् (य)। शूर > शौर्यम्। सुन्दर > सौन्दर्यम्। धीर > धैर्यम्, सुख > सौख्यम्। कवि > काव्यम्। **(३)** (चतुर्वर्णादीनां स्वार्थे०) चतुर्वर्ण आदि से स्वार्थ में ष्यञ् (य)। चातुर्वर्ण्यम्। चातुराश्रम्यम्। षड्गुण > षाड्गुण्यम्। सेना > सैन्यम्। समीप > सामीप्यम्। त्रिलोक > त्रैलोक्यम्।

नियम २८८—(इमनिच् प्रत्यय) (पृथ्वादिभ्य इमनिज्वा) पृथु आदि से भाव अर्थ में इमनिच् (इमन्) प्रत्यय होता है। टि (अन्तिम स्वर-सहित अंश) का लोप होगा। (र ऋतो०) शब्द के ऋ को र होगा। पृथु > प्रथिमा। लघु > लघिमा, गुरु > गरिमा, अणु > अणिमा, महत् > महिमा, मृदु > म्रदिमा।

नियम २८९—भावार्थक कुछ अन्य प्रत्यय ये हैं—**(१)** (इगन्ताच्च लघुपूर्वात्) शब्द के अन्त में इ उ या ऋ हो और उससे पहले ह्रस्व स्वर हो तो शब्द से अण् (अ) होगा। शुचि > शौचम् (स्वच्छता), मुनि > मौनम् (मौन), पृथु > पार्थवम् (मोटापा)। **(२)** (सख्युर्यः) सखि से य प्रत्यय होगा। सखि > सख्यम् (मित्रता)। **(३)** (पत्यन्त०) पति अन्तवाले शब्दों, पुरोहित आदि और राजन् से यक् (य) होगा। प्रथम स्वर को वृद्धि। सेनापति > सैनापत्यम्। पौरोहित्यम्। राजन् > राज्यम्। **(४)** (प्राणभृज्जाति०) प्राणी, जातिवाचक और आयु-वाचक से अञ् (अ)। अश्व > आश्वम्। कुमार > कौमारम्। कैशोरम्। **(५)** (हायनान्त०) हायन अन्तवाले और युवन् आदि से अण् (अ)। द्वैहायनम् (२ वर्ष का)। युवन् > यौवनम्।

नियम २९०—(वत्, क) **(१)** (तेन तुल्यं क्रिया चेद् वतिः) तृतीयान्त से तुल्य अर्थ में वति (वत्), क्रियासाम्य में। ब्राह्मणेन तुल्य > ब्राह्मणवत् अधीते। **(२)** (तत्र तस्येव) सप्तम्यन्त और षष्ठ्यन्त से तुल्य अर्थ में वत्। मथुरायामिव > मथुरावत्। चैत्रवत्। **(३)** (इवे प्रतिकृतौ) तत्सदृश मूर्ति या चित्र अर्थ में कन् (क)। अश्व इव > अश्वकः।

अभ्यास ५८

संस्कृत बनाओ—(क) (गोपा, विश्वपा शब्द) १ ग्वाला गायो को चराता है, उनकी सेवा करता है और उनकी रक्षा करता है। २ ईश्वर विश्वपा है, वह विश्व का पालन करता है। ३ शख बजानेवाला (शखध्मा) शख को बजाता है। ४. धूम्रपान करनेवाले (धूम्रपा) बीड़ी, सिगरेट और हुक्का पीते है। ५ सोमपान करनेवाला (सोमपा) सोम को पीता है। **(ख)** (क्री, ग्रह् धातु) १. प्राणो के मूल्य से यश को खरीदो। २ बनिया सामान खरीदता है और गाहको को बेचता है (विक्री)। ३ वर वधू के हाथ को पकड़ता है (ग्रह्)। ४ प्रजा के कल्याण के लिए ही उसने प्रजा से कर लिया (ग्रह्)। ५ राजा चोरो को पकड़े (ग्रह्) और उन्हे जेल में डाल दे। ६ लोभी को धन से जीते (ग्रह्)। ७. मुझ मूर्ख बुद्धि ने भी वैसा ही समझ लिया (ग्रह्)। ८. लोग ऐसा समझते हैं (ग्रह्)। ९ पापी का नाम भी न ले (ग्रह्)। १० तुमने यह पुस्तक कितने मूल्य में खरीदी (ग्रह्)। ११ मनुष्य पुराने कपडो को उतारकर नवीन वस्त्रो को पहनता है (ग्रह्)। १२. बलवान् के साथ लड़ाई न करे (विग्रह्)। १३ आप मुझे विद्यादान से अनुगृहीत करे (अनुग्रह्)। १४. राजा पापियो और चोरो को दण्ड दे (निग्रह्)। १५ इस आतिथ्य-सत्कार को स्वीकार कीजिए (प्रतिग्रह्)। १६ इन्द्रियो को सयम मे रक्खो (निग्रह्)। १७. माली फूलो को इकट्ठा करके (सग्रह्) लाया और उनसे उसने मालाएँ बनाई। १८. इस विषय मे मुनि बुरा नही मानेंगे। १९. क्या कारण है कि गुरु जी अभी तक खुश नहीं हुए। **(ग)** (भावार्थक) १ प्रतिष्ठा उत्सुकतामात्र को नष्ट करती है। २. ढीठ, क्यो स्वच्छन्द हो रही है। ३. इस विषय उन सबकी एक राय है। ४. नम्बर से लडको को मिठाई बाँटो (वितृ)। ५ महान् राज्य भी मुझे सुख नहीं देता। ६. ससार में मनुष्य के अपने कर्म ही उसे गौरव या हीनता को देते हैं। ७ त्रुटि करना मानव-सुलभ है। ८. दुष्टों पर सिधाई दिखाना नीति नही है। ९ सन्तान-हीनता दुःखद है। १०. क्षण-क्षण मे जो नवीनता को प्राप्त हो, वही सौन्दर्य है। **(घ)** (धातुवर्ग) ससार मे धातुओ का बहुत महत्त्व है। धातुओ से ही सभी उपयोगी वस्तुएँ बनती है। सोना, चाँदी, मोती, नीलम, लहसुनिया, हीरा, मूँगा, पुखराग, पन्ना और चुन्नी ये बहुमूल्य धातुएँ है और आभूषणो आदि मे इनका उपयोग होता है। जर्मन सिलवर, लोहा, स्टेनलेस स्टील, ताँबा, पीतल, काँसा, कसकूट, जस्त और शीशे के विविध प्रकार के बर्तन आदि बनते हैं।

संकेत —(क) ३ धमति (ध्मा)। ४ तमाखुवीटिकाम्, तमाखुवर्तिकाम्, धूम्रनलिकाम्। **(ख)** १. प्राणमूल्यै। २ पण्यान्, विक्रीणीते। ३ पाणि गृह्णाति। ५. गृह्णीयात्, कारायां निक्षिपेत्। ७ गृहीतम्। १० कियता मूल्येन गृहीतम्। ११. विहाय, गृह्णाति। १२. न विगृह्णीयात्। १३ अनुगृह्णातु। १५ प्रतिगृह्यतामातिथेय- सत्कार-। १७. सगृह्य। १८. न दोष ग्रहीष्यति। १९ नाद्यापि प्रसाद गृह्णाति। **(ग)** (भावार्थक) १. औत्सुक्यमात्रमवसाययति। २ पुरोभागे, किं स्वातन्त्र्यमवलम्बसे। ३. ऐकमत्यम्। ४. आनुपूर्व्येण। ५. न सौख्यमावहति। ६. लोके गुरुत्व विपरीतता वा स्वचेष्टितान्येव नर नयन्ति। ७ लघिमा। ८ आर्जव हि कुटिलेषु। ९ अनपत्यता। १०. नवतामुपैति, तदेव रूप रमणीयताया।

शब्दकोष-१४५०+२५=१४७५] **अभ्यास ५९** (व्याकरण)

(क) नव रसाः (नौ रस), सप्त स्वराः (सात स्वर), मन्द्रः (कोमल स्वर), मध्यः (मध्यम स्वर), तार. (तीव्र स्वर), आरोहः (चढाव), अवरोहः (उतार), वीणा (सितार), मुरली (बॉसुरी), मनोहारिवाद्यम् (हारमोनियम), सारगी (१. वायोलिन, २. सारगी), तन्त्रीकवाद्यम् (पियानो), तानपूर' (तानपूरा), जलतरगः (जलतरग), मुरजः (तबला), ढौलकः (ढोलक), मजीरम् (मजीरा), दुन्दुभि' (नगाडा), पटहः (ढोल), तूर्यम् (तुरही, सहनाई), डिण्डिमः (ढिंढौरा), वादित्रगणः (बैण्ड), वीणावाद्यम् (बीनबाजा, नफीरी), सज्ञाशख' (बिगुल), कोण. (मिजराब)। (२५)।

व्याकरण (कति, चुर्, चिन्त्, तर, तम, ईयस्, इष्ठ)

१. कति शब्द के रूप स्मरण करो। (दे० शब्द० ९९)।

२. चुर् और चिन्त् धातुओ के रूप स्मरण करो। (देखो धातु० ९७, ९८)।

नियम २९१—(द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ) दो की तुलना मे विशेषण शब्द से तरप् (तर) और ईयसुन् (ईयस्) प्रत्यय होते है। तर प्रत्यय लगने पर पु० मे रामवत्, स्त्री० मे रमावत् और नपु० में गृहवत् रूप चलेंगे। ईयस् लगने पर पु० मे श्रेयस् (शब्द० ३९) के तुल्य, स्त्री० मे अन्त मे ई लगाकर नदीवत् और नपु० मे मनस् के तुल्य रूप चलेंगे। जिससे विशेषता दिखाई जाती है, उसमे पचमी होगी। रामः श्यामात् पटुतरः, पटीयान् वा।

नियम २९२—(अतिशायने तमबिष्ठनौ) बहुतों मे से एक की विशेषता बताने अर्थ मे तमप् (तम) और इष्ठन् (इष्ठ) प्रत्यय होते है। दोनो के रूप पु० मे रामवत्, स्त्री० मे रमावत्, नपु० मे गृहवत् चलेंगे। जिससे विशेषता बताई जाती है, उसमे षष्ठी या सप्तमी होगी। छात्राणा छात्रेषु वा राम' पटुतमः पटिष्ठः वा।

नियम २९३—ईयस् और इष्ठ के बारे मे ये बाते स्मरण रक्खे—**(१)** (अजादी गुणवचनादेव) ईयस् और इष्ठ गुणवाचको से ही लगेगे, अन्य से नही। तर, तम सर्वत्र लगते हैं। **(२)** (टेः) ईयस् या इष्ठ बाद मे होगा तो टि (अन्तिम स्वर-सहित अंश) का लोप होगा। **(३)** (र ऋतो०) शब्द के ऋ को र् होगा। **(४)** (स्थूल-दूर०) स्थूल दूर आदि के अन्तिम र, ल या व का लोप होगा, ईयस् या इष्ठ बाद मे होगा तो। **(५)** (प्रियस्थिर०) प्रिय स्थिर आदि को प्र स्थ आदि होते है। विशेष प्रसिद्ध रूप ये है। कोष्ठगत शब्द शेष रहता है। इन शब्दो से तर तम भी लगते हैं।

प्रशस्य (श्र)	श्रेयान्	श्रेष्ठः	गुरु (गर्)	गरीयान्	गरिष्ठः
वृद्ध, प्रशस्य (ज्य)	ज्यायान्	ज्येष्ठः	दीर्घ (द्राघ्)	द्राघीयान्	द्राघिष्ठः
अन्तिक (नेद्)	नेदीयान्	नेदिष्ठः	बहु (भू)	भूयान्	भूयिष्ठः
बाढ (साध्)	साधीयान्	साधिष्ठः	युवन् (कन्)	कनीयान्	कनिष्ठः
स्थूल (स्थू)	स्थवीयान्	स्थविष्ठः	पटु (पट्)	पटीयान्	पटिष्ठः
दूर (दू)	दवीयान्	दविष्ठः	लघु (लघ्)	लघीयान्	लघिष्ठः
प्रिय (प्र)	प्रेयान्	प्रेष्ठः	महत् (मह्)	महीयान्	महिष्ठः
स्थिर (स्थ)	स्थेयान्	स्थेष्ठः	मृदु (म्रद्)	म्रदीयान्	म्रदिष्ठः
उरु (वर्)	वरीयान्	वरिष्ठः	बलिन् (बल्)	बलीयान्	बलिष्ठः

अभ्यास 59

संस्कृत बनाओ—(क) (कति शब्द) १. कितनी अग्नियाँ है, कितने सूर्य है। २ मन, तू स्मरण कर कि तूने कितने पाप किए है और कितने पुण्य। ३ कुछ ही पैर चलकर वह तन्वी रुक गई। ४ उस पर्वत पर उसने कुछ महीने बिताए (नी)। ५. कदम्ब पर कुछ फूल खिले है। ६ कुछ दिन बीतने पर वह घर लौटा। (ख) (चुर्, चिन्त्) १ चोर ने तिजोरी तोडकर तीन एक हजार रुपये के, दस एक सौ के, पचास दस रुपए के और अस्सी पाँच रुपए के नोट चुराए। २. नारद ने चन्द्रमा की शोभा को चुराया। ३ सोचो, किस बहाने से हम आश्रम मे जावे। ४. सज्जन की हानि को मन से भी न सोचे (चिन्त्)। ५ पिता तुम्हारी देख-भाल करेंगे (चिन्त्)। ६. पाखण्डियों और कुकर्मियों की वाणी से भी पूजा न करे (अर्च्)। ७ ऐसी वाणी न कहे (उदीर्), जिससे दूसरे के हृदय को दुःख पहुँचे। ८ कार्य पूरा करने का इच्छुक मनस्वी न दुःख की परवाह करता है और न सुख की। ९ धर्म की प्राचीन मान्यताओ का पता चलाओ (गवेष्)। १० वह मुँह पर घूँघट काढती है। ११ भारतीय सरकार ने गोहत्या-निरोध की घोषणा की (घुष्)। १२. चित्रकार कपडे पर नेहरूजी का चित्र बनाता है (चित्र्)। १३ मै दुर्योधन की जघा को चूर-चूर कर दूँगा (चूर्ण्)। १४ वह आभूषणो से अपने शरीर को अलकृत कर रही है (अवतस्)। १५ विद्या और धन को बडे परिश्रम से एकत्र करे (अर्ज्)। **(ग)** (तर, तम आदि) १ यशोधनो के लिए यश बडी चीज है (गुरु)। २ बडे लोग स्वभाव से ही कम बोलते हैं। ३. बडों की सहायता से क्षुद्र भी सफल हो जाता है। ४. जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढकर है (गुरु)। ५ स्वधर्म परधर्म से बढकर है। ६. राम श्याम से अधिक बडा (प्रशस्य), अच्छा (बाढ), प्रिय, विशाल (उरु), भारी (गुरु), लम्बा (दीर्घ), चतुर (पटु), महान् और बलवान् (बलिन्) है और श्याम राम से हलका (लघु), छोटा (युवन्), कोमल (मृदु) और कृश है। ७ कृष्ण सबसे अधिक बडा, अच्छा, प्रिय, विशाल, भारी, लम्बा, चतुर, महान् और बलवान् है और यज्ञदत्त सबसे अधिक हलका, छोटा, कोमल और कृश है। **(घ)** (नाट्यवर्ग) विभाव अनुभाव और सचारिभावों के सयोग से रस की निष्पत्ति होती है। शृगार वीर आदि नौ रस हैं और उनके रति उत्साह आदि नौ स्थायिभाव है। निषाद, ऋषभ, गान्धार, षड्ज, मध्यम, धैवत और पचम ये सात स्वर हैं। इनके प्रथम अक्षरो को लेकर स रे ग म आदि सरगम बना है। सगीत में कोमल, मध्यम और तीव्र स्वरों के तीन सप्तक होते हैं। स्वरों का आरोह और अवरोह होता है। प्राचीन वाद्यो मे से सितार, बाँसुरी, सारगी, तानपूरा, तबला, ढोलक, मजीरा, नगाडा, ढोल, तुरही, ढिंढोरा इनका प्रचलन अभी तक है। नवीन वाद्यो मे हारमोनियम, वायोलिन, पियानो, जलतरग, बैड, बीनबाजा और बिगुल का अधिक प्रचलन है। सगीत जीवन को सरस और मधुर बनाता है।

संकेत —(क) ३ कतिचिदेव। ४ कतिचित्। ५ कतिपयकुसुमोद्गम कदम्ब। ६ कतिपयदिवसापगमे। **(ख)** १ लौहमंजूषा विदार्य, सहस्त्ररूप्यकनाणकानि, नाणकानि। २ अचूचुरत्। ३ अपदेशेन। ५. त्वा चिन्तयिष्यति। ६ पाषण्डिनो विकर्मस्थान् वाङ्मात्रेणापि नार्चयेत्। ७ उदीरयेत्। ८. मनस्वी कार्यार्थी गणयति न दुःख न च सुखम्। ९. गवेषय। १० मुखमवगुण्ठयति। ११ सर्वकार, अघोषयत्। १२ चित्रयति। १३ सचूर्णयिष्यामि। १४ अवतसयति। १५ अर्जयेत्। **(ग)** १ यशोधनाना हि यशो गरीय। २ महीयास, मितभाषिण। ३ बृहत्सहाय कार्यान्त क्षोदीयानपि गच्छति। ४ गरीयसी। ५ श्रेयान्। ६ ज्यायान्, साधीयान्

शब्दकोष—१४७५ + २५ = १५००] अभ्यास ६० (व्याकरण)

(क) कास. (खासी), प्रतिश्याय. (जुकाम), ज्वरः (बुखार), विषमज्वर. (मलेरिया) शीतज्वरः (इन्फ्लुएन्जा, फ्लू), प्रलापकज्वरः (निमोनिया), सन्निपातज्वर. (टाइफाइड), राजयक्ष्मन् (पु०, तपेदिक, टी०बी०) शीतला (चेचक), मन्थरज्वरः(मोतीझरा), अतिसार' (दस्त), प्रवाहिका (पेचिश, सग्रहणी), वमथुः (कै), विषूचिका (हैजा), रक्तचापः (ब्लडप्रेसर), पिटकः (फोडा), पिटिका (फुसी), अर्शस् (नपु०, बवासीर), प्रमेह. (प्रमेह). मधुमेह' (बहुमूत्र, डाएबिटीज), पाण्डुः (पीलिया), अजीर्णम् (कब्ज), उपदशः (गरमी, सिफलिस), विद्रधिः (कैन्सर), पक्षाघातः (लकवा मारना) ।(२५)

नियम २९४—(विकारार्थक) विकार अर्थ मे ये प्रत्यय होते हैं—(१) (तस्य विकार.) विकार अर्थ मे अण् (अ) । भस्मन्>भास्मनः । (२)(मयड्वैतयो०) विकार और अवयव अर्थ मे मय प्रत्यय । अश्मन्> अश्ममयम् । (३)(गोश्च पुरीषे) गोबर अर्थ मे मय । गो>गोमय ।(४)(गोपयसोर्यत्) गो और पयस् से यत्(य)। गव्यम् । पयस्यम् ।

नियम २९५—(ठक्) इन अर्थो मे ठक् (इक) होता है । प्रथम स्वर को वृद्धि । (१) (तेन दीव्यति०) जुआ खेलना आदि अर्थों मे । अक्ष>आक्षिकः । (२) (सस्कृतम्) बनाने अर्थ मे । दधि>दाधिकम् । (३) (तरति) तैरने अर्थ मे । उडुप> औडुपिकः (नाव से पार करनेवाला) । (४) (चरति) सवारी करना अर्थ मे । हस्तिन्> हास्तिकः । (५) (रक्षति) रक्षा अर्थ मे । समाज> सामाजिक. ।

नियम २९६—(यत्) इन स्थानो पर यत् (य) होता है —(१) (तद्वहति०) ढोने अर्थ मे यत् । रथ> रथ्य. । (२) (धुरो यड्ढकौ) धुर् से य और ढक् (एय) । धुर्>धुर्यः, धौरेयः । (३) (नौवयोधर्म०) नौ आदि से । नौ>नाव्यम् ।(४) (तत्र साधुः) शिष्ट अर्थ मे यत् । शरण>शरण्यः । (५)(सभाया य) सभा से य प्रत्यय । सभ्यः । (६) (पथ्यतिथि०) पथिन् आदि से ढञ् (एय) । पथिन्>पाथेयम् । अतिथि>आतिथेयम् ।

नियम २९७—(छ, यत्) छ का ईय, यत् का य रहता है । (१) (उगवादिभ्यो०) हित अर्थ मे उकारान्त और गो आदि से यत् । शकु> शकव्यम् । गो> गव्यम् । (२) (तस्मै हितम्) हित अर्थ मे छ (ईय) । वत्स> वत्सीय. । (३) (शरीरावयवाद्यत्) शरीरावयवो से यत् (य) । दन्त्यम्, कण्ठ्यम् । (४) (आत्मन्विश्वजन०) आत्मन् आदि से हित अर्थ मे ख (ईन)। आत्मन्>आत्मनीनम् । विश्वजन>विश्वजनीनम् ।

नियम २९८—(ठञ्) ठ को इक । (१) (तेन क्रीतम्) खरीदने अर्थ मे ठञ् (इक) । सतति>सातितिकम् ।(२)(तदर्हति) योग्य होने अर्थ मे ठञ् (इक) । श्वेतछत्र> श्वैतछत्रिक । (३) (दण्डादिभ्यो यत्) दण्ड आदि से यत् (य) । दण्ड>दण्ड्यः ।

नियम २९९—(स्वार्थिक) (१) (प्रज्ञादिभ्यश्च) प्रज्ञ आदि से स्वार्थ में अण् (अ) । प्रज्ञ>प्राज्ञ., देवता>दैवतः, बन्धु>बान्धवः । (२) (अल्पे, ह्रस्वे) अल्प और छोटा अर्थ मे कन् (क) । तैल>तैलकम् , वृक्ष>वृक्षकः ।

नियम ३००—(१) (कृभ्वस्तियोगे०) वैसा हो जाना अर्थ में च्वि प्रत्यय होता है । च्वि का कुछ नहीं शेष रहता । बाद मे कृ भू अस् का प्रयोग होता है । च्वि होने पर शब्द के अ को ई, इ और उ को दीर्घ होगा । शुक्ल> शुक्लीकरोति, कृष्णीकरोति । (२) (विभाषा साति०) सम्पूर्ण अर्थ मे साति (सात्)। भस्मसात् , अग्निसात् । (३) (नित्यवीप्सयोः) बार-बार और द्विरुक्ति अर्थ मे पद को द्वित्व होता है । भुक्त्वा भुक्त्वा । वृक्षं वृक्षं सिञ्चति । (४) (ईषदसमाप्तौ०) कुछ कम अर्थ मे कल्प, देश्य, देशीय प्रत्यय होते हैं । लगभग ५ वर्ष का—पञ्चवर्षदेशीयः,—देश्यः । मध्याह्नकल्पः ।

अभ्यास ६०

संस्कृत बनाओ—(क) (कथ्, भक्ष् धातु) १ उन दोनो की संपत्ति का क्या कहना ? २ उन्होने जनक से कहा कि राम धनुष को देखना चाहते है। ३ कथा के बहाने से यहाँ नीति ही कही गई है। ४ दूसरे का उच्छिष्ट न खावे। ५. गुरु आज्ञा देते है (आज्ञापि) कि पापो को छोडो। ६ स्त्री अलकारो से अपने शरीर को विभूषित करती है (भूष्)। ७. बालक मिठाई का स्वाद लेता है (आस्वद्)। ८ वह बर्तनो को माँजता है (मृज्), शत्रुओ को तपाता है (तप्), सज्जनो को तृप्त करता है (तृप्), मान्यों का मान करता है (मान्) और दुष्टो को दबाता है (धृष्)। (ख) (तद्धित प्रत्यय) १ शारीरिक पुष्टि के लिए पचगव्य का सेवन करना चाहिए। २. जुआड़ी पासो से जुआ खेलता है (दिव्)। ३ सभ्य अपने-अपने स्थानो को लौट गए। ४ अहिंसा का सिद्धान्त अपनी भलाई और विश्व की भलाई दोनो के लिए है। ५ राम लगभग अठारह वर्ष का है। ६ अब लगभग दोपहर का समय है। ७ वह लगभग मरा हुआ है। ८ आग सब वस्तुओ को भस्मसात् कर देती है। ९ नेहरूजी का कथन है कि श्रमिको की गन्दी बस्तियो को जला दो और उनके लिए साफ मकान बनाओ। १०. एकचित्त होकर देशोद्धार मे लगो (प्रवृत्)। ११ कुल मिलाकर मुझे बीस रुपए दो। १२ यह बात मुझको ही सकेत करती है। १३ मकान जलकर राख हो गए। १४ यह बात सर्वत्र फैल गई है। (ग) (रोगवर्ग) १ मुझे बडा शिरदर्द है। २ यह फोडे पर फोडा निकला है। ३ उसके रोग का शीघ्र इलाज करो। ४. आज मेरी तबीयत पहले से ठीक है। ५ रोग को ठीक जाने बिना उसका इलाज नहीं करना चाहिए। ६. इसका रोग बहुत बढ गया है। ७ रोगी की जान खतरे में है। ८ उसका रोग असाध्य है। (घ) (रोगवर्ग) शरीर व्याधियों का घर है। अत. कहा गया है कि—धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का सर्वोत्तम मूल आरोग्य है। अतः सदा स्वस्थ रहने का प्रयत्न करना चाहिए। सात्त्विक भोजन, उचित आहार विहार, दैनिक व्यायाम भ्रमण योगासन और प्राणायाम से शरीर नीरोग रहता है। इन नियमों पर ध्यान न देने से ही खाँसी, जुकाम, बुखार, मलेरिया, इन्फ्लुएन्जा, निमोनिया, टाइफाइड, तपैदिक, चेचक, मोतीझरा, दस्त, पेचिश, सग्रहणी, हैजा, फोडा, फुसी, बवासीर, प्रमेह, मधुमेह, कब्ज आदि रोग होते हैं। केन्सर, लकवा मारना, तपैदिक और दिल के रोग, ये घातक रोग हैं। विशेषज्ञो का कथन है कि रोगो का कारण जीवन की अनियमितता है। जीवन को नियमित बनावे और वेद के शब्दो मे नीरोग होकर सौ वर्ष जीवें। सब सुखी हों, सब नीरोग हो, सब सुख देखे और कोई दु.खी न हो।

संकेत—(क) १ किं कथ्यते श्रीरुभयस्य तस्य। २ मैथिलाय कथयाबभूव। ३ छलेन। ५ वर्जय। ६ भूषयति। ७ आस्वादयति। ८ मार्जयति, तापयति, तर्पयति, मानयति, धर्षयति। (ख) २. आक्षिक, अक्षै। ३ प्रनिजग्मु। ४ आत्मनीनो विश्वजनीनश्च वर्तते। ५. अष्टादश-वर्षदेशीय। ६ मध्याह्नकल्प। ७. मृतप्राय। ९ शीर्णान्यावासस्थानानि अग्निसात् कुरुत। १० एकचित्तीभूय। ११. पिण्डीकृत्य। १२ कथा, लक्ष्यीकरोति। १३ भस्मीभूतानि। १४ वृत्त बहुलीभूतम्। (ग) १ बलवती शिरोवेदना मा बाधते। २ गण्डस्योपरि पिटिका सवृत्ता। ३. विकारो विलम्बाक्षम। ४ अस्ति मे विशेषोऽद्य। ५. विकार खलु परमार्थतोऽज्ञात्वाऽनारम्भः प्रतीकारस्य। ६. अतिभूमिं गत। ७. आतुरो जीवितसशये वर्तते। (घ) हृद्रोगा। जीवेम शरद शतम्। सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दु खभाग् भवेत्।

व्याकरण

आवश्यक-निर्देश

१ शब्दरूप सग्रह मे उन सभी शब्दो का (१०० शब्दो का) सग्रह किया गया है, जो अधिक प्रचलित है। जिन शब्दो का प्रयोग बहुत कम होता है या सर्वथा नही होता है, उनका समावेश इसमे नही किया गया है।

२. शब्दो और धातुओ के रूप के साथ अभ्यासो की सख्याएँ दी गई है। उसका भाव यह है कि उस शब्द या धातु का प्रयोग उस अभ्यास मे हुआ है और उस प्रकार से चलनेवाले शब्द या धातु भी उस अभ्यास मे दिए गए है। अनुवाद-वाले प्रकरण मे उस शब्द या धातु के अभ्यास मे उसी प्रकार चलनेवाले शब्द या धातु यथास्थान कोष्ठ मे दिए गए है, उनके रूप भी निर्दिष्ट शब्द या धातु के तुल्य चलावे।

३. सक्षेप के लिए निम्नलिखित सकेतो का उपयोग किया गया है :—

(क) शब्दरूपो मे प्रथमा आदि के लिए उनके प्रथम अक्षर रक्खे गए है। जैसे—प्र० = प्रथमा, द्वि० = द्वितीया, तृ० = तृतीया, च० = चतुर्थी, प० = पचमी, ष० = षष्ठी, स० = सप्तमी, स० = सबोधन।

(ख) पु० = पुलिंग, स्त्री० = स्त्रीलिग, नपु० = नपुसक लिंग। एक० = एकवचन, द्वि० = द्विवचन, बहु० = बहुवचन। दे० अ० = देखो अभ्यास, अ० = अभ्यास। प्रत्येक शब्द या धातु के रूप मे ऊपर से नीचे की ओर प्रथम पक्ति एकवचन की है, दूसरी द्विवचन की और तीसरी बहुवचन की। जो शब्द किसी विशेष वचन मे ही चलते है, उनमे उसी वचन के रूप है।

(ग) धातुरूपो मे प्र० पु० या प्र० = प्रथम पुरुष (अन्य पुरुष), म० पु० या म० = मध्यम पुरुष, उ० पु० या उ० = उत्तम पुरुष। प० = परस्मैपद, आ० = आत्मनेपद, उ० = उभयपद।

४. सर्वनाम शब्दों का सबोधन नही होता, अतः उनके रूप सबोधन में नहीं दिए गए है।

५. शब्दरूपों के लिए ये नियम स्मरण कर ले—(१) (अट्कुप्वाङ्नुम्-व्यवायेऽपि) र् और ष् के बाद न को ण होता है, यदि अट् (स्वर, ह, य, व, र), कवर्ग, पवर्ग, आ, न् बीच मे हो तो भी न् को ण् होगा। ऋ वाले शब्दो मे भी यह नियम लगेगा। अतः र्, ऋ और ष् वाले शब्दो मे इस नियम के अनुसार न् को ण् करें, अन्यत्र न ही रहेगा। (२) (इण्कोः, आदेशप्रत्यययो.) अ को छोडकर अन्य स्वरो के बाद तथा कवर्ग के बाद प्रत्यय के स् को ष् हो जाता है। धातुओ मे भी यह नियम लगेगा। जैसे—रामेषु, हरिषु, कर्तृषु, वाक्षु।

(१) शब्दरूप-संग्रह

(क) अजन्त पुंलिंग शब्द

(१) राम (राम) (देखो अभ्यास १) — (२) पाद (पैर) (देखो अभ्यास ५७)

रामः	रामौ	रामाः	प्र०	पादः	पादौ	पादाः
रामम्	,,	रामान्	द्वि०	पादम्	,,	पदः
रामेण	रामाभ्याम्	रामैः	तृ०	पदा	पद्भ्याम्	पद्भिः
रामाय	,,	रामेभ्यः	च०	पदे	,,	पद्भ्यः
रामात्	,,	,,	पं०	पदः	,,	,,
रामस्य	रामयोः	रामाणाम्	ष०	पदः	पदोः	पदाम्
रामे	,,	रामेषु	स०	पदि	,,	पत्सु
हे राम	हे रामौ	हे रामाः	स०	हे पाद	हे पादौ	हे पादाः

सूचना—पाद के पूरे रूप राम के तुल्य भी चलेंगे। पाद के तुल्य ही दन्त के द्वितीया बहु० आदि में दतः, दता, दद्भ्याम् आदि रूप होंगे।

(३) गोपा (ग्वाला) (दे० अ० ५८) — (४) हरि (विष्णु) (देखो अ० ४)

गोपाः	गोपौ	गोपाः	प्र०	हरिः	हरी	हरयः
गोपाम्	,,	गोपः	द्वि०	हरिम्	,,	हरीन्
गोपा	गोपाभ्याम्	गोपाभिः	तृ०	हरिणा	हरिभ्याम्	हरिभिः
गोपे	,,	गोपाभ्यः	च०	हरये	,,	हरिभ्यः
गोपः	,,	,,	पं०	हरेः	,,	,,
,,	गोपोः	गोपाम्	ष०	,,	हर्योः	हरीणाम्
गोपि	,,	गोपासु	स०	हरौ	,,	हरिषु
हे गोपाः	हे गोपौ	हे गोपाः	स०	हे हरे	हे हरी	हे हरयः

(५) सखि (मित्र) (दे० अ० १९) — (६) पति (पति) (दे० अ० २०)

सखा	सखायौ	सखायः	प्र०	पतिः	पती	पतयः
सखायम्	,,	सखीन्	द्वि०	पतिम्	,,	पतीन्
सख्या	सखिभ्याम्	सखिभिः	तृ०	पत्या	पतिभ्याम्	पतिभिः
सख्ये	,,	सखिभ्यः	च०	पत्ये	,,	पतिभ्यः
सख्युः	,,	,,	पं०	पत्युः	,,	,,
,,	सख्योः	सखीनाम्	ष०	,,	पत्योः	पतीनाम्
सख्यौ	,,	सखिषु	स०	पत्यौ	,,	पतिषु
हे सखे	हे सखायौ	हे सखायः	स०	हे पते	हे पती	हे पतयः

सूचना—स्त्रीलिंग में सखी के रूप नदीवत् चलेंगे।

(७) भूपति (राजा) (हरिवत्) (दे० अ० ४)

भूपतिः	भूपती	भूपतयः	प्र०
भूपतिम्	,,	भूपतीन्	द्वि०
भूपतिना	भूपतिभ्याम्	भूपतिभिः	तृ०
भूपतये	,,	भूपतिभ्यः	च०
भूपतेः	,,	,,	प०
,,	भूपत्योः	भूपतीनाम्	ष०
भूपतौ	,,	भूपतिषु	स०
हे भूपते	हे भूपती	हे भूपतयः	सं०

(८) सुधी (विद्वान्) (दे० अ० २१)

प्र०	सुधीः	सुधियौ	सुधियः
द्वि०	सुधियम्	,,	,,
तृ०	सुधिया	सुधीभ्याम्	सुधीभिः
च०	सुधिये	,,	सुधीभ्यः
प०	सुधियः	,,	,,
ष०	,,	सुधियोः	सुधियाम्
स०	सुधियि	,,	सुधीषु
सं०	हे सुधीः	हे सुधियौ	हे सुधियः

(९) गुरु (गुरु) (दे० अ० ५)

गुरुः	गुरू	गुरवः	प्र०
गुरुम्	,,	गुरून्	द्वि०
गुरुणा	गुरुभ्याम्	गुरुभिः	तृ०
गुरवे	,,	गुरुभ्यः	च०
गुरोः	,,	,,	प०
,,	गुर्वोः	गुरूणाम्	ष०
गुरौ	,,	गुरुषु	स०
हे गुरो	हे गुरू	हे गुरवः	सं०

(१०) स्वभू (ब्रह्मा) (दे० अ० २१)

प्र०	स्वभूः	स्वभुवौ	स्वभुवः
द्वि०	स्वभुवम्	,,	,,
तृ०	स्वभुवा	स्वभूभ्याम्	स्वभूभिः
च०	स्वभुवे	,,	स्वभूभ्यः
प०	स्वभुवः	,,	,,
ष०	,,	स्वभुवोः	स्वभुवाम्
स०	स्वभुवि	,,	स्वभूषु
सं०	हे स्वभूः	हे स्वभुवौ	हे स्वभुवः

(११) कर्तृ (करनेवाला) (दे० अ० २२)

कर्ता	कर्तारौ	कर्तारः	प्र०
कर्तारम्	,,	कर्तॄन्	द्वि०
कर्त्रा	कर्तृभ्याम्	कर्तृभिः	तृ०
कर्त्रे	,,	कर्तृभ्यः	च०
कर्तुः	,,	,,	प०
,,	कर्त्रोः	कर्तॄणाम्	ष०
कर्तरि	,,	कर्तृषु	स०
हे कर्तः	हे कर्तारौ	हे कर्तारः	सं०

(१२) पितृ (पिता) (दे० अ० २३)

प्र०	पिता	पितरौ	पितरः
द्वि०	पितरम्	,,	पितॄन्
तृ०	पित्रा	पितृभ्याम्	पितृभिः
च०	पित्रे	,,	पितृभ्यः
प०	पितुः	,,	,,
ष०	,,	पित्रोः	पितॄणाम्
स०	पितरि	,,	पितृषु
सं०	हे पितः	हे पितरौ	हे पितरः

(१३) **नृ (मनुष्य)** (पितृवत्) (दे० अ० २३) — (१४) **गो (गाय या बैल)** पु०, स्त्री०, (दे० अ० २४)

ना	नरौ	नरः	प्र०	गौः	गावौ	गावः
नरम्	,,	नॄन्	द्वि०	गाम्	,,	गाः
न्रा	नृभ्याम्	नृभिः	तृ०	गवा	गोभ्याम्	गोभिः
न्रे	,,	नृभ्यः	च०	गवे	,,	गोभ्यः
नुः	,,	,,	प०	गोः	,,	,,
,,	न्रोः	नृणाम्	ष०	,,	गवोः	गवाम्
नरि	,,	नृषु	स०	गवि	,,	गोषु
हे नः	हे नरौ	हे नरः	स०	हे गौः	हे गावौ	हे गावः

(ख) हलन्त पुंलिंग शब्द

(१५) **पयोमुच् (बादल)** (दे० अ० २६) — (१६) **प्राञ्च् (पूर्वी)** (दे० अ० २५)

पयोमुक्	पयोमुचौ	पयोमुचः	प्र०	प्राङ्	प्राञ्चौ	प्राञ्चः
पयोमुचम्	,,	,,	द्वि०	प्राञ्चम्	,,	प्राचः
पयोमुचा	पयोमुग्भ्याम्	पयोमुग्भिः	तृ०	प्राचा	प्राग्भ्याम्	प्राग्भिः
पयोमुचे	,,	पयोमुग्भ्यः	च०	प्राचे	,,	प्राग्भ्यः
पयोमुचः	,,	,,	प०	प्राचः	,,	,,
,,	पयोमुचोः	पयोमुचाम्	ष०	,,	प्राचोः	प्राचाम्
पयोमुचि	,,	पयोमुक्षु	स०	प्राचि	,,	प्राक्षु
हे पयोमुक्	हे पयोमुचौ	हे पयोमुचः	स०	हे प्राङ्	हे प्राञ्चौ	हे प्राञ्चः

(१७) **उदञ्च् (उत्तरी)** (दे० अ० २५) — (१८) **वणिज् (बनिया)** (दे० अ० २६)

उदङ्	उदञ्चौ	उदञ्चः	प्र०	वणिक्	वणिजौ	वणिजः
उदञ्चम्	,,	उदीचः	द्वि०	वणिजम्	,,	,,
उदीचा	उदग्भ्याम्	उदग्भिः	तृ०	वणिजा	वणिग्भ्याम्	वणिग्भिः
उदीचे	,,	उदग्भ्यः	च०	वणिजे	,,	वणिग्भ्यः
उदीचः	,,	,,	प०	वणिजः	,,	,,
,,	उदीचोः	उदीचाम्	ष०	,,	वणिजोः	वणिजाम्
उदीचि	,,	उदक्षु	स०	वणिजि	,,	वणिक्षु
हे उदङ्	हे उदञ्चौ	हे उदञ्चः	स०	हे वणिक	हे वणिजौ	हे वणिजः

(१९) भूभृत् (राजा, पर्वत) (दे० अ० २७)

(२०) भगवत् (भगवान्) (दे० अ० २८)

भूभृत्				भगवत्		
भूभृत्	भूभृतौ	भूभृतः	प्र०	भगवान्	भगवन्तौ	भगवन्तः
भूभृतम्	,,	,,	द्वि०	भगवन्तम्	,,	भगवतः
भूभृता	भूभृद्भ्याम्	भूभृद्भिः	तृ०	भगवता	भगवद्भ्याम्	भगवद्भिः
भूभृते	,,	भूभृद्भ्यः	च०	भगवते	,,	भगवद्भ्यः
भूभृतः	,,	,,	प०	भगवतः	,,	,,
,,	भूभृतोः	भूभृताम्	ष०	,,	भगवतोः	भगवताम्
भूभृति	,,	भूभृत्सु	स०	भगवति	,,	भगवत्सु
हे भूभृत्	हे भूभृतौ	हे भूभृतः	सं०	हे भगवन्	हे भगवन्तौ	हे भगवन्तः

(२१) धीमत् (बुद्धिमान्) (दे० अ० २८)

(२२) महत् (महान्) (दे० अ० २९)

धीमत्				महत्		
धीमान्	धीमन्तौ	धीमन्तः	प्र०	महान्	महान्तौ	महान्तः
धीमन्तम्	,,	धीमतः	द्वि०	महान्तम्	,,	महतः
धीमता	धीमद्भ्याम्	धीमद्भिः	तृ०	महता	महद्भ्याम्	महद्भिः
धीमते	,,	धीमद्भ्यः	च०	महते	,,	महद्भ्यः
धीमतः	,,	,,	प०	महतः	,,	,,
,,	धीमतोः	धीमताम्	ष०	,,	महतोः	महताम्
धीमति	,,	धीमत्सु	स०	महति	,,	महत्सु
हे धीमन्	हे धीमन्तौ	हे धीमन्तः	सं०	हे महन्	हे महान्तौ	हे महान्तः

(२३) भवत् (आप)[1] (दे० अ० २९) (२४) पठत् (पढ़ता हुआ) (दे० अ० ३०)

भवत्				पठत्		
भवान्	भवन्तौ	भवन्तः	प्र०	पठन्	पठन्तौ	पठन्तः
भवन्तम्	,,	भवतः	द्वि०	पठन्तम्	,,	पठतः
भवता	भवद्भ्याम्	भवद्भिः	तृ०	पठता	पठद्भ्याम्	पठद्भिः
भवते	,,	भवद्भ्यः	च०	पठते	,,	पठद्भ्यः
भवतः	,,	,,	प०	पठतः	,,	,,
,,	भवतोः	भवताम्	ष०	,,	पठतोः	पठताम्
भवति	,,	भवत्सु	स०	पठति	,,	पठत्सु
हे भवन्	हे भवन्तौ	हे भवन्तः	सं०	हे पठन्	हे पठन्तौ	हे पठन्तः

सूचना—स्त्रीलिंग में भवती के रूप नदी (शब्द० ४३) के तुल्य चलेंगे।

(२५) यावत् (जितना) (दे० अ० ३०)				(२६) बुध् (विद्वान्) (दे० अ० ३१)		
यावान्	यावन्तौ	यावन्तः	प्र०	भुत्	बुधौ	बुधः
यावन्तम्	,,	यावत.	द्वि०	बुधम्	,,	,,
यावता	यावद्भ्याम्	यावद्भि	तृ०	बुधा	भुद्भ्याम्	भुद्भिः
यावते	,,	यावद्भ्यः	च०	बुधे	,,	भुद्भ्यः
यावतः	,,	,,	प०	बुध.	,,	,,
,,	यावतोः	यावताम्	ष०	,,	बुधोः	बुधाम्
यावति	,,	यावत्सु	स०	बुधि	,,	भुत्सु
हे यावत्	हे यावन्तौ	हे यावन्तः	स०	हे भुत्	हे बुधौ	हे बुधः

(२७) आत्मन् (आत्मा) (दे० अ० ३२)				(२८) राजन् (राजा) (दे० अ० ३२)		
आत्मा	आत्मानौ	आत्मानः	प्र०	राजा	राजानौ	राजानः
आत्मानम्	,,	आत्मन.	द्वि०	राजानम्	,,	राज्ञः
आत्मना	आत्मभ्याम्	आत्मभिः	तृ०	राज्ञा	राजभ्याम्	राजभिः
आत्मने	,,	आत्मभ्यः	च०	राज्ञे	,,	राजभ्यः
आत्मन.	,,	,,	प०	राज्ञ.	,,	,,
,,	आत्मनोः	आत्मनाम्	ष०	,,	राज्ञोः	राज्ञाम्
आत्मनि	,,	आत्मसु	स०	राज्ञि,राजनि	,,	राजसु
हे आत्मन्	हे आत्मानौ	हे आत्मान.	स०	हे राजन्	हे राजानौ	हे राजानः

(२९) श्वन् (कुत्ता) (दे० अ० ३३)				(३०) युवन् (युवक) (दे० अ० ३३)		
श्वा	श्वानौ	श्वान.	प्र०	युवा	युवानौ	युवानः
श्वानम्	,,	शुनः	द्वि०	युवानम्	,,	यूनः
शुना	श्वभ्याम्	श्वभिः	तृ०	यूना	युवभ्याम्	युवभिः
शुने	,,	श्वभ्यः	च०	यूने	,,	युवभ्यः
शुनः	,,	,,	पं०	यूनः	,,	,,
,,	शुनोः	शुनाम्	ष०	,,	यूनो.	यूनाम्
शुनि	,,	श्वसु	स०	यूनि	,,	युवसु
हे श्वन्	हे श्वानौ	हे श्वानः	स०	हे युवन्	हे युवानौ	हे युवानः

(३१) वृत्रहन् (इन्द्र) (दे अ ३४) **(३२) मघवन् (इन्द्र)** (दे. अ. ३४)

वृत्रहा	वृत्रहणौ	वृत्रहण.	प्र०	मघवा	मघवानौ	मघवान.
वृत्रहणम्	,,	वृत्रघ्नः	द्वि०	मघवानम्	,,	मघोन
वृत्रघ्ना	वृत्रहभ्याम्	वृत्रहभि	तृ०	मघोना	मघवभ्याम्	मघवभिः
वृत्रघ्ने	,,	वृत्रहभ्य.	च०	मघोने	,,	मघवभ्यः
वृत्रघ्नः	,,	,,	प०	मघोन	,,	,,
,,	वृत्रघ्नोः	वृत्रघ्नाम्	ष०	,,	मघोनोः	मघोनाम्
वृत्रघ्नि वृत्रहणि	,,	वृत्रहसु	स०	मघोनि	,,	मघवसु
हे वृत्रहन्	हे वृत्रहणौ	हे वृत्रहणः	स०	हे मघवन्	हे मघवानौ	हे मघवानः

—

सूचना—इसका ही मघवत् शब्द बनाकर भगवत् (शब्द० २०) के तुल्य भी रूप चलेंगे।

(३३) करिन् (हाथी) (दे० अ० ३५) **(३४) पथिन् (मार्ग)** (दे अ ३५)

करी	करिणौ	करिणः	प्र०	पन्था	पन्थानौ	पन्थानः
करिणम्	,,	,,	द्वि०	पन्थानम्	,,	पथ.
करिणा	करिभ्याम्	करिभि.	तृ०	पथा	पथिभ्याम्	पथिभिः
करिणे	,,	करिभ्य.	च०	पथे	,,	पथिभ्यः
करिणः	,,	,,	प०	पथः	,,	,,
,,	करिणो.	करिणाम्	ष०	,,	पथो'	पथाम्
करिणि	,,	करिषु	स०	पथि	,,	पथिषु
हे करिन्	हे करिणौ	हे करिणः	स०	हे पन्थाः	हे पन्थानौ	हे पन्थानः

— —

(३५) तादृश् (वैसा) (दे. अ. ३६) **(३६) विद्वस् (विद्वान्)** (दे. अ. ३७)

तादृक्	तादृशौ	तादृश	प्र०	विद्वान्	विद्वांसौ	विद्वांसः
तादृशम्	,,	,,	द्वि०	विद्वांसम्	,,	विदुषः
तादृशा	तादृग्भ्याम्	तादृग्भिः	तृ०	विदुषा	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भिः
तादृशे	,,	तादृग्भ्यः	च०	विदुषे	,,	विद्वद्भ्यः
तादृशः	,,	,,	प०	विदुषः	,,	,,
,,	तादृशोः	तादृशाम्	ष०	,,	विदुषोः	विदुषाम्
तादृशि	,,	तादृक्षु	स०	विदुषि	,,	विद्वत्सु
हे तादृक	हे तादृशौ	हे तादृशः	स०	हे विद्वन्	हे विद्वांसौ	हे विद्वांसः

(३७) पुंस् (पुरुष) (दे० अ० ३७) **(३८) चन्द्रमस् (चन्द्रमा)** (दे० अ० ३६)

पुमान्	पुमासौ	पुमास.	प्र०	चन्द्रमाः	चन्द्रमसौ	चन्द्रमस.
पुमासम्	,,	पुस.	द्वि०	चन्द्रमसम्	,,	,,
पुसा	पुभ्याम्	पुभि'	तृ०	चन्द्रमसा	चन्द्रमोभ्याम्	चन्द्रमोभिः
पुसे	,,	पुभ्यः	च०	चन्द्रमसे	,,	चन्द्रमोभ्यः
पुसः	,,	,,	प०	चन्द्रमसः	,,	,,
,,	पुसो.	पुसाम्	ष०	,,	चन्द्रमसोः	चन्द्रमसाम्
पुसि	,,	पुसु	स०	चन्द्रमसि	,,	चन्द्रमस्सु
हे पुमन्	हे पुमासौ	हे पुमासः	स०	हे चन्द्रमः	हे चन्द्रमसौ	हे चन्दमसः

—

(३९) श्रेयस् (अधिक प्रशंसनीय) (दे० अ० ३८) **(४०) अनडुह् (बैल)** (दे० अ० ३८)

श्रेयान्	श्रेयासौ	श्रेयासः	प्र०	अनड्वान्	अनड्वाहौ	अनड्वाहः
श्रेयासम्	,,	श्रेयस	द्वि०	अनड्वाहम्	,,	अनडुह.
श्रेयसा	श्रेयोभ्याम्	श्रेयोभिः	तृ०	अनडुहा	अनडुद्भ्याम्	अनडुद्भिः
श्रेयसे	,,	श्रेयोभ्यः	च०	अनडुहे	,,	अनडुद्भ्यः
श्रेयसः	,,	,,	प०	अनडुहः	,,	,,
,,	श्रेयसोः	श्रेयसाम्	ष०	,,	अनडुहोः	अनडुहाम्
श्रेयसि	,,	श्रेयस्सु	स०	अनडुहि	,,	अनडुत्सु
हे श्रेयन्	हे श्रेयासौ	हे श्रेयासः	स०	हे अनड्वन्	हे अनड्वाहौ	हे अनड्वाहः

(ग) स्त्रीलिंग शब्द

(४१) रमा (लक्ष्मी) (दे० अ० ३) **(४२) मति (बुद्धि)** (दे० अ० ३९)

रमा	रमे	रमा'	प्र०	मतिः	मती	मतयः
रमाम्	,,	,,	द्वि०	मतिम्	,,	मतीः
रमया	रमाभ्याम्	रमाभिः	तृ०	मत्या	मतिभ्याम्	मतिभिः
रमायै	,,	रमाभ्यः	च०	मत्यै, मतये	,,	मतिभ्यः
रमायाः	,,	,,	प०	मत्याः, मतेः	,,	,,
,,	रमयोः	रमाणाम्	ष०	,, ,,	मत्योः	मतीनाम्
रमायाम्	,,	रमासु	स०	मत्याम्, मतौ	,,	मतिषु
हे रमे	हे रमे	हे रमाः	सं०	हे मते	हे मती	हे मतयः

(४३) नदी (नदी) (दे० अ० ४०)

नदी	नद्यौ	नद्यः	प्र०
नदीम्	,,	नदीः	द्वि०
नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः	तृ०
नद्यै	,,	नदीभ्यः	च०
नद्याः	,,	,,	प०
,,	नद्योः	नदीनाम्	ष०
नद्याम्	,,	नदीषु	स०
हे नदि	हे नद्यौ	हे नद्यः	सं०

(४४) लक्ष्मी (लक्ष्मी) (दे० अ० ४०)

लक्ष्मी.	लक्ष्म्यौ	लक्ष्म्यः
लक्ष्मीम्	,,	लक्ष्मीः
लक्ष्म्या	लक्ष्मीभ्याम्	लक्ष्मीभिः
लक्ष्म्यै	,,	लक्ष्मीभ्यः
लक्ष्म्याः	,,	,,
,,	लक्ष्म्योः	लक्ष्मीणाम्
लक्ष्म्याम्	,,	लक्ष्मीषु
हे लक्ष्मि	हे लक्ष्म्यौ	हे लक्ष्म्यः

(४५) स्त्री (स्त्री) (दे० अ० ४१)

स्त्री	स्त्रियौ	स्त्रियः	प्र०
स्त्रियम्, स्त्रीम्	,,	,, स्त्रीः	द्वि०
स्त्रिया	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभिः	तृ०
स्त्रियै	,,	स्त्रीभ्यः	च०
स्त्रियाः	,,	,,	प०
,,	स्त्रियोः	स्त्रीणाम्	ष०
स्त्रियाम्	,,	स्त्रीषु	स०
हे स्त्रि	हे स्त्रियौ	हे स्त्रियः	सं०

(४६) श्री (लक्ष्मी) (दे० अ० ४१)

श्री.	श्रियौ	श्रियः
श्रियम्	,,	,,
श्रिया	श्रीभ्याम्	श्रीभिः
श्रियै, श्रिये	,,	श्रीभ्यः
श्रियाः, श्रियः	,,	,,
,, ,,	श्रियोः	श्रीणाम्, श्रियाम्
श्रियाम्, श्रियि	,,	श्रीषु
हे श्रीः	हे श्रियौ	हे श्रियः

(४७) धेनु (गाय) (दे० अ० ४२)

धेनुः	धेनू	धेनवः	प्र०
धेनुम्	,,	धेनूः	द्वि०
धेन्वा	धेनुभ्याम्	धेनुभिः	तृ०
धेन्वै, धेनवे	,,	धेनुभ्यः	च०
धेन्वाः, धेनोः	,,	,,	प०
,, ,,	धेन्वोः	धेनूनाम्	ष०
धेन्वाम्, धेनौ	,,	धेनुषु	स०
हे धेनो	हे धेनू	हे धेनवः	सं०

(४८) वधू (बहू) (दे० अ० ४२)

वधूः	वध्वौ	वध्वः
वधूम्	,,	वधूः
वध्वा	वधूभ्याम्	वधूभिः
वध्वै	,,	वधूभ्यः
वध्वाः	,,	,,
,,	वध्वोः	वधूनाम्
वध्वाम्	,,	वधूषु
हे वधु	हे वध्वौ	हे वध्वः

(४९) स्वसृ (बहिन) (दे० अ० ४३)

स्वसा	स्वसारौ	स्वसारः	प्र०
स्वसारम्	,,	स्वसॄः	द्वि०
स्वस्रा	स्वसृभ्याम्	स्वसृभिः	तृ०
स्वस्रे	,,	स्वसृभ्यः	च०
स्वसुः	,,	,,	प०
,,	स्वस्रोः	स्वसॄणाम्	ष०
स्वसरि	,,	स्वसृषु	स०
हे स्वसः	हे स्वसारौ	हे स्वसारः	सं०

(५०) मातृ (माता) (दे० अ० ४३)

प्र०	माता	मातरौ	मातरः
द्वि०	मातरम्	,,	मातॄः
तृ०	मात्रा	मातृभ्याम्	मातृभिः
च०	मात्रे	,,	मातृभ्यः
प०	मातुः	,,	,,
ष०	,,	मात्रोः	मातॄणाम्
स०	मातरि	,,	मातृषु
सं०	हे मातः	हे मातरौ	हे मातरः

—

(५१) नौ (नाव) (दे० अ० ४४)

नौः	नावौ	नावः	प्र०
नावम्	,,	,,	द्वि०
नावा	नौभ्याम्	नौभिः	तृ०
नावे	,,	नौभ्यः	च०
नावः	,,	,,	प०
,,	नावोः	नावाम्	ष०
नावि	,,	नौषु	स०
हे नौः	हे नावौ	हे नावः	सं०

(५२) वाच् (वाणी) (दे० अ० ४४)

प्र०	वाक्, -ग्	वाचौ	वाचः
द्वि०	वाचम्	,,	,,
तृ०	वाचा	वाग्भ्याम्	वाग्भिः
च०	वाचे	,,	वाग्भ्यः
प०	वाचः	,,	,,
ष०	,,	वाचोः	वाचाम्
स०	वाचि	,,	वाक्षु
सं०	हे वाक्, -ग्	हे वाचौ	हे वाचः

—

(५३) (स्रज्) (माला) (दे० अ० ४५)

स्रक्	स्रजौ	स्रजः	प्र०
स्रजम्	,,	,,	द्वि०
स्रजा	स्रग्भ्याम्	स्रग्भिः	तृ०
स्रजे	,,	स्रग्भ्यः	च०
स्रजः	,,	,,	प०
,,	स्रजोः	स्रजाम्	ष०
स्रजि	,,	स्रक्षु	स०
हे स्रक्	हे स्रजौ	हे स्रजः	सं०

(५४) सरित् (नदी) (दे० अ० ४५)

प्र०	सरित्	सरितौ	सरितः
द्वि०	सरितम्	,,	,,
तृ०	सरिता	सरिद्भ्याम्	सरिद्भिः
च०	सरिते	,,	सरिद्भ्यः
प०	सरितः	,,	,,
ष०	,,	सरितोः	सरिताम्
स०	सरिति	,,	सरित्सु
सं०	हे सरित्	हे सरितौ	हे सरितः

—

(५५) समिध् (समिधा) (दे० अ० ४६) **(५६) अप् (जल)** (दे० अ० ४६)

समित्	समिधौ	समिधः	प्र०	आपः
समिधम्	,,	,,	द्वि०	अपः
समिधा	समिद्भ्याम्	समिद्भिः	तृ०	अद्भिः
समिधे	,,	समिद्भ्यः	च०	अद्भ्यः
समिधः	,,	,,	प०	,,
,,	समिधोः	समिधाम्	ष०	अपाम्
समिधि	,,	समित्सु	स०	अप्सु
हे समित्	हे समिधौ	हे समिधः	स०	हे आपः

सूचना—अप् के रूप केवल बहुवचन मे ही चलते हैं।

(५७) गिर् (वाणी) (दे० अ० ४७) **(५८) पुर् (नगर)** (दे० अ० ४७)

गीः	गिरौ	गिरः	प्र०	पूः	पुरौ	पुरः
गिरम्	,,	,,	द्वि०	पुरम्	,,	,,
गिरा	गीर्भ्याम्	गीर्भिः	तृ०	पुरा	पूर्भ्याम्	पूर्भिः
उपादत्ता चेदियं साधयत्यसाध्यमपि साध्यं साधूनाम्। परहितनिरता हि साधवः पीड्यन्ते पापिष्ठैः पुरुषैः। अज्ञानसंभारसंक्षीणसद्भावा ह्यसाधवो न चिन्तयन्ति चारुचेतसां चरितानि। अपगते चाज्ञानमले त एव साधूनां सच्चरितानि चिन्तयन्ति, प्रशंसन्ति च तेषां परहितनिरतत्वम्। धृत्या आश्रयणेनैव साधवोऽसाधून् विजयन्ते। प्रोषिते हि भर्तरि वियोगदुःखविधुरा वामा न लभन्ते जातु शान्तिम्। आशैव त्रायते तासां जीवनम्। सैव साहयति गुर्वपि विरहदुःखम्। अत आह कालिदासः—गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति (शा० ४.१६)। अतिमृदुलं हि मानसं भवति मनस्विनीनाम्। आशाबन्धमन्तरेण न शक्यं ताभिर्विप्रयोगदुःखं सोढुम्। अत उच्यते—आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानां, सद्यःपाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि। (मेघ० पूर्व० ९)।

आशामवष्टभ्यैव वीतरागभयक्रोधाः संसारासारत्वोपदेशदक्षा ऋषयो मुनयश्च मुमुक्षवस्तीक्ष्णं तपस्तप्यन्ते। आशामाश्रित्यैवान्तेवासिनो महच्छ्रममनुष्ठाय परीक्षोदधिमुत्तीर्य जीवने साफल्यं भजन्ते। महाभारतयुद्धे गते भीष्मे हते द्रोणे कर्णे च देवभूमिं गते आशामाश्रित्यैव शल्यं सैनापत्येऽभ्यषेचयन् कौरवाः। अत एवोच्यते—'गते भीष्मे हते द्रोणे कर्णे च विनिपातिते। आशा बलवती राजन् शल्यो जेष्यति पाण्डवान्।' देशाभ्युदयः समाजोन्नतिश्चाशाश्रयणेनैव संभवति। भारतवर्षे विविधाः पञ्चवर्षीया योजना देशाभ्युदयस्याशयैव प्रवर्त्यन्ते। अवगम्यते एवमाशाया महत्त्वम्।

इदं चात्रावधेयम्। सूक्तं केनापि—'अति सर्वत्र वर्जयेत्'। यद्याशैवैषा तृष्णारूपेण परिणमते चेद् भवत्येषैव विपदां निदानम्। नहि शाम्यति तृष्णा, तदुपकरणानि तु शाम्यन्ति। तावत्येवाशा श्रेयस्करी सुखसाधनस्वरूपा च यावदियं नोल्लङ्घते स्वीयां मर्यादाम्। मर्यादातिक्रमे तु सर्वमेव दुःखात्मकतां भजते इत्यत्र न कस्यापि विपश्चितो विप्रतिपत्तिः। एतच्चेतसि कृत्वैव क्रियते कोविदैराशायास्तिरस्क्रिया, सन्तोषस्य च सत्क्रिया। उच्यते च—'आशा हि परमं दुःखं नैराश्यं परमं सुखम्'। न स्याज्जात्वाशाया वशंवदः, अपि त्वाशामेव वशंवदां विदधीत। आशा चेद् वशगा तर्हि सर्वोऽपि लोको वशगो भवेत्। अत उच्यते—'आशाया ये दासास्ते दासाः सर्वलोकस्य। आशा येषां दासी तेषां दासायते लोकः'। आशावशगस्य न भवति मोक्षः स्थविरत्वेऽपि। अतः साधूच्यते—'अङ्गं गलितं पलितं मुण्डं दशनविहीनं जातं तुण्डम्। वृद्धो याति गृहीत्वा दण्डं तदपि न मुञ्चत्याशा पिण्डम्'। 'कालः क्रीडति गच्छत्यायुस्तदपि न मुञ्चत्याशावायुः'। तदेवं सिध्यत्यदो यत् तृष्णात्वेन नाश्रयेदाशाम्। आशां वशगां विधाय तामाश्रित्य च साधयेत् सकलं साध्यम्।

२०. स्त्रीशिक्षाया आवश्यकतोपयोगिता च ।

शिक्षा नाम जीवने शुभाशुभावबोधनी पुण्यापुण्यविवेचनी हिताहितनिदर्शनी कृत्याकृत्यनिर्देशनी समुन्नतिसाधिकाऽवनतिनाशनी सद्भावाविर्भावयित्री दुर्भावतिरोधात्री आत्मसस्कृतिहेतुर्मनस· प्रसादयित्री, धियः परिष्कर्त्री, सयमस्य साधयित्री, दमस्य दात्री, धैर्यस्य धात्री, शीलस्य शीलयित्री, सदाचारस्य सचारयित्री, पुण्यप्रवृत्तेः प्रेरयित्री, दुष्प्रवृत्तेर्दमयित्री, समग्रसुखनिधाना, शान्तेः सरणिः, पौरुषस्य पावनी काचिदपूर्वा शक्तिरिह निखिलेऽपि भुवने । समाश्रित्यैवैता सुधियो विश्वहित देशहित समाजहित जातिहित च चिकीर्षन्ति, लोकस्य दुःखदावाग्नि सजिहीर्षन्ति, दीनानुपचिकीर्षन्ति, सद्भावानाधित्सन्ति, दुर्भावान् जिहासन्ति, सत्कर्म विधित्सन्ति, दुष्कर्म जिहीर्षन्ति, आत्मान मुमुक्षन्ते च । यथेय नराणा हितसाधयित्री सुखसाधनी च, तथैव स्त्रीणामपि कृतेऽनिवार्या सुखशान्तिसाधिका समुन्नतिमूला च । यथा च नान्तरेण शिक्षा पुरुषैरभ्युदयावाप्तिः सुलभा सुकरा च, तथैव स्त्रीणा कृतेऽपि समधिगन्तव्यम् । नरश्च नारी च द्वावेवैतौ सद्गृहस्थसुरथस्य चक्रद्वयम् । यथा चक्रेणैकेन न रथस्य गतिर्भवित्री, एव सर्वार्थसाधिनीं स्त्रियमन्तरेण न गृहस्थरथस्य प्रगतिः सुकरा । सति विदुषि नरे सहधर्मचारिणी चेत् सच्छिक्षापरिहीणा, न दाम्पत्य सुखावहम् । द्वयोरेव गुणैर्धर्मेण ज्ञानेन विद्यया शीलेन सौजन्येन च गार्हस्थ्यं सुखमावहतीत्यवगन्तव्यम् । यथा नरेण ज्ञानमन्तरा समुन्नतिर्दुर्लभा, तथैव स्त्रियाऽपि । एतर्हि पुरुषशिक्षावत् स्त्रीशिक्षाप्यनिवार्या ऽऽवश्यकी च ।

यदि विचारदृशा विमृश्यते परीक्ष्यते चेद् भूयस्यावश्यकताऽनुभूयते स्त्रीशिक्षायाः । स्त्रिय एवैता मातृशक्तेः प्रतीकभूताः । निसर्गादेवैतासु पतत्युत्तरदायित्व शिशोर्भरणस्य पोषणस्य च, गृहस्य सचालनस्य सस्थापनस्य च, गृहस्थजीवनस्य सुखस्य शान्तेश्च, परिवारप्रपुष्टेः कुटुम्बभरणस्य च, श्वशुरश्वश्वोः शुश्रूषायाः परिचर्यायाश्च, शिशोः शैशवे शिक्षणस्य प्रशिक्षणस्य च, शिशौ सत्सस्काराधानस्य सच्छीलनिधानस्य च, भर्तुः सहयोगस्य सद्भावोन्नयनस्य च, अभ्यागतसपर्याया लोकहितसम्पादनस्य च । अनासाद्य वैदुष्य न सभाव्यते स्त्रीभिः स्वीयोत्तरदायित्वपरिपालनम् । वैदुष्यलाभाय च न केवल विविधग्रन्थपरिशीलनमेव पर्याप्तम्, अपितु व्यावहारिकीणा विविधाना विद्याना विज्ञानाना च परिज्ञानमपि तेषा कृतेऽनिवार्यम् । विविधकलाकलापकौशलमवाप्यैव पार्यते दाम्पत्यजीवन मधुर सुखावहमानन्दरसावसिक्त च सम्पादयितुम् । विशदीभवत्येतस्माद् यन्मानवशिक्षणवन्नारीशिक्षाऽपि नितरामावश्यकी । ज्ञानविज्ञानकौशलमधिगच्छति चेद् द्वय्यपि नरनार्योस्तर्हि न केवल तेषामेव जीवन सुखशान्तिसमन्वित भविताऽपि तु समाजहित राष्ट्रहितं विश्वहितं च सभाव्यते तैः सम्पादयितुम् ।

ऊरीक्रियते चेत् स्त्रीशिक्षाया आवश्यकता तर्हि बह्वोऽनुयोगाः पुरतोऽवतिष्ठन्ते। तद्यथा—कि स्यात् स्त्रीशिक्षायाः स्वरूपम् ? कीदृशी शिक्षा तासा हितकरी भवितुमर्हति ? कुमाराणा कुमारीणा च सहशिक्षा श्रेयस्करी न वेति ? विषयेष्वेषु नैकमत्य मतिमताम्। कुमारीणा शिक्षा कुमाराणा शिक्षावदेव स्यात्। तत्र नोचितः कश्चन प्रतिबन्ध॰। जीवनसग्रामे साम्यमूला स्यात् तासु व्यवहृतिरित्येके आतिष्ठन्ते। अन्ये तु नरनार्योर्नैसर्गिको भेदोऽपौरुषेयः, तेषा कार्यशक्तिरसमा, तेषा व्यवहारक्षेत्र विपरीतम्, तेषा वृत्तिभेद इत्यास्थाय शिक्षायामपि वैविध्य हितकरमाकलयन्ति। उचित चैतत् प्रतिभाति। नार्यो हि मातृशक्तेः प्रतीकभूता इत्युक्तपूर्वम्। तासा कृते सैव शिक्षा श्रेयो वितनितु प्रभवति या मातृशक्तिमूलभूतान् गुणान् उन्नयेत। तासु शील सौकुमार्य सद्भाव स्नेह वात्सल्य सच्चारित्र्य द्वन्द्वसहिष्णुत्व कर्तव्यनिष्ठतामास्तिक्य चोत्पादयेत्। गुणानामेतेषामभावश्चेत् तासु, तर्हि सकलकलानिष्णातत्वमपि तासा निष्प्रयोजनम्। अतस्तादृशी शिक्षा हितकरी या सच्छीलादिगुणाधानपूर्वक तासु गृहकलावैशारद्य कर्मनिष्ठता सद्गृहिणीत्वबुद्धिमुत्पादयेत्। "स्त्रीशूद्रौ नाधीयाताम्" इत्यत्र न श्रद्दधति सुधियः साम्प्रतम्। लोकव्यवहारज्ञानविहीनाना केषामप्युक्तिरिति तेषा मतम्।

कुमाराणा कुमारीणा च सहशिक्षा-विषये वैमत्यमधुनाऽपि सलक्ष्यते विदुषाम्। शैशवे सहशिक्षा सभवति। न तत्र व्यावहारिकी क्लिष्टता। यौवनेऽपि सहशिक्षा श्रेयस्करीति न वक्तु सुकरम्। व्यवहारदशा दृश्यते चेत् समापतति यद् यौवने सहशिक्षा न तथा हितसाधनी, यथाऽहितसाधनी। अतो यावच्छक्य तावद् यौवने पृथक् शिक्षैव प्रशस्या।

सुशिक्षितैव स्त्री सद्गृहिणी सती साध्वी सत्कर्मपरायणा वशप्रतिष्ठास्वरूपा च भवितुमर्हति। सैव सद्वृत्तादिसद्गुणगणान्विता सन्तति विधातुमीष्टे। स्त्रिय एव मातृभूताः सद्वश सद्राष्ट्र च निर्मातु प्रभवन्ति। आह्निकक्रियाकलापविकलो मानवो न तथाऽपत्येषु सत्सस्काराधाने प्रभवति, यथा मातरः। अतः मातृशक्तेः शास्त्रेषु महद् गौरवमनुश्रूयते। उक्त च मनुना—'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः'। अन्यत्र चोच्यते—'मातृदेवो भव', 'सहस्र तु पितृन् माता गौरवेणातिरिच्यते', 'पितुर्दशगुण माता गौरवेणातिरिच्यते'। गृहाधिष्ठातृदेवतात्वात् सा गृहिणी, गृहस्वामिनी, गृहलक्ष्मीरित्यादिशब्दैः सस्तूयते। तत्सत्त्वादेव गृह गृहमित्युच्यते। उच्यते च—'न गृह गृहमित्याहुर्गृहिणी गृहमुच्यते'। ऋग्वेदेऽपि 'जायेदस्तम्' गृहिण्येव गृहमिति प्रतिपाद्यते। एव मातरः स्त्रियश्च सर्वत्रैव समादरमर्हन्ति। देशस्य समाजस्य च समुन्नत्यै स्त्रीशिक्षा नितरामावश्यकीत्यवगन्तव्यम्।

(९) अनुवादार्थ गद्य-संग्रह

(१) बढ़े चलो, बढ़े चलो (ऐतरेय ब्राह्मण, अ० ३३, खड ३)

हरिश्चन्द्र के पुत्र रोहित को इन्द्र ने उपदेश दिया कि—(क) हे रोहित, हमने सुना है कि कठोर परिश्रम करके थके बिना ऐश्वर्य नहीं मिलता। परावलम्बी मनुष्य पापी होता है। परमात्मा परिश्रमी का साथी होता है, अत. बढे चलो। (ख) बैठे हुए का ऐश्वर्य बैठ जाता है, उठते हुए का उठता है, सोते हुए का सोता है और चलते हुए का बढ़ता है, अत. बढे चलो। (ग) सोता हुआ कलियुग होता है, अंगड़ाई लेता हुआ द्वापर होता है, उठता हुआ त्रेता होता है और चलता हुआ सतयुग होता है, अतः बढे चलो। (घ) चलता हुआ मधु पाता है, चलता हुआ स्वादिष्ट भोगो को पाता है। सूर्य की श्रेष्ठता को देखो जो चलता हुआ कभी आलस्य नहीं करता, अतः बढे चलो।

(२) अभिमान से पतन (शतपथ ब्राह्मण, काड ५, प्र० १, ब्रा० १)

देवता और असुर दोनो प्रजापति के पुत्र हैं। दोनों में स्पर्धा हुई। तब असुरो ने दुरभिमान से सोचा कि हम किसमे हवन करें? उन्होने स्वार्थ-बुद्धि से अपने ही मुँह मे आहुति दी और अपनी ही उदरपूर्ति करते हुए विचरण करने लगे। वे दुरभिमान के कारण ही पराजित हुए। अतएव दुरभिमान न करे। दुरभिमान पतन का कारण है। देवो ने स्वार्थ-बुद्धि को छोडकर एक दूसरे के मुँह में आहुति दी और परोपकार करते हुए विचरण करने लगे। प्रजापति ने अपने आपको उन्हें समर्पण किया। उनको यज्ञ दिया। यज्ञ देवो का अन्न है।

संकेत—(१) (क) नानाश्रान्ताय श्रीरस्तीति रोहित शुश्रुम। पापो नृषद्वरो जन इन्द्र इच्चरतः सखा। चरैवेति। (ख) आस्ते भग आसीनस्योर्ध्वस्तिष्ठति तिष्ठतः। शेते निपद्यमानस्य चराति चरतो भगः। (ग) कलिः शयानो भवति सजिहानस्तु द्वापरः। उत्तिष्ठंस्त्रेता भवति कृत सपद्यते चरन्। (घ) चरन् वै मधु विन्दति चरन् स्वादुमुदुम्बरम्। सूर्यस्य पश्य श्रेमाण यो न तन्द्रयते चरन्। (२) देवाश्च वा असुराश्च। उभये प्राजापत्याः पस्पृधिरे। कस्मिन्नु वय जुहुयामेति। स्वेष्वेवास्येषु जुह्वतश्चेरुः। तेऽतिमानेनैव पराबभूवुः। तस्मान्नातिमन्येत। पराभवस्य हैतन्मुख यदभिमानः। अन्योन्यस्मिन्नेव जुह्वतश्चेरुः। तेभ्य. प्रजापतिरात्मान प्रददौ। यज्ञो हैषामास। यज्ञो हि देवानामन्नम्।

(३) याज्ञवल्क्य-मैत्रेयी-संवाद (बृहदारण्यक उप० अ० ४, ब्रा० ५)

याज्ञवल्क्य की दो पत्नियाँ थी, मैत्रेयी और कात्यायनी। मैत्रेयी ब्रह्मवादिनी थी और कात्यायनी सामान्य स्त्री-बुद्धिवाली। याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी से कहा—मैं संन्यास लेना चाहता हूँ और तुम्हे कुछ बताना चाहता हूँ। मैत्रेयी ने कहा—यदि यह सारी पृथिवी धन से पूर्ण हो जाए तो क्या मैं अमर हो जाऊँगी? याज्ञवल्क्य ने कहा—नही, नहीं। जैसा अन्य सासारिक लोगो का जीवन है, वैसा ही तुम्हारा जीवन होगा। धन से अमरत्व की कोई आशा नही है। मैत्रेयी ने कहा—जिससे मै अमर नही हो सकती, उसको लेकर क्या करूँगी। जिससे अमरत्व प्राप्त हो, वह बात मुझे बताइए। याज्ञवल्क्य ने कहा—पति, स्त्री, पुत्र, धन, पशु, ब्राह्मण, क्षत्रिय, जनता, देवता, वेद और प्राणियो के हित के लिए ये प्रत्येक वस्तुएँ प्रिय नही होती है, अपितु अपनी आत्मा की भलाई के लिए ये वस्तुएँ प्रिय होती है। अतः आत्मा को देखो, सुनो, मनन और चिन्तन करो। आत्मा के देखने, सुनने, मनन और जानने पर सब कुछ ज्ञात हो जाता है।

(४) सत्य को जानो और अपनाओ (छान्दोग्य उप० अध्याय ७)

सत्य को जानना चाहिए। मनुष्य जब वस्तु-स्वरूप को जानता है, तभी सत्य बोलता है। बिना जाने सत्य नहीं बोलता, जानते हुए ही सत्य बोलता है, अतः ज्ञान और विज्ञान को जानना चाहिए। मनुष्य जब मनन करता है, तभी जानता है। बिना मनन किए नही जानता, मनन करने से जानता है, अतः मनन करना चाहिए। मनुष्य को जब किसी वस्तु पर श्रद्धा होती है, तभी मनन करता है। बिना श्रद्धा के मनन नहीं करता, श्रद्धा होने पर मनन करता है, अतः श्रद्धा को जानना चाहिए। मनुष्य मे जब निष्ठा होती है, तभी किसी वस्तु पर श्रद्धा करता है। बिना निष्ठा के श्रद्धा नहीं होती। मनुष्य जब कर्म करता है, तभी किसी कार्य में उसकी निष्ठा होती है। बिना कर्म किए निष्ठा नहीं होती। मनुष्य को जब किसी कार्य से सुख मिलता है, तभी वह उस काम को करता है। दुःख मिलने पर उस कार्य को नहीं करता। अतः जानना चाहिए कि सुख क्या है? जो महान् है, वह सुख है, थोड़े मे सुख नही होता। ब्रह्म महान् है, वह सुखरूप है, उसे जानो।

संकेत—(३) प्रव्रजिष्यन् अस्मि। स्या न्वह तेनामृता। अमृतत्वस्य तु नाशाऽस्ति वित्तेन। कामाय। आत्मनस्तु कामाय। आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः। आत्मनि दृष्टे श्रुते मते विज्ञाते इद सर्वं विदितम्। (४) सत्य त्वेव विजिज्ञासितव्यम्। यदा वै विजानात्यथ सत्य वदति, अविजानन्। यदा वै मनुतेऽथ विजानाति, अमत्वा। यदा वै श्रद्दधात्यथ मनुते, अश्रद्दधन्, श्रद्दधत्। यदा वै निस्तिष्ठत्यथ श्रद्दधाति। अनिस्तिष्ठन्। नाकृत्वा निस्तिष्ठति। नासुख लब्ध्वा करोति। यो वै भूमा तत्सुख नाल्पे सुखमस्ति।

(५) जगत्कर्ता ब्रह्म (ब्रह्मसूत्र, शाकरभाष्य २.१ २४)

चेतन ब्रह्म एक और अद्वितीय जगत् का कारण है, यह आपका कथन ठीक नहीं है, क्योकि संसार मे सर्वत्र साधन-समूह के सग्रह से कार्य की सत्ता दृष्टिगोचर होती है। घट पट आदि के बनानेवाले कुम्हार आदि मिट्टी, चाक, डडा, धागा आदि अनेक साधनो को लेकर घटादि को बनाते है। ब्रह्म असहाय है, अतः वह अन्य साधनों के अभाव मे कैसे ससारको बना सकता है? इससे सिद्ध होता है कि ब्रह्म जगत् का कर्ता नही है। आपकी पूर्वोक्त युक्ति युक्तियुक्त नही है। द्रव्य के विशिष्ट स्वभाव के कारण ऐसा हो सकता है। जैसे दूध दही के रूप में परिणत होता है और जल बर्फ के रूप में। उसी प्रकार ब्रह्म जगत् के रूप मे परिणत होता है। उष्णता आदि दूध से दही बनने मे सहायकमात्र होते है। दूध से ही दही बनेगी, जल से ही बर्फ, अन्य वस्तु से नहीं। इससे ज्ञात होता है कि वस्तु-विशेष से ही वस्तु-विशेष बनती है। अन्य वस्तुएँ उसमे सहायकमात्र होती है। ब्रह्म सर्वसाधन-सम्पूर्ण है, अत' विचित्र शक्तियो के योग से एक ब्रह्म से ही विचित्र परिणाम-युक्त यह जगत् उत्पन्न होता है।

(६) सांख्य-दर्शन

इस दर्शन के सस्थापक कपिल मुनि माने जाते हैं। इस दर्शन के अनुसार व्यक्त (प्रकट जगत्), अव्यक्त (मूल प्रकृति) और ज्ञ (पुरुष) के ज्ञान से सासारिक दुःखो की समाप्ति होती है। इस दर्शन के अनुसार प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द ये तीन प्रमाण हैं। इस ससार मे प्रकृति और पुरुष ये दोनो स्वतन्त्र और अविनाशी सत्ताएँ हैं। प्रकृति मे तीन गुण है—सत्त्व, रजस् और तमस्। इनकी साम्यावस्था का नाम प्रकृति है। जब इस त्रिगुण की साम्यावस्था मे अन्तर पडता है, तब सृष्टि का प्रारम्भ होता है। प्रकृति से महत् या बुद्धि उत्पन्न होती है। महत् से अहकार और अहकार से ११ इन्द्रियॉ अर्थात् ५ ज्ञानेन्द्रियॉ, ५ कर्मेन्द्रियॉ और मन तथा ५ तन्मात्राएँ (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध) उत्पन्न होती हैं। ५ तन्मात्राओ से ५ स्थूल भूत उत्पन्न होते है। कार्य के विषय मे इस दर्शन का मत है कि कार्य कारण मे सदा अव्यक्त रूप मे विद्यमान रहता है। इस सिद्धान्त को सत्कार्यवाद कहते है। कारण कार्य के रूप में प्रकट होता है। कारण का कार्यरूप मे तात्त्विक विकार होता है। इस सिद्धान्त को परिणामवाद कहते है।

संकेत—(५) इति यदुक्त तन्नोपपद्यते, कस्मादुपसहारदर्शनात्। चक्रम्। साधनान्तरानुपसग्रहे। द्रव्यस्वभावविशेषादुपपद्यते। दधिरूपेण परिणमते, हिमरूपेण। योगात्। (६) व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात्। सत्ताद्वयी वर्तते। सत्त्व रजस्तम इति। पच तन्मात्राः।

(७) महाभाष्य-नवनीत (महाभाष्य, नवाह्निक आ० १, २)

(क) जिसके उच्चारण करने से तत्तद्गुणादिविशिष्ट वस्तु का बोध हो, उसे शब्द कहते हैं। (ख) रक्षा, ऊह (तर्क), आगम, लघुत्व और असन्देह, ये व्याकरणाध्ययन के प्रयोजन है। वेदो की रक्षा के लिए व्याकरण पढना चाहिए। वेद के मन्त्रो मे यथास्थान विभक्ति आदि के परिवर्तनार्थ व्याकरण पढना चाहिए। यह परम्परागत आदेश भी है कि—ब्राह्मण को नि स्वार्थभाव से धर्म-स्वरूप षडङ्ग वेद पढना और जानना चाहिए। व्याकरण के द्वारा ही अत्यन्त लघु उपाय से शब्दज्ञान हो सकता है। व्याकरण के द्वारा शब्दार्थज्ञान मे सन्देह नही रहता कि इस शब्द का वास्तविक अर्थ क्या है। (ग) चार प्रकार से विद्या का उपयोग होता है—विद्याभ्यासकाल के द्वारा, स्वाध्याय-काल के द्वारा, प्रवचनकाल के द्वारा और व्यवहारकाल के द्वारा। (घ) द्रव्य नित्य है, आकृति अनित्य है। यह कैसे ज्ञात होता है ? ससार मे ऐसा देखा जाता है कि मिट्टी एक आकृति से युक्त होकर पिण्ड होती है। उसको बिगाड़कर घडे आदि बनाए जाते हैं। इसी प्रकार सोने की बनी वस्तु की एक आकृति को बिगाडकर अनेक आभूषण बनाये जाते है। आकृति बार-बार बदलती जाती है, किन्तु द्रव्य वही रहता है। आकृति के नष्ट होने पर द्रव्य ही शेष रहता है। अथवा आकृति भी नित्य है, क्योकि वस्तु की कोई न कोई आकृति शेष रहती ही है। (ङ) चार प्रकार के शब्द होते है—जातिवाचक, गुणवाचक, क्रियावाचक और यदृच्छा शब्द।

(८) वाक्यपदीय-सुभाषित (वाक्यपदीय काड १ और २)

(क) संसार मे ऐसा कोई ज्ञान नही है जो शब्दज्ञान के बिना हो। सारा ज्ञान शब्द से मिश्रित होकर ही प्रकाशित होता है। (ख) शब्द और अर्थ ये दोनों एक ही आत्मा के अपृथक् रहनेवाले भेद है। (ग) अनेकार्थक शब्दों के अर्थों का निर्णय इन साधनो से होता है—संयोग, वियोग, साहचर्य, विरोध, प्रयोजन, कारण, चिह्न-विशेष, अन्य शब्दो का सांनिध्य, सामर्थ्य, औचित्य, देश, काल, लिग-विशेष, स्वर आदि।

संकेत— (७) (ख) रक्षोहागमलध्वसन्देहा प्रयोजनम्। आगमः खल्वपि-ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च। (ग) चतुर्भिः प्रकारैर्विद्योपयुक्ता भवति—आगमकालेन, स्वाध्यायकालेन, प्रवचनकालेन, व्यवहारकालेनेति। (घ) द्रव्य हि नित्यम्, आकृतिरनित्या। कथ ज्ञायते ? पिण्ड॰। उपमृद्य। क्रियन्ते। आकृतिरन्या चान्या च भवति। आकृत्युपमर्देन। अथवा नित्याऽऽकृतिः। (ङ) चतुष्टयी शब्दाना प्रवृत्तिः—जातिशब्दा गुणशब्दाः क्रियाशब्दा यदृच्छाशब्दाः। (८) (क) न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते। अनुविद्धमिव ज्ञान सर्व शब्देन भासते। (ख) एकस्यैवात्मनो भेदौ शब्दार्थावपृथक्स्थितौ। (ग) सयोगो विप्रयोगश्च साहचर्यं विरोधिता। अर्थः प्रकरण लिङ्गं शब्दस्यान्यस्य सनिधि। सामर्थ्यमौचिती देशः कालो व्यक्तिः स्वरादयः। शब्दार्थस्यानवच्छेदे विशेषस्मृतिहेतव॰॥

(९) पम्पासर-वर्णन (वा० रामायण, किष्किन्धा० सर्ग १)

हे लक्ष्मण ! यह पम्पा पन्ने के तुल्य स्वच्छ जल से युक्त है। चारो ओर कमल खिले है और अनेको वृक्षो से शोभित है। पम्पा का वन भी दर्शनीय है। यहाँ ऊँचे ऊँचे वृक्ष शिखरयुक्त पर्वतो के तुल्य प्रतीत होते है। यह कमलो से व्याप्त है और दर्शनीय है। वृक्षो की चोटिया फूलो के बोझ से लदी हुई है और वृक्ष पुष्पित लताओ से आश्लिष्ट है। वन पुष्पित वृक्षो से युक्त है और वृक्ष फूलो की वर्षा इसी प्रकार कर रहे है जैसे बादल जल की वर्षा करते है। पत्थरो पर उगे हुए अनेको वनवृक्ष हवा से कम्पित होकर पृथ्वी पर फूलो की वर्षा कर रहे है। वायु गिरे हुए, गिरनेवाले और वृक्षो पर लगे हुए फूलो के साथ क्रीडा सी कर रही है। पर्वत की कन्दराओ से निकली हुई वायु वृक्षो को नचाती हुई सी, मत्त कोकिलो की ध्वनि से गान सी कर रही है। सुगन्धित कमल जल मे तरुण सूर्य के तुल्य चमक रहे है। वायु एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष पर और एक पर्वत से दूसरे पर्वत पर घूमती हुई अनेको रसो का आस्वादन करके आनन्दित सी घूम रही है। भौरा फूलो का रसास्वादन कर प्रेममत्त हो फूलो मे ही लीन है। भौरो की ध्वनि से युक्त वृक्ष एक दूसरे को बुलाते हुए से प्रतीत होते है।

(१०) नलोपाख्यान (महाभारत, वनपर्व)

राजा नल वीरसेन का सुपुत्र था और निषध देश का राजा था। वह सुन्दर, सुशील, वीर, योद्धा, वेद-शास्त्रज्ञ, अश्वविद्या-विशेषज्ञ और पाकशास्त्र-प्रवीण था। उसके राज्य के समीप ही विदर्भ का राज्य था। वहाँ राजा भीमसेन राज्य करता था। उसकी पुत्री दमयन्ती सर्वगुणो से युक्त और सर्वसुन्दरी थी। चारणो ने एक दूसरे के समक्ष दोनो की प्रशसा की। फलस्वरूप नल और दमयन्ती एक दूसरे को बिना देखे ही प्रेम करने लगे। एक दिन उद्यान मे भ्रमण करते समय नल ने एक सुनहरी हस देखा। उसने उस हस को पकड लिया। हस की प्रार्थना पर नल ने उसे छोड दिया। हस ने निवेदन किया कि मै आपकी एक उत्तम सेवा करूँगा। हस उडकर विदर्भ पहुँचा और वहाँ उसने दमयन्ती के समक्ष नलके गुणो की प्रशसा की। दमयन्ती ने नल से विवाह का निश्चय किया। हस ने सारी सूचना नल को दी। दमयन्ती के विवाहार्थ स्वयवर का आयोजन हुआ। सभी राजा और राजकुमार स्वयवर मे पहुँचे। इन्द्र, अग्नि, वरुण और यम भी स्वयवर मे आए। दिक्पालो ने नल के द्वारा प्रयत्न किया कि दमयन्ती उनमे से एक को छाँट ले। परन्तु दमयन्ती ने ऐसा करना स्वीकार नही किया। स्वयवर मे उसने नल को ही पति चुना। चारो दिक्पालो ने उसके हृदय की पवित्रता देखकर उसे वर दिए।

संकेतः—(९) वैदूर्यविमलोदका। उत्तुङ्गाः। शिखराणि, पुष्पभारसमृद्धानि, उपगूढानि। पुष्पवर्षाणि। उद्भूताः, पुष्पैरवकिरन्ति गाम्। पतितैः, पतमानैः, पादपस्थैः। नर्तयन्निव, गायतीव। सूर्यवत् प्रकाशन्ते। पादपाद् पादप, गच्छन्, आस्वाद्य, वाति। आह्वयन्त इव भान्ति। (१०) जातरूपच्छदम्। वृणुयात्।

(११) आचार-शिक्षा (चरकसंहिता)

जो अपना हित चाहता है, वह सदाचार का पालन करे। इससे दो लाभ होते है—आरोग्य और जितेन्द्रियता। देवता, ब्राह्मण, गुरुओ, वृद्धो और आचार्य की पूजा करे। सुन्दर वेश रक्खे, बालो को ठीक सँवारे, प्रसन्नमुख रहे, समय पर हितकर स्वल्प और मधुर बात कहे। इन्द्रियो को वश मे रक्खे, धर्मात्मा निर्भीक आस्तिक बुद्धिमान् उत्साही और क्षमाशील हो। असत्य न बोले। पर-धन को न ले। झगडा पसन्द न करे, पाप न करे। दूसरे के दोषो को न कहे। दूसरो की गुप्त बात न बतावे। अधार्मिको के साथ न बैठे। बहुत जोर से न हँसे। नाक न खोदे, दाँत न कटकटावे, भूमि न कुरेदे, तिनका न तोडे। न अधिक जागे, न अधिक सोवे और न अधिक खावे पीए। श्रेष्ठ लोगो से विरोध न करे। रात मे दही न खावे। स्त्रियो का अपमान न करे। सज्जनो और गुरुओ की निन्दा न करे। अपनी प्रतिज्ञा को न तोडे। अपने समय को नष्ट न करे। अपने नियम को न तोडे। लोभी और मूर्खों से मित्रता न करे। गुप्त बात प्रकट न करे। किसी का अपमान न करे। अभिमान न करे। समय को हाथ से न जाने दे। शोक के वश में न हो। धैर्य और पराक्रम को न छोडे।

(१२) कालमृत्यु और अकालमृत्यु (चरकसंहिता)

कालमृत्यु और अकालमृत्यु कैसे होती है? भगवान् आत्रेय ने अग्निवेश से कहा कि—जैसे रथ की धुरी अपनी विशेषताओ से युक्त होती है और वह उत्तम तथा सर्वगुणसम्पन्न होने पर भी चलते-चलते समयानुसार अपनी शक्ति के क्षीण हो जाने से नष्ट हो जाती है, उसी प्रकार बलवान् मनुष्य के शरीर मे आयु स्वभावतः धीरे-धीरे उपयोग मे आने पर अपनी शक्ति के क्षीण होने पर नष्ट हो जाती है। जैसे वही धुरी बहुत बोझ लदने से, ऊँचे नीचे मार्ग पर चलने से, पहिए के टूटने से, कील निकल जाने से, तेल न देने से, बीच मे ही टूट जाती है, उसी प्रकार शक्ति से अधिक काम करने से, उचित रूपसे भोजन न करने से, हानिकारक भोजन खाने से, इन्द्रियो के असयम से, कुसगति से, विषादि के खाने से और अनशन आदि से बीच मे ही आयु समाप्त हो जाती है। इसको अकालमृत्यु कहते है। इसी प्रकार रोगो की ठीक चिकित्सा न होने से भी अकालमृत्यु होती है।

संकेत—(११) आत्महित चिकीर्षता सद्वृत्तमनुष्ठेयम्। प्रसाधितकेशः स्यात्। काले हितमितमधुरार्थवादी स्यात्। न वैर रोचयेत्। नान्यरहस्यमागमयेत्। कुष्णीयात्, विघट्टयेत्, विलिखेत्, छिन्द्यात्। न विरुध्येत। न स्त्रियमवजानीत। न परिवदेत्, न गुह्य विवृणुयात्। न कार्यकालमतिपातयेत्। जह्यात्। (१२) अक्षः, यथाकालम्, स्वशक्तिक्षयात्। अतिभाराधिष्ठितत्वात्, विषमपथात्, चक्रभङ्गात्, कीलमोक्षात्, तैलादानात्, अन्तरा व्यसनमाप्नुते। अयथाबलमारम्भात्। मिथ्योपचारात्।

(१३) सन्ध्यावर्णन (सुबन्धुकृत वासवदत्ता)

इसके बाद सूर्य अस्ताभिमुख हुआ। वह अस्ताचलरूपी कल्पवृक्ष के फूल के गुच्छे के समान सुन्दर प्रतीत हो रहा था। वह सिन्दूर-पंक्ति से शोभित ऐरावत के गण्ड-स्थल की शोभा धारण किए हुए था। वह आकाशरूपी लक्ष्मी के विकसित पुष्पस्तबक के तुल्य, आकाशरूपी अशोक वृक्ष के गुलदस्ते के तुल्य और पश्चिम दिशारूपी अगना के स्वर्ण-दर्पण के तुल्य प्रतीत होता था। इस प्रकार विद्रुमलता-तुल्य आकृति-युक्त भगवान् सूर्य पश्चिम समुद्र के जल मे मग्न हो गए। वृक्षो की चोटियो पर चिड़ियाँ शब्द करने लगीं, कौवे अपने घोसलों की ओर जाने लगे, वासगृहो मे अगर की धूप-बत्तियाँ जलने लगी, वृद्धाएँ लोरियाँ गाकर और थपथपाकर बच्चो को सुलाने लगीं, सज्जनवृन्द सन्ध्या-वन्दन करने लगे, कपि-वृन्द उद्यान-वृक्षो पर आश्रय लेने लगे, जीर्ण वृक्षो के कोटरो से उल्लू निकलने लगे, अन्धकार को भगाने के लिए दीपशिखाएँ चमकने लगी। उस समय पश्चिम समुद्र की विद्रुम-लता के तुल्य, आकाशरूपी सरोवर की रक्त-कमलिनी के तुल्य, कामदेव के रथ की स्वर्णपताका के तुल्य, आकाशरूपी महल की लाल पताका के तुल्य, पीले तारों से युक्त सन्ध्या दिखाई पड़ी।

(१४) वर्षावर्णन (सुबन्धुकृत वासवदत्ता)

कुछ समय बाद वर्षा ऋतु आई, उस समय आकाशरूपी सरोवर मे कामदेव की स्वर्ण और रत्न-जटित नौका की तरह, आकाशरूपी महल के मुख्यद्वार की रत्न-माला के तुल्य, आकाशरूपी कल्पवृक्ष की सुन्दर कली के तुल्य, कामदेव की रत्न-जटित क्रीडायष्टि के तुल्य, इन्द्रधनुषरूपी लता शोभित हुई। क्यारीरूपी खानो मे उछलते हुए पीले हरे मेढकरूपी मोहरो से मानो वर्षा ऋतु बिजली के साथ शतरज खेल रहा था। बादलरूपी लकडी पर बिजलीरूपी आरे के चलने से गिरते हुए बुरादे के तुल्य बूँदें शोभित हो रही थी। दिग्वधुओं के टूटे हुए हार के मोतियो के तुल्य ओले शोभित हो रहे थे।

संकेत—(१३) अस्तगिरिमन्दारस्तबकसुन्दरः, बिभ्राणः, नभःश्रियः, गगनाशोकतरोः, पुष्पगुच्छ इव, दिनमणिरपराकूपारपयसि ममज्ज, कलविङ्ककुलकलकलवाचालशिखरेषु शिखरिषु, ध्वाक्षेषु, अगुरुधूपपरिमलोद्गारेषु, आलोलिकाभिरतिलघुकरताडनैः शिशयिषमाणे शिशुजने, निर्जिगमिषति, स्फुरन्तीषु, गगनहर्म्यस्य, कपिलतारका। (१४) कनकरत्ननौकेव, नभःसौधतोरणरत्नमालिकेव, कलिकेव, रत्नमयी, इन्द्रधनुर्लता, केदारिकाकोष्ठिकासु समुत्पतद्भिः पीतहरितैर्दर्दुरैर्नयद्यूतैरिव चिक्रीड विद्युता सम घनकालः। जलददारुणि तडिल्लताकरपत्रदारिते, चूर्णनिकरा इव, जलकणाः। विच्छिन्नदिग्वधूहारमुक्तानिकरा इव करकाः।

(१५) धर्म त्रिवर्ग का सार (दशकुमारचरित, उत्तरपीठिका, उ० २)

धर्म के बिना अर्थ और काम की उत्पत्ति ही नहीं हो पाती। इसलिए कहा जा सकता है कि धर्म काम और अर्थ की अपेक्षा नही करता। यह धर्म ही मोक्ष-सुख की उत्पत्ति का मूल कारण है और चित्त की एकाग्रतामात्र से यह सिद्ध हो जाता है। धर्म अर्थ और काम की तरह बाह्य साधनो के अधीन नही रहता। तत्त्वज्ञान से उत्कर्ष को प्राप्त धर्म किसी भी प्रकार से अनुष्ठित अर्थ और काम से बाधित नही होता। यदि अर्थ और काम से बाधित भी हो जाए तो थोडे से प्रयत्न से ठीक होकर उस दोष को नष्ट करके महान् कल्याण का साधन बन जाता है। धर्म से पवित्र मन मे रजोगुण का समावेश उसी प्रकार नही होता जैसे आकाश मे धूल नही रुकती। अतः मेरा विश्वास है कि अर्थ और काम धर्म की सौवी कला को भी नही पहुँच सकते।

(१६) राजनीति के मूल-तत्त्व (दशकुमार०, उत्तर०, उच्छ्वास ८)

राज्य तीन शक्तियों के अधीन होता है। वे तीन शक्तियॉ है—मन्त्र, प्रभाव और उत्साह। ये तीनों परस्पर एक दूसरे से सम्बद्ध होकर कार्य-साधन करती है। मन्त्र से कर्तव्य-कर्म का ज्ञान होता है। प्रभाव अर्थात् प्रभुशक्ति से कार्य मे प्रवृत्ति होती है और उत्साह-शक्ति से कार्यसिद्धि होती है। सहाय, साधन, उपाय, देश-काल का विभाग और विपत्ति का प्रतीकार ये पॉच अग कहे जाते हैं। ये ही पॉच अग नीतिरूपी वृक्ष के मूल है। कोष और दण्ड का प्रभाव उक्त वृक्ष का स्कन्ध है। कर्तव्य अर्थ के लिए स्थिर प्रयत्न को उत्साह कहते हैं। साम, दान, दण्ड और भेद ये चारो गुण उसकी शाखाएँ है। स्वामी, अमात्य, सुहृद्, कोष, राष्ट्र, दुर्ग, सेना और पुरवासी, इन आठ राज्य के अगो के भेद और प्रभेद से नीति-वृक्ष के ७२ पत्ते होते हैं। सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैध और समाश्रय ये ही नीतिवृक्ष के किसलय है। मन्त्र, प्रभाव, उत्साह और इनकी सिद्धियॉ इसके पुष्प और फल है। यह नीतिरूपी वृक्ष राजा का बराबर उपकार करता रहता है। इसकी रक्षा के लिऐ अनेको सहायको की आवश्यकता होती है, अतः सहायकों से हीन के द्वारा इसकी रक्षा नही हो सकती।

संकेतः—(१५) निवृत्तिसुखप्रसूतिहेतुः, आत्मसमाधानमात्रसाध्यश्च। तत्त्वदर्शनोपबृंहित., न बाध्यते। अल्पायासप्रतिसमाहित', श्रेयसेऽनल्पाय कल्पते। मन्ये, शततमीमपि कला न स्पृशतः। (१६) राज्य नाम शक्तित्रयायत्तम्। एते परस्परानुगृहीताः कृत्येषु क्रमन्ते। मन्त्रेण विनिश्चयोऽर्थानाम्। असहायेन दुरुपजीव्यः।

(१७) जाबाल्याश्रम-वर्णन (कादम्बरी, पूर्वभाग)

मैने जाबालि का पवित्र आश्रम देखा। जहाँ पर निरन्तर यज्ञ हो रहा है, छात्र-वृन्द अध्ययन मे लगे हुए हैं, अनेको तोते और मैना वेद का पाठ कर रहे हैं, देवो और पितरो की पूजा की जा रही है, अतिथियों की सेवा हो रही है, यज्ञ-विद्या की व्याख्या हो रही है, धर्मशास्त्रो की आलोचना हो रही है, अनेको धार्मिक पुस्तके बॉची जा रही हैं, समस्त शास्त्रो के अर्थो पर विचार हो रहा है, यति-लोग ध्यान लगा रहे है, मन्त्रो की साधना कर रहे है, योग का अभ्यास कर रहे है। यहॉ न कलिकाल है, न असत्य है, न काम-विकार है। यह त्रिलोक से वन्दित है, गायो से अधिष्ठित है, नदी स्रोत और प्रपातो से युक्त है, पवित्र है, उपद्रव रहित है, घने वृक्षो से अन्धकारित है, ब्रह्मलोक के तुल्य अति रमणीय है। यहाँ मलिनता हवि-धूम मे है, चरित्र मे नही। मुख की लालिमा तोतों मे है, क्रोध मे नही। तीक्ष्णता कुशाग्रो मे है, स्वभाव मे नहीं। चचलता कदली दलो मे है, मनो मे नहीं। अग्नि-प्रदक्षिणा मे भ्रमण (भ्रान्ति) है, शास्त्रो के विषय मे भ्रान्ति नही। मुख-विकार वृद्धावस्था के कारण है, धन के अभिमान से नहीं।

(१८) सन्ध्या-वर्णन (कादम्बरी, पूर्वभाग)

इस समय दिन ढलने लगा। स्नान करके निकले हुए मुनियो ने पूजा करते हुए जो लाल चन्दन का अगराग पृथ्वी पर दिया, मानो सूर्य ने वस्तुतः उसे धारण कर लिया। धूप का पान करनेवाले ऋषियों ने मानो सूर्य की उष्णता पी ली, अतएव सूर्य निस्तेज हो गया। सूर्य की किरणे और पक्षि-गण पृथ्वी और कमलवनो को छोडकर अब पर्वतशिखरो और तरुशिखरो पर पहुँच गए। सूर्य के अस्त होने पर मूँगों की लता के तुल्य लाल सन्ध्या दिखाई पडी। दिनभर कहीं घूमकर मानो अब दिनान्त के समय लाल तारो से युक्त सन्ध्या लौटकर आई है। अब कमलिनी सूर्यरूपी पति से मिलन के लिए मानो व्रत कर रही है। पश्चिम समुद्र के जल मे सूर्य के वेग से गिरने से जो छीटे ऊपर उठे है, वही मानो तारागण के रूप मे आकाश मे शोभित हो रहे है। सिद्ध-कन्याओ के द्वारा पूजार्थ डाले हुए पुष्पो के तुल्य तारो से युक्त आकाश दिखाई पड़ने लगा। क्रमशः चन्द्रमा उदित हुआ। चन्द्रमा के अन्दर विद्यमान कलक ऐसा ही प्रतीत हुआ मानो चन्द्रमारूपी तालाब में चाँदनीरूपी जल के पान के लोभ से आया हुआ और अमृतरूपी कीचड मे फँस जाने से निश्चल मृग हो।

संकेत—(१७) अनवरतप्रवृत्ताध्वरम्, अध्ययनमुखरवटुजनम्, अनेक शुक-सारिकोद्घुष्यमाणसुब्रह्मण्यम्, पूज्यमान०, उपचर्यमाण०, व्याख्यायमान०, आबध्यमान-ध्यानम्। यत्र मलिनता हविर्धूमेषु न चरितेषु। मुखरागः शुकेषु न कोपेषु। जरया न धनाभिमानेन। (१८) परिणतो दिवसः, उदवहत्, ऊष्मपैः, स्थितिमकुर्वत। विद्रुमलतेव पाटला। विहृत्य। लोहिततारका। परावर्तिष्ट। दिनपतिसमागमव्रतमिवाचरत्। अम्भः-सीकरनिकरम्। अलक्ष्यत। हिमकरसरसि चन्द्रिकाजलपानलोभादवतीर्णः, अमृतपङ्कलग्नः।

(१९) उज्जयिनी-वर्णन (कादम्बरी, पूर्वभाग)

राजा तारापीड की उज्जैन नामक राजधानी थी। वह समस्त त्रिभुवन की तिलकरूपी थी। वह गहरी खाई से घिरी हुई थी, सफेदी पुते हुए परकोटे से परिवेष्टित थी, बडी-बडी बाजार की सडको से शोभित थी, चौराहो पर बने हुए देवमन्दिरो से अलकृत थी, वेद-ध्वनियो से निष्पाप थी, असख्यो तालाबो से युक्त थी। वहाँ पर लोग वीर, विनयी, सत्यवादी, सुन्दर, धर्मतत्पर, महापराक्रमी, समस्त ज्ञान विज्ञान-वेत्ता, दानी, चतुर, मधुरभाषी, प्रसन्नमुख, स्वच्छवेषधारी, सभी भाषाओ के ज्ञाता, सभी लिपियो के वेत्ता, शान्त और सरल हृदय थे। उस नगरी मे मणिद्वीपो मे ही अनिर्वाण था, चकवा-चकवी के जोडे में ही वियोग होता था, सोने की ही वर्ण-परीक्षा होती थी, ध्वजाओ मे ही अस्थिरता थी, कुमुदो मे ही मित्रद्वेष (सूर्यद्वेष) था, अन्यत्र नहीं।

(२०) शुकनासोपदेश (कादम्बरी, पूर्वभाग)

जन्मसिद्ध प्रभुत्व, नव यौवन, अनुपम सौन्दर्य और असाधारण शक्ति, ये चारो महान् अनर्थ के कारण हैं। इनमे से एक एक भी सभी अविनयो के कारण है, सभी एकत्र हो तो कहना ही क्या। यौवन के आरम्भ मे प्राय॰ शास्त्ररूपी जल से धोने से निर्मल भी बुद्धि कलुषित हो जाती है। विषय-भोगरूपी मृगतृष्णा इन्द्रियरूपी मृगो को हरनेवाली है और भयंकर दुष्परिणामवाली है। निर्मल मन मे उपदेश की बातें उसी प्रकार सरलता से प्रविष्ट हो जाती हैं, जैसे स्फटिक मणि मे चन्द्रमा की किरणें। गुरुजनो का उपदेश मनुष्यो के समस्त मलो को धोने मे समर्थ बिना जल का स्नान है, बालो की सफेदी आदि विरूपता को न करनेवाला वृद्धत्व है, चर्बी आदि को न बढानेवाला गौरव है, असाधारण तेजवाला प्रकाश है। लक्ष्मी को ही देखो। यह मिलने पर भी बडे कष्ट से सुरक्षित होती है। गुणरूपी पाशो के बन्धन से निश्चेष्ट बनाने पर भी नष्ट हो जाती है। यह न परिचय को मानती है, न कुलीनता को देखती है, न सौन्दर्य को देखती है, न कुलपरम्परा को मानती है, न शील को देखती है, न चतुरता को कुछ गिनती है, न त्याग का आदर करती है, न विशेषज्ञता का विचार करती है, न सत्य को कुछ समझती है और न आचार का ही पालन करती है। इसको पाकर लोग सभी अविनयो के स्थान हो जाते हैं। वे न देवताओ को प्रणाम करते है, न माननीयों का मान करते है, न गुरुओ का सत्कार करते है।

संकेत—(१९) ललामभूता, गभीरेण परिखावलयेन परिवृता, सुधासितेन प्राकारमण्डलेन, महाविपणिपथैः, शृङ्गाटकेषु, निष्कल्मषा। अनिर्वृत्तिर्मणिप्रदीपानाम्, द्वन्द्ववियोगः, कनकानाम्, कुमुदाना मित्रद्वेषः। (२०) किमुत समवायः। इन्द्रियहरिण-हारिणी, अतिदुरन्ता। उपदेशगुणाः, सुख विशन्ति। अखिलमलप्रक्षालनक्षमम्, अजलम्, अनुपजातपलितादिवैरूप्यम्, अनारोपितमेदोदोषम्, अतीतज्योतिरालोकः। लब्धाऽपि, गुणपाशसन्दाननिष्पन्दीकृताऽपि। गणयति, आद्रियते, अनुबुध्यते।

(२१) मरणासन्न पिता के समीप हर्ष (हर्षचरित)

एक बार हर्ष ने रात्रि के चौथे पहर स्वप्न मे देखा कि एक महासिंह भयकर दावाग्नि मे जल रहा है और सिंहिनी भी अपने बच्चो को छोडकर अग्नि मे कूद रही है। यह देखकर उसके मन मे आया कि संसार मे लोहे से भी दृढ़ प्रेम का बन्धन होता है, जिसके कारण पशु-पक्षी भी ऐसा करते हैं। अगले ही दिन उसने कुरङ्गक नामक दूत से पिता की रुग्णता का समाचार सुना। समाचार पाते ही वह घुडसवारो के साथ लौट पडा और अगले दिन राजद्वार पर पहुँचा। वहाँ उसने नि.शब्द, किवाड़ो के खुलने और बन्द होने की खटखट से रहित, खिडकियाँ बन्द होने से हवा के झोके से रहित, कुछ प्रेमी जनो से युक्त, तीव्र ज्वर से भयभीत वैद्यो से युक्त, खिन्न मन्त्रियो से अधिष्ठित महल मे विद्यमान, काल की जिह्वा के अग्र भाग पर वर्तमान, क्षीण वाणीवाले, चंचल चित्त, शारीरिक व्याकुलता से युक्त, दीर्घ साँस लेते हुए और पास मे बैठी हुई निरन्तर रोती हुई माता यशोवती के द्वारा बार-बार शिर और छाती पर हाथ फेरे जाते हुए पिता को देखा।

(२२) मानवचरित-समीक्षा (प्रबन्धमजरी, उद्भिज्जपरिषत्)

सभापति अश्वत्थदेव मानवचरित-समीक्षा करते हुए अपने बन्धु वृक्षो से कहते हैं कि—मनुष्यो की हिंसावृत्ति की सीमा नहीं है। पशुहत्या उनके लिए खेल है। वे खिन्न मन के विनोद के लिए महावन मे आकर इच्छानुसार और निर्दयतापूर्वक पशुवध करते है। जिस प्रकार ऐहिक सुख की इच्छा से मनुष्य उत्साहपूर्वक जीवहिंसा करके अपने हृदय की अतिनिष्ठुर क्रूरता को प्रकट करते हैं, उसी प्रकार पारलौकिक सुख की आशा से वे महोत्सवपूर्वक निरपराध पशुओ को इष्टदेवता के आगे बलि देकर अपनी नृशसता का परिचय देते है। वस्तुतः इनके पशुबलि के कार्य को देखकर हम जडों का भी हृदय विदीर्ण हो जाता है। ये निरन्तर अपनी उन्नति को चाहते हुए प्रतिक्षण सर्वथा स्वार्थसिद्धि के लिए प्रयत्न करते हैं। ये न धर्म को मानते है, न सत्य का अनुष्ठान करते हैं, अपितु तृणवत् स्नेह की उपेक्षा करते है, स्वच्छता को छोड देते हैं, विश्वासघात करते हैं, पापाचरण से थोडा भी नही डरते, झूठ बोलने मे नही लज्जित होते, सर्वथा अपने स्वार्थ को सिद्ध करना चाहते हैं।

संकेत—(२१) तुरीये यामे, आत्मान पातयति। आसीच्चास्य चेतसि। लोके हि लोहेभ्यः कठिनतराः खलु स्नेहमया बन्धनपाशाः, यदाकृष्टास्तिर्यञ्चोऽप्येवमाचरन्ति। समधिगत्यैवोदन्तम्। परिहृतकवाटरटिते, घटितगवाक्षरक्षितमरुति, भिषजि, दुर्मनायमानमन्त्रिणि, धवलगृहे स्थितम्, विरल वाचि, चलित चेतसि, विह्वल वपुषि, सन्तत श्वसिते, वक्षसि च स्पृश्यमानम्। (२२) निरवधिः। आक्रीडनम्। प्रकटयन्ति। विदीर्यते। उपेक्षन्ते, विम्यति, लज्जन्ते, सिसाधयिषन्ति।

(२३) आर्यावर्त-वर्णन (नलचम्पू)

यह आर्यावर्त देवो के द्वारा भी सेव्य है, धन-धान्य से सम्पन्न है, नदी-नहरो से युक्त है, सब विषयो मे ससार का अग्रणी है, समस्त ससार का सार है, पुण्यात्माओ को शरण देता है, धर्म का धाम है, सम्पत्तियो का सदन है, पुण्यो का आधार है, सद्व्यवहाररूपी रत्नो की खान है, आर्यमर्यादाओ का निकेतन है। यहाँ प्रजा ससार के सभी सुखो से सम्पन्न है, सभी पूर्ण आयु तक जीते है, सभी धर्म-कर्म मे लग्न है, अत· आधि-व्याधियो से मुक्त है। सभी ग्राम गाय घोडे आदि पशुओ से युक्त है, सभी नगर गगनचुम्बी महलो से सुशोभित है, सभी लोग सदाचारी है और धन का दान और उपभोग करते है, वन सुन्दर और फलदायी वृक्षो से युक्त है, वाटिकाएँ मनोहर फल-फूलो से युक्त है, कुलीन स्त्रियॉ सूर्य के तुल्य तेजयुक्त और प्रतिव्रता है। यह स्वर्ग से भी बढ़कर है। घर घर मे सुन्दर स्त्रियॉ है, सारी प्रजा समृद्ध है, सभी धनी दानी और मानी है।

(२४) कवित्व और राजत्व (शिवराजविजय)

भूषण कवि बादशाह औरगजेब का दरबार छोडकर महाराज शिवाजी का आश्रय प्राप्त करने के लिए उनकी नगरी मे पहुँचे। शिवाजी से मिलने से पूर्व वे एक शिवमन्दिर में रुके और वहाँ के पुजारी से बातचीत की। मन्दिर की खिडकी से शिवाजी ने भूषण की यह बात सुनी—मै चिरकाल तक दिल्लीश्वर की छत्र-छाया मे रहा हूँ। किन्तु हम कविलोग किसी के राजत्व, वीरता, तेजस्विता और धनाढ्यता की परवाह नहीं करते हैं। हम लोग किसी के साभिमान भ्रूभग को और कोपयुक्त गर्व की बर्बरता को नही सहन करते हैं। उसका पृथ्वी पर ऐसा राज्य नही है, जैसा कि हमारा साहित्य-जगत् पर। उसके खरीदे हुए गुलाम भी उसकी इच्छा होते ही हाथ जोडकर उसके सामने खड़े नही हो जाते, जैसे कि हमारे सामने इच्छा होते ही पद वाक्य छन्द अलकार रीतियाँ गुण और रस उपस्थित हो जाते है। वह अशर्फी देकर भी दूसरों को उतना सन्तुष्ट नही कर सकता, जितना कि हम केवल कविता से सन्तुष्ट कर सकते है। हमारी वीररस की कविता को सुनकर मरता हुआ भी युद्ध मे [illegible] हो जाता है। जिसके भाग्य मे चिरस्थायिनी कीर्ति होती है, वही हमारा आदर करता है। यह सुनकर कवि का परिचय प्राप्त करने के लिए शिवाजी ने मन्दिर मे प्रवेश किया।

संकेत—(२३) शरण्यः, आकर., पुरुषायुषजीविन्यः, अभ्रलिहैः प्रासादैः, विशिष्यते। (२४) सम्राजः, द्वारम्, शिवराजस्य। अध्यतिष्ठत्, मन्दिराध्यक्षेन सह, गवाक्षात्, नाऽपेक्षामहे, साभिमानभ्रूभङ्गम्, कोपाञ्चितगर्वबर्बरता न सहामहे, तादृशम्, सारस्वतसृष्टौ, क्रीतदासा अपि, तदीहासमकालमेव, नाऽवतिष्ठन्ते, छन्दासि, रीतयः, दीनारसभारैरपि, न तथा तोषयितुमलम्, म्रियमाणोऽपि।

(२५) वैदिक साहित्य

वेद चार है—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। ऋग्वेद मे मन्त्र है, जिनको ऋचा कहते है। ये पद्य मे है। ऋग्वेद की पॉच शाखाओ में से केवल शाकल शाखा ही प्राप्य है। यजुर्वेद की दो शाखाएँ है—शुक्ल यजुर्वेद और कृष्ण यजुर्वेद। शुक्ल यजुर्वेद की दो सहिताएँ प्राप्त होती है—काण्व और माध्यन्दिन। कृष्ण यजुर्वेद की चार सहिताएँ प्राप्य है—काठक, कापिष्ठल, मैत्रायणी और तैत्तिरीय। सामवेद गानात्मक वेद है। यह दो भागों में विभक्त है—आर्चिक, उत्तरार्चिक। अथर्ववेद की दो सहिताएँ प्राप्त होती है—शौनक और पैप्पलाद। प्रत्येक वेद चार भागों में बिभक्त है—सहिता, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्। प्रत्येक वेद के ब्राह्मण आदि हैं। ऋग्वेद के दो ब्राह्मण ग्रन्थ है—ऐतरेय ब्राह्मण, कौषीतकि ब्राह्मण। शुक्ल यजुर्वेद का शतपथ ब्राह्मण है और कृष्ण यजुर्वेद का तैत्तिरीय ब्राह्मण। सामवेद के ब्राह्मण हैं—ताण्ड्य ब्राह्मण, षड्विंश ब्राह्मण। अथर्ववेद का गोपथ ब्राह्मण है। ऋग्वेद के दो आरण्यक है—ऐतरेयारण्यक, कौषीतक्यारण्यक। अन्य आरण्यक ब्राह्मणग्रन्थों के साथ ही सम्बद्ध हैं। आजकल १२० उपनिषद् उपलब्ध हैं। इनमे से निम्नलिखित ११ ही मुख्य और प्रामाणिक मानी जाती है—ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय, छान्दोग्य, बृहदारण्यक, श्वेताश्वतर।

(२६) वेदाङ्ग

वेदाङ्ग ६ हैं—१ शिक्षा (ध्वनिविज्ञान), २. व्याकरण, ३ छन्द, ४. निरुक्त (वेदों की निर्वचनात्मक व्याख्या), ५ ज्योतिष, ६. कल्प (कर्मकाण्ड की विधि)। इनके द्वारा वेदों के अर्थों का ज्ञान होता है और मन्त्रो का यज्ञादि मे विनियोग भी ज्ञात होता है। शिक्षा और ध्वनिविज्ञान का वर्णन प्रातिशाख्यो और शिक्षा-ग्रन्थो मे है। इनमे मुख्य ये है—ऋक्प्रातिशाख्य, शुक्लयजुःप्रातिशाख्य, तैत्तिरीयप्रातिशाख्य, सामप्रातिशाख्य, पुष्पसूत्र, अथर्वप्रातिशाख्य। भरद्वाज, व्यास, याज्ञवल्क्य और पाणिनि आदि के शिक्षा-ग्रन्थ हैं। व्याकरण मे पाणिनि की अष्टाध्यायी सबसे मुख्य है। इस पर कात्यायन ने वार्तिक और पतजलि ने महाभाष्य लिखा है। इसके आधार पर काशिका, सिद्धान्तकौमुदी आदि व्याकरण-ग्रन्थ लिखे गए है। छन्द विषय पर पिंगल का छन्द.सूत्र प्राचीन ग्रन्थ है। निरुक्त मे यास्क का निरुक्त ही प्राप्य है। ज्योतिष विषय पर ज्योतिष-वेदाग नामक एक प्राचीन ग्रन्थ प्राप्त हुआ है। कल्पसूत्र चार भागो मे विभक्त हैं—(क) श्रौतसूत्र—इनमे विशेष यज्ञो की विधियाँ वर्णित है। इनमें मुख्य आश्वलायनश्रौतसूत्र, कात्यायनश्रौतसूत्र, बोधायनश्रौतसूत्र आदि है। (ख) गृह्यसूत्र—इनमे १६ सस्कारो का वर्णन है। गृह्यसूत्र अनेक हैं। ये बोधायन, आपस्तम्ब, गोभिल आदि के है। (ग) धर्मसूत्र—इनमे नीति, धर्म, कर्तव्य आदि का वर्णन है। ये भी अनेक हैं। (घ) शुल्वसूत्र—इनमे यज्ञवेदी के निर्माण और नाप आदि का वर्णन है।

(२७) भाषा और भाषण (भाषाविज्ञान, श्यामसुन्दरदास)

मनुष्य और मनुष्य के बीच, वस्तुओ के विषय मे अपनी इच्छा और मति का आदान-प्रदान करने के लिए व्यक्त ध्वनि-सकेतो का जो व्यवहार होता है, उसे भाषा कहते हैं। भाषा विचारो को व्यक्त करती है, पर विचारों से अधिक सम्बन्ध उसके वक्ता के भाव, इच्छा, प्रश्न आदि मनोभावो से रहता है। भाषा सदा किसी न किसी वस्तु के विषय मे कुछ कहती है, वह वस्तु चाहे बाह्य भौतिक जगत् की हो अथवा सर्वथा आध्यात्मिक और मानसिक। यह कभी नही भूलना चाहिए कि भाषा एक सामाजिक वस्तु है। भाषा का शरीर प्रधानतः उन व्यक्त ध्वनियो से बना है, जिन्हे वर्ण कहते है। इसके अतिरिक्त सकेत, मुख-विकृति और स्वर-विकार भी भाषा के अङ्ग माने जाते है। स्वर, बल-प्रयोग और उच्चारण का वेग या प्रवाह भी भाषा के विशेष अङ्ग है। 'बोली' से अभिप्राय स्थानीय और घरेलू बोली से है, जो तनिक भी साहित्यिक नही होती और बोलनेवालो के मुख मे ही रहती है। 'विभाषा' का क्षेत्र बोली से विस्तृत होता है। एक प्रान्त अथवा उपप्रान्त की बोलचाल तथा साहित्यिक रचना की भाषा 'विभाषा' कहलाती है। इसे प्रान्तीय भाषा भी कहते हैं। कई विभाषाओ मे व्यवहृत होने वाली एक शिष्ट-परिगृहीत विभाषा ही 'भाषा' कहलाती है। विभाषा ही भाषा बनती है और वह धार्मिक, राजनीतिक और ऐतिहासिक कारणों से प्रोत्साहन पाकर अपना क्षेत्र अधिक से अधिक व्यापक और विस्तृत बनाती है।

(२८) अर्थ-विकास (अर्थविज्ञान और व्याकरणदर्शन)

यास्क ने निरुक्त में सर्वप्रथम इस बात पर ध्यान आकृष्ट किया है कि किस प्रकार वस्तुओ के नाम पड़ते हैं और आगे चलकर किस प्रकार उनके अर्थों मे विस्तार या संकोच होता है। पतजलि ने महाभाष्य मे और भर्तृहरि ने वाक्यपदीय में इस पर विस्तृत विचार किया है। अर्थविकास की तीन धाराएँ हैं—अर्थसकोच, अर्थविस्तार और अर्थादेश। शब्द अपने यौगिक या निर्वचनात्मक अर्थ के आधार पर नानार्थक और व्यापक होना चाहिए था, परन्तु उसके अर्थों मे सकोच हो जाने से उसका व्यापक रूप से प्रयोग नहीं हो सकता है। जैसे—गो, अश्व, परिव्राजक, जीवन आदि में अर्थसकोच होने से इनका निर्वचनात्मक अर्थ मे प्रयोग नहीं हो सकता है। जहाँ शब्द का मूल अर्थ विस्तृत होकर अन्य अर्थों का भी बोध कराता है, वहाँ अर्थ-विस्तार होता है। जैसे—प्रवीण, कुशल, तैल, गोशाला आदि शब्दो के अर्थों मे विस्तार हो गया है। जहाँ पर शब्द अपने मूल अर्थ को छोड कर नए अर्थ को अपना लेता है, वहाँ अर्थादेश होता है। जैसे—सह् धातु वेद में जीतने अर्थ में हैं, पर अब उसका अर्थ सहना हो गया है।

संकेतः—(२७) परिवारेषूपयुज्यमानया गिरा, नाममात्रमपि। (२८) अर्थान्तराण्यवगमयति। अभिनवमर्थमात्मसात् करोति। जयार्थे वर्तते, मर्षणार्थे व्यह्रियते।

(२९) (क) नाटक की संक्षिप्त रूपरेखा (दशरूपक और साहित्यदर्पण)

धनंजय के अनुसार नाटक मे तीन तत्त्व होते है, जिनके आधार पर उनका विभाजन होता है—वस्तु, नेता और रस। वस्तु को कथावस्तु भी कहते हैं। वस्तु को दो भागों मे विभक्त किया है—(१) आधिकारिक—वह कथावस्तु है जो मुख्य कथा होती है। (२) प्रासगिक—वह कथा है जो गौणरूप से हो और मुख्य कथा का अग हो। सम्पूर्ण कथावस्तु को तीन भागो मे विभाजित किया गया है—(१) प्रख्यात—जो इतिहास पर अवलम्बित हो। (२) उत्पाद्य—कवि-कल्पित हो। (३) मिश्र—कुछ अश ऐतिहासिक हो और कुछ कवि-कल्पित। नाटक में पॉच अर्थप्रकृतियॉ, पॉच अवस्थाएँ और पॉच सन्धियॉ होती हैं। अर्थप्रकृतियॉ नाटकीय कथा-वस्तु के पॉच तत्त्व हैं। ये प्रयोजन की सिद्धि मे कारण होते है। (१) बीज—वह तत्त्व है, जो प्रारम्भ में संक्षेप में निर्दिष्ट हो और आगे उसका ही विस्तार हो। (२) बिन्दु—यह अवान्तर कथा से मूल कथा के टूटने पर उसे जोड़ता और आगे बढ़ाता है। (३) पताका—वह प्रासंगिक कथा जो मुख्य कथा के साथ दूर तक चली जाती है। (४) प्रकरी—वह प्रासंगिक कथा जो मुख्य कथा के साथ थोड़ी ही दूर चलती है। (५) कार्य—जो साध्य या लक्ष्य होता है, उसे कार्य कहते हैं।

(३०) (ख) नाटक की संक्षिप्त रूपरेखा

नाटकीय कार्य की प्रगति के विभिन्न विश्रामों को अवस्थाएँ कहते हैं। ये पाँच है—(१) आरम्भ—मुख्य फल की सिद्धि के लिए नायक मे जो उत्सुकता होती है, उसे आरम्भ कहते है। (२) यत्न—फल की प्राप्ति के लिए नायक जो बडे वेग से प्रयत्न करता है, उसे यत्न कहते हैं। (३) प्राप्त्याशा—अनुकूल और प्रतिकूल परिस्थितियो के द्वारा फल-प्राप्ति की कभी सम्भावना और कभी असम्भावना, इस सदिग्ध अवस्था को प्राप्त्याशा कहते हैं। (४) नियताप्ति—इसमे विघ्नों के हट जाने से फलप्राप्ति निश्चित जान पडती है। (५) फलागम—जब इष्ट फल की प्राप्ति हो जाती है। पॉचों अर्थ-प्रकृतियो को क्रमशः पाँचो अवस्थाओं से जो सम्बद्ध करती हैं, उन्हे सन्धियॉ कहते हैं। ये पाँच हैं—(१) मुख—बीज और आरम्भ को मिलाकर मुख-सन्धि होती है। (२) प्रतिमुख-सन्धि—बिन्दु और यत्न को मिलाकर। (३) गर्भसन्धि—पताका और प्राप्त्याशा को मिलाकर। (४) विमर्श सन्धि—प्रकरी और नियताप्ति को मिलाकर। (५) उपसंहृति या निर्वहण-सन्धि—कार्य और फलागम को मिलाकर। नाटक मे अभिनय चार प्रकार का होता है :—(१) आङ्गिक—शरीर के अगों के द्वारा। (२) वाचिक—वाणी के द्वारा। (३) आहार्य—वेषभूषा के द्वारा। (४) सात्त्विक—स्तम्भ, स्वेद, रोमांच, अश्रु आदि के द्वारा।

संकेत :—(२९) अल्पमात्र समुद्दिष्टं बहुधा यद् विसर्पति। अवान्तरार्थविच्छेदे बिन्दुरच्छेदकारणम्। व्यापि प्रासगिक वृत्त पताकेत्यभिधीयते। प्रासगिक प्रदेशस्थ चरित प्रकरी मता। समापन तु यत्सिद्धयै तत्कार्यमिति सम्मतम्।

(३१) (ग) नाटककी संक्षिप्त रूप-रेखा

रगमच पर प्रदर्शित करने की दृष्टि से कथा-वस्तु के दो विभाग किए गए हैं—(१) सूच्य—नीरस या अनुचित वस्तुएँ, जिनकी केवल सूचना दे दी जाती है। (२) दृश्य श्रव्य—दर्शनीय और श्रवणीय वस्तुएँ, जिनका प्रदर्शन किया जाता है। सूच्य वस्तुओं को जिन उपायों से सूचित किया जाता है, उन्हे अर्थोपक्षेपक कहते है। वे पॉच है—(१) विष्कम्भक—भूत और भावी घटनाओ की सूचना मध्यम श्रेणी के पात्रो के द्वारा दी जाती है। एक या दो मध्यम कोटि के पात्र हो तो 'शुद्ध विष्कम्भक', नीच और मध्यम दोनो कोटि के पात्र हो तो उसे 'मिश्र विष्कम्भक' कहते है। इनकी भाषा सस्कृत या शौरसेनी प्राकृत होती है। (२) प्रवेशक—भूत और भावी घटनाओ की सूचना निम्न श्रेणी के पात्रो के द्वारा दी जाती है। इनकी भाषा केवल प्राकृत ही होती है। (३) चूलिका—पर्देके पीछे से वस्तु या घटनाकी सूचना देना। जैसे—नेपथ्य से कथन। (४) अकास्य—अक की समाप्ति के समय जाते हुए पात्रो के द्वारा अगले अक की घटना की सूचना देना। (५) अकावतार—अक की समाप्ति के पहले ही अगले अक की कथावस्तु का प्रारम्भ करना।

(३२) (घ) नाटककी संक्षिप्त रूप-रेखा

सुनाने या न सुनाने की दृष्टि से कथावस्तु के तीन विभाग किए गए हैं—(१) सर्वश्राव्य या प्रकाश—जो बात सबको सुनाने के योग्य है। (२) अश्राव्य या स्वगत—जो बात सुनाने के योग्य न हो और मन-ही-मन कही जाए। (३) नियत-श्राव्य—जो बात कुछ लोगो को ही सुनानी होती है। इसके दो विभाग हैं—(क) जनान्तिक—हाथ की ओट करके दो पात्रों का वार्तालाप करना कि अन्य पात्र उसे न सुन पावे। (ख) अपवारित—मुँह फेरकर किसी दूसरे पात्रकी गुप्त बात कहना। एक और भेद आकाशभाषित है, ऊपर मुँह करके स्वय ही अकेले बात करना। नाटक मे चार वृत्तियाँ या शैलियाँ होती है—(१) कैशिकी वृत्ति—यह शृगारप्रधान नाटको के उपयुक्त है। इसमे मनोहर वेषभूषा, स्त्रियो की अधिकता, नृत्य गीत का बाहुल्य और शृङ्गाररस की मुख्यता होती है। (२) सात्त्वती वृत्ति—यह वीररस-प्रधान नाटको के योग्य है। इसमे सत्त्व शौर्य त्याग दया ऋजुता आदि गुणो का बाहुल्य होता है, शोक का अभाव और हर्ष का विस्तार होता है। (३) आरभटी वृत्ति—यह रौद्र और बीभत्स रसो के योग्य है। इसमे माया, इन्द्रजाल, सग्राम, क्रोध, वध, बन्धन आदि कार्य मुख्य होते है। (४) भारती वृत्ति—इसका सभी रसो मे उपयोग होता है। इसमें सस्कृत का प्रयोग अधिक होता है, स्त्रियॉ नही होती हैं, वाचिक कार्य अधिक होता है।

संकेत :—(३१) अन्तर्जवनिकासस्थैः सूचनार्थस्य चूलिका। **(३२)** (१) सर्वश्राव्य प्रकाश स्यात्। (२)अश्राव्य खलु यद्वस्तु तदिह स्वगत मतम्। (क)त्रिपताक-करेणान्यानपवार्यान्तरा कथाम्। अन्योन्यामन्त्रण यत्स्यात् तजनान्ते जनान्तिकम्। (ख) तद्भवेदपवारितम्। रहस्य तु यदन्यस्य परावृत्य प्रकाश्यते।

(३३) भाव या मनोविकार (रामचन्द्र शुक्ल, चिन्तामणि)

नाना विषयो के बोध का विधान होने पर ही उनसे सम्बन्ध रखने वाली इच्छा की अनेकरूपता के अनुसार अनुभूति के वे भिन्न-भिन्न योग सघटित होते है, जो भाव या मनोविकार कहलाते है। अतः हम कह सकते है कि सुख और दुःख की मूल अनुभूति ही विषय-भेद के अनुसार प्रेम, हास, उत्साह, आश्चर्य, क्रोध, भय, करुणा, घृणा इत्यादि मनोविकारो का जटिल रूप धारण करती है। मनोविकारो या भावो की अनुभूतियाँ परस्पर तथा सुख या दुःख की मूल अनुभूति से ऐसी ही भिन्न होती हैं, जैसे रासायनिक मिश्रण परस्पर तथा अपने सयोजक द्रव्यो से भिन्न होते है। समस्त मानव-जीवन के प्रवर्तक भाव या मनोविकार ही होते है। मनुष्य की प्रवृत्तियो की तह में अनेक प्रकार के भाव ही प्रेरक के रूपमे पाये जाते हैं। शील या चरित्र का मूल भी भावो के विशेष प्रकार के सघटन मे ही समझना चाहिए। लोक-रक्षा और लोक-रजन की सारी व्यवस्था का ढाँचा इन्हीं पर ठहराया गया है।

(३४) श्रद्धा-भक्ति (चिन्तामणि)

किसी मनुष्य में जन-साधारण से विशेष गुण या शक्ति का विकास देख उसके सम्बन्ध मे जो एक स्थायी आनन्द-पद्धति हृदय मे स्थापित हो जाती है, उसे श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा महत्त्व की आनन्दपूर्ण स्वीकृति के साथ-साथ पूज्य-बुद्धि का सचार है। प्रेम और श्रद्धा में अन्तर यह है कि प्रेम प्रिय के स्वाधीन कार्यों पर ही निर्भर नहीं। कभी-कभी किसी का रूप मात्र, जिसमे उसका कुछ भी हाथ नहीं, उसके प्रति प्रेम उत्पन्न होने का कारण होता है। पर श्रद्धा ऐसी नहीं है। प्रेम के लिए इतना ही बस है कि कोई मनुष्य हमें अच्छा लगे; पर श्रद्धा के लिए आवश्यक यह है कि कोई मनुष्य किसी बात में बढ़ा हुआ होने के कारण हमारे सम्मान का पात्र हो। श्रद्धा का व्यापार स्थल विस्तृत है, प्रेम का एकान्त। प्रेम मे घनत्व अधिक है और श्रद्धा मे विस्तार। प्रेम स्वप्न है तो श्रद्धा जागरण। प्रेम मे केवल दो पक्ष होते है, श्रद्धा मे तीन। प्रेम में कोई मध्यस्थ नहीं, पर श्रद्धा मे मध्यस्थ अपेक्षित है। प्रेम का कारण बहुत कुछ अनिर्दिष्ट और अज्ञात होता है, पर श्रद्धा का कारण निर्दिष्ट और ज्ञात होता है। प्रेम एकमात्र अपने ही अनुभव पर निर्भर रहता है, पर श्रद्धा दूसरो के अनुभव पर भी जगती है।

संकेतः—(३३) मूले, प्रेरकत्वेनोपलभ्यन्ते, अवगन्तव्यम्, आधार', उपस्थाप्यते। (३४) पर्याप्तमेतदेव, रोचेत, कमपि विषयमवलम्ब्य समुन्नतया, एकान्तम्, उद्बुध्यते।

(३५) कविता क्या है ? (चिन्तामणि)

जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की यह मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है। हृदय की इसी मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द-विधान करती आई है, उसे कविता कहते है। इस साधना को हम भावयोग कहते है और कर्मयोग और ज्ञानयोग का समकक्ष मानते हैं। कविता ही मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-सम्बन्धो के संकुचित मडल से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य भाव-भूमि पर ले जाती है, जहाँ जगत् की नाना गतियो के मार्मिक स्वरूप का साक्षात्कार और शुद्ध अनुभूतियो का सचार होता है। इस भूमि पर पहुँचे हुए मनुष्य को कुछ काल के लिए अपना पता नहीं रहता। वह अपनी सत्ता को लोक-सत्ता मे लीन किए रहता है। उसकी अनुभूति सबकी अनुभूति होती है या हो सकती है। इस अनुभूति-योग के अभ्यास से हमारे मनोविकारो का परिष्कार तथा शेष सृष्टि के साथ हमारे रागात्मक सम्बन्ध की रक्षा और निर्वाह होता है।

(३६) काव्य में लोक-मंगल की साधनावस्था (चिन्तामणि)

सत्, चित् और आनन्द—ब्रह्म के इन तीन स्वरूपो मे से काव्य और भक्ति-मार्ग 'आनन्द' स्वरूप को लेकर चले। विचार करने पर लोक मे इस आनन्द की अभिव्यक्ति की दो अवस्थाएँ पाई जाएँगी—साधनावस्था और सिद्धावस्था। आनन्द की साधनावस्था प्रयत्न-पक्ष को लेकर चलती है और सिद्धावस्था उपभोग-पक्ष को लेकर। साधनावस्था को लेकर चलने वाले काव्य है—रामायण, महाभारत, रघुवश, शिशुपालवध, किरातार्जुनीय आदि। सिद्धावस्था को लेकर चलने वाले काव्य हैं—आर्यासप्तशती, अमरुशतक, गीतगोविन्द आदि। लोक मे फैली दु.ख की छाया को हटाने में ब्रह्म की आनन्दकला जो शक्तिमय रूप धारण करती है, उसकी भीषणता मे भी अद्भुत मनोहरता, कटुता मे भी अपूर्व मधुरता, प्रचण्डता में भी गहरी आर्द्रता साथ लगी रहती है। विरुद्धो का यही सामजस्य कर्मक्षेत्र का सौन्दर्य है। भीषणता और सरसता, कोमलता और कठोरता, कटुता और मधुरता, प्रचण्डता और मृदुता का सामजस्य ही लोकधर्म का सौन्दर्य है। धर्म और मगल की यह ज्योति अधर्म और अमगल की घटा को फाडती हुई फूटती है। काव्य मे सारे भाव, सारे रूप और सारे व्यापार आनन्द-कला के विकास मे ही योग देते हैं।

संकेत—(३५) समकक्षत्वेन मन्यामहे। आक्षिप्य। भूमिमेतामारूढस्य मनुजस्य, आत्मावबोधोऽपि न जायते। विलाययति। (३६) आश्रित्य प्रवृत्तौ। अनुशीलनेन, अवस्थाद्वयमुपलप्स्यते। अवलम्ब्य प्रवर्तते। प्रवृत्तानि। प्रसृताम्, अपहर्तुम्, गभीरा। समाच्छते (सम्+गम् आत्मनेपदी)। ज्योतिरिदम्, विदारयत् प्रस्फुटति। साहाय्यमादधति।

(३७) साधारणीकरण और व्यक्ति-वैचित्र्यवाद (चिन्तामणि)

१. अजरामरवत् प्राज्ञो विद्यामर्थं च चिन्तयेत्। २ आलस्योपहता विद्या (हि०)। ३. ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः। ४ कणशः क्षणशश्चैव विद्यामर्थं च साधयेत्। ५. कामिनश्च कुतो विद्या। ६ का विद्या कविता विना। ७ किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या। ८. किं जीवितेन पुरुषस्य निरक्षरेण (भ०)। ९ कुतो विद्यार्थिनः सुखम्। १० जलबिन्दुनिपातेन क्रमशः पूर्यते घटः। ११ ज्ञानमेव शक्तिः। १२. ज्ञानस्यावरणं क्षमा। १३ तस्य विस्तारिता बुद्धिस्तैलबिन्दुरिवाम्भसि। १४ तस्य सकुचिता बुद्धिर्घृतबिन्दुरिवाम्भसि। १५ दुरधीता विषं विद्या (हि०)। १६ धिग्जीवितं शास्त्रकलोज्झितस्य। १७. न च विद्यासमो बन्धुः। १८. पठतो नास्ति मूर्खत्वम्। १९. पूर्वपुण्यतया विद्या। २० माता शत्रुः पिता वैरी, येन बालो न पाठितः (हि०)। २१. या लोकद्वयसाधनी तनुभृतां सा चातुरी चातुरी। २२. विद्यातुराणां न सुखं न निद्रा। २३. विद्या ददाति विनयम् (हि०)। २४. विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्। २५. विद्या नाम नरस्य रूपमधिकम्। २६. विद्या परं दैवतम्। २७ विद्या मित्रं प्रवासे च। २८. विद्या योगेन रक्ष्यते। २९ विद्या रूपं कुरूपिणाम्। ३०. विद्याविहीनः पशुः। ३१. विद्यासमं नास्ति शरीरभूषणम्। ३२ विद्या सर्वस्य भूषणम्। ३३. विद्या स्तब्धस्य निष्फला। ३४ वेदाज्जानन्ति पण्डिताः। ३५ शास्त्रं हि निश्चितधियां क्व न सिद्धिमेति (शि०)। ३६ शास्त्राद् रूढिर्बलीयसी। ३७ शोभन्ते विद्यया विप्राः। ३८. श्रोत्रस्य भूषणं शास्त्रम्। ३९. सुखार्थिनः कुतो विद्या, विद्यार्थिनः कुतः सुखम्।

(ङ) १. विद्वत्प्रशंसा

१. अगाधजलसञ्चारी न गर्वं याति रोहितः (प०)। २. अलब्धशाणोत्कषणा नृपाणां, न जातु मौलौ मणयो वसन्ति (विक्रमाङ्क०)। ३. किमज्ञेयं हि धीमताम् (क०)। ४. झटिति पराशयवेदिनो हि विज्ञाः (नै०)। ५. न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम (शा०)। ६. ननु वक्तृविशेषनिःस्पृहा, गुणगृह्या वचने विपश्चितः (कि०)। ७. ननु विमृश्य कृती कुरुतेऽखिलम्। ८. नहीङ्गितज्ञोऽवसरेऽवसीदति (कि०)। ९ परेङ्गितज्ञानफला हि बुद्धयः। १०. प्रतिभातश्च पश्यन्ति सर्वं प्रज्ञावतां धियः (क०)। ११. प्रस्तुतार्थविरुद्धं हि, कोऽभिदध्यादबालिशः (क०)। १२. बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः (शा०)। १३. यत्र विद्वज्जनो नास्ति, श्लाघ्यस्तत्राल्पधीरपि। १४. युक्तं न वा युक्तमिदं विचिन्त्य, वदेद् विपश्चिन्महतोऽनुरोधात्। १५. युक्तियुक्तं प्रगृह्णीयाद् बालादपि विचक्षणः। १६. वर्तमानेन कालेन वर्तयन्ति विचक्षणाः। १७. विद्वान् कुलीनो न करोति गर्वम्। १८. विद्वान् सर्वगुणेषु पूजिततनुर्मूर्खस्य नान्या गतिः। १९. विद्वान् सर्वत्र पूज्यते (चा०)। २०. संकटे हि परीक्ष्यन्ते प्राज्ञाः शूराश्च संगरे (क०)। २१. सभारत्नं विद्वान्। २२. सहस्रेषु च पण्डितः। २३. सारं गृह्णन्ति पण्डिताः। २४. स्वस्थे को वा न पण्डितः (प०)।

(ङ) २. मूर्ख-निन्दा

१. अगुणस्य हत रूपम्। २ अजागलस्तनस्येव तस्य जन्म निरर्थकम् (प०)। ३. अज्ञता कस्य नामेह, नोपहासाय जायते (क०)। ४ अज्ञानामृतचेतसामतिरुषा कोऽर्थस्तिरश्चा गुणैः। ५ अनार्यसगमाद्, वर विरोधोऽपि सम महात्मभिः (कि०)। ६. अन्तःसारविहीनानामुपदेशो न विद्यते। ७ अन्धस्य दीपो बधिरस्य गीतम्। ८ अर्धो घटो घोषमुपैति नूनम्। ९ अल्पविद्यो महागर्वी। १०. अल्पस्य हेतोर्बहु हातुमिच्छन्, विचारमूढः प्रतिभासि मे त्वम् (र०)। ११ अवस्तुनि कृतक्लेशो मूर्खो यात्यवहास्यताम् (क०)। १२ आपदेत्युभयलोकदूषणी, वर्तमानमपथे हि दुर्मतिम् (कि०)। १३ उपदेशो हि मूर्खाणा प्रकोपाय न शान्तये (प०)। १४ क्षमन्ते न विचार हि, मूर्खा विषयलोलुपाः (क०)। १५ जायन्ते बत मूढाना सवादा अपि तादृशाः (क०)। १६ ज्ञानलवदुर्विदग्ध ब्रह्मापि नर न रञ्जयति (भ०)। १७ दर्दुरा यत्र वक्तारस्तत्र मौन हि शोभनम्। १८ न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत्। १९. निष्प्रज्ञो नाशयत्येव प्रभोरर्थमथात्मनः (क०)। २०. प्राप्तोऽप्यर्थः क्षणादेव ह्रार्यते मन्दबुद्धिना (क०)। २१. बल मूर्खस्य मौनित्वम्। २२ बहुवचनमल्पसार यः कथयति विप्रलापी सः। २३ भवति योजयितु-र्वचनीयता। २४. मदमूढबुद्धिषु विवेकिता कुतः (शि०)। २५. मूढः परप्रत्ययनेयबुद्धिः (मालविका०)। २६ मूर्खस्य किं शास्त्रकथाप्रसङ्गः। २७ मूर्खाणा बोधको रिपुः। २८. मूर्खोऽनुभवति क्लेश, न कार्यं कुरुते पुनः (क०)। २९ मोहान्धमविवेक हि श्रीश्चिराय न सेवते (क०)। ३० लोके पशुश्च मूर्खश्च निर्विवेकमती समौ (क०)। ३१. लोकोपहसिताः शश्वत् सीदन्त्येव ह्यबुद्धयः (क०)। ३२ विद्या विवादाय धन मदाय। ३३ विद्याविहीन' पशुः। ३४. विभूषण मौनमपण्डितानाम् (भ०)। ३५. सवृणोति खलु दोषमज्ञता (कि०)। ३६ सर्वस्यौषधमस्ति शास्त्रविहित मूर्खस्य नास्त्यौषधम् (प०)। ३७ स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिता धुनोत्यहिशङ्कया (शा०)। ३८. स्वगृहे पूज्यते मूर्खः। ३९ हितोपदेशो मूर्खस्य कोपायैव न शान्तये (क०)।

(१२) विचारात्मक

(क) आशा

१. आशा नाम नदी मनोरथजला तृष्णातरङ्गाकुला (भ०)। २ आशाबन्धः कुसुमसदृश प्रायशो ह्यङ्गनाना, सद्यःपाति प्रणयि हृदय विप्रयोगे रुणद्धि (मे०)। ३. एवमाशाग्रहग्रस्तैः क्रीडन्ति धनिनोऽर्थिभिः (हि०)। ४ गुर्वपि विरहदुःखमाशा-बन्धः साहयति (शा०)। ५. धिगाशा सर्वदोषभूः। ६. नास्ति तृष्णासमो व्याधिः।

(ख) उद्यम-प्रशंसा

१. अगच्छन् वैनतेयोऽपि पदमेक न गच्छति । २. अचिरांशुविलासचञ्चला, ननु लक्ष्मीः फलमानुषङ्गिकम् (कि०) । ३. अप्राप्य नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः (क०) । ४. अर्थो हि नष्टकार्यार्थैर्नायत्नेनाधिगम्यते (रा०) । ५. इह जगति हि न निरीहदेहिन श्रियः सश्रयन्ते (द०) । ६. उत्साहवन्तः पुरुषा नावसीदन्ति कर्मसु (रा०) । ७. उद्यमेन विना राजन्न सिध्यन्ति मनोरथाः (प०) । ८. उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथै. (प०) । ९. उद्योग. पुरुषलक्षणम् । १०. उद्योगिन पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः (प०) । ११. क ईप्सितार्थस्थिरनिश्चय मनः, पयश्च निम्नाभिमुख प्रतीपयेत् (कु०) । १२. कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन (गी०) । १३. कि दूर व्यवसायिनाम् (चा०) । १४ कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छत समाः (यजु०) । १५ कृधी न ऊर्ध्वान् चरथाय जीवसे (ऋग्०) । १६. कोऽतिभारः समर्थानाम् (प०) । १७. गुणसहतेः समतिरिक्तमहो निजमेव सत्त्वमुपकारि सताम् (कि०) । १८. धिग्जीवित चोद्यमवर्जितस्य । १९. नहि दुष्करमस्तीह किंचिदध्यवसायिनाम् (क०) । २०. नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः । २१. निवमन्ति पराक्रमाश्रया न विषादेन सम समृद्धयः (कि०) । २२. प्राप्नोतीष्टमविक्लवः (क०) । २३ यत्ने कृते यदि न सिध्यति कोऽत्र दोषः (हि०) । २४. यदनुद्वेगत. साध्यः पुरुषार्थ. सदा बुधै. (क०) । २५. यस्तु क्रियावान् पुरुष. स विद्वान् । २६. सत्त्वाधीना हि सिद्धय (क०) । २७. सत्त्वानुरूप सर्वस्य, धाता सर्व प्रयच्छति (क०) । २८ समर्थो यो नित्य स जयतितरा कोऽपि पुरुषः । २९ सर्वः कृच्छ्रगतोऽपि वाञ्छति जन. सत्त्वानुरूप फलम् (भ०) । ३०. साहसे श्रीः प्रतिवसति (मृ०) । ३१. सिध्यन्ति कुत्र सुकृतानि विना श्रमेण । ३२. सुकृती चानुभूयेव दुःखमप्यश्नुते सुखम् (क०) । ३३. हत ज्ञान क्रियाहीनम् ।

(ग) एकता

१. ऐकचित्ते द्वयोरेव किमसाध्य भवेदिति (क०) । २. पञ्चभिर्मिलितैः किं यज्जगतीह न साध्यते (नै०) । ३. महोदयानामपि सघवृत्तिता, सहायसाध्याः प्रदिशन्ति सिद्धयः (कि०) । ४. सगच्छध्व सवदध्व स वो मनासि जानताम् (ऋग्०) । ५. संघे शक्तिः कलौ युगे । ६. समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः (ऋग्०) । ७. समानो मन्त्रः समितिः समानी, समान मनः सह चित्तमेषाम् (ऋग्०) ।

(घ) कीर्ति

१.अनन्यगामिनी पुसा कीर्तिरेका पतिव्रता । २.अपि स्वदेहात् किमुतेन्द्रियार्थाद्, यशोधनाना हि यशो गरीय. (र०) । ३. काकोऽपि जीवति चिराय बलिं च भुङ्क्ते (प०)। ४. कुकर्मान्त यशो नृणाम् । ५. कुशिष्यमध्यापयतः कुतो यशः । ६. क्षितितले

कि जन्म कीर्ति विना । ७ जठर को न बिभर्ति केवलम् । ८ पिण्डेष्वनास्था खलु भौतिकेषु (र०) । ९ प्राप्यते कि यशः शुभ्रमनङ्गीकृत्य साहसम् (क०) । १० माने म्लाने कुतः सुखम् । ११ यशः पुण्यैरवाप्यते (चा०) । १२ यशस्तु रक्ष्य परतो यशोधनैः (र०) । १३. सभावितस्य चाकीर्तिर्मरणादतिरिच्यते (गी०) । १४ सर्वं रत्नमुपद्रवेण सहित निर्दोषमेक यशः । १५ सहते विरहक्लेश यशस्वी नायशः पुन. (क०) ।

(ङ) दान

१ आदान हि विसर्गाय सता वारिमुचामिव (र०) । २ उपार्जिताना वित्ताना त्याग एव हि रक्षणम् (प०) । ३. कुपात्रदानाच्च भवेद् दरिद्रः । ४ कुप्येत् को नातियाचितः । ५ त्यागाज्जगति पूज्यन्ते, पशुपाषाणपादपाः । ६. त्यागी भवति वा न वा । ७. दान भोगो नाशश्च तिस्रो गतयो भवन्ति वित्तस्य (प०) । ८ देशे काले च पात्रे च, तद् दान सात्विक स्मृतम् (गी०) । ९ श्रद्धया देयम् (तै० उप०) । १०. श्रद्धया न विना दानम् । ११. सकलगुणसीमा वितरणम् । १२ सरित्पतिर्नहि समुपैति रिक्तताम् (शि०) । १३. हस्तस्य भूषण दानम् ।

(च) परोपकार

१. अनुभवति हि मूर्ध्ना पादपस्तीव्रमुष्ण, शमयति परिताप छायया सश्रितानाम् (शा०) । २ अपृष्टोऽपि हित ब्रूयाद् , यस्य नेच्छेत् पराभवम् । ३. आपन्नत्राणविकलैः किं प्राणैः पौरुषेण वा (क०) । ४. आपन्नार्तिप्रशमनफलाः सम्पदो ह्युत्तमानाम् (मे०) । ५. इच्छादानपरोपकारकरण पात्रानुरूप फलम् । ६. उपकृत्य निसर्गतः परेषामुपरोधं नहि कुर्वते महान्तः (शि०) । ७. उपदेशपराः परेष्वपि, स्वविनाशाभिमुखेषु साधवः (शि०) । ८. किमदेयमुदाराणामुपकारिषु तुष्यताम् (क०) । ९. धनानि जीवित चैव परार्थे प्राज्ञ उत्सृजेत् (प०) । १० नहि प्रिय प्रवक्तुमिच्छन्ति मृषा हितैषिणः (कि०) । ११. नास्त्यदेय महात्मनाम् । १२. परहितनिरतानामादरो नात्मकार्ये । १३. परार्थप्रतिपन्ना हि नेक्षन्ते स्वार्थमुत्तमाः (क०) । १४. परोपकारज पुण्य न स्यात् क्रतुशतैरपि । १५. परोपकाराय सता विभूतयः । १६ परोपकारार्थमिद शरीरम् । १७. पर्यायपीतस्य सुरैर्हिमाशोः, कलाक्षयः श्लाघ्यतरो हि वृद्धेः (र०) । १८ भक्त्या कार्यधुर वहन्ति कृतिनस्ते दुर्लभास्त्वादृशाः । १९ मिथ्या परोपकारो हि कुतः स्यात् कस्य शर्मणे (क०) । २०. युक्ताना खलु महता परोपकारे, कल्याणी भवति रुजत्स्वपि प्रवृत्तिः (कि०) । २१. रविपीतजला तपात्यये पुनरोघेन हि युज्यते नदी (कु०) । २२. वरविभवभूषा वितरणम् । २३. साधूना हि परोपकारकरणे नोपाध्यपेक्ष मन. । २४. स्वत एव सता परार्थता, ग्रहणाना हि यथा यथार्थता (शि०) । २५. स्वभाव एवैष परोपकारिणाम् (शा०) । २६. स्वामापद प्रोज्झ्य विपत्तिमग्न, शोचन्ति सन्तो ह्युपकारिपक्षम् (कि०) ।

(छ) लोभ

१. अर्थार्थी जीवलोकोऽय श्मशानमपि सेवते (प०)। २ अर्थातुराणा न गुरुर्न बन्धुः। ३. कष्टो हि बान्धवस्नेह राज्यलोभोऽतिवर्तते (क०)। ४. कृतघ्ना धनलोभान्धा नोपकारेक्षणक्षमा. (क०)। ५. कैषा हि नापदा हेतुरतिलोभान्धबुद्धिता (क०)। ६. कोऽर्थी गतो गौरवम् (प०)। ७ तृष्णैका तरुणायते (प०)। ८ प्राणेभ्योऽप्यर्थमात्रा हि कृपणस्य गरीयसी (क०)। ९. लुब्धमर्थेन गृह्णीयात् (प०)। १०. लुब्धाना याचकः शत्रुः। ११. लोभः पापस्य कारणम्। १२. लोभमूलानि पापानि।

(ज) सन्तोष

१ अन्तो नास्ति पिपासायाः सन्तोषः परम सुखम्। २. अपा हि तृप्ताय न वार्रिधारा, स्वादुः सुगन्धिः स्वदते तुषारा (नै०)। ३. न तोषात् परम सुखम्। ४ न तोषो महता मृषा (क०)। ५ मनसि च परितुष्टे कोऽर्थवान् को दरिद्रः। ६. सन्तोष एव पुरुषस्य पर निधानम्। ७. सन्तोषतुल्य धनमस्ति नान्यत्।

(झ) सौन्दर्य

१ किमिव हि मधुराणा मण्डन नाकृतीनाम् (शा०)। २. केवलोऽपि सुभगो नवाम्बुदः, कि पुनस्त्रिदशचापलाञ्छितः (र०)। ३. क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति, तदेव रूप रमणीयतायाः (शि०)। ४ गुणान् भूषयते रूपम्। ५ न रम्यमाहार्यमपेक्षते गुणम् (कि०)। ६ न षट्पदश्रेणिभिरेव पकज, सशैवलासगमपि प्रकाशते (कु०)। ७. प्रागेव मुक्ता नयनाभिरामा', प्राप्येन्द्रनील किमुतोन्मयूखम् (र०)। ८ प्रियेषु सौभाग्यफला हि चारुता (कु०)। ९ भवन्ति साम्येऽपि निविष्टचेतसा, वपुर्विशेषेष्वतिगौरवाः क्रिया. (कु०)। १० यतो रूप तत शीलम्। ११ यत्राकृतिस्तत्र गुणा वसन्ति। १२. यदेव रोचते यस्मै भवेत्तत्तस्य सुन्दरम्। १३ रम्याणा विकृतिरपि श्रिय तनोति (कि०)। १४. ेयमाकृतिर्न व्यभिचरति शीलम् (द०)। १५. हरति मनो मधुरा हि यौवनश्रीः (कि०)।

(१३) मनोभाव

(क) करुण-रस

१. अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम् (उ०)। २ अभितप्तमयोऽपि मार्दव, भजते कैव कथा शरीरिषु (र०)। ३ इष्टमूलानि शोकानि। ४ दुःखिते मनसि र्वमसह्यम् (कि०)। ५ प्राय सर्वो भवति करुणावृत्तिरार्द्रान्तरात्मा (मे०)। ६. प्रिय-न्धुविनाशोत्थ. शोकाग्नि. क न तापयेत् (क०)। ७ प्रियानाशे कृत्स्न किल जगदरण्य हे भवति (उ०)। ८. सन्धत्ते भृशमरतिं हि सद्वियोगः (कि०)।

(ख) क्रोध

१. क्रोधः ससारबन्धनम्। २ क्रोधो मूलमनर्थानाम् (हि०)। ३. जितक्रोधेन र्वं हि जगदेतद् विजीयते (क०)। ४ जितक्रोधो न दुःखस्यास्पदीभवेत् (क०)। ५. र्मक्षयकरः क्रोधः। ६. नास्ति क्रोधसमो वह्निः।

(ग) चिन्ता

१. चिता दहति निर्जीवं, चिन्ता चैव सजीवकम् । २ चिन्ता जरा मनुष्याणाम् । ३. चिन्तासमं नास्ति शरीरशोषणम् ।

(घ) प्रेम (प्रेम-स्वभाव)

१. अनुरागान्धमनसां विचारः सहसा कुतः (क०) । २. अपथे पदमर्पयन्ति हि श्रुतवन्तोऽपि रजोनिमीलिताः (र०) । ३. अपायो मस्तकस्थो हि, विषयग्रस्तचेतसाम् (क०) । ४. अविज्ञातेऽपि बन्धौ हि, बलात् प्रह्लादते मनः (कि०) । ५. आशु बध्नाति हि प्रेम, प्राग्जन्मान्तरसंस्तवः (क०) । ६ आहुः सप्तपदी मैत्री । ७ गुणः खल्वनुरागस्य कारणं न बलात्कारः (मृ०) । ८ चित्तं जानाति जन्तूनां प्रेम जन्मान्तरार्जितम् (क०) । ९. जनानुरागप्रभवा हि सम्पदः । १०. तारामैत्रकं चक्षूरागः (उ०) । ११. दयितं जनः खलु गुणीति मन्यते (शि०) । १२ दयितास्वनवस्थितं नृणां, न खलु प्रेम चलं सुहृज्जने (कु०) । १३. प्रेम पश्यति भयान्यपदेऽपि (कि०) । १४. भावस्थिराणि जननान्तर-सौहृदानि (शा०) । १५. लोके हि लोहेभ्यः कठिनतराः खलु स्नेहमया बन्धनपाशाः (ह०)। १६. वसन्ति हि प्रेम्णि गुणा न वस्तुनि (कि०) । १७ व्यतिषजति पदार्थानान्तरः कोऽपि हेतुः (उ०) । १८. सखि साहजिकं प्रेम दूरादपि विजायते । १९. सतां संगतं, मनीषिभिः साप्तपदीनमुच्यते (कु०) । २० सर्वं स्नेहात् प्रवर्तते (महा०) । २१. सर्वः कान्तमात्मीयं पश्यति (शा०) । २२. सर्वः प्रियः खलु भवत्यनुरूपचेष्टः (शि०) । २३. स्नेहमूलानि दुःखानि (महा०) ।

(ङ) रुचि

१. अनपेक्ष्य गुणागुणौ जनः, स्वरुचिं निश्चयतोऽनुधावति (शि०) । २. तस्य तदेव हि मधुरं, यस्य मनो यत्र संलग्नम् ।

(च) शृंगार

१. इष्टप्रवासजनितान्यबलाजनस्य, दुःखानि नूनमतिमात्रसुदुःसहानि (शा०) । २. प्रभवति मण्डयितुं वधूरनङ्गः (कि०) । ३ वाम एव सुरतेष्वपि कामः (कि०) । ४. सन्तापकारिणो बन्धुजनविप्रयोगा भवन्ति । ५. सन्धत्ते भृशमरतिं हि सद्वियोगः (कि०) । ६. साधनेषु हि रतेरुपधत्ते रम्यतां प्रियसमागम एव (कि०) । ७. सूर्यापाये न खलु कमलं पुष्यति स्वामभिख्याम् (मे०) ।

(छ) स्वाभिमान

१. जन्मिनो मानहीनस्य, तृणस्य च समा गतिः (कि०) । २. न स्पृशति पल्वलाम्भः पञ्जरशेषोऽपि कुञ्जरः क्वापि । ३. परभुक्ते हि कमले किमलेर्जायते रतिः (क०) । ४ पुरुषस्तावदेवासौ यावन्मानान्न हीयते (कि०) ।

(१४) व्यवहार

(क) अतिथि-सत्कार

१. अतिथिदेवो भव (तैत्ति० उ०)। २ अभ्यागतो यत्र न तत्र लक्ष्मीः। ३. यथाशक्त्यतिथेः पूजा धर्मो हि गृहमेधिनाम् (क०)।

(ख) अति सर्वत्र वर्जयेत्

१. अतिदानाद् बलिर्बद्धः (भा०)। २. अतिपरिचयादवज्ञा, सन्ततगमनादनादरो भवति। ३. अतिभुक्तिरतीवोक्तिः सद्यः प्राणापहारिणी। ४. अतिलोभो न कर्तव्यः, चक्रं भ्रमति मस्तके (प०)। ५ सर्वमतिमात्र दोषाय (उ०)।

(ग) अस्तेय (चोर-स्वभाव)

१. कस्यचित् किमपि नो हरणीयम्। २ चोराणामनृत बलम्। ३. चौरे गते वा किमु सावधानम्। ४. तस्करस्य कुतो धर्मः। ५. तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद् धनम् (यजु०)।

(घ) इष्टलाभ

१. कः शरीरनिर्वापयित्री शारदी ज्योत्स्ना पटान्तेन वारयति (शा०)। २. कायः कस्य न वल्लभः। ३. चकास्ति योग्येन हि योग्यसगमः (नै०)। ४. ददाति तीव्रसत्त्वानामिष्टमीश्वर एव हि (क०)। ५. धीराश्च सोढविरहाः प्राप्नुवन्तीष्टसगमम् (क०)।

(ङ) कलह-निन्दा

१. अस्वर्ग्यं लोकविद्विष्टम्। २. अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता (कि०)। ३. ईर्ष्या हि विवेकपरिपन्थिनी (क०)। ४. कलहान्तानि हर्म्याणि (प०)। ५. वाङ्मात्रोत्पादितासह्यवैरात् को नानुतप्यते (क०)।

(च) कृषि

१. अल्पबीज हत क्षेत्रम्। २ नाना फलैः फलति कल्पलतेव भूमिः (भ०)। ३. नास्ति धान्यसम प्रियम्। ४. यथा बीज तथाङ्कुरः। ५. यथा वृक्षस्तथा फलम्।

(छ) पराश्रय

१. कष्टः खलु पराश्रयः। २. कष्टादपि कष्टतर परगृहवासः परान्न च। ३. नैवाश्रितेषु महता गुणदोषशङ्का।

(ज) याञ्चा-निन्दा

१. अभ्यर्थनाभगभयेन साधुर्माध्यस्थ्यमिष्टेऽप्यवलम्बतेऽर्थे (कु०)। २. अर्थिनि जने त्याग विना श्रीश्च का। ३. य य पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीन वचः (भ०)। ४. याचनान्त हि गौरवम्। ५. याञ्चा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा (मे०)। ६. वर हि मानिनो मृत्युर्न दैन्य स्वजनाग्रतः (क०)।

(झ) विघ्न

१. छिद्रेष्वनर्था बहुलीभवन्ति (प०)। २. रन्ध्रोपनिपातिनोऽनर्थाः (शा०)। ३. विघ्नवत्यः प्रार्थितार्थसिद्धयः (शा०)।४. श्रेयांसि लब्धुमसुखानि विनाऽन्तरायैः (कि०)। ५. सत्यः प्रवादो यच्छिद्रेष्वनर्था यान्ति भूरिताम् (क०)। ६. सर्वारम्भा हि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः।

(ञ) स्वार्थ

१ आत्मार्थे पृथिवीं त्यजेत् (प०)। २ कृतार्थः स्वामिनं द्वेष्टि (प०)। ३ कृतार्थाश्च प्रयोजकम् (महा०)। ४ परसेवैकसक्ताना को हि स्नेहो निजे जने (क०)। ५. सर्वे कार्यवशाज्जनोऽभिरमते तत्कस्य को वल्लभः (भ०)। ६. सर्वः स्वार्थं समीहते (शि०)। ७ सर्वथा स्वहितमाचरणीयं किं करिष्यति जनो बहुजल्पः।

(ट) नीति

१. अहो दुरन्ता बलवद्विरोधिता (कि०)। २. आदौ साम प्रयोक्तव्यम् (प०)। ३. आर्जवं हि कुटिलेषु न नीतिः (नै०)। ४ आहारे व्यवहारे च त्यक्तलज्जः सुखी भवेत्। ५. इतो भ्रष्टस्ततो भ्रष्टः। ६ इदं च नास्ति न परं च लभ्यते। ७. इष्टं धर्मेण योजयेत् (प०)। ८. उच्छ्राय नयति यदृच्छयाऽपि योगः (क०)। ९. उपायं चिन्तयेत् प्राज्ञः (प०)। १०. उपायमास्थितस्यापि नश्यन्त्यर्थाः प्रमाद्यतः (शि०)। ११. उपायेन हि यच्छक्यं न तच्छक्यं पराक्रमैः (प०)। १२ ऋणकर्ता पिता शत्रुः (प०)। १३. एको वासः पत्तने वा वने वा (भ०)। १४ क उष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति (शा०)। १५ कण्टकेनैव कण्टकम् (प०)। १६. के वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्नाः (मे०)। १७. को न याति वशं लोके मुखे पिण्डेन पूरितः। १८. गतं न शोचामि कृतं न मन्ये। १९. ग्रामस्यार्थे कुलं त्यजेत्। २०. चलति जयान्न जिगीषतां हि चेतः (कि०)। २१. चलत्येकेन पादेन तिष्ठत्येकेन पण्डितः (शा० प०)। २२. त्यजेदेकं कुलस्यार्थे (प०)। २३. न काचस्य कृते जातु युक्ता मुक्तामणेः क्षतिः (क०)। २४. न कूपखननं युक्तं प्रदीप्ते वह्निना गृहे (हि०)। २५. न पादपोन्मूलनशक्ति रहः शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य (र०)। २६. न भयं चास्ति जाग्रतः। २७. नयहीनादपरज्यते जनः (कि०)। २८. नहि तापयितुं शक्यं सागराम्भस्तृणोल्कया। २९. नार्कातपैर्जलजमेति हिमैस्तु दाहम् (नै०)। ३०. नासमीक्ष्य परं स्थानं पूर्वमायतनं त्यजेत् (शा० प०)। ३१. निपातनीया हि सतामसाधवः (शि०)। ३२. नीचैरनीचैरतिनीचनीचैः सर्वैरुपायैः फलमेव साध्यम्। ३३. नृपतिजनपदानां दुर्लभः कार्यकर्ता (प०)। ३४. पयःपानं भुजङ्गानां केवलं विषवर्धनम् (प०)। ३५. पयो गते किं खलु सेतुबन्धः। ३६. परवृद्धिषु बद्धमत्सराणां किमिव ह्यस्ति दुरात्मनामलङ्घ्यम् (कि०)। ३७. परसदननिविष्टः को लघुत्वं न याति (भ०)।

३८. पाणौ पयसा दग्धे तक्र फूत्कृत्य पामरः पिबति। ३९. प्रकर्षतन्त्रा हि रणे जयश्रीः (कि०)। ४०. प्रकृत्या ह्यमणिः श्रेयान् नालकारश्च्युतोपलः (कि०)। ४१ प्रच्छन्न-मप्यूहयते हि चेष्टा (कि०)। ४२. प्रतीयन्ते न नीतिज्ञा. कृतावज्ञस्य वैरिणः (क०)। ४३. प्रभुश्च निर्विचारश्च नीतिज्ञैर्न प्रशस्यते (क०)। ४४. प्रायोऽशुभस्य कार्यस्य कालहारः प्रतिक्रिया (क०)। ४५. प्रार्थनाऽधिकबले विपत्फला (कि०)। ४६. बधिरा-न्मन्दकर्णः श्रेयान्। ४७. बन्धुरप्यहितः परः। ४८. बहुविघ्नास्तु सदा कल्याणसिद्धयः (क०)। ४९. भवन्ति क्लेशबहुलाः सर्वस्यापीह सिद्धयः (क०)। ५०. भवन्ति वाचो-ऽवसरे प्रयुक्ता, ध्रुव प्रविस्पष्टफलोदयाय (कु०)। ५१ भेदस्तत्र प्रयोक्तव्यो यतः स वशकारकः (प०)। ५२. महानपि प्रसङ्गेन नीच सेवितुमिच्छति। ५३. महोदयानामपि सघवृत्तिता, सहायसाध्याः प्रदिशन्ति सिद्धयः (कि०)। ५४. मायाचारो मायया वर्तितव्यः, साध्वाचारः साधुना प्रत्युपेयः (महा०)। ५५. मुख्यमङ्ग हि मन्त्रस्य विनिपात-प्रतिक्रिया (क०)। ५६. मुह्यत्येव हि कृच्छ्रेषु सभ्रमज्वलित मनः (कि०)। ५७. मौन सर्वार्थसाधकम्। ५८. मौन स्वीकृतिलक्षणम्। ५९. मौनिनः कलहो नास्ति। ६०. यथा देशस्तथा भाषा। ६१. यथा राजा तथा प्रजा। ६२. यदि वाऽत्यन्तमृदुता न कस्य परि-भूयते (क०)। ६३. यद्यपि शुद्ध लोकविरुद्ध नाचरणीय नाचरणीयम्। ६४. यान्ति न्याय-प्रवृत्तस्य, तिर्यञ्चोऽपि सहायताम् (अ०)। ६५. येन केन प्रकारेण प्रसिद्धः पुरुषो भवेत्। ६६ येनेष्ट तेन गम्यताम्। ६७. रत्नव्ययेन पाषाण को हि रक्षितुमर्हति (क०)। ६८. वरयेत् कुलजा प्राज्ञो विरूपामपि कन्यकाम्। ६९. विक्रीते करिणि किमङ्कुशे विवादः। ७०. व्रजन्ति ते मूढधियः पराभव, भवन्ति मायाविषु ये न मायिनः (कि०)। ७१. शुष्केन्धने वह्निरुपैति वृद्धिम्। ७२. श्रेयासि लब्धुमसुखानि विनाऽन्तरायैः (कि०)। ७३. सदाऽनुकूलेषु हि कुर्वते रति, नृपेष्वमात्येषु च सर्वसम्पदः (कि०)। ७४. सन्दीप्ते भवने तु कूपखनन प्रत्युद्यमः कीदृशः (भ०)। ७५. सन्धि कृत्वा तु हन्तव्यः सप्राप्तेऽवसरे पुनः (क०)। ७६. समुखीनो हि जयो रन्ध्रप्रहारिणाम् (र०)। ७७. सर्वनाशे समुत्पन्नेऽर्ध त्यजति पण्डितः (प०)।

(१५) पुरुषस्त्री-स्वाभावादि

(क) कन्या (पुत्री)

१. अर्थो हि कन्या परकीय एव (शा०)। २. अशोच्या हि पितुः कन्या, सद्भर्तृ-प्रतिपादिता (कु०)। ३. कन्या नाम महद् दुःख, धिगहो महतामपि (क०)। ४. कन्या-पितृत्व खलु नाम कष्टम्। ५ शोककन्दः क्व कन्या हि, क्वानन्दः कायवान् सुतः (क०)। ६. स्नुषात्व पापाना फलमधनगेहेषु सुदृशाम्।

(ख) पुत्र

१. अपुत्राणा किल न सन्ति लोकाः शुभाः (का०) । २. कः सूनुर्विनय विना । ३. कुपुत्रेण कुल नष्टम् । ४. कोऽर्थः पुत्रेण जातेन, यो न विद्वान् न धार्मिकः (हि०) । ५. दुर्लभ क्षेमकृत् सुतः । ६. धिक् पुत्रमविनीत च । ७. न चापत्यसमः स्नेहः । ८. न पुत्रात् परमो लाभ. । ९. पुत्रः शत्रुरपण्डितः (चा०) । १०. पुत्रहीन गृह शून्यम् । ११. पुत्रादपि भय यत्र तत्र सौख्य हि कीदृशम् । १२ पुत्रोदये माद्यति का न हर्षात् । १३. मातापितृभ्या शप्तः सन्न जातु सुखमश्नुते (क०) । १४ शोककन्दः क्व कन्या हि, क्वानन्दः कायवान् सुतः (क०) । १५ सत्पुत्र एव कुलसद्मनि कोऽपि दीपः । १६. सन्तति. पुण्यमाख्याति । १७ सन्ततिः शुद्धवश्या हि, परत्रेह च शर्मणे (र०) ।

(ग) स्त्रीचरित-निन्दा

१ अधरेष्वमृत हि योषिता, हृदि हालाहलमेव केवलम् । २. अनुरागपरायत्ताः कुर्वते किं न योषितः (क०) । ३ अन्तर्विषमया ह्येता बहिश्चैव मनोरमाः (प०) । ४. अविनीता रिपुर्भार्या । ५. कठिनाः खलु स्त्रियः (कु०) । ६ कष्टा हि कुटिलश्वश्रूपरतन्त्र-वधूस्थितिः(क०)। ७. कि किं करोति न निरर्गलता गता स्त्री ।८. किं न कुर्वन्ति योषितः (भ०) । ९ कुगेहिनीं प्राप्य गृहे कुतः सुखम् । १०. न स्त्री चलितचारित्रा निम्नोन्नतम-वेक्षते (क०) । ११. नार्यः समाश्रितजन हि कलङ्कयन्ति । १२ प्रत्ययः स्त्रीषु मुष्णाति विमर्श विदुषामपि (क०) । १३. मद्ये मारैकसुहृदि प्रसक्ता स्त्री सती कुतः (क०) । १४. वञ्च्यन्ते हेलयैवेह कुस्त्रीभिः सरलाशयाः (क०) । १५. वेश्याना च कुतः स्नेहः । १६ सनिकृष्टे निकृष्टेऽपि कष्ट रज्यन्ति कुस्त्रियः (क०) ।

(घ) स्त्रीधर्म आदि

१. इहामुत्र च नारीणा परमा हि गतिः पतिः (क०) । २ उपपन्ना हि दारेषु प्रभुता सर्वतोमुखी (शा०) । ३. कष्ट हन्त मृगीदृशा पतिगृह प्रायेण कारागृहम् । ४. प्रमदाः पतिमार्गगा इति प्रतिपन्न हि विचेतनैरपि (कु०) । ५. प्रियेषु सौभाग्यफला हि चारुता (कु०) । ६ भर्तृनाथा हि नार्यः (प्रतिमा०) । ७. भर्तृमार्गानुसरण स्त्रीणा हि परम व्रतम् (क०) ।

(ङ) स्त्रीशील-प्रशंसा

१. अचिन्त्य शीलगुप्ताना चरित कुलयोषिताम् (क०) । २. असाध्यं सत्यसाध्वीना किमस्ति हि जगत्त्रये (क०) । ३ असारे खलु ससारे, सार सारङ्गलोचना । ४. आपद्यपि सतीवृत्त, किं मुञ्चन्ति कुलस्त्रियः (क०) । ५. का नाम कुलजा हि स्त्री, भर्तृद्रोह करिष्यति (क०) । ६. किं नाम न सहन्ते हि, भर्तृभक्ताः कुलाङ्गनाः (क०) । ७. कुलवधूः का स्वामिभक्तिं विना । ८. क्रियाणा खलु धर्म्याणा

सत्पत्न्यो मूलकारणम् (कु०)। ९. तस्मात् सर्वं परित्यज्य पतिमेकं भजेत् सती। १०. धिग् गृहं गृहिणीशून्यम्। ११. न गृहं गृहमित्याहुर्गृहिणी गृहमुच्यते। १२. न पतिव्यतिरेकेण सुस्त्रीणामपरा गतिः (क०)। १३. न भार्यायाः परं सुखम्। १४. नारीणां भूषणं पतिः। १५. नारीणां भूषणं शीलम्। १६. नास्ति भर्तुः समो बन्धुः (वि०)। १७. नेर्ष्यां भर्तृहितैषिण्यो गणयन्ति हि सुस्त्रियः (क०)। १८. पुत्रप्रयोजना दाराः। १९. पुरन्ध्रीणां चित्तं कुसुमसुकुमारं हि भवति (उ०)। २०. पेशलं हि सतीमनः (क०)। २१. भर्तारं हि विना नान्यः सतीनामस्ति बान्धवः (क०)। २२. भवन्त्यव्यभिचारिण्यो भर्तुरिष्टे पतिव्रताः (कु०)। २३. भार्या मूलं गृहस्थस्य। २४ भार्यासमं नास्ति शरीरतोषणम्। २५. भार्याहीनं गृहस्थस्य शून्यमेव गृहं मतम्। २६ यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः (म०)। २७ या सौन्दर्यगुणान्विता पतिरता सा कामिनी कामिनी। २८. शुचिर्नारी पतिव्रता। २९. सतीधर्मो हि सुस्त्रीणां, चिन्त्यो न सुहृदादयः (क०)। ३०. स्निग्धमुग्धा हि सत्स्त्रियः (क०)। ३१ स्फुटमभिभूषयति स्त्रियस्त्रपैव (शि०)। ३२. स्वसुखं नास्ति साध्वीनां, तासां भर्तृसुखं सुखम् (क०)।

(च) स्त्री-स्वभावादि-वर्णन

१. अहो विनेन्द्रजालेन स्त्रीणां चेष्टा न विद्यते (क०)। २. आदावसत्यवचनं पश्चाज्जाता हि कुस्त्रियः (क०)। ३ उदारसत्त्वं वृणुते, स्वयं हि श्रीरिवाङ्गना (क०)। ४. कान्ता रूपवती शत्रुः। ५. को हि वित्तं रहस्यं वा, स्त्रीषु शक्नोति गूहितुम् (क०)। ६. क्षुभ्यन्ति प्रसभमहो विनापि हेतोर्लीलाभिः किमु सति कारणे रमण्यः (शि०)। ७. जातापत्या पतिं द्वेष्टि। ८. तदेव दुःसहं स्त्रीणामिह प्रणयखण्डनम् (क०)। ९. धिक् कलत्रमपुत्रकम्। १०. नवाङ्गनानां नव एव पन्थाः। ११. न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति (महा०)। १२. न स्नेहो न च दाक्षिण्यं, स्त्रीष्वहो चापलादृते (क०)। १३. नहि नार्यो विनेर्ष्यया। १४. नहि वन्ध्याऽश्नुते दुःखं, यथा हि मृतपुत्रिणी। १५. निसर्गसिद्धो नारीणां, सपत्नीषु हि मत्सरः (क०)। १६. प्रत्युत्पन्नमति स्त्रैणम् (शा०)। १७. प्रायः श्वश्रूस्नुषयोर्न दृश्यते सौहृदं लोके। १८. प्रायः स्त्रियो भवन्तीह, निसर्गविषमाः शठाः (क०)। १९. प्रायेण भूमिपतयः प्रमदा लताश्च, यः पार्श्वतो भवति तं परिवेष्टयन्ति (प०)। २०. बत स्त्रीणां चञ्चलाश्चित्तवृत्तयः (क०)। २१. युवतिजनः खलु नाप्यतेऽनुरूपः (कि०)। २२. स्त्रियाश्चरित्रं पुरुषस्य भाग्यं, देवो न जानाति कुतो मनुष्यः। २३. स्त्रियो नष्टा ह्यभर्तृकाः। २४. स्त्रीचित्तमहो विचित्रमिति (क०)। २५. स्त्रीणां प्रियालोकफलो हि वेषः (कु०)। २६. स्त्रीणां भावानुरक्तं हि, विरहासहनं मनः (क०)। २७. स्त्रीणामलीकमुग्धं हि, वचः को मन्यते मृषा (क०)। २८. स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु (मे०)। २९. स्त्री पुंवच्च प्रभवति यदा, तद्धि गेहं विनष्टम्।

३०. स्त्रीबुद्धिः प्रलयावहा (का० नी०)। ३१ स्त्रीभिः कस्य न खण्डित भुवि मनः (भ०)। ३२. स्त्री विनश्यति रूपेण (गा० प०)। ३३. स्त्रीषु वाक्संयमः कुतः (क०)। ३४. स्वाधीना दयिता सुतावधि।

(१६) कवि, काव्य, कविता

१. कलासीमा काव्यम्। २. कवयः किं न पश्यन्ति। ३. काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमताम् (हि०)। ४. कैषा नैषा कथय कविताकामिनी कौतुकाय। ५. पिपासितैः काव्यरसो न पीयते। ६ पिबाम. शास्त्रौघानुत विविधकाव्यामृतरसान्। ७. सुकविता यद्यस्ति राज्येन किम्। ८. स्फुटता न पदैरपाकृता, न च न स्वीकृतमर्थगौरवम्। रचिता पृथगर्थता गिरा, न च सामर्थ्यमपोहित क्वचित् (कि०)।

(१७) विविध

(क) कलि

१. कलौ वेदान्तिनो भान्ति, फाल्गुने बालका इव। २ पश्यन्तु लोकाः कलि-कौतुकानि। ३. पश्यन्तु लोका. कलिदोषकाणि। ४. साधुः सीदति दुर्जनः प्रभवति प्राप्ते कलौ दुर्युगे।

(ख) शकुन

१ अन्तरापाति हि श्रेयः, कार्यसम्पत्तिसूचकम् (क०)। २. अव्याक्षेपो भविष्यन्त्याः कार्यसिद्धेर्हि लक्षणम् (र०)। ३. आवेदयन्ति हि प्रत्यासन्नमानन्दमग्रपातीनि शुभानि निमित्तानि (का०)। ४. आमुखापाति कल्याण, कार्यसिद्धिं हि शसति (क०)। ५. भवन्त्युदयकाले हि सत्कल्याणपरम्पराः (क०)।

(ग) विविध सुभाषित

१. अधिकस्याधिक फलम्। २. अनाश्रया न शोभन्ते पण्डिता वनिता लताः। ३. अपवाद एव सुलभो द्रष्टुर्गुणो दूरतः। ४. अपुत्रस्य गृह शून्यम्। ५. अप्रकटीकृत-शक्तिः शक्तोऽपि जनस्तिरस्क्रिया लभते। ६. अप्रियस्य च पथ्यस्य वक्ता श्रोता च दुर्लभः (प०)। ७. अभोगस्य हत धनम् (प०)। ८ अर्धमात्रालाघवेन पुत्रोत्सव मन्यन्ते वैयाकरणाः। ९. अल्पश्च कालो बहवश्च विघ्नाः। १०. अशनेरमृतस्य चोभयोर्वशिन-श्चाम्बुधराश्च योनयः (कु०)। ११. अहो दुर्निवारता व्यसनोपनिपातानाम् (का०)। १२. आज्ञा गुरूणा ह्यविचारणीया (र०)। १३. इन्द्रोऽपि लघुता याति, स्वय प्रख्यापितै-र्गुणैः (प०)। १४. कस्यचित् किमपि नो हरणीय, मर्मवाक्यमपि नोच्चरणीयम्। १५. क्लेशः फलेन हि पुनर्नवता विधत्ते। १६. क्षुधातुराणा न रुचिर्न पक्वम्। १७ घनाम्बुना राजपथे हि पिच्छिले, क्वचिद् बुधैरप्यपथेन गम्यते (नै०)। १८ चक्षुःपूत न्यसेत् पादम्

(चा०)। १९. जातौ जातौ नवाचाराः। २०. जामाता दशमो ग्रहः। २१ जीवो जीवस्य जीवनम्। २२. ज्येष्ठभ्राता पितुः समः। २३. दया मांसाशिनः कुतः (प०)। २४. दिशत्यपायं हि सतामतिक्रमः (कि०)। २५. दुर्लभः स गुरुर्लोके शिष्यचिन्तापहारकः। २६ दुर्लभः स्वजनप्रियः। २७. देहस्नेहो हि दुस्त्यजः (क०)। २८. नक्रः स्वस्थानमासाद्य गजेन्द्रमपि कर्षति (प०)। २९. न नश्यति तमो नाम, कृतया दीपवार्तया। ३०. ननु तैलनिषेकबिन्दुना, सह दीपार्चिरुपैति मेदिनीम् (र०)। ३१. न पादपोन्मूलनशक्ति रंहः, शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य (र०)। ३२. न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात् (शा०)। ३३ न भूतो न भविष्यति। ३४. न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत् (कु०)। ३५. नाराणां नापितो धूर्तः (प०)। ३६. न सुवर्णे ध्वनिस्तादृग्, यादृक् कांस्ये प्रजायते। ३७. नहि प्रफुल्लं सहकारमेत्य, वृक्षान्तरं काङ्क्षति षट्पदालिः (र०)। ३८ नहि सिंहो गजास्कन्दी भयाद् गिरिगुहाश्रयः। ३९ नाकाले म्रियते जन्तुर्विद्धः शरशतैरपि (घ०)। ४०. नाल्पीयान् बहुसुकृतं हिनस्ति दोषः (कि०)। ४१. निःसारस्य पदार्थस्य प्रायेणाडम्बरो महान्। ४२ निरस्तपादपे देशे एरण्डोऽपि द्रुमायते (हि०)। ४३. निर्वाणदीपे किमु तैलदानम्। ४४. नैकत्र सर्वो गुणसंनिपातः। ४५. पङ्को हि नभसि क्षिप्तः क्षेप्तुः पतति मूर्धनि (क०)। ४६. परोपदेशवेलायां शिष्टाः सर्वे भवन्ति वै। ४७. परोपदेशे पाण्डित्यं सर्वेषां सुकरं नृणाम्। ४८ प्रकृत्या ह्यमणिः श्रेयान् नालंकारश्च्युतोपलः (कि०)। ४९. प्रत्यासन्नविपत्तिमूढमनसां प्रायो मतिः क्षीयते। ५०. फणाटोपो भयंकरः (प०)। ५१. बालानां रोदनं बलम्। ५२. भवत्यपाये परिमोहिनी मतिः (कि०)। ५३ भवन्ति भव्येषु हि पक्षपाताः (कि०)। ५४. मनोरथानामगतिर्न विद्यते (कु०)। ५५ मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना। ५६. यत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम्। ५७. यदध्यासितमर्हद्भिस्तद्धि तीर्थं प्रचक्षते (कु०)। ५८. यदन्नं भक्षयेन्नित्यं जायते तादृशी मतिः। ५९ यद्वा तद् वा भविष्यति। ६० याचको याचकं दृष्ट्वा श्वानवद् गुर्गुरायते। ६१. यादृशास्तन्तवः कामं तादृशो जायते पटः (क०)। ६२. योगस्तडित्तोयदयोरिवास्तु। ६३. यो यद् वपति बीजं हि, लभते तादृशं फलम् (क०)। ६४. रत्नं समागच्छतु काञ्चनेन। ६५. रत्नाकरे युज्यत एव रत्नम् (कु०)। ६६. रिक्तपाणिर्न प्रेक्षेत राजानं देवतां गुरुम्। ६७. लाभः परं तव मुखे खलु भस्मपातः। ६८. वासः प्रधानं खलु योग्यतायाः। ६९. वासोविहीनं विजहाति लक्ष्मीः। ७०. विना मलयमन्यत्र चन्दनं न प्ररोहति। ७१ विनाशकाले विपरीतबुद्धिः। ७२. विवक्षितं ह्यनुक्तमनुतापं जनयति (शा०)। ७३. विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम् (कु०)। ७४. शस्त्राघाता न तथा सूचीक्षतवेदना यादृक्। ७५. शिष्यपापं गुरुस्तथा। ७६. शुभस्य शीघ्रम्, अशुभस्य कालहरणम्। ७७. श्यालको गृहनाशाय (चा०)। ७८. सपत्नसम्पद् विपद् विपदमनुबध्नातीति (का०)। ७९. सम्पूर्णकुम्भो न करोति शब्दम्। ८०. सागरं वर्जयित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति (शा०)। ८१. सुखमुपदिश्यते परस्य (का०)। ८२. स्थानभ्रष्टा न शोभन्ते दन्ताः केशा नखा नराः (प०)। ८३. स्वदेशजातस्य नरस्य नूनं गुणाधिकस्यापि भवेदवज्ञा।

(११) पारिभाषिक-शब्दकोश

सूचना—(१) सस्कृत-व्याकरण को ठीक-ठीक समझने के लिए आवश्यक एव अत्युपयोगी सभी पारिभाषिक शब्दो का यहाँ पर सग्रह किया गया है। विद्यार्थी इन शब्दों को बहुत सावधानी से स्मरण कर ले। (२) पारिभाषिक शब्दों के साथ उनके मूल-नियम पाणिनिके सूत्र आदि के रूप मे दिए गए है। (३) इस शब्दकोश मे सभी शब्द अकारादि-क्रम से दिए गए है।

(१) अकर्मक—अकर्मक वे धातुएँ होती है, जिनके साथ कर्म नहीं आता। अकर्मक की साधारणतया पहचान यह है कि जिनमे किम् (किसको, क्या) का प्रश्न नहीं उठता। अकर्मक के लिए यह नियम स्मरण कर ले। इन अर्थोंवाली धातुएँ अकर्मक होती है। 'लज्जासत्तास्थितिजागरण, वृद्धिक्षयभयजीवतिमरणम्। शयनक्रीडा-रुचिदीप्त्यर्थ, धातुगण तमकर्मकमाहुः'॥ फलव्यधिकरणव्यापारवाचकत्व सकर्मकत्वम्। फलसमानाधिकरणव्यापारवाचकत्वमकर्मकत्वम्।

(२) अक्षर—(अक्षर न क्षर विद्याद्, अश्नोतेर्वा सरोऽक्षरम्) अविनाशी और व्यापक होने के कारण स्वर और व्यजन वर्णो को अक्षर कहते है।

(३) अघोष—खय् प्रत्याहार अर्थात् वर्गों के प्रथम और द्वितीय अक्षर, जिह्वामूलीय ≍ क, उपध्मानीय ≍ प, विसर्ग और श ष स ये अघोष वर्ण हैं।

(४) अच्—स्वरो को अच् कहते है। वे हैं—अ से लेकर औ तक स्वर।

(५) अजन्त—(अच् + अन्त) स्वर अन्तवाले शब्द या धातु आदि।

(६) अध्याहार—(सूत्रे अश्रूयमाणत्वे सति अर्थप्रत्यायकत्वम्) सूत्र मे जो शब्द या अर्थ नहीं है और वह शब्द या अर्थ लिया जाता है तो उस अश को अध्याहार कहते है।

(७) अनिट्—(न + इट्) जिन धातुओ मे साधारणतया बीच मे 'इ' नही लगता। जैसे—कृ, गम् आदि। इनका विशेष विवरण पृष्ठ २६८ पर दिया है। कृ > कर्ता, कर्तुम् आदि।

(८) अनुदात्त—(नीचैरनुदात्तः, १।२।३०) जिस स्वर को नीची ध्वनि से बोला जाता है, या जिस पर बल नहीं दिया जाता, उसे अनुदात्त कहते हैं। वेद में अक्षर के नीचे लकीर खींचकर अनुदात्त का सकेत किया जाता है। स्वरित के बाद अनुदात्त का चिह्न नही लगता।

(९) अनुनासिक—(मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः, १।१।८) जिन वर्णो का उच्चारण मुख और नासिका दोनो के मेल से होता है, उन्हे अनुनासिक कहते हैं। अनुनासिक (ँ) चिह्न से युक्त सभी वर्ण तथा वर्गों के पचमाक्षर ङ ञ ण न म अनुनासिक है।

(१०) अनुबन्ध—प्रत्ययो आदि के प्रारम्भ और अन्त मे कुछ स्वर या व्यजन इसलिए जुडे होते हैं कि उस प्रत्यय के होने पर गुण, वृद्धि, सप्रसारण, कोई विशेष स्वर उदात्तादि, या अन्य कोई विशेष कार्य हो। ऐसे सहेतुक वर्णो को अनुबन्ध कहते हैं। ये 'इत्' होते है अर्थात् इनका लोप हो जाता है। जैसे—क्तवतु मे क् और उ। शतृ मे श् और ऋ। अतः क्तवतु को कित् कहेगे, शतृ को शित्।

(११) अनुवृत्ति—पाणिनि के सूत्रो मे पहले के सूत्रो से कुछ या पूरा अश अगले सूत्रो मे आता है, इसे अनुवृत्ति कहते है। पूर्व सूत्र के इस अश को लेने पर ही अगले सूत्र का अर्थ पूरा होता है। कुछ अधिकार-सूत्र होते हैं, उनकी पूरे प्रकरण मे अनुवृत्ति होती है। जैसे—प्राग्दीव्यतोऽण् (४।१।८३), तस्यापत्यम् (४।१।९२)।

(१२) अन्तरङ्ग—मुख्य कार्य। धातु और उपसर्ग का कार्य अन्तरङ्ग अर्थात् मुख्य होता है। **(१३) अन्तस्थ**—(यरलवा अन्तस्थाः) य र ल व को अन्तस्थ कहते है।

(१४) अन्वादेश—(किञ्चित्कार्यं विधातुमुपात्तस्य कार्यान्तरं विधातु पुनरुपादानमन्वादेशः) पूर्वोक्त व्यक्ति आदि के पुनः किसी काम के लिए उल्लेख करने को अन्वादेश कहते है। जैसे—अनेन व्याकरणमधीतम्, एन छन्दोऽध्यापय।

(१५) अपवाद—विशेष नियम। यह उत्सर्ग (सामान्य) नियम का बाधक होता है।

(१६) अपृक्त—(अपृक्त एकाल्प्रत्ययः, १।२।४१) एक अल् (स्वर या व्यजन) मात्र शेष प्रत्यय को अपृक्त कहते है। जैसे—सु का स्, ति का त्, सि का स्।

(१७) अभ्यास—(पूर्वोऽभ्यासः, ६।१।४) लिट् लकार आदि मे धातु को द्वित्व होने पर पहले आधे भाग को अभ्यास कहते है। जैसे—चकार मे च, ददर्श मे द।

(१८) अलुक्—विभक्ति आदि का लोप न होना। अलुक्समास में बीच की विभक्तियो का लोप नहीं होता है। जैसे—आत्मनेपदम्, परस्मैपदम्, सरसिजम्।

(१९) अल्पप्राण—(वर्गाणां प्रथमतृतीयपचमा यरलवाश्चाल्पप्राणा) वर्गों के प्रथम, तृतीय और पचम अक्षर तथा य र ल व अल्पप्राण कहे जाते हैं। जैसे—कवर्ग में क ग ङ।

(२०) अवग्रह—(सूत्रेण विधीयमानकार्यस्य बोधक चिह्नम्) सूत्र से किये गए कार्य के बोधक चिह्न को अवग्रह कहते हैं। ऽ = अ। ऽ यह सकेत अ हटा है, इसका बोधक है।

(२१) अव्यय—(स्वरादिनिपातमव्ययम्, १।१।३७) स्वर् आदि शब्द तथा सभी निपात अव्यय होते हैं। अव्यय वे है, जिनके रूप मे कभी परिवर्तन या अन्तर नहीं होता।

(२२) अष्टाध्यायी—पाणिनि के व्याकरण-ग्रन्थ को अष्टाध्यायी कहते हैं। इसमें आठ अध्याय हैं, अतः अष्टाध्यायी नाम पडा। प्रत्येक अध्याय मे ४ पाद हैं और प्रत्येक पाद में कुछ सूत्र। सूत्रो के आगे निर्दिष्ट सख्याओं का क्रमशः यह भाव है—(१) अध्याय की सख्या, (२) पाद की सख्या, (३) सूत्र की सख्या। यथा—१।१।१, अध्याय १, पाद १ का पहला सूत्र।

(२३) असिद्ध—(पूर्वत्रासिद्धम्, ८।२।१) किसी विशेष नियम की दृष्टि में किसी नियम या कार्य को न हुआ-सा समझना। जैसे—सवा सात अध्यायों की दृष्टि में अन्तिम तीन पाद असिद्ध हैं।

(२४) आख्यात—धातु और क्रिया को आख्यात कहते हैं। 'नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्च'। **(२५) आगम**—शब्द या धातु के बीच में जो अक्षर या वर्ण और जुड़ जाते हैं, उन्हें आगम कहते हैं। जैसे—पयस > पयांसि में न् का बीच में आगम है।

(२६) आत्मनेपद—(तङानावात्मनेपदम्, १।४।१००) तङ् (ते, एते, अन्ते आदि), शानच्, कानच्, ये आत्मनेपद होते हैं। जिन धातुओ के अन्त मे ते एते अन्ते आदि लगते हैं, वे धातुएँ आत्मनेपदी कहाती है। जैसे—सेव् धातु। सेवते सेवेते०।

(२७) आदेश—किसी वर्ण या प्रत्यय आदि के स्थान पर कुछ नए प्रत्यय आदि के होने को आदेश कहते हैं। जैसे—आदाय मे क्त्वा को ल्यप् आदेश। रमेशः में आ + ई को ए गुण। **(२८) आमन्त्रित**—(सामन्त्रितम्, २।३।४८) सबोधन को आमन्त्रित कहते है। हे अग्ने!

(२९) आम्रेडित—(तस्य परमाम्रेडितम्, ८।१।२) द्विरुक्तिवाले स्थानो पर उत्तरार्ध को आम्रेडित कहते हैं। जैसे—कान् + कान् = कास्कान्, मे बाद वाला कान्।

(३०) आर्धधातुक—(आर्धधातुक शेषः, ३।४।११४) तिङ् (ति तः अन्ति आदि और ते एते अन्ते आदि) और शित् (शतृ आदि) से अतिरिक्त धातुओं से जुडनेवाले प्रत्यय आर्धधातुक कहे जाते है। (लिट् च, ३।४।११५) लिट् के स्थान पर होनेवाले तिङ् भी आर्धधातुक होते हैं।

(३१) इट्—(आर्धधातुकस्येड्वलादेः, ७।२।३५) इट् का इ शेष रहता है। यह धातु और प्रत्यय के बीच मे होता है। वलादि आर्धधातुक को इट् (इ) होता है। जैसे—पठिष्यति, पठितुम्। इस इट् (इ) के आधार पर ही धातुएँ सेट् या अनिट् कही जाती हैं। जिन धातुओ में साधारणतया इट् (इ) होता है, उन्हे सेट् (स + इट्) अर्थात् 'इ' वाली धातुएँ कहते हैं। जिनमें इट् (इ) नहीं होता, उन्हे अनिट् (न + इट्) कहते है।

(३२) इत्—(तस्य लोपः, १।३।९) जिसको इत् कहेंगे, उसका लोप हो जाएगा। अनुबन्धो को इत् कहते हैं। गुण आदि के लिए प्रत्ययो के आदि या अन्त मे ये लगे होते हैं। बाद मे ये हट जाते हैं। जैसे—शतृ में श् और ऋ। शतृ मे श् हटा है, अतः इसे शित् कहेंगे। जो अक्षर हटा होगा, उसके आधार पर प्रत्यय कित् (क् + इत्), पित् (प् + इत्) आदि कहे जाते हैं। इत् होने वाले अक्षर ये हैं—(१) हलन्त्यम् (१।३।३) अन्तिम व्यजन इत् होता है। (२) उपदेशेऽजनुनासिक इत् (१।३।२) उच्चारण में अनुनासिक-सकेत वाला स्वर। (३) चुटू (१।३।७) प्रत्यय के आदि के चवर्ग और टवर्ग। (४) लशक्वतद्धिते (१।३।८) तद्धित-प्रकरण को छोडकर प्रत्यय के आदि के ल श और कवर्ग। (५) षः प्रत्ययस्य (१।३।६) प्रत्यय के आदि का ष्। इत्यादि।

(३३) उणादि—(उणादयो बहुलम्, ३।३।१) धातुओ से उण् आदि प्रत्यय होते हैं। इस उण् प्रत्यय के आधार पर व्याकरण मे इस प्रकरण को उणादि-प्रकरण कहते हैं।

(३४) उत्सर्ग—साधारण नियमो को उत्सर्ग कहते हैं। विशेष को अपवाद।

(३५) उदात्त—(उच्चैरुदात्तः, १।२।२९) जिस स्वर को उच्च ध्वनि से बोला जाता है या जिस स्वर पर बल दिया जाता है, उसे उदात्त कहते हैं।

(३६) (क) उपपद-विभक्ति—किसी पद (शब्द) को मानकर जो विभक्ति होती है, उसे उपपद-विभक्ति कहते हैं। जैसे—गुरवे नमः में नमः पद के कारण चतुर्थी है। (ख) **कारक-विभक्ति**—क्रिया को मानकर जो विभक्ति होती है, उसे कारक-विभक्ति कहते हैं। जैसे—पाठ पठति में पठति क्रिया के आधार पर द्वितीया विभक्ति है।

(३७) **उपधा**—(अलोऽन्त्यात् पूर्व उपधा, १।१।६५) अन्तिम अल् (स्वर या व्यजन) से पहले आने वाले वर्ण को उपधा कहते है। जैसे—लिख् धातु मे उपधा मे इ है।

(३८) **उपध्मानीय**—(कुप्वोः ≍क≍पौ च, ८।३।३७) प फ से पहले ≍ अर्धविसर्ग के तुल्य ध्वनि को उपध्मानीय कहते है। जैसे—नॄ ≍पाहि। यह विसर्ग के स्थान पर होता है।

(३९) **उपसर्ग**—(उपसर्गाः क्रियायोगे, १।४।५९) धातु या क्रिया से पहले लगने वाले प्र परा आदि को उपसर्ग कहते है। ये २२ है—प्र परा अप सम् अनु अव निस् निर् दुस् दुर् वि आङ् नि अधि अपि अति सु उत् अभि प्रति परि उप।

(४०) **उभयपद**—परस्मैपद (ति, तः आदि), और आत्मनेपद (ते, एते, आदि) इन दोनों पदो के चिह्नो का लगना। जिन धातुओ मे ये चिह्न लगते है, उन्हे उभयपदी कहते है। (४१) **ऊष्म**—(शषसहा ऊष्माणः) श ष स ह को ऊष्म वर्ण कहते हैं।

(४२) **ओष्ठ्य**—(उपूपध्मानीयानामोष्ठौ) उ ऊ, पवर्ग और उपध्मानीय इनका उच्चारण स्थान ओष्ठ है, अतः ये ओष्ठ्य वर्ण कहलाते है।

(४३) **कण्ठ्य**—(अकुहविसर्जनीयाना कण्ठ.) अ आ, कवर्ग, ह और विसर्ग (:) इनका उच्चारण-स्थान कण्ठ है, अतः ये कण्ठ्य वर्ण कहलाते है।

(४४) **कर्मप्रवचनीय**—(कर्मप्रवचनीया', १।४।८३) अनु, उप, प्रति, परि आदि उपसर्ग कुछ अर्थों मे कर्मप्रवचनीय होते है। इनके साथ द्वितीया आदि होती हैं।

(४५) **कारक**—प्रथमा, द्वितीया आदि को कारक या विभक्ति कहते हैं।

(४६) **कृत्**—(कर्तरि कृत्, ३।४।६७) धातु से होने वाले क्त क्तवतु शतृ शानच् आदि को कृत् प्रत्यय कहते हैं। क्त और खल् को छोडकर शेष कृत् प्रत्यय कर्तृवाच्य मे होते हैं।

(४७) **कृत्य**—(तयोरेव कृत्यक्तखलर्थाः, ३।४।७०) धातु से होने वाले तव्य, अनीय, य आदि को कृत्य प्रत्यय कहते हैं। ये भाव और कर्म वाच्य मे होते है।

(४८) **कृदन्त**—जिन शब्दो के अन्त मे कृत् प्रत्यय लगे होते हैं, उन्हे कृदन्त कहते है। (४९) **क्रिया**—धातुरूपों को क्रिया कहते हैं। जैसे—पचनम्, पठनम्।

(५०) **गण**—धातुओ को १० भागो मे बॉटा गया है, उन्हे गण कहते है। भ्वादिगण आदि।

(५१) **गणपाठ**—कतिपय शब्दों से एक ही प्रत्यय लगता है। ऐसे शब्दों को एक गण (समूह) मे रक्खा गया है। ऐसे शब्द-सग्रह को गणपाठ कहते हैं। जैसे—नद्यादिभ्यो ढक् (४।२।९७)।

(५२) **गति**—(गतिश्च, १।४।६०) उपसर्गों को गति कहते हैं। कुछ अन्य शब्द भी गति हैं।

(५३) **गुण**—(अदेङ् गुणः, १।१।२) अ, ए, ओ को गुण कहते हैं। गुण कहने पर ऋ ॠ को अर्, इ ई को ए, उ, ऊ को ओ हो जाता है।

(५४) **गुरु**—(संयोगे गुरु, १।४।११; दीर्घं च, १।४।१२) सयुक्त वर्ण बाद में हो तो ह्रस्व वर्ण गुरु होता है। सभी दीर्घ अक्षर गुरु होते हैं।

(५५) **घ**—(तरप्तमपौ घः, १।१।२२) तरप् और तमप् प्रत्ययों को घ कहते हैं।

(५६) घि—(शेषो घ्यसखि, १।४।७) ह्रस्व इ और उ अन्त वाले शब्द घि कहलाते है, स्त्रीलिंग शब्दो और सखि शब्द को छोडकर।

(५७) घु—(दाधा घ्वदाप्, १।१।२०) दा और धा धातु को घु कहते है, दाप् को नही। **(५८) घोष**—हश् प्रत्याहार अर्थात् वर्ग के तृतीय चतुर्थ पञ्चम वर्ण और ह य व र ल घोष है।

(५९) जिह्वामूलीय—(कुप्वो. ≍ क ≍ पौ च, ८।३।३७) क ख से पहले ≍ अर्ध विसर्ग के तुल्य ध्वनि को जिह्वामूलीय कहते है। क ≍ करोति। यह विसर्ग के स्थान पर होता है। **(६०) टि**—(अचोऽन्त्यादि टि, १।१।६४) शब्द के अन्तिम ओर से जहाँ स्वर मिले, वह स्वर और आगे व्यजन यदि हो तो वह टि कहलाता है। जैसे—मनस् मे अस्, धनुष् मे उष् टि है।

(६१) तपर—(तपरस्तत्कालस्य, १।१।७०) किसी स्वर के बाद त् लगा देने से उसी स्वर का ग्रहण होगा, अन्य दीर्घ आदि का नही। जैसे—अत् का अर्थ है ह्रस्व अ। आत् दीर्घ आ। **(६२) तद्धित**—शब्दो से पुत्र आदि अर्थों मे होने वाले प्रत्ययो को तद्धित प्रत्यय कहते हैं। **(६३) तालव्य**—(इचुयशाना तालु) इ ई, चवर्ग, य, श का उच्चारण-स्थान तालु है, अत. इन्हें तालव्य वर्ण कहते है।

(६४) तिङ्—धातु के बाद लगने वाले ति त· आदि और ते एते आदि को तिङ् कहते है। **(६५) तिङन्त**—ति तः आदि से युक्त पठति आदि धातुरूपो को तिङन्त पद कहते है।

(६६) दन्त्य—(लृतुलसाना दन्ता) लृ, तवर्ग, ल, स का उच्चारण-स्थान दन्त है, अतः इन्हे दन्त्य वर्ण कहते है।

(६७) दीर्घ—आ ई ऊ ॠ को दीर्घ स्वर कहते हैं। दीर्घ कहने पर ह्रस्व के स्थान पर ये होते हैं। **(६८) द्वित्व**—किसी वर्ण या वर्णसमूह को दो बार पढने को द्वित्व कहते है। पपाठ मे पठ् को द्वित्व है।

(६९) द्विरुक्ति—किसी शब्दरूप या धातुरूप को दो बार पढना। स्मार स्मार, स्मृत्वा स्मृत्वा। **(७०) धातु**—भू पठ् कृ आदि क्रियावाचक शब्दो को धातु कहते हैं।

(७१) धातुपाठ—भू आदि धातुओ को १० गणो के अनुसार सग्रह किया गया है। इस धातु-सग्रह को धातुपाठ कहा जाता है। इसमे धातुओ के साथ उनके अर्थ आदि भी दिए गए हैं।

(७२) नदी—(१) (यू स्त्र्याख्यौ नदी, १।४।३) दीर्घ ईकारान्त ऊकारान्त स्त्रीलिंग शब्द नदी कहलाते हैं। (२) (ङिति ह्रस्वश्च, १।४।६) इकारान्त उकारान्त स्त्रीलिंग शब्द भी नदी कहलाते हैं, ङित् विभक्तियो में।

(७३) नपुंसकलिंग—यह तीन लिंगो मे से एक लिग है। फल, वारि, मधु आदि नपु० शब्द है। **(७४) नाद**—हश् प्रत्याहार (वर्ग के तृतीय चतुर्थ पचम वर्ण, ह य व र ल) नाद वर्ण हैं। **(७५) नाम**—सज्ञा शब्दो को नाम कहते हैं। 'नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्च' निरुक्त।

(७६) निपात—(चादयोऽसत्त्वे, १।४।५७) च वा ह आदि को निपात कहते हैं। (स्वरादिनिपातमव्ययम्) सभी निपात अव्यय होते है, अतः ये सदा एकरूप रहते हैं।

(७७) निष्ठा-(क्तक्तवतू निष्ठा, १।१।२६) क्त और क्तवतु प्रत्ययो को निष्ठा कहते हैं।

(७८) पद—(१) (सुप्तिङन्तं पदम्, १।४।१४) सुप् (ः औ अः आदि) से युक्त शब्दों और तिङ् (ति तः अन्ति आदि) से युक्त धातुरूपो को पद कहते है। जैसे—रामः, पठति। (२) स्वादिष्वसर्वनामस्थाने, १।४।१७) सु (स्) आदि प्रत्यय बाद मे हो तो शब्द को पद कहते है, ये प्रत्यय बाद मे होगे तो नहीं—सु आदि प्रथम पॉच सुप्, यकारादि और स्वर आदि वाले प्रत्यय।

(७९) पदान्त—नियम ७८ मे उक्त पद के अन्तिम अक्षर को पदान्त कहते हैं।

(८०) पररूप—(एङि पररूपम्, ६।१।९४) सन्धि-नियमो मे दो स्वरो को मिलाने पर अगले स्वर के तुल्य रूप रह जाने को पररूप कहते है। जैसे—प्र+एजते = प्रेजते।

(८१) परस्मैपद—(लः परस्मैपदम्, १।४।९९) लकारो के स्थान पर होने-वाले ति, तः, अन्ति आदि प्रत्ययो को परस्मैपद कहते है। ये जिनके अन्त मे लगते हैं, उन्हे परस्मैपदी धातु कहते है। ते, एते, अन्ते आदि को आत्मनेपद कहते है। शतृ प्रत्यय परस्मैपद मे होता है।

(८२) परिभाषा—व्याकरण-सम्बन्धी कुछ विशेष नियमो को परिभाषा कहते हैं।

(८३) पुंलिंग—यह तीन लिंगों मे से एक है। जैसे—रामः, हरिः।

(८४) पूर्वरूप—(एङः पदान्तादति, ६।१।१०९) सन्धि-नियमो मे दो स्वरो को मिलाने पर पहले स्वर के तुल्य रूप रह जाने को पूर्वरूप कहते है। जैसे—हरे+अव=हरेऽव।

(८५) (क) प्रकृति—शब्द या धातु जिससे कोई प्रत्यय होता है, उसे प्रकृति कहते है। इसका दूसरा पारिभाषिक नाम 'अंग' है। जैसे—रामः में राम प्रकृति है और पठति में पठ्। **(ख) प्रकृति-विकृति**—शब्द या धातु के मूलरूप के स्थान पर जो नया आदेश होता है, उसे प्रकृति-विकृति या विकार-भाव कहते हैं। जैसे—उवाच मे प्रकृति ब्रू धातु है, उसको विकृति विकार या आदेश वच् हुआ है। यह पूरे शब्द या धातु को भी होता है और कही पर उसके एक अंश को।

(८६) प्रकृतिभाव—(प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्, ६।१।१२५) प्रकृतिभाव का अर्थ है कि वहाँ पर कोई सन्धि नहीं होती। प्लुत और प्रगृह्य वाले स्थानो पर प्रकृतिभाव होता है।

(८७) प्रगृह्य—(१) (ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्, १।१।११) प्रगृह्य वाले स्थान पर कोई सन्धि नहीं होती। ई, ऊ, ए अन्त वाले द्विवचनान्त रूप प्रगृह्य होते है, अतः सन्धि नहीं होगी। जैसे—हरी एतौ। (२) (अदसो मात्, १।१।१२) अदस् के म् के बाद ई, ऊ होगे तो कोई सन्धि नही होगी। जैसे—अमी ईशाः। अमू आसाते।

(८८) प्रत्यय—(प्रत्ययः, ३।१।१) शब्दों और धातुओं के बाद लगने वाले सुप्, तिङ्, कृत्, तद्धित आदि को प्रत्यय कहते हैं। कुछ प्रत्यय पहले (बहुच् आदि) और बीच मे (अकच् आदि) भी लगते हैं। बहुपटुः। उच्चकैः। प्रत्ययों मे विशेष कार्य के लिए अनुबन्ध भी लगे होते हैं।

(८९) प्रत्याहार—(आदिरन्त्येन सहेता, १।१।७१) प्रत्याहार का अर्थ है संक्षेप में कथन। अच्, हल्, सुप्, तिङ् आदि प्रत्याहार हैं। अच्, हल् आदि के लिए पहला अक्षर अइउण् आदि १४ सूत्रों में ढूँढे और अन्तिम अक्षर उन सूत्रों के अन्तिम अक्षर में। जैसे—अच् = अइउण् के अ से लेकर ऐऔच् के च् तक, पूरे स्वर। सुप् = सु से सुप् के प् तक। तिङ् = तिप् से महिङ् तक।

(९०) **प्रयत्न**—वर्णों के उच्चारण मे जो प्रयत्न किया जाता है, उसे प्रयत्न कहते हैं। यह दो प्रकार का है—आभ्यन्तर और बाह्य। आभ्यन्तर चार प्रकार का है—स्पृष्ट, ईषत्-स्पृष्ट आदि। बाह्य ११ प्रकार का है—विवार, सवार आदि। (देखो सिद्धान्तकौमुदी सज्ञाप्रकरण)

(९१) **प्रातिपदिक**—(१) (अर्थवदधातुरप्रत्यय. प्रातिपदिकम्, १।२।४५) सार्थक शब्द को प्रातिपदिक कहते है। यही विभक्ति (सु आदि) लगने पर पद बनता है। (२) (कृत्तद्धितसमासाश्च, १।२।४६) कृत् और तद्धित प्रत्ययान्त तथा समास-युक्त शब्द भी प्रातिपदिक होते हैं।

(९२) **प्रेरणार्थक**—दूसरे से काम कराना। जैसे—लिखना से लिखवाना। इस अर्थ मे णिच् होता है। (९३) **प्लुत**—ह्रस्व स्वर से तिगुनी मात्रा। अक्षर के आगे ३ लिखकर इसका सकेत करते है। देवदत्त३।

(९४) **बहिरङ्ग**—गौण नियम। धातु और उपसर्ग का कार्य अन्तरङ्ग होता है, शेष बहिरङ्ग। (९५) **बहुलम्**—विकल्प या ऐच्छिक नियम को बहुलम् कहते है।

(९६) **भ**—(यचि भम्, १।४।१८) यकारादि और स्वर-आदि वाला प्रत्यय बाद मे हो तो उससे पहले के शब्द को भ कहते है, सु औ आदि प्रथम पॉच सुप् बाद मे हो तो नही। (९७) **भाष्य**—पतजलि-रचित महाभाष्य को सक्षेप मे भाष्य कहते हैं।

(९८) **मत्वर्थक प्रत्यय**—मतुप् प्रत्यय 'वाला' या 'युक्त' अर्थ मे होता है। इस अर्थ में होनेवाले सभी प्रत्ययो को मत्वर्थक प्रत्यय कहते है। जैसे—धनवान्, धनी।

(९९) **महाप्राण**—(द्वितीयचतुर्थौ शलश्च महाप्राणाः) वर्गों के द्वितीय और चतुर्थ अक्षर तथा श ष स ह महाप्राण वर्ण कहलाते है। जैसे—ख घ, छ झ, ठ ढ।

(१००) **मात्रा**—स्वरो के परिमाण को मात्रा कहते है। ह्रस्व या लघु अक्षर की एक मात्रा मानी जाती है, दीर्घ या गुरु की दो, प्लुत की तीन।

(१०१) **मुनित्रय**—(यथोत्तर मुनीना प्रामाण्यम्) पाणिनि, कात्यायन, पतजलि इन तीनो को मुनित्रय कहते हैं। मतभेद होने पर बाद वाले मुनि का कथन प्रामाणिक माना जाता है।

(१०२) **मूर्धन्य**—(ऋटुरषाणा मूर्धा) ऋ ॠ, टवर्ग, र, ष का उच्चारण-स्थान मूर्धा है, अत. इन्हे मूर्धन्य कहते है।

(१०३) **योगरूढ**—योगरूढ उन शब्दों को कहते है, जिनमे यौगिक अर्थात् प्रकृति-प्रत्यय का अर्थ निकलता है, परन्तु वे किसी विशेष अर्थ मे रूढ या प्रचलित हो गए हैं। जैसे—पकज का अर्थ है—कीचड मे होने वाला। पर यह कमल अर्थ मे रूढ है।

(१०४) **योगविभाग**—पाणिनि के सूत्रो को कात्यायन आदि ने आवश्यकतानुसार विभक्त करके एक सूत्र (योग) के दो या तीन सूत्र बनाए है, इस सूत्र-विभाजन को योगविभाग कहते हैं।

(१०५) **यौगिक**—यौगिक उन शब्दों को कहते है, जिनमे प्रकृति और प्रत्यय का अर्थ निकलता है। जैसे—पाचकः—पच्+अकः, पकाने वाला।

(१०६) **रूढ**—रूढ उन शब्दो को कहते हैं, जिनमे प्रकृति और प्रत्यय का अर्थ नहीं निकलता है। जैसे—मणि, नूपुर आदि।

(१०७) **लघु**—(ह्रस्व लघु, १।४।११) ह्रस्व अ इ उ ऋ को लघु वर्ण कहते हैं।

(१०८) **लिंग**—सस्कृत मे तीन लिग है—पुलिग, स्त्रीलिग, नपुसकलिग।

(१०९) **लुक्**—(प्रत्ययस्य लुक्श्लुलुप., १।१।६१) प्रत्यय के लोप का ही दूसरा नाम लुक् है। (११०) **लुप् (श्लु)**—(प्रत्ययस्य लुक्श्लुलुप.) प्रत्यय के लोप को लुप् और श्लु भी कहते है। (१११) **लोप**—(अदर्शन लोपः, १।१।६०) प्रत्यय आदि के हट जाने को लोप कहते है।

(११२) **वचन**—सस्कृत मे तीन वचन होते हैं—एकवचन, द्विवचन, बहुवचन। एक के लिए एकवचन, दो के लिए द्विवचन, तीन या अधिक के लिए बहुवचन।

(११३) **वर्ग**—व्यजनो के कुछ विभागो को वर्ग कहते है। जैसे—कवर्ग—क से ङ तक, चवर्ग—च से ञ तक, टवर्ग—ट से ण, तवर्ग—त से न, पवर्ग—प से म तक।

(११४) **वर्ण**—अक्षरो को वर्ण भी कहते है। स्वर और व्यजन ये सभी वर्ण है।

(११५) **वाक्य**—सार्थक पदो के समूह को वाक्य कहते हैं।

(११६) **वाच्य**—सस्कृत मे ३ वाच्य (अर्थ) होते है—१. कर्तृवाच्य, २. कर्मवाच्य, ३. भाववाच्य। सकर्मक धातुओ के कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य मे रूप चलते हैं तथा अकर्मक धातुओ के कर्तृवाच्य और भाववाच्य मे। कर्तृवाच्य मे कर्ता मुख्य होता है, कर्मवाच्य मे कर्म और भाववाच्य मे क्रिया।

(११७) **वार्तिक**—कात्यायन और पतजलि के द्वारा बनाए नए नियमो को वार्तिक कहते है। (११८) **विकल्प**—ऐच्छिक नियम को विकल्प कहते हैं।

(११९) **विभक्ति**—(विभक्तिश्च, १।४।१०४) सु औ आदि कारक-चिह्नो को विभक्ति या कारक कहते हैं। सबोधन-सहित ८ विभक्तियाँ है—प्रथमा, द्वितीया आदि।

(१२०) **विभाषा**—(न वेति विभाषा, १।१।४४) किसी नियम को ऐच्छिक या विकल्प से लगने को विभाषा कहते है। इसी अर्थ मे वा, अन्यतरस्याम्, शब्द आते हैं।

(१२१) **विवार**—वर्गों के प्रथम द्वितीय अक्षर (क ख, च छ, ट ठ, त थ, प फ), विसर्ग, श ष स, ये विवार वर्ण हैं। इनके उच्चारण मे मुख-द्वार खुला रहता है।

(१२२) **विवृत**—(विवृतमूष्मणा स्वराणा च) स्वरो और ऊष्मो (श ष स ह) का आभ्यन्तर प्रयत्न विवृत है। इनके उच्चारण मे मुख-द्वार खुला रहता है।

(१२३) **विशेषण**—विशेष्य (व्यक्ति या वस्तु आदि) की विशेषता बताने वाले गुणबोधक शब्दो को विशेषण कहते है। विशेषण को भेदक भी कहते हैं।

(१२४) **विशेष्य**—जिस (व्यक्ति या वस्तु आदि) की विशेषता बताई जाती है, उसे विशेष्य कहते हैं। विशेष्य को भेद्य भी कहते हैं।

(१२५) **वीप्सा**—द्विरुक्ति अर्थात् दो बार पढने को वीप्सा कहते है। जैसे—स्मृत्वा, स्मृत्वा, स्मार स्मारम्।

(१२६) **वृत्ति**—(१) सूत्रो की व्याख्या को वृत्ति कहते हैं। (२)(परार्थाभिधान वृत्तिः) कृत्, तद्धित, समास, एकशेष, सन् आदि से युक्त धातुरूपो को वृत्ति कहते हैं।

(१२७) **वृद्धि**—(वृद्धिरादैच्, १।१।१) आ, ऐ, औ को वृद्धि कहते हैं। वृद्धि कहने पर इ ई को ऐ होगा, उ ऊ को औ, ऋ ॠ को आर, ए को ऐ और ओ को औ।

(१२८) व्यंजन—क से लेकर ह तक के वर्णों को व्यजन या हल् कहते हैं।

(१२९) व्यधिकरण—एक से अधिक आधार या शब्दादि मे होने वाले कार्य को व्यधिकरण कहते हैं। वि = विभिन्न, अधिकरण = आधार। एक आधार वाला समानाधिकरण होता है।

(१३०) शब्द—सार्थक वर्ण या वर्णसमूह को शब्द या प्रातिपदिक कहते हैं।

(१३१) शिक्षा—वर्णों के उच्चारण आदि की शिक्षा देने वाले ग्रन्थो को शिक्षा कहते हैं। जैसे—पाणिनीयशिक्षा आदि ग्रन्थ। वैदिक शिक्षा और व्याकरण-ग्रन्थो को प्रातिशाख्य कहते है। **(१३२) श्लु**—प्रत्यय के लोप का ही एक नाम श्लु है। जुहोत्यादि० मे श्लु होने पर गुण होता है।

(१३३) श्वास—वर्गो के प्रथम द्वितीय अक्षर (क ख, च छ, ट ठ, त थ, प फ), विसर्ग, श ष स, ये श्वास वर्ण है। इनके उच्चारण मे श्वास बिना रगड खाए बाहर आता है। **(१३४) षट्**—(ष्णान्ताः षट्, १।१।२४) ष् और न् अन्त वाली सख्याओ को षट् कहते है।

(१३५) संज्ञा—व्यक्ति या वस्तु आदि के नाम को सज्ञा शब्द कहते है।

(१३६) संयोग—(हलोऽनन्तराः सयोगः, १।१।७) व्यजनो के बीच में स्वर वर्ण न हो तो उन्हे सयुक्त अक्षर कहते है। जैसे—सम्बद्ध मे म् और ब, द् और ध।

(१३७) संवार—हश् प्रत्याहार (वर्ग के तृतीय चतुर्थ पचम वर्ण, ह य व र ल) सवार वर्ण हैं। इनके उच्चारण में मुख-द्वार कुछ सकुचित (सिकुडा) रहता है।

(१३८) संवृत—ह्रस्व अ बोलचाल में सवृत (मुख-द्वार सकुचित) होता है।

(१३९) संहिता-(परः सनिकर्षः सहिता,१।४।१०९) वर्णों की अत्यन्त समीपता को सहिता कहते है। सहिता की अवस्था मे सभी सन्धि-नियम लगते हैं। एक पद मे,धातु और उपसर्ग में, समासयुक्त पद मे सहिता अवश्य होगी। वाक्य मे सहिता ऐच्छिक है।

(१४०) सकर्मक—जिन धातुओ के साथ कर्म आता है, उन्हे सकर्मक धातु कहते है। **(१४१) सत्**—(तौ सत्, ३।२।१२७) शतृ और शानच् प्रत्ययो को सत् कहते है। **(१४२) सन्**—(धातोः कर्मण.० ३।१।७) इच्छा अर्थ मे धातु से सन् प्रत्यय होता है। कृ > चिकीर्षति।

(१४३) सन्धि—स्वरों, व्यजनो या विसर्ग के परस्पर मिलाने को सन्धि कहते हैं। **(१४४) समानाधिकरण**—एक आधार को समानाधिकरण कहते हैं।

(१४५) समास—समास का अर्थ है सक्षेप। दो या अधिक शब्दो को मिलाने या जोडने को समास कहते हैं। समास होने पर शब्दो के बीच की विभक्ति हट जाती है। समासयुक्त शब्द को समस्त पद कहते है। समस्त शब्द एक शब्द होता है। समास के ६ भेद हैं—१. अव्ययीभाव, २. तत्पुरुष, ३. कर्मधारय, ४. द्विगु, ५. बहुव्रीहि, ६. द्वन्द्व।

(१४६) समासान्त—समासयुक्त शब्द के अन्त मे होने वाले कार्यों को समासान्त कहते हैं। **(१४७) समाहार**—समाहार का अर्थ है समूह। समाहार द्वन्द्व मे प्रायः नपु० एकवचन होता है। कभी स्त्रीलिंग भी होता है।

(१४८) सम्प्रसारण—(इग्यणः सम्प्रसारणम्,१।१।४५)य को इ, व् को उ, र् को ऋ, ल् को ऌ हो जाने को सम्प्रसारण कहते है। सम्प्रसारण कहने पर ये कार्य होंगे।

(१४९) **सर्वनाम**—(सर्वादीनि सर्वनामानि, १।१।२७) सर्व, यत्, तत्, किम्, युष्मद्, अस्मद् आदि शब्दो को सर्वनाम कहते है। इनका सम्बोधन नहीं होता।

(१५०) **सर्वनामस्थान**—(सुडनपुसकस्य, १।१।४३) प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के पहले पॉच सुप् (कारकचिह्न, स् औ अः, अम् औ) को सर्वनामस्थान कहते हैं, नपु० मे नहीं।

(१५१) **सवर्ण**—(तुल्यास्यप्रयत्न सवर्णम्, १।१।९) जिन वर्णों का स्थान और प्रयत्न मिलता है, उन्हे सवर्ण कहते है। जैसे—इ चवर्ग य श तालव्य है, अतः सवर्ण है।

(१५२) **सार्वधातुक**—(तिङ् शित्सार्वधातुकम्, ३।४।११३) धातुके बाद जुडने वाले तिङ् (ति तः आदि) और शित् प्रत्यय (शतृ आदि) सार्वधातुक कहलाते है। शेष आर्धधातुक होते है।

(१५३) **सुप्**—(स्वौजस सुप्, ४।१।२) शब्दो के अन्त मे लगने वाले प्रथमा से सप्तमी तक के कारक-चिह्न (स् औ अः आदि) सुप् कहलाते है।

(१५४) **सुबन्त**—सुप् (स् औ आदि) जिन शब्दो के अन्त मे होते है, उन्हे सुबन्त कहते है।

(१५५) **सूत्र**—पाणिनि-रचित नियमो को सूत्र कहते है। इनके बाद निर्दिष्ट सख्याओ का क्रमशः भाव यह है—१ अध्याय सख्या, २. पाद सख्या, ३. सूत्र-सख्या।

(१५६) **सेट्**—जिन धातुओ मे बीच मे प्रत्यय से पहले इ लगता है, उन्हे सेट् (इट् वाली) कहते है। जैसे—पठ्, लिख्। (१५७) **स्त्रीप्रत्यय**—स्त्रीलिग के बोधक टाप् (आ), ङीप् (ई) आदि स्त्रीप्रत्यय कहलाते हैं। (१५८) **स्त्रीलिग**—यह तीन लिगो मे से एक लिग है। स्त्रीत्व का बोध कराता है। जैसे—स्त्री, नदी।

(१५९) **स्थान**—(अकुहविसर्जनीयाना कण्ठः) उच्चारण-स्थान कण्ठ तालु आदि का सक्षिप्त नाम स्थान है। जैसे—अ कवर्ग ह और विसर्ग का स्थान कण्ठ है।

(१६०) **स्पर्श**—(कादयो मावसानाः स्पर्शाः) क से लेकर म तक (कवर्ग से पवर्ग तक) के वर्णो को स्पर्श वर्ण कहते है। इनके उच्चारण मे जीभ कण्ठ तालु आदि को स्पर्श करती है।

(१६१) **स्वर**—(अचः स्वराः) अचो (अ आ, इ ई, उ ऊ, ऋ ॠ, ऌ, ए ऐ, ओ औ) को स्वर कहते हैं।

(१६२) **स्वरित**—(समाहारः स्वरितः, १।२।३१) उदात्त और अनुदात्त के मध्यगत स्वर को स्वरित कहते है। यह मध्यम ध्वनि से बोला जाता है। (उदात्तादनुदात्तस्य स्वरितः, ८।४।६६)। वेद में उदात्त स्वर के बाद वाला अनुदात्त स्वरित हो जाता है। साधारण नियम यह है कि उदात्त से पहले अनुदात्त अवश्य रहेगा, अन्यत्र उदात्त के बाद अनुदात्त स्वरित होगा।

(१६३) **हल्**—क से ह तक के वर्णों को हल् कहते हैं। इन्हें व्यजन भी कहते हैं। (१६४) **हलन्त**—हल् अर्थात् व्यजन जिनके अन्त में होते हैं, ऐसे शब्दों या धातुओं आदि को हलन्त कहते हैं।

(१६५) **ह्रस्व**—(ह्रस्व लघु, १।४।१०) अ इ उ ऋ ऌ को ह्रस्व स्वर कहते हैं।

(१२) हिन्दी-संस्कृत-शब्दकोष

आवश्यक-निर्देश

(१) इस पुस्तक मे प्रयुक्त शब्दो का ही इस शब्दकोष मे सग्रह है।

(२) जो शब्द रामः, रमा, गृहम् के तुल्य हैं, उनके रूप राम आदि के तुल्य चलावे। : से पु०, आ से स्त्री०, अम् से नपु० समझे। शेष शब्दो के आगे पु० आदि का निर्देश किया गया है। उनके रूप 'शब्दरूप सग्रह' मे दिए तत्सदृश शब्दों के तुल्य चलावें। सक्षेप के लिए ये सकेत अपनाए गए हैं :—पु० = पुलिग, स्त्री० = स्त्रीलिग, न० = नपुसक लिग।

(३) धातुओं के आगे सकेत किया गया है कि वे किस गण की हैं और उनका किस पद मे प्रयोग होता है। धातुओ के रूप चलाने के लिए 'धातुरूप सग्रह' मे दी गई प्रत्येक गण की विशेषताओ को देखे तथा उस गण की विशिष्ट धातु को देखे। तदनुसार रूप चलावे। 'धातुरूप-कोष' मे सभी धातुओ के १० लकारो के रूप दिए हैं। धातुएँ अकारादिक्रम से दी गई हैं। उसी प्रकार रूप चलावे। सक्षेप के लिए ये सकेत अपनाए गए है :—१ = भ्वादिगण। २ = अदादिगण। ३ = जुहोत्यादिगण। ४ = दिवादिगण। ५ = स्वादिगण। ६ = तुदादिगण। ७ = रुधादिगण। ८ = तनादिगण। ९ = क्र्यादिगण। १० = चुरादिगण। प० = परस्मैपद, आ० = आत्मनेपद, उ० = उभयपद।

(४) अव्ययो के रूप नहीं चलते हैं। उनमे कोई परिवर्तन नहीं होता। अ० = अव्यय।

(५) विशेषणो के रूप तीनों लिंगो मे चलते हैं। जो विशेष्य का लिंग होगा वही विशेषण का लिंग होगा। वि० = विशेषण।

(६) जहाँ एक शब्द के लिए एक से अधिक शब्द दिए हैं, वहाँ कोई-सा एक शब्द चुन ले।

अ

अंगीठी—हसन्ती (स्त्री०)
अंगूठी—अगुलीयकम्
अंगूठी, नामांकित—मुद्रिका
अंगूर—द्राक्षा, मृद्वीका
अंजीर—अजीरम्
अखरोट—अक्षोटम्
अग्नि—कृशानुः (पु०), जातवेदस् (पु०)
अचार—सन्धितम्
अच्छा लगना—रुच् (१ आ०), स्वद् (१ आ०)
अच्छा है…न कि—वर • न (अ०)
अटारी—अट्टः
अण्डर-वीयर (जांघिया)—अर्धोरुकम्
अतिथि—प्राघुणः, अतिथिः, अभ्यागतः
अथिति-सत्कर्ता—आतिथेयः
अदरक—आर्द्रकम्
अदल-बदल—विनिमयः
अधिकार होना—प्र + भू (१ प०)
अधीन—आयत्तः (वि०)
अध्यापक—अध्यापकः, उपाध्यायः
अनर्थ—अब्रह्मण्यम्

अनार—दाडिमम्
अनुभव करना—अनु + भू (१ प०)
अनुसन्धान करना—अनुस + धा (३ उ०)
अन्दर—अन्तः (अ०), अन्तरे (अ०)
अन्न—अन्नम्
अन्न, खेत में—शस्यम्
अपनाना—स्वी + कृ (८ उ०)
अपमान करना—अव + ज्ञा (९ उ०)
अप्राप्ति—अनुपलब्धिः (स्त्री०)
अफवाह—लोकापवादः, वार्ता
अभिनय करना—अभि + नी (१ उ०)
अभ्रक—अभ्रकम्
अमचूर—आम्रचूर्णम्
अमरूद—आम्रलम्, दृढबीजम्
अमावट—आम्रातकम्
अमावस्या—दर्शः, अमावास्या
अमृत—पीयूषम्, सुधा
अरहर—आढकी (स्त्री०)
अर्गला—अर्गलम्
अलग होना—वि + युज् (४ आ०)
अलमारी—काष्ठमञ्जूषा
अवश्य—ननु, नूनम्, न ˙ न (अ०)
असमर्थ—अक्षमः (वि०)
असेम्बली हाल—आस्थानम्

आ

आँख—चक्षुष् (न०), नेत्रम्
आँगन—अजिरम्
आँत—अन्त्रम्
आँधी—प्रवात.
आँवड़ा—आम्रातकम्
आँवला—आमलकी (स्त्री०)
आँसू—अश्रु (न०)
आक—अर्कः
आकाश—व्योमन् (न०), वियत् (न०)
आग—हुतवहः, कृशानुः (पु०)
आगन्तुक—आगन्तुः (पु०)
आगे—अग्रे (अ०), ततः (अ०)
आग्रह—निर्बन्धः
आजकल—अद्यत्वे (अ०)
आज्ञा—शासनम्, नियोगः
आज्ञा देना—अनु + ज्ञा (९ उ०)
आटा—चूर्णम्
आटे का हलुआ—यवागूः (स्त्री०)
आड़ू—आर्द्रालुः (पु०)
आढ़त—अभिकरणम्
आढ़ती—अभिकर्तृ (पु०)
आदर पाना—आ+दृ (६ आ०)
आधी रात—निशीथः
आना—आगम् (१ प०), अभ्यागम् (१ प०), आ + या (२ प०)
आ पड़ना—आ + पत् (१ प०)
आपत्तिग्रस्त—आपन्नः (वि०)
आबनूस—तमालः
आभूषण—आभरणम्
आम का वृक्ष—रसालः, सहकारः, आम्रः
आम का फल—आम्रम्
आम, कलमी—राजाम्रम्
आमदनी—आयमध्ये (सप्तमी)
आम रास्ता—जनमार्गः
आयरन (लोहा)—अयस् (न०)
आयात पर चुंगी—आयातशुल्कम्
आयु—आयुष् (न०), वयस् (न०)
आराम कुर्सी—सुखासन्दिका
आरी—करपत्रम्
आलस्य करना—तन्द्रय (णिच्)
आलू—आलुः (पु०)
आलू की टिकिया—पक्वालुः (पु०)
आलूबुखारा—आलुकम्

आशंका करना—आ + शक् (१ आ०)
आशा करना—आ + शस् (१ आ०)

इ

इकट्ठा करना—स + चि (५ उ०), अर्ज् (१० उ०)
इच्छुक—स्पृहयालुः (वि०)
इत्र—गन्धतैलम्
इंक पेन्सिल—मषितूलिका
इन्कम टैक्स—आयकर.
इन्द्र—शतक्रतुः (पु०), मघवन् (पु०), वृत्रहन् (पु०)
इन्द्रधनुष—इन्द्रायुधम्
इन्द्राणी—पौलोमी (स्त्री०)
इन्धन—इन्धनम्
इन्फ्लुएन्ज़ा, 'फ्लु—शीतज्वरः
इमरती—अमृती (स्त्री०)
इमली—तिन्तिडीकम्
इम्पोर्ट—आयातः
इलायची—एला
इसलिए—अतः, अतएव, ततः (अ०)

ई

ईंट—इष्टका
ईंट, पक्की—पक्वेष्टका

उ

उगलना—उद् + गॄ (६ प०)
उगला हुआ—उद्वान्तम् (वि०)
उग्र—तीक्ष्णम्
उचित-अनुचित—सदसत् (न०)
उचित है—स्थाने (अ०)
उठना—उत्था (१ प०), उच्चर् (१ प०), उत् + नम् (१ प०)
उठाना—उन्नी (उद् + नी, १ उ०)
उड़द—माषः
उड़ना—उत्पत् (१ प०), उद्गम् (१ प०)
उतरना—अव + तॄ (१ प०)
उतार—अवरोहः
उत्कंठित—उत्कः
उत्तर, दिशा—उदीची (स्त्री०)
उत्तर की ओर—उदक् (उद् + अञ्च्) (पु०)
उत्तरायण—उत्तरायणम्
उत्तीर्ण होना—उत्तॄ (उद् + तॄ, १ प०)
उत्थान-पतन—पातोत्पातः
उत्पन्न होना—स + भू (१ प०)
उधार—ऋणरूपेण (तृतीया)
उधार खाते—नाम्नि (नामन्, स०)
उपजाऊ—उर्वरा
उपभोग करना—उप + भुज् (७ आ०)
उपयोग—विनियोगः
उपवास करना—उप + वस् (१ प०)
उपेक्षा करना—उपेक्ष् (उप + ईक्ष् १ आ०)
उबटन—उद्वर्तनम्
उबालना—क्वथ् (१ प०)
उल्लंघन करना—उच्चर् (१ आ०), लघ् (१० उ०), अति+वृत् (१ आ०)
उल्लू—कौशिकः, उलूकः
उस्तरा—क्षुरम्

ऊ

ऊँचा—प्रांशुः (वि०)
ऊँट—क्रमेलकः
ऊखल—उलूखलम्
ऊनी—राङ्कवम्
ऊपर फेंकना—उत्+क्षिप् (६ उ०)
ऊसर—ऊषरः

ए

एक एक करके—एकैकशः (अ०)
एक ओर से—एकतः (अ०)
एक प्रकार से—एकधा (अ०)

एक बात—एकवाक्यम्
एक राय वाले—एकमतिः (स्त्री०)
एक वेष—एकपरिधानम्
एकान्त में—रहसि (रहस्, स०)
एक्सपोर्ट—निर्यातः
एजुकेशन सेक्रेटरी—शिक्षासचिवः
एजेन्ट—अभिकर्ता (–कर्तृ, पु०)
एजेन्सी—अभिकरणम्
एटम बम—परमाण्वस्त्रम्
एडिशनल डाइरेक्टर—अतिरिक्त-शिक्षासंचालकः
एरंड—एरण्डः

ओ

ओढ़नी—प्रच्छदपटः
ओवरकोट—बृहतिका
ओम्—उद्गीथः
ओले—करकाः

क

कंगन—कंकणम्
कंघी—प्रसाधनी (स्त्री०)
कंठा—कण्ठाभरणम्
कंडाल—वारिधिः (पु०)
कंधा—स्कन्धः
कंधे की हड्डी—जत्रु (न०)
ककड़ी—कर्कटिका, कर्कटी (स्त्री०)
कक्षा का साथी—सतीर्थ्यः
कचालू—पक्वालुः (पु०)
कचौड़ी—पिष्टिका
कछुआ—कच्छपः
कटहल का पेड़—पनसः
कटहल का फल—पनसम्
कटा हुआ—लूनम् (वि०)
कटोरा—कटोरम्
कटोरी—कटोरा
कठफोड़ा—दार्वाघातः
कड़ा, सोने का—कटकः
कड़ाह—कटाहः
कड़ाही—स्वेदनी (स्त्री०)
कदम्ब—नीपः
कद्दू—कूष्माण्डः
कनफूल—कर्णपूरः
कनेर—कर्णिकारः
कप—चषकः
कबाबी—मांसाशिन् (पु०)
कबूतर—पारावतः, कपोतः
कब्ज—अजीर्णः
कमर—श्रोणिः (स्त्री०)
कमरख—कर्मरक्षम्
कमरा—कक्षः
कमल, नीला—इन्दीवरम्, कुवलयम्
कमल, लाल—कोकनदम्
कमल, श्वेत—कुमुदम्, पुण्डरीकम्, कह्लारम्
कमीशन—शुल्कम्
कमीशन एजेन्ट—शुल्काजीवः
कम्बल—कम्बलः
करधन—मेखला
करना—वि + धा (३ उ०), चर् (१ प०) अनु + ष्ठा (१ प०)
करील—करीलः
करेला—कारवेल्लः
करौंदा—करमर्दकः
कर्जा—ऋणम्
कर्जा देने वाला—उत्तमर्णः
कर्जा लेने वाला—अधमर्णः
कलई, पुताई की—सुधा
कलफ करना—मण्डा + कृ (८ उ०)

कलम—कलमः
कलमी आम—राजाम्रम्
कलश—कलशः
कलाई—मणिबन्धः
कलाई से कनी अंगुली तक—करभः
कलाकन्द—कलाकन्दः
कली—कलिका
कल्याण का इच्छुक—कल्याणाभिनिवेशिन् (वि०)
कवच—वर्मन् (न०)
कष्ट करना—आयासः
कसकूट—कास्यकूट.
कस्बा—नगरी (स्त्री०)
कहना—अभि + धा (३ उ०), भाष् (१ आ०), उद् + गॄ (६ प०), उद् + ईर् (१० उ०)
कहाँ—क्व, कुत्र (अ०)
काँच—काचः
काँच का गिलास—काचकसः
काँपना—कम्प् (१ आ०), वेप् (१ आ०)
काँसा—कास्यम्
कागज—कागदः
कागज की रीम—कागदरीमकः
काजल—कज्जलम्
काजू—काजवम्
काटना—कृत् (६ प०), छिद् (७ उ०), लू (९ उ०)
कान—श्रोत्रम्
कान की बाली—कुण्डलम्
कानखजूरा—कर्णजलौका
कापी—सचिका
काफल—श्रीपर्णिका
कॉफी—कफघ्नी (स्त्री०)
काम—कर्मन् (न०)
काम आना—उप + युज् (४ आ०)
कामदेव—पुष्पधन्वन् (पु०)
कार्टून—उपहासचित्रम्
कार्तिकेय—सेनानीः (पु०)
कार्पोरेशन—निगमः
कालेज—महाविद्यालयः
कितने—कति (वि०)
किनारा—वेला
किरण—मयूखः, गभस्तिः (पु०), दीधिति. (स्त्री०)
किवाड़—कपाटम्
किवाड़ के पीछे का डंडा—अर्गलम्
किशमिश—शुष्कद्राक्षा
किसान—कृषीवलः, कीनाशः
कीचड़—पङ्कः, कर्दमः
कील—कीलः
कुँदरु—कुन्दरुः (पु०)
कुटिया—कुटी (स्त्री०)
कुतिया—सरमा, शुनी (स्त्री०)
कुत्ता—श्वन् (पु०), कौलेयकः, सारमेयः
कुदाल—खनित्रम्
कुन्द—कुन्दम्
कुप्पी—कुतूः (स्त्री०)
कुबड़ा—कुब्जः
कुबेर—कुबेरः, मनुष्यधर्मन् (पु०)
कुमुद की लता—कुमुदिनी (स्त्री०)
कुम्हार—कुलालः, कुम्भकारः
कुर्ता—कचुकः
कुर्सी—आसन्दिका
कुलपरम्परा—कुलक्रमम्
कुलफी—कुलपी (स्त्री०)
कुली—भारवाहः
कुलीन—अभिजनः
कूटना—अवहननम्

कूड़ा—अवकरः
कूदना—कुर्द् (१ आ०)
कृपाण—कौक्षेयकः
केकड़ा—कुलीरः
केतली—कन्दुः (पु०, स्त्री०)
केबिनेट—मन्त्रिपरिषद् (स्त्री०)
केन्सर—विद्रधिः (पु०)
केला—कदलीफलम्
केवड़ा—कैतकी (स्त्री०)
कैंची—कर्तरी (स्त्री०)
कै—वमथुः (पु०)
कोपल—किसलयम्
कोट—प्रावार
कोठरी—लघुकक्षः
कोतवाल—कोटपालः
कोतवाली—कोटपालिका
कोमल स्वर—मन्द्रस्वरः
कोयल—परभृतः, कोकिलः
कोल्हू—रसयन्त्रम्
कोहनी—कफोणि (स्त्री०)
कौवा—ध्वाक्षः, वायसः, काकः
क्या—किम्, किनु, ननु (अ०)
क्या लाभ—किम्, को लाभः, कि प्रयोजनम्
क्योंकि—यतो हि, खलु (अ०)
क्रीडा करना—क्रीड् (१ प०), रम् (१ आ०)
क्रीम—शरः
क्रोध करना—क्रुध् (४ प०), कुप् (४ प०)
क्रोधी—अमर्षणः
क्लर्क—करणिकः
क्षत्रिय—क्षत्रियः, द्विजातिः, द्विजन्मन् (पु०)
क्षमा करना—मृष् (१० उ०), क्षम् (१ आ०, ४ प०)

ख

खंजन—खजनः
खजूर—खर्जूरम्
खड्ग—खड्गः, निस्त्रिंशः
खपड़ा—खर्परः
खपड़ैल का—खर्परावृतम् (वि०)
खम्भा—स्तम्भः
खरबूजा—खर्बुजम्
खरीद—क्रयः
खरीदना—पण् (१ आ०), क्री (९ उ०)
खर्च करना—विनियोगः
खलिहान—खलम्
खस्ता पूरी—शष्कुली (स्त्री०)
खाँसी—कास
खाजा—मधुशीर्षः
खाट—खट्वा
खाद—खाद्यम्
खान—खनिः (स्त्री०)
खाना—भक्ष् (१० उ०), खाद् (१ प०), भुज् (७ आ०)
खाया हुआ—जग्धम्
खिचड़ी—कृशरः
खिड़की—गवाक्षः, वातायनम्
खिन्न होना—सद् (१ प०)
खिरनी—क्षीरिका
खींचना—कृष् (१ प०)
खीर—पायसम्
खील—लाजाः (लाज, बहु०)
खुमानी—क्षुमानी (स्त्री०)
खूँटी—नागदन्तकः
खून—रुधिरम्, असृज् (न०)
खेत—क्षेत्रम्
खेती—कृषिः (स्त्री०)

खेती के औजार—कृषियन्त्रम्
खेल का मैदान—क्रीडाक्षेत्रम्
खैर—खदिरः
खोजना—गवेष् (१० उ०)
खोदना—टक् (१० उ०), खन् (१ उ०)
खोवा—किलाटः

ग

गंडासा—तोमरः
गगरा—गर्गरः
गगरी—गर्गरी (स्त्री०)
गजक—गजकः
गञ्जा—खल्वाटः
गडरिया—अजाजीवः
गदा—गदा
गद्दा—तूलसस्तरः
गधा—खरः
गन्धक—गन्धकः
गम बूट—अनुपदीना
गरजना—स्तनितम्
गर्दन—ग्रीवा
गर्मी (सूजाक)—उपदशः
गला—कण्ठः
गली—वीथिका
गवेषणा करना—गवेष् (१० उ०)
गाँव—ग्रामः
गाजर—गृञ्जनम्
गाय—गो (स्त्री०), धेनुः (स्त्री०)
गाल—कपोलः
गाहक—ग्राहकः
गिद्ध—गृध्रः
गिनना—गण् (१० उ०)
गिना हुआ—सख्यातम् (वि०)
गिरना—पत् (१ प०), निपत् (१ प०), भ्रश् (१ आ०)
गिरहकट—ग्रन्थिभेदकः
गिलास—कसः
गिलोय—अमृतवल्लरी (स्त्री०)
गीदड़—गोमायु. (पु०)
गुझिया—सयावः
गुणगान करना—कृत् (१० उ०)
गुप्त—निभृतम् (वि०)
गुप्ती (कटारी)—करवालिका
गुफा—गह्वरम्
गुलदस्ता—स्तबक.
गुलाब—स्थलपद्मम्
गुस्सा करना—क्रुध् (४ प०), कुप् (४ प०)
गूगल—गुग्गुलः
गूलर—उदुम्बरम्
गेंद—कन्दुकः
गेंदा—गन्धपुष्पम्
गेलरी—वीथिका
गेहूँ—गोधूमः
गोबर—गोमयम्
गोभी—गोजिह्वा
गोली—गोलिका, गुलिका
गोह—गोधा
ग्रीष्म ऋतु—निदाघः, ग्रीष्मर्तुः (पु०)
ग्लेशियर—हिमसरित् (स्त्री०)

घ

घंटा (समय)—होरा
घटना (होना)—घट् (१ आ०)
घटना (कम होना)—अप+चि (५ उ०)
घटिया—अनु (अ०), उप (अ०)
घड़ा—घटः, कुम्भः
घड़ी—घटिका
घर—सदनम्, गृहम्, भवनम्
घरेलू फर्नीचर—गृहोपस्करः
घाटी—अद्रिद्रोणी (स्त्री०)

घायल—आहतः (वि०)
घी—आज्यम्, सर्पिष् (न०)
घुँघरु—किंकिणी (स्त्री०)
घुघनी (आलू-मटर)—कुल्माष
घुटना—जानुः (पु०, न०)
घुड़सवार—सादिन् (पु०), अश्वारोहिन् (पु०)
घूँघट काढ़ना—अवगुण्ठय (णिच्)
घूमना—भ्रम् (४ प०), चर् (१ प०), संचर् (१ प०)
घेरा—वृतिः (स्त्री०)
घेवर (मिठाई)—घृतपूरः
घोंसला—कुलाय.
घोड़ा—अश्वः, सप्तिः (पु०), रथ्य वाजिन् (पु०), हयः
घोषणा करना—घुष् (१० उ०)

च

चकवा—चक्रवाकः
चकोतरा (फल)—मधुकर्कटी (स्त्री०), मधुजम्बीरम्
चक्कर खाना—परि+वृत् (१ आ०)
चचेरा भाई—पितृव्यपुत्रः
चटकनी—कीलः
चटनी—अवलेहः
चट्टान—शिला
चढ़ाव—आरोहः
चतुःशाला—चतुःशालम्
चतुर—विदग्धः (वि०)
चना—चणकः
चन्द्रमा—सुधांशुः (पु०), विधुः (पु०), सोमः
चपत—चपेटः
चपरासी—लेखहारकः, प्रेष्यः
चप्पल—पादुका, पादु. (स्त्री०)
चबूतरा—स्थण्डिलम्, चत्वरम्
चबूतरा, घर से बाहर का—अलिन्दः
चमकना—भास् (१ आ०), द्युत् (१ आ०), दिव् (४ प०)
चमचम (मिठाई)—चमनम्
चमचा—दर्वी (स्त्री०)
चमार—चर्मकारः
चमेली—मालती (स्त्री०)
चम्पा—चम्पक.
चम्मच—चमसः
चरना—चर् (१ प०)
चर्बी—वसा
चर्बी, हड्डी की—मज्जा
चलना—चल् (१ प०), प्र+वृत् (१आ०), प्र+स्था (१ आ०)
चलाना—सचालय (णिच्)
चाँदनी—कौमुदी (स्त्री०), ज्योत्स्ना
चॉक, लिखने की—कठिनी (स्त्री०)
चाचा—पितृव्य.
चाची—पितृव्या
चाट—अवदंशः
चातक—चातकः
चादर—प्रच्छदः
चान्सलर—कुलपतिः (पु०)
चापलूसी—स्नेहभणितम्
चाबुक—तोत्त्रम्
चाय—चायम्
चारों ओर मुड़ने वाली कुर्सी—पर्पः
चारों वर्ण—चातुर्वर्ण्यम्
चावल—व्रीहिः (पु०)
चावल, भूसी-रहित—तण्डुलः
चाहना—ईह् (१ आ०), वाञ्छ् (१ प०), काङ्क्ष् (१ प०)
चिड़िया—पत्रिन् (पु०), चटका
चित्त—चेतस् (न०), चित्तम्
चित्रकार—चित्रकारः

चिमटा—सदंशः
चिरचिटा (ओषधि)—अपामार्गः
चिरौंजी—प्रियालम्
चिलमची—हस्तधावनी (स्त्री०), पतद्ग्रहा
चिह्न—अङ्कः, लक्ष्मन् (न०)
चीड़ (वृक्ष)—भद्रदारुः (पु०)
चीनी—सिता
चीफ मिनिस्टर—मुख्यमन्त्रिन् (पु०)
चीरना—छिद् (७ उ०)
चील—चिल्लः
चुंगी—शुल्कः, शुल्कशाला
चुंगी का अध्यक्ष—शौल्किकः
चुगना—चि (५ उ०)
चुगलखोर—द्विजिह्वः
चुनना—चि (५ उ०), अव + चि (५ उ०)
चुन्नी (ओढ़नी)—प्रच्छदपटः
चुन्नी (रत्न)—माणिक्यम्
चुप (चुप्पी)—जोषम् (अ०)
चुराना—मुष् (९ प०), चुर् (१० उ०)
चूँकि—ननु (अ०), यतोहि (अ०)
चूड़ी—काचवलयम्
चूल्हा—चुल्लिः (स्त्री०), चुल्ली (स्त्री०)
चेचक—शीतला
चेष्टा करना—चेष्ट् (१ अ०)
चोंच—चञ्चुः (स्त्री०), चचूः (स्त्री०)
चोट—क्षतम्
चोट मारना—तड् (१० उ०)
चोटी—शिखा, सानुः (पु०, न०), शृङ्गम्
चोर—तस्करः, चौरः, स्तेनः, पाटच्चरः
चौक—चतुष्पथः, शृगाटकम्
चौकन्ना—प्रत्युत्पन्नमतिः (वि०)
चौमंजिला—चतुर्भूमिकः
चौराहा—चतुष्पथः, शृगाटकम्

छ

छज्जा—वलभिः (स्त्री०), वलभी (स्त्री०)
छत—छदिः (स्त्री०)
छाता (छत्र)—आतपत्रम्
छाती—वक्षस् (न०), उरस् (न०)
छात्र—छात्रः, अध्येतृ (पु०), विद्यार्थिन् (पु०)
छात्रा—अध्येत्री (स्त्री०), छात्रा
छानना—स्रावय (णिच्)
छिपकली—गृहगोधिका
छिप जाना—तिरो + भू (१ प०)
छिपना—ली (४ आ०), नि + ली (४ आ०), अन्तर् + धा (३ उ०)
छीलना—शो (४ प०), त्वक्ष् (१ प०)
छीला हुआ—त्वष्टम् (वि०)
छुट्टी—विसृष्टिः (स्त्री०), अवकाशः
छुहारा—क्षुधाहरम्
छेद करना—छिद्र् (१० उ०)
छेनी—वृश्चनः
छोटा भाई—अनुजः
छोड़ना—त्यज् (१ प०), मुच् (६ उ०), हा (३ प०), अस् (४ प०), अप + अस् (४ प०), उज्झ् (६ प०)
छोड़ा हुआ—प्रत्याख्यातः, परित्यक्तः (वि०)

ज

जंगली चावल—श्यामाकः (साँवा)
जंघा—ऊरुः (पु०)
जंजीर—शृंखला
जंवाई—जामातृ (पु०)
जड़—मूलम्
जड़ से—मूलतः
जन्म लेना—प्रादुर् + भू (१ प०)
जबतक तबतक—यावत्‥ तावत् (अ०)
जरा—तावत् (अ०)
जर्मन सिल्वर—चन्द्रलौहम्

जल—तोयम्, अम्बु (न०), वारि (न०), नीरम्
जलकण—शीकरः
जलतरंग (बाजा)—जलतरङ्गः
जलना—ज्वल् (१ प०), इन्ध् (७ आ०)
जलपान—जलपानम्
जल-सेनापति—नौसेनाध्यक्ष.
जलाना—दह् (१ प०)
जलूस—जनयात्रा
जलेबी—कुण्डली (स्त्री०)
जवाकुसुम (फूल)—जवाकुसुमम्, जपापुष्पम्
ज़्यस्त—यशदम्
जहाज, पानी का—पोतः
जहाज(विमान)—व्योमयानम्, विमानम्
जागना—जागृ (२ प०)
जादूगर—मायाकारः, ऐन्द्रजालिक', मायाविन् (पु०)
जानना—ज्ञा (९ उ०), अव + गम् (१ प०), अधि + गम् (१ प०)
जाननेवाला—अभिज्ञः
जाना—गम् (१ प०), इ (२ प०), या (२ प०)
जामुन—जम्बुः (स्त्री०), जम्बूः (स्त्री०)
जार, काँच का—काचघटी (स्त्री०)
जाल—वागुरा, जालम्
जिगर—यकृत्
जितेन्द्रिय—दान्त.
जिद—निर्बन्धः
जिल्द—प्रावरणम्
जीजा (बहनोई)—आवुत्तः, भगिनीपतिः (पु०)
जीतना—जि (१ प०), वि+जि (१ आ०)
जीभ—रसना, जिह्वा
जीरा—जीरकः
जीविका—वृत्तिः (स्त्री०), जीविका
जुकाम—प्रतिश्यायः
जुती हुई भूमि—सीता
जुलाहा—तन्तुवायः
जुवारी—द्यूतकारः
जूड़े की जाली—वेणीजालम्
जूता (बूट)—उपानह् (स्त्री०)
जूता सीने की सूई—चर्मप्रभेदिका
जूही (फूल)—यूथिका
जेब काटना—ग्रन्थि + भिद् (७ उ०)
जेल—कारा, कारागारम्, बन्दिगृहम्
जैसा ' वैसा—यथा' तथा (अ०)
जोड़ना—स + योजय (णिच्)
जोतना—कृष् (१ प०, ६ उ०)
जौ—यवः
ज्ञात—अवगतम्
ज्योंही 'त्योंही—यावत् ' तावत्(अ०)
ज्योति—ज्योतिष् (न०), रोचिष् (न०)
ज्वार—यवनालः

झ

झगड़ा—कलहः
झगड़ालू—कलहप्रियः, कलहकामः
झरना—प्रपातः
झाड़ी—कुजः, निकुंजः
झाड़ू—मार्जनी (स्त्री०)
झील—सरसी (स्त्री०)
झील, बड़ी—ह्रदः
झुकना—नम् (१ प०), अवनम्, प्रणम्
झुकाना—अवनमय (णिच्)
झोंपड़ी—उटजः, पर्णशाला

ट

टकसाल—टकशालः
टकसाल का अध्यक्ष—टकशालाध्यक्षः
टखना (पैरकी हड्डी)—गुल्फः
टमाटर—रक्ताङ्कः

टब (पानी का)—द्रोणिः (स्त्री०), द्रोणी (स्त्री०)
टाइप करना—टक् (१० उ०)
टाइप-राइटर—टकनयन्त्रम्
टाइफाइड—सन्निपातज्वरः
टाइम-टेबुल—समय-सारणी (स्त्री०)
टॉफी—गुल्यः
टिन्डा—टिण्डिशः
टिकुली (बेंदी)—ललाटाभरणम्
टिड्डी—शलभः
टीयर गैस—धूमास्त्रम् , अश्रुधूमः
टी (चाय)—चायम्
टी० बी०(तपैदिक)—राजयक्ष्मन् (पु०), राजयक्ष्मः
टीका (मंगलार्थ)—ललाटिका
टीन—त्रपु (न०)
टीन की चद्दर—त्रपुफलकम्
टी पॉट—चायपात्रम्
टी पार्टी (चाय-पानी)—सपीतिः(स्त्री०)
टूटा हुआ—भुग्नम् (वि०)
टूथ पाउडर—दन्तचूर्णम्
टूथ पेस्ट—दन्तपिष्टकम्
टेनिस का खेल—प्रक्षिप्तकन्दुकक्रीडा
टेलर (दर्जी)—सौचिकः
टेलर-चॉक—सौचिकवर्तिका
टैंक (हौज)—आहावः
टैक्स—करः
टोस्ट—भृष्टापूपः
ट्रैक्टर—खनियन्त्रम्

ठ

ठगना—वञ्च् (१० आ०), अभिसं+धा (३ उ०)
ठीक (सत्य)—परमार्थतः, परमार्थेन, तत्त्वतः (अ०)
ठीक घटना—उप+पद् (४ आ०)
ठुकराना—वि+हन् (२ प०)
ठोकना (कील आदि)—कील् (१ प०)

ड

डंठल—वृन्तम्
डॅसना—दश् (१ प०)
डंडी मारना—कूटमान+कृ (८ उ०)
डबल रोटी—अभ्यूषः
डस्टर—मार्जकः
डॉटना—भर्त्स् (१० आ०)
डाइनिंग टेबुल—भोजनफलकम्
डाइनिंग रूम—भोजनगृहम्
डाइरेक्टर(एजुकेशन)—शिक्षासंचालकः
डायबिटीज़—मधुमेहः, मधुप्रमेहः
डाक गाड़ी—द्राक्यानम्
डाकू—पाटच्चरः,लुण्ठाकः,परिपन्थिन्(पु०)
डाक्टर—भिषग्वरः
डालना—नि+क्षिप् (६ उ०),पातय(णिच्)
डिनर पार्टी—सहभोजः, सग्धिः (स्त्री०)
डिप्टी डाइरेक्टर(शिक्षा)—उपशिक्षा-संचालकः
डूबना—मस्ज् (६ प०)
डेस्क—लेखनपीठम्
ड्राइंग रूम—उपवेशगृहम्
ड्राईक्लीनर—निर्णेजकः

ढ

ढकना—सं+वृ (५ उ०)
ढका हुआ—प्रच्छन्नः (वि०)
ढाक—पलाशः
ढिंढोरा—डिण्डिमः
ढीठ—धृष्टः
ढूँढ़ना—अन्विष् (अनु+इष् ४ प०), गवेष् (१० उ०)
ढेला—लोष्ठम्
ढोल—पटहः
ढोलक—ढोलकः

त

तई (जलेबी आदि पकाने की)—पिष्ट-पचनम्
तकिया—उपधानम्, उपबर्हः
तट—तटः, कूलम्
ततैया (भिरड़)—वरटा
तन्दूर (रोटी पकाने का)—कन्दुः (स्त्री०)
तपाना—तप् (१ प०)
तपेदिक—राजयक्ष्मः, राजयक्ष्मन् (पु०)
तबतक—तावत् (अ०)
तबला—मुरजः
तरंग—वीचिः (स्त्री०), ऊर्मिः (स्त्री०), तरङ्गः
तरबूज—कालिन्दम्, तर्बुजम्
तराई—उपत्यका
तराजू—तुला
तवा—ऋजीषम्
तसला—धिषणा (स्त्री०)
तहमद (लुंगी)—प्रावृतम्
तश्तरी—शरावः
ताँबा—ताम्रकम्
ताँबे के बर्तन बनाने वाला—शाल्विकः
ताड़—ताल.
तानपूरा (बाजा)—तानपूरः
तारा—तारा, ज्योतिष् (न०)
तालाब—सरस (न०)
ताहरी (पुलाव)—पुलाकः
तिजौरी—लौहमञ्जूषा
तिपाई—त्रिपादिका
तिमंजिला (मकान)—त्रिभूमिकः
तिरस्कार—अवज्ञा
तिरस्कार होना—तिरस्+कृ (कर्म०)
तिरस्कृत—विप्रकृतः, तिरस्कृतः
तिरस्कृत करना—परि+भू (१ प०), तिरस्+कृ (८ उ०)
तिल—तिल.
तिलक—तिलकम्
तिल्ली—प्लीहा
तीव्र—तीक्ष्णम् (वि०)
तीव्र स्वर—तारः
तीसरा पहर—अपराह्णः
तुच्छता—अकिंचित्करत्वम्
तुरही (बाजा)—तूर्यम्
तूणीर—तूणीर.
तूतिया—तुत्थाञ्जनम्
तृप्त करना—तर्पय (णिच्)
तृप्त होना—तृप् (४ प०, १० उ०)
तेंदुआ—तरक्षुः (पु०)
तेज—तीव्रम्, शातम् (तीक्ष्ण)
तेज (ओज)—तेजस् (न०)
तेज (तीक्ष्ण) करना—तिज् (१ आ०)
तेली—तैलकारः
तैरना—तॄ (१ प०), सं+तॄ (१ प०)
तैयार—निष्पन्नम्, सपन्नम्, सज्जः
तैयार होना—सं+पद् (४ आ०), सं+नह् (४ उ०)
तो—तु, तावत्, तत. (अ०)
तोड़ना—त्रुट् (१० आ०), भिद् (७ उ०), भञ्ज् (७ प०), खण्ड् (१० उ०)
तोता—शुकः, कीरः
तोप—शतघ्नी (स्त्री०)
तोरई—जालिनी (स्त्री०)
तोल—तोलः
तोलना—तोलनम्
तोलना—तुल् (१० उ०)
त्यक्त—उज्झितम्, त्यक्तम्, उत्सृष्टम्
त्वचा—त्वच् (स्त्री०)

थ

थाना—रक्षिस्थानम्
थाली—थालिका, स्थालिका
थूकना—ष्ठीव् (१ प०, ४ प०)
थोड़ी देर—मुहूर्तम् (अ०)

द

दक्षिण, दिशा—दक्षिणा
दक्षिण की ओर—दक्षिणा, दक्षिणत.
दक्षिणायन—दक्षिणायनम्
दग्ध (जला हुआ)—प्लुष्टम् (वि०)
दण्ड देना—दण्ड् (१० उ०)
दबाना—अभि + भू (१ प०), दम् (४ प०), धृष् (१० उ०)
दया—अनुक्रोशः, दया
दया करना—दय् (१ आ०)
दराँती—दात्रम्
दरी—आस्तरणम्
दर्जी—सौचिकः
दर्रा—दरी (स्त्री०)
दलाल—शुल्काजीवः
दलाली—शुल्कम्
दस्त—अतिसारः
दस्त, आँव-युक्त—आमातिसारः
दस्त, खून-युक्त—रक्तातिसारः
दस्ता (कागज का)—दस्तकः
दही-बड़ा—दधिवटकः
दाँत—रदनः, दन्तः, रदः, दशनः
दाढ़ी—कूर्चम्
दातून—दन्तधावनम्
दादी—पितामही (स्त्री०)
दाना—कणः
दानी—वदान्यः, दानिन् (पु०)
दाल—द्विदलम्, सूपः
दालमोठ—दालमुद्गः
दिन—अहन् (न०), दिनम्, दिवसः
दिन में—दिवा (अ०)
दिन रात—नक्तन्दिवम्, अहोरात्रम्, रात्रिंदिवम्
दिशा—काष्ठा, दिश् (स्त्री०), ककुभ् (स्त्री०), आशा
दीक्षा देना—दीक्ष् (१ आ०)
दीन—दुर्गत., दीन. (वि०)
दीवार—भित्तिः (स्त्री०)
दुःख देना—पीड् (१० उ०), तुद् (६ उ०)
दुःखित हृदय—विमनस् (पु०), विषण्णः
दुःखित होना—विषद् (वि + सद् १ प०), व्यथ् (१ आ०)
दुःखी होना—वि + पद् (४ आ०)
दुतई (दुहरी चादर)—द्वितयी (स्त्री०)
दुपहरिया (फूल)—बन्धूक.
दुमजिला (मकान)—द्विभूमिकः (वि०)
दुराचारी—दुराचार., दुर्वृत्त. (वि०)
दुलारा—दुर्ललितः (वि०)
दुहराना—आवृत्तिः (स्त्री०), पुनरावृत्ति. (स्त्री०)
दूकान—आपणः
दूकानदार—आपणिकः
दूत—चरः, दूतः
दूध—पयस् (न०), क्षीरम्
दूर—दूरम्, आरात् (अ०)
दूषित होना—दुष् (४ प०)
देखना—दृश् (१ प०), ईक्ष् (१ आ०), अवेक्ष्, प्रेक्ष्, समीक्ष् (१ आ०), अव + लोक् (१० उ०)
देना—दानम्, वितरणम्, विश्राणनम्
देना—दा (३ उ०), वि + तॄ (१ प०), उप + नी (१ उ०)
देर करना—कालहरणम्, विलम्बः
देवता—सुरः, निर्जरः, देवः, त्रिदशः, अमरः
देवदार—देवदारुः (पु०)
देवर—देवरः

देवरानी—यातृ (स्त्री०)
देहली (द्वार की)—देहली (स्त्री०)
दो-तीन—द्वित्राः (वि०)
दोनों प्रकार से—उभयथा (अ०)
दोपहर—मध्याह्नः
दोपहर के बाद का समय (p. m.)—अपराह्णः
दोपहर से पहले का समय (a. m.)—पूर्वाह्ण.
दो प्रकार से—द्विधा (अ०)
दोष लगाना—कुत्स् (१० आ०)
द्रोह करना—द्रुह् (४ प०)
द्वार—द्वारम्, प्रतीहारः
द्वारपाल—प्रतीहारः, प्रतीहारी (स्त्री०)

ध

धड़—कबन्धः
धतूरा—धत्तूरः
धन—धनम्, वित्तम्, द्रविणम्, सपद् (स्त्री०)
धनिया—धान्यकम्
धर्मार्थ यज्ञादि—इष्टापूर्तम्
धनुर्धर—धन्विन् (पु०), धनुर्धरः
धनुष—कार्मुकम्, इष्वासः, कोदण्डम्, चापः
धमकाना—तर्ज् (१० आ०)
धागा—सूत्रम्, तन्तुः (पु०)
धान (भूसीसहित)—धान्यकम्
धार रखने वाला—शस्त्रमार्जः
धारण करना—धृ (१ उ०, १० उ०)
धार रखना—तीक्ष्णय (णिच्), शान् (१ उ०)
धुर्मुरा (कंकड़ आदि कूटने का)—कोटिश.
धूप—आतपः
धूल—रजस (न०), पांसुः (पु०), धूलिः (स्त्री०), रेणुः (पु०)
धोखा—कैतवम्
धोखा देना—वञ्च् (१० आ०), विप्र+लभ् (१ आ०)
धोती—अधोवस्त्रम्, धौतवस्त्रम्
धोना—धाव् (१ उ०), प्र+क्षल् (१० उ०), निज् (३ उ०)
धोबिन—रजकी (स्त्री०)
धोबी—रजकः, निर्णेजकः
धोंकनी—भस्त्रा
ध्यान देना—अव+धा (३ उ०)
ध्यान रखना—अपेक्ष् (अप+ईक्ष् १ आ०)
ध्यान से देखना—निरीक्ष् (१ आ०)

न

नक्षत्र—नक्षत्रम्
नगद—मूल्येन (तृतीया)
नगर—पत्तनम्
नगाड़ा—दुन्दुभि. (पु०, स्त्री०)
नदी—आपगा, सरित् (स्त्री०), निम्नगा, स्रवन्ती
ननँद—ननान्द्ट (स्त्री०)
नपुंसक—क्लीबम्, नपुंसकम् (-क.)
नफीरी (बीन बाजा)—वीणावाद्यम्
नमक—लवणम्
नमक, साँभर—रोमकम्, रौमकम्
नमक सेंधा—सैन्धवम्, सैन्धवः
नमकीन (अन्न)—लवणान्नम्
नमकीन सेव—सूत्रकः
नम्र—विनीतः, नम्रः (वि०)
नलाई (खेत की सफाई)—क्षेत्रपरिष्कारः
नवग्रह—नव ग्रहाः
नष्ट होना—नश् (४ प०), ध्वस (१ आ०), उत्+सद् (१ प०)
नस—शिरा
नाइट ड्रेस—नक्तकम्
नाइलोन का (वस्त्र)—नवलीनकम्
नाई—नापितः
नाक—घ्राणम्, नासिका, नासा
नाक का फूल—नासापुष्पम्
नाचना—नृत् (४ प०)
नाड़ी—नाडिः (स्त्री०), नाडी (स्त्री०)

नातिन—नप्त्री (स्त्री०)
नाती—नप्तृ (पु०)
नाना—मातामह॰
नानी—मातामही (स्त्री०)
नापना—मा (२ प०, ३ आ०)
नारंगी—नारगम्
नारियल—नारिकेल॰(वृक्ष), नारिकेलम्(फल)
नाला—निर्झर॰
नाली—प्रणालिका, नाली (स्त्री०), नालि (स्त्री०)
नाव—नौ॰ (स्त्री०), नौका
नाविक—कर्णधारः, नाविक॰
नाशपाती—अमृतफलम्
नाश्ता—कल्यवर्तः, प्रातराश
निःसकोच—विस्रब्धम्, विश्रब्धम्, नि.शङ्कम्
निकलना—निः+सृ (१ प०), प्र+भू (१ प०), उद्+भू (१ प०), निर्+गम् (१ प०), उद्+गम् (१ प०)
निकालना—नि.सारय (णिच्)
निगलना—नि+गॄ (६ प०)
निचोड़ना—सु (५ उ०)
निन्दा करना—निन्द् (१ प०), अधि+क्षिप् (६ उ०)
निन्दित—अवगीतः, विगीतः, निन्दितः
निब—लेखनीमुखम्
निमोनिया—प्रलापकज्वरः
नियम—नियमः
निरन्तर—अभीक्ष्णम्, अजस्रम्, अनवरतम्
निरपराध—अनागस् (पु०), निरपराध॰
निर्णय करना—निर्+णी (१ उ०)
निर्भय—निर्भयम्, नष्टाशङ्कः
निर्यात (एक्सपोर्ट)—निर्यातः
निर्यात पर शुल्क—निर्यातशुल्कम्
निवाड़—निवारः

निशान लगाना—चिह्न् (१० उ०)
निश्चय करना—निश्चि(निस्+चि ५ उ०)
निश्चय से—नूनम्, खलु, वै, नाम (अ०)
नीच—निकृष्ट॰, अधमः अपकृष्ट, अपसदः
नीबू—जम्बीरम्
नीबू, कागजी—जम्बीरकम्
नीबू, बिजौरा—बीजपूर॰
नीम—निम्बः
नील—नीली (स्त्री०)
नीलकण्ठ (पक्षी)—चाषः
नीलम (मणि)—इन्द्रनील॰
नील लगाना—नीली+कृ (८ उ०)
नेट (जाल)—जालम्
नेत्र—लोचनम्, नेत्रम्, चक्षुष् (न०)
नेल कटर—नखनिकृन्तनम्
नेल पालिश—नखरञ्जनम्
नेवारी (फूल)—नवमालिका
नोट—नाणकम्
नौकर—कर्मकरः, भृत्यः, किंकरः
नौका, छोटी—उडुपः
नौ रस—नव रसाः
न्योता देना—नि+मन्त्र् (१० आ०)

प

पकवान—पक्वान्नम्
पकाना—पच् (१ उ०)
पका हुआ—पक्वम्
पकौड़ी—पक्ववटिका
परवल (साग)—पटोल॰
पटरा (खेत बराबर करने का)—लोष्ठभेदनः
पट्टी—पट्टिका
पठार—अधित्यका
पड़ना—पत् (१ प०), नि+पत् (१ प०)
पढ़ाना—पाठय(णिच्), अध्यापय(णिच्)
पतंगा—शलभः

पतला—अपचितः, तनुः (वि०), कृशः
पताका—वैजयन्ती (स्त्री०), पताका
पतीली—स्थाली (स्त्री०)
पत्ता—पर्णम् , पत्रम्
पत्थर—ग्रावन् (पु०), अश्मन् (पु०), उपल.
पत्रलेखा (सजाना)—पत्रलेखा
पद्मसमूह—नलिनी (स्त्री०)
पनडुब्बी—जलान्तरितपोतः
पनवारी (पानवाला)—ताम्बूलिकः
पन्ना (रत्न)—मरकतम्
पपड़ी (मिठाई)—पर्पटी (स्त्री०)
परकोटा—प्राकारः
परवाह करना—ईक्ष् (१ आ०), प्र + ईक्ष् (१ आ०)
परॉठा—पूपिका
पराग—मकरन्दः, पराग.
पराल (फूँस)—पलालः
परीक्षा करना—परीक्ष् (परि+ईक्ष् १ आ०)
परोसना—परि + वेषय (णिच्)
पर्वत—अद्रिः (पु०), गिरिः (पु०), भूभृत् (पु०)
पलंग—परयङ्कः
पलक—पक्ष्मन् (न०)
पवित्र—पूतम् , पवित्रम् , पावनम् (वि०)
पश्चिम—प्रतीची (स्त्री०)
पश्चिम की ओर—प्रत्यक् (अ०)
पहनना—परि + धा (३ उ०)
पहलवान—मल्लः
पहुँचना—आ+सद् (१ प०), प्र + आप् (५ प०)
पहुँचाना—प्रापय (णिच्)
पहुँची (गहना)—कटकः
पाँच छः—पञ्चषः
पाउडर—चूर्णकम्
पाकड़ (वृक्ष)—प्लक्षः
पाखण्डी—पाषण्डिन् (पु०)
पाजेब (गहना)—नूपुरम्
पाठशाला—पाठशाला
पाठ्यपुस्तक—पाठ्यपुस्तकम्
पान—ताम्बूलम्
पानदान—ताम्बूलकरङ्क.
पाना—आप् (५ प०), प्र + आप् (५ प०), प्रति+पद् (४ आ०), विद् (६ उ०), समधि+गम् (१ प०)
पानी का जहाज—पोतः
पापड़—पर्पटः
पायजामा—पादयामः
पार करना—तॄ (१ प०), उत्+तॄ, निस्+ तॄ (१ प०)
पारा—पारद.
पार्क—पुरोद्यानम् , पुरोपवनम्
पार्वती—शर्वाणी (स्त्री०), गौरी, भवानी (स्त्री०)
पालक (साग)—पालकी (स्त्री०)
पालन करना—भुज् (७ प०), तन्त्र (१० आ०)
पालिश—पादुरजनम् , पादुरजक.
पास जाना—उप + गम् (१ प०), उप+सद् (१ प०)
पासा (जूए का)—अक्षाः (बहु०)
पाहुन (अतिथि)—प्राघुण., अभ्यागतः
पिघलना—द्रावय (णिच्)
पिघला हुआ—द्रुतम् , गलितम् , द्रवीभूतम्
पिलाना—पायय (पा + णिच्)
पियानो (बाजा)—तन्त्रीकवाद्यम्
पिस्ता—अकोटम्
पिस्तौल—लघुभुशुण्डिः (स्त्री०), गुलिकास्त्रम्
पीछा करना—अनु + पत् (१ प०)
पीछे चलना—अनु+चर् (१ प०), अनु+वृत् (१ आ०)

पीछे जाना—अनु + गम् (१ प०)
पीछे पीछे—अनुपदम् (अ०)
पीठ—पृष्ठम्
पीतल—पीतलम्
पीपल—अश्वत्थ
पीपर (ओषधि)—पिप्पली (स्त्री०)
पीलिया (रोग)—पाण्डुः (पु०)
पीसना—पिष् (७ प०)
पुखराज (रत्न)—पुष्परागः, पुष्पराजः
पुताई वाला—लेपकः
पुत्र—आत्मजः,सूनु.(पु०),तनयः,अपत्यम्
पुत्रवधू—स्नुषा
पुलाव—पुलाक
पुष्ट करना—पुष् (४ प०)
पुष्पमाला—स्रज् (स्त्री०)
पूँजी—मूलधनम्
पूआ—पूपः
पूजा—सपर्या, अर्चा, अर्हणा, अपचितिः (स्त्री०)
पूजा करना—अर्च् (१प०), पूज्(१०उ०)
पूज्य—प्रतीक्ष्य , पूज्यः
पूरा करना—पॄ (३ प०, १० उ०)
पूरी—पूलिका
पूर्णिमा—राका, पूर्णिमा
पूर्व—प्राची (स्त्री०)
पूर्व की ओर—प्राक् (अ०)
पृथिवी—वसुधा,अवनि·(स्त्री०),भूः(स्त्री०)
पेचिश—प्रवाहिका, आमातिसारः
पेट—कुक्षिः (पु०), उदरम् , जठरः
पेटीकोट—अन्तरीयम्
पेटू—औदरिकः, कुक्षिंभरिः (पु०)
पेठे की मिठाई—कौष्माण्डम्
पेड़ा (मिठाई)—पिण्डः
पेन्टर—चित्रकारः
पेन्सिल—तूलिका
पेस्टरी—पिष्टान्नम्
पैदल चलने वाला—पदातिः (पु०)
पैदल सेना—पदातिः (पु०)
पैदा होना—उद् + भू (१ प०), उत् + पद् (४ आ०)
पैन्ट—आप्रपदीनम्
पैर—पादः
पैरेलिसिस (लकवा०)—पक्षाघात.
पोंछना—मार्जय (णिच्)
पोतना—लिप् (६ उ०)
पोता—पौत्रः
पोती—पौत्री (स्त्री०)
पोर्टिको (बरामदा)—प्रकोष्ठः
पोस्ता—पौष्टिकम्
प्याऊ—प्रपा
प्याज—पलाण्डुः (पु०, न०)
प्याल (फल)—प्रियालम्
प्याला—चषकः
प्रकट होना—आविर् + भू (१ प०)
प्रचार होना—प्र + चर् (१ प०)
प्रणाम करना—प्र + णम् (१ प०), वन्द् (१ आ०)
प्रतिज्ञा करना—प्रति + ज्ञा (९ आ०)
प्रतीत होना—आ+पत् (१ प०)
प्रतीक्षा करना—प्रतीक्ष् (१ आ०), अपेक्ष् (१ आ०)
प्रमेह—प्रमेहः
प्रसन्न चित्त—प्रसन्नः, हृष्टमानसः
प्रसन्न होना—प्र+सद्(१प०),मुद्(१आ०)
प्रसिद्ध—प्रसिद्धः, प्रथितः, विश्रुतः
प्रस्तुत करना—प्र + स्तु (२ उ०)
प्रस्थान करना—प्र + स्था (१ आ०)
प्राइम मिनिस्टर—प्रधानमन्त्रिन् (पु०)
प्राण—प्राणाः, असव. (असु, बहु०)
प्रातः—प्रातः (अ०), प्रत्यूष.

प्राप्त किया—आसादितम् ,प्राप्तम् ,लब्धम्
प्राप्त करना—प्राप् (५प०), लभ् (१ आ०)
प्रारम्भ करना—आ + रभ् (१ आ०)
प्रार्थना करना—प्र + अर्थ् (१० आ०)
प्रिन्सिपल—आचार्यः, आचार्या (स्त्री०)
प्रेम करना—स्निह् (४ प०)
प्रेरणा देना—प्र + ईर् (१० उ०)
प्रेरित—ईरितम्, प्रेरितम्
प्रोफेसर—प्राध्यापकः
प्रौढ—प्रौढः, प्रौढम् (वि०)
प्लास्टर—प्रलेपः
प्लेट—शरावः

फ

फड़कना—स्पन्द् (१ आ०), स्फुर् (६ प०)
फर्नीचर—उपस्करः
फर्श—कुट्टिमम्
फल मिलना—वि + पच् (१ उ०)
फहराना—उत् + तुल् (१० उ०)
फाइल—पत्रसचयिनी (स्त्री०)
फाउन्टेन पेन—धारालेखनी (स्त्री०)
फालसा (फल)—पुनागम्
फावड़ा—खनित्रम्
फासफोरस—भास्वरम्
फिटकिरी—स्फटिका
फीस—शुल्कः
फुंसी—पिटिका
फुटबॉल—पादकन्दुकः,—कम्
फुफेरा भाई—पैतृष्वस्रीयः
फुलका (रोटी)—पूपला
फूँकना—ध्मा (१ प०)
फूँस—तृणम्
फूआ—पितृष्वसृ (स्त्री०)
फूल (धातु)—कांस्यम्
फूल—प्रसूनम्, कुसुमम्, पुष्पम्, सुमनस् (स्त्री०)
फेकना—अस् (४ प०), क्षिप् (६ उ०)
फेफड़ा—फुप्फुसम्
फेरना—आवर्ति (णिच्)
फैक्टरी—शिल्पशाला,
फैलना—प्रथ् (१ आ०)
फैलाना—कॄ (६ प०), तन् (८ उ०)
फोड़ा—पिटकः
फौजी आदमी—सैनिकः
'फ्लु (इन्फ्लुएंजा)—शीतज्वरः

ब

बँटखरा (बाट)—तुलामानम्
बकरा—अज
बकवाद करना—प्र + लप् (१ प०)
बगुला—बकः
बच्चो का पार्क—बालोद्यानम्
बछड़ा—वत्सः
बजे—वादनम्
बड़ (वृक्ष)—न्यग्रोधः
बड़हल (फल)—लकुचम्
बड़ा भाई—अग्रजः
बढ़ई—त्वष्टृ (पु०)
बढ़कर—अति (अ०)
बढ़ना—एध् (१ आ०), उप+चि (५ उ०)
बतक—वर्तकः
बताशा—वाताशः
बथुआ (साग)—वास्तुकम्, वास्तूकम्
बदमाश—जाल्मः, पापः, रेफः
बदलना—परि + णम् (१ उ०)
बधाई देना—दिष्ट्या वृध् (१ आ०)
बना ठना—स्वलंकृतः, सुभूषितः
बनाना—सृज् (६ प०), रच् (१० उ०)

बनावटी—कृत्रिमम् , कृतकम् (वि०)
बन्द करना—अपि (पि) + धा (३ उ०)
बन्दर—शाखामृगः, कपि' (पु०)
बन्दूक—भुशुण्डिः(स्त्री०), भुशुण्डी(स्त्री०)
बबूल (वृक्ष)—करीरः
बम—आग्नेयास्त्रम्
बम फेकना—आग्नेयास्त्रम् + क्षिप् (६ उ०)
बराबर करना—समी+कृ (८ उ०)
बराबरी करना—प्र + भू (१ प०)
बरामदा—वरण्डः
बर्छी—शल्यम्
बर्ताव करना—वृत् (१ आ०)
बर्दी—सैन्यवेषः
बर्फ—अवश्यायः, हिमम् , तुषारः
बर्फी (मिठाई)—हैमी (स्त्री०)
बर्मा (औजार)—प्राविधः
बवासीर—अर्शस् (न०)
बस—अलम् (अ०), कृतम् (अ०), खलु (अ०)
बसूला—तक्षणी (स्त्री०)
बस्ता—वेष्टनम् , प्रसेवः
बस्ती—आवासस्थानम्
बहना—वह् (१ उ०), स्यन्द् (१ आ०)
बहाना—अपदेशः, व्यपदेशः
बहाना करना—अप + दिश् (६ उ०)
बहिन—स्वसृ (स्त्री०), भगिनी (स्त्री०)
बही—वणिक्पत्रिका
बहुमूत्र—मधुमेहः
बहेड़ा (ओषधि)—विभीतकः
बहेलिया—शाकुनिक', व्याधः
बाँझ (वृक्ष)—सिन्दूरः
बाँधना—बन्ध् (९ प०), पश् (१० उ०)
बाँसुरी—मुरली (स्त्री०), वशी (स्त्री०)
बाँह—बाहुः (पु०), भुजः

बाज (पक्षी)—श्येनः
बाजरा (अन्न)—पियगुः (पु०)
बाजार—विपणिः (स्त्री०), विपणी(स्त्री०)
बाजूबन्द (गहना)—केयूरम्
बाट (तोलने के)—तुलामानम्
बाड़—वृतिः (स्त्री०)
बाण—विशिखः, शरः, बाणः
बाथरूम—स्नानागारम्
बाद में—पश्चात् (अ०), अनु (अ०)
बादाम—वातादम्
बार बार—मुहुः(अ०), अभीक्ष्णम्(अ०)
बारी से(बारी बारीसे)—पर्यायशः(अ०)
बारूद—अग्निचूर्णम्
बारे में—अन्तरेण, अधिकृत्य (अ०)
बाल—शिरोरुहः, केशः
बाल (अन्न की)—कणिशः, कणिशम्
बाल काटने की मशीन—कर्तनी(स्त्री०)
बालटी (बर्तन)—उदचनम्
बालूशाही (मिठाई)—मधुमण्ठः
बालो का काँटा—केशशूकः
बासमती चावल—अणुः (पु०)
बाहर जाना (एक्सपोर्ट)—निर्यातः
बाहर से आना (इम्पोर्ट)—आयातः
बिकवाना—विक्रापय (णिच् , पर०)
बिक्री—विक्रयः
बिगड़ना—दुष् (४ प०)
बिगुल (बाजा)—सज्ञाशख.
बिच्छू—वृश्चिकः
बिजली—विद्युत्(स्त्री०),सौदामिनी(स्त्री०)
बिजली घर—विद्युद्गृहम्
बिताना—नी (१उ०),यापय (णिच्, उ०)
बिदाई लेना—आ+मन्त्र् (१० आ०), आ + प्रच्छ् (६ आ०)
बिना—अन्तरेण (अ०), विना (अ०), ऋते (अ०)

बिन्दी—विन्दुः (पु ०)
बिल्ली—मार्जारी (स्त्री०)
बिसकुट—पिष्टकः
बिस्तर—शय्या
बींधना—व्यध् (४ प०)
बीच में—अन्तरा, अन्तरे (अ०)
बीड़ी—तमाखुवीटिका
बीतना (समय)—गम् (१ प०), अति +वृत् (१ आ०)
बीन बाजा—वीणावाद्यम्
बुकरैक—पुस्तकाधानम्
बुखार—ज्वरः
बुनना—वे (१ उ०)
बुरका—निचोलः
बुर्जी (अटारी)—अट्टः
बुलाक (गहना)—नासाभरणम्
बुलाना—आ + मन्त्र् (१० आ०), आ +ह्वे (१ उ०)
बूरा (चीनी)—शर्करा, सिता
बेंत—वेतसः
बेचना—वि + क्री (९ आ०)
बेचने वाला—विक्रेतृ (पु ०)
बेणी (गहना)—मूर्धाभरणम्
बेन्च—काष्ठासनम्
बेर—बदरीफलम्, कर्कन्धुः (स्त्री०)
बेल (फल)—बिल्वम्, श्रीफलम्
बेला (फूल)—मल्लिका
बेसन—चणकचूर्णम्
बैंकिंग—कुसीदवृत्तिः (स्त्री०)
बैंड—वादित्रगणः
बैंगन—भण्टाकी (स्त्री०)
बैठना—सद् (१ प०), नि + सद् (१ प०), आस् (२ आ०)
बैडमिन्टन—पत्रिक्रीडा
बैना (वायन)—वायनम्
बैल—उक्षन् (पु०), अनडुह् (पुं०), गो (पु ०)
बोना—वप् (१ उ०)
बौर—वल्लरी (स्त्री०)
ब्रह्म—उद्गीथ., ब्रह्मन् (पु ०, न०)
ब्रह्मा—वेधस् (पु ०), ब्रह्मन् (पु ०)
ब्राह्मण—द्विज', द्विजातिः (पु ०), अग्रजन्मन् (पु०)
ब्रुश—वर्तिका, रोममार्जनी (स्त्री०)
ब्रश, दाँतका—दन्तधावनम्
ब्रैसलेट (बाजूबन्द)—केयूरम्
ब्लड प्रेसर (रोग)—रक्तचापः
ब्लाउज़—कचुलिका
ब्लाटिंग पेपर—मसीशोषः
ब्लेड (बाल बनाने का)—क्षुरकम्
ब्लैक बोर्ड—श्यामफलकम्

भ

भंगी—समार्जकः
भँवर—आवर्तः
भड़भूजा—भृष्टकारः, भ्राष्ट्रमिन्धः
भतीजा—भ्रात्रीयः, भ्रातृव्यः, भ्रातृपुत्रः
भरना—पूर् (१० उ०)
भले ही—कामम् (अ०)
भाँटा—भण्टाकी (स्त्री०)
भाग्यवान्—सुकृतिन् (पु०)
भाग्य से—दिष्ट्या (अ०)
भाड़—भ्राष्ट्रम्
भान्जा (भानजा)—स्वस्रीयः, भागिनेयः
भाप—बाष्पम्
भाभी (भाई की स्त्री)—भ्रातृजाया
भारी—गुरुः (वि०)
भाला—प्रासः
भालू—भल्लूकः

भाव (बाजार भाव)—अर्घ
भाव गिरना—अर्घापचितिः (स्त्री०)
भाव चढ़ना—अर्घोपचितिः (स्त्री०)
भावर (तराई)—उपत्यका
भिण्डी (साग)—भिण्डक
भुस—बुसम्
भूख—बुभुक्षा, अशनाया
भूखा—बुभुक्षितः, अशनायितः (वि०)
भूनना—भ्रस्ज् (६ उ०)
भूलना—वि + स्मृ (१ प०)
भूसी—तुष.
भू-सेनापति—भूसेना ध्यक्ष'
भेजना—प्रेषय (णिच् , उ०), प्र + हि (५ प०)
भेड़—मेषः
भेड़िया—वृकः
भैंस—महिषी (स्त्री०)
भैंसा—महिष'
भोली भाली—मुग्धा
भौं—भ्रू (स्त्री०)
भौंरा—षट्पदः, भ्रमरः, द्विरेफः, अलिः (पु०)

म

मँगाना—आनायय (आनी + णिच्)
मंजन—दन्तचूर्णम्
मँजीरा—मँजीरम्
मंडप—मण्डपः
मंडी—महाहट्ट'
मकड़ी—तन्तुनाभः, लूता, उर्णनाभ'
मकान—भवनम् , सौध', प्रासादः, निलयः
मकोय (फल)—स्वर्णक्षीरी (स्त्री०)
मक्खन—नवनीतम्, हैयगवीनम्
मगर—मकरः, नक्रः
मछली—मीनः, मत्स्यः, झषः
मजदूर—श्रमिकः
मटर—कलायः
मट्ठा—तक्रम्
मथना—मन्थ् (९ उ०)
मधुमक्खी—सरघा, मधुमक्षिका
मध्यम स्वर—मध्यः, मध्यस्वरः
मन—स्वान्तम् , हृद् (न०), मनस् (न०), मानसम्
मन लगना—रम् (१ आ०)
मनाना—अनु+नी (१ उ०)
मनुष्य—नरः, द्विपाद् (पु०), मर्त्यः
मनोहर—मनोज्ञम् , मञ्जुलम् , हृद्यम् , अभीष्टम्
मन्त्रणा करना—मन्त्र् (१० आ०)
मन्त्री—अमात्य , सचिव., मन्त्रिन् (पु०)
मन्दी (भाव की)—मन्दायनम्
मरना—मृ (६ आ०),उप+रम्(१ आ०)
मरम्मत करना—स + धा (३ उ०)
मर्म—मर्मन् (न०)
मलाई—सन्तानिका
मलेरिया—विषमज्वरः
मशीन—यन्त्रम्
मसाला—व्यजनम् , उपस्करः
मसाला डालना—उपस्कृ (८ उ०)
मसालेदार वस्तु—व्यजनम्
मसूर—मसूरः
महँगा—महार्घम्
महल—प्रासादः, सौधः, हर्म्यम्
महावर—अलक्तकः
महुआ (वृक्ष)—मधूक.
माँजना—मृज् (२ प०, १० उ०)
मांस—आमिषम् , मांसम्
माथा—ललाटम्
मानना—मन् (४ आ०, ८ आ०), आ + स्था (१ आ०)
मानसून—जलदागमः

मामा—मातुल.
मामी—मातुलानी (स्त्री०)
मारना—हन् (२ प०), तड् (१० उ०), सो (४ प०)
मार्ग—वर्त्मन् (न०), पथिन्(पु०), मार्ग, सरणिः (स्त्री०)
मालपूआ—अपूपः
माली—मालाकारः
मिजराब (सितार बजाने का)—कोणः
मिट्टी—मृत्तिका, मृद् (स्त्री०), मृत्स्ना
मिठाई—मिष्टान्नम्
मित्रता—सख्यम्, सौहृदम्, सौहार्दम्, सङ्गतम्
मिनट—कला
मिर्च—मरीचम
मिल (फैक्टरी)—मिल·
मिलना—मिल्(६ उ०), सम्+गम्(१ आ०)
मिलाना—योजय (युज्+णिच्), सम्+मिश्रय (णिच्)
मिस्त्री (कारीगर)—यान्त्रिकः
मिस्सा आटा—मिश्रचूर्णम्
मीठा—मधुरम् (वि०)
मीठी गोली (टॉफी)—गुल्यः
मुँह—आननम्, वदनम्, मुखम्, आस्यम्
मुकरना—अप+ज्ञा (९ आ०)
मुकुट—मुकुटम्
मुख्य द्वार—गोपुरम्
मुख्य सड़क—राजमार्ग·
मुट्ठी—मुष्टि (पु०, स्त्री०), मुष्टिका
मुनि—मुनिः (पु०), वाचयमः, दान्तः
मुनीम—लेखकः
मुरब्बा—मिष्टपाकः
मुसम्मी (फल)—मातुलुङ्गः
मुसाफिरखाना—पथिकालयः
मूँग—मुद्गः
मूँगरी (मिट्टी तोड़नेकी)—लोष्ठभेदनः
मूँगा (रत्न)—प्रवालम्
मूँछ—श्मश्रु (न०)
मूर्ख—वैधेयः, बालिश., मूढ.
मूर्खता—जाड्यम्
मूली—मूलकम्
मूल्य—मूल्यम्
मूसलाधार वर्षा—आसार
मृग—कुरङ्ग., हरिणः, मृग.
मृत—हत·, मृत., उपरत.
मृत्यु—मृत्युः (पु०), निधनम्
मेढक—भेक·, दर्दुर·, मण्डूकः
मेंहदी—मेन्धिका
मेघ—जीमूतः, वारिद, बलाहक.
मेज—फलकम्
मेज, पढ़ाई की—लेखनफलकम्
मेयर—निगमाध्यक्ष
मेवा—शुष्कफलम्
मेंडा (खेत बराबर करने का)—लोष्ठभेदन
मैकेनिक (कारीगर)—यान्त्रिकः
मैच—क्रीडाप्रतियोगिता
मैना—सारिका
मोटा—उपचितः, पृथुः, गुरुः (वि०)
मोती—मुक्ता, मौक्तिकम्
मोती की माला—मुक्तावली (स्त्री०)
मोतीझरा (रोग)—मन्थरज्वरः
मोर—बर्हिन् (पु०), शिखिन् (पु०), मयूरः
मोर्चाबन्दी करना—परिखया+वेष्टय (णिच्)
मोहनभोग (मिठाई)—मोहनभोग.
मौका—कार्यकालम्
मौन—वाचयम·, जाषम् (अ०)
मौलसरी (वृक्ष)—बकुल
मौसी—मातृष्वसृ (स्त्री०)

मौसेरा भाई—मातृष्वस्रेय
म्युनिसिपल चेयरमेन—नगराध्यक्षः
म्युनिसिपलिटी—नगरपालिका

य

यज्ञ—अध्वरः, यज्ञः, क्रतुः (पु०)
यज्ञ-कर्ता—यज्वन् (पु०)
यत्न करना—यत् (१ आ०), व्यव+सो (४ प०)
यम—कृतान्त.
यश—यशस् (न०), कीर्तिः (स्त्री०)
याद करना—स्मृ (१ प०), स+स्मृ (१ प०), अधि+इ (२ प०)
युद्ध—आहवः, आजि.(पु०,स्त्री०), जन्यम्
यूनानी लिपि—यवनानी (स्त्री०)
यूनिफार्म—एकपरिधानम् , एकवेषः
यूनिवर्सिटी—विश्वविद्यालयः
योग्य होना—अर्ह् (१ प०)
योद्धा—योधः

र

रंगना—रञ्ज् (१ उ०)
रंगबिरंगे—नानावर्णानि (बहु०, वि०)
रंगरेज—रञ्जक.
रकम—राशि., धनराशिः (पु०)
रक्षा करना—रक्ष् (१ प०), पाल् (१० उ०), त्रै (१ आ०),पा (२प०)
रखना—नि + धा (३ उ०)
रज—रजस् (न०)
रजाई—नीशार.
रजिस्टर—पजिका
रजिस्ट्रार—प्रस्तोतृ (पु०)
रणकुशल—सायुगीनः
रथ—स्यन्दनम्
रबड़—घर्षक
रबड़ी (मिठाई)—कूर्चिका
रसोई—रसवती(स्त्री०), पाकशाला, महानसम्
रहना—स्था (१ प०), वस् (१ प०), अधि + वस् , उप + वस् (१ प०)
रांगा—त्रपु (न०)
राक्षस—असुरः, दैत्यः, दानवः
राज (मिस्त्री)—स्थपतिः (पु०)
राजदूत—राजदूतः
राजा—अवनिपतिः, भूपतिः, भूभृत् (तीनो पु०)
रात—विभावरी(स्त्री०),क्षपा,रात्रिः(स्त्री०)
रात में—नक्तम् (अ०)
रायता—राज्यक्तम्
रिवाज—प्रचलनम्, सप्रचलनम्
रीठा—फेनिल.
रीढ़ की हड्डी—पृष्ठास्थि (न०)
रुकना—स्था (१प०), वि+रम् (१ प०), अव+स्था (१ आ०)
रूई—तूलः, तूलम्
रूज़ (गालो की लाली)—कपोलरजनम्
रेगिस्तान—मरुः(पु०), धन्वन्(पु०,न०)
रेट (भाव)—अर्घः
रेतीला किनारा—सैकतम्
रेफरी—निर्णायकः
रेशमी—कौशेयम्
रैकेट (खेलने का)—काष्ठपरिष्करः
रोकना—रुध् (७ उ०)
रोग—रुज् (स्त्री०), रोगः, आमयः
रोजनामचा (कैश-बुक, रोकड़ बही)—दैनिक-पजिका
रोटी—रोटिका
रोना—रुद् (२ प०), वि + लप् (१ प०)

ल

लंच (मध्याह्न भोजन)—सहभोजः, सग्धिः (स्त्री०)
लकवा मारना—पक्षाघातः
लकीर—रेखा

लक्ष्मी—लक्ष्मीः (स्त्री०), श्रीः (स्त्री०), पद्मा, कमला
लक्ष्य—लक्ष्यम्, शरव्यम्
लगना—प्र+वृत् (१ आ०)
लगाना—नि+युज(१०उ०), स+धा(३उ०)
लच्छे (गहना)—पादाभरणम्
लज्जित—ह्रीणः (वि०)
लज्जित होना—त्रप् (१ आ०), लस्ज् (६ आ०), ह्री (३ प०)
लड़ने का इच्छुक-योद्धुकामः,कलहकामः
लड़ाई का जहाज(पानी का)-युद्धपोत.
लड़ाई का विमान—युद्धविमानम्
लड्डू—मोदकः, मोदकम्
लता—व्रततिः(स्त्री०),वीरुध्(स्त्री०),लता
लपसी(जौ का हलुआ)—यवागू(स्त्री०)
लस्सी (दही की)—दाधिकम्
लहसुन—लशुनम्
लहसुनिया (रत्न)—वैदूर्यम्
लाक्षारस—अलक्तक', लाक्षारस.
लाख (धातु)—जतु (न०)
लाना—आ+नी (१ उ०), हृ(१ उ०), आ+हृ (१ उ०)
लिए—कृते (अ०)
लिपस्टिक—ओष्ठरजनम्
लिफ्ट (मशीन)—उत्थापनयन्त्रम्
लिसोड़ा (वृक्ष)—श्लेष्मातकः
लीची (फल)—लीच्चिका
लीपना—लिप् (६ उ०)
लेखा बही—नामानुक्रमपञ्जिका
ले जाना—नी (१ उ०), हृ (१ उ०), वह् (१ उ०)
लेना—ग्रह्(९ उ०), आ+दा (३ आ०)
लेने वाला—ग्राहकः
लोई (ऊनी)—रल्लकः
लोकसभा—लोकसभा, संसद् (स्त्री०)
लोटा—करकः, कमण्डलुः (पु०)
लोभिया—वनमुद्गः
लोभी—लुब्ध', गृध्नुः (पु०)
लोमड़ी—लोमशा
लोहा—अयस् (न०), आयसम, लौहम्
लोहा करना (वस्त्रों पर)—अयस्+कृ (८ उ०)
लोहार—लौहकारः
लोहे का टोप—शिरस्त्रम्
लोहे की चादर—लौहफलकम्
लौंग—लवङ्गम्
लौकी—अलाबूः (स्त्री०)
लौटकर आना—आ+वृत् (१ आ०), प्रत्या+गम् (१ प०)
लौटना—नि+वृत्(१आ०),परा+गम्(१प०)

व

वंचित—विप्रलब्ध
वंश—अन्वय., अन्ववाय', वंश'
वकील—प्राड्विवाक
वचन—वचस् (न०), वचनम्
वज्र—पवि' (पु०), वज्रम्, कुलिशम्, अशनिः (पु०)
वन—काननम्,विपिनम्,वनम्,अरण्यम्
वरुण—प्रचेतस(पु०),पाशिन्,(पु०)वरुणः
वर्षा—वृष्टिः (स्त्री०), वर्षा
वर्षाकाल—प्रावृष् (स्त्री०)
वस्तुतः—नूनम्,किल,खलु,वै,तावत्(अ०)
वहाँ से—ततः (अ०)
वाइस चान्सलर—उपकुलपतिः (पुं०)
वाटर वर्क्स—उदयन्त्रम्
वाणी—सरस्वती,वाच्(स्त्री०),वाणी(स्त्री०)
वायु—मातरिश्वन् (पु०), पवनः, अनिलः
वायुसेनापति—वायुसेनाध्यक्षः
वायोलिन (बाजा)—सारंगी (स्त्री०)
विचरण करना—वि+चर् (१ प०)
विजयी—जिष्णुः (पु०), विजयिन् (पु०)

विद्युत्—सौदामिनी(स्त्री०), विद्युत्(स्त्री०)
विद्वान्—विद्वस् (पु०), विपश्चित् (पु०), सुधीः (पु०), कोविदः, बुधः, मनीषिन् (पु०), सूरिः (पुं०), निष्णातः
विपत्ति—विपत्तिः (स्त्री०),विपद्(स्त्री०), व्यसनम्
विमान—विमानम्
विवाह करना—परि+णी (१ उ०), उप +यम् (१ आ०)
विश्राम—विश्रमः, विश्रामः
विश्वास करना—वि+श्वस् (२ प०)
विष्णु—हरिः, अच्युतः
विस्तृत—ततम्, विततम्, प्रसृतम्
वीर्य—शुक्रम्
वृक्ष—विटपिन् (पु०), पादपः, अनोकह', शाखिन् (पु०)
वृद्ध—प्रवयस् (पु०), वृद्ध.
वेतन—वेतनम्
वेतन पर नियुक्त नौकर—वैतनिकः
वेदपाठी—श्रोत्रियः, वेदपाठिन् (पु०)
वेदी—वेदिका, वेदी (स्त्री०)
वैश्य—वणिज् (पु०), द्विजातिः (पु०), अर्य', वैश्यः
वाली बॉल—क्षेपकन्दुकः
व्यक्त करना—वि + अञ्च् (७ प०)
व्याघ्र—द्वीपिन् (पु०), व्याघ्रः
व्यर्थ ही—वृथा (अ०), मुधा (अ०)
व्यवहार करना—आ+चर् (१ प०), व्यव + हृ (१ उ०)
व्यापार—वाणिज्यम्, व्यापारः
व्याप्त होना—व्याप् (वि+आप् ५ प०), अश् (५ आ०)

श

शक्कर—शर्करा
शपथ लेना—शप् (१ उ०)
शराबी—मद्यपः
शरीफा (फल)—सीताफलम्
शरीर—वपुष् (न०), गात्रम्, तनुः (स्त्री०), कायः, विग्रहः
शर्त—समयः
शलगम—श्वेतकन्दः
शस्त्र—प्रहरणम्, शस्त्रम्
शस्त्रागार—शस्त्रागारम्, आयुधागारम्
शस्य-श्यामल—शाद्वलः
शहतूत (फल)—तूतम्
शहद—मधु (न०)
शहनाई (बाजा)—तूर्यम्
शहर—नगरम्, पुरम्
शान्त—शान्त. (वि०)
शामियाना—चन्द्रातपः
शासन करना—शास् (२ प०), तन्त्र् (१० आ०)
शिकार खेलना—मृगया
शिकारी—मृगयुः (पु०), आखेटकः, शाकुनिकः
शिक्षा देना—शास् (२ प०)
शिर—शिरस् (न०), मूर्धन् (पु०)
शिला—शिला, शिलापट्टः
शिल्पी—कारुः (पु०), शिल्पिन् (पु०)
शिल्पी-संघ—श्रेणिः (पु०, स्त्री०)
शिल्पी-संघ का अध्यक्ष—कुलक.
शिव—त्र्यम्बक., त्रिपुरारिः(पु०), ईशानः
शिष्य—अन्तेवासिन् (पु०), छात्रः, शिष्यः, वटुः (पु०)
शीघ्र—सद्यः (अ०), सपदि(अ०), द्रुतम्, शीघ्रम्
शीशम (वृक्ष)—शिंशपा
शीशा—दर्पणः, मुकुरः, आदर्शः
शुद्ध करना—शोधय (णिच्)
शूद्र—अन्त्यज'
शेर—केसरिन्(पु०),सिंहः,मृगेन्द्रः,हरिः(पु०)
शेरवानी—प्रावारकम्
शोभित होना—शुभ् (१आ०),भा(२प०)
श्रद्धा करना—श्रद् + धा (३ उ०)